॥ णमो सिद्धाण ॥

ज्ञान-महोदधि आचार्य हेमचन्द्र-प्रणीतम्

# प्राकृत-व्याकरणम्

[ प्रियोदय हिन्दी व्याख्यया सहितम् ]

## द्वितीय-भाग

हिन्दी-व्याख्याता

स्वर्गीय, जैन दिवाकर, प्रसिद्धवक्ता, जगत्-वल्लभ, प रत्न श्री १००८ श्री चौथमलजी महाराज के प्रधान शिष्य, बाल ब्रह्मचारी प रत्न, श्रमण सघीय उपाध्याय श्री १००८ श्री प्यारचन्दजी महाराज

सयोजक—

**श्री उदय मुनिजी महाराज, सिद्धान्त-शास्त्री**

सपादक—

**पं. रतनलाल संघवी** न्यायतीर्थ-विशारद,

छोटी सादडी, (राजस्थान)

प्रथम सस्करण १०००

मूल्य बारह रुपया पचास पैसे १२-५०

वीराब्द २४९३ विक्रमाब्द २०२४

प्रकाशक
अभयराज नाहर
श्री जैन दिव्य ज्योति कार्यालय
मेवाड़ ब्यावर (राजस्थान)

卐

मुद्रक—
जैनोदय प्रिंटिंग

# प्राकृत-व्याकरण-प्रथम-भाग पर प्राप्त कुछ एक सम्मतियो का विशिष्ट अंश

(१) कविरत्न, गभीर विचारक, उपाध्याय श्री अमर मुनिजी महाराज साहब रमाते है कि –"यह हिन्दी टीका अपने कक्ष पर सर्वोत्तम टीका है । प्रत्येक सूत्र का हिन्दी अर्थ है, गो मे उदाहरण स्वरूप दिये गये समग्र प्रयोगो की विश्लेषणात्मक साधनिका है और यत्र तत्र गावश्यक शका समाधान भी है । मेरे विचार मे उक्त हिन्दी टीका के माध्यम से साधारण पाठक ो आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत–व्याकरण का सर्वांगीण अध्ययन कर सकता है ।" ता १५-११-६६

(२) प्रसिद्धवक्ता, पडित रत्न, मालव–केसरी श्री सौभाग्यमलजी महाराज साहब नखाते है कि –"आपने जो प्राकृत व्याकरण भाग पहिला सरल भाषा मे तैयार किया है, वह ाकृत–भाषा के अभ्यासियो के लिये बहुत उपयोगी तथा उपकारक हुआ है ।" ता २३–११–६६

(३) स्थानकवासी जैन अहमदाबाद अपने ता ५-१ ६५ के अक मे प्रकाशित करता ; कि –आ ग्रन्थ नु सयोजन करोने प्राकृत भाषा ना अभ्यासिओ माटे खूबज अनुकूलता उभी करी आपी छ ते माटे ग्रन्थ ना योजक, सयोजक अने प्रकाशक नी सेवा सराहनीय छ'

(४) तरुण जैन–जोधपुर अपने ता ६-७-६५ के अक मे प्राप्ति–स्वीकार करता हुआ लेखता है कि —"प्राकृत–व्याकरण के ऊपर प्रियोदय हिन्दी–व्याख्या नामक विस्तृत टीका की रचना करके प्राकृत–भाषा के पाठको के हित मे अत्यन्त प्रशसनीय कार्य किया है । हिन्दी–व्याख्या प्राकृत–भाषा को समझने समझाने में पूर्ण रूपेण सक्षम है । प्राकृत शब्दो की साधनिका का निर्माण भी सूत्र–सख्या का निर्देश करते हुए किया है, इससे प्राकृत–व्याकरण को पढने पढाने की परिपाटी सदा के लिये भविष्य में भी सुरक्षित हो गई है ।"

(५) सुप्रसिद्ध जैन विद्वान, गभीर लेखक और विचारक श्री दलसुख भाई मालवणिया ता २३-१-६७ के पत्र में लिखते हैं कि– 'हिन्दी व्याख्या के साथ प्रकाशन जो हुआ है वह प्राकृत–भाषा के व्याकरण को बिना किसी की सहायता के जो जिज्ञासु पढना चाहते हैं उनके लिये सहायक ग्रन्थ के रूप मे अवश्य सहायक सिद्ध होगा । व्याकरण में दिये गये प्रत्येक उदाहरण को व्याकरण की दृष्टि से सिद्धि करके दिखाई है–उससे अध्येता का मार्ग सरल हो जाता है । इसका विशेष प्रचार हो–यही कामना है ।

(६) प्राकृत–भाषा के अद्वितीय विद्वान प श्री बेचरदासजी अपने पोस्ट कार्ड ता २५-६ ६४ में लिखते हैं कि –' व्याकरण मोकली ने मने आभारी कर्यों छे ।"

(७) प मुनि श्री जिनेन्द्र विजयजी लीबडी (काठियावाड) से अपने पोस्ट कार्ड ता, १५-१२-६६ में लिखते हैं कि –' पू हेमचन्द्र सू म ना व्याकरण ने हिन्दी–विवेचन अने समजावट थी सारी रीते प्रगट करायो छे जे प्राथमिक अभ्यासीओ माटे घणु उपयोगी थशे ।"

(८) गुजरात युनीवरसिटी में अर्धमागधी भाषा के विशिष्ट प्रोफेसर डॉ के आर चन्द्रा अपने ता १० १-६७ वाले पत्र में लिखते हैं कि –"सरल भाषा में हिन्दी अनुवाद सब के लिये उपयोगी होगा । हरेक शब्द की सिद्धि व्याकरण के सूत्रों द्वारा समझाई गयी है काफी परिश्रम किया गया है । विश्व विद्यालयो के प्राकृत क विद्यार्थियो के लिये यह ग्रन्थ बहुत ही उपयोगी है । वसे हिन्दी भाषा में यह ग्रन्थ अपूर्व है ।"

(९) प श्री अंबालाल प्रेमचन्द शाह व्याकरण तीर्थ अहमदाबाद अपने पत्र ता २-१-६७ में लिखते हैं कि –"आपने प्राकृत–व्याकरण का विस्तृत अनुवाद, उदाहरणो की व्युत्पत्ति और शब्द व धातुओ के अर्थ का कोश देकर ग्रन्थ को सुबोध बनाने का प्रयत्न किया है, जिससे विद्यार्थियो को खूब उपयोगी बन पडेगा ।"

(१०) श्री मूलचन्दजी सा जैन शास्त्री–श्री महावीरजी–राजस्थान अपने पत्र में लिखते हैं कि –"इसके बल पर प्राकृत–भाषा का जिज्ञासु अपनी ज्ञान–पिपासा अच्छी तरह से शमित कर सकता है । यह बडा ही उपयोगी सुन्दर कार्य सपन्न हुआ है ।"

(११) मास्टर सा श्री शोभालालजी महेता उदयपुर अपने पोस्टकार्ड ता १९-५ ६६ द्वारा लिखते हैं कि –' पहिला भाग जो मेरे पास आया, बडा सुदर एव प्रशसनीय है । समझाने की अच्छी शैली है ।"—

(१२) "सम्यग्दर्शन" सैलाना के सुयोग्य सपादक श्री रतनलालजी साहब डोशी अपने पत्र "सम्यग्दर्शन" के वर्ष १७ अक २२ ता २० नवम्बर ६६ में लिखते हैं कि –"प्राकृत–भाषा के अभ्यासियो के लिये यह ग्रन्थ बहुत लाभ दायक होगा ।"–

(१३) "गुजरात युनीवरसिटी–अहमदाबाद" के भाषा–विज्ञान के मर्मज्ञ प्रोफेसर, "श्री ए सी भयाणी" अपने पत्र में ता १६-२-६७ का लिखते हैं कि –"प्राकृत–व्याकरण (हिंदी व्याख्या सहित) मल्यु । ते माटे आपनो आभारी छु । अत्यन्त श्रम लईने बधा सूत्रो जोणवट थी, अने अन्य जे जे सूत्रो लागु पडता होय तेम नी पूर्ति साथे विशदता थी समझाव्या छे । प्राकृत ना अभ्यास नी रुचि के लोक प्रियता ओछी थती जाय छे त्यारे आ प्रकार नी व्याख्या वालु व्याकरण अभ्यासी ने खूबज उपयोगी थाय तेम छ ।"–

सम्पादक–मंडली

# आमुख

प्राकृत-भाषा जन-भाषा है। प्राकृत का क्षेत्र संस्कृत से कहीं अधिक व्यापक है। धर्म, दर्शन, संस्कृति, काव्य, कोष, लोक-जीवन, इतिहास, आयुर्वेद एवं ज्योतिष, आदि महत्व पूर्ण विषयों के अनेक सहस्र ग्रन्थ प्राकृत और उसकी पुत्री स्थानीय जन-भाषाओं में उपलब्ध है। प्राकृत का मूल बहुत गहरा है, अतीत में बहुत दूर तक गया है। संस्कृत में कहे जाने वाले प्राचीन वेद, उपनिषद् आदि में भी यत्र तत्र प्राकृत-भाषा का प्रतिबिम्ब परिलक्षित होता है। अष्टावक्र विश्वामित्र, विश्वावसु, हरिश्चन्द्र, सिंह, शाखा आदि वर्णागम और विपर्यय वाले संस्कृत-भाषा में सहस्राधिक शब्द-रूप ऐसे हैं जो मूलतः संस्कृत के नहीं, प्राकृत-भाषा का उत्कृष्ट अध्ययन किये बिना भारतीय जन-जीवन एवं भारतीय-संस्कृति की मूल धारा को ठीक तरह नहीं देखा-परखा जा सकता।

किसी भी भाषा का अध्ययन व्याकरण पर आधारित है। व्याकरण मुख है। "मुखं व्याकरणम् स्मृतम्" व्याकरण का अध्ययन किये बिना जो किसी भाषा का ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं वे भूल में है। इस प्रकार का पांडित्य मूल-ग्राही न होकर केवल पल्लवग्राही होता है, और पल्लव ग्राही पांडित्य अपने लिये भी विडम्बना का हेतु है और दूसरों के लिये भी। यही कारण है कि भारतीय मनीषियों ने व्याकरण के अध्ययन पर अत्यधिक बल दिया है। यहां व्याकरण की एक पूरी की पूरी विद्या शाखा ही बन गई है। एक व्यक्ति यदि व्याकरण साहित्य का अध्ययन करता चला जावे तो अनुश्रुति है कि इसी में बारह वर्ष जितना दीर्घ काल लग जाय।

"द्वादशभिर्वर्षैर्व्याकरणं श्रूयते" विष्णु शर्मा की यह सदुक्ति व्याकरण साहित्य की विपुल समृद्धि की ही परिचायिका है, अस्तु। प्राकृत-भाषा का भी अपना स्वतन्त्र व्याकरण-साहित्य है। चण्ड, त्रिविक्रम, वररुचि आदि अनेक प्राचीन विद्वानों ने प्राकृत व्याकरण की रचना की हैं, [illegible] व्याकरण प्रचारित है और उन पर अनेक टीकाएँ और उपटीकाएँ भी लिखी गई हैं परन्तु उक्त क्रम, व्याकरणों से नवीन शैली में लिखा गया सरल, सुगम, एवं सुबोध व्याकरण आचार्य हेमचन्द्र का है। आचार्य हेमचन्द्र विरचित प्राकृत व्याकरण एक ही ऐसा सर्वांगीण व्याकरण है, जिससे मागधी, अर्ध मागधी, शौरसेनी, पैशाची, अपभ्रंश आदि प्राकृत की अनेकविध शाखाओं का सम्यग्-परिबोध हो सकता है।

प्रस्तुत व्याकरण के अद्यावधि अनेक संस्करण प्रकाशित हुए हैं अतः वे सभी अपनी अपनी भूमिका पर उपयोगी भी हैं। परन्तु प्राकृत-भाषा का साधारण अध्येता भी उक्त व्याकरण से लाभ

उठा सके ऐसा अब तक एक भी सस्करण प्रकाश में नही आया है। श्रद्धेय उपाध्याय श्री प्यारचदजी महाराज का इस ओर ध्यान गया और उन्होंने बड़े परिश्रम और अपने गभीर अध्ययन के बल पर आचार्य हेमचन्द्र के व्याकरण की विस्तृत हिन्दी टीका का निर्माण किया। यह हिन्दी टीका अपने पक्ष पर सर्वोत्तम टीका है। प्रत्येक सूत्र का हिन्दी अर्थ है, सूत्रों के उदाहरण स्वरूप दिये गये समग्र प्रयोगों की विश्लेषणात्मक साधनिका है और यत्र तत्र यथावश्यक शका समाधान भी है। मेरे विचार में उक्त हिन्दी टीका के माध्यम से साधारण पाठक भी आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण का सर्वांगीण अध्ययन कर सकता है।

श्रद्धेय उपाध्याय प्यारचन्दजी महाराज से मेरा घनिष्ट परिचय रहा है। एक प्रकार से वे मेरे अभिन्न स्नेही सहयोगी रहे हैं। विभिन्न बिखरी हुई साम्प्रदायिक परम्पराओं का विलीनीकरण के हेतु किये जाने वाले श्रमण-सघ के सगठन में उनका महत्त्वपूर्ण योगदान मैं कभी नहीं भूल सकता हूँ। जब कभी कोई समस्या उलझी, उन्होंने अपने को भुला कर भी समाधान का मार्ग प्रस्तुत किया। वे अत्यन्त मृदु, शान्त, एव उदार प्रकृति के सन्त थे। उपाध्याय श्रीजी की साहित्यिक अभिरुचि भी कुछ कम नही थी। साहित्यिक क्षेत्र में उनकी अनेक कृतियाँ आज भी सर्व-साधारण जिज्ञासुओं के हाथों में देखी जाती है। उसी साहित्य-निर्माण की स्वर्ण-शृखला में आचार्य श्री हेमचन्द्र के प्रस्तुत प्राकृत-व्याकरण का सपादन वस्तुत मुक्ता-मणि-कल्प है।

उपाध्याय श्रीजी के सुयोग्य शिष्य-रत्न प श्री उदय मुनिजी सहस्रश धन्यवादार्ह है कि जो स्वर्गीय गुरुदेव की प्रशस्त रचनाओं को जन हितार्थ प्रकाश में ला रहे है। यह एक प्रकार का गुरु-ऋण है जिसको श्रद्धा-प्रवण मनीषी शिष्य ही यथोचित रूप से अदा करते हैं एव युगयुगान्तर के लिये सुचिर यशस्वी बनते है।

जैन-भवन
लोहा मंडी आगरा
१५-११-१६६६

उपाध्याय-अमर मुनि

# सम्पादकीय

आठ वर्ष तक सतत परिश्रम करने पर आज ग्रन्थ की परिपूर्णता हो रही है, यह सफल अनुभव कर हृदय प्रसन्नता के सागर म हिलोरें ले रहा है।

ग्रन्थ कैसा बन सका है? इसका अनुमान तो ज्ञाता, विद्वान, अध्येता और प्राकृत-भाषा-प्रेमी सज्जन-वृन्द ही कर सकेंगे। प्रथम भाग के प्रति जो अनुराग व्यक्त किया गया है, उसका सामान्य परिचय "स्थाली-पुलाक न्याय" के समान इस द्वितीय भाग में सयोजित एव उद्धृत सम्मतियो से किया जा सकेगा।

प्रात स्मरणीय, उपाध्याय श्री प्यारचन्दजी महाराज सा के प्रति, विद्वान् मुनिराज श्री उदय मुनिजी महाराज सा के प्रति और मेरे प्रति जो कृपा-दृष्टि और विवेक पूर्ण अनुराग विद्वान मुनिराजो ने, पडित भाषा-शास्त्रियो ने और समाचार-पत्र के सपादको ने प्रकट किया है, एतदर्थ मैं अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ।

श्री जैन दिवाकर दिव्य ज्योति कार्यालय ब्यावर के सचालक बन्धुओ को भी म बार बार धन्यवाद देता हूँ, जिन्होने इसको प्रकाशित करने का सब भार धैर्य-पूर्वक अपने ऊपर ग्रहण किया है।

मित्रवर प श्री बसतीलालजो सा नलवाया को भी अनेकानेक धन्यवाद है, जिन्होने कि ग्रन्थ को छापने में और प्रूफ देखने मे अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किया है।

ग्रन्थ में रही हुई त्रुटियो के लिये मे क्षमा-प्रार्थी हूँ। मुझे विश्वास है कि मेरे इस ग्रन्थ का पठन-पाठन ज्यो ज्यो काल व्यतीत होता जायगा त्यो त्यो अधिकाधिक होता रहेगा।

पुनश्च —कृपालु अध्येता पाठक वर्ग प्रूफ-सबधी अशुद्धिया को सुधार कर पढने की कृपा करें।

विनीत
**रतनलाल संघवी**
छोटो सादडी (राजस्थान)

अहमदाबाद
ता २७-१-६७

# संयोजक का वक्तव्य

प्राकृत-साहित्य के प्रेमियों तथा पाठकों के हाथ में प्राकृत-व्याकरण का यह दूसरा भा समर्पित करते हुए परम आनन्द का अनुभव हो रहा है।

प्रात वदनीय पूज्यपाद, गुरुदेव, उपाध्याय श्री १००८ श्री प्यारचन्दजी महाराज श्री की शुभ कृपा से सन् १९५९ के रायचूर चातुर्मास में प्रारंभ किया हुआ यह बृहत्-कार्य अब पूर्णतया सम्पन्न होकर पूर्णता को प्राप्त हुआ है, यह महान् संतोष का विषय है।

प्रथम भाग में प्रथम पाद और द्वितीय पाद का समावेश हुआ है और द्वितीय भाग में तृतीय पाद एवं चतुर्थ पाद के रूप में ग्रन्थ की समाप्ति हुई है।

प्रथम भाग में रचित हिन्दी-व्याख्या के प्रति श्रद्धेय मुनिराजों ने, प्राकृत-भाषा के विद्वान् महानुभावों ने, अध्येता संत-सतियांजी महाराज साहब ने तथा प्रेमी पाठकों ने जैसी आदर-भावना और प्रशस्त सम्मितियाँ प्रकट की है, उनके लिये मुझे हर्ष का अनुभव हुआ है, साथ ही यह संतुष्टि भी हुई है कि यह व्याख्यात्मक अनुवाद अपने आप में पूर्णतया ग्रन्थ रूप से सफल हो रहा है।

श्रद्धेय कवि-रत्न, उपाध्याय श्री अमरचन्दजी महाराज साहब ने "आमुख" के रूप में जो भूमिका लिखने की कृपा की है, उसके लिये मैं आभारी हूँ।

आशा है कि ज्ञान-प्रेमी पाठक बन्धु इस परिश्रम को ध्यान में रखते हुए इसका सदुपयोग करेंगे और प्राकृत-भाषा के निष्णात पंडित बनने में परिश्रम-शील बन रहेंगे। यही शुभेच्छा।

भारतीय गणतंत्र दिवस<br>सन् १९६७<br>नगर सेठ का वंडा<br>अहमदाबाद

विनीत—<br>उदयमुनि-(सिद्धान्त-शास्त्री)

# प्रकाशक का निवेदन

जैन दिवाकर, प्रसिद्ध वक्ता, स्वर्गीय, गुरुदेव श्री १००८ श्री चौथमलजी महाराज सा की स्मृति में स्थापित की हुई इस सस्था द्वारा प्रात स्मरणीय उपाध्याय श्री प्यारचन्दजी महाराज सा द्वारा कृत प्राकृत-व्याकरण की हिन्दी व्याख्या के दो भाग प्रकाशित किये जाने पर सस्था को परम प्रसन्नता अनुभव हो रही है।

प्रकाशन काय में काफी व्यय आने पर भी ग्रन्थ के इस रूप मे परिपूर्ण रीति से पाठको के हाथ में पहुँचने पर सब परिश्रम और सब व्यय सफल ही कहा जायगा, क्योंकि प्राकृत-भाषा के अध्ययन करने में यह ग्रन्थ पूर्ण रीत्या सहायक सिद्ध होगा, इसमें दो मत नही हो सकते हैं।

पडित श्री उदय-मुनिजी महाराज सा सिद्धान्त-शास्त्री का सयोजक के रूप में जो सहयोग प्राप्त हुआ है, उसके लिए सस्था अपना हार्दिक आभार प्रकट करती है।

सहायता दाताओ ने और अग्रिम रूप से बनने वाले ग्राहको ने जो प्राकृत-भाषा के प्रति अपना सुन्दर अनुराग प्रदर्शित किया है, उसके लिये भी सस्था अपनी कृतज्ञता प्रकट करती है।

सपादक के रूप में ग्रन्थ की जो साकार स्थिति प श्री रतनलालजी संघवी-न्यायतीर्थ-छोटी सादडी वालो ने प्रदान की है और इसके लिये जो गहरा परिश्रम किया है, उसके लिये भी हम अपना धन्यवाद प्रदान करते है।

साहित्य रत्न, कविराज श्री केवलचन्दजी महाराज सा, सेवाभावी श्री मन्नालालजी महाराज सा, सिद्धान्त-प्रभाकर श्री मेघराजजी महाराज सा, सिद्धान्त-प्रभाकर श्री गणेशलालजी महाराज सा, तपस्वी श्री पन्नालालजी महाराज सा आदि आदि सत-मुनिराजो के प्रति भी सस्था अपना हार्दिक आभार प्रकट करती हैं, जिनकी कृपा से यह कार्य सपन्न हो सका है।

साथ में प्रेमी ज्ञान-अभ्यासियो से यही निवेदन है कि वे इस ग्रन्थ का समुचित उपयोग करें और इस महान परिश्रम को सफल बनावें-यही विनति है।

*समाज-सेवक*

**अभयराज नाहर**

मन्त्री

श्री जैन दिवाकर दिव्य ज्योति कार्यालय

मेवाडी बाजार, ब्यावर (राजस्थान)

# प्राकृत-व्याकरण

की

# सूत्रानुसार-विषयानुक्रमणिका

## तृतीय-पाद

## तृतीय-पाद-विषय-सूची-सार-संग्रह



## चतुर्थ-पाद

नोट —(१) आदेश प्राप्त प्राकृत-धातुओ को तीन श्रेणियो मे विभाजित किया जा सकता है, जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —

(१) कुछ 'तत्सम" की कोटि की है, (२) कुछ "तदभव" रूप वाली हैं और (३) कुछ 'देशज" श्रेणी वाली हैं।

(२) मूल प्राकृत-भाषा का नाम 'महाराष्ट्री" प्राकृत है और शेष भाषाएँ सहयोगिनी प्राकृत-भाषाएँ कही जा सकती हैं।

(३) जैन-आगमो की भाषा मूलत "अर्ध-मागधी है, परन्तु इसका आधार 'महाराष्ट्री-प्राकृत" ही है।

## तृतीय-पाद-विषय-सूची-सार-संग्रह



## चतुर्थ-पाद

नोट —(१) आदेश प्राप्त प्राकृत–धातुओं को तीन श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है, जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —

(१) कुछ 'तत्सम" की कोटि की है, (२) कुछ 'तद्भव" रूप वाली हैं और (३) कुछ 'देशज" श्रेणी वाली हैं।

(२) मूल प्राकृत–भाषा का नाम महाराष्ट्री" प्राकृत है और शेष भाषाएँ सहयोगिनी प्राकृत–भाषाएँ कही जा सकती हैं।

(३) जैन–आगमों की भाषा मूलतः "अर्ध–मागधी' है, परन्तु इसका आधार 'महाराष्ट्री–प्राकृत" ही है।

## प्राकृत-व्याकरण-द्वितीय-भाग के

# *अग्रिम ग्राहकों की शुभ नामावली*

---

इस ग्रन्थ के प्रकाशन में निम्नोक्त महानुभावों ने अग्रिम रूप से ग्राहक बनकर हमें उत्साहित किया है; तदनुसार उनका आभार मानते हुए उनकी शुभ नामावली क्रमशः इस प्रकार है: —

| | | |
|---|---|---|
| ५००) | दानवीर कर्मठ स्वर्गीय सेठ श्री माणकलाल भाई श्री नाथालाल भाई हस्ते सेठानी श्रीमती लीलाबाई माटुंगा-बम्बई | प्रतियाँ ४५ |
| २७५) | श्री जुगराजजी भवरलालजी ओश्रीमाल सिकन्द्राबाद | प्रतियाँ २५ |
| २५१) | श्री गौतम ज्वेलर्स भारत, सिकन्द्राबाद | प्रतियाँ २२ |
| २५०) | श्रीमान् सेठ हिम्मतलाल के डोशी | प्रतियाँ २२ |
| २००) | स्वर्गीय सेठ श्री रामजी भदरजी हस्ते श्री कपूर बहिन तथा श्री नवनीतलाल भाई, माटुंगा-बम्बई | प्रतियाँ १८ |
| ११०) | स्वर्गीय सेठ श्री चाँदमलजी सा चाणोदिया रतलाम की पुण्य स्मृति में श्री बचनबाई चाणोदिया द्वारा | प्रतियाँ १० |
| ११०) | श्री साहेबचन्दजी हस्तीमलजी | प्रतियाँ १० |
| ११०) | श्री लालचन्दजी शांतिलालजी, यादगिरी, | प्रतियाँ १० |
| १००) | हस्ते श्रीमान् चांदमलजी सा डागो, गुप्त भेंट | प्रतियाँ ९ |
| १००) | श्रीमान् रूपचन्दजी दीपचन्दजी सोणी वाला द्वारा प्राप्त, श्रीमान् माणकचन्दजी पारख की धर्म पत्नी सौभाग्यवती श्री पुष्पाबाई के सगाई तप की तपस्या के उपलक्ष में, ४०३ टकनरोड बम्बई नं ४ | प्रतियाँ ९ |
| १०१) | श्रीमान् माणकचन्दजी मोतीलालजी गांधी, (के एम गांधी) बम्बई | प्रतियाँ ९ |
| १०१) | श्रीमान् मोहनलालजी धर्मचन्दजी बाजार रोड, पुनेरी | प्रतियाँ ९ |

१०१) श्रीमान् गाडमलजी तेजमलजी सुराणा, मेलापुर प्रतियाँ ९
१०१) श्रीमान् शभुमलजी जवरचन्दजी मेहता, माटु गा बम्बई प्रतियाँ ९
१०१) श्रीमान् प्राण जीवनजी राजपालजी वोहरा, माटु गा बम्बई प्रतियाँ ९
१०१) श्रीमान् नथमलजी शुभकरणजी खीवसरा, अमरावती प्रतियाँ ९
१०१) श्रीमान नदलालजी जीतमलजी, बीजापुर वाला प्रतियाँ ९
१००) श्रीमान् हस्तीमलजी रतनलालजी वोहरा, रतलाम प्रतियाँ ९
८८) श्रीमान् चपालालजी चेतनप्रकाशजी, डूगर वाल बेंगलोर प्रतियाँ ८
५५) श्रीमान् चपालालजी गनपतराजजी ढावरिया, सिकन्दराबाद प्रतियाँ ५
५५) श्री गुप्त भेंट, प्रतियाँ ५
५५) श्रीमान चदनमलजी वोहरा की धर्म-पत्नी श्रीमती ज्ञानबाई-गाव-पीकोट-
जिला सिकदराबाद प्रतियाँ ५
५५) श्रीमान् के पन्नालालजी सिंघवी, गाव-हिमायत नगर, जिला सिकन्दराबाद प्रतियाँ ५
५५) श्रीमान् धर्मचन्दजी कुदनमलजी गाव शोरापुर, प्रतियाँ ५
५५) श्रीमान कन्हैयालालजी चपालालजी गाव शोरापुर, प्रतिया ५
५५) श्रीमान् मोहनलालजी अमृतलालजी वोहरा, गाव शोरापुरा प्रतियाँ ५
५५) श्रीमान् नेमिचदजी पारसमलजी, रायचूर, प्रतियाँ ५

३३४०) कुल योग

नोट —अग्रिम ग्राहकों को ११) रुपया प्रति पुस्तक के हिसाब से भेंट कर्त्ताओं की सेवा मे प्रतिया प्रस्तुत की जायगी।

निवेदक—प्रकाशक

# ग्रन्थानुक्रम

॥ ॐ अर्हत्-सिद्धेभ्यो नमः ॥

# आचार्य हेमचन्द्र रचितम्

( प्रियोदय हिन्दी-व्याख्यया समलंकृतम् )

# प्राकृत-व्याकरणम्

## तृतीय-पाद

### वीप्स्यात् स्यादेर्वीप्स्ये स्वरे मो वा ॥ ३-१ ॥

वीप्सार्थात्पदात्परस्य स्यादेः स्थाने स्वरादौ वीप्सार्थे पदे परे मो वा भवति ॥ एकैकम्। एक्कमेक्कं। एक्कमेक्केण। अङ्गे अङ्गे। अङ्गमङ्गम्मि। पक्षे। एक्केक्कमित्यादि ॥

**अर्थ**—जहाँ तात्पर्य विशेष के कारण से एक ही शब्द का दो बार लगातार रूप से उच्चारण किया जाता है, तो ऐसी पुनरुक्ति को 'वीप्सा' कहते हैं। ऐसे 'वीप्सा' अर्थक पद मे यदि प्रारभ में स्वर रहा हुआ हो तो वीप्सा अर्थक पद म रहे हुए विभक्ति वाचक सि' आदि प्रत्ययों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'म्' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है। वैकल्पिक पक्ष होने से जहाँ विभक्ति-वाचक प्रत्ययों के स्थान पर 'म्' आदेश की प्राप्ति नहीं होगी, वहाँ पर विभक्ति-वाचक प्रत्ययों का लोप हो जायगा। उदाहरण इस प्रकार है—एकैकम्=एक्कमेक्कं अथवा एक्केक्कं ॥ एकेन एकेन=एक्कमेक्केण ॥ (पक्षान्तर में-एक्केक्केण)। अङ्गे अङ्गे=अङ्गमङ्गम्मि। पक्षान्तर में अङ्गङ्गम्मि होगा।

**एकैकम्**—सस्कृत विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप एक्कमेक्कं और एक्केक्कं होते हैं। इनमे सूत्र-संख्या-२-९८ से दोनों 'क' वर्णों के स्थान पर द्वित्व 'क्क' वर्ण की प्राप्ति, ३-१ से वीप्सा अर्थक पद होने से वैकल्पिक रूप से प्रथम रूप में सस्कृतीय लुप्त विभक्ति वाचक प्रत्यय के स्थान पर 'म' आदेश की

प्राप्ति, १-१४८ से द्वितीय रूप में 'ए' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर क्रम से दोनों रूप एक्कमेक्कं और एक्कोक्कं सिद्ध हो जाते हैं।

*एकमेकेन* —संस्कृत तृतीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप *एक्कमेक्केण* होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-९८ से दोनों 'क' वर्णों के स्थान पर द्वित्व 'क्क' वर्ण की प्राप्ति, ३-१ से वीप्सा अर्थक पद होने से संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी विभक्ति वाचक प्रत्यय 'टा=इन' के स्थान पर 'म्' आदेश की प्राप्ति, १-५ से प्राप्त हलन्त 'म्' आदेश के साथ में आगे रहे हुए 'ए' स्वर की संधि, ३-६ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में 'टा' प्रत्यय के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्व में स्थित शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *एक्कमेक्केण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अङ्गे अङ्गे* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप *अङ्गमङ्गम्मि* होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१ से वीप्सा-अर्थक पद होने से प्रथम पद 'अङ्गे' में संस्कृतीय सप्तमी विभक्ति वाचक प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' आदेश, १-५ से प्राप्त आदेश रूप हलन्त 'म' में आगे रहे हुए 'अ' स्वर की संधि, और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' (के स्थानीय रूप 'ए') के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अङ्गमङ्गम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है ॥३-१॥

## अतः सेर्डोः ॥३-२॥

अकारान्तान्नाम्नः परस्य स्यादेः सेः स्थाने डो भवति ॥ वच्छो ॥

*अर्थ* —प्राकृतीय पुल्लिंग अकारान्त शब्दों में प्रथमा विभक्ति में संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति वाचक प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'डो' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय 'डो' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक होने से अकारान्त प्राकृत शब्दों में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस अन्त्य 'अ' का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् प्राप्त हलन्त शब्द में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे:-वृक्षः=वच्छो ॥

'वच्छो' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-१७ में की गई है ॥३-२॥

## वैतत्तदः ॥३-३॥

एतत्तदोकारात्परस्य स्यादेः सेर्डो वा भवति ॥ एसो एस । सो णरो । स णरो ॥

*अर्थ* —संस्कृतीय सर्वनाम रूप 'एतत्' और 'तत्' के पुल्लिंग रूप 'एष' और 'स' के प्राकृतीय प्राप्त पुल्लिंग रूप 'एस' और 'स' में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो=ओ' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। जैसे:-एषः=एसो अथवा एस। सः नरः=सो णरो अथवा स णरो ॥

'एसो' रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-११६ में को गई है।
'एस' रूप की सिद्धि सूत्र -सख्या १-३१ में की गई है।
'सो' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१७७ में की गई है।
णरो' रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-२२९ में की गई है।
'स' रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१७७ में की गई है ॥३-३॥

## जस्-शसोर्लुक् ॥३-४॥

अकारान्तान्नाम्नः परयोः स्यादिसंबन्धिनो र्जस्-शसोर्लुग् भवति ॥ वच्छा एए वच्छे पेच्छ ॥

*अर्थ* —अकारान्त प्राकृत पुल्लिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में क्रम से सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' और शस्' का लोप हो जाता है। इस प्रकार प्रथमा विभक्ति में 'जस्' प्रत्यय का लोप हो जाने के पश्चात् सूत्र-सख्या ३-१२ से अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होती है। जैसे –वृक्षा एते=वच्छा एए। इसी प्रकार से द्वितीया विभक्ति में भी 'शस्' प्रत्यय का लोप हो जाने के पश्चात सूत्र सख्या ३-१२ से अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होती है एव कभी सूत्र-सख्या ३-१४ से अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होती है। जैसे —वृक्षान् पश्य=(वच्छा अथवा) वच्छे पेच्छ अर्थात् वृक्षों को देखो ॥

*वृक्षा* —सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छा होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९से प्राप्त 'छ' की द्वित्व 'छ्छ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व छ' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति, ३-४ से प्रथमा विभक्ति में, अकारान्त पुल्लिग के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एव लुप्त 'जस्' प्रत्यय के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर *वच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*एते* —सस्कृत सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एए होता है, इसमें सूत्र-सख्या १-१७७ से'त' का लोप होकर 'एए' रूप सिद्ध हो जाता है। अथवा १-११ से मूल सस्कृत शब्द 'एतत्' म स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप, ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन मे सस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डे' में स्थित 'ड्' इत्सञ्ज्ञक होने से प्राप्त रूप 'एअ' में स्थित अन्त्या 'अ' की इत्सञ्ज्ञा होकर इस 'अ'का लोप और तत्पश्चात् प्राप्त रूप 'ए+ए=एए' की सिद्धि हो जाती है।

*वृक्षान्* —सस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छे होता है। इसमें 'वच्छ' रूप तक की सिद्धि उपरोक्त इसी सूत्र-अनुसार (जानना), ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहु वचन में प्राप्त प्रत्यय 'शस' का

लोप और ३-१४ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'शस्' के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर वच्छे रूप सिद्ध हो जाता है।

'पेच्छ' —रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२३ में की गई है। ३-४॥

## अमोस्य ॥ ३-५ ॥

अतः परस्यामोकारस्य लुग् भवति ॥ वच्छं पेच्छ ॥

*अर्थ* —अकारान्त में द्वितीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'अम्' में स्थित आदि स्वर 'अ' का प्राकृत में लोप हो जाता है और शेष 'म्' प्रत्यय की ही प्राकृत में प्राप्ति होती है। जैसे — वृक्षम् पश्य = वच्छं पेच्छ अर्थात् वृक्ष को देखो।

'वच्छं' —रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२३ में की गई है।
'पेच्छ'—क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२३ में की गई है ॥ ३-५॥

## टा-आमो र्णः ॥३-६॥

अतः परस्य टा इत्येतस्य षष्ठी-बहुवचनस्य च आमो णो भवति ॥ वच्छेण। वच्छाण ॥

*अर्थ* —अकारान्त शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की आदेश रूप से प्राप्ति होती है एवं सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होती है। जैसे -वृक्षेण = वच्छेण। इसी प्रकार से अकारान्त शब्दों में षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की आदेश रूप से प्राप्ति होती है एवं सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होती है। जैसे - वृक्षाणाम्=वच्छाण अर्थात् वृक्षों का अथवा वृक्षों की।

'वच्छेण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२७ में की गई है।

*वृक्षाणाम्*—संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वच्छाण होता है। इसमें 'वच्छ' रूप तक की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-४ के अनुसार (जानना), ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थानीय रूप 'नाम' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति, और ३-१२ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर वच्छाण रूप सिद्ध हो जाता है ॥३-६॥

## भिसो हि हिँ हिं ॥३-७॥

अतः परस्य भिसः स्थाने केवलः सानुनासिकः सानुस्वारश्च हि भवति ॥ वच्छेहि । वच्छेहिँ वच्छेहिं कया छाही ॥

*अर्थ* —अकारान्त शब्दों में तृतीया-विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में कभी केवल 'हि' प्रत्यय की आदेश रूप में प्राप्ति होती है, कभी सानुनासिक 'हिँ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है, तो कभी सानुस्वार 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति हुआ करती है, एवं सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्त प्रत्यय 'हि','हिँ', हिं के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे -वृक्षैः कृता छाया=वच्छेहि अथवा वच्छेहिँ अथवा वच्छेहिं कया छाही अर्थात् वृक्षों द्वारा की हुई छाया ॥

वृक्षैः —संस्कृत तृतीयान्त बहु वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप वच्छेहि, वच्छेहिँ और वच्छेहिं होते हैं। इनमें "वच्छ" रूप तक की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-४ के अनुसार (जानना), ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थानीय रूप 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से 'हि', हिँ हिं प्रत्ययों की प्राप्ति और ३-१५ से प्राप्त प्रत्यय 'हि' अथवा 'हिँ' और 'हिं' के पूर्वस्थ 'वच्छ' शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर क्रम से 'वच्छेहि' 'वच्छेहिँ' और 'वच्छेहिं' रूपों की सिद्धि हो जाती है।

'कया' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१०४ में की गई है। 'छाही' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या-१-२४९ में की गई है ॥ ३-७ ॥

## ङसेस् त्तो-दो दु-हि-हिन्तो-लुकः ॥३-८॥

अतः परस्य ङसेः त्तो दो दु हि हिन्तो लुक् इत्येते षडादेशा भवन्ति ॥ वच्छत्तो । वच्छाओ । वच्छाउ । वच्छाहि । वच्छाहिन्तो । वच्छा ॥ दकार करणं भाषान्तरार्थम् ॥

*अर्थ* —अकारान्त शब्दों में पंचमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'आत्' के स्थान पर प्राकृत में 'त्तो', 'दो=ओ, 'दु=उ', 'हि' और 'हिन्तो' प्रत्ययों की क्रम से आदेश-प्राप्ति होती है और कभी कभी इन प्रत्ययों का लोप भी हो जाता है, ऐसी अवस्था में मूल शब्द रूप के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर सूत्र संख्या ३-१२ से 'आ' की प्राप्ति होकर प्राप्त रूप पंचमी विभक्ति के अर्थ को प्रदर्शित कर देता है। यों पंचमी विभक्ति के एक वचन में अकारान्त में छह रूप हो जाते हैं। पाँच रूप तो प्रत्यय जनित होते हैं और छट्ठा रूप प्रत्यय लोप से होता है। इन छह ही रूपों में सूत्र संख्या ३-१२ से प्रत्ययों की क्रमिक रूप से संयोजना होने के पहले शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ

स्वर 'आ' की प्राप्ति हो जाती है। 'त्तो' प्रत्यय की संयोजना में 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होकर पुनः सूत्र संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' हो जाया करता है। उदाहरण इस प्रकार है:—वृक्षात् =वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिन्तो और वच्छा अर्थात् वृक्ष से। 'दो' और 'दु' प्रत्ययों में स्थित 'दकार' अन्य भाषा 'शौरसेनी' के पंचमी विभक्ति के एक वचन की स्थिति को प्रदर्शित करने के लिये व्यक्त किया गया है, तदनुसार प्राकृत में स्वभावतः अथवा सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप करके शेष 'ओ' और 'उ' प्रत्ययों का ही प्राकृत-रूपों में संयोजना की जाती है। यह अन्तर अथवा विशेषता ध्यान में रहनी चाहिये।

*वृक्षात्*—संस्कृत पञ्चम्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिन्तो और वच्छा होते हैं। इनमें 'वच्छ' रूप तक की साधनिका सूत्र-संख्या ३-४ के अनुसार, ३-१२ से प्राप्त रूप 'वच्छ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-८ से पंचमी विभक्ति के एक वचन में क्रम से 'त्तो', 'ओ', 'उ', 'हि', 'हिन्तो' और 'प्रत्यय-लोप' की प्राप्ति होकर क्रम से *वच्छात्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिन्तो* और *वच्छा* रूप सिद्ध हो जाते हैं। प्रथम रूप 'वच्छत्तो' में यह विशेषता है कि उपरोक्त रीति से प्राप्तव्य रूप 'वच्छात्तो' में सूत्र-संख्या १-८४ से पुनः दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति होकर 'वच्छत्तो' रूप (ही) सिद्ध होता है ॥३-८॥

## भ्यसस् त्तो दो दु हि हिन्तो सुन्तो ॥३-९॥

अतः परस्य भ्यसः स्थाने त्तो दो, दु, हि, हिन्तो, सुन्तो इत्यादेशा भवन्ति ॥ वृक्षेभ्यः। वच्छत्तो। वच्छाओ। वच्छाउ। वच्छाहि। वच्छेहि। वच्छाहिन्तो। वच्छेहिन्तो। वच्छासुन्तो। वच्छेसुन्तो ॥

*अर्थः*—अकारान्त शब्दों में पंचमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भ्यस्=भ्यः' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'त्तो', 'दो=ओ', 'दु=उ', 'हि', 'हिन्तो' और 'सुन्तो' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। सूत्र संख्या ३-१२ से 'त्तो' प्रत्यय, 'ओ' प्रत्यय और 'उ' प्रत्यय के पूर्व शब्दान्त ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होती है। 'त्तो' प्रत्यय की संयोजना में यह विशेष है कि 'आ' की प्राप्ति होने पर पुनः सूत्र-संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' हो जाता है। इसी प्रकार से 'हि', 'हिन्तो' और 'सुन्तो' प्रत्ययों के सम्बन्ध में यह विधान है कि सूत्र-संख्या ३-१३ से शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होती है तथा सूत्र-संख्या ३-१५ से 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति भी हो जाती है। यों 'हि', 'हिन्तो' और 'सुन्तो' प्रत्ययों के योग में अकारान्त शब्द के दो दो रूप हो जाते हैं। तदनुसार सब मिलाकर पंचमी विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त में नौ

होते हैं, जो कि इस प्रकार है —वृक्षेभ्य =(१) वच्छत्तो, (२) वच्छाओ, (३) वच्छाउ, (४) वच्छाहि, (५) वच्छेहि, (६) वच्छाहिन्तो, (७) वच्छेहिन्तो, (८) वच्छासुन्तो और (९) वच्छेसुन्तो अर्थात् वृक्षों से ॥

वृक्षेभ्य —संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छेहि, वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो और वच्छेसुन्तो होते हैं। इनमे 'वच्छ' रूप तक की साधनिका सूत्र-संख्या ३-४ के अनुसार, ३ ९ से प्रथम रूप मे 'त्तो' की प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्त प्रत्यय 'त्तो' के पूर्वस्थ वच्छ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, १ ८४ से प्राप्त 'आ' के स्थान पर पुन 'अ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *वच्छत्तो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय और तृतीय रूप-(वच्छाओ एव वच्छाउ) में सूत्र-सख्या ३ १२ से वच्छ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, ३ ९ से क्रम से 'दो' और 'दु' प्रत्ययों की प्राप्ति और १-१७७ से प्राप्त प्रत्ययों में स्थित द्' का लोप होकर क्रम से *वच्छाओ* और *वच्छाउ* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

शेष चौथे रूप से लगाकर नवमे रूप तक में सूत्र संख्या ३ १३ से तथा ३-१५ से वच्छ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर क्रम से एव वैकल्पिक रूप से 'आ' अथवा 'ए' की प्राप्ति और ३ ९ से क्रम से 'हि' 'हिन्तो' और 'सुन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर यथा रूप *वच्छाहि, वच्छेहि, वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो वच्छासुन्तो* और *वच्छेसुन्तो* रूपों की सिद्धि हो जाती है ॥३-९॥

## ङसः स्सः ॥३-१०॥

अतः परस्य ङसः संयुक्तः स्सो भवति ॥ पिअस्स । पेम्मस्स । उपकुम्भ शैत्यम् । उवकुम्भस्स सीअलत्तण ॥

*अर्थ* —अकारान्त शब्दों में षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस् के स्थानीय रूप स्य' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —प्रियस्य = पिअस्स अर्थात् प्रिय का। प्रेमण =पेम्मस्स अर्थात् प्रेम का और उपकुम्भ शैत्यम् = उवकुम्भस्स सीअलत्तण अर्थात् गूगल नामक लघु वृक्ष विशेष की शीतलता को (देखो)।

*प्रियस्य*—संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप पिअस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'स्य' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *पिअस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*प्रेमण* संस्कृत षष्ठ्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप पेम्मस्स होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ ७९ से 'र' का लोप, २ ९८ से 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति, २ ७८ से मूल संस्कृतीय रूप 'प्रेमन्' में स्थित ('ण्' के पूर्व रूप) 'न्' का लोप, और ३ १० से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति वाचक प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय

रूप 'अम्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पम्मरस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*उपकुम्भम* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप उवकुम्मस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, ३-१३४ से संस्कृतीय द्वितीया विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी विभक्ति की प्राप्ति तदनुसार ३-१० से संस्कृतीय द्वितीया विभक्ति के प्रत्यय 'अम्=म्' के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी विभक्ति वाचक प्रत्यय 'स्स' की प्राप्ति होकर *उवकुम्भस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*शीत्वम्=शीतलत्वम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सीअलत्तणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, २-१५४ से 'त्व' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'त्तण' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का अनुस्वार होकर *सीअलत्तणं* रूप सिद्ध हो जाता है ॥३-१०॥

## डे म्मि ङेः ॥३-११॥

अतः परस्य ङेर्डित् एकारः संयुक्तो मिश्च भवति ॥ वच्छे । वच्छम्मि ॥ देवम् । देवम्मि । तम् । तम्मि । अत्र द्वितीया-तृतीययोः सप्तमी (३-१३५) इत्यमो ङिः ॥

*अर्थ*—प्राकृत अकारान्त शब्दों में सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर 'डे' और संयुक्त 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय डे में 'ड्' इत्संज्ञक होने से मूल अकारान्त शब्दों में स्थित अन्त्य 'अ' स्वर की इत्संज्ञा होकर उक्त 'अ' का लोप हो जाता है, तत्पश्चात् प्राप्त हलन्त रूप में 'ए' प्रत्यय की संयोजना हो जाती है। जैसे—वृक्षे=वच्छे और वच्छम्मि अर्थात् वृक्ष में। सूत्र संख्या ३-१३७ में ऐसा विधान है कि प्राकृतीय शब्दों में कभी कभी सप्तमी विभक्ति के प्रत्ययों के स्थान पर द्वितीया विभक्ति के प्रत्ययों का विधान होता हुआ भी पाया जाता है एवं तदनुसार विधानानुसार प्राप्त द्वितीया विभक्ति के सद्भाव में भी तात्पर्य सप्तमी विभक्ति का ही अभिव्यक्त होता है। जैसे—देवे=देवं अथवा देवम्मि अर्थात् देव में। तस्मिन्=तम् अथवा तम्मि अर्थात् उस में। कभी कभी ऐसा भी होता है कि शब्द में द्वितीया अथवा तृतीया विभक्ति के अर्थ में सूत्र संख्या ३-१३५ के अनुसार सप्तमी विभक्ति के प्रत्यय संयोजित होते हुए देखे जाते हैं और तात्पर्य द्वितीया अथवा तृतीया विभक्ति का अभिव्यक्त होता है। तदनुसार सप्तमी-विभक्ति वाचक 'ङि=इ' होने पर भी उसका अर्थ द्वितीया विभक्ति-वाचक प्रत्यय 'अम्=म्' के अनुसार होता है।

*वृक्षे* संस्कृत सप्तम्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप वच्छे और वच्छम्मि होते हैं। इनमें 'वच्छ' रूप तक की साधनिका सूत्र संख्या ३-४ के अनुसार; ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में क्रम से 'ए' और 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से *वच्छे* और *वच्छम्मि* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

देवे संस्कृत सप्तम्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप देवम् और देवम्मि होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१३७ से सप्तमी विभक्ति के स्थान पर द्वितीया विभक्ति का विधान एवं तदनुसार ३-५ से द्वितीया विभक्ति वाचक प्रत्यय 'म्' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *देवम्* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप (देवे=) देवम्मि में सूत्र संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *देवम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तस्मिन्* संस्कृत सर्वनाम सप्तम्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप तम् और तम्मि होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१३७ से सप्तमी विभक्ति के स्थान पर द्वितीया विभक्ति का विधान, तदनुसार ३-५ से संस्कृतीय सप्तमी-विभक्तिबोधक प्रत्यय 'स्मिन्' के स्थान पर प्राकृत में द्वितीया विभक्ति वाचक प्रत्यय 'म्' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप '*तम्* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप (तस्मिन्=) तम्मि में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत सर्वनाम रूप 'तत्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि' के स्थानीय रूप 'स्मिन्' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप '*तम्मि*' सिद्ध हो जाता है॥ ३-११॥

## जस्-शस्-ङसि-त्तो-दो-द्वामि दीर्घः ॥३-१२॥

**एषु अतो दीर्घो भवति ॥ जसि शसि च । वच्छा ॥ ङसि । वच्छाओ । वच्छाउ । वच्छाहि । वच्छाहिन्तो । वच्छा ॥ त्तो दो दुषु ॥ वृक्षेभ्यः । वच्छत्तो । ह्रस्वः संयोगे (१-८४) इति ह्रस्वः ॥ वच्छाओ । वच्छाउ ॥ आमि । वच्छाण ॥ ङसिनैव सिद्धे त्तो दो दु ग्रहणं भ्यसि एत्वबाधनार्थम् ॥**

*अर्थ*—प्राकृत अकारान्त शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय 'जस' और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय 'शस' प्राप्त होने पर अन्त्य 'अ' स्वर का दीर्घ स्वर 'आ' हो जाता है। जैसे—वृक्षाः=वच्छा और वृक्षान्=वच्छा। इसी प्रकार से पंचमी विभक्ति के एक वचन में 'ङसि=अस्' के स्थान पर आदेश-प्राप्त प्रत्यय 'ओ', 'उ', 'हि', 'हिन्तो' और 'प्रत्यय लुक्' की प्राप्ति होने पर अन्त्य 'अ' स्वर का दीर्घ स्वर 'आ' हो जाता है। जैसे—वृक्षात्=वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिन्तो और वच्छा। मूल सूत्र में 'त्तो', 'दो' और 'दु' का जो विशेष उल्लेख किया गया है, उसका तात्पर्य इस प्रकार है कि—पंचमी विभक्ति के एक वचन में और बहुवचन में 'त्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर प्रथम तो अन्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होती है, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या १-८४ से पुनः 'आ' को 'अ' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे—वृक्षात्=वच्छत्तो और वृक्षेभ्यः=वच्छत्तो। 'दो=ओ' और 'दु=उ' प्रत्यय पंचमी-विभक्ति के एक वचन में भी होते हैं और बहुवचन में भी होते हैं, तदनुसार दोनों ही वचनों में अन्त्य 'अ' को दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होती है। जैसे—वृक्षेभ्यः=वच्छाओ और वच्छाउ॥ इसी प्रकार से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में भी संस्कृतीय प्रत्यय 'आम' के स्थान पर प्राकृत में आदेश

प्राप्त प्रत्यय 'ण' की प्राप्ति होने पर भी अन्त्य 'अ' स्वर को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे-वृक्षानाम्=वच्छाण। मूल सूत्र में यदि 'ङ सि' इतना ही उल्लेख कर देते तो भी पंचमी विभक्ति के एक वचन में आदेश-प्राप्त प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर 'अ' को 'आ' की प्राप्ति होती है॥ ऐसा अर्थ अभि व्यक्त हो जाता, परन्तु पंचमी विभक्ति के एक वचन में और बहुवचन में 'त्तो, दो, दु, हि और हिन्तो' प्रत्ययों की एक रूपता है, एवं इस प्रकार की एकरूपता होने पर भी जहाँ दोनों वचनों में अन्त्य 'अ' को 'आ' की प्राप्ति होती है वहाँ बहुवचन में 'हि' और 'हिन्तो' प्रत्यय की संयोजना में सूत्र संख्या ३-१३ एवं ३-१५ से वैकल्पिक रूप से 'अ' का 'आ' की प्राप्ति भी हो जाया करता है। इस प्रकार मूल-सूत्र में 'त्तो' 'दो' और 'दु' ग्रहण करके पंचमी-बहुवचन के शेष प्रत्यया 'हि' 'हिन्तो' और 'सुन्तो' में 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है-ऐसा विशेष अर्थ प्रति-ध्वनित करने के लिये 'त्तो', 'दो' एवं 'दु' प्रत्ययों का मूल-सूत्र में स्थान दिया गया है। जैसे —वृक्षेभ्यः=वच्छाहि और वच्छेहि तथा वच्छाहिन्तो और वच्छेहिन्तो। इस प्रकार पंचमी के एक वचन में 'एत्व' का निषेध करने के लिये और बहुवचन में 'एत्व' का विधान करने के लिये 'त्तो', दो और दु प्रत्ययों का उल्लेख किया है।

*'वच्छो'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *२-१७* में की गई है।

*'वच्छाओ', 'वच्छाउ', 'वच्छाहि', 'वच्छाहिन्तो'* और *'वच्छा'* रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या *३-८* में की गई है।

*'वच्छत्तो', 'वच्छाओ'* और *'वच्छाउ'* बहुवचनान्त रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या *३-९* में की गई है।

*'वच्छाण'* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *३-६* में की गई है। ३-१२ ॥

## भ्यसि वा ॥ ३-१३ ॥

भ्यसादेशे परे अतो दीर्घो वा भवति ॥ वच्छाहिन्तो । वच्छेहिन्तो । वच्छासुन्तो । वच्छेसुन्तो । वच्छाहि । वच्छेहि ॥

अर्थः—पंचमी बहुवचन के संस्कृतीय प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर प्राकृत में आदेश प्राप्त प्रत्यय 'हिन्तो', 'सुन्तो' और 'हि' के पूर्वस्थ अकारान्त ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आ' की प्राप्ति होती है। एवं सूत्र-संख्या ३-१५ से वैकल्पिक पक्ष होने से 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति भी हुआ करती है। जैसे —वृक्षेभ्यः=वच्छाहिन्तो अथवा वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो अथवा वच्छेसुन्तो और वच्छाहि अथवा वच्छेहि॥

वृक्षेभ्यः—संस्कृत पंचम्यन्त बहुवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो, वच्छेसुन्तो, वच्छाहि और वच्छेहि होते हैं। इनमें 'वच्छ' रूप तक की साधनिका २-१७ के

अनुसार, ३-६ म पचमी विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतोय प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर 'हिन्तो' 'सुन्तों' और 'हि' प्रत्ययों की क्रमिक आदेश-प्राप्ति, ३-१३ और ३-१५ से 'वच्छ' शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से तथा क्रम से 'आ' अथवा 'ए' की प्राप्ति होकर *वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो, वच्छेसुन्तो, वच्छाहि* और *वच्छेहि* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

## टाण-शस्येत् ॥ ३-१४ ॥

**टादेशे णे शसि च परे अस्य एकारो भवति ॥ टाण । वच्छेण ॥ णेति किम् । अप्पणा अप्पणिआ । अप्पणइआ । शस् । वच्छे पेच्छ ॥**

*अर्थ* -प्राकृतीय अकारान्त शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ण' की आदेश-प्राप्ति होने पर अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे - वृक्षेन = वच्छेण अर्थात् वृक्ष से। इसी प्रकार से द्वितीया विभक्ति के बहु वचन में भी सस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर नियमानुसार लोप स्थिति' प्राप्त होने पर अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे -वृक्षान पश्य=वच्छे पेच्छ अर्थात् वृक्षों को देखो।

*प्रश्न* -तृतोया विभक्ति के एक वचन में 'ण' आदेश-प्राप्ति होने पर ही अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों उल्लेख किया गया है ?

*उत्तर* -'आत्मा=अप्प' आदि शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में सस्कृतोय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर सूत्र-सख्या ३-५५, ३-५६ और ३-५७ से 'णा', 'णिआ' और णइआ' प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति होता है, तदनुसार तृतोया विभक्ति एक वचन में सूत्र-सख्या ३-६ के अनुसार 'टा' के स्थान पर प्राप्तव्य 'ण का अभाव हो जाता है और ऐसा होने पर शब्द अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति नहीं होगी। इसलिये यह भार-पूर्वक कहा गया है कि ण' आदेश-प्राप्ति होने पर ही 'अ' को 'ए' की प्राप्ति होता है, अन्यथा नहीं। जैसे -आत्मना=अप्पणा, अप्पणिआ और अप्पणइआ अर्थात् आत्मा से।

*'वच्छेण' रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-६ में की गई है।*

*आत्मना* सस्कृत तृतीयान्त एकवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप अप्पणा, अप्पणिआ और अप्पणइआ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १-८४ से आदि दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-५१ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' की आदेश-प्राप्ति, २-८९ से आदेश-प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, ३-५६ से प्राप्त रूप 'अप्प' में 'आण' का सयोग, १-८४ से प्राप्त सयोग रूप आण' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, १-१० से 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' स्वर के आगे 'अण' का 'अ' होने से लोप, और ३-६ से प्राप्त सस्कृतीय

घेणूओ । महूओ आगओ ॥ एव गिरीहिन्तो । गिरीसुन्तो आगओ इत्याद्यपि ॥ सुप् । गिरीसु । बुद्धीसु । दहीसु । तरूसु । घेणूसु । महूसु ठिअं ॥ क्वचिन्न भवति । दिअ-भूमिसु दाण-जलोल्लिआइ ॥ इदुत इति किम् । वच्छेहिं । वच्छेसुन्तो । वच्छेसु ॥ भिस्भ्यस्सु पीत्येव । गिरिं तरुं पेच्छ ॥

*अर्थ* —प्राकृतीय ह्रस्व इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग, नपु सक लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों में तृतीया विभक्ति के बहुवचन मे संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'हि, हिँ और हिं प्रत्ययो की प्राप्ति होने पर एव पचमी विभक्ति के बहुवचन मे संस्कृतीय-प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'ओ, उ, हिंतो और सुन्तो प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सुप्' के स्थान पर 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ह्रस्व अन्त्य स्वर 'इ' का अथवा 'उ' का दीर्घ स्वर 'ई' और 'ऊ' यथा क्रम से हो जाते है। जैसे —'भिस्' प्रत्यय से सबधित उदाहरण — गिरिभि =गिरीहिं, बुद्धिभि =बुद्धीहिं, दधिभि = दहीहिं, तरुभि = तरूहिं, धेनुभि = घेणूहिं और मधुभि कृतम् = महूहिं कय । इत्यादि ।

'भ्यस्' से सबधित उदाहरण —गिरिभ्य = गिरीओ, गिरीहिन्तो और गिरीसुन्तो । बुद्धिभ्य = बुद्धिओ । दधिभ्य=दहीओ । तरुभ्य=तरूओ । धेनुभ्य=घेणूओ और मधुभ्य आगत =महूओ आगओ । इत्यादि । 'सुप्' से सबधित उदाहरण —गिरिषु = गिरीसु । बुद्धिषु=बुद्धीसु । दधिषु=दहीसु । तरुषु= तरूसु । धेनुषु=घेणूसु और मधुषु स्थितम्=महूसु ठिअं । इत्यादि । किन्हीं किन्ही शब्दों में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ह्रस्व अन्त्य 'इ' अथवा 'उ' का दीर्घ 'ई' अथवा 'ऊ' नही भी होता है । जैसे —द्विज-भूमिषु दान -जलार्द्रीकृतानि = दिअ-भूमिसु दाण-जलोल्लिआइ । इस उदाहरण मे 'भूमीसु' के स्थान पर ह्रस्व इकारान्त रूप कायम रह कर 'भूमिसु' रूप ही दृष्टि-गोचर हो रहा है, यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये ।

*प्रश्न*—'इकारान्त' 'उकारान्त' शब्दों में ही 'भिस्, भ्यस् और सुप्' प्रत्ययो के प्राप्त होने पर अन्त्य ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ स्वर हो जाता है ऐसा क्यों लिखा है ?

उत्तर —जो प्राकृत शब्द 'इकारान्त' अथवा 'उकारान्त' नहीं है, उन शब्दों मे 'भिस्, भ्यस् और 'सुप्' प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर भी अन्त्य ह्रस्व स्वर का दीर्घ स्वर नहीं होता है, अत ऐसा विधान केवल इकारान्त और उकारान्त शब्दों के लिये ही करना पड़ा है । जैसे —वृक्षै = वच्छेहिं, वृक्षेभ्य = वच्छेसुन्तो और वृक्षेषु=वच्छेसु । इन उदाहरणों में 'वच्छ' शब्द के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति नहीं हुई है । इस प्रकार ह्रस्व से दीर्घता' का विधान केवल इकारान्त और उकारान्त शब्दों के लिये ही है, यह सिद्ध हुआ ।

*प्रश्न* —'भिस्, भ्यस् और सुप्' प्रत्ययों के प्राप्त होने पर ही ह्रस्व 'इकारान्त' और ह्रस्व 'उकारान्त' के अन्त्य 'स्वर' को दीर्घता होती है, ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

प्रत्यय 'टा' में स्थित 'ट' की इत्संज्ञा होने से 'ट' का लोप होकर शेष प्रत्यय 'आ' की प्राप्ति होकर *अप्पणा* रूप सिद्ध हो जाता है। अथवा ३-५१ से पूर्व सिद्ध 'अप्प' शब्द में ही तृतीया विभक्ति के एक वचन में 'राजन वत् आत्मन शब्द सद्भावात्' संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'णा' आदेश की प्राप्ति होकर (*अप्पणा*) रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय और तृतीय रूप (आत्मना=) अप्पणिआ तथा अप्पणइआ में 'अप्प' रूप तक की साधनिका प्रथम रूप वत्, और ३-५७ से तृतीया-विभक्ति के एक वचन में 'टा' प्रत्यय के स्थान पर 'णिआ' और 'णइआ' आदेश-प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप '*अप्पणिआ*' और '*अप्पणइआ*' सिद्ध हो जाते हैं।

*वच्छे* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४ में की गई है।

*पेच्छ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ २३ में की गई है ॥३-१४॥

## भिस्भ्यस्सुपि ॥३-१५॥

एषु अत ए भवति ॥ भिस् । वच्छेहि । वच्छेहिँ । वच्छेहिं ॥ भ्यस् । वच्छेहि । वच्छेहिन्तो । वच्छेसुन्तो ॥ सुप् । वच्छेसु ॥

*अर्थ*—प्राकृतीय अकारान्त शब्दों में तृतीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'भिस्' के आदेश-प्राप्त 'हि, हिँ और हिं' की प्राप्ति होने पर, पंचमी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'भ्यस्' के आदेश-प्राप्त रूप 'हि, हिन्तो और सुन्तो' की प्राप्ति होने पर और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'सुप्' के आदेश-प्राप्त रूप 'सु' की प्राप्ति होने पर शब्द-अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे 'भिस्' का उदाहरण—वृक्षैः=वच्छेहि, वच्छेहिँ और वच्छेहिं अर्थात् वृक्षों से। 'भ्यस्' का उदाहरण वृक्षेभ्यः=वच्छेहि, वच्छेहिन्तो और वच्छेसुन्तो अर्थात् वृक्षों से। 'सुप्' का उदाहरण—वृक्षेषु=वच्छेसु अर्थात् वृक्षों पर अथवा वृक्षों में।

'*वच्छेहि*', '*वच्छेहिँ*' और '*वच्छेहिं*' तृतीयान्त बहुवचन वाले रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-७ में की गई है।

'*वच्छेहि*', '*वच्छेहिन्तो*' और '*वच्छेसुन्तो*' पंचम्यन्त बहु वचन वाले रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-९ में की गई है। *वच्छेसु* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२७ में की गई है ॥३-१५॥

## इदुतो दीर्घः ॥३-१६॥

इकारस्य उकारस्य च भिस् भ्यस्सुप्सु परेषु दीर्घो भवति॥ भिस् । गिरीहि । बुद्धीहिं । दहीहिं । तरूहिं । धेणूहिं । महूहिं कयं ॥ भ्यस् । गिरीओ । बुद्धीओ । दहीओ । तरूओ ।

धेणूओ । महूओ आगओ ॥ एव गिरीहिन्तो । गिरीसुन्तो आगओ इत्याद्यपि ॥ सुप् । गिरीसु । बुद्धीसु । दहीसु । तरूसु । धेणूसु । महूसु ठिअ ॥ क्वचिन्न भवति । दिअ-भूमिसु दाण-जलोल्लिआइ ॥ इदुत इति किम् । वच्छेहिं । वच्छेसुन्तो । वच्छेसु ॥ भिस्भ्यस्सु पीत्येव । गिरिंतरु पेच्छ ॥

अर्थ —प्राकृतीय ह्रस्व इकारान्त और उकारान्त पुल्लिग, नपु सक लिंग और स्त्रीलिग शब्दो में तृतीया विभक्ति के बहुवचन मे सस्कृतीय प्रत्यय 'भिस' के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'हि, हिँ और हिं प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर एव पचमा विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतीय-प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'ओ, उ, हिंतो और सुन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'सुप्' के स्थान पर 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ह्रस्व अन्त्य स्वर 'इ' का अथवा 'उ' का दीर्घ स्वर 'ई' और 'ऊ' यथा क्रम से हो जाते हैं। जैसे —'भिस्' प्रत्यय से सबधित उदाहरण — गिरिभि =गिरीहिं, बुद्धिभि =बुद्धीहिं, दधिभि =दहीहिं, तरुभि =तरूहिं, धेनुभि =धेणूहिं और मधुभि कृतम्=महूहिं कय। इत्यादि।

'भ्यस्' से सबधित उदाहरण —गिरिभ्य =गिरीओ, गिरीहिन्तो और गिरीसुन्तो। बुद्धिभ्य = बुद्धिओ। दधिभ्य=दहीओ। तरुभ्य=तरूओ। धेनुभ्य=धेणूओ और मधुभ्य आगत =महूओ आगओ। इत्यादि। 'सुप्' से सबधित उदाहरण —गिरिषु=गिरीसु। बुद्धिषु=बुद्धीसु। दधिषु=दहीसु। तरुषु= तरूसु। धेनुषु=धेणूसु और मधुषु स्थितम्=महूसु ठिअ। इत्यादि। किन्हीं किन्हीं शब्दों में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ह्रस्व अन्त्य 'इ' अथवा 'उ' का दीर्घ 'ई' अथवा 'ऊ' नही भी होता है। जैसे —द्विज-भूमिषु दान-जलार्द्रीकृतानि=दिअ-भूमिसु दाण-जलोल्लिआइ। इस उदाहरण में 'भूमीसु' के स्थान पर ह्रस्व इकारान्त रूप कायम रह कर 'भूमिसु' रूप ही दृष्टि-गोचर हो रहा है, यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

प्रश्न—'इकारान्त 'उकारान्त' शब्दों में ही 'भिस्, भ्यस् और सुप्' प्रत्ययों के प्राप्त होने पर अन्त्य ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ स्वर हो जाता है ऐसा क्यों लिखा है ?

उत्तर —जो प्राकृत शब्द 'इकारान्त' अथवा 'उकारान्त' नहीं है, उन शब्दों में 'भिस्, भ्यस् और 'सुप' प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर भी अन्त्य ह्रस्व स्वर का दीर्घ स्वर नहीं होता है, अत ऐसा विधान केवल इकारान्त और उकारान्त शब्दों के लिये ही करना पड़ा है। जैसे —वृक्षै =वच्छेहिं, वृक्षेभ्य = वच्छेसुन्तो और वृक्षेषु=वच्छेसु। इन उदाहरणों में 'वच्छ' शब्द के अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' को प्राप्ति नही हुई है। इस प्रकार ह्रस्व से दीर्घता' का विधान केवल इकारान्त और उकारान्त शब्दों के लिये ही है, यह सिद्ध हुआ।

प्रश्न —'भिस्, भ्यस और सुप्' प्रत्ययों के प्राप्त होने पर ही ह्रस्व 'इकारान्त' और ह्रस्व 'उकारान्त' के अन्त्य 'स्वर' को दीर्घता होती है, ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर –यदि ह्रस्व इकारान्त और उकारान्त शब्दों में 'भिस् भ्यस् और' सुप्'प्रत्ययों के अतिरिक्त अन्य प्रत्ययों की प्राप्ति हुई हो तो इन शब्दों के अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घता की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे —गिरिम् अथवा तरुम् पश्य=गिरिं अथवा तरुं पच्छ। इन उदाहरणों में द्वितीया-विभक्ति के एक वचन का 'म्' प्रत्यय प्राप्त हुआ, और 'भिस् भ्यस् अथवा सुप् प्रत्ययों का अभाव है, तदनुसार इनमें ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ स्वर की प्राप्ति भी नहीं हुई है। यों अन्यत्र भी विचार कर लेना चाहिये।

*गिरिभि:* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरीहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६ से मूल गिरि शब्द में रहे हुए द्वितीय ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ 'ई' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गिरीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धिभि:* —संस्कृत तृतीयान्त बहु वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीहि होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६ से और ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *बुद्धीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिभि:* —संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और शेष-साधनिका सूत्र-संख्या ३-१६ एवं ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही होकर *दहीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुभि:* —संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरूहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६ से और ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *तरूहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुभि:* —संस्कृत तृतीयान्त बहु वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और शेष साधनिका सूत्र संख्या ३-१६ एवं ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही होकर *धेणूहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुभि:* —संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महूहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और शेष साधनिका ३-१६ एवं ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही होकर *महूहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कय* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२६ में की गई है।

*गिरिभ्य:* —संस्कृत पंचम्यन्त बहुवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप गिरीओ, गिरीहिन्तो और गिरीसुन्तो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१६ से मूल 'गिरि' शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और ३-९ से पंचमी विभक्ति बोधक प्रत्यय 'ओ, हिन्तो, और सुन्तो' की क्रमिक-प्राप्ति होकर क्रम से *गिरीओ, गिरीहिन्तो* एवं *गिरीसुन्तो* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

*बुद्धिभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १६ और ३ ६ से 'गिरीओ' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *बुद्धीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-१६ तथा ३-६ से 'गिरीओ' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *दहीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरूओ होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १६ और ३ ६ से 'गिरीओ' के समान ही साधुनिका की प्राप्ति होकर *तरूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २२८ से 'न्' के स्थान पर ण' की प्राप्ति और ३ १६ तथा ३-६ से गिरीओ' के समान ही शेष साधनिका की प्राप्ति होकर *धेणूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महूओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-१६ तथा ३ ६ से 'गिरीओ' के समान ही शेष साधनिका की प्राप्ति होकर *महूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आगओ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२६८* में की गई है।

*गिरिषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरीसु होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६ से द्वितीय ह्रस्व स्वर इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति, और १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स' का प्राप्ति होकर *गिरीसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धिषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीसु होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १६ से 'इ' के स्थान पर ई' की प्राप्ति और १ २६० से 'ष' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *बुद्धीसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीसु होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से ध् के स्थान पर 'ह् की प्राप्ति, ३-१६ से 'इ' के स्थान पर 'ई' का प्राप्ति और १ २६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *दहीसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरूसु होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६ से प्रथम 'उ' के स्थान पर दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *तरूसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुषु* —संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूसु होता है। इसमें सूत्र-

उत्तर —यदि ह्रस्व इकारान्त और उकारान्त शब्दों में 'भिस्, भ्यस् और' सुप्'प्रत्ययों के अतिरिक्त अन्य प्रत्ययों की प्राप्ति हुई हो तो इन शब्दों के अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घता की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे —गिरिम् अथवा तरुम् पश्य=गिरिं अथवा तरुं पेच्छ। इन उदाहरणों में द्वितीया-विभक्ति के एक वचन का 'म्' प्रत्यय प्राप्त हुआ, और 'भिस्, भ्यस् अथवा सुप् प्रत्ययों का अभाव है, तदनुसार इनमें ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ स्वर की प्राप्ति भी नहीं हुई है। यों अन्यत्र भी विचार कर लेना चाहिये।

*गिरिभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप *गिरीहिं* होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६ से मूल गिरि शब्द में स्थित द्वितीय ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ 'ई' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गिरीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धिभिः* —संस्कृत तृतीयान्त बहु वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धिहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६ से और ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *बुद्धीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिभिः* —संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और शेष-साधनिका सूत्र-संख्या ३-१६ एवं ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही होकर *दहीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुभिः* —संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरूहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६ से और ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *तरूहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुभिः* —संस्कृत तृतीयान्त बहु वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और शेष साधनिका सूत्र संख्या ३-१६ एवं ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही होकर *धेणूहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुभिः* —संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महूहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और शेष साधनिका ३-१६ एवं ३-७ से 'गिरीहिं' के समान ही होकर *महूहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कय* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२६ में की गई है।

*गिरिभ्यः* —संस्कृत पंचम्यन्त बहुवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप गिरीओ, गिरीहिन्तो और गिरीसुन्तो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१६ से मूल 'गिरि' शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और ३-९ से पंचमी विभक्ति बोधक प्रत्यय 'ओ, हिन्तो और सुन्तो' की क्रमिक-प्राप्ति होकर क्रम से *गिरीओ*, *गिरीहिन्तो* एवं *गिरीसुन्तो* रूपों की सिद्धि हो जाती है।

*बुद्धिभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १६ और ३-९ से 'गिरीओ' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *बुद्धीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-१६ तथा ३-९ से 'गिरीओ' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर *दहीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरूओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १६ और ३ ९ से 'गिरीओ' के समान ही साधुनिका की प्राप्ति होकर *तरूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २२८ से न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-१६ तथा ३ ९ से गिरीओ' के समान ही शेष साधनिका की प्राप्ति होकर *धेणूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महूओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-१६ तथा ३ ९ से 'गिरीओ' के समान ही शेष साधनिका की प्राप्ति होकर *महूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आगओ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२६८* में की गई है।

*गिरिषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरीसु होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १६ से द्वितीय ह्रस्व स्वर इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति, और १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति होकर *गिरीसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धिषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीसु होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १६ से 'इ' के स्थान पर 'ई' की प्राप्ति और १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *बुद्धीसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीसु होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से ध् के स्थान पर 'ह् की प्राप्ति, ३ १६ से इ' के स्थान पर 'ई' की प्राप्ति और १ २६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *दहीसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरूसु होता है। इसमे सूत्र-संख्या ३ १६ से प्रथम 'उ के स्थान पर दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *तरूसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुषु* —संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूसु होता है। इसमें सूत्र-

सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, ३ १६ से प्रथम 'उ' के स्थान पर दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और १-२६० से 'प के स्थान पर 'स' की प्राप्ति होकर *धेणूसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुपु* —संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महूसु होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-१६ से प्रथम 'उ' के स्थान पर दीर्घ ऊ' की प्राप्ति और १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *महूसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*स्थितम्* —संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप ठिअ होता है। इसमे सूत्र सख्या ४ १६ से 'स्था' के स्थान पर 'ठा' आदेश, ३-१५६ से प्राप्त रूप 'ठा' मे स्थित अन्त्य 'आ' के स्थान पर इ' की प्राप्ति, १-१७७ से कृदन्तीय विशेषणात्मक प्रत्यय 'त्' का लोप, ३ २५ से प्रथमा विभक्ति क एक वचन में अकारान्त नपु सकलिंग में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *ठिअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*द्विज-भूमिषु*—संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत-रूप दिअ भूमिसु होता है। इसमें सूत्र सख्या २ ७६ से 'व्' का लोप, १-१७७ से 'ज्' का लोप और १ २६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *दिअ भूमिसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दान-जलार्द्रीकृतानि* —संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दाण-जलोल्लिआइं होता है। इसमें सूत्र सख्या १ २२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १ ८२ से 'आर्द्री' में स्थित 'आ' के स्थान पर 'ओ की प्राप्ति, १ १० से 'जल' मे 'ल' में स्थित अन्त्य 'अ' का लोप, २ ७९ से रेफ रूप 'र्' का लोप, २-७७ से द्वितीय 'द्' का लोप, १-२५४ से शेष 'र् के स्थान पर 'ल' आदेश, २-८९ से आदेश प्राप्त 'ल्' को द्वित्व 'ल्ल्' की प्राप्ति, १ ८४ से दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, *१-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १ १७७ से 'क' और 'त' का लोप, १-१० से लुप्त 'क्' में* से शेष रहे हुए 'अ' का आगे 'आ' आ जाने से लोप अथवा १-५ से 'अ' के साथ में 'आ' की संधि होकर दोनों के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, और ३ २६ से प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के संस्कृतीय प्रत्यय 'नि' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दाण-जलोल्लिआइं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वच्छेहिं* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-७ में की गई है।

*वच्छेसुन्तो* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-९ में की गई है।

*वच्छेसु* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३ १५ में की गई है।

*गिरिं* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-२३ में की गई है।

तरुम् संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप तरु होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर तरु रूप सिद्ध हो जाता है।

पेच्छ रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५ में की गई है ॥३-१६॥

## चतुरो वा ॥३--१७॥

चतुर उदन्तस्य भिस् भ्यस्-सुप्सु परेषु दीर्घो वा भवति ॥ चऊहि । चउहि । चऊओ चउओ । चऊसु चउसु ॥

*अर्थ*—'चतुर' संस्कृत शब्द के प्राकृत रूपान्तर 'चउ' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'भिस्' के आदेश-प्राप्त प्रत्यय 'हि हिँ और हिं' की प्राप्ति होने पर, पंचमी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'भ्यस्' के आदेश प्राप्त प्रत्यय हि' हिन्तो सुन्तो' आदि की प्राप्ति होने पर और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'सुप' के आदेश प्राप्त प्रत्यय 'सु' की प्राप्ति होने पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति होती है। जैसे—चतुर्भिः=चऊहि अथवा चउहि, चतुर्भ्यः=चऊओ अथवा चउओ और चतुर्षु=चऊसु अथवा चउसु ॥

*चतुर्भिः* संस्कृत तृतीयान्त संख्या वाचक बहुवचन-विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप चऊहि और चउहि होते है। इनमें सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'चतुर' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'र्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-१७ से शेष 'उ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति, और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *चऊहि* और *चउहि* सिद्ध हो जाते हैं।

*चतुर्भ्यः* संस्कृत पञ्चम्यन्त संख्या वाचक बहुवचन-विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप चऊओ और चउओ होते हैं। इनमें 'चऊ' और 'चउ' तक की साधनिका इसी सूत्र में कृत उपरोक्त रीति-अनुसार, और ३-९ से पंचमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर आदेश प्राप्त 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *चऊओ* और *चउओ* सिद्ध हो जाते हैं।

*चतुर्षु* संस्कृत सप्तम्यन्त संख्या वाचक बहुवचन विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप चऊसु और चउसु होते हैं। इनमें 'चऊ' और 'चउ' तक की साधनिका इसी सूत्र में उपरोक्त रीति अनुसार और १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *चऊसु* और *चउसु* सिद्ध हो जाते हैं ॥३-१७॥

## लुप्ते शसि ॥३--१८॥

इदुतोः शसि लुप्ते दीर्घो भवति ॥ गिरी । बुद्धी । तरू । धेणू पेच्छ ॥ लुप्त इति किम् ।

धेनूः—संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'शस्' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राप्त प्रत्यय का लोप और ३-१८ से प्राप्त प्रत्यय 'शस्' का लोप होने से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर धेणू रूप सिद्ध हो जाता है।

'पेच्छ' —रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

'वच्छे' —रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४ में की गई है। ३-१८॥

## अक्लीबे सौ ॥३-१९॥

इदुतो क्लीबे नपुंसकादन्यत्र सौ दीर्घो भवति ॥ गिरी। बुद्धी। तरू। धेणू॥ अक्लीब इति किम्। दहिं। महुं॥ साविति किम्। गिरिं। बुद्धिं। तरुं। धेणुं॥ केचित्तु दीर्घत्व विकल्प्य तदभावपक्षे सेर्मादेशमपीच्छन्ति। अग्गिं। निहिं। वाउं। विहुं॥

अर्थ —प्राकृतीय इकारान्त और उकारान्त शब्दों में से नपुंसक लिंग वाले शब्दों को छोड़कर शेष रहने वाले पुल्लिंग और स्त्रीलिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्त होने वाले 'सि' प्रत्यय के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को अथवा 'उ' को दीर्घ 'ई' की अथवा दीर्घ 'ऊ' की यथा क्रम से प्राप्ति होती है। सारांश यह है कि इकारान्त उकारान्त पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त्य ह्रस्व स्वर को प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय का लोप होकर दीर्घ स्वर की प्राप्ति होती है। जैसे —गिरिः=गिरी, बुद्धिः=बुद्धी, तरुः=तरू और धेनुः=धेणू इत्यादि।

प्रश्न —इकारान्त अथवा उकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों का निषेध क्यों किया गया है?

उत्तर —इकारान्त अथवा उकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में सूत्र-संख्या ३-२५ के विधान से प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थान पर हलन्त 'म्' की प्राप्ति होती है, अतः ऐसे नपुंसकलिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग में प्राप्त होने वाली दीर्घता का अभाव प्रदर्शित करना पड़ा है। जैसे —दधिम्=दहिं और मधुम्=महुं इत्यादि।

प्रश्न —मूल सूत्र में 'सौ' अर्थात् 'सि' प्रत्यय के प्राप्त होने पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को अथवा 'उ' को दीर्घता की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों लिखा गया है?

उत्तर —इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग शब्दों में अन्त्य ह्रस्व स्वर की दीर्घता 'सि' प्रत्यय के प्राप्त होने पर होती है, न कि द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर। जैसे —गिरिम्=गिरिं अर्थात् पहाड़ को, बुद्धिम्=बुद्धिं अर्थात् बुद्धि को, तरुम्=तरुं अर्थात् वृक्ष को और धेनुम्=धेणुं अर्थात् गाय को, इत्यादि। इन उदाहरणों में द्वितीया विभक्ति-बोधक 'म्'

प्रत्यय की प्राप्ति होने पर अन्त्य ह्रस्व स्वर ज्यों का त्यों ही बना रहा है, जबकि प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अन्त्य ह्रस्व स्वर दीर्घ हो जाता है, ऐसा अन्तर प्रदर्शित करने के लिये ही मूल सूत्र में 'सौ' अर्थात 'सि' प्रत्यय के परे रहने पर इस प्रकार का उल्लेख करना पड़ा है।

कोई कोई प्राकृत भाषा के विद्वान् ऐसा भी मानते हैं कि इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर वैकल्पिक रूप से हलन्त 'म्' आदेश की प्राप्ति भी होती है। ऐसी स्थिति में अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घता की प्राप्ति भी नहीं होगी। इस प्रकार 'सि' प्रत्यय के अभाव में दीर्घता की प्राप्ति भी नहीं होगी। इस प्रकार 'सि' प्रत्यय के अभाव में दीर्घता का भी अभाव करके प्रथमा-विभक्ति बोधक 'म्' प्रत्यय की आदेश रूप कल्पना वैकल्पिक रूप से करते हैं। जैसे - अग्नि =अग्गिं, निधि =निहिं, वायु =वाउं और विधु अथवा विभु =विहुं। इत्यादि। इन उदाहरणों में प्रथमा विभक्ति बोधक 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' रूप प्रत्ययकी कल्पना की गई है। किन्तु यह ध्यान में रहे कि ऐसे रूपों का प्रचलन अत्यल्प है-गौण है। 'बहुलाधिकार' से ही ऐसे रूपों को कहीं कहीं पर स्थान दिया जाता है। सर्व-सामान्य रूप से इनका प्रचलन नहीं है।

*गिरि* -संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरी होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *गिरी* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धि* —संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धी होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ १९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' के स्थान पर अन्त्य 'इ' को 'ई' की प्राप्ति होकर *बुद्धी* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरु* संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरू होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' के स्थान पर अन्त्य 'उ' को 'ऊ' की प्राप्ति होकर *तरू* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनु* संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणू होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' के स्थान पर अन्त्य 'उ' को 'ऊ' की प्राप्ति होकर *धेणू* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधिम्* संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप दहिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ १८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, ३ २५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त प्रत्यय 'म्' अनुस्वार होकर *दहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुम्* संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महुं होता है। इसकी साधनिका 'दहिं' के समान ही होकर *महुं* रूप सिद्ध हो जाता है

*'गिरि'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

*बुद्धिम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का अनुस्वार होकर *बुद्धिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप तरुं होता है। इसकी साधनिका उपरोक्त 'बुद्धिं' के समान ही होकर *तरुं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनुम्* —संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणुं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति और शेष साधनिका का उपरोक्त 'बुद्धिं' के समान ही होकर *धेणुं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अग्नि* –संस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप अग्गिं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'न' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'न' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ग' को द्वित्व 'ग्ग्' की प्राप्ति और ३-१९ की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' आदेश की प्राप्ति होकर *अग्गिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*निधि* —संस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप निहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-१९ की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' आदेश की प्राप्ति होकर *निहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वायु*,—संस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप वाउं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-७८ से 'य्' का लोप और ३-१९ की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' आदेश की प्राप्ति होकर *वाउं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*विभु* —संस्कृत रूप है। इसका आर्ष प्राकृत रूप विहुं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-१९ की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' आदेश की प्राप्ति होकर *विहुं* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-१९ ॥

## पुंसि जसो डउ डओ वा ॥३-२०॥

इदुत इतीह पञ्चम्यन्तं सम्बध्यते। इदुतः परस्य जसः पुंसि अउ अओ इत्यादेशौ डितौ वा भवतः ॥ अग्गउ अग्गओ। वायउ वायओ चिट्ठन्ति ॥ पक्षे। अग्गिणो। वाउणो ॥ शेषे अदन्तवत् भावात् अग्गी। वाऊ ॥ पुंसीति किम्। बुद्धीओ। धेणूओ। दहीइं। महूइं ॥ जस इति किम्। अग्गी। अग्गिणो। वाऊ। वाउणो पेच्छइ ॥ इदुत इत्येव। वच्छा ॥

अर्थ —इस मूल-सूत्र में 'इकारान्त उकारान्त से 'ऐसा उल्लेख नहीं किया गया है, अत अर्थ-स्पष्टीकरण के उद्देश्य से 'इदुत '=इकारान्त उकारान्त शब्दों से ऐसा पचमी बोधक सबध वाचक अध्याहार कर लेना चाहिये। तदनुसार इकारान्त उकारान्त पुल्लिग प्राकृत शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहु वचन के प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'डउ' और 'डओ' प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति हुआ करती है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'डउ' और 'डओ' में स्थित 'ड्' इत्सज्ञक होने से शब्दान्त्य 'इ' और 'उ' की इत्सज्ञा होकर इन 'इ' और 'उ' का लोप हो जाता है तथा आदेश-प्राप्त प्रत्ययों का रूप भी अउ' और 'अओ' रह जाता है। जैसे –अग्नय = अग्गउ और अग्गओ। वायव तिष्ठन्ति=वायउ वायओ चिट्ठन्ति। वैकल्पिक पक्ष होन से सूत्र सख्या ३ २२ के अनुसार (अग्नय=) अग्गिणो और (वायव=) वाउणो रूप भी होते हे। 'अउ' और 'अओ' तथा 'णो' आदेश-प्राप्ति के अभाव में प्रथमा विभक्ति क बहुवचन में अकारान्त पुल्लिग शब्द-रूप के समान ही सूत्र सख्या ३-४ से 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति और लोप अवस्था प्राप्त होकर तथा सूत्र सख्या ३ १२ से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' अथवा 'उ' को दीर्घता की प्राप्ति होकर अग्गी' और 'वाऊ' रूप भी होते हैं। इस प्रकार इकारान्त और उकारान्त पुल्लिग शब्दों के प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में चार चार रूप हो जाते हैं, जोकि इस प्रकार हैं —अग्नय = अग्गउ, अग्गओ, अग्गिणो और अग्गी। वायव =वायउ, वायओ, वाउणो और वाऊ॥

प्रश्न—इकारान्त उकारान्त पुल्लिग शब्दों में ही 'अऊ' और 'अओ' आदेश-प्राप्ति होती है, ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर —स्त्री लिंग वाचक और नपु सक लिंग वाचक इकारान्त उकारान्त शब्दों में 'जस' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर 'अउ' और 'अओ' आदेश प्राप्ति का अभाव है, अत पुल्लिग शब्दों में ही इन 'अउ' और 'अओ' का सद्भाव होने से 'पु सि' ऐसे शब्द का मूल सूत्र में उल्लेख करना पड़ा है। जैसे -बुद्धय = बुद्धीओ, धेनव =धेणूओ, दधीनि=दहीइ और मधूनि=महूइ इत्यादि। इन उदाहरणों में पुल्लिगत्व का अभाव होने से और स्त्री लिंगत्व का तथा नपु सक लिंगत्व का सद्भाव होने से 'अउ' और 'अओ' आदेश प्राप्त प्रत्ययो का अभाव प्रदर्शित किया गया है यों सूत्र में लिखित 'पु सि' शब्द का तात्पर्य विशेष जान लेना चाहिये।

प्रश्न —प्रथमा विभक्ति बोधक 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ही 'अउ' और 'अओ' आदेश-प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर —प्रथमा विभक्ति बोधक प्रत्यय 'जस्' के अतिरिक्त द्वितीया विभक्ति बोधक 'शस्' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर अथवा अन्य विभक्ति बोधक प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर भी उन प्रत्ययों के स्थान पर 'अउ' और 'अओ आदेश-प्राप्ति नहीं होती है। अत 'अउ' और 'अओ' आदेश-प्राप्ति केवल 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर ही होती है, ऐसा तात्पर्य प्रदर्शित करने के लिये ही मूल-सूत्र में 'जसो' ऐसा उल्लेख

करना पडा है। जैसे -अग्नीन् (अथवा) वायून् पश्यति=अग्गि (अथवा) अग्गिणो (और) वाऊ (अथवा) वाउणो पेच्छइ अर्थात् वह अग्नियों को (अथवा) वायुओं को देखता है। इन उदाहरणों में द्वितीया विभक्ति बोधक प्रत्यय शस्' के स्थान पर 'अउ' और 'अओ' आदेश-प्राप्ति का अभाव प्रदर्शित करते हुए यह प्रतिबोध कराया गया है कि 'अउ' और 'अओ'आदेश प्राप्ति केवल 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर ही होती है, न कि 'शस' आदि अन्य प्रत्ययों के स्थान पर।

*प्रश्न* इस सूत्र की वृत्ति में आदि में 'इकारान्त' और 'उकारान्त जैसे शब्दों के उल्लेख करने का क्या तात्पर्य-विशेष है ?

उत्तर —'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति 'इकारान्त' और 'उकारान्त' शब्दों के अतिरिक्त 'अकारान्त' आदि अन्य शब्दों में भी होती है, अत सूत्र-सख्या ३ २० से 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर होने वाली 'अउ' और 'अओ' आदेश-प्राप्ति केवल इकारान्त और उकारान्त शब्दों में ही होती है। अकारान्त आदि शब्दों में नहीं हुआ करती है। ऐसी विशेषता प्रकट करने के लिये ही वृत्ति के प्रारम्भ में 'इकारान्त' और 'उकारान्त पद की सयोजना करनी पड़ी है। जैसे -वृक्षाः=वच्छा। इस उदाहरण से प्रमाण होता है कि जैसे-अग्गउ और अग्गओ तथा वायउ और वायओ रूप बनते हैं, वैसे 'वच्छउ' और 'वच्छआ' रूप प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में नहीं बन सकते हैं। इस प्रकार इस सूत्र में और वृत्ति में लिखित 'पु सि, 'जसो' और 'इदुत ' पदों की विशेषता जाननी चाहिये।

*अग्नय* सस्कृत प्रथमा रूप है। इसके प्राकृत रूप अग्गउ, अग्गओ और अग्गिणो होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र-सख्या २-७८ से 'न्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'न' के पश्चात शेष रहे हुए 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति, ३-२० से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत म वैकल्पिक रूप स 'डउ' और 'डओ' आदेश-प्राप्ति, आदेश-प्राप्त प्रत्यय 'डउ' और 'डओ' में हलन्त 'ड' इत्सज्ञक, तदनुसार प्राप्त रूप 'अग्गि' म स अन्त्य स्वर 'इ' की इत्सज्ञा होकर लोप एव अत में ३-२० से प्राप्त प्रत्यय 'अउ' और 'अओ' की 'अग्ग' में सयोजना होकर क्रम से एव वैकल्पिक रूप से दोनों रूप *अग्गउ* और *अग्गओ* सिद्ध हो जाते हैं।

*अग्गिणो* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२७ में की गई है।

*वायव* —सस्कृत प्रथमान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप वायउ वायओ और वाउणो होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र संख्या ३ २० से सस्कृतीय प्रथमा विभक्ति बोधक प्रत्यय 'जस्' क स्थानीय रूप 'अस' के स्थान पर प्राकृत में 'डउ' और 'डओ' प्रत्ययों की वैकल्पिक रूप मे आदेश प्राप्ति, आदेश प्राप्त प्रत्यय 'डउ' और 'डओ' में स्थित 'ड' इत्सज्ञक होने से मूल शब्द 'वायु'में स्थित अन्त्य स्वर'उ' की इत्सज्ञा होकर लोप एव तत्पश्चात शेष रहे हुए 'वाय्' रूप में क्रम से 'अउ' और 'अओ' प्रत्ययों की

सयोजना होकर प्रथम के दो रूप क्रम से एव वैकल्पिक रूप से *'वायउ'* और *'वायओ'* सिद्ध हो जाते हे।
तृतीय रूप ( वायव = ) वाउणो में सूत्र सख्या २ ७८ से 'य्' का लोप और ३ २२ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय जस् के स्थानीय रूप 'अस' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति होकर तृतीय रूप *'वाउणो'* सिद्ध हो जाता है।

*अग्नय.*—सस्कृत प्रथमान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप अग्गी होता है। इसमें सूत्र सख्या २ ७८ से 'न्' का लोप, २ ८९ से शेष 'ग' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लाप और ३-१२ से प्राप्त एव लुप्त प्रत्यय 'जस' के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर प्रथमान्त रूप *अग्गी* सिद्ध हो जाता है।

*वायव* —सस्कृत प्रथमान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप वाऊ होता है। इसमें सूत्र सख्या २ ७८ से 'य' का लोप, ३ ४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एव लुप्त प्रत्यय 'जस' के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथमान्त रूप वाऊ सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धय* — सस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीओ होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३ २७ से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घता की प्राप्ति के साथ 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बुद्धीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेनव* —सस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूओ होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-२२८ से 'न' को ण् की प्राप्ति और ३ २७ से सस्कृतीय प्रथमा विभक्ति बोधक प्रत्यय 'जस' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ 'ऊ की प्राप्ति के साथ 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धेणूओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधीनि* सस्कृत प्रथमान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीइ होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३ २६ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में नपु सक लिंग में सस्कृत प्रत्यय 'जस्' के स्थानीय रूप अन्त्य स्वर की दीर्घता पूर्वक 'नि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य स्वर की दीर्घता के साथ 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दहीइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधूनि* सस्कृत प्रथमान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप महूइ होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२६ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में नपु सक लिंग में सस्कृत प्रत्यय 'जस् के स्थानीय रूप 'अन्त्य स्वर की दीर्घता पूर्वक 'नि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य स्वर की दीर्घता के साथ 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *महूइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अग्नीन्* संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप अग्गी और अग्गिणो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७८ से 'न' का लोप, २-८९ से शेष 'ग्' को द्वित्व 'ग्ग्' की प्राप्ति, ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' की प्राप्ति होकर लोप, और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'शस्' के कारणों से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *अग्गी* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(अग्नीन्=) अग्गिणो में 'अग्गि' तक की साधनिका उपरोक्त रूप के समान, और ३-२२ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होकर द्वितीय रूप *अग्गिणो* भी सिद्ध हो जाता है।

*वायून्* संस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप वाऊ और वाउणो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या-२-७८ से 'य्' का लोप, ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' के स्थानीय रूप 'अन्त्य स्वर का दीर्घता पूर्वक' न' की प्राप्ति होकर लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'शस' के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *वाऊ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (वायून्=) वाउणो में २-७८ से 'य्' का लोप और ३-२२ से शेष रूप 'वाउ' में द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होकर द्वितीय रूप *वाउणो* भी सिद्ध हो जाता है।

*वच्छा* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-४ में की गई है ॥३-२०॥

## वो तो डवो ॥३-२१॥

उदन्तात्परस्य जसः पुंसि डित् अवो इत्यादेशो वा भवति ॥ साहवो । पक्षे । साहओ साहउ । साहू । साहुणो ॥ उत इति किम् । वच्छा ॥ पुंसीत्येव । धेणू । महूइ ॥ जस इत्येव साहूणो पेच्छ ॥

*अर्थ* —प्राकृतीय उकारान्त पुल्लिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'डवो' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति हुआ करती है। आदेश-प्राप्त प्रत्यय 'डवो' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से शेष प्राप्त प्रत्यय 'अवो' के पूर्व में उकारान्त शब्दों में अन्त्य स्वर 'उ' की इत्संज्ञा होकर इस 'उ' का लोप हो जाता है एवं तत्पश्चात् 'अवो' प्रत्यय की संयोजना होती है। जैसे — साधवः=साहवो। वैकल्पिक पक्ष होने से सूत्र-संख्या ३-२० से (साधवः=) साहओ और साहउ रूप भी होते हैं। सूत्र संख्या ३-४ से (साधवः=) साहू रूप भी होता है, इसी प्रकार से सूत्र संख्या ३-२२ से (साधवः=) साहुणो रूप भी होता है। यों प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'साहु' के पाँच रूप हो जाते हैं जो कि इस प्रकार हैं —(साधवः=) साहवो, साहओ, साहउ, साहू और साहुणो ॥

प्रश्न —'उकारान्त' शब्दों में ही प्रथमा बहुवचन में 'अवो' आदेश की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —क्योंकि 'अकारान्त' अथवा 'इकारान्त' में प्रथमा बहुवचन में 'अवो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय की उपलब्धि नहीं है एवं केवल 'उकारान्त में ही 'अवो' प्रत्यय की उपलब्धि है, अतएव ऐसा विधान बनाना पड़ा है कि केवल प्राकृतीय उकारान्त शब्दों में ही प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'अवो' आदेश प्राप्त प्रत्यय विशेष होता है। जैसे -वृक्षान् = वच्छा। यों वच्छवो' रूप का अभाव सिद्ध होता है।

प्रश्न —'उकारान्त पुल्लिग' में ही 'अवो' प्रत्यय अधिक होता है, ऐसा भी क्यों कहा गया है ?

उत्तर —उकारान्त स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग वाले भी शब्द होते हैं, ऐसे शब्द उकारान्त होते हुए भी इनमें 'पुल्लिगत्व का अभाव होने से 'अवो' प्रत्यय का इनके लिये भी अभाव होता है, ऐसा विशेष तात्पर्य बतलाने के लिये ही 'पुल्लिगत्व' का विशेष विधान किया गया है। जैसे —धेनवः=धेणू और मधूनि=महूइं। ये उदाहरण उकारान्तात्मक होते हुए भी पुल्लिगात्मक नहीं होकर क्रम से स्त्रीलिगात्मक और नपुंसक लिगात्मक होने से इनमें 'अवो' प्रत्यय का अभाव जानना चाहिये।

प्रश्न —प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर ही 'अवो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय वैकल्पिक रूप से होता है, ऐसा भी क्यों कहा गया है ?

क्यों कि 'अवो' आदेश प्राप्त प्रत्यय केवल प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'जस्' प्रत्यय के ा है, अन्य विभक्तियों के प्रत्ययों के स्थान पर 'अवो' आदेश-प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा प्रदर्शित करने के लिये ही 'जस्' का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे —साधून् पश्य=साहू (अथवा) साहुणो पेच्छ। इस उदाहरण में द्वितीया-विभक्ति के बहुवचन में शस्' प्रत्यय के स्थान पर 'अवो' आदेश प्राप्त प्रत्यय का अभाव प्रदर्शित हो रहा है, क्योंकि ऐसा विधान नहीं है। अतः यह प्रमाणित किया गया है कि 'अवो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय का विधान केवल प्रथमा बहुवचन में ही होता है, वह भी पुल्लिग में ही और केवल उकारान्त में ही हो सकता है।

*साधवः* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप साहवो, साहओ, साहउ, साहू और साहुणो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्रथम रूप में सूत्र-संख्या-३-२१ से संस्कृतीय प्रथमान्त बहुवचन के प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'डवो' आदेश-प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डवो' में 'ड' इत्संज्ञक होने से 'साहु' में स्थित अन्त्य स्वर 'उ' की इत्संज्ञा होकर 'उ' का लोप एवं प्राप्त रूप 'साह्' में 'अवो' प्रत्यय की संयोजना होकर प्रथम रूप [illegible] वो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय और तृतीय रूप 'साहओ' एवं 'साहउ' में सूत्र-संख्या ३-२० से संस्कृतीय प्रथमान्त बहुवचन के प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'डओ' और 'डउ' आदेश प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय

'डओ' और 'डउ' मे 'ड' इत्संज्ञक होने से 'साहु' में स्थित अन्त्य स्वर 'उ' की इत्संज्ञा होकर 'उ' का लोप एव प्राप्त रूप 'साह्' म 'अओ' तथा 'अउ' प्रत्यय की सयोजना होकर द्वितीय और तृतीय रूप *साहओ* तथा *साहउ* भी क्रम से एव वैकल्पिक रूप मे सिद्ध हो जाते हैं।

चतुर्थ रूप 'साहू' में सूत्र-सख्या ३-४ मे सस्कृतीय प्रथमान्त बहुवचन के प्रत्यय 'जस' का प्राप्ति होकर लोप तथा ३ १२ से प्राप्त एव लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' का दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर चतुर्थ प्रथमान्त बहुवचन रूप *साहू* भी सिद्ध हो जाता है।

पचम रूप 'साहुणो' में सूत्र-सख्या ३ २२ से सस्कृतीय प्रथमान्त बहुवचन के प्रत्यय 'जस' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'णो' आदेश-प्राप्ति होकर पचम रूप *साहुणो* भी सिद्ध हो जाता है।

*"वच्छा"* (प्रथमान्त बहु वचन) रूप की सिद्ध सूत्र-सख्या *३-४* में की गई है।

*धेनव* सस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणू होता है। इसमें सूत्र सख्या १-२२८ से मूल रूप 'धेनु' मे स्थित 'न्' का 'ण', ३-४ से प्रथमा विभक्त के बहु वचन में प्राप्त संस्कृतीय प्रत्यय 'जस' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एव लुप्त 'जस' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथमान्त बहुवचन रूप धेणू सिद्ध हो जाता है।

'महूइ' रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या *३-२०* में की गई है।

*साधून्* सस्कृत द्वितीयान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप साहू और साहुणो होते हैं। इनमें सूत्र-सख्या १ १८७ से मूल रूप 'साधु' में स्थित 'ध्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, तपश्चात् प्रथम रूप में सूत्र-सख्या ३ ४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन मे प्राप्त सस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' का लोप और ३ १२ से प्राप्त एव लुप्त 'शस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीयान्त बहुवचन रूप साहू सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'साहुणो' में सूत्र-संख्या ३ २२ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त सस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर प्राकृत में पुल्लिंग वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *साहुणो* सिद्ध हो जाता है।

पेच्छ ( क्रिया पद के ) रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या *१-२३* में की गई है ॥ ३-२१ ॥

## जस्-शसोर्णो वा ॥ ३–२२ ॥

इदुतः परयो र्जस्-शसोः पुंसि णो इत्यादेशो भवति ॥ गिरिणो तरुणो रेहन्ति पेच्छ वा। पक्षे। गिरी। तरू ॥ पुंसीत्येव। दहीइं। महूइं ॥ जस्-शसो रिति किम्। गिरिं। तरुं ॥

इदुत इत्येव । वच्छा । वच्छे ॥ जस्-शसोरिति द्वित्वमिदुत इत्यनेन यथासंख्या भावार्थम् । एवमुत्तरसूत्रे पि ॥

*अर्थ* —प्राकृतीय इकारान्त उकारान्त पुल्लिग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'शस' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'णो' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे —गिरय अथवा तरव राजन्ते= गिरिणो अथवा तरुणो रेहन्ति अर्थात् पर्वत श्रेणियाँ अथवा वृक्ष समूह सुशोभित होते हैं। इस उदाहरण में संस्कृतीय प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय जस्' के स्थान पर प्राकृत म 'णो' आदेश की प्राप्ति हुई है। द्वितीया विभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है —गिरीन् अथवा तरून पश्य=गिरिणो अथवा तरुणो पेच्छ अर्थात् पर्वत-श्रेणियों को अथवा वृक्षों का देखो। इस उदाहरण म संस्कृतीय द्वितीया विभक्ति के बहु- वचन के प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश की प्राप्ति हुई है। वैकल्पिक पक्ष होने से गिरय और गिरीन का प्राकृत रूपान्तर 'गिरी' भी होता है। इसी प्रकार से तरव और तरून् का प्राकृत रूपान्तर 'तरू' भी होता है।

*प्रश्न* —इकारान्त उकारान्त पुल्लिग शब्दों मे ही 'जस्' और 'शस्' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —इकारान्त उकारान्त शब्द नपुंसक लिंग वाले और स्त्रीलिंग वाले भी होते हैं, ऐसे शब्दों में 'जस्' और 'शस्' के स्थान पर णो' आदेश-प्राप्ति नहीं हुआ करती है। जैसे —दधीनि=दहीइ और मधूनि=महूइ। इन नपुंसक लिंग वाले उदाहरणों में प्रथमा और द्वितीया मे जस्' तथा 'शस्' के स्थान पर 'णो' आदेश-प्राप्ति नहीं होकर 'इ' आदेश-प्राप्ति हुई है। स्त्रीलिंग के उदाहरण -बुद्धय और बुद्धी =बुद्धी तथा धनव और धनू=वेणू। इन इकारान्त और उकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्दों में प्रथमा और द्वितीया में जस्' तथा शस्' के स्थान पर णो' आदेश-प्राप्ति नहीं होकर अन्त्य स्वर को हो आदेश रूप से दीर्घता की प्राप्ति हुई है। यों समझ लेना चाहिये कि केवल पुल्लिग इकारान्त उकारान्त शब्दों में ही 'जस्' तथा 'शस' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है।

*प्रश्न* — जस' और 'शस' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —इकारान्त उकारान्त पुल्लिग शब्दों के सभी विभक्तीय बहुवचनीय रूपों में से केवल प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचनीय रूपों मे ही 'णो' आदेश प्राप्त प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है, अन्य किसी भी विभक्ति के बहुवचन में 'णो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा विशेषता पूर्वक तात्पर्य प्रदर्शित करने के लिये ही 'जस' और 'शस' का नाम-निर्देश करना पड़ा है। जैसे -गिरिम् अथवा तरुम्=गिरिं अथवा तरु याने पहाड को अथवा वृक्ष को, इन उदाहरणों में द्वितीया विभक्ति के एक वचन का प्रत्यय 'म्' प्राप्त हुआ है, न कि 'णो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय, अतएव सूत्र में

उल्लिखित जस' और 'शस्' के उल्लेख का तात्पर्य समझ लेना चाहिये।

प्रश्न —सूत्र की वृत्ति के प्रारम्भ में 'इकारान्त' और 'उकारान्त' कहने का क्या तात्पर्य है।

उत्तर —प्राकृत में अकारान्त आदि शब्द भी होते हैं, परन्तु (इकारान्त और उकारान्त शब्दों) के अतिरिक्त) ऐसे शब्दों में 'जस्' और 'शस्' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्त प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा विशेष तात्पर्य प्रदर्शित करने के लिये ही वृत्ति के प्रारम्भ में 'इकारान्त' और 'उकारान्त' जैसे शब्द-विशेषों को लिखना पड़ा है। जैसे —वृक्षा =वच्छा और वृक्षान्=वच्छे। यह उदाहरण अकारान्तात्मक है, तथा इसमें क्रम से 'जस्' और 'शस' की प्राप्ति हुई है, परन्तु प्राप्त प्रत्यय 'जस्' और 'शस् के स्थान पर 'णो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय का अभाव है, तदनुसार यह ध्यान में रखना चाहिये कि प्राकृत में अकारान्त आदि शब्दों के अतिरिक्त केवल इकारान्त और उकारान्त पुल्लिंग शब्दों में ही 'जस' तथा 'शस' के स्थान पर 'णो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है, अन्य किसी भी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय के स्थान पर 'णो' आदेश-प्राप्त प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है।

मूल-सूत्र में 'जस शसो ' ऐसा जो द्वित्व रूपात्मक उल्लेख है, इसको यथा क्रम से 'इकारान्त' और 'उकारान्त' शब्दों में संयोजित किया जाना चाहिये, दोनों का दोनों में क्रम स्थापित कर देना चाहिये। ऐसा यथा-सख्यात्मक भाव प्रदर्शित करने के लिये ही 'द्वित्व' रूप से 'जस शसो ' का उल्लेख किया गया है। यही परिपाटी आगे आने वाले सूत्र-संख्या ३-२३ के सम्बन्ध में भी जानना चाहिये, जैसा कि ग्रंथकार ने वृत्ति में 'उत्तर-सूत्रेपि' पद का निर्माण करके अपने मन्तव्य को प्रदर्शित किया है।

*गिरय* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप गिरिणो और गिरी होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-२२ से से प्रथमा-विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में णो' आदेश-प्राप्ति होकर *गिरिणो* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *गिरि* भी सिद्ध हो जाता है।

*तरव* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप तरुणो और तरू होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-२२ से संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश-प्राप्ति होकर प्रथम रूप *तरुणो* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या ३-४ से संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय 'जस' के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप तरू भी सिद्ध हो जाता है।

*राजन्ते* संस्कृत अकर्मक क्रिया पद का बहुवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप रेहन्ति होता

है। इसमें सूत्र-सख्या-४-१०० से सस्कृतीय 'राज' धातु के स्थान पर 'रेह्' आदेश, ४-२३९ से प्राकृत हलन्त धातुओं क विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, और ३-१४२ से वर्तमान काल के बहुवचन में प्रथम पुरुप में न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर रेहन्ति रूप सिद्ध हो जाता है।

*गिरिणो* (द्वितीयान्त बहुवचनान्त) रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-१८ में की गई है।

*तरुणो* (द्वितीयान्त बहुवचनान्त) रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-१८ में की गई है।

पेच्छ (क्रिया पद) रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-२३ में की गई है।

*गिरी* (द्वितीयान्त बहुवचनान्त) रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-१८ में की गई है।

*तरू* (द्वितीयान्त बहुवचनान्त) रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-१८ में की गई है।

*दहीइ* (प्रथमान्त बहुवचनान्त) रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-२० मे की गई है।

*महूइ* (प्रथमान्त बहुवचनान्त) रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-२० मे की गई है।

*गिरिं* रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-२३ में की गई हैं।

*तरु* रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१६ में की गई है।

*वच्छा* रूप की सिद्धि सूत्र--सख्या ३-४ में की गई है।

*वच्छे* रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-४ में की गई है ॥३-२२॥

## ङसि-ङसोः पुं-क्लीवे वा ॥ ३--२३ ॥

पुंसि क्लीवे च वर्तमानादिदुतः परयो ङसि ङसोर्णो वा भवति ॥ गिरिणो। तरुणो। दहिणो। महुणो आगओ विआरो वा। पक्षे। ङसेः। गिरीओ। गिरीउ। गिरीहिन्तो। तरूओ। तरूउ। तरूहिन्तो ॥ हिलुकौ निषेत्स्येते ॥ ङसः। गिरिस्स। तरुस्स ॥ ङसि ङसो रिति किम्। गिरिणा। तरुणा कय ॥ पुक्लीव इति किम्। बुद्धीअ। धेणूअ लद्धं ममिद्धि वा ॥ इदुत इत्येव। कमलाओ। कमलस्स।

*अर्थ* —प्राकृतीय इकारान्त उकारान्त पुल्लिग और नपुसक लिंग शब्दों में पचमी विभक्ति के एक वचन म सस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि' क स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से (प्राकृत म) 'णो' आदेश की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से इन्हीं प्राकृतीय इकारान्त उकारान्त पुल्लिग और नपुसक लिंग शब्दों में षष्ठी विभक्ति के एक वचन मे सस्कृतीय-प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर भी वैकल्पिक रूप से (प्राकृत में) 'णो' आदेश की प्राप्ति होती है। पुल्लिग वाले इकारान्त

अथवा इकारान्त के पचमी विभक्ति के एक वचन का उदाहरण —गिरे अथवा तरो आगत=गिरिणो अथवा तरुणो आगओ पहाड़ से अथवा वृक्ष म आया हुआ है। इकारान्त अथवा उकारान्त के पुल्लिग में षष्ठी विभक्ति के एक वचन का उदाहरण — गिरे अथवा तरो विकार=गिरिणो अथवा तरो विकार =गिरिणो अथवा तरुणो विआरो अर्थात् पहाड़ का अथवा वृक्ष का विकार है। नपुंसक लिंग वाले इकारान्त अथवा उकारान्त के पचमी विभक्ति के एक वचन का उदाहरण —दध्न अथवा मधुन आगतः=दहिणो अथवा महुणो आगओ अर्थात् दही से अथवा मधु मे आया हुआ (प्राप्त हुआ) है। इसी प्रकार से नपुंसक लिंग वाले इकारान्त अथवा उकारान्त के षष्ठी विभक्ति के एक वचन का उदाहरण —दध्न अथवा मधुन विकार=दहिणो अथवा महुणो विआरो अर्थात् दही का अथवा मधु का विकार है। इन उदाहरणों में पुल्लिग म एव नपुंसक लिंग में पचमी विभक्ति के एक वचन में और षष्ठी विभक्ति के एक वचन में 'णो' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति हुई है।

वैकल्पिक पक्ष होने से पचमी विभक्ति के एक वचन में इकारान्त में सूत्र-संख्या ३-८ से 'गिरीओ, गिरीउ और गिरीहिन्तो' रूप भी होते हैं। उकारान्त में भी पचमी विभक्ति के एक वचन में सूत्र-सख्या ३-८ से 'तरूओ, तरूउ और तरूहिन्तो' रूप होते हैं। सूत्र सख्या ३-८ से प्राप्त होने वाले प्रत्यय 'हि' और 'लुक्' का सूत्र-सख्या ३-१२६ और ३-१२७ में निषेध किया जायगा, तदनुसार इकारान्त उकारान्त में पचमी विभक्ति के एक वचन में 'हि' और 'लुक्' प्रत्यय का अभाव जानना।

षष्ठी विभक्ति के एक वचन में भी इकारान्त और उकारान्त में उपरोक्त 'णो' आदेश प्राप्त प्रत्यय की स्थिति वैकल्पिक होने से सूत्र-सख्या ३-१० से सस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —गिरे =गिरिस्स अर्थात् पहाड़ का और तरो =तरुस्स अर्थात् वृक्ष का।

प्रश्न —इकारान्त अथवा उकारान्त पुल्लिग और नपुंसक लिंग वाले शब्दों में पचमी विभक्ति और षष्ठी विभक्ति के एक वचन में क्रम से प्राप्त सस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि' और ङस्' के स्थान पर 'णो' प्रत्यय होती है, ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर —इकारान्त अथवा उकारान्त में पंचमी विभक्ति के एक वचन के अतिरिक्त और षष्ठी विभक्ति के एक वचन के अतिरिक्त अन्य किसी भी विभक्ति के एक वचन मे प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं हुआ करती है, इसीलिये 'ङसि' और 'ङस्' का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे —गिरिणा अथवा तरुणा कृतम्=गिरिणा अथवा तरुणा कय अर्थात् पहाड़ से अथवा वृक्ष से किया हुआ है। इस उदाहरण से प्रतीत होता है कि पचमी अथवा षष्ठी विभक्ति के एक वचन के अतिरिक्त अन्य किसी भी विभक्ति के एक वचन मे इकारान्त और उकारान्त शब्दों में 'णो' प्रत्यय का अभाव ही होता है।

प्रश्न —पुल्लिग अथवा नपुंसक लिंग वाले इकारान्त और उकारान्त शब्दों म 'ङसि' और

'ङस' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्ति होती है, ऐसे इस विधान में 'पुल्लिगत्व' का और नपु सक-लिगत्व का कथन क्यों किया गया है ?

उत्तर –इकारान्त और उकारान्त शब्दों में 'स्त्रीलिंग' वाले शब्दों का भी अन्तर्भाव होता है, किन्तु ऐसे 'स्त्रीलिंग' वाले इकारान्त और उकारान्त शब्दों में 'ङसि' और 'ङस्' के स्थान पर 'णो' की प्राप्ति नहीं होती है, अतएव इन स्त्रीलिंग वाले शब्दों के लिये 'ङसि' और 'ङस्' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्त प्रत्यय का अभाव प्रदर्शित करने के लिये 'पुल्लिग और नपु सक लिंग' जैसे शब्दों का उल्लेख करना पड़ा है। 'स्त्र लिंग' से सबधित उदाहरण इस प्रकार है —पचमी विभक्ति के एक वचन का दृष्टान्त — बुद्धया अथवा धेन्वा लब्धम्=बुद्धीअ अथवा धेणूअ लद्ध अर्थात बुद्धि से अथवा गाय से प्राप्त हुआ है। षष्ठी विभक्ति के एक वचन का दृष्टान्त —बुद्धया अथवा धेन्वा समृद्धि =बुद्धीअ अथवा धेणूअ समिद्धी अर्थात बुद्धि की अथवा गाय की समृद्धि है। इन उदाहरणों से प्रतीत होता है कि इकारान्त और उकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्दों में 'ङसि' और 'ङस्' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्त प्रत्यय का अभाव होता है।

*प्रश्न* —'इकारान्त' और 'उकारान्त' ऐसे शब्दों का उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —इकारान्त और उकारान्त के अतिरिक्त आकारान्त तथा अकारान्त शब्द भी होते हैं, इनमे भी 'ङसि' और 'ङस्' प्रत्ययों की प्राप्ति होती है, परन्तु जैसे इकारान्त और उकारान्त में 'ङसि' और 'ङस्' के स्थान पर 'णो प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है, वैसी 'णो'आदेश-प्राप्ति 'आकारान्त और 'अकारान्त' म नहीं होती है, ऐसा भेद प्रदर्शित करने के लिये ही वृत्ति में 'इकारान्त' और 'उकारान्त' जैसे शब्दों का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे-कमलाया =कमलाओ अर्थात् लक्ष्मी से और कमलस्य= कमलस्स अर्थात् कमल का। इन उदाहरणों में 'ङसि' और 'ङस्' प्रत्ययों की प्राप्ति हुई है परन्तु ऐसा होने पर भी प्राप्त प्रत्ययों 'ङसि' और 'ङस्' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्ति नहीं हुई हैं। इस प्रकार इकारान्त और उकारान्त शब्दों में ही 'ङसि' एव ङस्' के स्थान पर 'णो' आदेश प्राप्ति होती है, ऐसा विधान सिद्ध हुआ।

*गिरे* सस्कृत एक वचनात्मक पचम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरिणो होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३ २३ से मूल शब्द 'गिरि' में सस्कृतीय पचमी विभक्ति के एक वचन म प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश प्राप्ति होकर *गिरिणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरो* सस्कृत एक वचनान्त पंचम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप तरुणो होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३ २३ से मूल शब्द 'तरु' में संस्कृतीय पचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश-प्राप्ति होकर *तरुणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

दध्न' संस्कृत एक वचनान्त पचम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप दहिणो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से मूल शब्द 'दधि' में स्थित 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, और ३-२३ से प्राप्त रूप 'दहि' में संस्कृतीय पचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में णो' आदेश-प्राप्ति होकर *दहिणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुन* संस्कृत एक वचनान्त पचम्यन्त रूप है। इसका प्राकृत रूप महुणो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२३ से प्राप्त रूप 'महु' में संस्कृतीय पञ्चमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश-प्राप्ति होकर *महुणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आगओ* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२०९ में की गई है।

*विकार* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विआरो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'क' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप विसर्ग के स्थान पर 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विआरो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*गिरे* संस्कृत एक वचनान्त पंचम्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप गिरीओ, गिरीउ और गिरीहिन्तो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१२ से मूल शब्द 'गिरि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और ३-८ से संस्कृतीय पचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'दो=ओ', 'दु=उ' और 'हिन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों रूप *गिरीओ, गिरीउ* और *गिरीहिन्तो* सिद्ध हो जाते हैं।

*तरो* संस्कृत एक वचनान्त पञ्चम्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप तरूओ, तरूउ और तरूहिन्तो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ३-१२ से मूल शब्द 'तरु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति और ३-८ से संस्कृतीय पचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'दो=ओ', 'दु=उ' और 'हिन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों रूप *तरूओ, तरूउ* और *तरूहिन्तो* सिद्ध हो जाते हैं।

*गिरे* संस्कृत एक वचनान्त षष्ठ्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप गिरिणो और गिरिस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-२३ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *गिरिणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (गिरेः=) गिरिस्स में सूत्र-संख्या ३-१० से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *गिरिस्स* सिद्ध हो जाता है।

*तरोः* संस्कृत एकवचनान्त षष्ठ्यन्त रूप है। इसके प्राकृत रूप तरुणो और तरुस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-२३ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' आदेश-प्राप्ति होकर प्रथम रूप *तरुणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-( तरोः = ) तरुस्स में सूत्र-संख्या ३-१० से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *तरुस्स* सिद्ध हो जाता है।

*गिरिणा* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप ( भी ) गिरिणा होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'णा' के स्थान पर प्राकृत में भी 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गिरिणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुणा* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप ( भी ) तरुणा ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२४ से संस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'णा' के स्थान पर प्राकृत में भी 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तरुणा* रूप भी सिद्ध हो जाता है।

*कयं* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२६ में की गई है।

*बुद्ध्याः* संस्कृत पंचमी विभक्ति के एक वचन का और षष्ठी विभक्ति के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीअ होता है। इसमें सूत्र-संख्या-३-२९ से संस्कृतीय पंचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्=आस' के स्थान पर और षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्=आस्' के स्थान पर प्राकृत में मूल रूप 'बुद्धि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति करते हुए 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर (दोनों विभक्तियों में *बुद्धीअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेन्वाः* संस्कृत पंचमी विभक्ति के एक वचन का और षष्ठी विभक्ति के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूअ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति और ३-२९ से संस्कृतीय पंचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्'='आस्' के स्थान पर और संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस' के स्थानीय रूप 'अस् आस्' के स्थान पर प्राकृत में मूल रूप धेणु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति करते हुए' 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर (दोनों विभक्तियों) में *धेणूअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*लब्धम्* संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप लद्धं होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'ब्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'ब्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ध्' को द्वित्व 'ध् ध्' की प्राप्ति, २-९० से

प्राप्त पूर्व 'ध' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में संस्कृतीय-प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'म्' की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर प्राकृत रूप लद्धं सिद्ध हो जाता है।

*समिद्धी* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४४ में की गई है।

*कमलाया* संस्कृत पंचमी विभक्ति के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप कमलाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-८ से पंचमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'ङसि' के स्थानीय रूप 'अस्=या' के स्थान पर प्राकृत में 'दो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *कमलाओ* सिद्ध हो जाता है।

*कमलस्य* संस्कृत षष्ठयन्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप कमलस्स होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप-'अस=स्य' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *कमलस्स* सिद्ध हो जाता है ॥ ३-२३ ॥

## टो णा ॥३-२४॥

पुंक्लीबे वर्तमानादिदुतः परस्य टा इत्यस्य णा भवति ॥ गिरिणा । गामणिणा । खलपुणा । तरुणा । दहिणा । महुणा ॥ टा इति किम् । गिरी । तरू । दहिं । महुं ॥ पुंक्लीब इत्येव । बुद्धीअ । धेणूअ कयं ॥ इदुत इत्येव । कमलेण ॥

*अर्थ*—प्राकृतीय इकारान्त उकारान्त पुल्लिंग और नपुंसक लिंग वाचक शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे—गिरिणा=गिरिणा अर्थात् पर्वत से, ग्रामण्या=गामणिणा=ग्राम के स्वामी से, अथवा नाई से, खलप्वा=खलपुणा अर्थात् झाड़ु देने वाले पुरुष से, तरुणा=तरुणा अर्थात् वृक्ष से, दध्ना=दहिणा अर्थात् दही से और मधुना=महुणा अर्थात् मधु से। इन उदाहरणों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है।

*प्रश्न*—तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्त संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर ही 'णा' होता है, ऐसा क्यों कहा गया है?

*उत्तर*—तृतीया विभक्ति के एक वचन के अतिरिक्त किसी भी विभक्ति के किसी भी वचन के प्रत्ययों के स्थान पर 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा प्रदर्शित करने के लिये ही लिखा गया है कि 'टा' प्रत्यय के स्थान पर 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे—गिरिः=गिरी अर्थात् पहाड़, तरुः=तरू अर्थात् वृक्ष, दधि=दहिं अर्थात् दही और मधु=महुं अर्थात् मधु। इन उदाहरणों में 'णा' प्रत्यय का

अभाव प्रदर्शित करके यह सिद्ध किया गया है कि 'णा' प्रत्यय केलव तृतोया विभक्ति के एक वचन में ही प्राप्त होता है, न कि किसी अन्य विभक्ति म।

प्रश्न'— पुल्लिग और नपु सक लिंग' ऐसे शब्दों का उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —इकारान्त और उकारान्त शब्द स्त्रीलिंग वाचक भो होते हैं परन्तु उन इकारान्त और उकारान्त स्त्रीलिंग वाचक शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में'टा'प्रत्यय की प्राप्ति होने पर भी इस प्राप्तव्य 'टा' प्रत्यय के स्थान पर'णा'की आदेश-प्राप्ति नहीं होती है, अत 'टा' के स्थान पर'णा'आदेश-प्राप्ति केवल पुल्लिग और नपु सकलिंग वाले शब्दों में हा होती है, यह बतलाने के लिये हो पुल्लिग और नपु सक लिंग जैसे शब्दों का सूत्र की वृत्ति के प्रारम्भ में प्रयोग किया गया है। जैसे -बुद्धया=बुद्धीअ बुद्धि से धेन्वा कृतम्=धेणूअ कय अर्थात् गाय से किया हुआ है। इन उदाहरणों में तृतीया विभक्ति के एक वचन का 'टा' प्रत्यय प्राप्त हुआ है, परन्तु 'टा' के स्थान पर 'णा' नहीं होकर सूत्र-सख्या ३-२६ से 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है, यो अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

प्रश्न —'इकारान्त और उकारान्त' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —इसमें ऐसा कारण है कि प्राकृत में अकारान्त तथा आकारान्त आदि शब्द भी होते हैं, परन्तु उनमें भी 'टा' के स्थान पर 'णा' आदेश-प्राप्ति नहीं होती है, अत इकारान्त और उकारान्त जैसे शब्दों का प्रयोग करना पडा है। जैसे —कमलेन=कमलेण अर्थात् कमल से।

*गिरिणा* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *३-२३* में की गई है।

*ग्रामण्या* सस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप गामणिणा होता है। इसमें सूत्र-सख्या २-७९ से 'र्' का लोप, ३-४३ से मूल शब्द 'ग्रामणी' में स्थित दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर प्राकृत में ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति और ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गामणिणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*खलप्वा* सस्कृत तृतीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत-रूप खलपुणा होता है। इसमें सूत्र-सख्या ३-४३ से मूल शब्द 'खलपू' में स्थित दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर प्राकृत में ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति और ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *खलपुणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तरुणा* रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या *३-२३* में की गई है।

दध्ना सस्कृत तृतीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत-रूप दहिणा होता है। इसमें सूत्र-सख्या १-१८७ से मूल-शब्द 'दधि' में स्थित 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२४ से तृतीया

विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति होकर *दहिणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुना* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप महुणा होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'ना' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *महुणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*गिरी* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१९ में की गई है।

*तरू* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१९ में की गई है।

*दहिं* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१९ में की गई है।

*महुं* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१९ में की गई है।

बुद्ध्या संस्कृत तृतीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप बुद्धीअ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२९ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति करते हुए 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बुद्धीअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धेन्वा* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप धेणूअ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से मूल रूप 'धेनु' में स्थित 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति और ३-२९ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति करते हुए 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धेणूअ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कयं* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है।

*कमलेन* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप कमलेण होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-६ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्व में स्थित शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *कमलेण* रूप सिद्ध हो जाता है ॥३-२४॥

## क्लीबे स्वरान्म् सेः ॥ ३-२५ ॥

क्लीबे वर्तमानात् स्वरान्तान्नाम्नः सेः स्थाने म् भवति ॥ वणं । पेम्मं । दहिं । महुं ॥

दहि महु इति तु सिद्धापेक्षया ॥ केचिदनुनासिकमपीच्छन्ति । दहिँ । महुँ ॥ क्लीब इति किम् । बालो । बाला । स्वरादिति इदुतोऽनिवृत्त्यर्थम् ॥

अर्थ —प्राकृतीय नपुंसक लिंग वाले स्वरान्त शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसे —वनम्=वणं। प्रेम=पेम्म। दधिम्=दहिं। मधु=महु ॥

संस्कृत इकारान्त उकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'म्' का लोप हो जाता है, तदनुसार प्राकृत में भी इकारान्त उकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में सूत्र संख्या ३-२५ से प्राप्त होने वाले प्रत्यय 'म' का भी वैकल्पिक रूप से लोप हो जाया करता है। जैसे —दधि=दहि और मधु=महु। इन रूपों की स्थिति संस्कृत में सिद्ध रूपों की अपेक्षा से जानना। कोई कोई आचार्य प्राकृत में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में नपुंसक लिंग में प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुनासिक की भी प्राप्ति भी स्वीकार करते हैं, तदनुसार उनके मत से 'दधि' का प्राकृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप 'दहिँ' भी होता है। इसी प्रकार से 'मधु' का 'महुँ' जानना।

प्रश्न —मूल सूत्र में 'क्लीवे' अर्थात् 'नपुंसक में' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर —इसका कारण यह है कि प्राकृतीय पुल्लिंग और स्त्रीलिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है, 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति केवल नपुंसक लिंग वाले शब्दों में ही जानना, ऐसा निश्चित विधान करने के लिये ही मूल सूत्र में 'क्लीवे' पद का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे —बाल=बालो अर्थात् बालक और बाला=बाला अर्थात् लड़की। ये उदाहरण क्रम से पुल्लिंग रूप और स्त्रीलिंग रूप हैं, इनमें प्रथमान्त एक वचन में 'म्' प्रत्यय का अभाव प्रदर्शित करते हुए यह बतलाया गया है कि प्रथमान्त एक वचन में नपुंसक लिंग में ही 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। अन्य लिंगों में नहीं।

प्रश्न —मूल सूत्र में 'स्वरात्' शब्द के उल्लेख करने का विशेष तात्पर्य क्या है?

उत्तर —संस्कृत में अकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों में ही प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है और अन्य इकारान्त उकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों में इस प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'म्' का लोप हो जाता है, परन्तु प्राकृत में ऐसा नहीं होता है, अतएव प्राकृतीय अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त सभी शब्दों में नपुंसक लिंगात्मक स्थिति में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। ऐसी विशेषता बतलाने के लिये ही मूल सूत्र में 'स्वरात्' पद का उल्लेख किया गया है। जो कि 'अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त' का द्योतक है। यों प्रयुक्त शब्दों की विशेषता जान लेनी चाहिये।

*वर्णं* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७७ में की गई है।

*पेम्म* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २-९८ में की गई है।

*दहिं* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२५ में की गई है।

*महुं* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२५ में की गई है।

*दधि* संस्कृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप दहि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ४-४४८ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय रूप वत् प्राप्त प्रत्यय 'सि' का लोप होकर *दहि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधु* संस्कृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप महु होता है। इसकी साधनिका उपरोक्त 'दहि' के समान ही होकर *महु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दधि* संस्कृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप है। इसका 'आर्ष' प्राकृत रूप दहिँ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२५ की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में आर्ष-प्राकृत में 'अनुनासिक' की प्राप्ति होकर 'दहिँ' रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधु* संस्कृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप है। इसका 'आर्ष' प्राकृत रूप महुँ होता है। इसकी साधनिका उपरोक्त 'दहिँ' के समान ही होकर *महुँ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बाल* संस्कृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप बालो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बालो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*बाला* संस्कृत प्रथमान्त एक वचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप भी बाला ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-४४८ से प्रथमा-विभक्ति के एक वचन में स्त्रीलिंग में संस्कृतीय प्रत्यय सि=स्' की प्राप्ति और १-११ से प्राप्त हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप होकर प्रथमान्त एक वचन रूप स्त्रीलिंग पद *बाला* सिद्ध हो जाता है॥ ३-२५॥

## जस्-शस्-इँ-इं-णयः सप्राग्दीर्घाः ॥ ३-२६ ॥

क्लीबे वर्तमानान्नाम्नः परयोर्जस्-शसोः स्थाने सानुनासिक-सानुस्वाराविकारौ णिश्चादेशा भवन्ति सप्राग्दीर्घाः। एषु सत्सु पूर्व स्वरस्य दीर्घत्वं विधीयते इत्यर्थः॥ इँ। जाइँ वयणाइँ अम्हे॥ इं। उम्मीलन्ति पङ्कयाइं चिट्ठन्ति पेच्छ वा। दहीइं हुन्ति जेम वा। महूइं मुञ्च वा॥ णि। फुल्लन्ति पङ्कयाणि गेण्ह वा। हुन्ति दहीणि जेम वा। एवं महूणि॥ क्लीब इत्येव। वच्छा। वच्छे॥ जस्-शस् इति किम्। सुहं॥

*अर्थ* —प्राकृत भाषा के अकारान्त, इकारान्त और उकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'शस' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में क्रम से अनुनासिक सहित 'इँ' प्रत्यय अनुस्वार सहित 'इं' प्रत्यय और 'णि प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति होती है। क्रम से प्राप्त होने वाले इन इँ, इं और णि' प्रत्ययों के पूर्वस्थ शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर को नियमित रूप से 'दीर्घत्व' की प्राप्ति होती है। अर्थात शब्दान्त्य स्वर को दीर्घ करने के पश्चात् ही इन प्राप्त होने वाले प्रत्ययों 'इँ, इं णि' में से कोई सा भी एक प्रत्यय संयोजित कर दिया जाता है और ऐसा कर देने पर प्रथमा विभक्ति के बहुवचन का अथवा द्वितीया-विभक्ति के बहुवचन का अर्थ प्रकट हो जाता है। जैसे – इँ' का उदाहरण —यानि वचनानि अस्माकम्=जाइँ वयणाइँ अम्ह अर्थात (प्रथमा में) हमारे जो वचन हैं अथवा (द्वितीया में) हमारे जिन वचनों को। 'इं' का उदाहरण –उन्मीलन्ति पङ्कजानि=उम्मीलन्ति पङ्कयाइं अर्थात कमल खिलते हैं, पङ्कजानि तिष्ठन्ति=पङ्कयाइं चिट्ठन्ति अर्थात् कमल विद्यमान हैं। पङ्कजानि पश्य=पङ्कयाइं पेच्छ अर्थात् कमलों को देखो। दधीनि भवन्ति ( अथवा सन्ति )=दहीइं हुन्ति अर्थात् दही है। दधीनि भुक्त=दहीइं जेम अर्थात दही को खाओ। मधूनि मुञ्च अर्थात शहद को छोड़ दो-( रहने दो-मत खाओ)। 'णि' का उदाहरण -फुल्लन्ति पङ्कजानि = फुल्लन्ति पङ्कयाणि अर्थात् कमल खिलते हैं। पङ्कजानि गृहाण=पङ्कयाणि गेण्ह अर्थात् कमलों को ग्रहण करो। दधीनि भवन्ति=दहीणि हुन्ति अर्थात दही है। दधीनि भुङ्क्ष्व=दहीणि जेम अर्थात् दही को खाओ। मधूनि भुन्क्ष्व=महूणि जेम अर्थात् शहद को खाओ इन उदाहरणों में क्रम से इँ, इं और णि' प्रत्ययों का प्रयोग बतलाया गया है।

*प्रश्न* —सूत्र की वृत्ति के प्रारम्भ में 'क्लीबे अर्थात् 'नपुंसक लिंग में' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है?

*उत्तर* जो प्राकृत-शब्द नपुंसक लिंग वाले नहीं होकर पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग वाले हैं, उन शब्दों में 'जस'-अथवा शस' के स्थान पर 'इँ, इं और णि' प्रत्ययों की प्राप्ति नहीं होता है अर्थात् केवल नपुंसक लिंग वाले शब्दों में ही इन इँ, इं और णि' प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करता है, यह 'अर्थ पूर्ण विधान' प्रस्थापित करने के लिये ही सूत्र की वृत्ति के प्रारम्भ में 'क्लीबे' शब्द का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे —वृक्षाः=वच्छा और वृक्षान्=वच्छे, ये उदाहरण क्रम से प्रथमान्त बहुवचन वाले और द्वितीयांत बहुवचन वाले हैं, किन्तु इनका लिंग पुल्लिंग है, अतएव इनमें 'इँ, इं और णि' प्रत्ययों का अभाव है। यों इनकी पारस्परिक-विशेषता को जान लेना चाहिये।

*प्रश्न* —सूत्र के प्रारम्भ में 'जस् शस्' ऐसे शब्दों को प्रयोग करने का क्या तात्पर्य विशेष है?

*उत्तर* —इसमें यह रहस्य रहा हुआ है कि प्राकृत भाषा के नपुंसक लिंग वाले शब्दों में इँ, इं और णि' प्रत्ययों की प्राप्ति प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में ही और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में ही होती है, अन्य किसी भी विभक्ति के (संबोधन को छोड़कर) किसी भी वचन में इन 'इँ, इं और

*गेण्ह* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ?-१९७ में की गई है।

*दधीनि* —संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप दहीणि होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत रूप 'दधि' में स्थित 'ध' के स्थान पर प्राकृत में 'ह्' आदेश और ३-२६ से प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस' और 'शस' के नपुंसक लिंगात्मक स्थानीय रूप 'नि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति कराते हुए 'णि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *दहीणि* सिद्ध हो जाता है।

*'हुन्ति'* —रूप की सिद्धि इसी सूत्र में उपर की गई है।

*'जेम'* —रूप की सिद्धि इसी सूत्र में उपर की गई है।

*मधूनि* —संस्कृत का रूप है। इसका प्राकृत रूप महूणि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत रूप 'मधु' में स्थित 'ध' के स्थान पर प्राकृत मे 'ह्' आदेश और ३-२६ से प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' और 'शस्' के नपुंसक लिंगात्मक स्थानीय रूप 'नि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति कराते हुए 'णि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *महूणि* सिद्ध हो जाता है।

*पच्छा* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ?-४ में की गई है।

*पच्छे* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ?-४ में की गई है।

*मुखम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप मुहं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' आदेश और ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म' आदेश एवं १-२३ से प्राप्त 'म' का अनुस्वार होकर *मुहं* रूप सिद्ध हो जाता है। अथवा सूत्र-संख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का अनुस्वार होकर द्वितीया-विभक्ति के एक वचन में प्राकृतीय रूप *मुहं* सिद्ध हो जाता है ॥ ३-२६ ॥

## स्त्रियामुदोतौ वा ॥ ३-२७ ॥

स्त्रियां वर्तमानान्नाम्नः परयोर्जस्-शसोः स्थाने प्रत्येकम् उत् ओत् इत्येतौ सप्राग्दीर्घौ वा भवतः ॥ वचन-भेदो यथा-संख्य निवृत्त्यर्थः ॥ मालाउ मालाओ। बुद्धीउ बुद्धीओ। सहीउ सहीओ। धेणूउ धेणूओ। वहूउ वहूओ। पक्षे। माला। बुद्धी। सही। धेणू। वहू ॥ स्त्रियामिति किम्। वच्छा। जस्-शस इत्येव। मालाए कयं ॥

अर्थ'—प्राकृत-भाषा के आकारान्त, इकारान्त, उकारान्त, ईकारान्त और ऊकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्दो मे प्रथमा विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर-वैकल्पिक रूप से 'उत्=उ' और 'ओत्=ओ' प्रत्ययों को प्राप्ति होती है। अर्थात् प्रथमा और द्वितीया विभक्ति म से प्रत्येक के बहुवचन में क्रम से तथा वैकल्पिक रूप मे 'उ' और ओ' ऐसे दो दो प्रत्ययों की प्राप्ति होती है। साथ में यह भी ध्यान में रखना चाहिये कि इन 'उ' अथवा ओ' प्रत्ययों का प्राप्ति के पूर्व शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घ स्वर की प्राप्ति हो जाती है। अर्थात् ह्रस्व इकारान्त को दीर्घ ईकारान्त की प्राप्ति होती है एवं ह्रस्व उकारान्त दीर्घ ऊकारान्त में परिणत हो जाता है। वृत्ति में 'प्रत्येकम्' शब्द को लिखने का यह तात्पर्य है कि स्त्रीलिंग वाले सभी शब्दों में और प्रथमा द्वितीया के बहुवचन में-(दोनों विभक्तियों में) 'उ' और 'ओ' प्रत्ययों की क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होती है। जैसे —आकारान्त स्त्रीलिंग का उदाहरण -माला =मालाउ और मालाओ, इकारान्त स्त्रीलिंग का उदाहरण —बुद्धय और बुद्धी =बुद्धीउ और बुद्धीओ, ईकारान्त स्त्रीलिंग का उदाहरण —सख्य और सखी:=सहीउ और सहीओ, उकारान्त स्त्रीलिंग का उदाहरण —धेनव और धेनू:=धेणूउ और धेणूओ, एव ऊकारान्त स्त्रीलिंग का उदाहरण —वध्व और वधू =वहूउ और वहूओ। वैकल्पिक पक्ष होने से इन्हीं उदाहरणों में क्रम से एक एक रूप इस प्रकार भी होता है —माला, बुद्धी, सही, धेणू और वहू। ये रूप प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के जानना, यों स्त्रीलिंग वाले शब्दों में प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन म रूपों की समानता तथा एक रूपता है।

प्रश्न —सूत्र के प्रारम्भ में 'स्त्रियाम्' अर्थात् स्त्रीलिंग वाले शब्दों में' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —जो प्राकृत शब्द स्त्रीलिंग वाले नहीं होकर-पुल्लिंग वाले अथवा नपुसक लिंग वाले हैं, उनमें प्रथमा अथवा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'जस' अथवा शस' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर 'उ' और 'ओ' प्रत्ययों की इनके स्थान पर आदेश-प्राप्ति नहीं होती है। 'उ अथवा 'ओ' की आदेश प्राप्ति केवल स्त्रीलिंग वाले शब्दों के लिये ही है, ऐसा स्पष्ट-विधान प्रस्थापित करने के लिये ही सूत्र के प्रारम्भ में 'स्त्रियाम्' जैसे शब्द को रखने की आवश्यकता हुई है। जैसे —वृक्षा = वच्छा और वृक्षान = वच्छा। इन उदाहरणों से विदित होता है कि पुल्लिग मे 'जस् अथवा शस' के स्थान पर 'उ' और 'ओ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति नहीं होती है।

प्रश्न —'जस' अथवा शस्' ऐसा भी क्यों कहा गया है ?

उत्तर —स्त्रीलिंग वाले शब्दों में 'उ' और 'ओ' आदेश रूप प्रत्ययों की प्राप्ति 'जस' और 'शस' के स्थान पर ही होती है, अन्य किसी भी विभक्ति के प्रत्ययों के स्थान पर 'उ' अथवा 'ओ' की आदेश-प्राप्ति नहीं होती है। जैसे -मालाया कृतम् = मालाए कयं अर्थात् माला का बनाया हुआ है। यहाँ पर षष्ठी विभक्ति के एकवचन का उदाहरण दिया गया है, जिसमें बतलाया गया है कि सूत्र-संख्या ३-२६ मे

'ङस्' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति हुई है, न कि 'उ' अथवा 'ओ' की, यों यह सिद्धान्त निश्चित किया गया है कि 'जस् शस्' के स्थान पर ही 'उ' और 'ओ' प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति होती है, अन्यत्र नहीं। इसीलिये वृत्ति में 'जस् और शस' का उल्लेख करना पड़ा है।

पंचमी विभक्ति के एक वचन में और बहुवचन में स्त्रीलिंग वाले शब्दों में जो 'उ' और 'ओ' प्रत्यय दृष्टि गोचर होते हैं, उनकी प्राप्ति सूत्र-संख्या ३-८ और ३-९ में उल्लिखित 'दु' और 'दो' से निष्पन्न होती है, अतएव जस् शस के स्थान पर 'उ और 'ओ' आदेश प्राप्ति बतलाना निष्कलंक है। इसी प्रकार से संबोधन के बहुवचन में स्त्रीलिंग वाले शब्दों में 'उ' और 'ओ' की उपलब्धि भी निष्कलंक ही है, क्यों कि 'संबोधन-रूपों' की प्राप्ति प्रथमावत् होती है और यह सिद्धान्त सर्वमान्य है, अतएव यह सिद्ध हुआ कि 'जस्-शस्' के स्थान पर ही 'उ' 'ओ' की आदेश-प्राप्ति होती है, अन्यत्र नहीं।

*माला* संस्कृत प्रथमान्त द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप मालाउ, मालाओ और माला होते हैं। इनमें से प्रथम और द्वितीय रूपों में सूत्र संख्या ३-२७ से संस्कृतीय प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस शस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'उ' तथा 'ओ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दो रूप *मालाउ* और *मालाओ* सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीया रूप-(माला =)माला में सूत्र संख्या ३-४ से संस्कृतीय प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्- शस्' का प्राकृत में लोप होकर तृतीय रूप *माला* सिद्ध हो जाता है।

*बुद्धय* और *बुद्धी* संस्कृत प्रथमान्त द्वितीयान्त बहुवचन के क्रमिक रूप हैं। इन दोनों के (सम्मिलित) प्राकृत रूप बुद्धीउ, बुद्धीओ और बुद्धी होते हैं। इनमें से प्रथम और द्वितीय रूप में सूत्र-संख्या ३-२७ से संस्कृतीय प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस् शस' के स्थानीय रूप 'अस् के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'उ' तथा 'ओ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घ करते हुए क्रम से प्रथम के दो रूप *बुद्धीउ* और *बुद्धीओ* सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीया रूप--(बुद्धय और बुद्धी=) बुद्धी में सूत्र संख्या-३-४ से संस्कृतीय प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय जस-शस्' का प्राकृत में लोप और ३-१२ से तथा ३-१८ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस-शस' के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *बुद्धी* सिद्ध हो जाता है।

*सख्य* और *सखी* संस्कृत प्रथमान्त द्वितीयान्त बहुवचन के क्रमिक रूप हैं। इन दोनों के (सम्मिलित) प्राकृत रूप सहीउ, सहीओ और सही होते हैं। इनमें से प्रथम और द्वितीय रूपों में सूत्र-संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत रूप 'सखी' में स्थित 'ख्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-२७ से

संस्कृतीय प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत म वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'उ' तथा 'ओ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम दो रूप *सहीउ* और *सहीओ* सिद्ध हो जाते हे।

तृतीय रूप—(सख्य और सखी =) सही मे सूत्र संख्या ३-४ से संस्कृतीय प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' का प्राकृत में लोप होकर तृतीय रूप *सही* सिद्ध हो जाता है।

धेनव और धेनू संस्कृत प्रथमान्त द्वितीयान्त बहुवचन के क्रमिक रूप हैं। इन दोनों के सम्मिलित प्राकृत रूप धेणूउ, धेणूओ और धेणू होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२८ से मूल संस्कृत रूप 'धेनु' में स्थित न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्रथम दो रूपों में सूत्र-संख्या ३ २७से संस्कृतीय प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस-शस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति कराते हुए वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'उ' तथा 'ओ' प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम दो रूप *धेणूउ* और *धेणूओ* सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय रूप-(धेनव और धेनू =) धेणू मे सूत्र संख्या ३-४ से संस्कृतीय प्रथमा-विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस-शस्' का प्राकृत मे लोप और ३ १२ से तथा ३-१८ से प्राप्त एव लुप्त 'जस् शस् के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *धेणू* सिद्ध हो जाता है।

वध्व और वधू संस्कृत प्रथमान्त- द्वितीयान्त बहुवचन के क्रमिक रूप हैं। इन दोनों के (सम्मिलित) प्राकृत रूप वहूउ, वहूओ और वहू होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १८७ से मूल संस्कृत-रूप 'वधू' में स्थित 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, तत्पश्चात प्रथम दो रूप में सूत्र-संख्या ३-२७ से संस्कृतीय प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस-शस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से और क्रम से 'उ' तथा 'ओ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम दो रूप *वहूउ* और *वहूओ* सिद्ध हो जाते हे।

तृतीया रूप-(वध्व और वधू =) वहू में सूत्र संख्या ३-४ से संस्कृतीय प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' का प्राकृत में लोप होकर तृतीया रूप *वहू* सिद्ध हो जाता है।

*वच्छा* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ?-४ में की गई है।

मालाया संस्कृत षष्ठयन्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप मालाए होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२६ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'ङस्' के स्थानीय रूप 'अस्=या' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *मालाए* सिद्ध हो जाता है।

*कय* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२६ में की गई है॥ ३-२७॥

## ईतः से श्चा वा ॥ ३–२८ ॥

स्त्रियां वर्तमानादीकारान्तात् सेर्जस्-शसोश्चस्थाने आकारो वा भवति ॥ एसा हसन्तीआ । गोरीआ चिट्ठन्ति पेच्छ वा । पक्षे । हसन्ती । गोरीओ ॥

*अर्थ*:—प्राकृत-भाषा में दीर्घ ईकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्दों में संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आ' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे - एषा हसन्ती=एसा हसन्तीआ अर्थात् यह हँसती हुई। वैकल्पिक पक्ष होने से 'हसन्ती' (अर्थात् हँसती हुई) रूप भी प्रथमा विभक्ति के एक वचन में बनता है। इसी प्रकार से इन्हीं ईकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्दों में संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' के स्थान पर और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर भी वैकल्पिक रूप से 'आ' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —'जस्' का उदाहरण गौर्य तिष्ठन्ति=गोरीआ चिट्ठन्ति, वैकल्पिक पक्ष में -गोरीओ चिट्ठन्ति अर्थात् सुन्दर स्त्रियाँ विराजमान हैं। 'शस्' का उदाहरण -गौरी पश्य=गोरीआ पेच्छ, वैकल्पिक पक्ष में —गोरीओ पेच्छ अर्थात् सुन्दर स्त्रियों को देखो। इन उदाहरणों में यह प्रदर्शित किया गया है कि — 'सि', 'जस्' और 'शस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से ईकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्दों में 'आ' आदेश हुआ करता है।

*एसा* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-३३* में की गई है।

*हसन्ती* संस्कृत प्रथमान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हसन्तीआ और हसन्ती होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से मूल प्राकृत हलन्त धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१८१ से वर्तमान कृदन्त रूप के अर्थ में प्राप्त धातु 'हस' में 'न्त' प्रत्यय की प्राप्ति, ३-३१ से प्राप्त रूप 'हसन्त' में स्त्रीलिंगार्थक प्रत्यय 'ङी' की प्राप्ति, तदनुसार प्राप्त प्रत्यय 'ङी' में स्थित 'ङ' इत्संज्ञक होने से शेष प्रत्यय 'ई' की प्राप्ति के पूर्व 'हसन्त' रूप में से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर 'अ' का लोप एवं प्राप्त हलन्त 'हसन्त्' में उक्त स्त्रीलिंग वाचक प्रत्यय 'ई' की संयोजना होने से 'हसन्ती' रूप की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्राप्त रूप 'हसन्ती' में सूत्र संख्या ३-२८ से संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'आ' आदेश रूप प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *हसन्तीआ* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप—(हसन्ती=) हसन्ती में सूत्र संख्या ३-१९ से प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य स्वर का दीर्घता की प्राप्ति रूप [illegible] *हसन्ती* सिद्ध हो जाता है।

*गौर्य* —संस्कृत प्रथमान्त [illegible] गोरीआ और गोरी[illegible] होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-४ से मूल [illegible] की प्राप्ति

तत्पश्चात् प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-२८ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'आ' आदेश रूप प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप '*गोरीआ*' सिद्ध हो जाता है ।

द्वितीय रूप-(गौर्य =) गोरीओ में सूत्र-संख्या ३-२७ से प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थानीय रूप 'अस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ओ' आदेश रूप प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *गोरीओ* सिद्ध हो जाता है ।

*गौरी* —संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन रूप है । इसके प्राकृत रूप गोरीआ और गोरीओ होते हैं । इन दोनों द्वितीयान्त बहुवचन वाले रूपों की सिद्धि उपरोक्त प्रथमान्त बहुवचन वाले रूपों के समान ही होकर क्रम से दोनों रूप *गोरीआ* तथा *गोरीओ* सिद्ध हो जाते हैं ।

*चिट्ठन्ति* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३-२०* में की गई है ।

*पेच्छ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२३* में की गई है ।

'*वा*' ( अव्यय ) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-६७* में की गई है । ३-२८ ॥

## टा-ङस्-ङेरदादिदेद्वा तु ङसेः ॥ ३-२९ ॥

स्त्रियां वर्तमानान्नाम्नः परेषां टाङसङीनां स्थाने प्रत्येकम् अत् आत् इत् एत् इत्येते चत्वार आदेशाः सप्राग्दीर्घा भवन्ति । ङसेः पुनरेते सप्राग्दीर्घा वा भवन्ति ॥ मुद्धाअ । मुद्धाइ । मुद्धाए कयं मुहं ठिअं वा ॥ कप्रत्यये तु मुद्धिआअ । मुद्धिआइ । मुद्धिआए ॥ कमलिआअ । कमलिआइ । कमलिआए ॥ बुद्धीअ । बुद्धीआ । बुद्धीइ । बुद्धीए कयं निहवो ठिअं वा ॥ सहीअ । सहीआ । सहीइ । सहीए कयं वयणं ठिअं वा ॥ घेणूअ । घेणूआ । घेणूइ । घेणूए कयं दुद्धं ठिअं वा ॥ वहूअ । वहूआ । वहूइ । वहूए कयं भवणं ठिअं वा ॥ ङसेस्तु वा । मुद्धाअ । मुद्धाइ । मुद्धाए । बुद्धीअ । बुद्धीआ । बुद्धीइ । बुद्धीए ॥ सहीअ । सहीआ । सहीइ । सहीए ॥ घेणूअ घेणूआ । घेणूइ । घेणूए ॥ वहूअ । वहूआ । वहूइ । वहूए आगओ । पक्षे ॥ मुद्धाओ । मुद्धाउ । मुद्धाहिन्तो । रईओ । रईउ । रईहिन्तो ॥ घेणूओ । घेणूउ । घेणूहिन्तो ॥ इत्यादि ॥ शेषे दन्तवत् (३-१२४) अतिदेशात् जस्-शस्-ङसि-त्तो-दो-द्वामि दीर्घः (३-१२) इति दीर्घत्वं पक्षे पि भवति ॥ स्त्रियामित्येव । वच्छेण । वच्छस्स । वच्छम्मि । वच्छाओ ॥ टादीनामिति किम् । मुद्धा । बुद्धी । सही । घेणू । वहू ॥

ईकारान्त स्त्रीलिंग —सख्या = सहोअ सहीआ-सहीइ-सहीए, सहीत्तो-सहीउ-सहीओ और सहीहिंतो।

उकारान्त स्त्रीलिंग —धेन्वा = धेणूअ-धेणूआ-धेणूइ- धेणूए, धेणुत्तो, धेणूउ, धेणूओ और धेणूहिंतो।

ऊकारान्त स्त्रीलिंग —वध्वा आगतः=वहूअ-वहूआ-वहूइ- वहूए, वहुत्तो, वहूउ, वहूओ और वहूहिंतो आगओ = बहू से आया हुआ है।

इकारान्त स्त्रीलिंग का एक और उदाहरण वृत्ति में इस प्रकार दिया गया है —रत्या = रईओ-रईउ-रईहिन्तो अर्थात् रति से। इन उदाहरणों में यह ध्यान रहे कि ह्रस्व इकारान्त और ह्रस्व उकारान्त शब्दों में प्राप्तव्य प्रत्ययों के पूर्व में स्थित ह्रस्व स्वर का दीर्घ स्वर की प्राप्ति हो जाती है। किन्तु 'त्तो' प्रत्यय में पूर्व का ह्रस्व स्वर दीर्घता को प्राप्त नहीं होकर ह्रस्व का ह्रस्व ही रहता है तथा सूत्र सख्या १-८४ से अन्त्य दीर्घ स्वर 'त्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ह्रस्व हो जाता है। जैसे —मालत्तो, बुद्धित्तो, सहित्तो और वहुत्तो।

प्राकृत-भाषा के स्त्रीलिंग वाले शब्दों की शेष विभक्तियों के रूपों की रचना सूत्र-सख्या ३-१२४ के विधानानुसार अकारान्त शब्दों के समान समझ लेनी चाहिये।

सूत्र-सख्या ३-१२ में कहा गया है कि-प्रथमा विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय 'जस्' प्राप्त होने पर, द्वितीया विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय 'शस्' प्राप्त होने पर, पचमी विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय 'ओ, उ, हिन्तो' प्राप्त होने पर, पचमी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'ओ, उ, हिंतो, सुन्तो' प्राप्त होने पर ह्रस्व स्वर को दीर्घता प्राप्त होती है, यही विधान स्त्रीलिंग शब्दों के लिये भी इन्हीं विभक्तियों के ये प्रत्यय प्राप्त होने पर जानना, तदनुसार स्त्रीलिंग वाले शब्दों में भी प्रथमा-द्वितीया के बहुवचन में, पचमी विभक्ति के एक वचन में और बहुवचन में पक्षान्तर में भी ह्रस्व स्वर को दीर्घता की प्राप्ति होती है।

*प्रश्न* —वृत्ति के प्रारम्भ में 'स्त्रीलिंग वाले शब्दों में' ऐसा शब्द क्यों कहा गया है?

*उत्तर* —इसमें यह तात्पर्य है कि जब प्राकृत-भाषा के स्त्रीलिंग वाले शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन का प्रत्यय प्राप्त होता है अथवा पचमी षष्ठी, और सप्तमी विभक्ति के एक वचन का प्रत्यय प्राप्त होता है, तो इन प्रत्ययों के स्थान पर केवल स्त्रीलिंग वाले शब्दों में ही 'अ-आ-इ-ए' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। नपु सकलिंग वाले अथवा पुल्लिंग वाले शब्दों में उक्त विभक्तियों के एक वचन के प्रत्यय प्राप्त होने पर इन प्रत्ययों के स्थान पर 'अ आ इ-ए' प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति नहीं होती है। ऐसा विधान प्रदर्शित करने के लिये ही वृत्ति के प्रारम्भ में 'स्त्रीलिंग वाले शब्दों में' ऐसा उल्लेख करना पड़ा है। जैसे पुल्लिंग शब्द का उदाहरण इस प्रकार है —तृतीया विभक्ति के एक वचन में—'वच्छेण', पचमी विभक्ति के एक वचन में 'वच्छाओ', षष्ठी विभक्ति के एक वचन में 'वच्छस्स' और सप्तमी विभक्ति के एक वचन में

स्त्रीलिंग वाले शब्दों के समान 'वच्छाअ-वच्छाआ-वच्छाइ-वच्छाए' रूपों
ह्स्य वृत्ति के प्रारम्भ में उल्लिखित 'स्त्रिया' शब्द से जानना।

में 'टा-ङस् ङि-ङसि' ऐसा क्यों लिखा गया है?

(-ए' ऐसी आदेश-प्राप्ति केवल 'टा-ङस् ङि ङसि' के स्थान पर ही होती है,
अ-आ-इ ए' आदेश-प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा सुनिश्चित विधान प्रदर्शित
ा ङस् ङि ङसि' का उल्लेख करना आवश्यक समझा गया है। इसके समर्थन
—मुग्धा=मुद्धा, बुद्धि =बुद्धी, सखी=सही, धेनु =धणू और वधू =वहू। इन
के एक वचन का प्रत्यय 'सि' प्राप्त हुआ है, और उक्त प्राप्त प्रत्यय 'सि' का
होकर इसके स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घता प्राप्त हुई है, न कि 'अ-
त। अतएव यह सिद्ध करने के लिये कि 'अ आ इ ए' रूप आदेश-प्राप्ति केवल
पर ही होती है, न कि अन्यत्र। इसी रहस्य को समझाने के लिये सूत्र में 'टा-
करना पड़ा है।

*मुग्धया* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धाअ-मुद्धाइ और मुद्धाए होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७७ से मूल संस्कृत रूप मुग्धा में स्थित हलन्त 'ग्' का लोप, २-८९ से 'ध्' को द्वित्व 'ध्ध्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति और ३-२९ से प्राप्त प्राकृत रूप 'मुद्धा' में संस्कृत के तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ', 'इ' और 'ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों प्राकृत रूप *मुद्धाअ, मुद्धाइ* और *मुद्धाए* सिद्ध हो जाते हैं।

*मुग्धाया* संस्कृत षष्ठयन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धाअ, मुद्धाइ और मुद्धाए होते हैं। इनमें मूल संस्कृत रूप 'मुग्धा=मुद्धा' की सिद्धि उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२९ से संस्कृत के षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ-इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों प्राकृत रूप *मुद्धाअ मुद्धाइ* और *मुद्धाए* सिद्ध हो जाते हैं।

*मुग्धायाम्* संस्कृत सप्तम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धाअ, मुद्धाइ और मुद्धाए होते हैं। इन मूल संस्कृत रूप 'मुग्धा =मुद्धा' की सिद्धि उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२९ से संस्कृत के सप्तमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों प्राकृत रूप *मुद्धाअ मुद्धाइ* और *मुद्धाए* सिद्ध हो जाते हैं।

'कयं' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-१२६* में की गई है।

*'मुह'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१८७ में की गई है।

*'ठिअ'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ४-१६ में की गई है।

*'घा'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १ ६७ में की गई है ।

*मुग्धिकया* सस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धिआअ, मुद्धिआइ और मुद्धिआए होतें हैं। इनमें सूत्र-संख्या २ ७७ से मूल सस्कृत रूप 'मुग्धिका' में स्थित 'ग्' का लोप; २ ८६ से 'ध्' को द्वित्व 'धध्' की प्राप्ति, २ ६० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति, १ १७७ से 'क' का लोप तत्पश्चात् प्राप्त प्राकृत रूप 'मुद्धिआ' में सूत्र सख्या ३-२६ से सस्कृत के तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ इ ए प्रत्ययों की प्राप्ति होकर *मुद्धिआअ, मुद्धिआइ* और *मुद्धिआए* सिद्ध हो जाते हैं।

*कमलिकया, कमलिकाया* और *कमलिकायाम्* क्रम से सस्कृत तृतीया षष्ठी सप्तमी विभक्ति के एक वचन के रूप है। इन सभी के प्राकृत रूप कमलिआअ, कमलिआइ और कमलिआए होते हैं। इनमें सूत्र सख्या १ १७७ से मूल सस्कृत रूप 'कमलिका' में स्थित द्वितीय 'क' का लोप और ३-२६ से सस्कृत तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर, षष्ठी विभक्ति के एक वचन मे प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर और सप्तमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर 'अ इ-ए' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होकर प्रत्येक के तीन तीन रूप '*कमलिआअ कमलिआइ* और *कमलिआए*' सिद्ध हो जाते हैं।

*बुद्धया* सस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप बुद्धीअ, बुद्धीआ बुद्धीइ और बुद्धीए होते हैं। इनमें सूत्र सख्या ३ २६ से सस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत मे 'अ-आ इ ए' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति एवं इसी सूत्र से अन्त्य ह्रस्व स्वर इ' को दीर्घ स्वर 'ई' का प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *बुद्धीअ-बुद्धीआ-बुद्धीइ* और *बुद्धीए* सिद्ध हो जाते हैं।

*बुद्धयाः* सस्कृत षष्ठयन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप बुद्धीअ बुद्धीआ, बुद्धीइ और बुद्धीए होते हैं। इनमें सूत्र सख्या ३-२६ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में 'अ आ इ ए प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति और इसी सूत्र से अन्त्य स्वर 'इ' को 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप बुद्धीअ बुद्धीआ बुद्धीइ और बुद्धीए सिद्ध हो जाते हैं।

*बुद्धयाम्* सस्कृत सप्तम्यन्त एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप बुद्धीअ, बुद्धीआ, बुद्धीइ और बुद्धीए होते हैं। इनकी साधनिका भी सूत्र सख्या ३-२६ से ही उपरोक्त रीति से होकर चारों रूप क्रम से *बुद्धीअ-बुद्धीआ-बुद्धीइ* और *बुद्धीए* सिद्ध हो जाते हैं।

*''क्य''* रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १-१७६ में की गई है।

*विभव* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप विहवो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से "भ" के स्थान पर "ह्" की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय "सि" के स्थान पर अकारान्त पुल्लिंग में "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति होकर *विहवो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'ठिअं'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६ में की गई है।

*'वा'* (अव्यय) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-६७ में की गई है।

*सख्या* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप सहीअ, सहीआ, सहीइ और सहीए होते हैं। *इनमें सूत्र संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत रूप 'सखी' में स्थित 'ख' के स्थान पर 'ह्' की* प्राप्ति और ३-२६ से संस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से—'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *'सहीअ-सहीआ-सहीइ* और *सहीए'* सिद्ध हो जाते हैं।

*सख्या* संस्कृत षष्ठ्यन्त एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप सहीअ सहीआ सहीइ और सहीए होते हैं। इनमें 'सही' रूप की साधनिका उपरोक्त रीति से और ३-२६ से संस्कृतीय षष्ठ्यन्त एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *'सहीअ-सहीआ-सहीइ* और *सहीए'* सिद्ध हो जाते हैं।

*'कय'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है।

*'वयणं'* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२२८ में की गई है।

*'ठिअं'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६ में की गई है।

*धेन्वा* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ और धेणूए होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२८ से मूल संस्कृत शब्द 'धेनु' में स्थित 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, ३-२६ से संस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति और इसी सूत्र से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *'धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ* और *धेणूए* सिद्ध हो जाते हैं।

*धेन्वा* संस्कृत षष्ठ्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ और धेणूए होते हैं। इनमें धेणू रूप की साधनिका उपरोक्त रीति से एवं सूत्र-संख्या ३-२६ से ही षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में 'अ-आ इ ए' प्रत्ययों की क्रमिक प्राप्ति और इसी सूत्र से अन्त्य स्वर को दीर्घता की प्राप्ति होकर क्रम चारों रूप *'धेणूअ-धेणूआ-धेणूइ* और *धेणूए'* सिद्ध हो जाते हैं।

*धेन्वाम्* संस्कृत सप्तम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप धेणुअ, धेणुआ, धेणुइ और धेणुए होते हैं। इन रूपों की साधनिका उपरोक्त रीति से एव सूत्र संख्या ३-२९ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप '*धेणुअ, धेणुआ,* धे.. और धेणुए सिद्ध हो जाते हैं।

'*कयं*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१२६* में की गई है।

'*दुहं*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-७७* में की गई है।

'*ठिअं*' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१ १६* में की गई है।

*वध्वा* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप वहूअ, वहूआ, वहूइ और वहूए होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १८७ से मूल संस्कृत रूप 'वधू' में स्थित 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-२९ से संस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ-आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप '*वहूअ, वहूआ, वहूइ और वहूए*' सिद्ध हो जाते हैं।

*वध्वा* संस्कृत षष्ठयन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप वहूअ, वहूआ, वहूइ और वहूए होते हैं इनमें 'वहू' रूप की प्राप्ति उपरोक्त रीति से एव ३ २९ से संस्कृतीय षष्ठयन्त एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *वहूअ, वहूआ, वहूइ* और *वहूए* सिद्ध हो जाते हैं।

*वध्वाम्* संस्कृत सप्तम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप वहूअ, वहूआ, वहूइ और वहूए होते हैं। इन रूपों की साधनिका उपरोक्त रीति से और ३-२९ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *वहूअ, वहूआ, वहूइ* और *वहूए* सिद्ध हो जाते हैं।

'*कयं*' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-१२६* में की गई है।

*भवनम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप भवणं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त 'म्' का अनुस्वार होकर *भवणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*ठिअं*' —रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१६* में की गई है।

*मुग्धायाः* —संस्कृत षष्ठ्यन्त एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धाअ, मुद्धाइ, मुद्धाए, मुद्धाओ, मुद्धाउ और मुद्धाहिन्तो होते हैं। इनमें *मुद्धा* रूप तक की सिद्धि इसी सूत्र में उपरोक्तानुसार

और ३-२६ से प्रथम-द्वितीय-तृतीय रूपों में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत में 'अ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर आदि के तीन रूप *'मुद्धाअ-मुद्धाइ और मुद्धाए'* सिद्ध हो जाते हैं। शेष तीन रूपों में सूत्र-संख्या ३-१२४ के अधिकार से एवं ३-८ से संस्कृतीय पंचमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत मे क्रम से 'ओ उ हिन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर अन्त के तीन रूप *'मुद्धाओ-मुद्धाउ और मुद्धाहिन्तो'* भी सिद्ध हो जाते हैं।

*बुद्ध्या* —संस्कृत पञ्चम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप बुद्धीअ, बुद्धीआ, बुद्धीइ और बुद्धीए होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ३-२९ से संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत में 'अ आ-इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर एवं अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को इसी सूत्र से 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *बुद्धीअ-बुद्धीआ-बुद्धीइ और बुद्धीए* सिद्ध हो जाते हैं।

*सख्या*,—संस्कृत पञ्चम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप सहीअ, सहीआ, सहीइ और सहीए होते हैं। इनमें 'सही' रूप तक की साधनिका इसी सूत्र में वर्णित रीति अनुसार और ३-२९ से संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत म 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप *'सहीअ-सहीआ सहीइ और सहीए'* सिद्ध हो जाते हैं।

*धेन्वा* —संस्कृत पञ्चम्यन्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए, धेणूओ, धेणूउ और धेणूहिन्तो होते हैं। इनमें 'धेणु' रूप तक की साधनिका ऊपर इसी सूत्र मे वर्णित रीति अनुसार और ३-२९ से आदि के चार रूपों में संस्कृतीय पंचमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ-इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति एवं इसी सूत्र से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर आदि के चार रूप *'धेणूअ धेणूआ धेणूइ और धेणूए'* सिद्ध हो जाते हैं।

अन्त के तीन रूपों में सूत्र संख्या ३-१२४ के अधिकार से एवं ३-८ के विधान से पंचमी विभक्ति के एक वचन में "ओ-उ हिन्तो" प्रत्ययों की क्रमिक प्राप्ति तथा ३ १२ से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर "ऊ" की प्राप्ति होकर अन्त के तीन रूप *"धेणूओ, धेणूउ और धेणूहिन्तो"* भी सिद्ध हो जाते हैं।

*वध्वा*, संस्कृत पञ्चम्यन्त एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप वहूअ, वहूआ, वहूइ और वहूए होते हैं। इनमें "वहू" रूप तक की सिद्धि इसी सूत्र में वर्णित रीति अनुसार और ३-२९ से संस्कृतीय पञ्चमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "ङसि" के स्थान पर प्राकृत में क्रम से "अ आ-इ ए" प्रत्ययों की प्राप्ति होकर चारों रूप क्रम से *"वहूअ-वहूआ-वहूइ और वहूए"* सिद्ध हो जाते हैं।

*"आगओ"* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है।

*रत्या* संस्कृत पञ्चम्यन्त एक वचन का रूप है। इस के प्राकृत रूप रईओ, रईउ और रईहिन्तो

होते हैं। इन में सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द "रति" में स्थित "त्" का लोप, ३ ८ से संस्कृत पञ्चमी विभक्ति के वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "ङसि" के स्थानपर प्राकृत में क्रम से 'ओ, उ और हिन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति और ३ १२ से शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से तीनों रूप 'रईओ, रईउ, और रईहिन्तो' सिद्ध हो जाते हैं।

'वच्छेण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२७ में की गई है।

'वच्छस्स' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ २४१ में की गई है।

'वच्छम्मि' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-११ में की गई है।

'वच्छाओ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१२ में की गई है।

*मुग्धा*—संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप मुद्धा होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ७७ से हलन्त 'ग' का लोप, २ ८९ से 'ध्' को द्वित्व 'ध् ध्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति, ४ ४४८ से संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' ('इ' की इत्संज्ञा होने से ) स्' की प्राप्ति, और १-११ से प्राप्त अन्त्य हलन्त 'स्' का लोप होकर प्राकृत रूप मुद्धा सिद्ध हो जाता है।

'बुद्धी' —रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ १८ में की गई है।

*सखी* —संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप सही होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख्' के स्थान पर ह्' की प्राप्ति, ४ ४४८ से संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि= ('इ' की इत्संज्ञा होने से ) = स्' की प्राप्ति और १-११ से प्राप्त अन्त्य हलन्त 'स्' का लोप होकर प्राकृत रूप सही सिद्ध हो जाता है।

धेणू- रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१९ में की गई है।

वधू संस्कृत प्रथमान्त एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप वहू होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, ४-४४८ से संस्कृतीय प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि= ('इ' की इत्संज्ञा होने से ) स् की प्राप्ति और १ ११ से प्राप्त अन्त्य हलन्त 'स्' का लोप होकर प्राकृत रूप 'वहू' सिद्ध हो जाता है। ३-२९॥

## नात आत् ॥३—३०॥

स्त्रियां वर्तमानादादन्तान्नाम्नः परेषां टा ङस् ङि ङसीनामादादेशो न भवति॥ मालाअ। मालाइ। मालाए कयंसुहं ठिअं आगओ वा॥

*अर्थ*—प्राकृत भाषा में आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में तृतीया-विभक्ति के एक वचन में, पचमी विभक्ति के एक वचन में, षष्ठी विभक्ति के एक वचन में और सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा-ङसि-ङस और ङि' के स्थान पर सूत्र सख्या ३-२६ से जो क्रमिक चार आदेश-प्राप्त प्रत्यय "अ आ इ और ए" प्राप्त होते हैं, उनमें से "आ" प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है। किन्तु तान प्रत्ययों की ही प्राप्ति होती है जो कि इस प्रकार हैं—"अ इ और ए। साराश यह है कि आकारान्त स्त्रीलिंग में 'आ' प्रत्यय नहीं होता है जैसे—क्रमिक उदाहरण—तृतीया विभक्ति के एक वचन में—मालया कृतम्=मालाअ, मालाइ और मालाए कय, पचमी विभक्ति के एक वचन में—मालाया आगत = मालाअ, मालाइ और मालाए आगओ। वैकल्पिक पक्ष होने से मालत्तो, मालाओ, मालाउ और मालाहिंतो आगओ भी होते हैं।

षष्ठी वभक्ति के एक वचन में—मालाया सुखं=मालाअ, मालाइ और मालाए सुह। सप्तमी विभक्ति के एक वचन में—मालायाम् स्थितम्=मालाअ, मालाइ, मालाए ठिअ। इस प्रकार से सभी आकारान्त स्त्रीलिंग रूपों में 'अ इ-ए' प्रत्ययो की ही प्राप्ति जानना और 'आ' प्रत्यय का निषेध समझना।

*मालया-मालाया-मालाया मालायाम्* सस्कृत क्रमिक तृतीयान्त पञ्चम्यन्त-षष्ठयन्त और सप्तम्यन्त एक वचन रूप हैं। इन सभी के स्थान पर प्राकृत में एक रूपता, वाले ये तीन रूप 'मालाअ-मालाइ और मालाए होते हैं। इनमें सूत्र सख्या ३ २६ से सस्कृतीय क्रमिक-प्रत्यय 'टा ङसि ङस्-ङि' के स्थान पर आदेश रूप 'अ आ इ और ए' प्रत्ययों की क्रमिक प्राप्ति और ३-३० से 'आ' प्रत्यय की निषेध-अवस्था प्राप्त होकर क्रमिक तीनों रूप *'मालाअ मालाइ* और *मालाए'* उपरोक्त सभी विभक्तियों के एक वचन में सिद्ध हो जाते हैं।

*'कय'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १ १२६ में की गई है।

*'सुह'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१८ में की गई है।

*आगओ'* रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या १ २०९ में की गई है।

*'ठिअ'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-१६ में की गई है।

*'वा'* (अव्यय) रूप की सिद्धि सूत्र सख्या १-६७ में की गई है ॥३-३०॥

## प्रत्यये ङीर्न वा ॥३-३१॥

अणादि सूत्रेण-(हे० २-४) प्रत्यय निमित्तो यो ङीरुक्तः स स्त्रियां वर्तमानान्नाम्नोः वा भवति ॥ साहणी । कुरुचरी । पक्षे । आत्- (हे०२-४) इत्याप् । साहणा ॥ कुरुचरा ॥

अर्थ.—प्राकृत भाषा के पुल्लिंग अथवा नपुंसक लिंग वाले शब्दों को नियमानुसार स्त्रीलिंग में परिवर्तन करने के लिए हेमचन्द्र व्याकरण के सूत्र संख्या २८४ से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङी=ई' के स्थान पर (प्राकृत में) 'ई' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है। जैसे - (साधन + ई =) साधनी=साहणी अथवा वैकल्पिक पक्ष होने से साहणा। (कुरुचर + ई=) कुरुचरी=कुरुचरी अथवा वैकल्पिक पक्ष होने से कुरुचरा। इन उदाहरणों में 'स्त्रीलिंग प्रत्यय' रूप से दीर्घ 'ई' और 'आ' की क्रमिक रूप से प्राप्ति हुई है। अत इस सूत्र में यह सिद्धान्त निश्चित किया गया है कि प्राकृत-भाषा में 'स्त्रीलिंग रूप' निर्माण करने में नित्य 'ई' की ही प्राप्ति नहीं होती है, किन्तु 'आ' की प्राप्ति भी हुआ करती है।

(साधन + ई)= साधनी संस्कृत प्रथमान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप साहणी और साहणा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, ३ ३१ से 'स्त्रीलिंग रूपार्थक होने से' स्त्री प्रत्यय 'ई' की वैकल्पिक प्राप्ति होने से (साधन में) क्रम से 'ई' और 'आ' प्रत्ययों की प्राप्ति और १ ११ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर क्रम से दोनों रूप *साहणी* और *साहणा* सिद्ध हो जाते हैं।

(कुरुचर + ई=) कुरुचरी देशज प्रथमान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप कुरुचरी और कुरुचरा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३ ३१ से 'स्त्रीलिंग रूपार्थक होने से' स्त्री-प्रत्यय 'ई' की वैकल्पिक प्राप्ति होने से -(कुरुचर=में) क्रम से 'ई' और 'आ' प्रत्ययों की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर क्रम से दोनों रूप *कुरुचरी* और *कुरुचरा* सिद्ध हो जाते हैं। ३ ३१॥

## अजातेः पुंसः ॥३—३२॥

**अजातिवाचिनः पुल्लिङ्गाद् स्त्रियां वर्तमानाद् ङीर्वा भवति ॥ नीली नीला। काली काला। हसमाणी हसमाणा। सुप्पणही सुप्पणहा। इमीए इमाए। इमीणं इमाणं। एईए एआए। एईणं एआण। अजातेरिति किम्। करिणी। अया। एलया ॥ अप्राप्ते-विभाषेयम्। तेन गोरी कुमारी इत्यादौ संस्कृतवन्नित्यमेव ङीः।**

अर्थ —जाति वाचक संज्ञा वालों के अतिरिक्त संज्ञा वाले, विशेषण वाले, और सर्वनाम वाले शब्दों में पुल्लिंग से स्त्रीलिंग रूप में परिवर्तन करने हेतु 'ङी = ई' प्रत्यय की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। जैसे -नीला=नीली अथवा नीला, काला = काली अथवा काला, हसमाना = हसमाणी अथवा हसमाणा, शूर्पणखा=सुप्पणही अथवा सुप्पणहा, अनया=इमाए अथवा इमाए अर्थात् इस (स्त्री) के द्वारा, आसाम्=इमीणं अथवा इमाण अर्थात् इन (स्त्रियों) का, एतया=एईए अथवा एआए अर्थात् इस

(स्त्री) से; एतासाम्=एईण अथवा एआण अर्थात् इन (स्त्रियों) का, इन उदाहरणों में ऐसा समझाया गया है कि जिन संस्कृत स्त्रीलिंग शब्दों में स्त्रीलिंग वाचक प्रत्यय 'आ' की प्राप्ति हुई है, उन स्त्रीलिंग वाले शब्दों में प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'ई' प्रत्यय की प्राप्ति भी हुआ करती है। यों आकारान्त स्त्रीलिंग वाले अन्य शब्दों के सम्बन्ध में भी जान लेना चाहिये।

*प्रश्न*—जाति वाचक आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में अन्त्य 'आ' प्रत्यय के स्थान पर 'ई' प्रत्यय की प्राप्ति का निषेध क्यों किया गया है ?

उत्तर—जाति वाचक आकारान्त स्त्रीलिंग में अन्त्य 'आ' को 'ई' की प्राप्ति कभी भी नहीं होती है, इसी प्रकार से 'ईकारान्त' को भी 'आकारान्त' की प्राप्ति नहीं होती है। अतएव उसकी प्राप्ति का निषेध ही प्रदर्शित करना आवश्यक होने से 'अजाते' अर्थात् 'जाति वाचक स्त्रीलिंग शब्दों को छोड़ कर' ऐसा मूल-सूत्र में विधान करना पड़ा है। जैसे—करिणी = करिणी अर्थात् हथिनी। यह उदाहरण ईकारान्त स्त्रीलिंग का है, इसमें 'आकारान्त' का अभाव प्रदर्शित किया गया है। अजा=अया अर्थात् बकरी और एलका=एलया अर्थात् बड़ी इलायची; इत्यादि इन उदाहरणों से प्रतीत होता है कि आकारान्त जाति वाचक स्त्रीलिंग शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर में अन्त्य 'आ' को 'ई' की प्राप्ति नहीं होती है। यों यह सिद्धान्त निर्धारित हुआ कि जाति वाचक स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त्य 'आ' को 'आ' ही रहता है तथा यदि अन्त्य 'ई' हुई तो उस 'ई' को भी 'ई' ही रहता है।

प्राकृत भाषा में अनेक स्त्रीलिंग शब्द ऐसे भी पाये जाते हैं, जो कि जाति वाचक नहीं हैं, फिर भी उनमें अन्त्य 'आ' का अभाव है और अन्त्य 'ई' का सद्भाव है, ऐसे शब्दों के संबंध में वृत्ति में कहा गया है कि 'उन शब्दों को विभाषा वाले—अन्य भाषा वाले' जानना, अर्थात् ईकारान्त स्त्रीलिंग वाले ऐसे शब्दों को अन्य भाषा से आये हुए एवं प्राकृत भाषा में 'रूढ़ हुए' जानना। जैसे—गौरी=गोरी और कुमारी=कुमारी। ऐसे शब्द प्राकृत भाषा में रूढ़ जैसे हो गये हैं, और इनके वैकल्पिक रूप 'गोरा अथवा कुमारा' जैसे नहीं बनते हैं। ऐसे नित्य ईकारान्त शब्दों में संस्कृत के समान ही 'स्त्रीलिंग वाचक' प्रत्यय 'ई' की प्राप्ति ही हुआ करती है।

*नीला*—संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप नीली और नीला होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-३२ से 'स्त्रीलिंग वाचक अर्थ में' अन्त्य 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप '*नीली*' और '*नीला*' सिद्ध हो जाते हैं।

*काला*—संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप काली और काला होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-३२ से 'स्त्रीलिंग वाचक अर्थ में' अन्त्य 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप '*काली*' और *काला* सिद्ध हो जाते हैं।

'*हसमाना*—संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप हसमाणी और हसमाणा होते हैं। इनमें सूत्र-

सख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३ ३२ से 'स्त्रीलिंग वाचक अर्थ में' अन्त्य 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हसमाणी* और *हसमाणा* सिद्ध हो जाते है।

*शूर्पणखा* —सस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप सुप्पणही और सुप्पणहा होते है। इनमें सूत्र संख्या १ २६० से 'श्' के स्थान पर स की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २ ७९ से र् का लोप, २ ८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-१८७ से 'ख' के स्थान पर ह की प्राप्ति और ३ ३२ से 'स्त्रीलिंग वाचक अर्थ' में अन्त्य 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *सुप्पणही* और *सुप्पणहा* सिद्ध हो जाते हैं।

*अनया* सस्कृत तृतीयान्त एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप इमीए और इमाए होते हैं। इनमें सूत्र सख्या-३ ७२ से "इदम्" सर्वनाम के स्त्रीलिंग रूप "इयम्" के स्थान पर प्राकृत में "इमा" रूप की प्राप्ति, ३-३२ से "स्त्रीलिंग वाचक-अर्थ" में अन्त्य "आ" के स्थान पर वैकल्पि रूप से "ई" की प्राप्ति और ३-२९ से सस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "टा" के स्थान पर 'ए" की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *इमीए* और *इमाए* सिद्ध हो जाते हैं।

*आसाम्* सस्कृत षष्ठ्यन्त बहुवचन सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप इमीणं और इमाणं होते हैं। इनमें सूत्र-सख्या ३-७२ से "इदम्" सर्वनाम के स्त्रीलिंग रूप "इयम्" के स्थान पर प्राकृत में "इमा" रूप की प्राप्ति, ३-३२ से "स्त्रीलिंग वाचक अर्थ" में अन्त्य "आ" के स्थान पर वैकल्पिक रूप से "ई" की प्राप्ति, ३ ६ से सस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में प्राप्त प्रत्यय "आम्" के स्थान पर प्राकृत में "ण" प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति और १ २७ से प्राप्त प्रत्यय "ण" पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *इमीण* और *इमाण* सिद्ध हो जाते हैं।

*एतया* सस्कृत तृतीयान्त एक वचन सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप एईए और एआए होते हैं। इनमें सूत्र सख्या १ ११ मूल सस्कृत सर्वनाम "एतत्" में स्थित अन्त्य हलन्त "त्" का लोप, १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप, ३ ३१ की वृत्ति से और ३-३२ से "स्त्रीलिंग वाचक अर्थ" में क्रम से और वैकल्पिक रूप से शेष अन्त्य "अ" के स्थान पर "आ" एवं "ई" की प्राप्ति और ३ २९ से संस्कृतीय तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "टा" के स्थान पर "ए" की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप एईए और एआए सिद्ध हो जाते हैं।

*आसाम्* सस्कृत षष्ठ्यन्त बहुवचन सर्वनाम स्त्रीलिंग रूप है। इसके प्राकृत रूप एईणं और एआणं होते हैं। इनमें "एई" और "एआ" रूपों की साधनिका उपरोक्त इसी सूत्र में वर्णित रीति अनुसार, ३-६ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "आम्" के स्थान पर प्राकृत

में "ण" प्रत्यय की आदेश प्राप्ति और १ २७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण" पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *एईण* और *एआण* सिद्ध हो जाते हैं।

*करिणी* संस्कृत स्त्रीलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप (भी) करिणी ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ ४४८ से यथा रूप वत् स्थिति की प्राप्ति होकर *करिणी* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अजा* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अया होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से "ज्" का लोप और १ १८० से लोप हुए "ज्' के पश्चात् शेष रहे हुए "आ" के स्थान पर "या" की प्राप्ति होकर *अया* रूप सिद्ध हो जाता है।

*एलका* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप एलया होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से "क" के पश्चात् शेष रहे हुए "आ" के स्थान पर "या" की प्राप्ति होकर *एलया* रूप सिद्ध हो जाता है।

*गौरी* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गोरी होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १५६ से "औ" के स्थान पर "ओ" की प्राप्ति होकर *गोरी* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कुमारी* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप (भी) कुमारी ही होता है। इसम सूत्र संख्या ४ ४४८ से *यथा रूप वत्त स्थिति की प्राप्ति होकर कुमारी रूप सिद्ध हो जाता है।*

## किं-यत्तदोस्य मामि ॥ ३-३३ ॥

"सि अम् आम्" वर्जिते स्यादौ परे एभ्यः स्त्रियां ङी र्वा भवति ॥ कीओ। काओ। कीए। काए। कीसु। कासु। एवं। जीओ। जाओ। तीओ। ताओ। इत्यादि ॥ *अस्य मामीति किम्*। का। जा। सा। कं। जं। तं। काण। जाण। ताण ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम 'किम्", "यत' और "तत" के प्राकृत स्त्रीलिंग रूप "का", "जा" और "सा अथवा ता" में *प्रथमा विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय "सि"*, *द्वितीया विभक्ति के एक वचन* के प्रत्यय "अम्" और षष्ठी विभक्ति के बहु वचन के प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्ययों को छोड़ कर अन्य विभक्तियों के प्राकृत प्रत्यय प्राप्त होने पर इन आकारान्त 'का-जा सा अथवा ता' सर्वनामों के अन्त्य 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ई' की प्राप्ति होकर इनका रूप 'की जी और ती' भी हो जाया करता है। इनके क्रमिक उदाहरण इस प्रकार हैं —का =कीओ अथवा काओ, कया=कीए अथवा काए, कासु=कीसु अथवा कासु। या.=जीओ अथवा जाओ और ता.=तीओ अथवा ताओ इत्यादि ॥

प्रश्न —'सि , 'अम्' और 'आम' प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर इन आकारान्त सर्वनामों में अर्थात् 'का' 'जा' और 'सा अथवा ता' में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ई' की प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा

क्यों कहा गया है ?

उत्तर —चूँकि प्राकृत-साहित्य मे अथवा प्राकृत भाषामें इन आकारान्त सर्वनामों में 'ङि, 'अम्' और 'आम्' प्रत्ययों के प्राप्त होने पर अन्त्य 'आ' की स्थिति ज्यों की त्यों ही बनी रहती है, अतएव ऐसा ही विधान करना पड़ा है कि प्रथमा विभक्ति के एक वचन में, द्वितीया विभक्ति के एक वचन में और षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में इन आकारान्त सर्वनामों के अन्त्य 'आ' को 'ई' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से भी नही होती है। उदाहरण इस प्रकार है —का=का; काम्=क और कासाम्=काण, या=जा, याम्=ज और यासाम्=जाण, सा=सा, ताम् = त और तासाम्=ताण ॥

*काः* संस्कृत स्त्रीलिंग प्रथमा-द्वितीया बहुवचनान्त सर्वनाम रूप है, इसके प्राकृत रूप कीओ और और काओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' का लोप, ३-३१ और ३-३२ से शेष रूप 'कि' में वैकल्पिक रूप से तथा क्रम से 'स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय' 'ङी' और 'आप्=आ' की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'ङी' अथवा 'आप=आ' के पूर्वस्थ 'कि' में स्थित 'इ' की इत्संज्ञा होने से लोप होकर क्रम से 'की' और 'का' रूप की प्राप्ति, और ३-२७ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्-शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *कीओ* और *काओ* सिद्ध हो जाते हैं।

*कया* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप कीए और काए होते हैं। इनमे 'की' और 'का' तक रूप की साधनिका उपरोक्त रीति अनुसार और ३-२९ से तृतीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *कीए* और *काए* सिद्ध हो जाते हैं।

*कासु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप कीसु और कासु होते हैं। इनमें 'की' और 'का' तक रूप की साधनिका उपरोक्त रीति अनुसार और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *कीसु* और *कासु* सिद्ध हो जाते हैं।

*याः* संस्कृत स्त्रीलिंग प्रथमा द्वितीया बहुवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप जीओ और जाओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'यत्' में स्थित अन्त्य हलन्त 'त्' का लोप, १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, ३-३१ और ३-३२ से 'स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय' 'ङी' और 'आप्' की क्रम से प्राप्ति, तदनुसार 'ङी' और 'आ' प्रत्यय प्राप्त होने पर प्राप्त प्राकृत रूप 'ज' में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप होकर क्रम से 'जी' और 'जा' रूप की प्राप्ति एवं ३-२७ से प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्-शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *जीओ* और *जाओ* सिद्ध हो जाते हैं।

*ता* संस्कृत स्त्रीलिंग प्रथमा द्वितीया बहुवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप तीओ और ताओ होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तत्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन "त्" का लोप, ३-३१ और ३ ३२ से "स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय" "ङी" और "आप्=आ" की क्रम से प्राप्ति, तदनुसार "ङी" और "आ" प्रत्यय प्राप्त होने पर प्राप्त प्राकृत रूप "त" में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होने से लोप होकर क्रम से "ती" और "ता" रूपों की प्राप्ति एवं ३ २७ से प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्-शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *तीओ* और *ताओ* सिद्ध हो जाते हैं।

"*का*" संस्कृत प्रथमा एक वचनान्त स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी "का" ही होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द "किम" में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन "म्" का लोप, ३ ३१ से "स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय" "आप्=आ" की प्राप्ति, तदनुसार पूर्व प्राप्त प्राकृत रूप "कि" में स्थित अन्त्य स्वर 'इ' की इत्संज्ञा होकर लोप एवं शेष हलन्त "क" में प्राप्त प्रत्यय "आ" की संधि होकर "का" रूप की प्राप्ति, ४-४४८ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय "सि=स्" की प्राप्ति और १ ११ से अन्त्य प्राप्त हलन्त प्रत्यय रूप व्यञ्जन "स" का लोप होकर "*का*" रूप सिद्ध हो जाता है।

"*या*" संस्कृत प्रथमा एक वचनान्त स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप "जा" होता है। इसमें सूत्र संख्या १ ११ से मूल संस्कृत शब्द "यत्" में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन "त्" का लोप, १ २४५ से "य" के स्थान पर "ज" की प्राप्ति, ३ ३१ से 'स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय" "आप्"='आ' की प्राप्ति, तदनुसार पूर्व प्राप्त प्राकृत रूप "ज" में स्थित अन्त्य स्वर "अ" की इत्संज्ञा होकर लोप एवं शेष हलन्त 'ज" में प्राप्त प्रत्यय "आ" की संधि होकर 'जा' रूप की प्राप्ति, ४-४४८ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय "सि=स् की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य प्राप्त हलन्त प्रत्यय रूप व्यञ्जन "स्' का लोप होकर "*जा*" रूप सिद्ध हो जाता है

"*सा*" स्त्रीलिंग सर्व नाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-३३* में की गई है।

"*काम्*" संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग सर्व नाम रूप है। इसका प्राकृत रूप "कं" होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-३६ से मूल संस्कृत स्त्रीलिंग रूप "का' में स्थित "आ" के स्थान पर "अ" की प्राप्ति और ३ ५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय "अम्" के स्थान पर "म्" की प्राप्ति एवं १-२३ से प्राप्त 'म्" का अनुस्वार होकर "*कं*" रूप सिद्ध हो जाता है।

"*याम्*" संस्कृतद्वितीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप "जं" होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ ३६ से मूल संस्कृत स्त्रीलिंग रूप "या" में स्थित 'आ' के स्थान पर "अ" की प्राप्ति, १ २४५ से प्राप्त "य" के स्थान पर "ज" की प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त 'कं' के समान ही होकर "*जं*" रूप सिद्ध हो जाता है।

"ताम्" संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन-स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप ' होता है इसमें सूत्र संख्या ३-३६ से मूल संस्कृत स्त्रीलिंग रूप 'ता' में स्थित "आ" के स्थान पर 'अ' प्राप्ति और शेष साधनिका उपरोक्त 'क' के समान ही होकर "त" रूप सिद्ध हो जाता है।

"कासाम्" संस्कृत षष्ठयन्त बहुवचन स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप "का होता है। इसमें सूत्र-संख्या-३-६ से मूल संस्कृत स्त्रीलिंग रूप "का" के प्राकृत रूप "का" में संस्कृ षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "आम्" के संस्कृत विधानानुसार प्राप्त स्थानीय रूप "सा के स्थान पर प्राकृत में "ण" प्रत्यय की प्राप्ति होकर "काण" रूप सिद्ध हो जाता है।

"यासाम्" संस्कृत षष्ठयन्त बहु वचन स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'जा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १ २४५ से "य" के स्थान पर "ज" की प्राप्ति और ३ ६ से संस्कृतीय ष विभक्ति के बहु वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "आम्=साम् के स्थान पर प्राकृत में "ण" प्रत्यय की प्रा होकर "जाण" रूप सिद्ध हो जाता है।

"तासाम्" संस्कृत षष्ठयन्त बहु वचन स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप "ता होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३ ६ से संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के बहु वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "आम साम् के स्थान पर प्राकृत में "ण" प्रत्यय की प्राप्ति होकर "ताण" रूप सिद्ध हो जाता है। ३ ३३

## छाया–हरिद्रयोः ॥ ३–३४ ॥

अनयो राप्-प्रसङ्गे नाम्नः स्त्रिया ङीर्वा भवति ॥ छाही छाया । हलद्दी हलद्दा ॥

*अर्थ*—संस्कृत स्त्रीलिंग शब्द 'छाया' और 'हरिद्रा' के प्राकृत रूपान्तर में अन्त्य 'आ' के स्था पर वैकल्पिक रूप से 'ङी=ई' की प्राप्ति होती है। जैसेः—छाया=छाही और छाया तथा हरिद्रा=हल और हलद्दा। संस्कृत में 'छाया' और 'हरिद्रा' नित्य रूप से आकारान्त स्त्रीलिंग हैं, जब कि ये श प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'ईकारान्त' हो जाते हैं, इसीलिये ऐसा विधान बनाने की आवश्य पड़ी है।

'छाही' और 'छाया' रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १–२४९ में की गई है।

'हलद्दी' और 'हलद्दा' रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १–८८ में का गई है। ॥३-३४॥

## स्वस्रादेर्डा ॥ ३–३५ ॥

स्वस्रादेः स्त्रियां वर्तमानात् डा प्रत्ययो भवति ॥ ससा । नणन्दा । दुहिआ दुहिआहिं । दुहिआसु । दुहिआ-सुओ । गउआ ॥

*अर्थ*—स्वसृ, ननान्दृ और दुहितृ आदि ऋकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'डा=आ' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय 'डा' में 'ड' इत्संज्ञक होने से ऋकारान्त शब्दों के अन्त्य 'ऋ' का लोप होकर तत्पश्चात् उसके स्थान पर 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होने से ये शब्द प्राकृत में आकारान्त स्त्रीलिंग वाले बन जाते हैं। जैसे—स्वसृ=ससा, ननान्दृ=नणन्दा दुहितृ=दुहिआ, दुहितृभि=दुहिआहिं, दुहितृषु=दुहिआसु और दुहितृ-सुत=दुहिआ-सुओ। इत्यादि।

'गउआ' शब्द 'गउऋ' से नही बना है, किन्तु सूत्र-संख्या १-५४ में वर्णित 'गवय' से बनता है अथवा १ १५८ में वर्णित 'गो' से बनता है, इसी प्रकार से अन्य आकारान्त शब्दों के संबंध में भी विचार कर लेना चाहिये, जिससे कि भ्रान्ति न हो। इसी विशेषता को प्रकट करने के लिये ऋकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के प्रसंग में इस 'गऊआ' शब्द को भी लिखना आवश्यक समझा गया है।

*स्वसा* संस्कृत के स्वसृ शब्द के प्रथमान्त एक वचन का स्त्रीलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'ससा' होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'व्' का लोप, ३ ३५ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, ४ ४४८ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय 'सि=स' की प्राप्ति और १-११ से प्राप्त प्रत्यय स् का लोप होकर *ससा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*ननान्दा* संस्कृत के 'ननान्दृ' शब्द के प्रथमान्त एक वचन का स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप "नणन्दा" होता है। इसमें सूत्र-संख्या-१-२२८ से द्वितीय "न्" के स्थान पर "ण" की प्राप्ति, १-८४ से "आ" के स्थान पर "अ" की प्राप्ति, ३-३५ से अन्त्य "ऋ" के स्थान पर "आ" की प्राप्ति, और शेष साधनिका उपरोक्त "ससा" के समान ही क्रम से सूत्र-संख्या ४-४४८ से एवं १-११ से होकर *"नणन्दा"* रूप सिद्ध हो जाता है।

*"दुहिआ"* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२६ में की गई है।

दुहितृभि' संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन स्त्रीलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप दुहिआहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से "त" का लोप, ३-३५ से लोप हुए "त्" के पश्चात् शेष रहे हुए "ऋ" के स्थान पर "आ" की प्राप्ति और ३-७ से संस्कृतीय तृतीया-विभक्ति के बहु वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "भि" के स्थान पर प्राकृत में "हिं" प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *दुहिआहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुहितृषु संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप दुहिआसु होता है। इसमें "दुहिआ" रूप की साधनिका उपरोक्त रीति अनुसार और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहु वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय "सु" की प्राकृत में भी प्राप्ति होकर *दुहिआसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

दुहितृ-सुत संस्कृत तत्पुरुष समासात्मक प्रथमान्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप

दुहिआ-सुओ होता है। इसमें "दुहिआ" रूप की साधनिका उपरोक्त रीति अनुसार १-१७७ से द्वितीय "त्" का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय "सि" के स्थान पर "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति, "सुअ" के अन्त्य "अ" की इत्संज्ञा होकर लोप एवं तत्पश्चात् "ओ" प्रत्यय की उपस्थिति होकर *दुहिआ-सुओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*"गउआ"* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-५४* में की गई है। ३-३५

## ह्रस्वो मि ॥ ३-३६ ॥

स्त्रीलिंगस्य नाम्नो मि परे ह्रस्वो भवति ॥ मालं । नइं । वहुं । हसमाणिं । हसमाणं पेच्छ ॥ अमीति किम् ॥ माला । सही । वहू ॥

*अर्थ*-प्राकृत-भाषा में आकारान्त, दीर्घ ईकारान्त और दीर्घ ऊकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों में द्वितीया विभक्ति के एक वचन का प्रत्यय "अम्=म" प्राप्त होने पर दीर्घ स्वर का ह्रस्व स्वर हो जाता है। जैसे,- संस्कृत-मालाम् का प्राकृत में मालं, नदीम्=नइं, वधूम्= वहुं, हसमानीम्= हसमाणिं, हसमानाम् पश्य=हसमाणं पेच्छ। इत्यादि।

*प्रश्न*- "दीर्घ स्वरान्त स्त्रीलिंग शब्दों में द्वितीया विभक्ति बोधक एक वचन म्" प्रत्यय प्राप्त होने पर दीर्घ स्वर का ह्रस्व स्वर हो जाता है" ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर -क्योंकि प्रथमा आदि अन्य विभक्ति बोधक प्रत्ययों के प्राप्त होने पर स्त्रीलिंग में दीर्घ स्वर का ह्रस्व स्वर नहीं होता है, किन्तु ह्रस्वता की प्राप्ति केवल द्वितीया विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ही होती है, अतएव ऐसे विधान का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे माला=माला, सखी= सही और वधूः=वहू। इन उदाहरणों में प्रथमान्त एक वचन का प्रत्यय प्राप्त हुआ है, किन्तु अन्त्य दीर्घ स्वर को ह्रस्व स्वर की प्राप्ति नहीं हुई है, इससे प्रमाणित होता है कि अन्त्य दीर्घ स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वर की प्राप्ति केवल द्वितीया विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय की प्राप्ति होने पर ही होती है, अन्यथा नहीं।

*मालाम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत-रूप *मालं* होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-३६ से द्वितीय "आ" के स्थान पर "अ" की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में "म्" प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय की "म्" का अनुस्वार होकर *"मालं"* रूप सिद्ध हो जाता है।

*नदीम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप नइं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप, ३-३६ से दीर्घ ईकार के स्थान पर ह्रस्व "इकार" की प्राप्ति, ३-५ से

द्वितीया विभक्ति के एक वचन में "म्" प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त "म्" का अनुस्वार होकर *तइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वधूम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन का स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप वहु होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से "ध्" के स्थान पर "ह" की प्राप्ति, ३-३६ से दीर्घ "ऊकार" के स्थान पर ह्रस्व "उकार" की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में "म्" प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त "म्" का अनुस्वार होकर *वहु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*हसमानीम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग का विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप हसमाणि होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१८१ से प्राकृत धातु 'हस' में संस्कृतीय वर्तमान कृदन्त में प्राप्तव्य प्रत्यय "आनच्" के स्थानीय रूप "मान" के स्थान पर प्राकृत में "माण" आदेश प्राप्ति, ३-३१ से तथा ३-३२ से प्राप्त प्रत्यय "माण" में स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय "ङी=ई" की प्राप्ति, एवं प्राप्त स्त्रीलिंग-अर्थक प्रत्यय "ङी" में "ङ" इत्संज्ञक होने से प्राप्त प्रत्यय "माण" में अन्त्य "अ" की इत्संज्ञा होकर लोप तथा "ई" प्रत्यय की हलन्त "माण्" में संयोजना होकर "हसमाणी" रूप की प्राप्ति, ३-३६ से दीर्घ 'ईकार' के स्थान पर ह्रस्व 'इकार' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एक वचन में "म्" प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त "म्" का अनुस्वार होकर *हसमाणिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*हसमानाम्* संस्कृत द्वितीयान्त एक वचन स्त्रीलिंग का विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप हसमाणं होता है। इसमें "हसमाण" तक की साधनिका उपरोक्त रीति-अनुसार, ३-३१ की वृत्ति से प्राप्त रूप "हसमाण" में स्त्रीलिंग अर्थक प्रत्यय "आ" की प्राप्ति, तदनुसार प्राप्त रूप "हसमाणा" में ३-३६ से अन्त्य "आ" के स्थान पर "अ" की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में "म्" प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त "म्" का अनुस्वार होकर "*हसमाणं*" रूप सिद्ध हो जाता है।

*पेच्छ* (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

"*माला*" रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१८२ में की गई है।

"*सही*" रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई है।

"*वहू*" रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२९ में की गई है। ३-३६ ॥

## नामन्त्र्यात्सौ मः ॥ ३-३७ ॥

आमन्त्र्यार्थात्परे सौ सति क्लीबे स्वरान्म् सेः (३-२५) इति यो म् उक्तः स न भवति ॥ हे तण। हे दहि। हे महु।

अर्थ —प्रथमा विभक्ति के प्रत्ययों की प्राप्ति संबोधन अवस्था में भी हुआ करती है, तदनुसार प्राकृत-भाषा के नपुंसक लिंग वाले शब्दों में संबोधन अवस्था में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "सि" के स्थान पर सूत्र-संख्या ३-२५ के अनुसार (प्राकृत में) प्राप्त होने वाले "म्" आदेश-प्राप्त प्रत्यय का अभाव हो जाता है। अर्थात् नपुंसक लिंग वाले शब्दों में संबोधन के एक वचन में प्रथमा में प्राप्तव्य प्रत्यय "म्" का अभाव होता है। जैसे —हे तृण=हे तण, हे दधि=हे दहि, और हे मधु=हे महु इत्यादि।

हे तृण ! संस्कृत संबोधन एकवचनान्त नपुंसक लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप "हे तण" होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२६ से "ऋ" के स्थान पर "अ" की प्राप्ति और ३-३७ से प्रथमा के समान ही संबोधन के एक वचन में प्राप्तव्य "सि" के स्थान पर आने वाले "म्" प्रत्यय का अभाव होकर "हे तण" रूप सिद्ध हो जाता है।

हे दधि ! संस्कृत संबोधन एकवचनान्त नपुंसक लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'हे दहि' होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-३७ से प्रथमा के समान ही संबोधन के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर आने वाले 'म्' प्रत्यय का अभाव होकर 'हे दहि' रूप सिद्ध हो जाता है।

हे मधु ! संस्कृत संबोधन एक वचनान्त नपुंसक लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप "हे महु" होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से "ध" के स्थान पर "ह" की प्राप्ति और ३-३७ से प्रथमा के समान ही संबोधन के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "सि" के स्थान पर आने वाले "म्" प्रत्यय का अभाव होकर "हे महु" रूप सिद्ध हो जाता है। ३-३७॥

## डो दीर्घो वा ॥ ३-३८ ॥

आमन्त्र्यार्थात्परे सौ सति अतः सेर्डोः (३-२) इति यो नित्यं डोः प्राप्तो यश्च अक्लीबे सौ (३-१९) इति इदुतोरकारान्तस्य च प्राप्तो दीर्घः स वा भवति॥ हे देव हे देवो। हे खमा-समण हे खमा-समणो। हे अज्ज हे अज्जो॥ दीर्घः। हे हरी हे हरि। हे गुरू हे गुरु। जाइ-विसुद्धेण पहू। हे प्रभो इत्यर्थः। एत्र दोण्णि पहू जिअ-लोए। पक्षे हे पहु। एषु प्राप्ते विकल्पः॥ इहत्व प्राप्ते हे गोअमा हे गोअम। हे कासवा हे कासव। रे रे चप्फलया। रे रे निग्घिणया॥

अर्थ —प्राकृत भाषा के अकारान्त पुल्लिंग शब्दों में संबोधन अवस्था में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सूत्र संख्या ३-२ के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय "सि" के स्थान पर आने वाले "डो"

प्रत्यय की प्राप्ति कभी होती है, और कभी कभी नहीं भी होती है। जैसे —हे देव !=हे देव ! अथवा हे देवो !, हे क्षमा-श्रमण !=हे खमा-समण ! अथवा हे खमा-समणो !, हे आर्य !=हे अज्ज ! अथवा हे अज्जो !।

इसी प्रकार से प्राकृत-भाषा के इकारान्त तथा उकारान्त पुल्लिग शब्दों में सबोधन अवस्था में प्रथमा-विभक्ति के एक वचन मे सूत्र सख्या ३-१९ के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय "सि" के स्थान पर प्राप्त होने वाले "अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घत्व" की प्राप्ति कभी होती है और कभी नहीं भी होती है। जैसे —हे हरे !=हे हरी ! अथवा हे हरि !, हे गुरो !=हे गुरू ! अथवा हे गुरु !, जाति विशुद्धेन हे प्रभो ! =जाइ-विसुद्धेण हे पहू ! इसी प्रकार से दूसरा उदाहरण इस प्रकार है —हे द्वौ जित लोक ! प्रभो !=हे दोण्णि जिअ-लोए पहू ! अर्थात हे दोनों लोकों को जीतने वाले ईश्वर ! अथवा वैकल्पिक पक्ष में 'हे प्रभो !' का 'हे पहु' भी होता है। इस प्रकार से इकारान्त और उकारान्त पुल्लिग शब्दों में सबोधन अवस्था के एक वचन में अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घत्व का प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है।

अकारान्त पुल्लिग शब्दों में भी सबोधन अवस्था के एकवचन में प्रथमा विभक्ति के एक वचन के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय 'ओ' के अभाव होने पर अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। जैसे —हे गौतम !=हे गोअमा ! अथवा हे गोअम ! हे कश्यप ! हे कासवा ! अथवा हे कासव ! इत्यादि। इस प्रकार उपरोक्त विधि विधानानुसार सबोधन-अवस्था के एकवचन में अकारान्त पुल्लिग शब्दों में तीन रूप हो जाते हैं, जो कि इस प्रकार हैं —(१) 'ओ' प्रत्यय होने पर, (२) वैकल्पिक रूप से 'ओ' प्रत्यय का अभाव होने पर मूल रूप की यथावत् स्थिति और (३) अन्त्य 'अ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से दीर्घत्व की प्राप्ति होकर 'आ' की उपस्थिति। जैसे—हे देव ! हे देवा ! हे देवो ! हे खमा समण ! हे खमासमणा ! हे खमासमणो ! हे गोअम ! हे गोअमा ! हे गोअमो ! इत्यादि ! विशेष रूप अकारान्त पुल्लिग शब्दों में भी सबोधन अवस्था के एक वचन में "ओ" प्रत्यय के अभाव होने पर अन्त्य "अ" को वैकल्पिक रूप से "आ" की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे – रे ! रे ! निष्फलक ! = रे ! रे ! चप्फलया ! अर्थात् अरे ! अरे ! निष्फल प्रवृत्ति करने वाले। रे ! रे ! निर्घृणक ! = रे ! रे ! निग्घिणया ! अर्थात् अरे ! अरे ! दयाहीन निष्ठुर इन उदाहरणों में सबोधन के एक वचन में अन्त्य रूप में "आत्व" की प्राप्ति हुई है। पक्षान्तर में "रे ! चप्फलय ! और रे ! निग्घिणय ! " भी होते हैं। यों सम्बोधन के एकवचन में होने वाली विशेषताओं को समझ लेनी चाहिये।

हे देव ! सस्कृत सबोधन एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे देव ! और हे देवो ! होते हैं। इनमें सूत्र सख्या ३-३८ से सम्बोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय "ओ" की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप-हे देव और हे देवो सिद्ध हो जाते हैं।

हे श्रमा-श्रमण ! संस्कृत संबोधन एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप हे खमा समण और हे खमा समणो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-७९ से 'श्र' में स्थित 'र्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र्' के पश्चात शेष रहे हुए 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय 'ओ' की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *खमा समण !* और हे *खमा-समणो* सिद्ध हो जाते हैं।

हे *आर्य* ! संस्कृत संबोधन एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे अज्ज ! और हे अज्जो ! होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-१-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति; २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक-वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय 'ओ' की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हे अज्ज ! और हे अज्जो* सिद्ध हो जाते हैं।

हे *हरे* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे हरी ! और हे हरि ! होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार मूल संस्कृत रूप 'हरि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हे हरी* ! और हे *हरि* ! सिद्ध हो जाते हैं।

*हे गुरु !* संस्कृत संबोधन के एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे गुरू ! और हे गुरु ! होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-३८ से संबोधन के एकवचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार मूल संस्कृत रूप 'गुरु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हे गुरू !* और *हे गुरु !* सिद्ध हो जाते हैं।

*जाति-विशुद्धेन* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'जाइ-विसुद्धेण' होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-२६० से श के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' आदेश प्राप्ति और ३-१४ से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *'जाइ-विसुद्धेण'* रूप सिद्ध हो जाता है।

*हे प्रभो !* संस्कृत संबोधन के एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे पहू ! और हे पहु ! होते हैं। इन में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, १-१८७ से 'भ्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में *प्रथमा विभक्ति के अनुसार मूल संस्कृत रूप 'प्रभु' में स्थित* अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप 'हे पहू' और हे पहु' सिद्ध हो जाते हैं।

द्वी संस्कृत का विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दोण्णि होता है। इसमें सूत्र-संख्या

३-१२० से प्रथमान्त द्विवचन रूप 'द्वौ के स्थान पर 'दोण्णि' आदेश प्राप्ति होकर *'दोण्णि'* रूप सिद्ध हो जाता है।

*(हे) जित लोक* ! संस्कृत विशेषणात्मक संबोधन के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत (अथवा मागधी) रूप (हे) जि अ-लोए होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' और 'क्' का लोप और ४-२८७ से संबोधन के एक वचन में (मागधी-भाषा में) संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' आगे रहने पर अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति एवं ४-४४८ से संस्कृतीय संबोधन स्थिति के समान ही प्राकृत में भी प्राप्त प्रत्यय 'स' का लोप होकर अथवा १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'सि=स्' का लोप होकर प्राकृतीय (अथवा मागधीय) संबोधन के एक वचन में *'हे जिअ-लोए'* रूप सिद्ध होता है।

हे *गौतम* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे गोअमा और हे गोअम होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१५६ से 'औ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति, और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *गोअमा* ! और हे *गोअम* ! सिद्ध हो जाते हैं।

हे *कश्यप* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे कासवा ! और हे कासव ! होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-४३ से 'क' में रहे हुए 'अ' को दीर्घ 'आ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे 'श' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' का वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *कासवा* ! और हे *कासव* ! सिद्ध हो जाते हैं।

रे रे *निष्फलक* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका (आदेश प्राप्त) देशज रूप रे ! रे ! चप्फलया ! होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संस्कृत संपूर्ण शब्द 'निष्फल' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'चप्फल' रूप की आदेश प्राप्ति, २-१६४ से प्राप्त 'चप्फल' में 'स्व अर्थक' प्रत्यय 'क' की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर रे ! रे ! *चप्फलया* ! रूप सिद्ध हो जाता है।

रे ! रे ! *निर्घृणक* ! संस्कृत के संबोधन का एक वचन रूप है। इसका प्राकृत (देशज) रूप रे ! रे ! निग्घिणया होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से रेफ रूप 'र्' का लोप, १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'घ्' को द्वित्व 'घ्घ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'घ्' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर रे ! रे ! *निग्घिणया* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-३८॥

हे श्रमा-श्रमण ! संस्कृत संबोधन एक वचन रूप है। इसके प्राकृत रूप हे खमा-समण और हे खमा-समणो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-७९ से 'श्र' में स्थित 'र्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र्' के पश्चात शेष रहे हुए 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय 'ओ' की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *खमा समण !* और हे *खमा-समणो* सिद्ध हो जाते हैं।

हे *आर्य* ! संस्कृत संबोधन एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे अज्ज ! हे अज्जो ! होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या-१-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार प्राप्तव्य प्रत्यय 'ओ' की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *अज्ज !* और हे *अज्जो* सिद्ध हो जाते हैं।

हे *हरे* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे हरी ! और हे हरि ! होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार मूल संस्कृत शब्द 'हरि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ई' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हे हरी !* और *हे हरि !* सिद्ध हो जाते हैं।

हे *गुरो !* संस्कृत संबोधन के एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे गुरू ! और हे गुरु ! होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-३८ से संबोधन के एकवचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार मूल संस्कृत रूप 'गुरु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हे गुरू !* और *हे गुरु !* सिद्ध हो जाते हैं।

*जाति-विशुद्धेन* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'जाइ-विसुद्धेण' होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-२६० से श के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४ से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'ण' के पूर्वस्थ शब्दान्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर *"जाइ-विसुद्धेण"* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *प्रभो !* संस्कृत संबोधन के एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे पहू ! और हे पहु ! होते हैं। इन में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, १-१८७ से 'भ्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के अनुसार मूल संस्कृत रूप 'प्रभु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *'हे पहू !'* और *हे पहु'* सिद्ध हो जाते हैं।

*दीर्घी* संस्कृत का विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप दीहिणि होता है। इसमें सूत्र-संख्या

१-१२० से प्रथमान्त द्विवचन रूप 'द्वौ' के स्थान पर 'दोण्णि' आदेश प्राप्ति होकर *'दोण्णि'* रूप सिद्ध हो जाता है।

*(हे) जित लोक !* संस्कृत विशेषणात्मक संबोधन के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत (अथवा मागधी) रूप (हे) जि अ-लोए होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' और 'क्' का लोप और ४-२८७ से संबोधन के एक वचन में-(मागधी-भाषा में) संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' आगे रहने पर अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति एवं ४-४४८ से संस्कृतीय संबोधन स्थिति के समान ही प्राकृत में भी प्राप्त प्रत्यय 'सि' का लोप होकर अथवा १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'सि=स्' का लोप होकर प्राकृतीय (अथवा मागधीय) संबोधन के एक वचन में 'हे *जिअ-लोए*' रूप सिद्ध होता है।

हे *गौतम !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे गोअमा और हे गोअम होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१५९ से 'औ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति, और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *गोअमा !* और हे *गोअम !* सिद्ध हो जाते हैं।

हे *कश्यप !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे कासवा ! और हे कासव ! होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-१ ४३ से 'क' में रहे हुए 'अ' को दीर्घ 'आ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य' का लोप, १ २६० से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे 'श' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हे *कासवा !* और हे *कासव !* सिद्ध हो जाते हैं।

रे रे *निष्फलक !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका (आदेश प्राप्त) देशज रूप रे ! रे ! चप्फलया ! होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-१७४ से संस्कृत संपूर्ण शब्द 'निष्फल' के स्थान पर देशज प्राकृत में 'चप्फल' रूप की आदेश प्राप्ति, २-१६४ से प्राप्त 'चप्फल' में 'स्व अर्थक' प्रत्यय 'क' की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर रे ! रे ! *चप्फलया !* रूप सिद्ध हो जाता है।

रे ! रे ! *निर्घृणक !* संस्कृत के संबोधन का एक वचन रूप है। इसका प्राकृत (देशज) रूप रे ! रे ! निग्घिणया होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से रेफ रूप 'र्' का लोप, १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'घ्' को द्वित्व 'घ्घ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'घ्' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'अ' के स्थान पर दीर्घ 'आ' की प्राप्ति होकर रे ! रे ! *निग्घिणया* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-३८॥

## ऋतोद्वा ॥ ३-३९ ॥

ऋकारान्तस्यामन्त्रणे सौ परे अकारोन्तादेशो वा भवति ॥ हे पितः । हे पिअ। हे दातः । हे दाय । पक्षे । हे पिअरं । हे दायार ॥

*अर्थ*-ऋकारान्त शब्दों के ( प्राकृत-रूपान्तर में ) संबोधन के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' का विधानानुसार लोप होकर शब्दान्त्य 'स्वर सहित व्यञ्जन' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'अ' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे हे पितः= हे पिअ और वैकल्पिक पक्ष में हे पिअर। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है - हे दातः= हे दाय ! और वैकल्पिक पक्ष में हे दायार ! होता है।

*हे पितः !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे पिअ ! और हे पिअर होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-३९ से 'स्वर सहित व्यञ्जन त' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप होकर *"हे पिअ" !* रूप सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या ३-४० से स्वर सहित व्यञ्जन त' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त रूप विसर्ग का लोप होकर द्वितीय रूप *'हे पिअर'* सिद्ध हो जाता है।

*हे दातः !* संस्कृत संबोधन के एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे दाय ! और हे दायार ! होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-३९ से 'स्वर' सहित व्यञ्जन त के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१८० से प्राप्त हुए अ के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन रूप विसर्ग का लोप होकर प्रथम रूप *'हे दाय !'* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या-१-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'दातृ' में स्थित 'त' का लोप, ३-४५ से संबोधन के एक वचन में शेष 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति, और १-१८० से प्राप्त 'आर' में स्थित 'आ' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *'हे दायार !'* भी सिद्ध हो जाता है। ३-३९ ॥

## नाम्न्यरं वा ॥ ३-४० ॥

ऋदन्तस्यामन्त्रणे सौ परे नाम्नि संज्ञाया विषये अरं इति अन्तादेशो वा भवति ॥ हे पितः । हे पिअरं । पक्षे । हे पिअ ॥ नाम्नीति किम् । हे कर्तः । हे कत्तार ॥

*अर्थ* ऋकारान्त शब्दों के ( प्राकृत-रूपान्तर में ) संबोधन के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' का विधानानुसार लोप होकर अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'अरं' आदेश की प्राप्ति होती है परन्तु इसमें एक शर्त यह है कि ऐसे ऋकारान्त शब्द रूढ़ संज्ञा रूप होने चाहिये, गुणवाचक ऋकारान्त

सज्ञा वाले अथवा क्रियावाचक ऋकारान्त सज्ञा वाले शब्दों के सबोधन के एक वचन में इस सूत्रानुसार प्राप्तव्य 'अर' आदेश की प्राप्ति नहीं होती। इस प्रकार की विशेषता सूत्र में उल्लिखित 'नाम्नि' पद के आधार से समझनी चाहिये। जैसे हे पित=हे पिअर। वैकल्पिक पक्ष होने से 'हे पिअ' भी होता है।

*प्रश्न*—रूढ सज्ञा वाले ऋकारान्त शब्दों के सबोधन के एक वचन में ही 'अर' आदेश की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—जो रूढ सज्ञा वाले नहीं होकर गुण वाचक अथवा क्रिया वाचक ऋकारान्त सज्ञा रूप शब्द हैं, उनमें सबोधन के एकवचन में 'अर' आदेश प्राप्ति नहीं होती है, ऐसी विशेषता बतलाने लिये ही 'नाम्नि' पद का उल्लेख किया जाकर सबोधन के एकवचन में 'अर' आदेश प्राप्ति का विधान रूढ-सज्ञा वाले शब्दों के लिये ही निश्चित कर दिया गया है। जैसे कि क्रिया वाचक सज्ञा के सबोधन के एकवचन का उदाहरण इस प्रकार है।—हे कर्त=हे कत्तार। 'हे पिअर' के समान 'हे कअर' रूप नहीं बनता है यों रूढ वाचक संज्ञा में एव क्रिया वाचक अथवा गुण वाचक सज्ञा में 'सबोधन एकवचन की विशेषता' समझ लेनी चाहिये।

"हे *पिअर*" रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-३९ में की गई है।

"हे *पिअ*" रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या ३-३९ में की गई है।

'हे *कर्त*' सस्कृत सबोधन के एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे कत्तार होता है। इसमें सूत्र-संख्या-२-७६ से रेफ रूप 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-४५ से मूल सस्कृत शब्द 'कर्तृ' म स्थित अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर *प्राकृत में 'आर' आदेश-प्राप्ति और १-११से सस्कृतीय सबोधन के एकवचन म प्राप्त अन्त्य* हलन्त व्यञ्जन रूप विसर्ग को लोप होकर 'हे कत्तार' रूप सिद्ध हो जाता है। ३ ४०॥

## वाप ए ॥ ३-४१ ॥

आमन्त्रणे सौ परे आप एत्व वा भवति॥ हे माले। हे महिले। अज्जिए। पज्जिए। पचे। हे माला। इत्यादि॥ आप इति किम्। हे पिउच्छा। हे माउच्छा॥ बहुलाधिकारात् क्वचिदोत्वमपि। अम्मो भणामि भणिए।

*अर्थ*—'आप' प्रत्यय वाले आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के प्राकृत-रूपान्तर में सबोधन के एकवचन म सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ए' की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—हे माले=हे माले, हे महिले=हे महिले, हे आर्यिके=(अथवा हे आर्यके!)=हे=अज्जिए, हे प्रार्यिके=हे पज्जिए पक्षान्तर में क्रम से ये रूप होंगे-हे माला, हे महिला, हे अज्जिआ और

हे पच्चिआ । इत्यादि ।

प्रश्न.—'आप्' प्रत्यय वाले आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के ही संबोधन के एकवचन में 'ए' की प्राप्ति होती है, ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —जो स्त्रीलिंग शब्द 'आप्' प्रत्यय से रहित होते हुए भी आकारान्त हैं, उनमें संबोधन के एकवचन में अन्त्य रूप से 'ए' की प्राप्ति नहीं होती है, इसलिये 'आप' प्रत्ययान्त आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के सम्बन्ध में 'संबोधन के एकवचन में' उपरोक्त विधान सुनिश्चित करना पड़ा है। जैसे —हे पितृ स्वसः ! = हे पिउच्छा ! होता है, न कि 'हे पिउच्छे' हे मातृ स्वसः ! = हे माउच्छा ! होता है, न कि 'हे माउच्छे,' इत्यादि ।

'बहुल' सूत्र के अधिकार से किसी किसी आकारान्त प्राकृत स्त्रीलिंग शब्द के संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होती हुई भी पाई जाती है। जैसे —हे अम्ब भणितान् भणामि = हे अम्मो ! भणामि भणिए ! अर्थात् हे माता ! मैं पढ़े हुए को पढ़ता हूँ। यहाँ पर संस्कृत आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द 'अम्बा' के प्राकृत रूप 'अम्मा' के संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति हो गई है, यों अन्य किसी किसी आकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्द के सबन्ध में भी समझ लेना चाहिये।

हे *माले !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हे माले ! ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-४१ से मूल प्राकृत शब्द 'माला' के संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और १-११ से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'स' का प्राकृत में भी संस्कृत के समान ही लोप होकर 'हे *माले !*' रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *महिले !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हे महिले ! ही होता है। इसमें भी सूत्र संख्या ३-४१ से और १-११ से उपरोक्त 'हे माले' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर हे *महिले !* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *आर्यके !* संस्कृत संबोधन एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप हे अज्जिए ! होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-४१ से मूल संस्कृत शब्द 'आर्यिका' में स्थित अन्त्य 'आ' के स्थान पर संबोधन के एकवचन में संस्कृत के समान ही 'ए' की प्राप्ति होकर हे *अज्जिए* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *आर्यके !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे अज्जिए ! होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, २-१०७ से प्राप्त 'ज्ज' में आगम रूप 'इ'

की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३ ४१ से मूल संस्कृत शब्द 'आर्यिका' में स्थित अन्त्य 'आ' के स्थान पर संबोधन के एकवचन में संस्कृत के समान ही 'ए' की प्राप्ति होकर 'हे *अज्जिए*' रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *प्रार्यिके* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे पज्जिए ! होता है इससे सूत्र संख्या-२-७६ से प्रथम 'र्' का लोप, १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-४१ से मूल संस्कृत शब्द 'प्रार्यिका' में स्थित अन्त्य 'आ' के स्थान पर संबोधन के एकवचन में संस्कृत के समान ही 'ए' की प्राप्ति होकर "हे *पज्जिए*" रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *माले* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे माला ! होता है। इसमें सूत्र संख्या ३--४१ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द 'माला' के अन्त्य 'आ' को 'यथा स्थिति रूप वत्' अर्थात् ज्यों की त्यों स्थिति' की प्राप्ति होकर हे *माला* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *पितृ-स्वसः* ! संस्कृत संबोधन एकवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप हे पिउच्छा ! होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'त्' का लोप, १-१३१ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति, २-१४१ से 'स्वसृ' के स्थान पर 'छा' आदेश-प्राप्ति, २ ८६ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छ छ' की प्राप्ति, २ ९० से प्राप्त पूर्व 'छ' के स्थान पर 'च' की प्राप्ति, और ३ ४१ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' की स्थिति ज्यों की त्यों कायम रह कर हे *पिउच्छा* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *मातृ-स्वसः* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे माउच्छा होता है। इसकी साधनिका उपरोक्त 'हे पिउच्छा'-में प्रयुक्त सूत्रों के अनुसार ही होकर "हे *माउच्छा*" रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *अम्ब* ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे अम्मो ! होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ ७६ से 'ब्' का लोप, २-८६ से लोप हुए 'ब्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'म' को द्वित्व 'म्म' की प्राप्ति और ३ ४१ की वृत्ति से संबोधन के एकवचन में प्राप्त प्राकृत रूप 'अम्मा' के अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर '*हे अम्मो*' ! रूप सिद्ध हो जाता है।

*भणामि* संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी भणामि होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से हलन्त धातु 'भण्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३ १५४ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१४१ से वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के एकवचन में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर "*भणामि*" रूप सिद्ध हो जाता है।

*भणितान्* संस्कृत कृदन्तात्मक विशेषण द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भणिए होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ २३९ से हलन्त धातु भण्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति,

हे पच्छिा । इत्यादि ।

*प्रश्न*—'आप्' प्रत्यय वाले आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के ही संबोधन के एकवचन में 'ए' की प्राप्ति होती है, ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर —जो स्त्रीलिंग शब्द 'आप्' प्रत्यय से रहित होते हुए भी आकारान्त हैं, उनमें संबोधन के एकवचन में अन्त्य रूप से 'ए' की प्राप्ति नहीं होती है, इसलिये 'आप' प्रत्ययान्त आकारान्त स्त्रीलिंग शब्दों के सम्बन्ध में 'संबोधन के एकवचन में' उपरोक्त विधान सुनिश्चित करना पड़ा है। जैसे —हे पितृ स्वसः !=हे पिउच्छा ! होता है, न कि 'हे पिउच्छे' हे-मातृ स्वसः !=हे माउच्छा ! होता है, न कि 'हे माउच्छे,' इत्यादि ।

'बहुल' सूत्र के अधिकार से किसी किसी आकारान्त प्राकृत स्त्रीलिंग शब्द के संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होती हुई भी पाई जाती है। जैसे'—हे अम्ब भणितान् भणामि=हे अम्मो ! भणामि भणिए ! अर्थात् हे माता ! मैं पढ़े हुए को पढ़ता हूँ। यहां पर संस्कृत आकारान्त स्त्रीलिंग शब्द 'अम्बा' के प्राकृत रूप 'अम्मा' के संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति हो गई है, यों अन्य किसी किसी आकारान्त स्त्रीलिंग वाले शब्द के संबन्ध में भी समझ लेना चाहिये ।

हे *माले !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हे माले ! ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-४१ से मूल प्राकृत शब्द 'माला' के संबोधन के एकवचन में अन्त्य 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और १-११ से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'स' का प्राकृत में भी संस्कृत के समान ही लोप होकर 'हे *माले !*' रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *महिले !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हे महिले ! ही होता है। इसमें भी सूत्र संख्या ३-४१ से और १-११ से उपरोक्त 'हे माले' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर हे *महिले !* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *आर्यके !* संस्कृत संबोधन एक वचन रूप है। इसका प्राकृत रूप हे अज्जिए ! होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' का लोप और ३-४१ से मूल संस्कृत शब्द 'आर्यिका' में स्थित अन्त्य 'आ' के स्थान पर संबोधन के एकवचन में संस्कृत के समान ही 'ए' की प्राप्ति होकर हे *अज्जिए* रूप सिद्ध हो जाता है ।

हे *आर्यके !* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत-रूप हे अज्जिए ! होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति, २-१०७ से प्राप्त 'ज्ज' में आगम रूप 'इ'

सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३ ४२ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द 'वधू=वहू' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ऊ के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के समान ही (संबोधन के एकवचन में) प्राप्त प्रत्यय सि' के स्थानीय रूप 'स्' का लोप होकर संबोधनात्मक एकवचन में प्राकृतीय रूप 'हे वहु' सिद्ध हो जाता है।

हे खलपु! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हे खलपु ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ ४२ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द 'खलपू' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' का प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के समान ही संबोधन के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'स' का लोप होकर 'हे खलपु' रूप सिद्ध हो जाता है ३ ४२॥

## क्विपः ॥ ३-४३ ॥

**क्विबन्तस्येदूदन्तस्य ह्रस्वो भवति ॥ गामणिणा । खलपुणा । गामणिणो । खलपुणो ॥**

*अर्थ*-ग्रामणी=गामणी अर्थात गाँव का मुखिया और खलपू अर्थात् दुष्ट पुरुषों को पवित्र करने वाला इत्यादि शब्दों में णी' और 'पू' आदि विशेष प्रत्यय लगाये जाकर ऐसे शब्दों का निर्माण किया जाता है, इससे इनमें विशेष अर्थता प्राप्त हो जाती है और ऐसी स्थिति में ये क्विबन्त प्रत्यय वाले शब्द कहलाते हैं। ऐसे क्विबन्त प्रत्यय वालों शब्दों में जो दीर्घ ईकारान्त वाले और दीर्घ ऊकारान्त वाले शब्द हैं, उनमें विभक्ति बोधक प्रत्ययों की संयोजना करने वाले अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' अथवा 'ऊ' का ह्रस्व स्वर 'इ' अथवा 'उ' हो जाता है और तत्पश्चात् विभक्ति बोधक प्रत्यय संयोजित किये जाते हैं जैसे-ग्रामण्या=गामणिणा, अर्थात् ग्राम-मुखिया द्वारा, खलप्वा=खलपुणा अर्थात दुष्टों को (अथवा खलिहान को) साफ करने वाले से, ग्रामण्य =(प्रथमा-द्वितीया बहु वचनान्त)=गामणिणो अर्थात् गाँव मुखिया (पुरुषगण) अथवा गाव मुखियाओं को और खलप्व =(प्रथमा-द्वितीया बहुवचनान्त) =खलपुणो अर्थात् दुष्ट-पुरुषों (या खलिहानों) को साफ करने वाले अथवा साफ करने वालों को। इन उदाहरणों से प्रतीत होता है कि विभक्ति बोधक प्रत्यय प्राप्त होने पर क्विबन्त शब्दों के अन्त्य दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाया करते हैं।

*'गामणिणा'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३—२४* में की गई है।

*'खलपुणा'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३—२४* में की गई है।

*ग्रामण्य* संस्कृत प्रथमा-द्वितीया के बहु वचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप गामणिणो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, ३ ४३ से मूल शब्द 'गामणी' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति और ३ २२ से प्रथमा-द्वितीया के बहु वचन में संस्कृतीय

३-१५२ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' को 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से संस्कृतीय कृदन्तात्मक प्राप्त प्रत्यय 'त्' का लोप, ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्त संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' के स्थानीय 'न्' का प्राकृत में लोप और ३-१४ से प्राप्त रूप 'भणिआ' में स्थित अन्त्य संस्कृतीय कृदन्तात्मक प्रत्यय 'त' में से शेष 'अ' के स्थानीय रूप 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर 'भणिए' रूप सिद्ध हो जाता है। -३-४१॥

## इदुतोर्हस्वः ॥ ३-४२ ॥

आमन्त्रणे सौ परे ईदूदन्तयोर्ह्रस्वो भवति ॥ हे नइ। हे गामणि। हे समणि। हे वहु। हे खलपु ॥

*अर्थ*—दीर्घ ईकारान्त और दीर्घ ऊकारान्त प्राकृत स्त्रीलिंग शब्दों में संबोधन के एकवचन में 'सि' प्रत्यय परे रहने पर विधानानुसार प्राप्त प्रत्यय सि का लोप होकर अन्त्य दीर्घ स्वर के स्थान पर सजातीय ह्रस्व स्वर की प्राप्ति होती है। जैसे—हे नदि!=हे नइ, हे ग्रामणि=हे गामणि, हे श्रमणि=हे समणि; हे वधु=हे वहु और हे खलपु=हे खलपु। इत्यादि॥ हे *नदि!* संस्कृत संबोधन एकवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप हे नइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' का लोप और ३-४२ से संबोधन के एकवचन में अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति एवं १-११ से प्रथमा विभक्तिवत् संबोधन के एकवचन में प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'स्' का लोप होकर संबोधनात्मक एकवचन में प्राकृतीय रूप हे नइ! सिद्ध हो जाता है।

हे *ग्रामणि!* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे *गामणि!* होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, ३-४२ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द ग्रामणी=गामणी में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के समान ही संबोधन के एकवचन में प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'स' का लोप होकर संबोधनात्मक *एकवचन में प्राकृतीय रूप हे गामणि! सिद्ध हो जाता है।*

हे *श्रमणि!* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे समणि! होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३-४२ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द 'श्रमणि=समणी' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के समान ही संबोधन के एकवचन में प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'स्' का लोप होकर हे *समणि!* रूप सिद्ध हो जाता है।

हे *वधु!* संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे वहु होता है। इसमें

सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-४२ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द 'वधू=वहू' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के समान ही (संबोधन के एकवचन में) प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'स्' का लोप होकर संबोधनात्मक एकवचन में प्राकृतीय रूप 'हे वहु' सिद्ध हो जाता है।

हे खलपु ! संस्कृत संबोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हे खलपु ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-४२ से संबोधन के एकवचन में मूल शब्द 'खलपू' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के समान ही संबोधन के एक वचन में प्राप्त प्रत्यय 'सि' के स्थानीय रूप 'स' का लोप होकर 'हे खलपु' रूप सिद्ध हो जाता है ३-४२॥

## क्विपः ॥ ३-४३ ॥

**क्विबन्तस्येदूदन्तस्य ह्रस्वो भवति ॥ गामणिणा । खलपुणा । गामणिणो । खलपुणो ॥**

अर्थ:-ग्रामणी=गामणी अर्थात गाँव का मुखिया और खलपू अर्थात् दुष्ट पुरुषों को पवित्र करने वाला इत्यादि शब्दों में 'णी' और 'पू' आदि विशेष प्रत्यय लगाये जाकर ऐसे शब्दों का निर्माण किया जाता है, इससे इनमें विशेष अर्थता प्राप्त हो जाती है और ऐसी स्थिति में ये क्विबन्त प्रत्यय वाले शब्द कहलाते हैं। ऐसे क्विबन्त प्रत्यय वालों शब्दों में जो दीर्घ ईकारान्त वाले और दीर्घ ऊकारान्त वाले शब्द हैं, उनमें विभक्ति बोधक प्रत्ययों की संयोजना करने वाले अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' अथवा 'ऊ' का ह्रस्व स्वर 'इ' अथवा 'उ' हो जाता है और तत्पश्चात् विभक्ति बोधक प्रत्यय संयोजित किये जाते हैं जैसे-ग्रामण्या=गामणिणा, अर्थात् ग्राम-मुखिया द्वारा, खलप्वा=खलपुणा अर्थात् दुष्टों को (अथवा खलिहान को) साफ करने वाले से, ग्रामण्य =(प्रथमा-द्वितीया बहु वचनान्त)=गामणिणो अर्थात् गाँव मुखिया (पुरुषगण) अथवा गाव मुखियाओं को और खलप्व =( प्रथमा-द्वितीया बहुवचनान्त ) =खलपुणो अर्थात् दुष्ट पुरुषों ( या खलिहानों ) को साफ करने वाले अथवा साफ करने वालों को। इन उदाहरणों से प्रतीत होता है कि विभक्ति बोधक प्रत्यय प्राप्त होने पर क्विवन्त शब्दों के अन्त्य दीर्घ स्वर ह्रस्व हो जाया करते हैं।

*'गामणिणा'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३—२४ में की गई है।

*'खलपुणा'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३—२४ में की गई है।

*ग्रामण्य* संस्कृत प्रथमा-द्वितीया के बहु वचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप गामणिणो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, ३-४३ से मूल शब्द 'गामणी' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति और ३-२२ से प्रथमा द्वितीया के बहु वचन में संस्कृतीय

'जस्'-शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर गामणिणो रूप सिद्ध हो जाता है।

खलप्व, संस्कृत प्रथमा-द्वितीया के बहुवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप खलपुणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-४३ से मूल शब्द 'खलपू' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति और ३-२२ से प्रथमा-द्वितीया के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय जस-शस के प्राकृत में णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'खलपुणो' रूप सिद्ध हो जाता है। ३ ४३ ॥

## ऋतामुदस्यमौसु वा ॥ ३-४४ ॥

सि अम् औ वर्जिते अर्थात् स्यादौ परे ऋदन्तानामुदन्तादेशो वा भवति ॥ जस् । भर्तारः भत्तुणो । भत्तउ । भत्तओ । पक्षे । भत्तारा ॥ शस् । भत्तु । भत्तुणो । पक्षे भत्तारे ॥ टा भत्तुणा । पक्षे । भत्तारेण ॥ भिस् । भत्तूहिं । पक्षे । भत्तारेहिं । ङसि । भत्तुणो । भत्तूओ भत्तूउ । भत्तूहि । भत्तूहिन्तो । पक्षे । भत्ताराओ । भत्ताराउ । भत्ताराहि । भत्ताराहिन्तो भत्तारा । ङस् । भत्तुणो । भत्तुस्स । पक्षे भत्तारस्य । सुप् । भत्तूसु । पक्षे । भत्तारेसु ॥ बहु वचनस्य व्याप्त्यर्थत्वात् यथा दर्शन नाम्न्यपि उद् न भवति जस् शस्-ङ सि-ङस् सु । पितृ जामाउणो । भाउणो ॥ टायाम् । पिउणा ॥ भिसि । पिऊहिं ॥ सुपि । पिऊसु । पक्षे । इत्यादि ॥ अस्य मौस्विति किम् । सि । पिआ ॥ अम् । पिअरं ॥ औ । पिअरा ॥

अर्थ —संस्कृत ऋकारान्त शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के 'सि' द्विवचन के प्रत्यय 'औ' और द्वितीया विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय 'अम्' के सिवाय अन्य भी विभक्ति के एकवचन के अथवा बहुवचन के प्रत्ययों की संयोजना होने पर शब्द के अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति होती है और तत्पश्चात् उकारान्त के समान ही इन 'तथा कथित ऋकारान्त=उकारान्त' शब्दों में विभक्ति बोधक प्रत्ययों की संयोजना हुआ करती है जैसे —प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर-'भर्तृ' के रूप भर्तारः' के प्राकृत रूपान्तर भत्तू, 'भत्तुणो, भत्तउ और भत्तओ' होते हैं। एवं वैकल्पिक पक्ष होने से 'भत्तारा' भी होता है। । द्वितीया विभक्ति बहुवचन के शस् प्रत्यय के उदाहरण -भर्तॄन्=भत्तू, भत्तुणो तथा वैकल्पिक पक्ष में भत्तारे भी होता है। तृतीया विभक्ति के एकवचन के 'टा' प्रत्यय का उदाहरण भर्त्रा=भत्तुणा और वैकल्पिक पक्ष में भत्तारेण होता है। तृतीया बहुवचन के प्रत्यय 'भिस्' का उदाहरण -भर्तृभिः=भत्तूहिं और वैकल्पिक पक्ष में भत्तारेहिं इत्यादि होते हैं। 'ङसि' पंचमी विभक्ति के एकवचन के उदाहरण -भर्तुः=भत्तुणो, भत्तूओ, भत्तूउ, भत्तूहि, और भत्तूहिन्तो तथा वैकल्पिक पक्ष में भत्ताराओ, भत्ताराउ, भत्ताराहि, भत्ताराहिन्तो और भत्तारा। 'ङस्' षष्ठी विभक्ति

एकवचन के उदाहरण -भर्तृ -भत्तुणो, भत्तुस्स तथा वैकल्पिक पक्ष में भत्तारस्स रूप होता है। सुप' सप्तमी विभक्ति के बहुवचन का उदाहरण -भर्तृषु=भत्तुसु और वैकल्पिक पक्ष में भत्तारेसु होता है।

ऋकारान्त शब्द दो प्रकार के होते हैं, संज्ञा रूप और विशेषण रूप, तदनुसार इस सूत्र की वृत्ति मे 'ऋदन्तानाम्' ऐसा बहुवचनात्मक उल्लेख करने का तात्पर्य यही है कि संज्ञारूप और विशेषण रूप दोनो प्रकार के ऋकारान्त शब्दों के अन्त्यस्थ 'ऋ' स्वर के स्थान पर 'सि' और 'अम्' प्रत्ययों को छोड़ कर शेष सभी प्रत्ययों का योग होने पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे प्रथमा बहुवचन के प्रत्यय 'जस्' के उदाहरण -पितृ + जस्=पितरः=पिउणो, जामातृ + ङसि= जामातु =जामाउणो और भ्रातृ + ङस=भ्रातु =भाउणो इत्यादि। इस प्रकार से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन मे 'शस' प्रत्यय, पचमी विभक्ति के एक वचन में 'ङसि' प्रत्यय, षष्ठी विभक्ति के एकवचन में 'ङस्' प्रत्यय और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में 'सुप्' प्रत्यय प्राप्त होने पर ऋकारान्त संज्ञाओं के अन्त्यस्थ 'ऋ' स्वर के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति होती है। तृतीया विभक्ति के एकवचन में 'टा' प्रत्यय का उदाहरण -पितृ + टा = पित्रा = पिउणा, तृतीया विभक्ति के बहुवचन में 'भिस्' प्रत्यय का उदाहरण -पितृ भि =पिऊहिं और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में 'सुप्' प्रत्यय का उदाहरण -पितृषु =पिऊसु, यों 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति का विधान समझ लेना चाहिये। वैकल्पिक पक्ष होने से सूत्र-संख्या ३-४७ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'अर' की प्राप्ति भी होता है और ऐसा होने पर इन शब्दों की रूपावलि अकारान्त शब्दों के अनुसार होता है। जैसे -पितृ + जस् = पितरः = पिअरा, इत्यादि।

*प्रश्न* —'सि' 'औ' और अम' प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर ऋकारान्त शब्दों में 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति क्यों नहीं होती है ?

उत्तर —सि' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर 'पितृ + सि = पिता का प्राकृत रूपान्तर 'पिआ' होता है, 'अम्' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर 'पितृ + अम् = पितरम्' का प्राकृत रूपान्तर पिअरं होता है, तथा प्रथमा विभक्ति और द्वितीय विभक्ति के द्विवचन में 'औ' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर 'पितृ + औ = पितरौ' का प्राकृत रूपान्तर 'पिअरा' होता है, अतएव 'सि' 'अम्' और 'औ' प्रत्ययो को इस विधान के अन्तर्गत नहीं रखा जा सकता है।

भर्त्तार -संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्त, भत्तुणो, भत्तउ, भत्तओ और भत्तारा होते हैं इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'भर्तृ' में स्थित 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-४४ से अन्त्य 'ऋ' स्वर के स्थान पर 'उ' स्वर की प्राप्ति और ३-४ से तथा ३-२० की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'जस्' प्रत्यय का लोप एवं ३-१२ से प्राप्त तथा लुप्त *(जस् प्रत्यय के कारण)* अन्त्य

ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'भत्तू' सिद्ध होता है।

द्वितीय रूप-(भर्तार =) भत्तुणो में 'भत्तु' अंग की प्राप्ति प्रथम रूपवत और ३-२२ से प्र० विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय प्राप्ति होकर द्वितीय रूप 'भत्तुणो' सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(भर्तार =) भत्तउ में 'भत्तु' अंग की प्राप्ति प्रथम रूपवत्, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२० से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत रूप 'डउ' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डउ' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'भत्तु' अंग में स्थित अन्त्य स्वर 'उ' की इत्संज्ञा हो जाने से इस 'उ' का लोप, एवं प्राप्त अंग 'भत्त्' में 'डउ=उ' प्रत्यय की संयोजना होकर तृतीय रूप 'भत्तउ' भी सिद्ध हो जाता है।

चतुर्थ रूप (भर्तार =) भत्तओ में 'भत्तु' अंग की प्राप्ति प्रथम रूपवत् और शेष साधनिका तृतीय रूप के समान ही सूत्र-संख्या ३-२० से होकर एवं 'डओ = अओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर चतुर्थ रूप-भत्तओ भी सिद्ध हो जाता है।

पंचम रूप—(भर्तार=) भत्तारा में सूत्र संख्या २-७६ से मूल संस्कृत रूप 'भर्तृ' में स्थित 'र्' का लोप, २-८६ से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-४५ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति, ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप और ३-१२ से प्राप्त एवं लुप्त 'जस्' प्रत्यय के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर पंचम रूप भत्तारा सिद्ध हो जाता है।

भर्तॄन् संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्तू, भत्तुणो और भत्तारे होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से, लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, ३-४४ से मूल संस्कृत शब्द 'भर्तृ' में स्थित अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'उ' आदेश की प्राप्ति, ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय शस् का प्राकृत में लोप और ३-१८ से प्राप्त एवं एवं लुप्त प्रत्यय शस् के कारण से अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप भत्तू सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप- भर्तॄन्=) भत्तुणो में 'भत्तु' रूप अंग की प्राप्ति प्रथम रूपवत् और ३-२२ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप भत्तुणो सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप (भर्तॄन्=) भत्तारे में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, ३-४५ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आर' की प्राप्ति ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप और ३-१४

से प्राप्त तथा लुप्त शस प्रत्यय के कारण से प्राप्तांग 'भत्तार' मे स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *भत्तारे* सिद्ध हो जाता है।

*भर्त्रा* संस्कृत तृतीयान्त एक वचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्तुणा और भत्तारेण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'त्' का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-४४ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति और ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भत्तुणा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (भर्त्रा=)भत्तारेण में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, ३-४५ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति, ३- से तृतीया विभक्ति के एकवचन मे संस्कृतीय 'टा=आ' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण के पूर्वस्थ 'भत्तार' अंग के अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *भत्तारेण* सिद्ध हो जाता है।

*भर्तृभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्तूहिं और भत्तारेहिं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'भर्तृ=भत्तु' अंग की साधनिका इसी सूत्र में ऊपर कृतवत्, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय भिस् के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१६ से प्राप्त प्रत्यय 'हिं' के पूर्वस्थ 'भत्तु' अंग में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भत्तूहिं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (भर्तृभिः=) भत्तारेहिं में 'भर्तृ=भत्तार' अंग की साधनिका इसी सूत्र में ऊपर कृतवत्, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय भिस' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१५ से प्राप्त प्रत्यय हिं' के पूर्वस्थ 'भत्तार' अंग में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर ए की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *भत्तारेहिं* सिद्ध हो जाता है।

*भर्तुः* संस्कृत पञ्चम्यन्त एकवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्तुणो, भत्तूओ, भत्तूउ, भत्तूहि, भत्तूहिन्तो, तथा भत्ताराओ भत्ताराउ, भत्ताराहि, भत्ताराहिन्तो और भत्तारा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'भत्तु' अंग की साधनिका इसी सूत्र में ऊपर कृतवत, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२३ से पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय 'ङसि' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *भत्तुणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय-तृतीय चतुर्थ और पंचम रूपों में अर्थात् भत्तूओ, भत्तूउ, भत्तूहि और भत्तूहिन्तो में 'भत्तु' अंग की प्राप्ति इसी सूत्र में कृत साधनिका के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से मूल प्राप्त अंग 'भत्तु में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति और ३-८ से तथा ३-१२ की

वृत्ति से पचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङ सि' के स्थान पर क्रम से 'श्रो उ हि हिन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप (२ से ५ तक) भत्तूओ, भत्तूउ, भत्तूहि, और भत्तूहिन्तो सिद्ध हो जाते हैं।

छट्ठे से दशवें रूपों में अर्थात (भर्तु=)भत्ताराओ, भत्ताराउ, भत्ताराहि भत्ताराहिन्तो और भत्तारा में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात रहे हुए 'त्' का द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-४५ से मूल शब्द 'भर्तृ' में स्थित अन्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति, यों प्राप्त अंग 'भत्तार' में ३-१२ से अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और १-८ से पचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङ सि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से-'ओ उ हि हिन्तो और लुक्' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से भत्ताराओ भत्ताराउ, भत्ताराहि, भत्ताराहिन्तो, एवं भत्तारा रूप सिद्ध हो जाते हैं।

भर्तुः संस्कृत षष्ठयन्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्तुणो, भत्तुस्स और भत्तारस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति ३-४४ से मूल शब्दस्थ अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'उ' आदेश की प्राप्ति और ३-२३ से प्राप्तांग 'भत्तु' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङ स' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप भत्तुणो सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (भर्तुः=)भत्तुस्स में 'भत्तु' अंग की साधनिका उपर के समान, और ३-१० से पूर्वोक्त रीति से प्राप्तांग 'भत्तु' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङ स' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप भत्तुस्स सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(भर्तुः =) भत्तारस्स में सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ 'त्' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति, ३-४५ से मूल शब्दस्थ अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति और ३-१० से प्राप्तांग 'भत्तार' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप भत्तारस्स सिद्ध हो जाता है।

भर्तृषु संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप भत्तूसु और भत्तारेसु होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'भत्तु' अंग की साधनिका ऊपर के समान, ३-१६ से प्राप्तांग 'भत्तु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सुप' की प्राकृत में भी प्राप्ति, एवं १-११ से प्राप्त प्रत्यय 'सुप' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'प' का लोप होकर प्रथम रूप भत्तूसु सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (भर्तृषु=) भत्तारेसु में 'भत्तार' अंग की साधनिका ऊपर के समान, ३-१५ से प्राप्तांग 'भत्तार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, और शेष साधनिका की प्राप्ति

प्रथम रूपवत् ४ ४४८ तथा १-११ से होकर द्वितीय रूप भत्तारेसु भी सिद्ध हो जाता है।

*पितर* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप पिउणो और पिअरा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में मूल-संस्कृत शब्द 'पितृ' में स्थित 'त' का सूत्र संख्या १-१७७ से लोप, ३ ४४ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'उ' आदेश की प्राप्ति, और ३ २२ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *पिउणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(पितरः=) पिअरा में सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'पितृ' में स्थित 'त्' का लोप, ३ ४७ से लोप हुए 'त्' के पश्चात शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति, ३-१२ से 'जस्' प्रत्यय की प्राप्ति रही हुई होने से प्राप्तांग 'पिअर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३ ४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर द्वितीय रूप *पिअरा* सिद्ध हो जाता है।

*जामातु* संस्कृत पञ्चम्यन्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप जामाउणो होता है। इसमें मूल संस्कृत शब्द 'जामातृ' में स्थित 'त' का सूत्र संख्या १-१७७ से लोप, ३ ४४ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'उ' आदेश की प्राप्ति और ३ २३ से पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत में (वैकल्पिक रूप से) 'णो' प्रत्यय की की प्राप्ति होकर *जामाउणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भ्रातु* संस्कृत षष्ठ्यन्त एक वचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भाउणो होता है। इसमें मूल शब्द भ्रातृ में सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३ ४४ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'उ' आदेश की प्राप्ति और ३-२३ से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भाउणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पित्रा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिउणा होता है। मूल शब्द पितृ में सूत्र संख्या १ १७७ से 'त्' का लोप, ३ ४४ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति और ३ २४ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पिउणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पितृभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप पिऊहिं होता है। इसमें 'पिउ' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, ३-१६ से प्राप्तांग 'पिउ' में स्थित ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' प्राप्ति और ३ ७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पिऊहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पितृषु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप पिऊसु होता है। इसमें अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, ३-१६ से प्राप्तांग 'पिउ' में स्थित ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति, ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सुप्=सु' के ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पिऊसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पिता* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिआ होता है। मूल शब्द 'पितृ' में स्थित 'त्' का सूत्र संख्या १-१७७ से लोप, ३-४८ से लोप हुए 'त्' के शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर *पिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पितरम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिअरं होता है। मूल शब्द 'पितृ' में स्थित त का सूत्र संख्या १-१७७ से लोप, ३-४७ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष हुए स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'म्' की प्राप्ति और १-२३ प्राप्त प्रत्यय में 'म्' का अनुस्वार होकर *पिअरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पितरौ* संस्कृत प्रथमान्त-द्वितीयान्त द्विवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिअरा होता है। इसमें 'पिअर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिकानुसार, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन की प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्तांग 'पिअर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' शस्' का प्राकृत में लोप होकर रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ३-४४ ॥—

## आरः स्यादौ ॥ ३-४५ ॥

स्यादौ परे ऋत आर इत्यादेशो भवति ॥ भत्तारो। भत्तारा। भत्तारं। भत्तारे। भत्तारेण। भत्तारेहि ॥ एवं दस्यादिषूदाहार्यम् ॥ लुप्तस्याद्यपेक्षया। भत्तार-विहिअं ॥

*अर्थ*—ऋकारान्त शब्दों में और ऋकारान्त विशेषणात्मक शब्दों में विभक्ति बोधक 'सि' 'अम्' आदि प्रत्ययों की संयोजना होने पर इन शब्दों के अन्त्यस्थ 'ऋ' स्वर के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति होती है तत्पश्चात् इनकी विभक्ति बोधक रूपावली अकारान्त शब्द के समान संचालित होती है। जैसे—भर्ता भत्तारो, =भर्तारः=भत्तारा, भर्तारम्=भत्तारं भर्तॄन्=भत्तारे, भर्त्रा=भत्तारेण, भर्तृभिः= भत्तारेहि, इसी प्रकार से पंचमी आदि शेष सभी विभक्तियों में स्वयमेव रूप निर्धारित कर लेना चाहिये, ऐसा आदेश वृत्ति में दिया हुआ है। समास-गत ऋकारान्त शब्द में भी यदि वह वाक्य के प्रारम्भ में रहा हुआ तो 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति हो जाती है एवं

गत होने से विभक्ति बोधक प्रत्ययों का लोप होने पर भी 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश प्राप्ति का अभाव नहीं होता है। जैसे —भर्तृ विहितम्=भत्तार-विहिअं।

*भर्ता* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तारो होता है। इसमें मूल शब्द 'भर्तृ' में स्थित 'र्' का सूत्र संख्या २-७९ से लोप, २-८९ से 'त्' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, ३-४५ से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भत्तारो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भर्तारः* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तारा होता है। इसमें 'भत्तार' अंग की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'भत्तार' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर *भत्तारा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भर्तारम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तारं होता है। इसमें 'भत्तार' अंग की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-५ से द्वितीया-विभक्ति के एकवचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *भत्तारं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भर्तॄन्* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तारे होता है। इसमें 'भत्तार' अंग की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'भत्तार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर *भत्तारे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भर्त्रा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तारेण होता है। इसमें 'भत्तार' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'भत्तार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा'='आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भत्तारेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भर्तृभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तारेहिं होता है। इसमें 'भत्तार' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'भत्तार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *भत्तारेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

भर्तृ विहितम् संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप भत्तार विहिअं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से 'त्' को द्वित्व 'त्' की प्राप्ति, ३-४५ से 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश की प्राप्ति १-१७७ से द्वितीय 'त' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *भत्तारविहिअं* रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ ३-४५ ॥

## आ अरा मातुः ॥ ३-४६ ॥

मातृ संबन्धिन ऋतः स्यादौ परे आ अरा इत्यादेशौ भवतः ॥ माआ ॥ माअरा ॥ माआउ । माआओ । माअराउ । माअराओ । माअं । माअरं इत्यादि ॥ बाहुलकाज्जनन्यर्थस्य आ देवतार्थस्य तु अरा इत्यादेशः । माआए कुच्छीए । नमो माअराण ॥ मातुरिद्वा [१-१३५] इतीत्वे माईण इति भवति ॥ ऋतामुद [३-४४] इत्यादिना उत्वे तु माउए समन्निअं वन्दे इति । स्यादावित्येव । माइ देवो । माइ गणो ॥

*अर्थ*—'मातृ' शब्द में स्थित 'ऋ' के स्थान पर आगे विभक्ति-बोधक 'सि', 'अम्' आदि प्रत्ययों के रहने पर 'आ' और 'अरा' ऐसे दो आदेशों की प्राप्ति यथाक्रम से होती है। जैसे—माता=माआ अथवा माअरा। मातरः=माआउ और माआओ अथवा माअराउ अथवा माअराओ=माताएं। मातरम्=माअं अथवा माअरं अर्थात माता को। 'मातृ' शब्द दो अर्थों में मुख्यतः व्यवहृत होता है—(१) जननी अर्थ में और (२) देवता के स्त्रीलिंग रूप देवी अर्थ में, तदनुसार जहां 'मातृ' शब्द का अर्थ 'जननी' होगा वहां पर प्राकृत-रूपान्तर में अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश की प्राप्ति होगी एवं जहां 'मातृ' शब्द का अर्थ देवी' होगा; वहां पर प्राकृत रूपान्तर में अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'अरा' आदेश की प्राप्ति होगी। जैसे—मातुः कुक्षौ=माआए कुच्छीए अर्थात् माता के पेट में। नमो मातृभ्यः=नमो माअराण अर्थात देवी रूप माताओं के लिये नमस्कार हो। प्रथम उदाहरण में "मातृ=जननी" अर्थ होने से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश किया गया है; जब कि द्वितीय उदाहरण में 'मातृ=देवी' अर्थ होने से अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'अरा' आदेश किया गया है, यों 'आ' और 'अरा' आदेश-प्राप्ति में रहस्य रहा हुआ है इसे ध्यान में रखना चाहिये। सूत्र संख्या १-१३५ में कहा गया है कि जब 'मातृ' शब्द गौण रूप से समास-अवस्था में रहा हुआ हो तो उस 'मातृ' शब्द में स्थित अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति होती है। तदनुसार यहां पर दृष्टान्त दिया जाता है कि- 'मातृभ्यः=माईण' अर्थात् माताओं के लिये, इस प्रकार 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति भी होती है। इसी प्रकार से सूत्र-संख्या ३-४४ में विधोषित किया गया है कि

ऋकारान्त शब्दों के अन्त्यस्थ 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति होती है', तदनुसार 'मातृ' शब्द में स्थित अन्त्य 'ऋ के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'उ' की प्राप्ति भी होती है, जैसे — मात्रा समन्वितम् वन्दे=माऊए समन्निअं वन्दे अथात् मैं माता के साथ (समुच्चय रूप से) नमस्कार करता हू। इस 'माऊए' उदाहरण में 'मातृ' शब्द के 'ऋ' के स्थान पर सूत्र सख्या ३ ४४ के अनुसार वैकल्पिक रूप से 'उ' आदेश की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है, अन्यत्र भी समझ लेना चाहिये।

*प्रश्न* —सूत्र की वृत्ति मे ऐसा क्यों कहा गया है कि-'सि' 'अम्' आदि विभक्ति बोधक प्रत्ययों के आगे रहने पर ही 'मातृ' शब्द में स्थित 'ऋ' के स्थान पर 'आ' अथवा 'अरा' आदेश की प्राप्ति होती है।

उत्तर —विभक्ति बोधक प्रत्ययों से रहित होता हुआ समास अवस्था में गौण रूप से रहा हुआ हो तो 'मातृ' शब्द में स्थित ऋ' स्थान पर 'आ' अथवा 'अरा' आदेश प्राप्ति नहीं होगी, किन्तु सूत्र सख्या १-१३५ अनुसार इस अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'इ' आदेश की प्राप्ति होगी, ऐसा सिद्धान्त प्रदर्शित करने के लिये ही सूत्र की वृत्ति में 'सि' अम' आदि प्रत्ययों के आगे रहने की आवश्यकता का उल्लेख करना सर्वथा उचित है। जैसे —मातृ देव =माइ देवो और मातृ गण=माइ गणो, इत्यादि। इन उदाहरणों में उक्त विधानानुसार 'ऋ' के स्थान पर 'इ' आदेश की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है।

*माता* सस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप माआ और माअरा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-सख्या १ १७७ से मूल सस्कृत शब्द 'मातृ' में स्थित 'त्' का लोप, ३ ४६ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश की प्राप्ति, ४ ४४८ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'सि=स्' की प्राकृत में प्राप्त अंग 'माआ' में भी प्राप्ति एव १-११ से प्राप्त प्रत्यय 'स्' का 'हलन्त होने से' लोप होकर *माआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (माता=) माअरा में सूत्र संख्या १-१७७ से मूल सस्कृत शब्द 'मातृ में स्थित 'त् का लोप, ३ ४६ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'अरा' आदेश की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूपवत् होकर द्वितीय रूप *माअरा* भी सिद्ध हो जाता है।

*मातर* सस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप माआउ, माआओ, माअराउ, और माअराओ होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र सख्या १ १७७ से मूल सस्कृत शब्द 'मातृ' में स्थित 'त्' का लोप, ३ ४६ से लोप, हुए त के पश्चात शेष रहे 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश की प्राप्ति और ३ २७ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में आकारान्त स्त्रीलिंग में सस्कृतीय प्रत्यय 'जस् के स्थान पर प्राकृत में क्रम से उ' और 'ओ' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर *माआउ* और *माआओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय और चतुर्थ रूप-(मातर =) माअराउ और माअराओ में सूत्र सख्या १ १७७ से मूल

संस्कृत शब्द मातृ में स्थित 'त्' का लोप, १-४६ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'अरा' आदेश की प्राप्ति और ३-२७ से प्रथम दो रूपों के समान ही 'उ' और 'ओ' प्रत्यय क्रम से प्राप्ति होकर *माअराउ* और *माअराओ* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*मातरम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप माअं और माअरं होते हैं। इनमें 'माआ' और 'माअरा' अंगों की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-३६ से 'अन्त में द्वितीया विभक्ति के एकवचन का प्रत्यय आने से' मूल अंग 'माआ तथा माअरा' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'अम्' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप-*माअं* और *माअरं* सिद्ध हो जाते हैं।

*मातुः* संस्कृत षष्ठयन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप माआए होता है। इसमें 'माआ' अंग की साधनिका उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२९ से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में आकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माआए* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कुक्षेः* संस्कृत पञ्चम्यन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप कुच्छीए होता है। इसमें सूत्र संख्या २-३ से मूल संस्कृत शब्द कुक्षि' में स्थित 'क्ष्' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'छ' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति और ३-२९ से पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में इकारान्त के स्त्रीलिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति कराते हुए 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कुच्छीए* रूप सिद्ध हो जाता है।

*नमः* संस्कृत अव्यय है। इसका प्राकृत रूप नमो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-३७ से विसर्ग के स्थान पर 'डो' आदेश की प्राप्ति, तत्पश्चात 'डो' में 'ड' इत्संज्ञक होने से मूल अव्यय 'नम' में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होकर लोप एवं तत्पश्चात् प्राप्त हलन्त अंग 'नम्' में पूर्वोक्त 'ओ' आदेश की प्राप्ति संधि-संयोजना होकर प्राकृतीय अव्यय रूप *नमो* सिद्ध हो जाता है।

*मातृभ्यः* संस्कृत चतुर्थ्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप माअराण होता है। इसमें 'माअरा' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात प्राप्तांग 'माअरा' में सूत्र-संख्या ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का योग-दान एवं तदनुसार ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माअराण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मातृभ्यः* संस्कृत चतुर्थ्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप माईण होता है। इस

त्र संख्या १-१७७ से 'त' का लोप, १-१३५ से लोप हुए त' के पश्चात शेष रहे 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति, ३ १३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का योगदान, १२ से प्राप्तांग 'माइ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के आगे षष्ठी विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' दीर्घ 'ई' की प्राप्ति और अन्त में ३ ६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माईण* रूप सिद्ध हो जाता है ।

*मात्रा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप माऊए होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'मातृ' में स्थित 'त्' का लोप, ३ ४४ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति, और ३ २९ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा = आ' के स्थान पर प्राप्तांग 'माउ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति कराते हुए 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *माऊए* रूप सिद्ध हो जाता है ।

*समन्वितम्* संस्कृत विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप समन्निअं होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ७९ से 'व' का लोप, २ ८९ से लोप हुए 'व्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न्' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में प्राकृत में 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' का अनुस्वार होकर *समन्निअं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'वन्दे' (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ २४ में की गई है।

*मातृ देव* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप माइ देवो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१३५ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, और ३ २ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर 'डो = ओ' की प्राप्ति होकर *माइ देवो* रूप सिद्ध हो जाता है ।

*मातृ-गण* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप माइ-गणो होता है। इसमें 'माइ देवो' में प्रयुक्त सूत्रों से साधनिका की प्राप्ति होकर *माइ गणो* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-४६ ॥

## नाम्न्यरः ॥ ३-४७ ॥

ऋदन्तस्य नाम्नि संज्ञायां स्यादौ परे अर इत्यन्तादेशो भवति ॥ पिअरा । पिअरं । पिअरे । पिअरेण । पिअरेहिं जामायरा । जामायरं । जामायरे । जामायरेण । जामायरेहिं । मायरा । मायरं । मायरे । मायरेण । मायरेहिं ॥

*अर्थ*—नाम-बोधक ऋकारान्त संज्ञाओं में स्थित अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर, आगे वि० बोधक 'सि' 'अम्' आदि प्रत्ययों के रहने पर, 'अर' आदेश की प्राप्ति होती है। और इस प्रकार ये ऋकारान्त संज्ञा शब्द प्राकृत रूपान्तर में 'अर आदेश प्राप्ति' होने से अकारान्त हो जाते हैं, तत्पश्चात् इनकी विभक्ति-बोधक रूपावलि' जिण आदि अकारान्त शब्दों के अनुसार बनती। जैसे—पितर=पिअरा, पितरम्=पिअर, पितॄन्=पिअरे, पित्रा=पिअरेण और पितृभि=पिअरेहिं इत्यादि। जामातर=जामायरा, जामातरम्=जामायर, जामातॄन=जामायरे, जामात्रा=जामायरेण और जामातृभि=जामायरेहिं इत्यादि। भ्रातर=भायरा, भ्रातरम्=भायर, भ्रातॄन=भायरे, भ्रात्रा=भायरेण और भ्रातृभि=भायरेहिं, इत्यादि।

*पिअरा* और *पिअर* रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४४ में की गई है।

*पितॄन्* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिअरे होता है। सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'पितृ' में स्थित 'त' का लोप, ३-४७ से लोप हुए 'त' के शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति, ३-१४ से प्राप्तांग 'पिअर' में स्थित अन्त्य के स्थान पर 'आगे द्वितीया बहुवचन बोधक प्रत्यय 'शस्' की प्राप्ति होने से'-'ए' की प्राप्ति और ३-४ से द्वितीयाविभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर *पिअरे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पित्रा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिअरेण होता है। इसमें 'पिअर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'पिअर' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति बोधक प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पिअरेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पितृभि* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पिअरेहिं होता है। इसमें 'पिअर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'पिअर' में स्थित अन्त्य 'अ' स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'ए' की प्राप्ति ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पिअरेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*जामातर* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप जामायरा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'जामातृ' में स्थित 'त' का लोप, ३-४५ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति, १-१८० से आदेश प्राप्त 'अर' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्तांग 'जामायर' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे

प्रथमा विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'आ' की प्राप्ति और ३४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर *जामायरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*जामातरम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप जामायरं होता है। इसमें 'जामायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'अम्=म्' के समान ही प्राकृत में भी 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *जामायरं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*जामातॄन्* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप जामायरे होता है। इसमें 'जामायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'जामायर' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे द्वितीया विभक्ति के बहुवचन प्रत्यय की प्राप्ति होने से' 'ए' की प्राप्ति, और ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर *जामायरे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*जामात्रा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप जामायरेण होता है। इसमें 'जामायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'जामायर' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति के एकवचन प्रत्यय की प्राप्ति होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जामायरेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*जामातृभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत जामायरेहिं होता है। इसमें 'जामायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् शेष साधनिका सूत्र-संख्या ३-१५ तथा ३-७ से उपरोक्त '*पिअरेहिं*' के समान ही होकर *जामायरेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भ्रातरः* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भायरा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द भ्रातृ में स्थित 'र्' का लोप, १-१७७ से 'त' का लोप, ३-४७ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति, १-१८० से आदेश प्राप्त 'अर' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्तांग 'भायर' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे प्रथमा विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर *भायरा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भ्रातरम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भायरं होता है। इसमें 'भायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् शेष साधनिका सूत्र-संख्या ३-५ और १-२३ से 'जामायरं' के समान ही होकर प्राकृत रूप *भायरं* सिद्ध हो जाता है।

*भ्रातॄन्* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भायरे होता है। इसमें 'भायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात शेष साधनिका की प्राप्ति सूत्र-संख्या ३-१४ और ३-४ से 'जामायरे' के समान ही होकर प्राकृत रूप *भायरे* सिद्ध हो जाता है।

*भ्रात्रा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप भायरेण होता है। इसमें 'भायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात शेष साधनिका की प्राप्ति सूत्र-संख्या ३-१४ तथा ३-६ से 'जामायरेण' के समान ही होकर प्राकृत-रूप *भायरेण* सिद्ध हो जाता है।

*भ्रातृभिः* तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप भायरेहिं होता है। इसमें 'भायर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के समान, तत्पश्चात् शेष साधनिका की प्राप्ति सूत्र-संख्या ३-१५ तथा ३-७ से उपरोक्त 'पिअरेहिं' अथवा 'जामायरेहिं' के समान ही होकर प्राकृत रूप *भायरेहिं* सिद्ध हो जाता है। ३-४७ ॥

## आ सौ न वा ॥ ३-४८ ॥

ऋदन्तस्य सौ परे आकारो वा भवति ॥ पिआ। जामाया। भाया। कत्ता। पक्षे। पिअरो। जामायरो। भायरो। कत्तारो।

*अर्थ* —संस्कृत ऋकारान्त शब्दों के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति बोधक प्रत्यय 'सि' रहने पर शब्दान्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आ' की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —पिता = पिआ अथवा पिअरो, जामाता = जामाया अथवा जामायरो, भ्राता = भाया अथवा भायरो और कर्ता = कत्ता अथवा कत्तारो, इत्यादि।

"*पिआ*" रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४४ में की गई है।

*जामाता* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप जामाया और जामायरो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'जामातृ' में स्थित 'त्' का लोप; ३-४८ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश प्राप्ति, १-१८० से आदेश-प्राप्त 'आ' स्थान पर 'या' प्राप्ति, ४-४४८ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' = 'स्' की प्राकृत में भी प्राप्ति और १-११ से प्राप्त प्रत्यय 'स्' का प्राकृत में लोप होकर प्राकृत रूप *जामाया* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप '*जामायरो*' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४७ में की गई है।

*भ्राता* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप भाया और भायरो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'भ्रातृ' में स्थित 'र्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-४८ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, १-१८० से प्राप्त 'आ' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति और शेष साधनिका की प्राप्ति सूत्र संख्या ४-४४८ तथा १-११ से उपरोक्त 'जामाया' के समान ही होकर प्रथम रूप *भाया* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (भ्राता=) भायरो में सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'भ्रातृ' से स्थित 'र्' का लोप, १-१७७ से त् का लोप, ३-४७ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ऋ' स्वर के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति, १-१८० से आदेश प्राप्त 'अर' में स्थित प्रथम 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तांग 'भायर' में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *भायरो* सिद्ध हो जाता है।

*कर्ता* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत-रूप कत्ता और कत्तारो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द कर्तृ' में स्थित 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'त्' को 'द्वित्व' 'त्त्' की प्राप्ति, ३-४८ से शब्दान्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'आ' आदेश प्राप्ति, और शेष साधनिका की प्राप्ति सूत्र-संख्या ४-४४८ तथा १-११ से उपरोक्त 'जामाया' के समान ही होकर प्राकृत रूप '*कत्ता*' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (कर्ता=) कत्तारो में सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'कर्तृ' में स्थित 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, ३-४५ से शब्दान्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'आर' आदेश प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तांग 'कत्तार' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *कत्तारो* सिद्ध हो जाता है।

*पिता* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप-(पूर्वोक्त पिआ के अतिरिक्त) पिअरो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'पितृ' में स्थित 'त्' का लोप, ३-४७ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तांग 'पिअर' में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पिअरो* रूप सिद्ध हो जाता है॥ ३-४८॥

## राज्ञः ॥ ३-४९ ॥

राज्ञो नलोपेन्त्यस्य आत्वं वा भवति सौ परे । राया । हे राया । पक्षे । आणादेशे । रायाणो ॥ हे राय । हे राय इति तु शौरसेन्याम् । एवं हे अप्पं । हे अप्प ॥

*अर्थ*—संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' परे रहने पर सूत्र संख्या १-११ से 'न' का लोप होकर अन्त्य 'अ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आ' की प्राप्ति होती है। जैसे—राजा=राया, वैकल्पिक पक्ष में सूत्र संख्या ३-५६ से 'आण' आदेश की प्राप्ति होने पर प्रथमा विभक्ति के एकवचन में राजा=रायाणो रूप भी होता है। संबोधन एकवचन का उदाहरण — हे राजन्=हे राया ! और हे राय ! शौरसेनी भाषा में सूत्र संख्या ४-२६४ से संबोधन के एकवचन में 'हे राय !' रूप भी होता है। इसी प्रकार से आत्मन् शब्द भी राजन् के समान ही नकारान्त होने से इस 'आत्मन' शब्द के संबोधन के एकवचन में भी दो रूप होते हैं—जैसे—हे आत्मन् =हे अप्पं अथवा हे अप्प !" प्रथम रूप शौरसेनी भाषा का है, जब कि द्वितीय रूप प्राकृत भाषा का है।

*राजा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप *राया* और *रायाणो* होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त 'न्' का लोप, एवं ३-४९ से शेष शब्द राज के अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्तांग 'राजा' में स्थित 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति, ४-४४८ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स' की प्राकृत में भी प्राप्ति और १-११ से प्राप्त प्रत्यय हलन्त 'स' का लोप होकर *राया* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(राजा=)रायाणो में सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित 'ज्' का लोप १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-५६ से प्राप्तांग 'रायन्' में स्थित अन्त्य 'अन्' के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति, तदनुसार प्राप्तांग 'रायाण' में सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *रायाणो* भी सिद्ध हो जाता है।

*हे राजन् !* संस्कृत संबोधनात्मक एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप *हे राया !* और *हे राय !* होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त 'न्' का लोप एवं ३-४९ से शेष शब्द 'राज' के अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्तांग 'राजा' में स्थित 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे हुए 'आ' के स्थान पर 'या' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में प्राप्तांग 'राया' में अन्त्य 'आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'अ' की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *हे राया !* और *हे राय !* सिद्ध हो जाते हैं।

हे राजन् ! संस्कृत संबोधनात्मक एकवचन रूप है। इसका शौरसेनी रूप हे राय होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ४-२६४ से संबोधन के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के कारण से शौरसेनी में प्राप्तांग 'रायन' के अन्त्य न्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर शौरसेनी रूप हे राय ! सिद्ध हो जाता है।

हे आत्मन् ! संस्कृत संबोधनात्मक एकवचन का रूप है। इसका शौरसेनी रूप हे अप्प ! होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति २-५१ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति ४-२६४ से संबोधन के एकवचन में शौरसेनी में प्राप्तांग 'अप्पन्' में स्थित अन्त्य 'न्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर हे अप्प ! रूप सिद्ध हो जाता है।

हे आत्मन् ! संस्कृत संबोधनात्मक एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हे अप्प ! होता है। इसमें 'अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या १-११ से हलन्त 'न्' का लोप और ३-३८ से संबोधन के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' का प्राकृत में वैकल्पिक रूप से अभाव होकर प्राकृतीय संबोधनात्मक एकवचन रूप हे अप्प ! सिद्ध हो जाता है। ३-४९ ॥

## जस्-शस्-ङसि-ङसां णो ॥ ३-५० ॥

राजन् शब्दात् परेषामेषां णो इत्यादेशो वा भवति ॥ जस् । रायाणो चिट्ठन्ति । पक्षे । राया ॥ शस् । रायाणो पेच्छ । पक्षे । राया, राए ॥ ङसि । राइणो रण्णो आगओ । पक्षे । रायाओ । रायाउ । रायाहि । रायाहिन्तो । राया ॥ ङस् । राइणो रण्णो धणं । पक्षे । रायस्स ॥

*अर्थ* —संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर, द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर, पंचमी विभक्ति के एकवचन में प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर और षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —'जस्' प्रत्यय का उदाहरण —राजानः तिष्ठन्ति=रायाणो अथवा राया चिट्ठन्ति। 'शस्' प्रत्यय का उदाहरण -राज्ञः पश्य=रायाणो अथवा राया अथवा राए पेच्छ, अर्थात् राजाओं को देखो। 'ङसि' प्रत्यय का उदाहरण —राज्ञः आगतः = राइणो रण्णो-आगओ, पक्षान्तर में पांच रूप होते हैं —रायाओ, रायाउ, रायाहि, रायाहिन्तो और राया आगओ अर्थात् राजा से आया हुआ है। 'ङस्' प्रत्यय का उदाहरण-राज्ञः धनम्=राइणो-रण्णो

अथवा रायस्स धणं अर्थात् राजा का धन। यों उपरोक्त उदाहरणों से विदित होता है कि 'अस्' 'हन्' 'ङसि और ङस' प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति हुई है।

*राजान* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप रायाणो और राया होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में। सूत्र संख्या १ १७७ से संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित 'ज' का लोप, १।१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, १-११ से हलन्त 'न्' का लोप; ३ १२ से प्राप्तांग 'राय' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे प्रथमा विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय रहा हुआ होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३ ५० से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *रायाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राजान=) राया में 'राय' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ १२ से उपरोक्त रीति अनुसार ही अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति एवं प्राप्तांग 'राया' में ३-४ से प्रथम विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' की प्राकृत में प्राप्ति और लोप स्थिति प्राप्त होकर द्वितीय रूप *राया* भी सिद्ध हो जाता है।

*'चिट्ठन्ति'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२० में की गई है।

*राज्ञः* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप रायाणो, राया और राए होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'राय' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'राय' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे द्वितीया विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय रहा हुआ होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३ ५० से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य 'शस' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *रायाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राज्ञः =) राया में 'राय' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से 'राय में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति एवं ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' की प्राकृत में प्राप्ति एवं लोप स्थिति प्राप्त होकर द्वितीय रूप *राया* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(राज्ञः =) राए में सूत्र संख्या १ १७७ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित 'ज' का लोप, १ ११ से अन्त्य हलन्त न व्यञ्जन का लोप, ३ १४ से प्राप्तांग 'राअ' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३ ४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस' की प्राकृत में प्राप्ति एवं लोप स्थिति प्राप्त होकर तृतीय रूप 'राए' भी सिद्ध हो जाता है।

'वन्दु' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ २४ में की गई है।

राज्ञः संस्कृत पञ्चम्यन्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप राइणो, रण्णो, रायाओ, रायाउ, रायाहि, रायाहिन्तो और राया होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-५२ से 'ज' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति और ३-५० से पचमी विभक्ति के एकवचन मे संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राज्ञः =) रण्णो में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-५५ से से शेष रूप 'राज' में स्थित 'आज' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'अण' की प्राप्ति और ३-५० से प्राप्तांग 'रण' में पचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप '*रण्णो*' सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप से सातवें रूप तक मे अर्थात (राज्ञः=) रायाओ, रायाउ, रायाहि, रायाहिन्तो और राया में सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्तांग 'राय में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे पचमी विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय रहे हुए होने से' दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति एवं ३-८ से प्राप्तांग 'राया' में पचमी विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय 'ओ उ हि हिन्तो और लुक्' की क्रम से प्राप्ति होकर क्रम से *रायाओ रायाउ, रायाहि, रायाहिन्तो* और *राया* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*'आगओ'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है।

राज्ञः संस्कृत षष्ठ्यन्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप राइणो, रण्णो और रायस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न' का लोप, ३-५२ से शेष रूप 'राज' में स्थित 'ज' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति और ३-५० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राज्ञः=) रण्णो में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप ३-५५ से शेष रूप 'राज' में स्थित 'आज' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'अण् की प्राप्ति और ३-५० से प्राप्तांग 'रण्' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *रण्णो* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप (राज्ञः=) रायस्स में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित अन्त्य

हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप रायस्स भी सिद्ध हो जाता है।

धनम् संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप धणं होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त नपुंसक लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर धणं रूप सिद्ध हो जाता है। ३-५०॥

## टा णा ॥ ३—५१ ॥

राजन् शब्दात् परस्य टा इत्यस्य णा इत्यादेशो वा भवति ॥ राइणा । पक्षे राएण कयं ॥–

*अर्थ*—संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'णा' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे:- राज्ञा कृतम्=राइणा-रण्णा- (अथवा-) राएण कयं, अर्थात् राजा से किया हुआ है। यहां प्रथम दो रूपों में 'णा' आदेश की प्राप्ति हुई है।

*राज्ञा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप राइणा, रण्णा और राएण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'राइ' अंग प्राप्ति सूत्र संख्या ३-५० में वर्णित साधनिका के अनुसार; तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-५१ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' आदेश प्राप्त प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइणा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राज्ञा=) रण्णा में 'रण्' अंग की प्राप्ति सूत्र संख्या ३-५० से वर्णित साधनिका के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-५१ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में प्रथम रूप के समान 'णा' आदेश प्राप्त प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर द्वितीय रूप-*रण्णा* भी सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप-(राज्ञा=) राएण में सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, १-१७७ से 'ज्' का लोप, ३-१४ से प्राप्तांग 'राअ' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति के एकवचन का प्रत्यय रहा हुआ होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'राए' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप राएण सिद्ध हो जाता है।

'कयं' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१२६ में की गई है। ॥ ३-५१ ॥

## इर्जस्य णो-णा-ङौ ॥ ३-५२ ॥

राजन् शब्द सम्बन्धिनो जकारस्य स्थाने णो-णा-ङि परेषु इकारो वा भवति ॥ राइणो चिट्ठन्ति पेच्छ आगओ धण वा ॥ राइणा कय । राइम्मि । पक्षे । रायाणो । रण्णो । रायणा । राएण । रायम्मि ॥

*अर्थ* —संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में (प्रथमा बहुवचन में, द्वितीया बहुवचन में, पंचमी एकवचन में और षष्ठी एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय) णो, (तृतीया एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय) णा और सप्तमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थानीय रूप 'म्मि' परे रहने पर (मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित) 'ज' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति होती है। जैसे — राजान तिष्ठन्ति=राइणो चिट्ठन्ति अर्थात् राजा गण ठहरे हुए हैं। राज्ञः पश्य=राइणो पेच्छ अर्थात राजाओं को देखो। राज्ञः आगतः=राइणो आगओ अर्थात् राजा से आया हुआ है। राज्ञः धनम्= राइणो धण अर्थात राजा का धन। इन उदाहरणों से विदित होता है कि प्रथमा द्वितीया के बहुवचन में और पंचमी षष्ठी के एकवचन के प्राप्तव्य प्रत्यय 'णो' के पूर्व में राजन्' शब्द में स्थित 'ज' के स्थान पर 'इ' की आदेश प्राप्ति हुई है। 'णा' प्रत्यय का उदाहरण इस प्रकार है — राज्ञा कृतम्=राइणा कय अर्थात् राजा से किया हुआ है। इसी प्रकार से 'ङि प्रत्यय के स्थानीय रूप 'म्मि' का उदाहरण इस प्रकार है — राज्ञि=अथवा राजनि=राइम्मि अर्थात् राजा में। इस प्रकार तृतीया के एकवचन में और सप्तमी के एकवचन में क्रम से प्राप्त 'णा' प्रत्यय और 'म्मि' प्रत्यय के पूर्व में 'राजन' शब्द में स्थित 'ज' के स्थान पर 'इ' की आदेश प्राप्ति हुई है। वैकल्पिक पक्ष होने से जहां प्राप्त प्रत्यय 'णो', 'णा' और म्मि' प्रत्ययों के पूर्व 'राजन्' शब्द में स्थित 'ज' के स्थान पर 'इ' आदेश प्राप्ति नहीं होगी, वहां राजन् शब्द के रूप उपरोक्त विभक्तियों में इस प्रकार होंगे —

राजान =रायाणो अर्थात राजा गण। राज्ञः =रायाणो अर्थात राजाओं को। राज्ञः =रण्णो अर्थात् राजा से। राज्ञः=रण्णो अर्थात राजा का। राज्ञा=रायणा अथवा राएण अर्थात् राजा द्वारा या राजा से। राज्ञि या राजनि=रायम्मि अर्थात् राजा में अथवा राजा पर। इन उदाहरणों में यह प्रदर्शित किया गया है कि 'णो', णा' और म्मि' प्रत्ययों के प्राप्त होने पर भी वैकल्पिक पक्ष होने से 'राजन्' शब्द में स्थित ज' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति नहीं हुई है। यों वृत्ति में वर्णित शब्द 'इकारो वा' का अर्थ जानना।

*राजान* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप *राइणो* होता है। इसमें 'राइ' अंग की प्राप्ति सूत्र संख्या ३-५० में वर्णित साधनिका के अनुसार और तत्पश्चात सूत्र संख्या ३-२२ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *राइणो* सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञः* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप *राइणो* होता है। इसमें उपरोक्त रीति से ही सूत्र-संख्या ३-५० और ३-२७ से साधनिका की प्राप्ति होकर *राइणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राइणो* पंचम्यन्त एकवचन और षष्ठ्यन्त एकवचन रूप है। इसकी सिद्धि सूत्र-संख्या ३-५० में की जा चुकी है।

*सिद्धान्त* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

*पेच्छ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

*आगओ* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२०९ में की गई है।

*धण* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

*कय* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२६ में की गई है।

*राइणा* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५१ में गई है।

*'वा'* अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १-६७ में की गई है।

*राज्ञि* अथवा *राजनि* संस्कृत सप्तम्यन्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप *राइम्मि* और *रायम्मि* होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'राइ' अंग की प्राप्ति सूत्र संख्या ३-५० में वर्णित साधनिका के अनुसार और तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'इ = इ' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइम्मि* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (*राज्ञि* अथवा *राजनि*=) *रायम्मि* में 'राय' अंग की प्राप्ति सूत्र-संख्या ३-५० में वर्णित साधनिका के अनुसार और तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-११ से प्रथम रूप के समान ही 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *रायम्मि* भी सिद्ध हो जाता है।

*'रायाणो'* (प्रथमान्त द्वितीयान्त रूप) की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

*रण्णो* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

*राज्ञा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप *रायणा* और *रायण* होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'राय' अंग की प्राप्ति सूत्र संख्या ३-५० में वर्णित साधनिका के अनुसार और तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *रायणा* सिद्ध हो जाता है।

(द्वितीय रूप-) रायण-की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५१ में की गई है। ॥ ३-५२ ॥

## इणममामा ॥ ३-५३ ॥

राजन् शब्द संबन्धिनो जकारस्य अमाम्भ्यां सहितस्य स्थाने इणम् इत्यादेशो वा भवति ॥ राइणं पेच्छ। राइण धणं। पक्षे। राय। राईण ॥

*अर्थ* —संस्कृत शब्द 'राजन' के प्राकृत रूपान्तर में द्वितीया विभक्ति के एकवचन का प्रत्यय 'अम्' और षष्ठी विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय 'आम्' प्राप्त होने पर मूल शब्दस्थ 'ज' व्यञ्जन सहित उपरोक्त प्राप्त प्रत्यय के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'इण' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है। तात्पर्य यह है कि प्राकृत रूपान्तर में 'ज' और उपरोक्त प्रत्यय इन दोनों के स्थान पर 'इण' आदेश वैकल्पिक रूप से हुआ करता है। जैसे—राजानम् पश्य=राइणं (अथवा राय) पेच्छ, यह उपरोक्त विधानानुसार द्वितीया विभक्ति के एकवचन का उदाहरण हुआ। षष्ठी विभक्ति के बहुवचन का उदाहरण इस प्रकार है—राज्ञाम् धनम्=राइण (अथवा राईण या रायाण) धण। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में द्वितीया विभक्ति के एकवचन में राइण के स्थान पर राय जानना चाहिये और षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में राइण के स्थान पर राईण अथवा रायाण जानना चाहिये।

*राजानम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप राइणं और राय होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३-५३ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'अम्' सहित पूर्वस्थ 'ज' व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत में 'इणं' आदेश की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइणं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राजानम्=) रायं में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, १-१७७ से 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय अम् के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *रायं* सिद्ध हो जाता है।

*पेच्छ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

*राज्ञाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त का रूप है। इसके प्राकृत रूप राइण और राईण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३-५३ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' सहित पूर्वस्थ 'ज' व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत में 'इण' आदेश की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *राइणं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (राज्ञाम्=) राईण में सूत्र संख्या १ ११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-५४ से 'ज' के स्थान पर 'आगे षष्ठी विभक्ति का बहुवचन बोधक प्रत्यय 'आम्' रहा हुआ होने से' ई' की प्राप्ति, ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप राईण भी सिद्ध हो जाता है ।

घण रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ५० में की गई है ।

## ईद्भिस्भ्यसाम्सुपि ॥ ३--५४ ॥

राजन् शब्द सबन्धिनो जकारस्य भिसादिषु परतो वा ईकारो भवति ॥ भिस्। राईहि ॥ भ्यस् । राईहि । राईहिन्तो । राई सुन्तो ॥ आम् । राईणं ॥ सुप् । राईसु । पक्षे। रायाणेहि । इत्यादि ।

*अर्थ*—संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में तृतीया विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय पंचमी षष्ठी विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय परे रहने पर मूल शब्द 'राजन्' में स्थित 'ज' व्यञ्जन के स्थान पर वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ई' की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे—'भिस्' प्रत्यय का उदाहरण—राजभिः=राईहि अथवा पक्षान्तर में रायाणेहि, भ्यस् प्रत्यय के उदाहरण—राजभ्यः=राईहि, राईहिन्तो, राईसुन्तो अथवा पक्षान्तर में रायाणाहि, रायाणाहिन्तो, रायाणासुन्तो, इत्यादि । 'आम्' प्रत्यय का उदाहरण—राज्ञाम्=राईणं अथवा पक्षान्तर में रायाण और 'सुप्' प्रत्यय का उदाहरण—राजसु=राईसु अथवा पक्षान्तर में रायाणेसु होता है ।

*राजभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है । इसके प्राकृत रूप राईहि और रायाणेहि होते हैं । इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३ ५४ से 'ज' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से दीर्घ 'ई' की प्राप्ति, और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप राईहि सिद्ध हो जाता है ।

द्वितीय रूप (राजभिः) = रायाणेहि में सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित 'ज्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति ३ ५६ से प्राप्तांग 'रायन्' में स्थित अन्त्य अवयव 'अन्' के [illegible] पर 'आण' आदेश प्राप्ति, तत्पश्चात ३-१५ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के [illegible] तृतीया बहुवचन बोधक प्रत्यय रहा हुआ होने से 'ए' की प्राप्ति और [illegible] म संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की [illegible] ।

राजभ्य संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन रूप है। इसके प्राकृत रूप राईहि, राईहिन्तो और राईसुन्तो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-५४ से 'ज' के स्थान पर (वैकल्पिक रूप से,-दीर्घ 'ई' की प्राप्ति और ३-९ से पचमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'हि हिन्तो सुन्तो 'प्रत्ययो की प्राप्ति होकर राईहि, राईहिन्तो और राईसुन्तो रूप सिद्ध हो जाते हैं।

राईण रूप का सिद्धि सूत्र संख्या ३-५३ में की गई है।

राजसु संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप राईसु होता है। इसमें 'राई' अग की प्राप्ति इसी सूत्र में वर्णित उपरोक्त विधि-अनुसार तत्पश्चात् सूत्र संख्या ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' की प्राकृत में भी प्राप्ति होकर राईसु रूप सिद्ध हो जाता है। ३-५४ ॥

## आजस्य टा-ङसि-ङस्सु सणाणोष्वण् ॥ ३-५५ ॥

राजन् शब्द सम्बन्धिन आज इत्यवयवस्य टाङसिङस्सु णा णो इत्यादेशापन्नेषु परेषु अण् वा भवति ॥ रण्णा राइणा कयं। रण्णो राइणो आगओ धणं वा । टा ङसि ङस्स्विति किम्। रायाणो चिट्ठन्ति पेच्छ वा ॥ सणाणोष्विति किम्। राएण। रायाओ। रायस्स ॥

अर्थ —संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में तृतीया विभक्ति के एकवचनीय संस्कृत प्रत्यय 'टा' के स्थान पर सूत्र संख्या ३-५१ से प्राप्तव्य 'णा' प्रत्यय परे रहने पर तथा पचमी विभक्ति के एकवचनीय संस्कृत प्रत्यय 'ङसि् = अस' और षष्ठी विभक्ति के एकवचनीय संस्कृत प्रत्यय 'ङस्=अस' के स्थान पर प्राकृत में सूत्र संख्या ३-५० से प्राप्तव्य 'णो प्रत्यय परे रहने पर एवं सूत्र संख्या १-११ से 'राजन्' के अन्त्य 'न्' का लोप हो जाने पर शेष रहे हुए हुए 'राज' के अन्त्य अवयव रूप 'आज' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'अण्' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है। राज्ञा कृतम्=रण्णा कयं अथवा राइणा कयं अर्थात् राजा से किया गया है। राज्ञः आगतः=रण्णो आगओ अथवा राइणो आगओ अर्थात् राजा से आया हुआ है। षष्ठी विभक्ति के एकवचन का उदाहरण इस प्रकार है — राज्ञः धनम्=रण्णो धणं अथवा राइणो धणं अर्थात् राजा का धन (है)। यों 'अण्' आदेश प्राप्ति की वैकल्पिक स्थिति समझ लेनी चाहिये।

प्रश्न —मूल सूत्र में 'टा-ङसि-ङस्' का उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर — संस्कृत शब्द 'राजन' के प्राकृत रूपान्तर में 'आज' अवयव के स्थान पर (आदेश) की प्राप्ति उसी अवस्था में होती है, जब कि 'टा' अथवा 'ङसि' अथवा ङस्' प्रत्ययों में से कोई एक प्रत्यय रहा हुआ हो, अन्यथा नहीं। जैसे — राजान तिष्ठन्ति = रायाणो चिट्ठन्ति, यह उदाहरण प्रथमान्त बहुवचन वाला है और इसमें 'टा' अथवा 'ङसि' अथवा 'ङस्' प्रत्यय का अभाव है, इसी कारण से इसमें 'राजन' के अवयव 'आज' के स्थान पर 'अण्' आदेश प्राप्ति का भी अभाव है। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है — राज्ञः पश्य=रायाणो पेच्छ अर्थात् राजाओ को देखो, यह उदाहरण द्वितीयान्त बहुवचन वाला है और इसमें भी 'टा' अथवा 'ङसि' अथवा 'ङस' प्रत्यय का अभाव है। इसी कारण से इसमें 'राजन' के अवयव 'आज' के स्थान पर 'अण' आदेश-प्राप्ति का भी अभाव है। इस विवेचन से यह प्रमाणित होता है कि 'टा'='णा', 'ङसि' = 'णो' और 'ङस' = 'णो' प्रत्यय का सद्भाव होने पर ही राजन' के 'आज' अवयव के स्थान पर 'अण' (आदेश) की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है और इसी लिये मूल सूत्र में 'टा ङसि ङस' का उल्लेख किया गया है।

प्रश्न — मूल सूत्र में 'णा' और 'णो' का उल्लेख क्यों किया गया है।

उत्तर — संस्कृत शब्द 'राजन्' के प्राकृत रूपान्तर में तृतीया विभक्ति के एकवचन में जब सूत्र संख्या ३-५१ के अनुसार 'टा' प्रत्यय के स्थान पर णा' प्रत्यय की (आदेश) प्राप्ति होकर सूत्र संख्या ३-६ के अनुसार 'टा' प्रत्यय के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होती है, तब 'राजन' शब्द के 'आज' अवयव के स्थान पर 'अण' आदेश प्राप्त नहीं होता। जैसे — राज्ञा = राएण अर्थात् राजा से। इसी प्रकार से इसी 'राजन' शब्द के प्राकृत रूपान्तर में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में जब सूत्र संख्या ३-५१ के अनुसार 'ङसि' प्रत्यय के स्थान पर 'णो' प्रत्यय की (आदेश) प्राप्ति नहीं होकर सूत्र संख्या ३-८ के अनुसार 'ङसि' प्रत्यय के स्थान पर 'दो = ओ, दु = उ, हि, हिन्तो लुक् प्रत्यय की प्राप्ति होती है, तब 'राजन' शब्द के 'आज' अवयव के स्थान पर 'अण् (आदेश) की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे — राज्ञः = रायाओ अर्थात् राजा से, इत्यादि। यही सिद्धान्त षष्ठी विभक्ति के एकवचन के लिये भी समझना चाहिये, तदनुसार जब 'राजन शब्द के प्राकृत रूपान्तर में षष्ठी-विभक्ति के एकवचन में सूत्र संख्या ३-५० के अनुसार 'ङस' प्रत्यय के स्थान पर 'णो' प्रत्यय की (आदेश) प्राप्ति नहीं होकर सूत्र संख्या ३-१० के अनुसार ङस प्रत्यय के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होती है, तब 'राजन' शब्द के 'आज' अवयव के स्थान पर 'अण' (आदेश) की प्राप्ति नहीं होती है। जैसे — राज्ञः = रायस्स अर्थात् राजा का। इस प्रकार उपरोक्त विवेचन से यह ज्ञात होता है कि जब 'टा' के स्थान पर 'णा' और ङसि' अथवा 'ङस' के स्थान पर 'णो' की प्राप्ति होती है; तभी 'राजन' के 'आज' अवयव के स्थान पर 'अण' आदेश प्राप्ति होती है, अन्यथा नहीं। इसी लिये मूल सूत्र में 'णा' और 'णो' का उल्लेख करना पड़ा है।

'रण्णा' और 'राइणा' रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५१ में की गई है।

'कर्य' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १७६ में की गई है।

'रण्णो' और 'राइणो' रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

'आगओ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है।

'धणं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

'वा' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६७ में की गई है।

'रायाणो' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

'चिट्ठन्ति' (क्रिया पद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२० में की गई है।

'पेच्छ' (क्रिया पद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

'वा' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६७ में की गई है।

'राएण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५१ में की गई है।

'रायाओ' 'रायस्स' रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

## पुंस्यन आणो राजवच्च ॥ ३-५६ ॥

पुल्लिङ्गे वर्तमानस्यानन्तस्य स्थाने आण इत्यादेशो वा भवति। पक्षे। यथा दर्शनं। राजवत् कार्यं भवति)। आणादेशे च अतः सेर्डोः (३-२) इत्यादयः प्रवर्तन्ते। पक्षे तु राज्ञः जस्-शस्-ङसि ङसां णो (३-५०) टो णा (३-२४) इणममामा (३-५३) इति प्रवर्तन्ते॥ अप्पाणो। अप्पाणा। अप्पाण। अप्पाणे। अप्पाणेण। अप्पाणेहि। अप्पाणाओ। अप्पाणासुन्तो। अप्पाणस्स। अप्पाणाण। अप्पाणम्मि। अप्पाणेसु। अप्पाण-कयं। पक्षे राजवत्। अप्पा। अप्पो। हे अप्पा। हे अप्प। अप्पाणो चिट्ठन्ति। अप्पाणो पेच्छ॥ अप्पणा। अप्पेहिं। अप्पाणो। अप्पाओ। अप्पाउ। अप्पाहि। अप्पाहिन्तो। अप्पा। अप्पासुन्तो॥ अप्पणो धणं। अप्पाणं। अप्पे। अप्पेसु॥ रायाणो। रायाणा। रायाण। रायाणे। रायाणेण। रायाणेहिं। रायाणाहिन्तो। रायाणस्स। रायाणाण। रायाणम्मि। रायाणेसु। पक्षे। राया इत्यादि। एवं जुवाणो। जुवाण-जणो। जुआ। बम्हाणो। बम्हा॥ अद्धाणो। अद्धा॥ उक्षन्। उच्छाणो। उच्छा॥ गावाणो। गावा॥ पूसाणो। पूसा॥ तक्खाणो। तक्खा॥

मुद्दाणो। मुद्धा ॥ श्वन्। साणो। सा ॥ सुकर्मणः पश्य ॥ सुकम्माणे पेच्छ ॥ निएइ सो सुकम्माणे। पश्यति कथ स सुकर्मण इत्यर्थः ॥ पुंसीति किम्। शर्म। सम्मं ॥

*अर्थ*—जो संस्कृत शब्द पुल्लिग होते हुए 'अन' अन्त वाले हैं, उनके प्राकृत रूपान्तर 'अन' अवयव के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आण' (आदेश) की प्राप्ति होती है। ... होने से जहां अन् के स्थान पर 'आण आदेश की प्राप्ति नहीं होगी, वहां उन शब्दों की ... बोधक-रूपावली 'राज' शब्द के समान उपरोक्त सूत्रों में वर्णित विधि विधानानुसार होगी। ... के स्थान पर 'आण' (आदेश) प्राप्ति होने पर वे शब्द 'अकारान्त' शब्दों की श्रेणी में प्रविष्ट ... जायगे। और उनकी विभक्ति बोधक रूपावली 'जिण' आदि शब्दों के अनुरूप ही निर्मित होगी तथा उनमें 'अत से डों' (३-२) आदि सभी सूत्र वे ही प्रयुक्त होंगे, जो कि 'जिण' ... शब्दों में प्रयुक्त होते हैं। वैकल्पिक-पक्ष में 'अन्' के स्थान पर 'आण' (आदेश) की प्राप्ति नहीं होने ... 'राज' के समान ही विभक्ति-बोधक रूपावलि होने के कारण से उनमें-'जस शस ङसि-ङसां' ... (३ ५०), 'टो-णा'-(३-२४) और 'इणममामा' (३-५३) इत्यादि सूत्रों का प्रयोग होगा। इस ... अन् अन्त वाले पुल्लिग शब्दों की विभक्ति बोधक रूपावलि दो प्रकार से होती है, प्रथम प्रकार ... 'अन्' के स्थान पर 'आण' (आदेश) की प्राप्ति होने पर 'अकारान्त' शब्दों के समान ही -निर्मित होगी और द्वितीय प्रकार में 'आण' आदेश प्राप्ति का अभाव होने पर उनकी रूपावलि 'राज' शब्द में प्रयुक्त किये जाने वाले सूत्रों के अनुसार ही होगी। यह सूक्ष्म भेद ध्यान में रखना चाहिये। अब यहा पर सर्व प्रथम 'अन्' अन्त वाले 'आत्मन्' शब्द में 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश प्राप्ति का विधान करके इसको 'अकारान्त' स्वरूप प्रदान करते हुए 'जिण' आदि अकारान्त -शब्दों के समान ही उक्त 'आत्मन् = अप्पाण' की विभक्तिबोधक रूपावलि का उल्लेख किया जाता है।

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| प्रथमा— | (आत्मा=) अप्पाणो। | (आत्मानः=) अप्पाणा। |
| द्वितीया— | (आत्मानम्=) अप्पाणं। | (आत्मनः=) अप्पाणे। |
| तृतीया— | (आत्मना=) अप्पाणेण। | (आत्मभिः=) अप्पाणेहि। |
| पञ्चमी— | (आत्मनः=) अप्पाणाओ। | (आत्मभ्यः=) अप्पाणासुन्तो। |
| षष्ठी— | (आत्मनः=) अप्पाणस्स। | (आत्मनाम्=) अप्पाणाण। |
| सप्तमी— | (आत्मनि=) अप्पाणम्मि। | (आत्मसु=) अप्पाणेसु। |

समास अवस्था में 'आत्मन् = अप्पाण' में रहे हुए विभक्ति बोधक प्रत्ययों का लोप हो जाता है। जैसे—आत्म-कृतम्=अप्पाण-कय अर्थात् खुद से-स्वय अपने से अथवा आत्मा से किया हुआ

। उपरोक्त 'आत्मन = अप्पाण' के विवेचन से यह ज्ञात होता है कि 'अन्' अन्त वाले पुल्लिग शब्दों ं 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदश की प्राप्ति होकर वे शब्द अकारान्त पुल्लिग शब्दों की ेणी के अन्तगत हो जाते हैं। किन्तु यह स्थिति वैकल्पिक पक्षवाली है, तदनुसार 'आण' आदेश की ाप्ति के अभाव में 'अन्' अन्त वाले शब्दों की स्थिति सूत्र सख्या ३ ४६ से लगाकर ३ ५५ तक के वधि विधानानुसार निर्मित होती हुई 'राज' शब्द के समान सचारित होती है। इस विधि विधान ो 'आत्मन् = अप्पा' के उदाहरण से नीचे स्पष्ट किया जा रहा है —

प्रथमा विभक्ति के एकवचन का उदाहरण —आत्मा = अप्पा और अप्पो। सबोधन के कवचन का उदाहरण —हे आत्मन् = हे अप्पा ! और हे अप्प ! प्रथमा विभक्ति के बहुवचन का दाहरण —आत्मान तिष्ठन्ति = अप्पाणो चिट्ठन्ति इस उदाहरण में 'आत्मन् = अप्प' अंग में सूत्र सख्या ३ ५० के अनुसार प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है। द्वितीया वभक्ति के बहुवचन का उदाहरण —आत्मन पश्य = अप्पाणो पेच्छ अर्थात् अपने आपको (आत्म-गुणो को) देखो। इस उदाहरण में भी 'आत्मन् = अप्प' अंग में सूत्र सख्या ३-५० के अनुसार ही द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है।

अन्य विभक्तियों में 'आत्मन् = अप्प' के रूप इस प्रकार होते हैं —

| विभक्ति नाम | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| तृतीया— | (आत्मना = ) अप्पणा। | (आत्मभि =) अप्पेहिं। |
| पचमी— | (आत्मन = ) अप्पाणो, अप्पाओ, अप्पाउ, अप्पाहि, अप्पाहिन्तो, अप्पा। | (आत्मभ्य =) अप्पासुन्तो इत्यादि। |
| षष्ठी— | (आत्मन धनम् = )अप्पणो धण। | (आत्मनाम् = ) अप्पाण। |
| सप्तमी— | (आत्मनि = ) अप्पे। | (आत्मसु = ) अप्पेसु। |

उपरोक्त उदाहरणों से यह प्रमाणित होता है कि अन्' अन्त वाले पुल्लिग शब्दों में 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति के अभाव में विभक्ति (बोधक) कार्य की प्रवृत्ति सूत्र सख्या ३ ४६ से प्रारम्भ करके सूत्र-सख्या ३-५५ तक में वर्णित विधि विधान के अनुसार होती है, इसी सिद्धान्त को इसी सूत्र में 'राजवत्' शब्द का सूत्र रूप से उल्लेख करके प्रदर्शित किया गया है।

इसी प्रकार से 'राजन्' शब्द भी पुल्लिग होता हुआ अन्' अन्त वाला है, तदनुसार सूत्र सख्या ३-५६ के विधान से 'अन्' अवयव के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में वैकल्पिक रूप से 'आण' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है और ऐसा होने पर 'राजन् = रायाण' रूप अकारान्त हो जाता है, तथा अकारान्त होने पर इसकी विभक्ति बोधक कार्य की प्रवृत्ति 'जिण' आदि अकारान्त शब्दों के अनुसार होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से जब सूत्र सख्या ३ ५, के अनुसार प्राप्तव्य 'अन्' के स्थान पर 'आण'

आदेश प्राप्ति का अभाव होगा, तब इनकी विभक्ति (बोधक) कार्य की प्रवृत्ति सूत्र संख्या ३-४६ से प्रारम्भ करके सूत्र संख्या ३-५४ तक में वर्णित विधि विधान के अनुसार होती है। इस महत्वपूर्ण स्थिति को सदैव ध्यान में रखना चाहिये।

अब 'राजन = रायाण' रूप की विभक्ति बोधक कार्य की प्रवृत्ति नीचे लिखी जाती है—

| विभक्ति नाम | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| प्रथमा— | (राजा =) रायाणो । | (राजान =) रायाणा । |
| द्वितीया— | (राजानम् =) रायाणं । | (राज्ञः=) रायाणे । |
| तृतीया— | (राज्ञा =) रायाणेण । | (राजभि =) रायाणेहिं । |
| पंचमी— | (राज्ञ =) रायाणाहिन्तो इत्यादि । | (राजभ्यः=रायाणासुन्तो । इत्यादि ।) |
| षष्ठी— | (राज्ञ =) रायाणस्स । | (राज्ञाम् =) रायाणाण । |
| सप्तमी— | (राज्ञि =) रायाणम्मि । | (राजसु =) रायाणेसु । |

शेष रूपों की स्थिति 'जिण' आदि अकारान्त शब्दों के अनुसार जाननी चाहिये। वैकल्पिक पक्ष होने से 'राजा = राया' आदि रूपों की स्थिति सूत्र संख्या ३ ४६ से प्रारम्भ करके सूत्र-संख्या ३-५५ के अनुसार स्वयमेव जान लेना चाहिये। कुछ 'अन' अन्त वाले पुल्लिंग शब्दों का प्राकृत रूपान्तर सामान्य अवबोधन हेतु नीचे लिखा जा रहा है—

युवन = जुवाण, तदनुसार प्रथमा विभक्ति के एकवचन का उदाहरण —युवा = जुवाणो, इत्यादि। समास अवस्था में विभक्ति (बोधक) प्रत्ययों का लोप हो जाता है, तदनुसार इसका उदाहरण इस प्रकार है —युवा-जन = जुवाण जणो। वैकल्पिक पक्ष होने से युवन' शब्द के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सूत्र संख्या ३-४६ के विधान से 'जुआ रूप भी होता है। ब्रह्मन् शब्द के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सूत्र संख्या ३ ५६ और ३ ४६ के विधान से क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से (ब्रह्मा) बम्हाणो अथवा बम्हा रूप होते हैं।

संस्कृत शब्द 'अध्वन', 'उक्षन', ग्रावन्', 'पूषन्', 'तक्षन्', 'मूर्धन', और 'श्वन्' इत्यादि पुल्लिंग होते हुए 'अन् अन्त वाले हैं, तदनुसार इन शब्दों के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सूत्र संख्या ३ ५६ और ३ ४६ के विधान से क्रम से एव वैकल्पिक रूप से दो दो रूप निम्न प्रकार से होते हैं—

अध्वा = अद्धाणो और अद्धा। उक्षा = उच्छाणो और उच्छा। ग्रावा = गावाणो और गावा। पूषा = पूसाणो और पूसा। तक्षा = तक्खाणो और तक्खा। मूर्धा = मुद्धाणो और मुद्धा। श्वा = साणो और सा। शेष विभक्तियों के रूपों की स्थिति 'आत्मा = अप्पाण' के समान जान लेना चाहिये। इस प्रकार यह सिद्धान्त निश्चित हुआ कि 'अन्' अन्त वाले पुल्लिंग शब्दों के अन्तिम अवयव 'अन्' के

थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति होकर ये शब्द अकारान्त हो जाते हैं और इनकी विभक्ति बोधक) कार्य की प्रवृत्ति 'जिण' अथवा 'वच्छ' अथवा 'अप्पाण' के अनुसार होती है। उपरोक्त सिद्धान्त की पुष्टि के लिये दो उदाहरण और दिये जाते हैं —

सुकर्मणः पश्य – सुकम्माणे पेच्छ अर्थात् अच्छे कार्यों को देखो। इस उदाहरण में 'सुकर्मन्' शब्द 'अन' 'अन्त वाला है और इसके अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति करके प्राकृत-रूपान्तर 'सुकम्माण' रूप का निर्माण करके द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'वच्छे' के समान सूत्र सख्या -४ और ३ १४ के विधान से 'सुकम्माणे' रूप का निर्धारण किया गया है, जो कि स्पष्टत अकारान्त स्थिति का सूचक है।

दूसरा उदाहरण इस प्रकार है –

पश्यति कथ स सुकर्मण = निएइ कह सो सुकम्माणे अर्थात वह अच्छे कार्यो को किस प्रकार देखता है? इस उदाहरण में भी प्रथम उदाहरण के समान ही 'सुकर्मन्' शब्द की स्थिति को द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त शब्द की स्थिति के समान ही समझ लेना चाहिये।

*प्रश्न* —मूल सूत्रो में सर्व प्रथम 'पु सि' अर्थात् 'पुल्लिंग में' ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है?

उत्तर —'अन्' अन्त वाले शब्द पुल्लिंग भी होते हैं और नपु सक लिंग भी होते है, तदनुसार इस 'अन्' अवयव के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में केवल पुल्लिंग शब्दों में ही 'आण' आदेश प्राप्ति होती है, नपु सक लिंग वाले शब्द चाहे 'अन्' अन्त वाले भले ही हों, किन्तु उनमे 'अन' अवयव के स्थान पर आण आदेश प्राप्ति नहीं होता है, इस विशेष तात्पर्य को बतलाने के लिये तथा सपुष्ट करने के लिये ही मूल सूत्र में सर्व-प्रथम 'पु सि अर्थात 'पुल्लिंग में' ऐसा शब्दोंल्लेख करना पड़ा है। नपु सक लिंगात्मक उदाहरण इस प्रकार है —जैसे शर्मन शब्द के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सस्कृत रूप 'शर्म, का प्राकृत रूपान्तर सम्म' होता है। तदनुसार यह प्रतिभासित होता है कि सस्कृत रूप 'शर्म का प्राकृत रूपान्तर 'सम्माणो' नहीं होता है। अतएव 'पु सि शब्द का उल्लेख करना सर्वथा न्यायोचित एव प्रसगोचित है।

*आत्मा* सस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणो होता है। इसमें सूत्र सख्या १-८४ से आदि 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २ ५१ से सयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' आदेश की प्राप्ति, २ ८६ से आदेश प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, ३-५६ से मूल सस्कृत शब्द 'आत्मन्' में स्थित अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर-(वैकल्पिक रूप से)-'आण' आदेश की प्राप्ति, यो 'आत्मन्' के प्राकृत रूपान्तर में 'अप्पाण' अग की प्राप्ति होकर तत्पश्चात् सूत्र-सख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*अप्पाणो*' रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मान* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणा होता है। इसमें 'आत्मन् = अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' को 'आगे प्रथमा-बहुवचन बोधक प्रत्यय की स्थिति होने से' 'आ' की प्राप्ति एवं ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर *अप्पाणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मानम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणं होता है। इसमें 'आत्मन् = अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्=म्' के समान ही प्राकृत में भी 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *अप्पाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मनः* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणे होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' को 'आगे द्वितीया-बहुवचन प्रत्यय की स्थिति होने से' 'ए' की प्राप्ति एवं ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर *अप्पाणे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मना* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणेण होता है। इसमें 'आत्मन = अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' को 'आगे तृतीया-एक-वचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणेहि होता है। इसमें 'आत्मन् = अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे तृतीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणेहि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मनः* संस्कृत पञ्चम्यन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणाओ होता है। इसमें 'आत्मन=अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे पंचमी-एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-८ से पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप-अप्पाणासुन्तो होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ १३ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे पंचमी बहुवचन बोधक-प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३ ६ से पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर प्राकृत में 'सुन्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणासुन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मन* संस्कृत षष्ठयन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणस्स होता है। इसमें 'आत्मन = अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ १० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस = अस' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मनाम्* संस्कृत षष्ठयन्त बहुवचनरूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणाण होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्पाण अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'अप्पाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'आगे षष्ठी विभक्ति बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ की प्राप्ति और ३ ६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणाण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मनि* संस्कृत सप्तम्यन्त एकवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणम्मि होता है। इसमें 'आत्मन=अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'म्मि प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मसु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणेसु होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्पाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ १५ से प्राप्तांग 'अप्पाण में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे सप्तमी विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ४ ४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणेसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्म कृतम्* संस्कृत (आत्मना कृतम् का समास अवस्था प्राप्त) विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाण कय होता है। इसमें 'अप्पाण' अवयव रूप अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार और 'कय' रूप उत्तरार्ध अवयव की साधनिका का सूत्र संख्या १-१२६ के अनुसार प्राप्त होकर *अप्पाण-कय* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप अप्पा और अप्पो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप *'अप्पा'* की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-५१ में की गई है। द्वितीय रूप 'अप्पो' में १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'आत्मन्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न' का लोप, ३-५१ से 'त्म' अवयव के स्थान पर 'प' की आदेश प्राप्ति, २-८९ से आदेश प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में (प्राप्त रूप-) अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अप्पो* सिद्ध हो जाता है।

हे *आत्मन्!* संस्कृत संबोधनात्मक एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप हे अप्पा! हे अप्प! होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-८४ से मूल संस्कृत शब्द 'आत्मन्' में दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति ३-५१ से संयुक्त व्यञ्जन 'त्म' के स्थान पर 'प' की आदेश की प्राप्ति, २-८९ से आदेश प्राप्त 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य व्यञ्जन 'न्' का लोप, और ३-४९ से (तथा ३-५६ के निर्देश से) संबोधन के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राप्तांग 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' को 'आ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप हे *अप्पा!* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप हे *अप्प!* की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४९ में की गई है।

*आत्मानः* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणो होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' के आगे प्रथमा बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'आ' की प्राप्ति और ३-५० से (तथा ३-५६ के निर्देश से-) प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'अप्पा' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'चिट्ठन्ति'* क्रियापद की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२० में की गई है।

*आत्मनः* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाणो होता है। इसमें 'अप्पा' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-५० से (तथा ३-५६ के निर्देश से) द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'अप्पा' में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पाणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'पेच्छ'* क्रियापद की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

*आत्मना* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पणा होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-५१ से (तथा ३-५६ के निर्देश से) तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा = आ' के स्थान पर

कृत में 'णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मभि* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पेहि होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे तृतीया-बहुवचन (बोधक-प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३ ७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मन* संस्कृत पञ्चम्यन्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप अप्पाणो, अप्पाओ, अप्पाउ, अप्पाहिं अप्पाहिन्तो और अप्पा होते हैं। इनमें 'अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे पंचमी एकवचन बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति, और ३-५० से (तथा ३ ५६ के निर्देश से) प्राप्तांग 'अप्पा' के प्रथम रूप में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होकर प्रथम रूप '*अप्पाणो*' सिद्ध हो जाता है।

शेष पाँच रूपों में प्राप्तांग 'अप्पा' में सूत्र संख्या ३ ८ से पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि=अस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से दो=ओ, दु=उ, हि, हिन्तो और (प्रत्यय) लुक' प्रत्ययों की की प्राप्ति होकर क्रम से शेष पाँच रूप '*अप्पाओ, अप्पाउ, अप्पाहि अप्पाहिन्तो* और *अप्पा* सिद्ध हो जाते हैं।

*आत्मभ्य* संस्कृत पञ्चम्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पा सुन्तो होता है। इसमें *'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ १२ से प्राप्तांग के* 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ के आगे पंचमी-बहुवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३ ६ से प्राप्तांग 'अप्पा' में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर प्राकृत में 'सुन्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पासुन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मन संस्कृत* षष्ठ्यन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पणो होता है। इसमें 'आत्मन=अप्प' *अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार*, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-५० से (तथा ३-५६ के निर्देश से) षष्ठी विभक्ति के एकवचन म संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'धण'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

*आत्मनाम्* संस्कृत षष्ठ्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पाण होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग

'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे षष्ठी-बहुवचन बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से 'आ' की प्राप्ति और ३- से प्राप्तांग 'अप्पा' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, एवं १२७ से प्राप्त प्रत्यय ण' पर आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर *अप्पाण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मनि* संस्कृत सप्तम्यन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पे होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से प्राप्तांग 'अप्प' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की (आदेश-) प्राप्ति, 'डे' में स्थित ड' इत्संज्ञक होने से प्राप्तांग 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' की इत्संज्ञा होकर लोप एवं तत्पश्चात् प्राप्तांग हलन्त 'अप्प' में पूर्वोक्त 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आत्मसु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप अप्पेसु होता है। इसमें 'आत्मन्=अप्प' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'अप्प' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे सप्तमी बहुवचन (बोधक-प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सु' के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अप्पेसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राजा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'राजन्' में स्थित 'ज्' व्यञ्जन का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ज' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-५६ से प्राप्त रूप 'रायन' में स्थित अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तांग अकारान्त रूप 'रायाण' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राजानः* संस्कृत प्रथमान्त बहुवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणा होता है। इसमें 'रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे प्रथमा बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर *रायाणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राजानम्* संस्कृत द्वितीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणं होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, [illegible] सूत्र संख्या ३-५ से प्राप्तांग रायाण में द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय [illegible] के समान ही प्राकृत में भी 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ [illegible] प्रत्यय 'म्' [illegible] की प्राप्ति होकर [illegible] रूप सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञः* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणे होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे द्वितीया बहुवचन-बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर *रायाणे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञा* संस्कृत तृतीयान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणेण होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे तृतीया एकवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणेण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राजभिः* संस्कृत तृतीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणेहिं होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त-विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे तृतीया-बहुवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञः* संस्कृत पञ्चम्यन्त एकवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप-रायाणाहिन्तो होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे पंचमी एकवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-८ से पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिन्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणाहिन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञः* संस्कृत षष्ठ्यन्त एकवचन रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणस्स होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञाम्* संस्कृत षष्ठ्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप रायाणाणं होता है। इसमें 'राजन्=रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे षष्ठी बहुवचन-(बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति, ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *रायाणाणं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राज्ञि* संस्कृत सप्तम्यन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप *रायाणम्मि* होता है। 'रायाण' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि = इ के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राजसु* संस्कृत सप्तम्यन्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप *रायाणेसु* होता है। 'राजन्=रायाण अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से अंग 'रायाण' में स्थित अन्त्य 'अ' के आगे सप्तमी बहुवचन-(बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ४ ४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रायाणेसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*राया*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ४९ में की गई है।

*युवा* संस्कृत रूप है। इसके प्राकृत रूप *जुवाणो* और *जुआ* होते हैं। इनमें से प्रथम सूत्र संख्या १ २४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, ३-५६ से मूल संस्कृत-शब्द में स्थित अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति, और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्त अकारान्त अंग 'जुवाण' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *जुवाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (युवन=)*जुआ* में सूत्र संख्या १ १७७ से 'व' का लोप, १-२४५ से 'य्' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १ ११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप और ३ ४९ से (तथा ३ ५६ के निर्देश से) प्राप्तांग अकारान्त 'जुव' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' का सद्भाव होने से प्राकृत में अन्त्य 'अ' का 'आ' की प्राप्ति, एवं १ ११ से प्राप्त प्रत्यय 'सि=स' का लोप होकर प्रथमान्त एकवचन रूप *जुआ* सिद्ध हो जाता है।

*युवा जन* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप *जुवाण जणो* होता है। इसमें 'जुवाण' रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या १-२२८ से अन्त्य 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जुवाण जणो* सिद्ध हो जाता है।

*ब्रह्मा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप *बम्हाणो* और *बम्हा* होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २ ७९ से मूल संस्कृत शब्द 'ब्रह्मन्' में स्थित 'र्' का लोप, २ ७४ से 'ह्म' के स्थान पर 'म्ह' की प्राप्ति, ३ ५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति और ३ २ से प्राप्तांग अकारान्त रूप 'बम्हाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय

प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *बम्हाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-'बम्हा' की सिद्धि सूत्र संख्या २ ७४ में की गई है।

*अध्वा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप अद्धाणो और अद्धा होते है। इनमें से प्रथम रूप में से सूत्र संख्या २-७६ से मूल संस्कृत शब्द 'अध्वन्' में स्थित 'व्' का लोप, २ ८६ से लोप हुए 'व्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ध' को द्वित्व 'ध्ध' की प्राप्ति, २-६० से प्राप्त हुए पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' का प्राप्ति, ३-५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति, और ३-२ से प्राप्तांग अकारान्त रूप 'अद्धाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अद्धाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(अध्वन्=अध्वा= अद्धा में सूत्र संख्या २-७६ से 'व्' का लोप, २-८६ से लोप हुए 'व्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ध' को द्वित्व 'धध' का प्राप्ति २ ६० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३ ४६ से (तथा ३ ५६ के निर्देश से) प्राप्तांग अकारान्त रूप 'अद्ध' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे प्रथमा-एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ४-४४८ के अनुसार प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर द्वितीय रूप *अद्धा* भी सिद्ध हो जाता है।

*उक्षा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचत का रूप है। इसके प्राकृत रूप उच्छाणो और उच्छा होते है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-३ के अनुसार अथवा २ १७ से मूल संस्कृत शब्द 'उक्षन्' में स्थित 'क्ष' के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति, २-८६ से प्राप्त 'छ' को द्वित्व 'छछ' की प्राप्ति, २ ६० से प्राप्त पूर्व 'छ' के स्थान पर 'च्' को प्राप्ति, ३-५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति और ३ २ से प्राप्तांग अकारान्त रूप 'उच्छाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय को प्राप्ति होकर प्रथम रूप *उच्छाणो* सिद्ध हो जाता है।

*उच्छा* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या २ १७ मे की गई है।

*ग्रावा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप गावाणो और गावा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में से सूत्र-संख्या २-७६ से मूल संस्कृत शब्द 'ग्रावन्' में स्थित 'र्' का लोप, ३ ५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश प्राप्ति और ३ २ से प्राप्तांग अकारान्त रूप गावाण में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *गावाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(ग्रावन्=) गावा में सूत्र संख्या २-७६ से 'र' का लोप, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-४६ से (तथा ३-५६ के निर्देश से) प्राप्तांग अकारान्त रूप 'गाव' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे प्रथमा एकवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ४-४४८ के अनुसार संस्कृतीय प्रत्यय 'सि=स' का प्राकृत में लोप होकर द्वितीय रूप *गावा* भी सिद्ध हो जाता है।

*पूषा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप पूसाणो और पूसा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६० से मूल संस्कृत शब्द 'पूषन' में स्थित 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३-५६ से अन्त्य 'अन' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्राप्तांग अकारान्त रूप-'पूसाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *पूसाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (पूषन=) पूसा में सूत्र-संख्या १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-४६ से (तथा ३-५६ के निर्देश से) प्राप्तांग अकारान्त रूप 'पूस' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे प्रथमा एकवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ४-४४८ के अनुसार संस्कृतीय प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर द्वितीय रूप *पूसा* भी सिद्ध हो जाता है।

*तक्षा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप तक्खाणो और तक्खा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या २-३ से मूल संस्कृत शब्द 'तक्षन्' में स्थित 'क्ष्' के स्थान पर 'ख्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख्' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति, ३-५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्राप्तांग अकारान्त रूप 'तक्खाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *तक्खाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (तक्षन=तक्षा=) तक्खा में सूत्र संख्या २-३ से मूल संस्कृत शब्द 'तक्षन' में स्थित 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख्ख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'न्' का लोप, ३-४६ से (तथा ३-५६ के निर्देश से) प्राप्तांग अकारान्त रूप 'तक्ख' में स्थित अन्त्य 'अ' के 'आगे प्रथमा एकवचन (बोधक प्रत्यय) का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में ४-४४८ के अनुसार संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर द्वितीय रूप *तक्खा* भी सिद्ध हो जाता है।

*मूर्धा* संस्कृत प्रथमान्त एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप मुद्धाणो और मुद्धा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-८४ से मूल संस्कृत शब्द 'मूर्धन' में स्थित दीर्घ स्वर 'ऊ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात शेष रहे हुए 'ध' को द्वित्व 'ध्ध्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध्' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति उपरोक्त, ३-५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति और ३-२ से प्राप्तांग अकारान्त रूप 'मुद्धाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *मुद्धाणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *'मुद्धा'* की सिद्धि सूत्र संख्या *२-४१* में की गई है।

*'ताणो'* और *'ता'* रूपों की सिद्धि सूत्र-संख्या १-५२ में की गई है।

*सुकर्मण* संस्कृत द्वितीयान्त बहुवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप सुकम्माणे होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'सुकर्मन्' में स्थित 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'क्' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, ३-५६ से अन्त्य 'अन्' अवयव के स्थान पर 'आण' आदेश की प्राप्ति, ३-१४ से प्राप्तांग अकारान्त रूप 'सुकम्माण' में स्थित अन्त्य 'अ' के आगे द्वितीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'शस' का प्राकृत में लोप होकर प्राकृतीय द्वितीयान्त बहुवचन का रूप सुकम्माणे सिद्ध हो जाता है।

*'पेच्छ'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२३* में की गई है।

*पश्यति* संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका (आदेश प्राप्त) प्राकृत रूप निएइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से संस्कृतीय मूल धातु 'दृश्=पश्य्' के स्थान पर प्राकृत में 'निअ' रूप की आदेश प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त प्राकृतीय धातु 'निअ' में स्थित अन्त्य 'अ' के आगे वर्तमान काल प्रथम पुरुष के एकवचनीय प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-१३९ से 'ति' के स्थान पर प्राकृत में इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *निएइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'फइ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२९* में की गई है।

'तो' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१७* में की गई है।

*'सुकम्माणे'* रूप की सिद्धि इसी सूत्र में (*३-५६* में) ऊपर की गई है।

*'सम्म'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-३२* में की गई है। ३-५६॥

## आत्मनष्टो णिआ णइआ ॥ ३-५७ ॥

आत्मनः परस्याष्टायाः स्थाने णिआ णइआ इत्यादेशौ वा भवतः। अप्पणिआ पाउसे उवगयम्मि। अप्पणिआ य विअड्डि खाणिआ। अप्पणइआ। पक्षे। अप्पाणेण॥

*अर्थ*—संस्कृत शब्द 'आत्मन्' के प्राकृत रूपान्तर में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से एवं क्रम से 'णिआ' और 'णइआ' प्रत्ययों की (आदेश) प्राप्ति हुआ करती है। जैसे—आत्मना प्रावृषि उपगतायाम्=अप्पणिआ पाउसे उवगयम्मि अर्थात् वर्षा ऋतु के व्यतीत हो जाने पर अपने द्वारा। इस उदाहरण में तृतीया के एकवचन में 'आत्मन्' शब्द में 'टा' के स्थान पर 'णिआ' प्रत्यय की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है।

दूसरा उदाहरण इस प्रकार है—आत्मना च वितर्दिः खानिता अर्थात् वेदिका अपने द्वारा खुदवाई गई है। इस उदाहरण में भी तृतीया के एकवचन में 'आत्मन्' शब्द में 'टा' प्रत्यय के स्थान पर 'णिआ' प्रत्यय की संयोजना की गई है। 'णइआ' प्रत्यय का उदाहरण—आत्मना=अप्पणइआ अर्थात् आत्मा से। वैकल्पिक पक्ष होने से आत्मना=अप्पाणेण' रूप भी बनता है। यों 'आत्मना' के तीन रूप इस सूत्र में बतलाये गये हैं, जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—अप्पणिआ, अप्पणइआ और अप्पाणेण अर्थात् आत्मा के द्वारा अथवा आत्मा से, इत्यादि।

*'अप्पणिआ'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१४ में की गई है।

*प्रावृषि* संस्कृत सप्तम्यन्त एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप पाउसे होता है। इसमें सूत्र संख्या १-३१ से मूल संस्कृत शब्द 'प्रावृट' के स्त्रीलिंगत्व से प्राकृत में 'पुल्लिंगत्व' का; २-७९ से 'र्' का लोप, १-१७७ से 'व्' का लोप, १-१३१ से लोप हुए 'व' के पश्चात् शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति' १-१९ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ट् अथवा ष्' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३-११ से प्राप्तांग 'पाउस' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डे' में 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'पाउस' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर लोप, तत्पश्चात् प्राप्तांग हलन्त 'पाउस्' में पूर्वोक्त 'ए' प्रत्यय की संयोजना होकर पाउसे रूप सिद्ध हो जाता है।

*उपगतायाम्* संस्कृत सप्तम्यन्त स्त्रीलिंगात्मक एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप (प्रावृट के प्राकृत में पुल्लिंग हो जाने के कारण से एवं प्रावृट के साथ इसका विशेषणात्मक संबंध होने के कारण से) उवगयम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, और ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *उवगयम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

अप्पाणिआ रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-१४ में की गई है।

'य' अव्यय की सिद्धि सूत्र सख्या ? १८४ में की गई है।

'विअड्ढि' (अथवा प्रथमान्त एकवचन रूप विअड्ढी) की सिद्धि सूत्र सख्या ? ३६ में की गई है।
ज्ञानिता सस्कृत विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप खाणिआ होता है। इसमें सूत्र-सख्या
२-८८ से 'न के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और १-१७७ से 'त्' का लोप होकर खाणिआ रूप सिद्ध
जाता है।

'अप्पणइआ' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३ १४ में की गई है।

'अप्पाणण' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या ३-५६ में की गई है। ३-५७ ॥

## अतः सर्वादे र्डे र्जसः ॥ ३—५८ ॥—

सर्वादेरदन्तात् परस्य जसः डित् ए इत्यादेशो भवति ॥ सव्वे। अन्ने। जे। ते।
। एक्के। कयरे। इयरे। एए॥ अत इति किम्। सव्वाओ रिद्धीओ॥ जस इति किम्
व्वस्स ॥

अर्थ.—(सर्व=सव्व) आदि अकारान्त सर्वनामों के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति
बहुवचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'जस' के स्थान पर 'डे' प्रत्यय की (आदेश) प्राप्ति होती है। प्राप्त
त्यय 'डे' में 'ड' इत्सज्ञक है, तदनुसार अकारान्त सर्वनामों के अग रूप में स्थित अन्त्य 'अ' स्वर
की इत्सज्ञा होकर उक्त अन्त्य 'अ' का लोप हो जाता है एव तत्पश्चात प्राप्तांग हलन्त रूप में उक्त
प्रथमा बहुवचन (बोधक) प्रत्यय 'ए' की सयोजना होती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—सर्वे=सव्वे।
अन्ये=अन्ने। ये=जे। ते=ते। के=के। एके=एक्के। कतरे=कयरे। इतरे=इअरे और एते=एए, इत्यादि॥

प्रश्न,—मूल सूत्र में 'अकारान्त' ऐसा विशेषण क्यों दिया गया है?

उत्तर —सर्वनाम अकारान्त होते हैं एव आकारान्त भी होते हैं, तदनुसार प्रथमा बहुवचन
में प्राप्तव्य 'जस' प्रत्यय के स्थान पर 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति केवल अकारान्त सर्वनामों में ही होती
है, आकारान्त सर्वनामों में नहीं, इस विधि विधान को व्यक्त करने के लिये तथा सपुष्ट करने के
लिये ही 'अकारान्त' ऐसा विशेषण मूल सूत्र में सयोजित किया गया है। जैसे -सर्वा ऋद्धय =सव्वाओ
रिद्धीओ, इस उदाहरण में प्रयुक्त 'सव्वा' सर्वनाम अकारान्त नहीं होकर आकारान्त है, तदनुसार
इसमें अधिकृत सूत्र सख्या ३ ५८ के विधान से प्रथमा बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर
'डे=ए' प्रत्यय की सयोजना नहीं होती है। 'जस' के स्थान पर डे=ए प्रत्यय की संयोजना केवल
अकारान्त सर्वनामों में ही होती है, अन्य में नहीं, इस सिद्धान्त को प्रकट करने के लिये ही मूल सूत्र
में 'अकारान्त' विशेषण का प्रयोग करना पड़ा है।

प्रश्न —'जस्' ऐसा प्रत्ययात्मक उल्लेख करने की क्या आवश्यकता है ?

उत्तर —अकारान्त सर्वनामों में केवल प्रथमा विभक्ति के बहु वचन में ही संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर ही प्राकृत में 'डे = ए' प्रत्यय की संयोजना होती है, अन्य किसी स्थान पर 'डे=ए' प्रत्यय की संयोजना नहीं होती है, इस विशेषता पूर्ण तात्पर्य को समझाने के मूल सूत्र में 'जस्' प्रत्यय का उल्लेख करना पड़ा है। जैसे - सर्वस्य=सव्वस्स। इस उदाहरण में षष्ठी के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस=अस्' के स्थान पर प्राकृत में (सूत्र संख्या ३-१० के अनुसार) 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है और 'जस्' प्रत्यय का अभाव है, तदनुसार 'जस्' प्रत्यय का नहीं होने से तद् स्थानीय 'डे = ए' आदेश प्राप्त प्रत्यय का भी अभाव है। यों यह सिद्धान्तात्मक निष्कर्ष निकलता है कि केवल 'जस्' प्रत्यय के स्थान पर ही प्राकृत में 'डे = ए' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है अन्यत्र नहीं। ऐसी भावनात्मक स्थिति को प्रकट करने के लिये ही मूल सूत्र में 'जस' प्रत्यय का उल्लेख करना ग्रन्थकर्त्ता ने आवश्यक समझा है, जो कि युक्ति-संगत है एवं न्यायोचित है।

सर्वे संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वे होता है। इसमें सूत्र संख्या-२-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति और ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सव्वे रूप सिद्ध हो जाता है।

अन्ये संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अन्ने होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से 'य' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति और ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर अन्ने रूप सिद्ध हो जाता है।

'जे' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२१७ में की गई है।

'ते' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२६९ में की गई है।

'के' संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'के' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर 'क' रूप की प्राप्ति और ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे = ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'के' रूप सिद्ध हो जाता है।

'एके' संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एक्के होता है। इसमें सूत्र संख्या २-९९ से 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-५८ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'एक्के' रूप सिद्ध हो जाता है।

कतरे संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप कयरे होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-५८ से प्राप्तांग 'कयर' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कयरे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*इतरे* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप इयरे होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-५८ से प्राप्तांग 'इयर' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय जस् के स्थान पर प्राकृत में डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *इयरे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'एए'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४ में की गई है।

*सर्वाः* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त स्त्रीलिंगात्मक सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वाओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'सर्व' में स्थित 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति, ३-३२ से और ४-४४८ के निर्देश से पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व, के निर्माणार्थ प्राप्तांग 'सव्व' में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२७ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सव्वाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*ऋद्धयः* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप रिद्धीओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१४० से मूल संस्कृत शब्द 'ऋद्धि' में स्थित 'ऋ' के स्थान पर 'रि' की प्राप्ति और ३-२७ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति कराते हुए 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रिद्धीओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*सर्वस्य* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र के पश्चात रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति और ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस=अस्' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सव्वस्स* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-५८॥

## ङेः स्सिं-म्मि-त्थाः ॥ ३-५९ ॥

**सर्वादेरकारात् परस्य ङेः स्थाने स्सिं म्मि त्थ एते आदेशा भवन्ति ॥ सव्वस्सिं । सव्वम्मि । सव्वत्थ ॥ अन्नस्सिं । अन्नम्मि । अन्नत्थ ॥ एवं सर्वत्र ॥ अत इत्येव । अमुम्मि ॥**

अर्थ—सर्व (=सव्व) आदि अकारान्त सर्वनामों के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर क्रम से (एवं वैकल्पिक रूप से) 'स्सिं म्मि त्थ' आदेश प्राप्त रूप प्रत्यय प्राप्त होते हैं। जैसे-सर्वस्मिन=सव्वस्सिं अथवा सव्वम्मि सव्वत्थ। अन्यस्मिन्=अन्नस्सिं-अथवा अन्नम्मि अथवा अन्नत्थ। इसी प्रकार से सर्वनामों के संबंध में भी जानकारी कर लेना चाहिये।

प्रश्न—'अकारान्त' सर्वनामों में ही 'ङि=इ' के स्थान पर 'स्सिं-म्मि त्थ' आदेश हुआ करता है, ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—अकारान्त सर्वनामों के अतिरिक्त उकारान्त आदि अवस्था प्राप्त सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ के स्थान पर 'स्सिं म्मि त्थ' प्राप्त प्रत्ययों की प्राप्ति नहीं होती है, किन्तु केवल 'ङि=इ' के स्थान पर 'म्मि' प्रत्यय की ही प्राप्ति होती है, इस विधि विधान को प्रकट करने के लिये ही 'अकारान्त सर्वनाम' ऐसा करना पड़ा है। जैसे—अमुष्मिन=अमुम्मि, इत्यादि।

*सर्वस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत सव्वम्मि और *सव्वत्थ* होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति और ३-५९ से प्राप्तांग 'सव्व' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर क्रम से (एवं वैकल्पिक रूप से) 'स्सिं म्मि त्थ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से तीन रूप-*सव्वस्सिं, सव्वम्मि* और *सव्वत्थ* हो जाते हैं।

*अन्यस्मिन* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप अन्नस्सिं अन्नम्मि और अन्नत्थ होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति और ३-५९ से प्राप्तांग 'अन्न' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर क्रम से (एवं वैकल्पिक रूप से) 'स्सिं म्मि त्थ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से तीनों रूप *अन्नस्सिं, अन्नम्मि* और *अन्नत्थ* सिद्ध हो जाते हैं।

*अमुष्मिन* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप अमुम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'अदस्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप, ३-८८ से 'द' के स्थान पर 'मु' आदेश की प्राप्ति और ३-११ से प्राप्तांग 'अमु' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अमुम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-५९॥—

## न वानिदमेतदो हिं ॥ ३-६० ॥-

इदम् एतद्वर्जितात्सर्वादेरदन्तात्परस्य ङेः हिंमादेशो वा भवति ॥ सव्वहिं । अन्नहिं । । जहिं । तहिं ॥ बहुलाधिकारात् किंयत्तद्भ्यः स्त्रियामपि । काहिं । जाहिं । ताहिं ॥ लकादेर कियत्तदोस्य मामि (३-३३) इति ङीर्नास्ति ॥ पक्षे । सव्वस्सिं । सव्वम्मि । सव्वत्थ । इत्यादि ॥ स्त्रियां तु पक्षे । काए । कीए । जाए । जीए । ताए । तीए ॥ दमेतद्वर्जन किम् । इमस्सिं । एअस्सिं ॥

*अर्थ* —इदम्=इम और एतत्=एअ सर्वनामों के अतिरिक्त अन्य सर्व=सव्व आदि अकारान्त सर्वनामों के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'हिं' आदेश की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —सर्वस्मिन्=सव्वहिं। अन्यस्मिन्=अन्नहि। कस्मिन्=कहि। यस्मिन्=जहिं और तस्मिन्=तहिं। 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से 'किम्' 'यत्' और 'तत्' सर्वनामों के स्त्रीलिंग रूपों में भी सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —कस्याम्=काहिं, यस्याम्=जाहि और तस्याम्=ताहिं। 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से ही 'किम्', 'यत्' और 'तत्' सर्वनामों के स्त्रीलिंगत्व के निर्माण में सूत्र संख्या ३-३३ के विधान से प्राप्तव्य स्त्रीलिंग बोधक प्रत्यय 'ङी=ई' की प्राप्ति उपरोक्त 'काहिं जाहिं ताहिं' उदाहरणों में नहीं हुई है। अर्थात् प्राप्तव्य रूप 'की, जी, ती' के स्थान पर 'का, जा, ता' रूपों की प्राप्ति 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से जानना, ऐसा तात्पर्य ग्रंथ कर्त्ता का है।

उपरोक्त सप्तमी विभक्ति के एकवचन में प्रत्यय 'हिं' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से बतलाई गई है, तदनुसार जहां पर 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होगी वहां पर सूत्र संख्या ३-५९ के विधानानुसार 'स्सिं म्मि त्थ' प्रत्यय की प्राप्ति होगी। जैसे —सर्वस्मिन्=सव्वस्सिं, सव्वम्मि और, सव्वत्थ, यों अन्य उदाहरणों की भी कल्पना कर लेना चाहिये। स्त्रीलिंग वाले सर्वनामों में भी जहां सप्तमी विभक्ति के एकवचन में 'हिं' प्रत्यय की वैकल्पिक पक्ष होने से प्राप्ति नहीं होगी, वहां पर सूत्र-संख्या ३-२९ के अनुसार 'अ, (आ) इ और 'ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होती है। जैसे —कस्याम्=काए अथवा कीए, यस्याम्=जाए अथवा जीए और तस्याम्=ताए अथवा तीए इत्यादि।

*प्रश्न* —इदम्=इम और एतत्=एअ सर्वनामों को 'अकारान्त होने पर भी' उपरोक्त 'हिं' प्रत्यय के विधान से पृथक क्यों रखा गया है?

*उत्तर* —चूंकि प्राकृत-भाषा के परम्परात्मक प्रवाह में उपरोक्त 'इम' और 'एअ' सर्वनामों में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर 'हिं' (आदेश)-

प्राप्ति का अभाव दृष्टि-गोचर होता है, अतएव अभावात्मक स्थिति में 'हिं' प्रत्यय का निषेध जाना न्यायोचित और व्याकरणीय विधान के अनुकूल ही है। जैसे—अस्मिन्=इमम्मि; एतस्मिन्=एअम्मि इत्यादि। यों सप्तमी विभक्ति के एकवचन में सर्वनामों में प्राप्तव्य ... की स्थिति को समझ लेना चाहिये।

*सर्वस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप *सव्वहिं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् रहे हुए 'व' को द्वित्व की प्राप्ति और ३-६० से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सव्वहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अन्यस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप *अन्नहिं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७८ से 'य्' का लोप, होकर २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् शेष 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति और ३-६० से प्राप्तांग 'अन्न' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अन्नहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप *कहिं* होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर 'क' अंग की प्राप्ति और ३-६० से प्राप्तांग 'क' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*यस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत-रूप *जहिं* होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से मूल संस्कृत शब्द 'यत्' में स्थित 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप और ३-६० से प्राप्तांग 'ज' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की (आदेश) प्राप्ति होकर *जहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप *तहिं* होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तत्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप और ३-६० से प्राप्तांग 'त' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कस्याम्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम का स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप *काहिं* होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति; ३-३१ एवं २-४ से प्राप्तांग 'क' में स्त्रीलिंग-बोधक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-६० से प्राप्तांग 'का'

सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *काहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*यस्याम्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप जाहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२४५ से मूल संस्कृत शब्द 'यत्' में स्थित 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, ११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त' का लोप, ३-३१ एवं २-४ से प्राप्तांग 'ज' में स्त्रीलिंग प्रबोधक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-६० से प्राप्तांग 'जा' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जाहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तस्याम्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम स्त्रीलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप ताहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तत्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त' का लोप, ३-३१ एवं २-४ से प्राप्तांग 'त' में स्त्रीलिंग प्रबोधक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-६० से प्राप्तांग 'ता' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *ताहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'सव्वस्सिं'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५९ में की गई है।

*'सव्वम्मि'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५९ में की गई है।

*'सव्वत्थ'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५९ में की गई है।

*कस्याम्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम स्त्रीलिंग का रूप है। इसके प्राकृत रूप काए और कीए होते हैं। इनमें उपरोक्त विधि अनुसार प्राप्तांग 'का' में सूत्र संख्या ३-३१ से और ३-३२ से स्त्रीलिंग प्रबोधक 'आ' प्रत्यय के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ङी=ई' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२९ से क्रम से प्राप्तांग 'का' और 'की' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *काए* और *कीए* सिद्ध हो जाते हैं।

*यस्याम्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम स्त्रीलिंग का रूप है। इसके प्राकृत रूप जाए और जीए होते हैं। इनमें उपरोक्त विधि अनुसार प्राप्तांग 'जा' में सूत्र संख्या ३-३१ से एवं ३-३२ से स्त्रीलिंग बोधक 'आ' प्रत्यय के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ङी=ई' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२९ से क्रम से प्राप्तांग 'जा' और 'जी' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *जाए* और *जीए* सिद्ध हो जाते हैं।

*तस्याम्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त सर्वनाम स्त्रीलिंग का रूप है। इसके प्राकृत रूप ताए और तीए होते हैं। इनमें उपरोक्त विधि अनुसार प्राप्तांग 'ता' में सूत्र संख्या ३-३१ से एवं ३-३२ से स्त्रीलिंग-प्रबोधक 'आ' प्रत्यय के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ङी=ई' प्रत्यय की प्राप्ति और

३-२९ से क्रम से प्राप्तांग 'ता' और 'ती' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप ताए और तीए सिद्ध हो जाते हैं।

*अस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप इमस्सिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७० से संस्कृतीय सर्वनाम रूप 'इदम्' के स्थान पर 'इम' अंग की प्राप्ति और ३-५९ से प्राप्तांग 'इम' में विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'स्सिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *इमस्सिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*एतस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप एअस्सिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत सर्वनाम 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त 'द्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-५९ से प्राप्तांग 'एअ' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'स्सिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर एअस्सिं रूप सिद्ध हो जाता है। ३-६० ॥

## आमो डेसिं ॥ ३-६१ ॥—

सर्वादेरकारान्तात्परस्यामो डेसिमित्यादेशो वा भवति ॥ सव्वेसिं । अन्नेसिं । अवरेसिं । इमेसिं । एएसिं । जेसिं । तेसिं । केसिं । पक्षे । सव्वाण । अन्नाण । अवराण । इमाण । एआण । जाण । ताण । काण ॥ बाहुलकात् स्त्रियामपि । सर्वासाम् । सव्वेसिं । एवम् अन्नेसिं । तेसिं ॥

*अर्थ*—सर्व (= सव्व) आदि अकारान्त सर्वनामों के प्राकृत रूपान्तर में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'डेसिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। प्राकृत में आदेश प्राप्त प्रत्यय 'डेसिं' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है, तदनुसार अंग रूप प्राकृत सर्वनाम शब्दों में स्थित अन्त्य 'अ' स्वर की इत्संज्ञा होने से इस अन्त्य 'अ' का लोप हो जाता है एवं तत्पश्चात् शेष रहे हुए हलन्त सर्वनाम रूप अंग में उक्त षष्ठी बहुवचन बोधक प्रत्यय 'डेसिं=एसिं' की संयोजना होती है। जैसे—सर्वेषाम्=सव्वेसिं अथवा पक्षान्तर में सव्वाण। अन्येषाम्=अन्नेसिं अथवा पक्षान्तर में अन्नाण। अपरेषाम्=अवरेसिं अथवा पक्षान्तर में अवराण। एषाम्=इमेसिं अथवा पक्षान्तर में इमाण। एतेषाम्=एएसिं अथवा पक्षान्तर में एआण। येषाम्=जेसिं अथवा पक्षान्तर में जाण। तेषाम्=तेसिं अथवा पक्षान्तर में ताण। केषाम्=केसिं अथवा पक्षान्तर में काण। 'बहुलं' सूत्र के अधिकार से अकारान्त सर्वनामों के अतिरिक्त आकारान्त स्त्रीलिंग वाले सर्वनामों में भी षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं=एसिं' प्रत्यय

ी प्राप्ति देखी जाती है। जैसे —सर्वासाम्=सव्वेसिं अर्थात् सभी (स्त्रियो) के। अन्यासाम्=अन्नेसिं अर्थात् अन्य (स्त्रियों) के। तासाम्=तेसिं अर्थात् उन (स्त्रियों) के। इस प्रकार 'बहुल' सूत्र के ादेश से आकारान्त स्त्रीलिंग वाले सर्वनामों में भी 'एसिं' प्रत्यय की प्राप्ति हो सकती है।

*सर्वेषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप सव्वेसिं ौर सव्वाण होते हैं। इनमें से, प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'सर्व' में स्थित र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति और ३-६१ से ष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से डेसिं=एसिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *सव्वेसिं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (सर्वेषाम्=) सव्वाण में 'सव्व' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् ाप्तांग 'सव्व' में सूत्र संख्या ३-१२ से अन्त्य 'अ' को आगे षष्ठी बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव ोने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान र (प्राकृत में) 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *सव्वाण* भी सिद्ध हो जाता है।

*अन्येषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिगके सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप अन्नेसिं और अन्नाण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-७८ से मूल संस्कृत शब्द 'अन्य' में स्थित य' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति और ३-६१ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डेसिं=एसिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अन्नेसिं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(अन्येषाम्=) अन्नाण में 'अन्न' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् प्राप्तांग 'अन्न' में सूत्र संख्या -१२ से अन्त्य 'अ' को 'आगे षष्ठी बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अन्नाण* भी सिद्ध हो जाता है।

*अपरेषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप अवरेसिं और अवराण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२३१ से मूल संस्कृत शब्द 'अपर' में स्थित 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-६१ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डेसिं=एसिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अवरेसिं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (अपरेषाम्=) अवराण में 'अवर' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि के अनुसार त पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ और ३-६ से उपरोक्त 'अन्नाण' के समान ही साधनिका की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अवराण* भी सिद्ध हो जाता है।

एषाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप इमेसिं और इमाण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७२ से मूल संस्कृत शब्द इदम् के स्थान पर प्राकृत में 'इम' रूप की प्राप्ति और ३-६१ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डेसिं=एसिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप इमेसिं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(एषाम्=)इमाण में 'इम' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'इम' में स्थित अन्त्य 'अ' के आगे षष्ठी-बहुवचन प्रत्यय का सद्भाव होने से 'आ' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'इमा' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *इमाण* भी सिद्ध हो जाता है।

एतेषाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप एएसिं और एआण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-६१ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डेसिं' प्रत्यय की प्राप्ति; तत्पश्चात् 'डेसिं' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'एअ' में स्थित अन्त्य 'अ' स्वर की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप, तत्पश्चात् शेष अंग 'ए' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर एएसिं सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (एतेषाम्=) एआण में 'एअ' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'एअ' में स्थित अन्त्य 'अ' के आगे षष्ठी बहुवचन प्रत्यय का सद्भाव होने से 'आ' की प्राप्ति ३-६ से प्राप्तांग 'एआ' (में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन) में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *एआण* भी सिद्ध हो जाता है।

येषाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप जेसिं और जाण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२४५ से मूल संस्कृत शब्द 'यद्' में स्थित 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३-६१ से प्राप्तांग 'ज' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डेसिं' में स्थित 'ड' इत्संज्ञक होने से 'ज' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप एवं हलन्त 'ज' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर प्राप्त प्रथम रूप जेसिं सिद्ध हो जाता है।

जाण की सिद्धि सूत्र संख्या [illegible] में की गई है।

*तेषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप तेसिं और ताण होते हैं। इनमे से प्रथम रूप मे सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन द्' का लोप और ३ ६१ से प्राप्तांग 'त' मे षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय डेसिं' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक होने से 'त' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप एवं हलन्त 'त्' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर प्रथम रूप *तेसिं* सिद्ध हो जाता है।

*ताण* की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ३३ में की गई है।

*केषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप केसिं और काण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३ ७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग की प्राप्ति और ३ ६१ से 'क' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डेसिं' में स्थित 'ड' इत्संज्ञक होने से 'क' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप एवं हलन्त 'क्' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर प्रथम रूप *केसिं* सिद्ध हो जाता है।

*'काण'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ३३ में की गई है।

*सर्वासाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वेसिं होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ७९ से मूल संस्कृत शब्द 'सर्व' में स्थित हलन्त 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति, ३ ३२ और २ ४ के विधान से 'सव्व' में पुल्लिगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माणार्थ 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३ ६१ से 'सव्वा' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डेसिं' में स्थित 'ड' इत्संज्ञक होने से 'सव्वा' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' की इत्संज्ञा होकर इस 'आ' का लोप एवं हलन्त 'सव्व्' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर (पुल्लिग रूप के समान प्रतीत होने वाला यह स्त्रीलिंग रूप) *सव्वेसिं* सिद्ध हो जाता है।

*अन्यासाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप अन्नेसिं होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ७८ से मूल संस्कृत शब्द 'अन्य' में स्थित 'य' का लोप, २ ८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् रहे हुए 'न' को द्वित्व 'न्न' की प्राप्ति ३ ३२ और २ ४ के विधान से 'अन्न' में पुल्लिगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माणार्थ 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-६१ से 'अन्ना' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डेसिं' में स्थित 'ड' इत्संज्ञक होने से प्राप्तांग 'अन्ना' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' की इत्संज्ञा होकर इस 'आ' का लोप एवं हलन्त 'अन्न्' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर (पुल्लिग रूप के समान प्रतीत होने वाला यह स्त्रीलिंग रूप) *अन्नेसिं* सिद्ध हो जाता है।

*तासाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप तेसिं है। इसमें सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का ३.३२ और २.८ के विधान से 'त' में पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माणार्थ 'आ' प्रत्यय की; और ३-६१ से 'ता' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'डेसिं' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डेसिं' में स्थित 'ड' इत्संज्ञक होने से प्राप्तांग 'ता' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' की इत्संज्ञा होकर इस 'आ' का लोप एवं हलन्त 'त्' में उपरोक्त 'एसिं' प्रत्यय की संयोजना होकर (पुल्लिंग रूप के समान प्रतीत होने वाला यह स्त्रीलिंग रूप) तेसिं सिद्ध हो जाता है। ३-६१ ॥-

## किंतद्भ्यां डासः ॥ ३-६२ ॥-

**किंतद्भ्यां परस्यामः स्थाने डास इत्यादेशो वा भवति ॥ कास। तास। केसिं। तेसिं ॥**

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'किम्' के प्राकृत रूपान्तर 'क' में और संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के प्राकृत रूपान्तर 'त' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डास' (प्रत्यय) की प्राप्ति हुआ करती है। प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डास' की प्राप्ति हुआ करती है। प्राकृत में प्राप्त प्रत्यय 'डास' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है, तदनुसार सर्वनाम रूप "क" और "त" में स्थित अन्त्य स्वर "अ" की इत्संज्ञा होने से इस अन्त्य स्वर "अ" का लोप हो जाता है एवं तत्पश्चात् शेष रहे हुए हलन्त सर्वनाम रूप "क्" और "त्" में क्रम से षष्ठी बहुवचन का प्रत्यय "डास=आस" की संयोजना होती है। जैसे -केषाम्=कास और तेषाम्=तास। वैकल्पिक पक्ष होने से (केषाम्=) केसिं और (तेषाम्=) तेसिं रूप भी बनते हैं।

*केषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है इस के प्राकृत रूप कास और केसिं होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द "किम्" के स्थान पर प्राकृत में "क" रूप की प्राप्ति, ३-६२ से प्राकृतीय "क" में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय "आम्" के स्थान पर प्राकृत में "डास" प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय "डास्" में स्थित "ड्" इत्संज्ञक होने से "क" में स्थित अन्त्य स्वर "अ" की इत्संज्ञा होकर इस "अ" का लोप एवं हलन्त "क्" में उपरोक्त "आस" प्रत्यय की संयोजना होकर प्रथम रूप *कास* सिद्ध हो जाता है।

*केसिं* की सिद्धि सूत्र संख्या *३-६१* में की गई है।

*तेषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम का रूप है। इस के प्राकृत रूप तास और तेसिं होते हैं। इन में से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द "तद्" में स्थित "द्"

हलन्त व्यञ्जन "द्" का लोप, ३ ६२ से प्राकृतीय प्राप्तांग "त" में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय "आम्" के स्थान पर प्राकृत में "डाम" प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डास" में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक होने से "त" में स्थित अन्त्य स्वर "अ" की इत्संज्ञा होकर इस "अ" का लोप एवं हलन्त "त्" में उपरोक्त "डाम=आस" प्रत्यय की संयोजना होकर प्रथम रूप *तास* सिद्ध हो जाता है।

*तेसिं* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *३ ६१* में की गई है। ३-६२ ॥-

## किंयत्तद्भ्योङसः ॥ ३-६३ ॥

एभ्यः परस्य ङसः स्थाने डास इत्यादेशो वा भवति। ङसः स्सः (३-१०) इत्यस्यापवादः। पक्षे सोपि भवति॥ कास। कस्स। जास। जस्स। तास। तस्स। बहुलाधिकारात्। किंतद्भ्यामाकारान्ताभ्यामपि डासादेशो वा। कस्या धनम्। कास धणं॥ तस्या धनम्। तास धणं। पक्षे। काए। ताए॥

*अर्थ*—संस्कृतीय सर्वनाम किम्, यद् और तद् के क्रम से प्राप्त प्राकृत रूप "क", "ज" और "त" में षष्ठी विभक्ति के वचन में संस्कृतीय प्रत्यय "ङस्=अस्" के स्थान पर प्राकृत में "डास" का आदेश वैकल्पिक रूप से हुआ करता है। प्राकृत में आदेश रूप "डास" में स्थित "ड" इत्संज्ञक है, तदनुसार प्राकृत सर्वनाम रूप 'क' 'ज' और 'त' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होने से इस अन्त्य स्वर 'अ' का लोप हो जाता है। एवं तत्पश्चात् शेष रहे हुए हलन्त सर्वनाम रूप 'क्', 'ज्' और 'त्' में उक्त षष्ठी एकवचन का प्रत्यय 'डास=आस' की संयोजना होती है। जैसे-कस्य=कास, यस्य=जास और तस्य=तास। इसी तृतीय पाद के दशवें सूत्र में यह विधान निश्चित किया गया है कि 'संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' का आदेश होता है। तदनुसार उक्त सूत्र संख्या ३-१० के प्रति इस सूत्र (३-६३) को अपवाद रूप सूत्र समझना चाहिये। इस प्रकार इस अपवाद रूप स्थिति को ध्यान में रखकर ही ग्रन्थ कर्त्ता ने 'वैकल्पिक स्थिति' का उल्लेख किया है, तदनुसार वैकल्पिक स्थिति का सद्भाव होने से पक्षान्तर में सूत्र संख्या ३ १० के आदेश से 'क', 'ज' और 'त' सर्वनामों में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय का अस्तित्व भी स्वीकार करना चाहिये। इस विषयक उदाहरण इस प्रकार हैं — कस्य=कस्स, यस्य=जस्स और तस्य=तस्स।

'बहुल' सूत्र का अधिकार होने से 'क' के स्त्रीलिंग रूप 'का' में और 'त' के स्त्रीलिंग रूप 'ता' में भी षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डास' आदेश हुआ करता है। प्राकृत में आदेश 'डास' में स्थित 'ड' इत्संज्ञक है, तदनुसार प्राकृत सर्वनाम स्त्रीलिंग रूप 'का' और 'ता' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' की इत्संज्ञा होने से इस अन्त्य

पर 'अ' का लोप हो जाता है एवं तत्पश्चात् शेष रहे हुए हलन्त सर्वनाम रूप 'क्' और उक्त षष्ठी विभक्ति एकवचन (बोधक प्रत्यय, डास=आस' की संयोजना होती है। जैसे— धनम्=काम धण ? और तस्या धनम्=तास धण वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से 'कस्या' का 'काए' रूप भी बनता है और 'तस्या' का 'ताए' रूप भी होता है।

कस्य संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त सर्वनाम पुल्लिंग का रूप है। इसके प्राकृत रूप कस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर मे 'क' रूप की प्राप्ति और ३-६३ से 'क' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डास=आस' प्रत्यय की (आदेश) प्राप्ति होकर प्रथम कास सिद्ध हो जाता है।

कस्स रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-२०४ में की गई है।

यस्य संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त सर्वनाम पुल्लिंग का रूप है। इसके प्राकृत रूप जास और जस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२४५ से मूल संस्कृत शब्द 'यद्' में 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप और ३-६३ से 'ज' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से डास=आस प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप जास सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(यस्य=) जस्स में पूर्वोक्त रीति से प्राप्तांग 'ज' में सूत्र-संख्या ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप जस्स भी सिद्ध हो जाता है।

तस्य संस्कृत षष्ठी एक वचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप तास और तस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, और ३-६३ से 'त' में षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय ङस्=अस के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डास=आस' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप तास सिद्ध हो जाता है।

तस्स रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१८६ में की गई है।

कस्या संस्कृत षष्ठी एक वचनान्त स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है इसके प्राकृत रूप कास और काए होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर 'क' की प्राप्ति ३-३२ और २-४ के निर्देश से 'क' में पुल्लिगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-६३ की वृत्ति से प्राप्तांग 'का' में षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डास=आस' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति होकर प्रथम रूप कास सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(कस्या=) काए में सूत्र संख्या ३-२९ से उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'का' में षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप काए सिद्ध हो जाता है।

'धण' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-५० में की गई है।

[illegible] वचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप तास [illegible] न रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य [illegible] और २-४ के निर्देश से 'त' में पुल्लिगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति [illegible] की वृत्ति से 'ता' में षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय [illegible] वैकल्पिक रूप से 'डास=आस' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप [illegible]

द्वितीय [illegible] में सूत्र-संख्या ३-२९ से उपरोक्त रीति से 'ता' में षष्ठी विभक्ति [illegible] =अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय [illegible]

## इदुभ्यः स्सा से ॥ ३-६४ ॥-

किमादिभ्य ईदन्तेभ्यः परस्य ङसः स्थाने स्सा से इत्यादेशौ वा भवतः। टा ङस्-ङे रदादिदेद्वा तु ङसेः (३-२९) इत्य स्यापवादः। पक्षे अदादयोपि॥ किस्सा। कीसे। कीअ। कीआ। कीइ। कीए॥ जिस्सा। जिसे। जीअ। जीआ। जीइ। जीए॥ तिस्सा। तीसे। तीअ। तीआ। तीइ। तीए॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'किम्' यद् तद् के प्राकृतीय ईकारान्त स्त्रीलिंग रूप 'की जी-ती' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्=अस' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से एवं क्रम से 'स्सा' और 'से' प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करती है। इसी तृतीय पाद के उन्नतीसवें सूत्र में यह विधान निश्चित किया गया है कि 'संस्कृतीय षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्रत्यय ङस=अस' के स्थान पर प्राकृत में स्त्रीलिंग वाले शब्दों में 'अत्=अ, आत्=आ, इत्=इ और एत्=ए' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होती है। तदनुसार उक्त सूत्र संख्या ३-२९ के प्रति इस सूत्र (३-६४) को अपवाद रूप सूत्र समझना चाहिये। इस प्रकार इस अपवाद रूप स्थिति को ध्यान में रखकर ही ग्रन्थ-कर्त्ता ने 'वैकल्पिक स्थिति का उल्लेख किया है, तदनुसार वैकल्पिक स्थिति का सद्भाव होने से पक्षान्तर में सूत्र-संख्या ३-२९ के आदेश से स्त्रीलिंग वाले सर्वनाम रूप 'की-जी-ती' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में (प्राकृत में) 'अत्=अ, आत्=आ, इत्=इ और एत्=ए' प्रत्ययों का भी

क्रम से अस्तित्व स्वीकार करना चाहिये। क्रम से उदाहरण इस प्रकार हैं — कस्य =(३ ६४ के विधान से) किस्सा और कीसे एवं (३-२९ के विधान से) पक्षान्तर में कीअ, कीआ, कीइ और कीए। यस्याः = जिस्सा और जीसे, पक्षान्तर में जीअ, जीआ, जीइ और जीए। तस्याः = तिस्सा और तीसे, पक्षान्तर में तीअ, तीआ, तीइ और तीए।

*कस्याः* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप किस्सा, कीसे, कीअ, कीआ, कीइ और कीए होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग की प्राप्ति, ३-३२ से 'क' में पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु 'ङी = ई' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति; ३-६४ से 'की' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस = अस' के स्थान पर (प्राकृत में) 'स्सा' प्रत्यय की प्राप्ति और १-८४ से प्राप्त प्रत्यय 'स्सा' संयोगात्मक होने से अंग रूप 'की' में स्थित दीर्घस्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *किस्सा* सिद्ध हो जाते हैं।

द्वितीय रूप (कस्याः) = कीसे में 'की' अंग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति से एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-६४ से प्राप्तांग 'की' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृत में 'से' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप कीसे सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप से छट्ठे रूप तक (कस्याः =) कीअ, कीआ, कीइ और कीए में 'की' अंग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति से एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२९ से प्राप्तांग 'की' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस = अस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से *कीअ, कीआ, कीइ* और *कीए* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*यस्याः* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप जिस्सा, जीसे, जीअ, जीआ, जीइ और जीए होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२४५ से संस्कृत शब्द 'यद्' में स्थित 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३-३२ से प्राप्तांग 'ज' में पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु 'ङी = ई' प्रत्यय की प्राप्ति, ३-६४ से प्राप्तांग 'जी' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस = अस' के स्थान पर प्राकृत में 'स्सा' प्रत्यय की प्राप्ति और १-८४ से प्राप्त प्रत्यय 'स्सा' संयोगात्मक होने से अंग रूप 'जी' में स्थित दीर्घस्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *जिस्सा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (यस्याः =) जीसे में 'जी' अंग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति से एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-६४ से प्राप्तांग 'जी' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस = अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'से' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *जीसे* सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप से छट्ठे रूप तक (यस्याः =) जीअ, जीआ, जीइ और जीए में 'जी' अंग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति से एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२९ से प्राप्तांग 'जी' में षष्ठी विभक्ति के

...चन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस् = अस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ आ इ ए' प्रत्ययों की प्राप्ति ... क्रम से तृतीय रूप से छठे रूप तक अर्थात् *जीअ, जीआ, जीइ* और *जीए* रूप सिद्ध हो ... हैं।

*तस्या* संस्कृत पष्ठी एकवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप तिस्सा, ..., तीअ, तीआ, तीइ और तीए होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में से सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत ... तद् में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३ ३२ से प्राप्तांग 'त' पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व ...निर्माण हेतु 'ङी=ई' प्रत्यय की प्राप्ति, ३ ६४ से प्राप्तांग 'ती' में पष्ठी विभक्ति के एकवचन में ...कृतीय प्रत्यय 'ङस=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्सा' प्रत्यय की प्राप्ति और १ ८४ से प्राप्त प्रत्यय ...' संयोगात्मक होने से अंग रूप 'ती' स्थित दीर्घ 'ई' के स्थान पर ह्रस्व 'इ' की प्राप्ति होकर प्रथम ... *तिस्सा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-(तस्या =) तीसे में 'ती' अंग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति से एवं पश्चात् सूत्र संख्या ३ ६४ से प्राप्तांग 'ती' में पष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्= ...स' के स्थान पर प्राकृत में 'से' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *तीसे* सिद्ध हो जाता है।

तृतीय रूप से छट्ठे रूप तक (तस्या =) तीअ, तीआ, तीइ और तीए में 'ती' अंग की प्राप्ति का ...धान उपरोक्त रीति से एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ २९ से प्राप्तांग ती' में पष्ठी विभक्ति के ...कवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस=अस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'अ-आ-इ-ए' प्रत्ययों ... प्राप्ति होकर क्रम से *तीअ, तीआ, तीइ* और *तीए* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३ ६४ ॥-

## ङेर्डाहे डाला इआ काले ॥ ३-६५ ॥-

किंयत्तद्भ्यः कालेभिधेये ङे स्थाने आहे आला इति डितौ इआ इति च आदेशा वा ...न्ति। हि स्सिं म्मित्थानामपवादः। पक्षे ते पि भवन्ति॥ काहे। काला। कइया॥ जाहे। ...ला। जाइया॥ ताहे। ताला। तइया॥

ताला जाअन्ति गुणा जाला ते सहिअएहिँ घेप्पन्ति। पक्षे। कहिं। कस्सिं। कम्मि। ...त्थ॥

*अर्थ*—जब 'किम्, यद् और तद्' शब्द किसी काल वाचक शब्द के विशेषण रूप हो, तो इनके प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से और क्रम से डाहे, डाला और इआ' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। प्राप्त प्रत्यय 'डाहे और डाला' में स्थित ड' इत्संज्ञक है, अतएव प्राकृत में प्राप्तांग 'क, ज और त' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप हो जाता है, एवं तत्पश्चात् शेषांग हलन्त 'क्, ज् और त्' में उक्त प्रत्यय

चतुर्थ रूप *'काहिं'* की सिद्धि सूत्र सख्या *३ ६०* में की गई है। 'कसि' में 'क' अङ्ग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति अनुसार एव तत्पश्चात् सूत्र-सख्या ३-५९ से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'सिं' प्रत्यय की प्राप्ति हो कर पचम रूप *कसिं* सिद्ध हो जाता है।

*'कम्मि'* में भी उपरोक्त पचम रूप के समान ही सूत्र सख्या ३-५९ के विधान से 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर छट्ठा रूप *कम्मि* सिद्ध हो जाता है।

'कत्थ' में भी उपरोक्त पचम रूप के समान ही सूत्र सख्या ३ ५९ के विधान से 'त्थ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर सप्तम रूप *कत्थ* सिद्ध हो जाता है।

*यस्मिन्* सस्कृत सप्तमी एक वचनान्त ( समय स्थिति बोधक ) विशेषण रूप है इसके प्राकृत रूप जाहे, जाला और जइआ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र सख्या १-२४५ से मूल सस्कृत शब्द 'यद्' में स्थित 'य के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप और ३-६५ से प्राप्तांग 'ज' में सप्तमी विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत मे 'डाहे=आहे' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *जाहे* सिद्ध हो जाता है।

जाला में 'ज' अग की प्राप्ति उपरोक्त विधि विधान के अनुसार एव तत्पश्चात् सूत्र सख्या ३-६५ से प्रथम रूप के समान ही 'आला' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *जाला* सिद्ध हो जाता है।

जइया में 'ज' अग की प्राप्ति का विधान उपरोक्त रीति-अनुसार एव तत्पश्चात् सूत्र-सख्या ३-६५ से प्रथम द्वितीय रूपों के समान ही 'इआ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *जइआ* भी सिद्ध हो जाता है।

*तस्मिन्* सस्कृत सप्तमी एक वचनान्त ( समय स्थिति बोधक ) विशेषण रूप है। इसके प्राकृत रूप ताहे, ताला और तइआ होते हैं। इनमें सूत्र-सख्या १-११ से मूल सस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप और ३ ६५ से *प्राप्तांग* 'त' में *सप्तमी विभक्ति के एक वचन में सस्कृतीय* प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर क्रम से 'डाहे=आहे, डाला=आला और इआ।' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर तीनों रूप *ताहे, ताला* और *तइआ* सिद्ध हो जाते हैं।

*'ताला'* रूप की सिद्धि *इसी सूत्र मे* ऊपर की गई है।

*जायन्ते* सस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप जाअन्ति होता है। इसमें सूत्र सख्या १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-१४२ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के बहु वचन मे सस्कृतीय आत्मनेपदीय प्रत्यय 'न्ते के स्थान पर प्राकृत में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *जाअन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'गुणा'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *१ ११* में की गई है।

*'जाला'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *१ २५१* में की गई है।

द्वितीय रूप ( यस्मात = ) जाओ में 'ज' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'ज' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और -८ से प्राप्तांग 'जा' में उपरोक्त रीति से पञ्चमी विभक्ति के एक वचन में ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *जाओ* भी सिद्ध हो जाता है ।

*तस्मात्* संस्कृत पञ्चमी एक वचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप तम्हा और ताओ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप और ३-६६ से प्राप्तांग 'त' में पञ्चमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृत प्रत्यय 'ङसि = अस' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'म्हा' प्रत्यय की ( आदेश ) प्राप्ति होकर प्रथम रूप *तम्हा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-( तस्मात्= ) ताओ में 'त' अंग की प्राप्ति उपरोक्त साधनिका के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'त' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-८ से प्राप्तांग 'ता में उपरोक्त रीति से पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में 'दो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *ताओ* भी सिद्ध हो जाता है । ३-६६ ॥-

## तदो डोः ॥ ३-६७ ॥

तदः परस्य ङसेर्डो इत्यादेशो वा भवति ॥ तो । तम्हा ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के प्राकृत रूपान्तर 'त' में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि = अस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डो' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है, तदनुसार उक्त सर्वनाम 'त' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' स्वर का लोप हो जाता है, एवं तत्पश्चात् शेषांग हलन्त 'त' सर्वनाम में उक्त प्रत्यय 'ओ' की संयोजना होती है। जैसे —तस्मात्=तो। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में सूत्र संख्या ३-६६ के विधान से ( तस्मात = ) तम्हा रूप की प्राप्ति होती है। 'तम्हा' रूप में भी वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव है अतएव सूत्र संख्या ३-८ के विधान से ( तस्मात्= ) 'तत्तो, ताओ ताउ, ताहि, ताहिन्तो और ता' रूपों का भी सद्भाव जानना चाहिये।

*तस्मात्* संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप 'तो' और 'तम्हा' होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप और ३-६७ से प्राप्तांग 'त' में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङसि=अस् के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डो=ओ' प्रत्यय की ( आदेश ) प्राप्ति होकर प्रथम रूप '*तो*' सिद्ध हो जाता है।

'तम्हा' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६६ में की गई है। ३-६७ ॥

## किमो डिणो-डीसौ ॥ ३-६८ ॥

किमः परस्य ङसेर्डिणो डीस इत्यादेशौ वा भवतः ॥ किणो । कीस । कम्हा ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'किम्' के प्राकृत रूपान्तर 'क' में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डिणो और डीस' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'डिणो और डीस' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है; तदनुसार प्राकृतीय अंग प्राप्त रूप 'क' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप हो जाता है एवं तत्पश्चात् शेषांग हलन्त 'क्' में आदेश प्राप्त प्रत्यय 'इणो और ईस' का क्रम से और वैकल्पिक रूप से संयोजना होती है। जैसे—कस्मात्=किणो और कीस। वैकल्पिक पक्ष होने से (कस्मात्=) कम्हा रूप का भी सद्भाव जानना चाहिये।

*कस्मात्* संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप किणो, कीस और कम्हा होते हैं। इनमें से प्रथम के दो रूपों में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग की प्राप्ति और ३-६८ से प्राप्तांग 'क' में पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से 'डिणो=इणो' और 'डीस=ईस' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से और वैकल्पिक रूप से प्रथम दोनों रूप *किणो* और *कीस* सिद्ध हो जाते हैं।

*कम्हा* की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६६ में की गई है।

## इदमेतत्कि-यत्तद्भ्यष्टो डिणा ॥ ३-६९ ॥

एभ्यः सर्वादिभ्योकारान्तेभ्यः परस्याष्टायाः स्थाने डित् इणा इत्यादेशो वा भवति ॥ इमिणा । इमेण ॥ एदिणा । एदेण ॥ किणा । केण ॥ जिणा । जेण ॥ तिणा । तेण ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'इदम्, एतद्, किम्, यद् और तद्' के स्थान में प्राप्त प्राकृतीय रूपान्तर 'इम, एद (शौरसेनी रूप), क, ज, और त' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डिणा' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति हुआ करती है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'डिणा' में स्थित 'ड्' इत्संज्ञक है, तदनुसार प्राकृतीय सर्वनाम 'इम, एद, क, ज और त' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' की इत्संज्ञा होकर इस 'अ' का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् क्रम से प्राप्त हलन्त शब्द 'इम्, एद्, क्, ज्, और त्' में प्राप्तव्य 'डिणा=इणा' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से संयोजना हुआ करती है। उपरोक्त सर्वनामों के क्रम से उदाहरण इस प्रकार हैं:—अनेन=

इमिणा और पक्षान्तर में इमेण, एतेन=एदिणा और पक्षान्तर में एदेण, केन=किणा और पक्षान्तर में केण, येन=जिणा और पक्षान्तर में जेण, तेन=तिणा और पक्षान्तर में तेण रूप होते हैं।

*अनेन* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप इमिणा और इमेण होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-७२ से मूल संस्कृत शब्द 'इदम्' के स्थान पर प्राकृत में 'इम' आदेश की प्राप्ति, और ३-६९ से प्रथम रूप में प्राप्तांग 'इम' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डिणा=इणा' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *इमिणा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप इमेण में उपरोक्त ३-७२ के अनुसार प्राप्तांग 'इम' में सूत्र संख्या ३-१४ से अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से पूर्वोक्त रीति से प्राप्तांग 'इमे' में तृतीया विभक्ति के वचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ण' प्रत्यय का आदेश प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *इमेण* भी सिद्ध हो जाता है।

*एतेन* संस्कृत तृतीया एकवचनांत पुल्लिंग सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप एदिणा और एदेण होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ४-२६० से 'त' के स्थान पर 'द' की प्राप्ति, और ३-६९ से प्रथम रूप में 'एद' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डिणा=इणा' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *एदिणा* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-( एतेन= ) एदेण में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'एद' में सूत्र संख्या ३-१४ से अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से 'एदे' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ण' प्रत्यय की ( आदेश ) प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *एदेण* सिद्ध हो जाता है

*केन* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप किणा और केण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग की आदेश प्राप्ति, और ३-६९ से प्राप्तांग 'क' में तृतीया विभक्ति के एकवचन पुल्लिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'डिणा = इणा' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *किणा* सिद्ध हो जाता है।

*'केण'* की सिद्धि सूत्र-संख्या १-४१ में की गई है।

*येन* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप जिणा और जेण होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'यद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, १-२४५ से 'य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति और ३-६९ से प्राप्तांग 'ज' में तृतीया

जाता है यह उपलब्धि प्रामणिक है। और ऐसी स्थिति को 'वृत्ति' में 'लक्ष्यानुसारेण' पद से अभिव्यक्त किया गया है।

तम् संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूपान्तर (कभी कभी) ण होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७० से मूल संस्कृत शब्द 'तद्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' अंग की आदेश प्राप्ति, ३-५ द्वितीया विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर *णं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'पेच्छ' (क्रियपद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२३* में की गई है।

*शोचति* संस्कृत सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप सोअइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, १-१७७ से 'च्' का लोप और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *सोअइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*अ*' (अव्यय) की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१७७* में की गई है।
'*णं*' (सर्वनाम) रूप की सिद्धि *इसी सूत्र* में ऊपर की गई है।

रघुपति संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप रहुवई होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'घ्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में इकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'स' के स्थान पर *प्राकृत में अन्त के अन्त में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ 'ई' की प्राप्ति* होकर रहुवई रूप सिद्ध हो जाता है।

*हस्तोन्नामित मुखी* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप हत्थुन्नामिअ मुही होता है। इस में सूत्र संख्या २-४५ से संयुक्त व्यञ्जन 'स्त्' के स्थान पर 'थ्' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'थ' का द्वित्व 'थथ्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'ओ' के स्थान पर 'आगे संयुक्त व्यञ्जन 'न्ना' का सद्भाव होने से' ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप और १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *हत्थुन्नामिअ मुही* सिद्ध हो जाता है।

*ताम्* संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'णं' होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर प्राकृत में स्त्रीलिंग में 'णा' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, ३-३६ से प्राप्तांग णा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'आगे द्वितीया एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' ह्रस्व 'अ' की प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में

ते संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप णेहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' अंग रूप की प्राप्ति, ३-१५ से प्राप्तांग 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-७ से प्राप्तांग 'णे' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*कयं*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है।

*ताभिः* संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप णाहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर प्राकृत में पुल्लिंग में 'ण' अंग रूप की प्राप्ति, ३-३२ से एवं २-४ के निर्देश से पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'णा' अंग का सद्भाव, और ३-७ से प्राप्तांग 'णा' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णाहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'कयं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है। ३-७० ॥

## किमः कस्त्र-तसोश्च ॥ ३-७१ ॥

किमः को भवति स्यादौ त्र तसोश्च परयोः। को। के। कं। के। केण ॥ त्र। कत्थ ॥ तस्। कओ। कत्तो। कदो ॥

*अर्थ*:—संस्कृत सर्वनाम 'किम्' में संस्कृतीय प्राप्तव्य विभक्ति बोधक प्रत्ययों के स्थानीय प्राकृतीय विभक्ति बोधक प्रत्ययों के परे रहने पर अथवा स्थान वाचक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'त्रप्' के स्थानीय प्राकृतीय प्रत्यय 'हि ह त्थ' प्रत्ययों के परे रहने पर अथवा सम्बन्ध सूचक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'तस्' के स्थानीय प्राकृतीय प्रत्यय 'त्तो अथवा दो' प्रत्ययों के परे रहने पर 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग रूप की आदेश प्राप्ति होती है। विभक्ति बोधक प्रत्ययों से संबंधित उदाहरण इस प्रकार हैं—कः=को, के=के, कम्=कं, कान्=के और केन=केण इत्यादि।

'त्रप्' प्रत्यय से संबंधित उदाहरण यों हैं—कुत्र=कत्थ अथवा कहि और कह। 'तस्' प्रत्यय के उदाहरण—कुतः=कओ, कत्तो और कदो।

'को' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१९८ में की गई है।

'के' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-५८ में की गई है।

प्राप्तांग 'ण' में संस्कृतीय प्रत्यय 'म्' के समान ही प्राकृत में भी 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय स्त्रीलिंग रूप *णं* सिद्ध हो जाता है।

*त्रिजटा* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप तिअडा होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७६ से 'त्रि' में स्थित 'र्' का लोप, १-१७७ से 'ज' का लोप, १-१९५ से 'ट्' के स्थान पर 'ड्' की प्राप्ति और १-११ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'सि = स्' का प्राकृत में लोप होकर *तिअडा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*तेन* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त पुल्लिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप णेण होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर 'ण' अंग रूप की आदेश प्राप्ति; ३-१४ से प्राप्तांग 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'णे' में तृतीया विभक्ति एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' आदेश की प्राप्ति होकर प्राकृतीयरूप *णेण* सिद्ध हो जाता है।

'*भणिअ*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१९३ में की गई है।

'*तो*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६७ में की गई है।

'*णेण*' रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

*कर तल स्थिता* संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कर यल ट्ठिआ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से प्रथम 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ४-१६ से 'स्थ' के स्थान पर 'ठ्' की आदेश प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ्' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति और १-१७७ से द्वितीय 'त्' का लोप होकर *करयल ट्ठिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भणिअ* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१९३ में की गई है।

'*य*' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-२४ में की गई है।

*तया* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त स्त्रीलिंग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप णाए होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर स्त्रीलिंग अवस्था में प्राकृत में 'णा' अंग की आदेश प्राप्ति और ३-२९ से प्राप्तांग 'णा' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में आकारान्त स्त्रीलिंग में संस्कृतीय प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *णाए* रूप सिद्ध हो जाता है।

ते' संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त पुल्लिग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप णेहिं होता है। इसमें सूत्र सख्या ३ ७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' अग रूप की प्राप्ति, ३-१५ से प्राप्ताग 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३ ७ से प्राप्ताग णे' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन म सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णेहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*कय*' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *१-१२६* में की गई है।

*ताभि* संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त स्त्रीलिग के सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप णाहिं होता है। इसमें सूत्र सख्या ३ ७० से मूल संस्कृत सर्वनाम 'तद्' के स्थान पर प्राकृत में पुल्लिग में 'ण' अग रूप की प्राप्ति, ३-३२ से एव २-४ के निर्देश से पुल्लिग त्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'णा' अग का सद्भाव, और ३-७ से प्राप्ताग 'णा' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *णाहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

'कय' रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *१-१२६* में की गई है। ३-७० ॥

## किमः कस्त्र-तसोश्च ॥ ३-७१ ॥

किमः को भवति स्यादौ त्र तसोश्च परयोः। को। के। क। के। केण ॥ त्र। कत्थ ॥ तस्। कओ। कत्तो। कदो ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'किम्' म सस्कृतीय प्राप्तव्य विभक्ति बोधक प्रत्ययों के स्थानीय प्राकृतीय विभक्ति बोधक प्रत्ययों के परे रहने पर अथवा स्थान वाचक सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय त्रप' के स्थानीय प्राकृतीय प्रत्यय 'हि ह त्थ' प्रत्ययों के पर रहने पर अथवा सम्बन्ध सूचक सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'तस्' के स्थानीय प्राकृतीय प्रत्यय 'त्तो अथवा दो' प्रत्ययों के परे रहने पर 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अग रूप की आदेश प्राप्ति होती है। विभक्ति बोधक प्रत्ययों से सबंधित उदाहरण इस प्रकार हैं—क =को, के=के, कम्=क, कान्=के और केन=केण इत्यादि।

'त्रप' प्रत्यय से सबधित उदाहरण यों हैं—कुत्र=कत्थ अथवा कहि और कह। 'तस' प्रत्यय के उदाहरण—कुत=कओ, कत्तो और कदो।

'को' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र सख्या *२ १९८* म की गई है।

'के' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-सख्या *१ ५८* में की गई है।

'क' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-३३ में की गई है।

कान् संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप के होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, ३-१४ से प्राप्तांग 'क' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे द्वितीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-४ से प्राप्तांग 'के' में द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'नस' का प्राकृत में लोप होकर 'के' रूप सिद्ध हो जाता है।

'केण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४२ में की गई है।

'कत्थ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१६१ में की गई है।

कुतः संस्कृत (अव्ययात्मक) रूप है। इसके प्राकृत रूप कओ, कत्तो और कदो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७१ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'किम्' के स्थान पर प्राकृत में 'क' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप और १-३७ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए विसर्ग के स्थान पर 'ओ' की प्राप्ति होकर प्रथम रूप कओ सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'कत्तो' और तृतीय रूप 'कदो' की सिद्धि सूत्र संख्या २-१६० में की गई है। ३-७१॥

## इदम इमः ॥ ३-७२ ॥

इदमः स्यादौ परे इम आदेशो भवति ॥ इमो। इमे। इमं। इमे। इमेण ॥ स्त्रियामपि ॥ इमा ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के प्राकृत रूपान्तर में विभक्ति बोधक प्रत्यय परे रहने पर 'इम' अंग रूप आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे—अयम्=इमो, इमे=इमे, इमम्=इमं, इमान्=इमे, अनेन=इमेण इत्यादि। स्त्रीलिंग अवस्था में भी 'इदम्' शब्द के स्थान पर प्राकृत में 'इमा' अंग रूप आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे—इयम्=इमा इत्यादि।

*अयम्* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप इमो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७२ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के स्थान पर प्राकृत में 'इम' अंग रूप की आदेश प्राप्ति और ३-२ से प्राप्तांग 'इम' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर इमो रूप सिद्ध हो जाता है।

इमे संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका [illegible] होता है। इसमें 'इम' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त (३-७२ के) विधान के अनुसार, [illegible] ३-५८

से प्राप्तांग 'इम' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर 'डे=ए' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर इमे रूप सिद्ध हो जाता है।

*'इम'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८१ में की गई है।

*इमान्* संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप इमे होता है। इसमें 'इम' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त (३-७२ क) विधान के अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'इम' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे द्वितीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-४ से प्राप्तांग 'इमे' में द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर इमे सिद्ध हो जाता है।

*'इमेण'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६९ में की गई है।

इयम् संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप इमा होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७२ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के स्थान पर 'इम' अंग रूप की आदेश प्राप्ति ३-४ के निर्देश से प्राप्तांग 'इम' में पुल्लिंगत्व से स्त्री लिंगत्व के निर्माण हेतु 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और १-११ से प्राप्तांग 'इमा' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स्' का प्राकृत में लोप होकर *इमा* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-७२॥

## पुं-स्त्रियोर्न वायमिमिआ सौ ॥ ३-७३ ॥

इदम् शब्दस्य सौ परे अयमिति पुल्लिंगे इमिआ इति स्त्रीलिङ्गे आदेशौ वा भवतः ॥ अहवाय कय-कज्जो। इमिया वाणिअ-धूआ। पक्षे। इमो। इमा॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम 'इदम्' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' की प्राप्ति होने पर इदम् + सि' के स्थान पर पुल्लिंग में 'अयम्' रूप की और स्त्रीलिंग में 'इमिआ' रूप की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे — अथवा अयम् कृत कार्यः = अहवा अय कयकज्जो, यह पुल्लिंग का उदाहरण हुआ। स्त्रीलिंग का उदाहरण इस प्रकार है —इयम् वाणिक्य दुहिता = इमिया वाणिअ धूआ। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पुल्लिंग में 'इदम् + सि' का 'इमो' रूप भी प्राकृत में बनता और स्त्रीलिंग में 'इयम्' का 'इमा' रूप भी बनता है।

*'अहवा'* अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६७ में की गई है।

*अयम्* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अयम् और इमो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७३ के विधान से संस्कृत के समान ही 'अयम्' रूप की आदेश प्राप्ति और १-२३ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर अयं रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'इमो' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७२ में की गई है।

*कृत कार्यः* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कयज्जो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से आदि स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, १-८४ से दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'र्य' के स्थान पर 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से आदेश-प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर कयज्जो रूप सिद्ध हो जाता है।

*इयम्* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग सर्वनाम का रूप है। इसके प्राकृत रूप इमिआ और इमा होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७३ से सम्पूर्ण संस्कृत रूप 'इयम्' के स्थान पर प्राकृत में 'इमिआ' रूप की आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होकर प्रथम रूप 'इमिआ' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'इमा' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७२ में की गई है।

*वाणिक्य दुहिता* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप वाणिअ धूआ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'क्' का लोप, १-१७७ से 'य्' का लोप, २-१२६ से सम्पूर्ण शब्द 'दुहिता' के स्थान पर प्राकृत में 'धूआ' रूप की आदेश प्राप्ति, ४-४४८ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य 'सि=स्' की प्राप्ति और १-११ से प्राप्त हलन्त प्रत्यय 'स्' का लोप होकर *वाणिअ धूआ* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-७३ ॥

## स्सि-स्सयोरत् ॥ ३-७४ ॥

इदमः स्सि स्स इत्येतयोः परयोरद् भवति वा ॥ अस्सि । अस्स । पक्षे इमादेशोपि इमस्सि । इमस्स । बहुलाधिकारादन्यत्रापि भवति । एहि । एसु । आहि । एभिः । एषु । आभिरित्यर्थः ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्राकृतीय प्रत्यय 'स्सि' और षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्राकृतीय प्रत्यय 'स्स' के प्राप्त होने पर सम्पूर्ण सर्वनाम 'इदम्' के स्थान पर प्राकृत में 'अ' अंग रूप की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति हुआ करती है। जैसे—'स्सि' प्रत्यय का उदाहरण—अस्मिन्=अस्सि अर्थात् इसमें और 'स्स' प्रत्यय का उदाहरण—अस्य=अस्स अर्थात् इसका। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में सूत्र-संख्या ३-७२ के विधान से 'इदम्' के स्थान पर 'इम' अंग रूप की प्राप्ति भी होती है। जैसे—अस्मिन्=इमस्सि अर्थात् इसमें और अस्य=इमस्स अर्थात् इसका। बहुलाधिकार से 'इदम्' के स्थान पर पुल्लिंग में 'ए' अंग रूप की

और स्त्रीलिंग में 'आ' अंग रूप की भी प्राप्ति देखी जाती है। जैसे —एभि =एहि अर्थात् इनके द्वारा। स्त्रीलिंग का उदाहरण —आभि = आहि अर्थात इन ( स्त्रियों से ) एषु=एसु अर्थात इनमें। इन उदाहरणों में 'इदम् के स्थान पर प्राकृत में 'ए' अंग रूप की और 'आ' अंग रूप की उपलब्धि दृष्टि गोचर हो रही है, इसका कारण 'बहुल' सूत्र ही जानना।

*अस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अस्सि और इमस्सि होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७४ से 'इदम' शब्द के स्थान पर प्राकृत में 'अ' अंग रूप की प्राप्ति और ३-५९ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृतीय अंग रूप 'अ' में 'स्सि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अस्सि* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *इमस्सि* की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६० में की गई है।

*अस्य* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अस्स और इमस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७४ से 'इदम' शब्द के स्थान पर प्राकृत में 'अ' अंग रूप की प्राप्ति और ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर प्राकृतीय अंग रूप 'अ' में 'स्स' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *अस्स* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (अस्य=) इमस्स में सूत्र संख्या ३-७२ से संस्कृतीय शब्द 'इदम' के स्थान पर 'इम' अंग रूप की प्राप्ति और ३-१० से प्रथम रूप के समान ही 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *इमस्स* भी सिद्ध हो जाता है।

*एभि* संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एहि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७४ की वृत्ति से संस्कृत शब्द 'इदम् के स्थान पर प्राकृत में 'ए' अंग रूप की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *एहि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*एषु* संस्कृत सप्तमी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है इसका प्राकृत रूप एसु होता है। इसमें ३-७४ की वृत्ति से 'इदम के स्थान पर 'ए' अंग रूप की प्राप्ति और १-२६० से 'ष' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति होकर *एसु* रूप सिद्ध हो जाता है।

*आभि* संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त स्त्रीलिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप आहि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७४ की वृत्ति से मूल संस्कृत शब्द 'इदम्' के स्थान पर प्राकृत में पुल्लिंग में 'अ' अंग रूप की प्राप्ति, ३-३२ और २-४ से पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माणार्थ प्राप्तांग 'अ' में 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *आहि* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-७४ ॥

## ङे र्मेन हः ॥ ३-७५ ॥

इदमः कृते मादेशात् परस्य ङे स्थाने मेन सह ह आदेशो वा भवति ॥ इह । पक्षे इमस्सि । इमम्मि ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के प्राकृत रूपान्तर में सूत्र संख्या ३-७२ से प्राप्तांग इम में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के प्राप्त होने पर मूलांग 'इम' में स्थित 'म' और 'ङि' प्रत्यय इन दोनों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ह' की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे-अस्मिन्=इह अर्थात् इसमें अथवा इस पर। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में 'अस्मिन्' इमस्सि और इमम्मि रूपों का अस्तित्व भी जानना चाहिए।

*अस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप इह, इमस्सि और इमम्मि होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७२ से मूल संस्कृत शब्द 'इदम्' के स्थान पर प्राकृत में 'इम' अंग रूप की प्राप्ति और ३-७५ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' की प्राप्ति होने पर मूलांग 'इम' में स्थित 'म' और प्राप्त प्रत्यय 'ङि' इन दोनों के स्थान पर 'ह' की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप इह सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *इमस्सि* की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६० में की गई है।

तृतीय रूप (अस्मिन्=) इमम्मि में 'इम' अंग की प्राप्ति उपरोक्त विधि विधानानुसार एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से प्राप्तांग 'इम' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *इमम्मि* भी सिद्ध हो जाता है। ३-७५॥

## न त्थः ॥ ३-७६ ॥

इदमः परस्य ङेः स्सि म्मि त्थाः (३-५९) इति प्राप्तः त्थो न भवति ॥ इह । इमस्सि । इमम्मि ॥

*अर्थ*—सूत्र संख्या ३-५९ में ऐसा विधान किया गया है कि अकारान्त सर्व आदि सर्वनामों में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर 'स्सि, म्मि-त्थ' ऐसे तीन प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होती है, तदनुसार प्राप्तव्य इन तीनों प्रत्ययों में से अन्तिम तृतीय प्रत्यय 'त्थ' की इस 'इदम्' सर्वनाम के प्राकृतीय प्राप्तांग 'इम' में प्राप्ति नहीं होती है। अर्थात् 'इम' में केवल उक्त तीनों प्रत्ययों में से प्रथम और द्वितीय प्रत्यय 'स्सि' और 'म्मि' की ही प्राप्ति होती है। जैसे—अस्मिन्=इमस्सि और इमम्मि। सूत्र संख्या ३-७५ के विधान से 'इम+ङि'=इह, ऐसे तृतीय रूप का अस्तित्व भी ध्यान में रखना चाहिए।

'इह' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७५ में की गई है।

'इमस्सि' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६० में की गई है।

'इमम्मि' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७५ में की गई है। ३-७६ ॥

## णोम्-शस्टा भिसि ॥ ३-७७ ॥

इदमः स्थाने अम् शस्टा भिस्सु परेषु ण आदेशो वा भवति ॥ णं पेच्छ । णे पेच्छ । णेण । णेहि कयं । पक्षे । इमं । इमे । इमेण । इमेहि ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के प्राकृत रूपान्तर में द्वितीया विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्', द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्', तृतीया विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' और तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थानीय प्राकृतीय प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर वैकल्पिक रूप से 'ण' अंग रूप की प्राप्ति हुआ करती है। यों संपूर्ण 'इदम्' शब्द के स्थान पर 'ण' अंग रूप की प्राप्ति होकर तत्पश्चात् प्राकृतीय उक्त विभक्तियों स्थानीय प्रत्ययों की संयोजना होती है। जैसे — इमम् पश्य=णं पेच्छ अर्थात् इसको देखो। इमान् पश्य=णे पेच्छ अर्थात् इनको देखो। अनेन=णेण अर्थात् इसके द्वारा। एभिः कृतम्=णेहि कयं अर्थात् इनके द्वारा किया गया है। ये उदाहरण क्रम से द्वितीया और तृतीया विभक्तियों के एकवचन के तथा बहुवचन के हैं। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में 'णं' के साथ 'इमं', 'णे' के साथ 'इमे', 'णेण' के साथ 'इमेण' और 'णेहि' के साथ 'इमेहि' रूपों का सद्भाव भी ध्यान में रखना चाहिये।

*इमम्* संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'णं' और इमं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७७ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के स्थान पर 'ण' अंग रूप की प्राप्ति; ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'णं' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'इमं' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७२ में की गई है।

'पेच्छ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।

*इमान्* संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'णे' और इमे होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'ण' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे द्वितीया विभक्ति बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-४ से द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' का प्राकृत में लोप होकर प्रथम रूप 'णे' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'इमे' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७२ में की गई है।

'पेच्छ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ मे की गई है।

*अनेन* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप णेण और 'इमेण' होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'ण' आदेश रूप की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१४ से प्राप्तांग 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति एकवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'णे' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'णेण' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'इमेण' की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-७२ में की गई है।

*एभिः* संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है इसके प्राकृत रूप णेहि और 'इमेहि' होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में 'ण' आदेश रूप की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांग 'ण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे तृतीया विभक्ति बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति और ३-७ से प्राप्तांग 'णे' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'णेहि' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप (एभिः =) इमेहि में सूत्र संख्या ३-७२ से मूल संस्कृत शब्द 'इदम्' के स्थान पर प्राकृत मे 'इम' आदेश रूप की प्राप्ति और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही सूत्र संख्या ३-१५ एवं ३-७ से प्राप्त होकर द्वितीय रूप 'इमेहि' भी सिद्ध हो जाता है।

*कृतं* क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है। ३-७७॥

## अमेणम् ॥ ३-७८ ॥

इदमोमा सहितस्य स्थाने इणम् इत्यादेशो वा भवति ॥ इणं पेच्छ। पक्षे। इमं।

*अर्थ* — संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्' के द्वितीया विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'इमम्' के स्थान पर प्राकृत में 'इणम्' रूप का आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। इसमें यह स्थिति बतलाई गई है कि- 'इदम् शब्द और अम् प्रत्यय इन दोनों के स्थान पर 'इणम्' रूप की आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करता है। जैसे -इमम् पश्य = इणं पेच्छ अर्थात् इसको देखो। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में इमम् का प्राकृत रूप 'इमं' भी होता है।

इमम् संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप इण और इम होते हैं। इनम से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-७८ से सम्पूर्ण संस्कृत रूप 'इमम्' के स्थान पर प्राकृत में 'इण' रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप इण सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप इम की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७२ में की गई है।

'पेच्छ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है।३-७८॥

## क्लीबे स्यमेदमिणमो च ॥ ३-७९ ॥

नपुंसक लिङ्गे वर्तमानस्येदमः स्यम्भ्यां सहितस्य इदम् इणमो इणम् च नित्यमादेशा भवन्ति ॥ इद इणमो इण धण चिट्ठइ पेच्छ वा ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम नपुंसकलिंग शब्द 'इदम्' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' प्रत्यय प्राप्त होने पर और द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'अम्' प्रत्यय प्राप्त होने पर मूल शब्द 'इदम्' और उक्त प्रत्यय, इन दोनों के स्थान पर नित्यमेव क्रम से 'इदम्, इणमो और इण' ये तीन आदेश रूप हुआ करते हैं। यों प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति दोनों के एकवचन में समान रूप से 'इदम्' के नपुंसकलिंग में उक्त तीन तीन रूप होते हैं। ये नित्यमेव होते हैं, वैकल्पिक रूप से नहीं। उदाहरण इस प्रकार हैं—इद अथवा इणमो अथवा इण धण चिट्ठइ = इदम् धनम् तिष्ठति अर्थात् यह धन विद्यमान है। इद अथवा इणमो अथवा इण धनम् पश्य अर्थात् इस धन को देखो। उक्त उदाहरण क्रम से प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के एकवचन के द्योतक हैं।

इदम् संस्कृत प्रथमा द्वितीया एकवचनान्त नपुंसकलिंग सर्वनाम रूप है। इसके (दोनों विभक्तियों से समान रूप से) प्राकृत रूप इद, इणमो और इण होते हैं। इन तीनों रूपों में सूत्र संख्या ३-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'इदम्' और प्रथमा द्वितीया के एकवचन में क्रम से प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्यय सि' और 'अम्' सहित दोनों के स्थान पर क्रम से नित्यमेव 'इद, इणमो और इण' रूपों की (प्रत्यय सहित) आदेश प्राप्ति होकर ये तीनों रूप इद, इणमो और इण सिद्ध हो जाते हैं।

'धण रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

'चिट्ठइ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९९ में की गई है।

'पेच्छ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है। ३-७९॥

## किमः किं ॥ ३-८० ॥

किम क्लीबे वर्तमानस्य स्यम्भ्यां सह किं भवति ॥ किं कुल तुह। किं किं ते पडिहाइ ॥

अर्थ —संस्कृत सर्वनाम नपुंसकलिंग शब्द 'किम्' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' प्रत्यय प्राप्त होने पर और द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'अम्' प्रत्यय प्राप्त होने पर मूल शब्द 'किम' और उक्त प्रत्यय, इन दोनों के स्थान पर नित्यमेव 'किं' आदेश रूप की प्राप्ति होती है। तात्पर्य यह है कि 'किम् + सि' का प्राकृत रूपान्तर 'किं' होता है। और 'किम् + अम्' का प्राकृत रूपान्तर भी 'किं' ही होता है। प्रथमा-द्वितीया दोनों विभक्तियों के एकवचन में समान रूप से प्रत्यय सहित मूल शब्द 'किम्' के स्थान पर 'किं' रूप की प्राकृत में नित्यमेव आदेश-प्राप्ति होती है। जैसे:- किम कुलम् तव=किं कुलं तुह अर्थात् तुम्हारा क्या कुल है ? (तुम कौन से कुल में उत्पन्न हुए हो ?) यह उदाहरण प्रथमा एकवचन वाला है। किम किम् ते प्रति भाति = किं किं ते पडिहाइ ? तुम्हें क्या क्या मालूम होता है ? यह उदाहरण द्वितीया के एकवचन का है।

किम् संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त नपुंसक लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप किं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-८० से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'किम्' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' प्रत्यय की संयोजना होने पर शब्द सहित प्रत्यय के स्थान पर 'किं' रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होकर किं रूप सिद्ध हो जाता है।

'कुलं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३३ में की गई है।

'तव' संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'तुह' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-९९ से मूल संस्कृत शब्द 'युष्मद्' में संयोजित षष्ठी एकवचन बोधक संस्कृत प्रत्यय 'ङस=अस' के कारण से प्राप्त रूप तव' के स्थान पर प्राकृत में 'तुह' रूप की आदेश प्राप्ति होकर 'तुह' रूप सिद्ध हो जाता है।

'किम्' संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त नपुंसक लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'किं' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-८० से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'किम्' में द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'अम् प्रत्यय की संयोजना होने पर शब्द सहित प्रत्यय के स्थान पर 'किं' रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होकर किं रूप सिद्ध हो जाता है।

'ते' संस्कृत चतुर्थी एकवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप भी 'ते' ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-९९ से मूल संस्कृत शब्द 'युष्मद्' में संयोजित चतुर्थी एकवचन बोधक संस्कृत प्रत्यय 'ङे' के कारण से संस्कृतीय आदेश प्राप्त रूप 'ते' के स्थान पर प्राकृत में भी 'ते' रूप की आदेश प्राप्ति और ३-१३१ चतुर्थी षष्ठी की एक रूपता प्राप्त होकर प्राकृतीय रूप ते सिद्ध हो जाता है।

प्रतिभाति संस्कृत क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप पडिहाइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'र्' का लोप, १-२०६ से प्रथम 'त' के स्थान पर 'ड' की प्राप्ति १-१८७ से 'भ' के स्थान पर

ह' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पडिहाइ रूप सिद्ध हो जाता है। ३-८०॥

## वेदं-तदे तदो ङसाम्भ्यां से-सिमौ ॥ ३-८१ ॥

इदम् तद् एतद् इत्येतेषां स्थाने ङस् आम् इत्येताभ्यां सह यथासंख्य से सिम् इत्यादेशौ वा भवतः ॥ इदम्। से सीलम्। से गुणा। अस्य शील गुणा वेत्यर्थः ॥ सिं उच्छाहो। एषाम् उत्साह इत्यर्थः। तद्। से सीलं। तस्य तस्या वेत्यर्थः ॥ सिं गुणा। तेषां तासां वेत्यर्थः ॥ एतद्। से अहिअं। एतस्याहितमित्यर्थः ॥ सिं गुणा। सिं सील। एतेषां गुणाः शील वेत्यर्थः। पक्षे। इमस्स। इमेसिं। इमाण ॥ तस्स। तेसिं। ताण ॥ एअस्स। एएसिं। एआण। इदं तदोरामापि से आदेश कश्चिदिच्छति ॥

अर्थ—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'इदम्, तद् और एतद्' के प्राकृत रूपान्तर में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' और षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' की संयोजना होने पर मूल उक्त शब्दों और प्रत्ययों दोनों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से एवं क्रम से 'से' रूप की तथा 'सिम' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। विशेष स्पष्टीकरण इस प्रकार है—

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (१) इदम्+ङस | = | ( अस्य ) | का प्राकृत | आदेश-प्राप्त | रूप | | 'से'। |
| (२) इदम्+आम् | = | ( एषाम् ) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'सिं'। |
| (३) तद्+ङस | = | ( तस्य ) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'से'। |
| (४) तद्+ङस् | = | (स्त्रीलिंग में तस्या ) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'से'। |
| (५) तद्+आम् | = | ( तेषाम ) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'सिं'। |
| (६) तद्+आम् | = | (स्त्रीलिंग में तासाम) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'से'। |
| (७) एतद्+ङस | = | ( एतस्य= ) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'से'। |
| (८) एतद्+आम् | = | ( एतेषां= ) | ,, | ,, | ,, | ,, | 'सिं'। |

इस प्रकार शब्द और प्रत्यय दोनों के स्थान पर उक्त रूप से 'से' अथवा 'सिं' रूपों की षष्ठी विभक्ति एकवचन में एवं बहुवचन में क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वाक्यात्मक उदाहरण इस प्रकार है—'इदम्' से संबंधित—अस्य शीलम्=से सील अर्थात् इसका शील-धर्म, अस्य गुणा=से गुणा अर्थात् इसके गुण धर्म, एषाम् उत्साहः=सिं उच्छाहो अर्थात् इनका उत्साह। 'तद्' से संबंधित—तस्य शीलम्=से सील अर्थात् उसका शील धर्म, तस्या शील=से सील अर्थात् उस (स्त्री) का शील धर्म, तेषाम् गुणाः=सिं गुणा=उनके गुण धर्म, तासाम् गुणाः=सिं गुणा अर्थात् उन (स्त्रियों) के गुण धर्म। 'एतद्' से संबंधित—एतस्य अहितम्=से अहिअं अर्थात् इसकी हानि अर्थात्

अहित, एतेषाम् गुणा=सिं गुणा अर्थात् इनके गुण धर्म और एतेषाम् शीलम्= सिं सील अर्थात् इन शील धर्म। इन उदाहरणों से स्पष्ट हो जाता है कि 'इदम् तद् और एतद्' सर्वनामों के षष्ठी विभक्ति के एकवचन में समान रूप से 'से' और षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में भी समान रूप से 'सिं' रूप आदेश प्राप्ति होती है।

वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में 'इदम्, तद् और एतद्' के जो दूसरे रूप होते हैं, वे एकवचन और बहुवचन में क्रम से इस प्रकार हैं—इदम् के (अस्य=) इमस्स और (एषाम्) इसिं और इमाण। तद् के (तस्य=) तस्स और (तेषाम्=) तेसिं और ताण। एतद् के (एतस्य=) एअस्स और (एतेषाम्=) एएसिं और एआण। कोई कोई व्याकरण कार 'इदम्' और 'तद्' सर्वनामों के प्राकृत रूपान्तर में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में भी एकवचन के समान ही मूल शब्द और 'आम्' प्रत्यय के स्थान पर 'से' आदेश-प्राप्ति मानते हैं। इन व्याकरण कारों की ऐसी मान्यता के कारण से षष्ठी विभक्ति के दोनों वचनों में 'शब्द और प्रत्यय के स्थान पर' 'से' रूप की प्राप्ति होकर 'एक रूपता' का सद् भाव होता है।

*अस्य* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त सर्वनाम पुल्लिंग रूप है। इसके प्राकृत रूप से और इमस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-८१ से सम्पूर्ण रूप 'अस्य' के स्थान पर प्राकृत में 'से' रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप से सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप '*इमस्स*' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-७४ में की गई है।

*शीलम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप सीलं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में नपुंसक लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर '*सीलं*' रूप सिद्ध हो जाता है।

*गुणा* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप गुणा होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१२ से मूल अंग 'गुण' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे प्रथमा विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में अकारान्त पुंल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' का प्राकृत में लोप होकर '*गुणा*' रूप सिद्ध हो जाता है।

*एषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप सिं', 'इमेसिं' और 'इमाण' होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-८१ से सम्पूर्ण रूप 'एषाम्' के स्थान पर प्राकृत में 'सिं' रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप '*सिं*' सिद्ध [illegible]।

द्वितीय और तृतीय रूप '*इमेसिं*' [illegible] की सिद्धि [illegible] में की गई है।

'*इमाणं*' रूप की सिद्धि [illegible] ७४ में की गई [illegible]

*तस्य* संस्कृत पुल्लिंग षष्ठी एकवचनान्त सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप से' और तस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-८१ से सम्पूर्ण रूप 'तस्य' के स्थान पर प्राकृत में 'स' रूप का आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'से' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *'तस्स'* की सिद्धि सूत्र संख्या *२-१८६* में की गई है।

*'सील'* रूप की सिद्धि *इसी सूत्र में ऊपर* की गई है।

*तेषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'सिं', 'तेसिं' और 'ताण' होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-८१ से सम्पूर्ण रूप 'तेषाम' के स्थान पर प्राकृत में *'सिं'* रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप *'सिं'* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप *तेसिं* की सिद्धि सूत्र संख्या *३-६१* में की गई है।

तृतीय रूप *'ताण'* की सिद्धि सूत्र संख्या *३-३३* में की गई है।

*'गुणा'* रूप की सिद्धि *इसी सूत्र में ऊपर* की गई है।

*'एतस्य'* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'से' और 'एअस्स होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-८१ से सपूर्ण रूप 'एतस्य' के स्थान पर प्राकृत में 'से' रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'से' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ( एतस्य= ) एअस्स में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-१० से प्राप्तांग 'एअ' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस् = अस = स्य' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप 'एअस्स' की सिद्धि हो जाती है।

*अस्तित्वम्* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप अहिअं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त नपुसकलिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *अहिअं* सिद्ध हो जाता है।

*एतेषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'सिं' और 'एएसिं' तथा 'एआण' होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-८१ से सपूर्ण रूप 'एतेषाम्' के स्थान पर प्राकृत में 'सिं' रूप की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम रूप 'सिं' सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'एएसिं' की सिद्धि सूत्र संख्या *३-६१* में की गई है।

तृतीय रूप *एआण'* की सिद्धि सूत्र संख्या *३-६१* में की गई है।

*गुणा* रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

*'सील'* रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

## वैतदो ङसे स्तो त्ताहे ॥ ३-८२ ॥

एतदः परस्य ङसेः स्थाने त्तो त्ताहे इत्येतावादेशौ वा भवतः ॥ एत्तो । एत्ताहे । एआओ । एआउ । एआहि । एआहिन्तो । एआ ॥

*अर्थ*:—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'एतद्' के प्राकृत रूपान्तर में पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि = अस' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से (एवं क्रम से) 'त्तो और त्ताहे' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे:—एतस्मात् = एत्तो और एत्ताहे। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में निम्नोक्त पाँच रूपों का सद्भाव और जानना:—(एतस्मात् =) एआओ, एआउ, एआहि, एआहिन्तो और एआ अर्थात् इससे।

*एतस्मात्* संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'एत्तो, एत्ताहे, एआओ, एआउ, एआहि, एआहिन्तो और एआ होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३-८३ से 'त' का लोप और ३-८२ से प्राप्तांग 'ए' में पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से 'त्तो और त्ताहे' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम दोनों रूप-'*एत्तो* और *एत्ताहे* सिद्ध हो जाते हैं।

शेष पाँच रूपों में (एतस्मात् =) 'एआओ, एआउ, एआहि, एआहिन्तो और एआ' में सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप, ३-१२ से प्राप्तांग 'एअ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे पंचमी विभक्ति के एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-८ से प्राप्तांग 'एआ' में पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'ओ, उ, हि, हिन्तो और लुक्' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से पाँचों रूप *एआओ, एआउ, एआहि, एआहिन्तो* और *एआ* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३-८२ ॥

## त्थे च तस्य लुक् ॥ ३-८३ ॥

एतदः त्थे परे चकारात् त्तो त्ताहे इत्येतयोश्च परयोस्तस्य लुग् भवति ॥ एत्थ । एत्तो । एत्ताहे ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'एतद्' में स्थित संपूर्ण व्यञ्जन 'त' का 'त्थ' प्रत्यय और 'त्तो, त्ताहे' प्रत्यय परे रहने पर नित्यमेव लोप हो जाता है। जैसे —एतस्मिन्=एत्थ। एतस्मात्=एत्तो और एत्ताहे।

*एतस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप एत्थ होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३-८३ से 'त' का लोप और ३-५९ से प्राप्तांग 'ए' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'त्थ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्राकृत रूप 'एत्थ' सिद्ध हो जाता है।

*एत्तो* और *एत्ताहे* रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-८२ में की गई है। ३-८३ ॥

## एरदीतौ म्मौ वा ॥ ३-८४ ॥

एतद एकारस्य ङ्यादेशे म्मौ परे अदीतौ वा भवतः ॥ अयम्मि। ईयम्मि। पक्षे। एअम्मि ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'एतद्' के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के प्राकृतीय स्थानीय प्रत्यय 'म्मि' परे रहने पर मूल शब्द 'एतद्' में स्थित 'ए' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से तथा क्रम से 'अ' और 'ई' की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —एतस्मिन्=अयम्मि अथवा ईयम्मि। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में एअम्मि रूप का भी सद्भाव ध्यान में रखना चाहिये।

*एतस्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अयम्मि, ईयम्मि और एअम्मि होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप १-१८० से लोप हुये 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुये 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-८४ से आदि 'ए' के स्थान पर क्रम से और वैकल्पिक रूप से 'अ' अथवा 'ई' की प्राप्ति, और ३-११ से क्रम से प्राप्तांग 'अय' और 'ईय' से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से प्रथम दोनों रूप *अयम्मि* और *ईयम्मि* सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय रूप-(एतस्मिन्=) एअम्मि में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'एतद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, १-१७७ से 'त्' का लोप और ३-११ से प्राप्तांग 'एअ' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर तृतीय रूप *एअम्मि* भी सिद्ध हो जाता है।

## वैसेणमिणमो सिना ॥ ३–८५ ॥

एतदः सिना सह एस इणम् इणमो इत्यादेशा वा भवन्ति ॥ सव्वस्स वि एस गई । सव्वाण वि पत्थिवाण एस मही ॥ एस सहाओ च्चिअ ससहरस्स ॥ एस सिरं । इणं । इणमो । पक्षे । एअं । एसो । एसा ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'एतद्' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' की संयोजना होने पर मूल शब्द 'एतद्' और प्रत्यय 'सि' दोनों के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से (एव क्रम से) 'एस, इणं और इणमो' इन तीन रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। एतद् + सि = (प्राकृत में) एस अथवा इणं अथवा इणमो, इस प्रकार इन तीन रूपों की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है—सर्वस्यापि एषा गतिः=सव्वस्स वि एस गई अर्थात् सभी की यह गति है। सर्वेषामपि पार्थिवानाम् एषा मही = सव्वाण वि पत्थिवाण एस मही=अर्थात् सभी औदारिक शरीर धारी जीवों की यह पृथ्वी है। एष एव स्वभावो शशधरस्य = एस सहाओ च्चिअ ससहरस्स अर्थात् चन्द्रमा का यही स्वभाव है। एतद् शिरः=एस सिरं अर्थात् यह शिर है। इन उदाहरणों से ज्ञात होता है कि प्राकृत में 'एस' प्रथमा एकवचनान्त सर्वनाम का तीनों लिंगों में समान रूप से एवं वैकल्पिक रूप से प्रयुक्त हुआ करता है। यही स्थिति 'एतद् + सि' = इणं और इणमो रूपों की भी समझ लेना चाहिये। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में 'एतद्' शब्द के तीनों लिंगों में 'सि' प्रत्यय की संयोजना होने पर इस प्रकार रूप बनते हैं—

नपुंसक लिंग में—एतद् + सि=एतद्=एअं ।

स्त्रीलिंग में —एतद् + सि = एषा = एसा ।

पुल्लिंग में —एतद् + सि = एष = एसो ।

'सव्वस्स' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३ ५८ में की गई है।

'वि' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १ ६ में की गई है।

'एस' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ ३१ में की गई है।

'गई' की सिद्धि सूत्र-संख्या १ १६५ में की गई है।

सर्वेषाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप सव्वाण होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'सर्व' में स्थित 'र्' का लोप, २ ८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति, ३ १२ से प्राप्तांग 'सव्व' में स्थित अन्त्य

ह्रस्व स्वर 'अ' के 'आगे षष्ठी बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'सव्वा में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय को प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप '*सव्वाण*' सिद्ध हो जाता है।

'*वि*' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई है।

*पार्थिवानाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप पत्थिवाण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'पा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७६ से 'र्' का लोप, २-८६ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ' के स्थान पर 'त' की प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्तांग 'पत्थिव' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के 'आगे षष्ठी बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' 'आ' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'पत्थिवा' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय को प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप '*पत्थिवाण*' सिद्ध हो जाता है।

*एषा* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप एस (भी) होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-८५ से सपूर्ण रूप 'एषा' के स्थान पर 'एस' की (वैकल्पिक रूप से) आदेश प्राप्ति होकर 'एस' रूप सिद्ध हो जाता है।

*महि* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप मही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में शब्दान्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' को दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति होकर *मही* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*एस*' को सिद्धि सूत्र संख्या १-३१ में की गई है।

*स्वभाव* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप सहाओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से प्रथम 'व्' का लोप, १-१८७ से 'भ' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय 'व' का लोप और ३-२ से प्राप्तांग 'सहा अ' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सहाओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*च्चिअ*' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-८ में की गई है।

*शशधरस्य* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त पुल्लिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप ससहरस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से दोनों 'शकारों के स्थान पर दोनों 'सस' की प्राप्ति, १-१८७ से 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-१० से प्राप्तांग 'ससहर' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्=स्य' के स्थान पर प्राकृत में संयुक्त 'स्स' की प्राप्ति होकर *ससहरस्स* रूप की सिद्धि हो जाती है।

निर्माण हेतु 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२७ से प्राप्तांग 'एआ' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर एआओ रूप सिद्ध हो जाता है।

*महिला* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त स्त्रीलिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप महिलाओ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-२७ से मूल रूप *'महिला'* में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में महिला में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर महिलाओ रूप सिद्ध हो जाता है।

*'त'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-४१* में की गई है।

*'एअं'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२०९* में की गई है।

*'वण'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१७२* में की गई है। --३-८६ ॥

## वादसो दस्य होनोदाम् ॥ ३-८७ ॥

अदसो दकारस्य सौ परे ह आदेशो वा भवति तस्मिंश्च कृते अतः सेर्डोः (३-२) इत्योत्वं शेषं संस्कृत वत् (४-४४८) इत्यतिदेशात् आत् (हे० २-४) इत्याप् क्लीबे स्वरान् सेः (३-२५) इतिमश्च न भवति ॥ अह पुरिसो । अह महिला । अह वणं । अह मोह-पर-गुण-लहुअयाइ । । अह णे हिअएण हसइ मारुय तणओ । असावस्मान् हसतीत्यर्थः । अह कमल-मुही । पक्षे । उत्तरेण मुरादेशः । अमू पुरिसो । अमू महिला । अमु वणं ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अदस' के तीनों लिंगों में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' परे रहने पर प्राकृत रूपान्तर में प्राप्त प्रत्यय 'सि' का लोप एवं ममय में हो जाता है जब कि मूल शब्द 'अदस्' में स्थित 'द्' के स्थान पर 'ह' आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है, इस प्रकार तीनों लिंगों में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में समान रूप से अदस का प्राकृत में 'अह' रूप वैकल्पिक रूप से हुआ करता है। इस विधान में पुल्लिंग में सूत्र संख्या ३-२ से प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो=ओ' की प्राप्ति भी नहीं होती है, ४-४४८ और २-४ के निर्देश से पुल्लिंगत्व में स्त्रीलिंग के निर्माण हेतु 'अदस' में 'आ' प्रत्यय का सद्भाव भी नहीं होता है एवं ३-२५ से नपुंसकलिंग में प्राप्त प्रत्यय 'म्' की संयोजना भी नहीं होती है, यों तीनों लिंगों में प्रथमा के एकवचन में समान रूप से 'अदस्' का 'अह' रूप ही जानना। उदाहरण इस प्रकार है—असौ पुरुषः=अह पुरिसो अर्थात् वह पुरुष; असौ महिला=अह महिला अर्थात् वह स्त्री और अदः वनम्=अह वणं अर्थात् वह जंगल। यों यह ज्ञात होता है कि 'अदस्' के तीनों लिंगों में प्रथमा के एकवचन में समान रूप से 'अह, अह

और म्' प्रत्ययों की 'अदर्शन स्थिति' होकर एक ही रूप 'अह' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। इस विषयक अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं—असौ मोह पर-गुण लघयाते=अह मोहो पर गुण-लहुअयाइ=वह मोह दूसरों के गुणों को लघु कर देता है ( अर्थात् मोह के कारण से अन्य गुणवान् पुरुष के गुण भी हीन प्रतीत होने लगते हैं। ) असौ अस्मान् हृदयेन हसति मारुत तनय ॥ अह णे हिअएण हसइ मारुय तणओ = वह मारुत-पुत्र हृदय से हमारी हँसी करता है, ( हमें हीन दृष्टि से देखकर हमारा मजाक करता है )। असौ कमल मुखी=अह कमल मुही अर्थात वह ( स्त्री ) कमल के समान मुखवाली है।

वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में सूत्र संख्या ३ ८८ के विधान से 'अदस्' में स्थित 'द्' व्यञ्जन के स्थान पर 'सि' आदि प्रत्ययों के परे रहने पर 'मु' आदेश की प्राप्ति होता है। तदनुसार 'अदस्' शब्द के स्थान पर प्राकृत मे अगरूप से 'अमु' का सद्भाव भी होता है। जैसे —असौ पुरुष =अमू पुरिसो, असौ महिला=अमू महिला और अद वनम्=अमु वण।

असौ संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग विशेषण और सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अह और अमू होते है। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १ ११ से मूल संस्कृत शब्द 'अदस्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप और ३ ८७ से 'द' के स्थान पर 'ह' व्यञ्जन की आदेश प्राप्ति एव इसी सूत्र से प्रथमा एकवचन बोधक प्रत्यय 'सि=स्' के स्थानीय प्राकृतीय प्रत्यय 'डो=ओ' का लोप होकर प्रथम रूप *अह* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ( अदस्+सि=असौ= ) अमू में सूत्र संख्या १-११ से मूल शब्द 'अदस्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स' का लोप, ३ ८८ से 'द' के स्थान पर मु' की आदेश प्राप्ति और ३-१६ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में उकारान्त पुल्लिग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर अन्त्य ह्रस्व स्वर उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' का प्राप्ति होकर प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिग द्वितीय रूप *अमू* सिद्ध हो जाता है।

*'पुरिसो'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१ ४२* में की गई है।

असौ संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण ( और सर्वनाम ) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'अह' और 'अमू' होते हैं। दोनों रूपों की साधनिका उपरोक्त पुल्लिग रूपों के समान होकर *'अह'* और *'अमू'* सिद्ध हो जाते हैं।

*'महिला'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-१४६* मे की गई है।

अद संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त नपुसक लिंग विशेषण ( और सर्वनाम ) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'अह' और 'अमु' होते हैं। इनमे से प्रथम रूप की साधनिका उपरोक्त पुल्लिग रूप के समान ही होकर प्रथम रूप *'अह'* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप ( अमुं )=अमु में 'अमु' अंग की प्राप्ति उपरोक्त पुल्लिंग रूप में वर्णित-विधि-अनुसार और तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में नपुंसक लिंग में संस्कृत प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति एवं १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप अमुं सिद्ध हो जाता है।

'वणं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१७२ में की गई है।

'अह' पुल्लिंग रूप की सिद्धि इसी सूत्र में उपर की गई है।

'मोहः' संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप मोहो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृत प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर मोहो रूप सिद्ध हो जाता है।

पर-गुण-लघुयाते संस्कृत क्रियापद रूप है इसका प्राकृत रूप पर-गुण-लहुअयाइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से (लघु+अयाते में स्थित) 'घ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य आत्मनेपदीय प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पर-गुण लहुअयाइ रूप सिद्ध हो जाता है।

'अह' पुल्लिंग रूप की सिद्धि इसी सूत्र में उपर की गई है।

अस्मान् संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त (त्रिलिंगात्मक) सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'णे' (णो) होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१०८ से मूल संस्कृत शब्द 'अस्मद्' के द्वितीया बहुवचन बोधक रूप 'अस्मान्' के स्थान पर प्राकृत में 'णे' रूप की आदेश प्राप्ति होकर 'णे' रूप सिद्ध हो जाता है।

हृदयेन संस्कृत तृतीया एकवचनान्त संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप हिअएण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' और 'य्' का लोप, ३-१४ से प्राकृत 'हृदय से हिअअ' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर आगे तृतीया विभक्ति के एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'हिअए' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर हिअएण रूप सिद्ध हो जाता है।

'हसइ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९८ में की गई है।

मारुत-तनयः संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त पुल्लिंग संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप मारुय-तणओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से प्रथम 'त्' का लोप, १-१८० से लोप हुये 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१७७ से 'य्' का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में प्राप्तांग 'मारुय-तणअ' में

संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मास्स तणओ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'अह'* रूप की सिद्धि ऊपर इसी सूत्र में की गई है।

*कमल मुखी* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप कमल मुही होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'ख' के स्थान पर ह' की प्राप्ति और ३ १९ से प्रथमाविभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' को यथावत् स्थिति प्राप्त होकर *कमल-मुही* रूप सिद्ध हो जाता है।

*पुरिसो* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ ४२ में की गई है।

*महिला* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १४६ में की गई है।

*वण* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ १७२ में की गई है। ३-८७ ॥

## मुः स्यादौ ३-८८ ॥

अदसो दस्य स्यादौ परे मुरादेशो भवति ॥ अमू पुरिसो । अमुणो पुरिसा । अमुं वण । अमूइ वणाइ । अमूणि वणाणि । अमू माला । अमूउ अमूओ मालाओ । अमुणा । अमूहि ॥ ङसि । अमूओ । अमूउ । अमूहिन्तो ॥ भ्यस् । अमूहिन्तो । अमूसुन्तो ॥ ङस् । अमुणो । अमुस्स । आम् । अमूण ॥ ङि । अमुम्मि ॥ सुप् । अमूसु ॥

*अर्थ—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अदस्' के प्राकृत रूपान्तर में विभक्ति बोधक प्रत्यय 'सि' आदि* पर रहने पर मूल शब्द 'अदस्' में स्थित 'द' व्यञ्जन के स्थान पर ( प्राकृत में ) 'मु' व्यञ्जन की आदेश-प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है—असौ पुरुष = अमू पुरिसो। अमी पुरुषाः = अमुणो पुरिसा अदः वनम् = अमु वण। अमूनि वनानि = अमूइ वणाइ अथवा अमूणि वणाणि। असौ माला = अमू माला। अमू माला॥ अमूउ अथवा अमूओ मालाओ। अन्य विभक्तियों के रूप इस प्रकार है—

| विभक्ति नाम | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| तृतीया ( अमुना= ) | अमुणा । | ( अमीभि = ) अमूहिं ॥ |
| पंचमी ( अमुष्मात् = ) | अमूओ, अमूउ अमूहिन्तो । | ( अमीभ्य = ) अमूहिन्तो अमूसुन्तो । |
| षष्ठी ( अमुष्य= ) | अमुणो अमुस्स । | ( अमीषाम्= ) अमूण । |
| सप्तमी ( अमुष्मिन्= ) | अमुम्मि । | ( अमीषु = ) अमूसु । |

उपरोक्त विभक्तियों में इन वर्णित रूपों के अतिरिक्त अन्य रूपों का सद्भाव 'गुरु' आदि उकारान्त शब्दों के रूपों के समान ही जानना चाहिये।

स्त्रीलिंग में 'अमु' सर्वनाम शब्द के रूप 'वहू' आदि दीर्घ ऊकारान्त शब्दों के समान ही समझ लेना चाहिये।

'अमू' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-८७ में की गई है।

'पुरिसो' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४२ में की गई है।

*अमी* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त पुल्लिंग विशेषण (और सर्वनाम) रूप है। इसका प्राकृत रूप अमुणो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'अदस्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप, ३-८८ से 'द्' के स्थान पर 'मु' व्यञ्जन की आदेश प्राप्ति और ३-२२ से प्राप्तांग 'अमु' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में (उकारान्त पुल्लिंग में) संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अमुणो* रूप सिद्ध हो जाता है।

'पुरिसा' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२०२ में की गई है।

'अमु' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-८७ में की गई है।

'वणं' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-१७८ में की गई है।

*अमूनि* संस्कृत प्रथमा द्वितीया बहुवचनान्त नपुंसक लिंग विशेषण (और सर्वनाम) रूप है। इसके प्राकृत रूप अमूइं और अमूणि होते हैं। इनमें 'अमु' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२६ से प्राप्तांग 'अमु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति कराते हुए क्रम से 'इं' और 'णि' प्रत्यय की प्रथमा द्वितीया बहुवचनार्थ नपुंसक लिंगार्थ में प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *अमूइं* और *अमूणि* सिद्ध हो जाते हैं।

*वनानि* संस्कृत प्रथमा द्वितीया बहुवचनान्त संज्ञा रूप है। इसका प्राकृत रूप वणाणि होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से मूल संस्कृत शब्द 'वन' में स्थित 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति; ३-२६ से प्राप्तांग 'वण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति कराते हुए नपुंसक लिंगार्थ में प्रथमा द्वितीया के बहुवचन में प्राकृत में 'णि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वणाणि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*असौ* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण (और सर्वनाम) रूप है। इसका प्राकृत रूप अमू होता है। इसमें 'अमु' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-संख्या ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में स्त्रीलिंग में उकारान्त में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति होकर *अमू* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'माला* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या २-१८२ में की गई है।

*अमू* सस्कृत प्रथमा द्वितीया बहुवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण (और सर्वनाम) रूप है। इसके प्राकृत रूप अमूउ और अमूओ होते हैं। इनमें 'अमु' अग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, तत्पश्चात सूत्र सख्या ३-२७ से प्राप्तांग 'अमु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति कराते हुए प्रथमा द्वितीया के बहुवचन में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' और 'शस्' के स्थान पर दोनों विभक्तियों में समान रूप से 'उ' और 'ओ' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर दोनों रूप *अमूउ* और *अमुओ* सिद्ध हो जाते हैं।

*मालाओ'* रूप की सिद्धि सूत्र सख्या३-२७ मे की गई है।

*अमुना* सस्कृत तृतीया एकवचनान्त पुल्लिग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अमुणा होता है। इसमे 'अमु' अग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र सख्या ३-२४ से तृतीया विभक्ति के एकवचन मे सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर प्राकृत में णा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अमुणा* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अमीभि* सस्कृत तृतीया बहुवचनान्त पुल्लिग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अमूहिं होता है। इसमें 'अमु' *अग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र सख्या* ३-१६ से *प्राप्तांग* 'अमु' मे स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' को आगे तृतीया बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और ३ ७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर अमूहि रूप सि हो जाता है।

अमुष्मात् सस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त पुल्लिग सवनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अमूओ, अमूउ और अमूहिन्तो होत हैं। इनमें 'अमु' अग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात सूत्र सख्या ३-१२ मे प्राप्तांग 'अमू' मे स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के 'आगे पञ्चमी एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और ३ ८ से प्राप्तांग 'अमू' मे पञ्चमी विभक्ति क एकवचन में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' क स्थान पर प्राकृत मे क्रम से 'ओ उ हिन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से *'अमूओ, अमूउ* और *अमूहिन्तो'* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*अमीभ्य* सस्कृत पञ्चमी बहुवचनान्त पुल्लिग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अमूहिंतो और अमूसुन्तो होत हे। इनमें 'अमू' अग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि-अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र-सख्या ३ १६ से प्राप्तांग 'अमु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व 'उ' के 'आगे पञ्चमी बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होन से' दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'अमू' में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'हिन्तो' और 'सुन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर *अमूहिन्तो* और *अमसुन्तो* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*अमुष्य* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अमुणो और अमुस्स होते हैं। इनमें 'अमु' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार; तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-२३ से प्रथम रूप में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'णो' प्रत्यय की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होकर प्रथम रूप *अमुणो* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'अमुस्स' में सूत्र संख्या ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *अमुस्स* भी सिद्ध हो जाता है।

*अमीषाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अमूण होता है। इसमें 'अमु' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१२ से प्राप्तांग 'अमु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के 'आगे षष्ठी बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से' दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्तांग 'अमु' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अमूण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अमुष्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अमुम्मि होता है। इसमें 'अमु' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से प्राप्तांग 'अमु' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *अमुम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*अमीषु* संस्कृत सप्तमी बहुवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप अमूसु होता है। इसमें 'अमु' अंग रूप की प्राप्ति उपरोक्त विधि अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१६ से प्राप्तांग 'अमु' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के 'आगे सप्तमी विभक्ति के बहुवचन का प्रत्यय होने से' दीर्घ 'ऊ' की प्राप्ति और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'अमू' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सुप्' के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अमूसु* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-८८॥

## म्मावये औ वा ॥ ३-८९ ॥

अदसोन्त्यव्यञ्जने लुप्ते दकारान्तस्य स्थाने ङयादेशे म्मौ परतः अय इअ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ अयम्मि । इअम्मि । पक्षे । अमुम्मि ॥

*अर्थ—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अदस्' के प्राकृत रूपान्तर में सूत्र संख्या १-११ से अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप होने के पश्चात् शेष अंग 'अद' में स्थित अन्त्य सम्पूर्ण व्यञ्जन 'द' के स्*

'अद' के स्थान पर सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर आदेश प्राप्त प्रत्यय 'म्मि' परे रहने पर वैकल्पिक रूप से ( और क्रम से ) 'अय और इय' अंग रूपों की प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार है—अमुष्मिन् = अयम्मि और इयम्मि अर्थात् उसमें। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में (अमुष्मिन्=) अमुम्मि रूप का भी सद्भाव होता है।

*अमुष्मिन्* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त पुल्लिंग सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अयम्मि, इयम्मि और अमुम्मि होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत शब्द 'अदस' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' का लोप, ३-८९ से शेष सम्पूर्ण रूप 'अद' के स्थान पर 'आगे सप्तमी एकवचन बोधक प्रत्यय 'म्मि' का सद्भाव होने से' क्रम से 'अय' और 'इय' अंग रूपों की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से प्रथम और द्वितीय रूप *अयम्मि* और *इयम्मि* सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय रूप ( अमुष्मिन् = )*अमुम्मि* की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-८८ में की गई है। ३-८९ ॥

## युष्मदः तं तुं तुवं तुह तुमं सिना ॥ ३–९० ॥

युष्मदः सिना सह तं तुं तुव तुह तुम इत्येते पञ्चादेशा भवन्ति ॥ तं तुं तुव तुह तुम दिट्ठो ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि', की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'त्वम्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से पाँच रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। ये पाँच रूप क्रम से इस प्रकार है—(त्वम्=) तं, तुं, तुव, तुह और तुमं। उदाहरण इस प्रकार है—त्वम् दृष्टः = तं, (अथवा) तुं (अथवा तुव, (अथवा) तुह (अथवा) तुमं दिट्ठो अर्थात् तू देखा गया।

*त्वम्* संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त (त्रिलिंगात्मक) सर्वनामरूप है। इसके प्राकृत रूप 'तं, तुं, तुवं, तुह और तुमं' होते हैं। इन पाँचों में सूत्र संख्या ३-९० से 'त्वम्' के स्थान पर इन पाँचों रूपों की क्रम से आदेश-प्राप्ति होकर ये पाँच रूप क्रम से *तं, तुं, तुवं तुह* और *तुमं* सिद्ध हो जाते हैं।

दृष्टः संस्कृत विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप दिट्ठो होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-३४ से 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से आदेश प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठ्ठ' की प्राप्ति, २-९० से आदेश प्राप्त पूर्व 'ठ्' के स्थान पर 'ट्' की प्राप्ति और ३-२ से प्राप्तांग 'दिट्ठ' में अकारान्त पुल्लिंग में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *दिट्ठो* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-९० ॥

## भे तुब्भे तुज्झ तुम्ह तुय्हे उय्हे जसा ॥ ३-९१ ॥

युष्मदो जसा सह भे तुब्भे तुज्झ तुम्ह तुय्हे उय्हे इत्येते षडादेशा भवन्ति ॥ भे तुब्भे तुज्झ तुम्ह तुय्हे उय्हे चिट्ठह । ब्भो म्हज्झौ वा ( ३-१०४ ) इति वचनात् तुम्हे । तुज्झे । एवं चाष्टरूप्यम् ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'जस्' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'यूयम्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से छह रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे छह रूप क्रम से इस प्रकार हैं—भे, तुब्भे, तुज्झ, तुम्ह, तुय्हे और उय्हे। उदाहरण इस प्रकार है—यूयम् तिष्ठथ=भे, (अथवा) तुब्भे, (अथवा) तुज्झ, (अथवा) तुम्ह, (अथवा) तुय्हे और (अथवा) उय्हे चिट्ठह अर्थात् तुम खड़े होते हो। सूत्र-संख्या ३-१०४ के विधान से आदेश प्राप्त द्वितीय रूप 'तुब्भे' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' की क्रम से आदेश प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार इन छह रूपों के अतिरिक्त दो रूप और इस प्रकार होते हैं—'तुम्हे और तुज्झे', यों 'यूयम्' के स्थान पर प्राकृत में आठ रूपों की क्रम से (एवं वैकल्पिक रूप से) आदेश प्राप्ति हुआ करती है।

*यूयम्* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त ( त्रिलिंगात्मक ) सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप आठ होते हैं—भे, तुब्भे, तुज्झ, तुम्ह, तुय्हे, उय्हे तुम्हे, और तुज्झे। इनमें से प्रथम छह रूपों में सूत्र संख्या ३-९१ से सम्पूर्ण संस्कृत रूप 'यूयम्' के स्थान पर इन छह रूपों की आदेश प्राप्ति होकर ये छह रूप 'भे, तुब्भे, तुज्झ तुम्ह, तुय्हे, और उय्हे' सिद्ध हो जाते हैं।

शेष दो रूपों में ( याने यूयम् = ) तुम्हे और तुज्झे में सूत्र संख्या ३-१०४ से आदेश प्राप्त द्वितीय रूप 'तुब्भे' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर 'म्ह और 'ज्झ' अंश रूप की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से सातवाँ और आठवाँ रूप 'तुम्हे एवं तुज्झे' भी सिद्ध हो जाते हैं।

*तिष्ठथ* संस्कृत अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप चिट्ठह होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१६ से संस्कृतीय आदेश प्राप्त रूप 'तिष्ठ' की मूल धातु 'स्था' के स्थान पर प्राकृत में 'चिट्ठ' रूप की आदेश प्राप्ति और ३-१४३ से वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष के बहुवचन में संस्कृत प्राप्तव्य परस्मैपदीय प्रत्यय 'थ' के स्थान पर प्राकृत में 'ह' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर चिट्ठह रूप सिद्ध हो जाता है। ३-९१ ॥

## तं तुं तुमं तुवं तुह तुमे तुए अमा ॥ ३-९२ ॥

युष्मदोमा सह एते सप्तादेशा भवन्ति ॥ तं तुं तुमं तुवं तुह तुमे तुए वन्दामि ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम् = म' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'त्वाम्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से सात रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे सात रूप क्रम से इस प्रकार है —तं, तुं, तुमं, तुवं, तुहं, तुमे और तुए। उदाहरण इस प्रकार है — (अहम्) त्वाम् वन्दामि = (अहं) तं, (अथवा) तुं, (अथवा) तुमं, (अथवा) तुवं, (अथवा) तुहं, (अथवा) तुमे और (अथवा) तुए वन्दामि = अर्थात् (मैं) तुझे वन्दना करता हूँ।

*त्वाम्* संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त (त्रिलिंगात्मक) सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप सात होते हैं। तं, तुं, तुमं, तुवं, तुहं, तुमे और तुए। इन सातों रूपों में सूत्र संख्या ३-९२ से संस्कृत रूप 'त्वाम्' के स्थान पर क्रम से इन सातों रूपों का आदेश प्राप्ति होकर ये सातों रूप क्रम से '*तं, तुं, तुमं तुवं*, *तुहं तुमे और तुए* सिद्ध हो जाते हैं।

*वन्दामि*' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई है। ३-९२ ॥

## वो तुज्झ तुब्भे तुय्हे उय्हे भे शसा ॥ ३-९३ ॥

युष्मदः शसा सह एते षडादेशा भवन्ति ॥ वो तुज्झ तुब्भे। ब्भो म्हज्झौ वेति वचनात् तुम्हे तुज्झे तुय्हे उय्हे भे पेच्छामि ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस = अस्' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'युष्मान्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से छह रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे छह रूप क्रम से इस प्रकार हैं —वो, तुज्झ, तुब्भे, तुय्हे, उय्हे और भे। सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से आदेश प्राप्त तृतीय रूप 'तुब्भे' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश रूप की क्रम से आदेश प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार उक्त छह रूपों के अतिरिक्त दो रूप और इस प्रकार होते हैं —'तुम्हे और तुज्झे' यों 'युष्मान्' के स्थान पर प्राकृत में कुल आठ रूपों की क्रम से (एवं वैकल्पिक रूप से) आदेश प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार है —(अहम्) युष्मान् प्रेक्षे = वो, (अथवा) तुज्झ, (अथवा) तुब्भे, (अथवा) तुम्हे, (अथवा) तुज्झे (अथवा) तुय्हे, (अथवा) उय्हे और (अथवा) भे पेच्छामि अर्थात् (मैं) आप (सभी) को देखता हूं।

*युष्मान्* संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप आठ होते हैं —वो, तुज्झ, तुब्भे, तुम्हे, तुज्झे, तुय्हे, उय्हे और भे। इन आठों रूपों में सूत्र संख्या ३-९३ से संस्कृत रूप 'युष्मान्' के स्थान पर क्रम से इन आठों रूपों की आदेश प्राप्ति होकर ये आठों रूप क्रम से '*वो, तुज्झ तुब्भे, तुम्हे, तुज्झे, तुय्हे, उय्हे,* और *भे*' सिद्ध हो जाते हैं।

अर्थ —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि = अस्' के प्राकृतीय स्थानीय प्रत्यय 'त्तो, दो=ओ, दु=उ, हि हिन्तो और लुक्' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होने पर सम्पूर्ण मूल संस्कृत शब्द 'युष्मद्' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में क्रम से पाँच अंग रूपों की प्राप्ति होती है, जो कि क्रम से इस प्रकार है —तइ, तुव, तुम तुह और तुब्भ । सूत्र संख्या ३-१०४ के निर्देश से प्राप्तांग पाँचवें रूप 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से 'म्ह और ज्झ' अंश रूप की आदेश प्राप्ति हुआ करती है । यों 'युष्मद्' के इन पाँच अंग रूपों के अतिरिक्त ये दो रूप 'तुम्ह और तुज्झ' और होते हैं । इस प्रकार 'युष्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में प्रत्ययों के संयोजनार्थ सात अंग रूपों की क्रम से प्राप्ति होती है, तत्पश्चात् सातों प्राप्तांगों में से प्रत्येक अंग में क्रम से ( एवं वैकल्पिक रूप से ) छह छह प्रत्ययों की अर्थात् 'त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो और लुक्' प्रत्ययों की प्राप्ति होती है । इस प्रकार 'युष्मद्' के पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में प्राकृत में बयालीस (=४२) रूप होते हैं, जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —'तइ' अंग के रूप —तइत्तो, तईओ, तईउ, तईहि, तईहिन्तो और तइ (=त्वत्=) अर्थात् तेरे से । 'तुव' अंग के रूप — तुवत्तो, तुवाओ, तुवाउ, तुवाहि तुवाहिन्तो और तुवा (=त्वत्=) अर्थात् तेरे से । 'तुम' अंग के रूप —तुमत्तो, तुमाओ, तुमाउ, तुमाहि, तुमाहिन्तो और तुमा (=त्वत्=) अर्थात् तेरे से । यों शेषांग 'तुह, तुब्भ, तुम्ह, और तुज्झ' के रूप भी समझ लेना चाहिये ।

प्राकृत में प्राप्त रूप 'तत्तो' की प्राप्ति 'त्वत्त' से हुई है । इसमें सूत्र-संख्या २-७९ से 'व' का लोप हुआ है और १-३७ से विसर्ग के स्थान पर 'डो=ओ' की प्राप्ति होकर 'तत्तो' प्राकृत रूप सिद्ध हुआ है । अतः इस रूप 'तत्तो' को उक्त ४२ रूपों से भिन्न ही जानना ।

नीचे साधनिका उन्हीं रूपों की की जा रही है, जो कि वृत्ति में उल्लिखित हैं, अतः प्राप्तव्य शेष रूपों की साधनिका स्वयमेव कर लेनी चाहिये ।

त्वत् ( अथवा 'त्वद्' ) संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त ( त्रिलिंगात्मक ) सर्वनाम रूप है । इसके प्राकृत रूप तइत्तो, तुवत्तो, तुमत्तो, तुहत्तो, तुब्भत्तो, तुम्हत्तो और तुज्झत्तो होते हैं । इनमें से प्रथम पाँच रूपों में सूत्र संख्या ३-९६ से मूल संस्कृत शब्द 'युष्मद्' के स्थान पर क्रम से पाँच अंगों की आदेश-प्राप्ति, छट्ठे और सातवें रूपों में सूत्र-संख्या ३-१०४ के निर्देश से छट्ठे और सातवें अंग रूप की प्राप्ति तत्पश्चात् क्रम से सातों अंग रूपों में सूत्र संख्या ३-८ से पंचमी विभक्ति के एकवचनार्थ में 'त्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से सातों रूप-'तइत्तो, तुवत्तो, तमत्तो, तुहत्तो, तुब्भत्तो, तुम्हत्तो और तुज्झत्तो सिद्ध हो जाते हैं ।

त्वत्त संस्कृत तद्धित रूपक शब्द है । इसका [illegible] है । इसमें सूत्र संख्या २-७९ से [illegible] लोप और १-३७ से [illegible] न पर 'डो= [illegible] होकर प्राकृत तद्धित रूप 'तत्तो' [illegible] जाता है । ३-९६ ॥

## तुय्ह तुब्भ तहिन्तो ङसिना ॥ ३-९७ ॥

युष्मदो ङसिना सहितस्य एते त्रय आदेशा भवन्ति ॥ तुय्ह तुब्भ तहिन्तो आगओ । ब्भो म्ह ज्झौ वेति वचनात् तुम्ह । तुज्झ । एवं च पञ्च रूपाणि ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि = अस' की संयोजना होने पर प्राप्त संस्कृतीय रूप 'त्वत्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से ( एवं वैकल्पिक रूप से ) तीन रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है । वे आदेश प्राप्त रूप ये हैं — 'तुय्ह, तुब्भ और तहिन्तो' । उदाहरण इस प्रकार हैं —त्वत् आगत = तुय्ह अथवा तुब्भ अथवा तहिन्तो आगओ अर्थात् तुम्हारे से- (तेरे से) आया हुआ है । सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से उपरोक्त आदेश-प्राप्त द्वितीय रूप 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर 'म्ह' और 'ज्झ' की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार 'त्वत्' के स्थान पर दो और आदेश प्राप्त रूपों का सद्भाव पाया जाता है । जो कि इस प्रकार है —'तुम्ह और तुज्झ' । यों पञ्चमी एकवचनान्त ( में ) युष्मद् के प्राप्त रूप 'त्वत्' के उपरोक्त रीति से आदेश-प्राप्त पाँच रूप जानना ।

*त्वत्* (=त्वद्) संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है । इसके प्राकृत रूप पाँच होते हैं —तुय्ह, तुब्भ, तहिन्तो, तुम्ह और तुज्झ । इनमें सूत्र-संख्या ३-९७ से 'त्वत्' रूप के स्थान पर इन पाँचों रूपों की आदेश प्राप्ति क्रम से ( तथा वैकल्पिक रूप से ) होकर क्रम से ये पाँचों रूप *'तुय्ह, तुब्भ तहिन्तो, तुम्ह और तुज्झ'* सिद्ध हो जाते हैं ।

*'आगओ'* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-२०९ में की गई है । ३-९७ ॥

## तुब्भ-तुय्होय्होम्हा भ्यसि ॥ ३-९८ ॥

युष्मदो भ्यसि परत एते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ भ्यसस्तु यथाप्राप्तमेव ॥ तुब्भत्तो । तुय्हत्तो । उय्हत्तो । उम्हत्तो । ब्भो म्ह-ज्झौ वेति वचनात् तुम्हत्तो । तुज्झत्तो ॥ एवं दो-दु-हि हिन्तो-सुन्तोष्वप्युदाहार्यम् ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में पंचमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्यय 'भ्यस्' के प्राकृतीय स्थानीय प्रत्यय 'त्तो, दो=ओ, दु = उ, हि, हिन्तो और सुन्तो' प्राप्त होने पर 'युष्मद्' के स्थान पर चार आदेश अंगों की क्रम से प्राप्ति हुआ करती है । तत्पश्चात् प्रत्येक आदेश प्राप्त अंग में उक्त पंचमी बहुवचन बोधक प्रत्ययों की संयोजना होती है । वे चारों अंग रूप इस प्रकार हैं —'तुब्भ तुय्ह, उय्ह और उम्ह' । सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से

उक्त आदेश प्राप्त प्रथम अंग 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश रूप की प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार उक्त चार अंग रूपों के अतिरिक्त अंग रूपों की प्राप्ति और होती है, जो कि इस प्रकार है —'तुम्ह' और 'तुज्झ'। यों पंचमी बहुवचन के प्रत्ययों के संयोजनार्थ कुल छह अंग रूपों की प्राप्ति होती है। पंचमी बहुवचन में 'भ्यस्' प्रत्यय के स्थान पर 'त्तो' दो=ओ, दु=उ, हि, हिन्तो और सुन्तो' यों छह प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति का विधान है। ये छह ही प्रत्यय क्रम से उक्त छह अंगों में से प्रत्येक अंग में संयोजित होते हैं, तदनुसार पंचमी बहुवचन में संस्कृतीय रूप 'युष्मत्' के प्राकृतीय रूप छत्तीस होते हैं। उदाहरण इस प्रकार हैं —

त्तो—प्रत्यय=तुब्भत्तो, तुय्हत्तो उय्हत्तो, उम्हत्तो, तुम्हत्तो, तुज्झत्तो।

ओ—प्रत्यय=तुब्भाओ, तुय्हाओ, उय्हाओ, उम्हाओ, तुम्हाओ, तुज्झाओ।

उ—प्रत्यय=तुब्भाउ तुय्हाउ उय्हाउ, उम्हाउ, तुम्हाउ, तुज्झाउ,। यों शेष प्रत्यय 'हि हिन्तो और सुन्तो' की संयोजना करके स्वयमेव समझ लेना चाहिये।

*युष्मत्* संस्कृत पञ्चमी बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप-तुब्भत्तो, तुय्हत्तो, उय्हत्तो, उम्हत्तो, तुम्हत्तो और तुज्झत्तो होते हैं। इनमें से प्रथम चार रूपों में सूत्र संख्या ३-९८ से मूल संस्कृत शब्द 'युष्मद्' के स्थान पर प्राकृत में चार अंग रूप 'तुब्भ तुय्ह-उय्ह-उम्ह' की आदेश प्राप्ति, शेष दो रूपों में सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से पूर्वोक्त प्राप्त प्रथम अंग 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर क्रम से 'म्ह और ज्झ' की प्राप्ति होने से उक्त पञ्चम और षष्ठ अंग रूप की प्राप्ति, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-९ से उक्त प्राप्तांग छहों में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय भ्यस् के स्थान पर प्राकृत में आदेश प्राप्त प्रत्यय त्तो, ओ, उ, हि, हिन्तो, सुन्तो' में से प्रथम प्रत्यय 'त्तो' की प्राप्ति होकर उक्त छह ही प्राकृत रूप *तुब्भत्तो तुय्हत्तो, उय्हत्तो, उम्हत्तो, तुम्हत्तो और तुज्झत्तो*' सिद्ध हो जाते हैं। ३-९८ ॥

## तइ-तु-ते-तुम्हं,-तुह-तुह-तुव-तुम-तुमे-तुमो-तुमाइ-दि-दे-इ-ए-तुब्भोब्भोय्हा ङसा ॥ ३-९९ ॥

युष्मदो ङसा षष्ठ्येकवचनेन सहितस्य एते अष्टादशादेशा भवन्ति ॥ तइ। तु। ते। तुम्हं। तुह। तुहं। तुव। तुम। तुमे। तुमो। तुमाइ। दि। दे। इ। ए। तुब्भ। उब्भ। उय्ह। ब्भो म्ह-ज्झौ वेति वचनात् तुम्ह। तुज्झ। उम्ह। उज्झ। एवं च द्वाविंशति रूपाणि ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' की संयोजना होने पर प्राप्त संस्कृतीय रूप 'तव' अथवा ते के प्राकृत रूपान्तर में संपूर्ण 'तव' अथवा ते रूप के स्थान पर क्रम से अठारह रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण

इस प्रकार हैं —तव ( अथवा ते ) धनम् = तइ-तु-ते-तुम्ह-तुह-तुह-तुव-तुम-तुमे-तुमो-तुमाइ-दि-दे इ-ए-तुब्भ-उब्भ-उय्ह धण अर्थात् तेरा धन। सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से उक्त प्राप्त अठारह रूपों में से सोलहवें और सतरहवें रूपों में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' की प्राप्ति क्रम से हुआ करती है, तदनुसार संस्कृत रूप 'तव' के स्थान पर चार रूपों की और आदेश प्राप्ति क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से हुआ करती है, जो कि इस प्रकार है —( तव= ) तुम्ह, तुज्झ, उम्ह और उज्झ। यों संस्कृत शब्द 'युष्मद्' के षष्ठी एकवचन में प्राप्त रूप 'तव' ( अथवा ते ) के स्थान पर प्राकृत में कुल बाईस रूपों की आदेश प्राप्ति क्रम से जानना चाहिये।

'तव अथवा ते' संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त ( त्रिलिंगात्मक ) सर्वनाम रूप हैं। इसके प्राकृत रूप ( २२ ) होते हैं —तइ, तु, ते, तुम्ह, तुह, तुह, तुव, तुम, तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, उब्भ, उय्ह, तुम्ह, तुज्झ, उम्ह और उज्झ। इनमें से प्रथम अठारह रूपों में सूत्र संख्या ३-९९ से संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस् = अस' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'तव' अथवा 'ते' के स्थान पर उक्त प्रथम अठारह रूपों की आदेश प्राप्ति होकर प्रथम अठारह रूप *तइ, तु, ते, तुम्ह, तुह, तुह, तुव, तुम, तुमे, तुमो, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, उब्भ* और *उय्ह* सिद्ध हो जाते हैं।

शेष १९ वें से २२ वें तक के चार रूपों में सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से उक्त सोलहवें और सतरहवें रूप में स्थित ब्भ अंश के स्थान पर क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश की आदेश प्राप्ति होकर उक्त शेष चार रूप *तुम्ह, तुज्झ, उम्ह* और *उज्झ* भी सिद्ध हो जाते हैं।

'धण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है। ३-९९ ॥

## तु वो भे तुब्भं तुब्भाण तुवाण तुमाण तुहाण उम्हाण आमा ॥ ३–१०० ॥

युष्मद आमा सहितस्य एते दशादेशा भवन्ति ॥ तु। वो। भे। तुब्भ। तुब्भं। तुब्भाण। तुवाण। तुमाण। तुहाण। उम्हाण। क्त्वा स्यादे र्णस्वोर्वा (१-२७) इत्यनुस्वारे तुब्भाणं। तुवाणं। तुमाणं। तुहाणं। उम्हाणं ॥ ब्भो म्ह-ज्झौ वेति। वचनात् तुम्ह। तुज्झ। तुम्हं। तुज्झं। तुम्हाण। तुम्हाणं तुज्झाण। तुज्झाणं। धणं। एवं च त्रयो विंशति रूपाणि ॥

अर्थ —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संयोजनीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' की संयोजना होने पर प्राप्त संस्कृत रूप 'युष्माकम्' अथवा 'वः' के स्थान पर प्राकृत-रूपान्तर में सर्व प्रथम ये दश रूप 'तु, वो, भे, तुब्भ, तुब्भं, तुब्भाण, तुवाण, तुमाण, तुहाण और

उम्हाण' आदेश-रूप से प्राप्त होते हैं। तत्पश्चात् सूत्र संख्या १-२७ के विधान से उपरोक्त प्राप्त दश रूपों में से छट्ठे रूप से लगाकर दशवें रूप के अन्त में आगम रूप अनुस्वार की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार पांच रूपों का निर्माण और इस प्रकार होता है—तुम्भाणं, तुवाणं, तुमाणं, तुहाणं, और उम्हाणं। सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से उपरोक्त प्रथम दश रूपों में से चौथे, पांचवें और छट्ठे रूपों में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश की आदेश प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार छह आदेश प्राप्त रूपों का निर्माण और इस प्रकार होता है—तुम्ह और तुज्झ, तुम्ह और तुज्झ, तुम्हाण और तुज्झाण। सूत्र संख्या १-२७ के विधान से पुनः उपरोक्त 'तुम्हाण और तुज्झाण' में आगम रूप अनुस्वार की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होने से दो और रूपों का निर्माण होता है, जोकि इस प्रकार हैं—तुम्हाणं और तुज्झाणं। इस प्रकार 'युष्माकम्' अथवा 'व' के प्राकृत रूपान्तर में क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्त ये कुल तेईस रूप जानना।

उदाहरण इस प्रकार है—युष्माकम् अथवा व धनम्=तु, वो ... इत्यादि २३ वाँ रूप तुज्झाण धणं अर्थात् तुम सभी का धन।

युष्माकम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'तु, वो, भे" ... से लगाकर तुज्झाणं' तक २३ होते हैं। इनमें से प्रथम दश रूपों में सूत्र संख्या ३-१०० की प्राप्ति, ११ वें से १५ वें तक के रूपों में सूत्र संख्या १-२७ की प्राप्ति, १६ वें से २१ वें तक के रूपों में सूत्र संख्या ३-१०४ की प्राप्ति और २२ वें तथा २३ वें में सूत्र-संख्या १-२७ की प्राप्ति होकर प्रथम रूप से लगाकर २३ वें रूप तक की अर्थात् 'तु, वो, भे, तुब्भ, तुब्भं, तुब्भाण, तुवाण, तुमाण, तुहाण, उम्हाण, तुब्भाणं, तुवाणं, तुमाणं, तुहाणं, उम्हाणं, तुम्ह, तुज्झ, तुम्ह, तुज्झ, तुम्हाण, तुज्झाण, तुम्हाणं और तुज्झाणं रूपों की सिद्धि हो जाती है।

'धणं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है। ३-१०० ॥

## तुमे तुमए तुमाइ तइ तए ङिना ॥ ३-१०१ ॥

युष्मदो ङिना सप्तम्येकवचनेन सहितस्य एते पञ्चादेशा भवन्ति ॥ तुमे तुमए तुमाइ तइ तए ठिअं ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संप्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' की संयोजना होने से प्राप्त संस्कृत रूप-'त्वयि' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में प्रत्यय सहित अवस्था में क्रम से पांच रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे पांचों रूप क्रम से इस प्रकार हैं—(त्वयि=) तुमे, तुमए, तुमाइ, तइ, और तए। उदाहरण इस प्रकार है—त्वयि स्थितम्=तुमे, तुमए, तुमाइ, तइ और तए ठिअं अर्थात् तुझ में अथवा तुझ पर स्थित है।

'त्वयि' संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम है। इसके प्राकृत में पांच रूप होते हैं। तुमे, तुमए, तुमाइ, तइ और तए, इनमें सूत्र संख्या ३-१०१ से संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' में सप्तमी एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'त्वयि' के स्थान पर उक्त पाँचों रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर क्रम से ये पाँचों रूप 'तुमे, तुमए, तुमइ, तइ और तए' सिद्ध हो जाते हैं।

ठिअं रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१६ में की गई है। ३-१०१ ॥

## तु-तुव-तुम-तुह-तुब्भा ङौ ॥ ३-१०२ ॥

युष्मदो ङौ परत एते पञ्चादेशा भवन्ति। ङेस्तु यथा प्राप्तमेव ॥ तुम्मि। तुवम्मि। तुमम्मि। तुहम्मि। तुब्भम्मि। ब्भो म्ह-ज्झौ वेति वचनात् तुम्हम्मि। तुज्झम्मि। इत्यादि ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द "युष्मद्" के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय "ङि,=इ" के प्राकृतीय स्थानीय प्रत्यय "म्मि" (और 'ङे=ए") प्रत्यय प्राप्त होने पर 'युष्मद्' के स्थान पर प्राकृत में पाँच अंग रूपों की क्रम से प्राप्ति होती है, जो कि इस प्रकार हैं—युष्मद्=तु, तुव, तुम, तुह और तुब्भ। उदाहरण यों हैं—त्वयि =तुम्मि, तुवम्मि, तुमम्मि तुहम्मि और तुब्भम्मि। सूत्र संख्या ३-१०४ के विधान से उपरोक्त पञ्चम अंग रूप 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश रूप की प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार दो और अंग रूपों की इस प्रकार प्राप्ति होती है—'तुम्ह' और 'तुज्झ'। ऐसी स्थिति में 'म्मि' प्रत्यय की संयोजना होने पर दो और रूपों का निर्माण होता है—तुम्हम्मि और तुज्झम्मि।

वृत्ति में 'इत्यादि' शब्द का उल्लेख किया हुआ है, इससे अनुमान किया जा सकता है कि उपरोक्त प्राप्त सात अंगों में से प्रथम अंग के अतिरिक्त शेष छह अंग रूपों में सूत्र संख्या ३-११ के विधान से संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर 'ङे=ए' प्रत्यय की संयोजना भी होना चाहिये, तदनुसार छह रूपों की प्राप्ति की संभावना होती है, जो कि इस प्रकार है—तुवे, तुमे, तुहे तुब्भे तुम्हे और तुज्झे, यों वृत्ति के अंत में उल्लिखित 'इत्यादि' शब्द के संकेत से प्रमाणित होता है।

*त्वयि* संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत तुम्मि, तुवम्मि, तुमम्मि, तुहम्मि, तुब्भम्मि, तुम्हम्मि और तुज्झम्मि होते हैं। इनमें से प्रथम पांच रूपों में सूत्र-संख्या ३-१०२ से मूल संस्कृत शब्द 'युष्मद्' के स्थान पर क्रम से पांच अंग रूपों की प्राप्ति और छट्ठे तथा सातवें रूप में सूत्र संख्या ३-१०४ से पूर्व में प्राप्तांग पांचवें 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश की प्राप्ति, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से उपरोक्त रीति से सातों प्राप्तांगों में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में

'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से सातों रूप 'तुम्मि, तुवम्मि, तुमम्मि, तुहम्मि, तुब्भम्मि, तुम्हम्मि और तुज्झम्मि' सिद्ध हो जाते हैं। ३-१०२ ॥

## सुपि ॥ ३-१०३ ॥

युष्मदः सुपि परतः तु तुव तुम तुह-तुब्भा भवन्ति ॥ तुसु । तुवेसु । तुमेसु । तुहेसु तुब्भेसु ॥ ब्भो म्ह-ज्झौ वेति वचनात् तुम्हेसु । तुज्झेसु ॥ केचित्तु सुप्येत्व विकल्पमिच्छन्ति तन्मते तुवसु । तुमसु । तुहसु । तुब्भसु । तुम्हसु । तुज्झसु ॥ तुब्भस्यात्वमपीच्छन्त्यन्ये तुब्भासु । तुम्हासु तुज्झासु ॥

*अर्थ* —संस्कृत सर्वनाम शब्द "युष्मद्" के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में "सुप=सु" प्रत्यय पर रहने पर "युष्मद्" के स्थान पर प्राकृत में पाँच अंग रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जो कि इस प्रकार हैं —युष्मद्=तु, तुव, तुम, तुह और तुब्भ उदाहरण यों हैं —युष्मासु=तुसु तुवेसु, तुमेसु, तुहेसु और तुब्भेसु । सूत्र-संख्या ३-१०४ के विधान से पंचम अंग रूप 'तुब्भ' में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर क्रम से और वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश की प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार दो अंग रूपों की प्राप्ति और होती है —तुम्ह तथा तुज्झ । यों प्राप्तांग 'तुम्ह' और 'तुज्झ' में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'तुम्हेसु' तथा 'तुज्झेसु' रूपों की संयोजना होती है।

कोई कोई व्याकरणाचार्य 'सु' प्रत्यय परे रहने पर उपरोक्त रीति से प्राप्तांग अकारान्त रूपों में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर ऊपर वर्णित एवं सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तव्य 'ए' की प्राप्ति का विधान वैकल्पिक रूप से ही मानते हैं, तदनुसार 'युष्मासु' के छह प्राकृत रूपान्तर और बनते हैं, जो कि इस प्रकार हैं — युष्मासु= तुवसु, तुमसु, तुहसु, तुब्भसु, तुम्हसु और तुज्झसु । ऊपर वाले रूपों में और इन रूपों में परस्पर में 'सु' प्रत्यय के पूर्व में स्थित प्राप्तांग के अन्त में रहे हुए अथवा प्राप्त हुए 'ए' और 'अ' स्वरों की उपस्थिति का अथवा अभाव रूप का ही अन्तर जानना।

कोई कोई प्राकृत भाषा तत्त्वज्ञ प्राप्तांग 'तुब्भ' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'सु' प्रत्यय परे रहने पर 'आ' का सद्भाव भी वैकल्पिक रूप से मानते हैं। इनके मत से 'युष्मासु' के तीन और प्राकृत रूपान्तरों का निर्माण होता है, जो कि इस प्रकार हैं — युष्मासु'=तुब्भासु, तुम्हासु और तुज्झासु । इनका अर्थ होता है —आप सभी में। 'युष्मासु' संस्कृत सप्तमी बहुवचनान्त (त्रिलिंगात्मक) सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप १६ होते हैं। जो कि इस प्रकार है —तुसु, तुवेसु, तुमेसु, तुहेसु, तुब्भेसु, तुम्हेसु, तुज्झेसु, तुवसु, तुमसु, तुहसु, तुब्भसु, तुम्हसु, तुज्झसु, तुब्भासु, तुम्हासु और तुज्झासु । इन में से प्रथम पांच रूपों में से सूत्र संख्या ३-१०३ से संस्कृत मूल शब्द 'युष्मद्' के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय की संयोजना होने पर 'तु, तुव, तुम, तुह, तुब्भ' इन पांच अंग रूपों की

क्रम से प्राप्ति, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ४ ४४८ से प्राप्तांग इन पांचों क्रम से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सुप = सु' के समान ही प्राकृत में भी सु' प्रत्यय की प्राप्ति, एवं द्वितीय से पंचम रूपों में सूत्र संख्या ३ १५ से प्राप्तांग में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आगे सप्तमी बहुवचन बोधक प्रत्यय 'सु' का सद्भाव होने से' 'ए' की प्राप्ति होकर क्रम से पांच रूप तुसु, तुवेसु, तुमेसु तुहेसु, और तुब्भेसु सिद्ध हो जाते हैं।

छट्टे और सातवें रूपों में सूत्र संख्या ३ १०४ के विधान से उपरोक्त पांचवें प्राप्तांग में स्थित 'ब्भ' अंश के स्थान पर क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश की प्राप्ति होने से 'तुम्ह और तुज्झ' अंग रूपों की प्राप्ति एवं शेष साधनिका की प्राप्ति उपरोक्त सूत्र संख्या ३-१५ तथा ४ ४४८ से होकर छट्ठा तथा सातवां रूप तुम्हेसु और तुज्झेसु भी सिद्ध हो जाते हैं।

आठवें रूप से लगाकर तेरहवें रूप तक में सूत्र संख्या ३ १०३ की वृत्ति से पूर्वोक्त सातों अंग रूपों में स्थित अन्त्य स्वर 'अ के स्थान पर सूत्र संख्या ३ १५ से प्राप्तव्य 'ए' की निषेध स्थिति, एवं यथा प्राप्त अंग रूपों में ही सूत्र संख्या ४ ४४८ से सप्तमी के बहुवचनार्थ में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर आठवें रूप से तेरहवें रूप तक की अर्थात् 'तुवसु, तुमसु, तुहसु, तुब्भसु, तुम्हसु, और तुज्झसु' रूपों की सिद्धि हो जाती है।

शेष चौदहवें रूप से लगाकर सोलहवें रूप में सूत्र संख्या ३ १०३ की वृत्ति से पूर्वोक्त प्राप्तांग 'तुब्भ, तुम्ह और तुज्झ में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, यों प्राप्तांग आकारान्त रूपों में सूत्र संख्या ४ ४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचनार्थ में सु प्रत्यय की प्राप्ति होकर चौदहवां पन्द्रहवां और सोलहवां रूप 'तुब्भासु 'तुम्हासु और तुज्झासु' भी सिद्ध हो जाते हैं। ३-१०३ ॥

## ब्भो म्ह-ज्झौ वा ॥ ३-१०४ ॥

युष्मदादेशेषु यो द्विरुक्तो भस्तस्य म्ह ज्झ इत्येतावादेशौ वा भवतः ॥ पक्षे स एवास्ते। तथैव चोदाहृतम् ॥

*अर्थ* —उपरोक्त सूत्र संख्या ३ ९१ ३ ९३ ३ ९५, ३ ९६, ३ ९७ ३ ९८, ३ ९९, ३ १००, ३ १०२ और ३ १०३ में ऐसा कथन किया गया है कि संस्कृत सर्वनाम शब्द 'युष्मद्' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'तुब्भ' अंग रूप की आदेश प्राप्ति हुआ करती है, यों प्राप्तांग 'तुब्भ' में स्थित संयुक्त व्यंजन 'ब्भ' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से एवं क्रम से 'म्ह' और 'ज्झ' अंश रूप की प्राप्ति इस सूत्र ३ १०४ से हुआ करती है। तदनुसार 'तुब्भ' अंग रूप के स्थान पर 'तुम्ह' और 'तुज्झ' अंग रूपों की भी क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से संप्राप्ति जानना चाहिये। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने से पक्षान्तर में 'युष्मद्' के स्थान पर 'तुब्भ' अंग रूप का अस्तित्व भी कायम रहता ही है। इस विषयक

उदाहरण उपरोक्त सूत्रों में यथावसर रूप से प्रदर्शित कर दिये गये हैं, अत यहां पर उनका पुनरावृ करने की आवश्यकता नहीं रह जाती है, इस प्रकार वृत्ति और सूत्र का ऐसा तात्पर्य है। ३। ४॥

## अस्मदो म्मि अम्मि अम्हि हं अहं अहयं सिना ॥ ३-१०५ ॥

अस्मदः सिना सह एते षडादेशा भवन्ति ॥ अज्ज म्मि हासिया मामि तेण ॥ उन्न न अम्मि कुविआ। अम्हि करेमि। जेण हं विद्धा। किं पम्हुट्ठम्मि अहं। अहयं कयप्पणामो॥

अर्थ —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संप्राप्त प्रत्यय 'सि' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'अहम्' के स्थान पर प्राकृत में (प्रत्यय सहित मूल शब्द के स्थान पर) क्रम से (तथा वैकल्पिक रूप से) छह रूपों का आदेश प्राप्ति हुआ करता है। वे आदेश प्राप्त छह रूप इस प्रकार हैं —(अस्मद् + सि) अहम् = म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं अर्थात् मैं। इन आदेश प्राप्त छह रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —अद्य अहम् हासिता हे सखि! तेन=अज्ज म्मि हासिआ मामि तेण अर्थात् हे सखि! आज मैं उससे हंसाई गई यानि उसने आज मुझे हँसाया। यहां पर 'अहम्' के प्राकृत रूपान्तर में 'म्मि' का प्रयोग किया गया है। यह प्रयोग प्रेरणार्थक भाव रूप है। उन्नम! न अहम् कुपिता = उन्नम! न अम्मि कुविआ अर्थात् उठ बैठो! (यानि अनुनय विनय प्रणाम आदि मत करो, क्योंकि) मैं (तुम्हारे पर) कोपित (गुस्सेवाली) नहीं हूं। यहां पर 'अहम्' के स्थान पर प्राकृत में 'अम्मि' रूप का प्रदर्शन कराया गया है।

अहम् करोमि = अम्हि करेमि = मैं करता हूँ अथवा मैं करती हूँ।

येन अहम् वृद्धा=जेण हं विद्धा=जिस (कारण) से मैं वृद्ध हूँ।

किम् प्रमृष्टोऽस्मि (पमृष्ट अस्मि) अहम् = किं पम्हुट्ठम्मि अहं अर्थात् क्या मैं भूला हुआ हूं अथवा क्या मैं भूल गया हूं।

अहम् कृत प्रणाम = अहयं कय प्पणामो अर्थात् मैं कृत-प्रणाम (याने कर लिया है प्रणाम जिसने ऐसा) हूँ। यों उपरोक्त छह उदाहरणों में संस्कृतीय रूप 'अस्मद् (= मैं)' के आदेश प्राप्त छह प्राकृतीय रूपों का दिग्दर्शन कराया गया है।

'अज्ज' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३३ में की गई है।

अहम् संस्कृत प्रथमा एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'म्मि' होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१०५ से 'अहम्' के स्थान पर 'म्मि' आदेश प्राप्ति होकर 'म्मि' रूप सिद्ध हो जाता है।

'हासिता' संस्कृत प्रेरणार्थक तद्धित विशेषणात्मक रूप है। [illegible] रूप हासिआ होता है।

इसमें सूत्र संख्या ३ १५२ और ३ १५३ स मूल संस्कृत धातु के समान ही प्राकृतीय हलन्त धातु 'हस्' मे स्थित आदि 'अ' को प्रेरणार्थक अवस्था होने से 'आ' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त हल प्रेरणार्थक धातु हास्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३ १५६ स प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' क स्थान पर आगे 'क्त' वाचक प्रत्यय का सद्भाव होने स 'इ' की प्राप्ति ४ ४४८ से प्राप्तांग प्रेरणार्थक रूप 'हासि' में संस्कृत क स मान ही प्राकृत म भी भूत कृदन्त वाचक 'क्त' प्रत्यय सूचक 'त' को प्राप्ति, १ १७७ से प्राप्त प्रत्यय 'त' में स्थित हलन्त 'त्' का लोप और ३ ३२ एव २ ४ क निर्देश मे प्राप्त रूप 'हासिअ' को पुल्लिगत्व से स्त्रीलिंगत्व क निर्माण हेतु स्त्रीलिंग सूचक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति एवं १-५ से पूर्व प्राप्त 'हासिअ' मे प्राप्त स्त्रीलिंग अर्थक 'आ' प्रत्यय की सन्धि होकर *हासिआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*सामि*' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १ १९५ म की गई है।

'*तेण*' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ ३३ में को गई है।

*उन्नम* संस्कृत आज्ञार्थक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी उन्नम ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ २३९ म मूल प्राकृत हलन्त धातु 'उन्नम्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१७५ से आज्ञार्थक लकार मे द्वितीय पुरुष के एक वचन में 'लुक' रूप अर्थात् प्राप्तव्य प्रत्यय की लोपावस्था प्राप्त होकर '*उन्नम*' क्रियापद की सिद्धि हो जाती है।

'*न*' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ ६ मे की गई है।

'*अहम्*' संस्कृत प्रथमा एक वचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'अम्मि' होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१०५ मे 'अहम्' के स्थान पर 'अम्मि' रूप की आदेश प्राप्ति होकर '*अम्मि*' रूप सिद्ध हो जाता है।

*कुपिता* संस्कृत तद्धित विशेषणात्मक स्त्रीलिंग रूप है। इस का प्राकृत रूप 'कुविआ' होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से मूल संस्कृत धातु 'कुप' मे स्थित 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति; ४ २३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'कुव्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३ १५६ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के आगे भूत कृदन्त वाचक 'क्त=त' प्रत्यय का सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति, ४ ४४८ मे भूत कृदन्त अर्थ में संस्कृत के समान ही प्राकृत मे भी 'क्त=त' प्रत्यय की प्राप्ति, १ १७७ से प्राप्त प्रत्यय 'त' में से 'हलन्त त' का लोप, ३-३२ एव २ ४ के निर्देश से प्राप्त रूप 'कुविअ' को पुल्लिगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण-हेतु स्त्रीलिंग सूचक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति और १ ५ मे पूर्व प्राप्त 'कुविअ' में प्राप्त स्त्रीलिंग अर्थक 'आ' प्रत्यय की संधि होकर *कुविआ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*अहम्*' संस्कृत प्रथमा एक वचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'अम्हि' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १०५ से 'अहम्' क स्थान पर 'अम्हि' रूप की आदेश प्राप्ति होकर '*अम्हि*' रूप सिद्ध हो जाता है।

'करोमि' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२९ में की गई है।

'जेण' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १-३६ में की गई है।

'अहम्' संस्कृत प्रथमा एक वचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसका प्राकृत रूप 'हं' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१०५ से 'अहम्' के स्थान पर 'हं' रूप की आदेश प्राप्ति होकर 'हं' रूप सिद्ध हो जाता है।

वृद्धा संस्कृत विशेषण रूप है। इसका प्राकृत रूप विद्धा होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, ३-३२ एवं २-४ के निर्देश से प्राप्त रूप 'वृद्ध से विद्ध' में पुल्लिंगत्व से स्त्रीलिंगत्व के निर्माण हेतु स्त्रीलिंग सूचक 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति, ४-४४८ से प्राप्तांग 'विद्धा' में आकारान्त स्त्रीलिंग रूप में संस्कृत प्रथमा विभक्ति के एक वचन में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी प्राप्त प्रत्यय 'सि=स' की प्राप्ति और १-११ से प्राप्त प्रत्यय 'स्' हलन्त होने से इस 'स' प्रत्यय का लोप होकर प्रथमा एक वचनार्थक स्त्रीलिंग रूप 'विद्धा' सिद्ध हो जाता है।

'रिं' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२८ में की गई है।

प्रमृष्ट संस्कृत विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप पम्हुट्ठ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, ४-२५८ से 'मृ' को 'म्ह' रूप से निपात प्राप्ति अर्थात् नियम का अभाव होने से आप स्थिति की प्राप्ति, १-१३१ से 'ऋ' के स्थान पर 'उ' की प्राप्ति, २-३४ से 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति और १-११ से अन्त्य विसर्ग रूप हलन्त व्यञ्जन का लोप होकर पम्हुट्ठ रूप सिद्ध हो जाता है।

अस्मि संस्कृत क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप 'म्मि' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१४७ से मूल संस्कृत धातु 'अस्' में वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के एकवचनार्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' की संयोजना होने पर प्राप्त संस्कृतीय रूप 'अस्मि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्हि=म्मि' रूप की आदेश प्राप्ति होकर 'म्मि' रूप सिद्ध हो जाता है।

'अहं' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४० में की गई है।

'अहय' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या २-१९९ में की गई है।

कृत प्रणाम संस्कृत विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप कय प्पणामो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१२६ से 'ऋ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, २-७९ से 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात शेष रहे हुए 'प' का द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तांग 'कय प्पणाम' में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि=स' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की संप्राप्ति होकर कय-प्पणामो रूप सिद्ध हो जाता है। २-१०४॥

## अम्ह अम्हे अम्हो मो वयं भे जसा ॥ ३-१०६ ॥

अस्मदो जसा सह एते षडादेशा भवन्ति ॥ अम्ह अम्हे अम्हो मो वय भे भणामो ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय जस' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'वयम्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से छह रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे छह रूप क्रम से इस प्रकार हैं—(वयम्=) अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वय और भे। उदाहरण इस प्रकार है—वयम् भणाम = अम्ह अम्हे अम्हो, मो वय भे भणामो अर्थात् हम अध्ययन करते हैं।

*वयम्*' संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अम्ह, अम्हे अम्हो, मो, वय और भे होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१०६ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्रथमा बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' की संप्राप्ति होने पर प्राप्त रूप 'वयम्' के स्थान पर प्राकृत में उक्त छह रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर क्रम से छह रूप '*अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वय और भे*'' सिद्ध हो जाते हैं।

*भणाम* संस्कृत क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप भणामो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३६ से प्राकृत हलन्त धातु भण' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३ १५५ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१४४ से वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'म' के स्थान पर प्राकृत मे 'मो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*भणामो*' रूप सिद्ध होजाता है। ३ १०६ ॥

## णे णं मि अम्मि अम्ह मम्ह मं ममं मिमं अहं अमा ॥ ३-१०७ ॥

अस्मदोमा सह एते दशादेशा भवन्ति ॥ णे णं मि अम्मि अम्ह मम्ह म ममं मिम अहं पच्छ ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द अस्मद्' के द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश-प्राप्त संस्कृत रूप 'माम्' अथवा मा के स्थान पर प्राकृत में क्रम से दस रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती हैं। वे दस रूप क्रम से इस प्रकार हैं—(माम्=) णे, ण मि, अम्मि, अम्ह, मम्ह, म, मम मिम, और अह। उदाहरण इस प्रकार है—माम् पश्य = णे, णं, मि, अम्मि,अम्ह, मम्ह, मं, ममं, मिमं अहं पेच्छ अर्थात् मुझे देखो।

*माम्* अथवा मा संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप णे, णं, मि, अम्मि अम्ह, मम्ह, मं, मम, मिमं, और अह' होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ३ १०७ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्' की

समाप्ति होने पर प्राप्त रूप 'माम् अथवा मा' के स्थान पर प्राकृत में उक्त दश रूपों की क्रम से प्राप्ति होकर क्रम से ये दश रूप—णे, ण, मि, अम्मि, अम्ह, मम्ह, म, मम, मिम और अ सिद्ध हो जाते हैं।

पेच्छ क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है। ३-१०७॥

## अम्हे अम्हो अम्ह णे शसा ॥ ३–१०८ ॥

अस्मदः शसा सह एते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ अम्हे अम्हो अम्ह णे पेच्छ ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस् = अस्' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'अस्मान् अथवा नः' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से चार रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। ये आदेश-प्राप्त चार रूप क्रम से इस प्रकार हैं—अस्मान् अथवा नः = अम्हे, अम्हो, अम्ह और णे। उदाहरण इस प्रकार हैं—अस्मान् अथवा नः पश्य = अम्हे, अम्हो, अम्ह णे पेच्छ अर्थात् हमें अथवा हम को देखो।

*अस्मान् अथवा नः* संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक के सर्वनाम रूप हैं। इसके प्राकृत रूप अम्हे, अम्हो, अम्ह और णे होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१०८ से संस्कृत मूल सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' में द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्=अस' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'अस्मान् अथवा नः' के स्थान पर प्राकृत में उक्त चार रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप '*अम्हे, अम्हो, अम्ह और णे*' सिद्ध हो जाते हैं।

'पेच्छ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ में की गई है। ३-१०८॥

## मि मे मम ममए ममाइ मइ मए मयाइ णे टा ॥ ३–१०९ ॥

अस्मदष्टा सह एते नवादेशा भवन्ति ॥ मि मे मम ममए ममाइ मइ मए मयाइ णे कयं ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा = आ' की संयोजना होने पर मूल शब्द और प्रत्यय 'दोनों के स्थान पर आदेश-प्राप्त संस्कृत रूप 'मया' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से नव रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे आदेश प्राप्त नव रूप क्रम से इस प्रकार हैं—(मया=) मि, मे, मम, ममए, ममाइ, मइ, मए, मयाइ और णे। उदाहरण इस प्रकार है—मया कृतम् = मि, मे, मम, ममए, ममाइ, मइ, मए, मयाइ, णे, कयं = मया कृतम् अथवा मेरे से किया हुआ है।

*'मया'* संस्कृत तृतीया एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'मि, मे, मम, ममए, ममाइ, मइ, मए, मयाइ और णे' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१०९ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' में तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा = आ' की संप्राप्ति होने पर प्राप्त रूप 'मया' के स्थान पर प्राकृत में उक्त नव रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर ये नव ही रूप *'मि, मे, मम, ममए, ममाइ, मइ, मए, मयाइ* और *णे'* सिद्ध हो जाते हैं।

*'कयं'* क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है। ३-१०९ ॥

## अम्हेहि अम्हाहि अम्ह अम्हे णे भिसा ॥ ३-११० ॥

अस्मदो भिसा सह एते पञ्चादेशा भवन्ति ॥ अम्हेहि अम्हाहि अम्ह अम्हे णे कयं ॥

*अर्थः*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय दोनों के स्थान पर' आदेश प्राप्त संस्कृत रूप-'अस्माभिः' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से पाँच रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे आदेश प्राप्त पाँच रूप क्रम से इस प्रकार हैं—(अस्माभिः=) अम्हेहि, अम्हाहि, अम्ह, अम्हे और णे। उदाहरण इस प्रकार है—अस्माभिः कृतम्=अम्हेहि, अम्हाहि, अम्ह अम्हे, णे कयं अर्थात् हम सभी से अथवा हमारे से किया गया है।

*अस्माभिः* संस्कृत तृतीया बहु वचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप अम्हेहि, अम्हाहि, अम्ह अम्हे और 'णे' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११० से संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'अस्माभिः' के स्थान पर प्राकृत में उक्त पाँचों रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर क्रम से ये पाँचों रूप 'अम्हेहि, अम्हाहि, अम्ह, अम्हे और णे' सिद्ध हो जाते हैं।

'कयं' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है। ३-११०,

## मइ-मम-मह-मज्झा ङसौ ॥ ३-१११ ॥

अस्मदो ङसौ पञ्चम्येकवचने परत एते चत्वार आदेशा भवन्ति। ङसेस्तु यथा प्राप्तमेव ॥ मइत्तो-ममत्तो- महत्तो मज्झत्तो आगओ ॥ मत्तो इति तु मत्त इत्यस्य ॥ एवं दो-दु-हि- हिन्तो लुक्ष्वप्युदाहार्यम् ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम 'अस्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में पंचमी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर सूत्र संख्या ३-८ के अनुसार प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'त्तो,

दो=ओ, दु=उ, हि, हिन्तो और लुक' की क्रम से प्राप्ति होने पर 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में इन चार अग रूपों की प्राप्ति होती है। ये चारों अग रूप क्रम से इस प्रकार हैं —(अस्मद्=) मइ, मम, मह और मज्झ। इन प्राप्तांग चारों रूपों में से प्रत्येक रूप में पंचमी विभक्ति के एक वचनार्थ में क्रम से 'दो=ओ, दु=उ, हि, हिन्तो और लुक' प्रत्ययों की प्राप्ति होने से पञ्चमी एक वचनार्थक रूपों का कुल चौबीस होता है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —

'मइ' के रूप —(अस्मद् के मत् अथवा मद् =) मइत्तो, मईओ, मईउ मईहि, मइहिन्तो और मइ। (अर्थात् मुझ से)

'मम' के रूप—( म —मत् अथवा मद्= ) ममत्तो, ममाओ, ममाउ, ममाहि ममाहिन्तो और ममा। ( अर्थात मुझ से )।

'मह' के रूप—( म —मत् अथवा मद् = ) महत्तो, महाओ, महाउ, महाहि, महाहिन्तो और महा। ( अर्थात मुझ से )

मज्झ' के रूप—( म—मत् अथवा मद् = ) मज्झत्तो, मज्झाओ, मज्झाउ, मज्झाहि, मज्झाहिन्तो और मज्झा। ( अर्थात मुझ से )

वृत्ति में प्रदर्शित उदाहरण इस प्रकार है —

मत् (मद्) आगत =मइत्तो ममत्तो महत्तो मज्झत्तो आगओ अर्थात मेरे से—( मुझ से ) आया हुआ है।

संस्कृत में 'मत्त' विशेषणात्मक एक शब्द है, जिसका अर्थ होता है—मस्त, पागल अथवा नशा किया हुआ, इस शब्द का प्राकृत रूपान्तर भी 'मत्त' ही होता है, तदनुसार प्रथमा विभक्ति के एकवचन में पुल्लिंग में सूत्र संख्या ३-२ के अनुसार इसका रूप 'मत्तो' बनता है, इसलिये ग्रंथकार वृत्ति में लिखते हैं कि संस्कृत में पचमी विभक्ति के एकवचन में 'अस्मद् के प्राप्त रूप 'मत' को प्राकृत अगरूप का स्थान मानकर 'त्तो' प्रत्यय लगाकर 'मत्तो' रूप बनाने की भूल नहीं कर देना चाहिये। बल्कि यह ध्यान में रखना चाहिये कि प्राकृतीय प्राप्त रूप 'मत्तो' की प्राप्ति अगरूप मत्त' से प्राप्त हुई है।

'मत् अथवा मद्' संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'मइत्तो, ममत्तो, महत्तो और मज्झत्तो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१११ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर पञ्चमी के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्ययों की संयोजना होने पर प्राकृत में उक्त चारों अग रूपों की क्रम से प्राप्ति एवं ३-८ से प्राप्तांग चारों में पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृत प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस' के स्थान पर प्राकृत में 'त्तो' आदि प्रत्ययों का क्रम से प्राप्ति होकर उक्त चारों रूप मइत्तो, ममत्तो, महत्तो और मज्झत्तो' क्रम से सिद्ध हो जाते हैं।

'आगओ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०१ में की गई है।

मत्त संस्कृत विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप मत्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप मत्तो सिद्ध हो जाता है। ३-१११ ॥

## ममाम्हौ भ्यसि ॥ ३-११२ ॥

**अस्मदो भ्यसि परतो मम अम्ह इत्यादेशौ भवतः। भ्यसस्तु यथा प्राप्तम्॥ ममत्तो। अम्हत्तो। ममाहिन्तो। अम्हाहिन्तो। ममासुन्तो। अम्हासुन्तो। ममेसुन्तो। अम्हेसुन्तो॥**

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्यस' के स्थान पर प्राकृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय त्तो, दो, दु हि, हिन्तो और सुन्तो' प्राप्त होने पर मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से दो अंग रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। वे प्राप्तव्य अंग रूप इस प्रकार हैं—'मम और अम्ह'। इस प्रकार आदेश प्राप्त इन दोनों अंगों में से प्रत्येक अंग में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में सूत्र संख्या ३-९ के अनुसार छह छह प्रत्यय क्रम से संयोजित होते हैं, यों 'अस्मद्' के पञ्चमी बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्त रूप 'अस्मत्' के प्राकृत रूपान्तर में बारह रूप होते हैं, जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—

संस्कृत अस्मत् = (मम के रूप =) ममत्तो, ममाओ, ममाउ, ममाहि, ममाहिन्तो और ममासुन्तो।

(अम्ह के रूप) = अम्हत्तो, अम्हाओ, अम्हाउ, अम्हाहि, अम्हाहिन्तो और अम्हासुन्तो।

सूत्र संख्या ३-१५ से उपरोक्त प्राप्तांग 'मम और 'अम्ह' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से 'हि, हिन्तो और सुन्तो' प्रत्यय प्राप्त होने पर हुआ करती है, तदनुसार प्रत्येक अंग रूप के तीन तीन रूप और होते हैं, जो कि इस प्रकार हैं—मम के रूप = ममेहि, ममेहिन्तो और ममेसुन्तो। अम्ह के रूप = अम्हेहि, अम्हेहिन्तो, और अम्हेसुन्तो। यों उपरोक्त बारह रूपों में इन छह रूपों को और जोड़ने से पञ्चमी बहुवचन में संस्कृत रूप 'अस्मत्' के प्राकृत में कुल अठारह रूप होते हैं। ग्रंथकार ने वृत्ति में 'अस्मत्' के केवल आठ प्राकृत रूप ही लिखे हैं, अतएव इन आठों रूपों की साधनिका निम्न प्रकार से है—

अस्मत् संस्कृत पञ्चमी बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत आठ रूप इस प्रकार हैं—ममत्तो, अम्हत्तो, ममाहिन्तो, अम्हाहिन्तो, ममासुन्तो, अम्हासुन्तो, ममेसुन्तो और अम्हेसुन्तो। इनमें सूत्र संख्या ३-११२ से पचमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में दो अंग रूप 'मम और अम्ह' की प्राप्ति, तत्पश्चात् तीसरे रूप से प्रारम्भ कर के छट्ठे

रूप तक दोनों अगों में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर सूत्र संख्या ३ १३ से वैकल्पिक रूप से 'आ' की प्राप्ति एवं सातवें तथा आठवें दोनों अगों में स्थित अन्त्य स्वर, 'अ' के स्थान पर सूत्र संख्या ३ १५ (वैकल्पिक रूप से) 'ए' की प्राप्ति और ३ ६ से उपरोक्त आठों अग रूपों में पचमी विभक्ति के बहुवचन में क्रम से 'त्तो, हिन्तो और सुन्तो' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर आठों ही रूप ममत्तो, अम्हत्तो, ममाहिन्तो, अम्हाहिन्तो, ममासुन्तो, अम्हासुन्तो, ममेसुन्तो और अम्हेसुन्तो' सिद्ध हो जाते हैं। ३-११२ ॥

## मे मइ मम मह महं मज्झ मज्झं अम्ह अम्ह ङसा ॥ ३-११३ ॥

अस्मदो ङसा षष्ठ्येक वचनेन सहितस्य एते नवादेशा भवन्ति ॥ मे मइ मम मह महं मज्झ मज्झं अम्ह अम्ह धण ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के प्राकृतीय स्थानीय प्रत्यय 'स्स' प्राप्त होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय दोनों के ही आदेश प्राप्त संस्कृत रूप मम' अथवा 'मे' के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी एकवचनार्थ में नव रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जो कि इस प्रकार हैं—मम अथवा मे=मे, मइ, मम, मह, महं, मज्झ, मज्झं, अम्ह और अम्ह अर्थात् मेरा। उदाहरण—मम अथवा मे धनम्=मे मइ मम मह महं मज्झ मज्झं अम्ह अम्ह धण अर्थात् मेरा धन।

*मम* अथवा *मे* संस्कृत षष्ठी एकवचनान्त (त्रिलिंगात्मक) सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप नव होते हैं। मे, मइ, मम, मह, महं, मज्झ मज्झं अम्ह और अम्ह। इनमें सूत्र संख्या ३ ११३ से मूल संस्कृत शब्द 'अस्मद्' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राप्त रूप मम अथवा मे के स्थान पर प्राकृत में उपरोक्त नव ही रूपों की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से ये नव ही रूप 'मे, मइ, मम, मह, महं, मज्झ, मज्झं, अम्ह और अम्ह' सिद्ध हो जाते हैं।

'धण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ५० में की गई है। ३ ११३ ॥

## णे णो मज्झ अम्ह अम्हं अम्हे अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्झाण आमा ॥ ३-११४ ॥

अस्मद् आमा सहितस्य एते एकादशादेशा भवन्ति ॥ णे णो मज्झ अम्ह अम्हं अम्हे अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्झाण धणं ॥ क्त्वा स्यादेर्ण-स्वोर्वा (१-२७) इत्यनुस्वारे। अम्हाणं। ममाणं। महाणं। मज्झाणं। एवं च पञ्चदश रूपाणि ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' की संयोजना होने पर मूल शब्द और प्रत्यय दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'अस्माकम् अथवा नः' के स्थान पर प्राकृत में अर्थात् प्राकृत मूल शब्द और प्राप्त प्रत्यय 'ण' दोनों के ही स्थान पर क्रम से ग्यारह रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। ये ग्यारह ही रूप इस प्रकार हैं—अस्माकम् अथवा नः=णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण, और मज्झाण। उदाहरण इस प्रकार है—अस्माकम् अथवा नः धनम्=णे णो मज्झ अम्ह अम्हं अम्हे अम्हो अम्हाण ममाण महाण मज्झाण धणं अर्थात् हम सभी का (अथवा हमारा) धन (है)। सूत्र संख्या १-२७ में ऐसा विधान प्रदर्शित किया गया है कि-षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्राकृतीय प्रत्यय 'ण' के ऊपर अर्थात् अन्त में वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति हुआ करती है, तदनुसार उपरोक्त ग्यारह रूपों में से आठवें रूप से प्रारम्भ करके ग्यारहवें रूप तक अर्थात् इन चार रूपों के अन्त में स्थित एवं षष्ठी विभक्ति के बहुवचन के अर्थ में समाविष्ट प्रत्यय 'ण' पर वैकल्पिक रूप से अनुस्वार की प्राप्ति होती है, जो कि इस प्रकार है—अम्हाणं, ममाणं, महाणं और मज्झाणं। यों अस्माकम् अथवा नः' के प्राकृत रूपान्तर में उपरोक्त ग्यारह रूपों में इन चार रूपों की और संयोजना करने पर प्राकृत में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में कुल पन्द्रह रूप होते हैं।

*अस्माकम्* अथवा नः संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप पन्द्रह होते हैं। णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण, मज्झाण, अम्हाणं, ममाणं, महाणं और मज्झाणं। इनमें से प्रथम ग्यारह रूपों में सूत्र संख्या ३-११४ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत मूल शब्द 'अस्मद्' में प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के योग से प्राप्त रूप 'अस्माकम् अथवा नः' के स्थान पर उक्त प्रथम ग्यारह रूपों की आदेश प्राप्ति होकर *'णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण* और *मज्झाण* इस प्रकार प्रथम ग्यारह रूप सिद्ध हो जाते हैं।

शेष चार रूपों में सूत्र संख्या १-२७ से (बारहवें रूप से प्रारंभ करके पन्द्रहवें रूप तक में) षष्ठी विभक्ति बहुवचन बोधक प्रत्यय 'ण' का सद्भाव होने से इस प्रत्यय रूप 'ण' के अन्त में आगम रूप अनुस्वार की प्राप्ति होकर शेष चार *'अम्हाणं, ममाणं महाणं* और *मज्झाणं'* भी सिद्ध हो जाते हैं। ३-११४ ॥

## मि मइ ममाइ मए मे ङिना ॥ ३–११५ ॥

### अस्मदो ङिना सहितस्य एते पञ्चादेशा भवन्ति ॥ मि मइ ममाइ मए मे ठिअं ॥

*अर्थ*—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' की संयोजना होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर आदेश प्राप्त संस्कृत रूप 'मयि' के स्थान पर प्राकृत में (प्राकृतीय मूल शब्द और प्राप्तव्य प्राकृतीय प्रत्यय दोनों के ही स्थान

पर ) क्रम से पाँच रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। ये आदेश प्राप्त पाँचों ही रूप क्रम से इस प्रकार हैं —(मयि = ) मि, मइ ममाइ मए और मे अर्थात् मुझ पर अथवा मेरे में। उदाहरण इस प्रकार है मयि स्थितम् = मि मइ ममाइ मए मे ठिअं अर्थात् मुझपर अथवा मेरे में स्थित है।

'मयि' संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप मि, मइ, ममाइ, मए और मे होते हैं। इसमें सूत्र संख्या ३-११५ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृत 'अस्मद्' में संप्राप्त प्रत्यय 'ङि=इ' की संयोजना होने पर प्राप्त रूप 'मयि' के स्थान पर उक्त पाँचों रूपों का क्रम से प्राकृत में आदेश प्राप्ति होकर ये पाँचों रूप 'मि, मइ, ममाइ, मए और मे' सिद्ध हो जाते हैं।

ठिअं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६ में की गई है। ३-११५ ॥

## अम्ह-मम-मह-मज्झा ङौ ॥ ३-११६ ॥

अस्मदो ङौ परतः एते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ ङेस्तु यथा प्राप्तम् ॥ अम्हम्मि ममम्मि महम्मि मज्झम्मि ठिअं ॥

अर्थ —संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के प्राकृतीय स्थानीय प्रत्यय सूत्र संख्या ३-११ से प्राप्तव्य 'म्मि' की संयोजना होने पर संस्कृत शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में चार अंग रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है एवं तत्पश्चात् सप्तमी एकवचनार्थ में इन आदेश प्राप्त अंग रूपों में 'म्मि' प्रत्यय का संयोग हुआ करता है। उक्त विधानानुसार 'अस्मद्' के प्राकृतीय प्राप्तव्य चार अंग रूप इस प्रकार हैं —अम्ह, मम, मह और मज्झ। उदाहरण इस प्रकार है —मयि स्थितम् = अम्हम्मि ममम्मि महम्मि मज्झम्मि ठिअं अर्थात् मुझ पर अथवा मेरे में स्थित है।

'मयि' संस्कृत सप्तमी एकवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'अम्हम्मि, ममम्मि, महम्मि और मज्झम्मि' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११६ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृत शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में उक्त चार 'अम्ह, मम, मह और मज्झ' अंग रूपों की आदेश प्राप्ति एवं तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से इन चारों प्राप्तांगों में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृत प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से चारों रूप 'अम्हम्मि, ममम्मि महम्मि और मज्झम्मि' सिद्ध हो जाते हैं।

ठिअं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६ में की गई है। ३-११६ ॥

## सुपि ॥ ३-११७ ॥

अस्मदः सुपि परे अम्हादय श्चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ अम्हेसु । ममेसु । महेसु । मज्झेसु । एत्वाभावे तु । अम्हसु । ममसु । महसु । मज्झसु ॥ अम्हस्यात्व मपीच्छत्यन्यः । अम्हासु ॥

अर्थ—संस्कृत सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के प्राकृत रूपान्तर में सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय सुप=सु के समान ही प्राकृत में भी प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' की संयोजना होने पर संस्कृत शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में चार अंग रूपों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है एवं तत्पश्चात् सप्तमी बहुवचनार्थ में उन आदेश प्राप्त चारों अंग रूपों में 'सु' प्रत्यय की संयोजना होती है। उक्त विधानानुसार 'अस्मद्' के प्राकृतीय प्राप्तव्य चार अंगरूप इस प्रकार हैं—अस्मद्=अम्ह, मम, मह और मज्झ। इन अंगरूपों का प्रत्यय सहित स्थिति इस प्रकार है—अस्मासु=अम्हेसु, ममेसु, महेसु और मज्झेसु अर्थात् हम सभी पर अथवा हमारे पर, हम सभी में अथवा हमारे में।

किन्हीं किन्हीं की मान्यता है कि सप्तमी बहुवचनार्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' की संप्राप्ति होने पर उक्त चारों प्राप्तांगों में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है। तदनुसार उक्त आदेश प्राप्त चारों अंगों में 'सु' प्रत्यय प्राप्त होने पर इस प्रकार रूप स्थिति बनती है—अम्हसु, ममसु, महसु और मज्झसु। इनमें अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर प्राप्तव्य 'ए' का अभाव प्रदर्शित किया गया है। कोई एक ऐसा भी मानता है कि संस्कृत शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर सर्व प्रथम आदेश प्राप्तांग 'अम्ह' में 'सु' प्रत्यय की संप्राप्ति होने पर 'अम्ह' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होती है। इसके मत से 'अम्ह' में 'सु' प्रत्यय की संयोजना होने पर सप्तमी बहुवचनार्थ में 'अम्हासु' रूप की भी संप्राप्ति होती है। इस प्रकार 'अस्मासु' के प्राकृत में उक्त नव रूप होते हैं।

'अस्मासु' संस्कृत सप्तमी बहुवचनान्त त्रिलिंगात्मक सर्वनाम रूप है। इसके प्राकृत रूप 'अम्हेसु, ममेसु, महेसु, मज्झेसु, अम्हसु, ममसु, महसु, मज्झसु और अम्हासु' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११७ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में 'सुप=सु' प्रत्यय की संयोजना होने पर संस्कृत मूल शब्द 'अस्मद्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से चार अम्ह, मम, मह और मज्झ' अंगरूपों की संप्राप्ति, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१५ से प्राप्तांगों के अन्त में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर प्रथम चार रूपों में आगे सप्तमी बहु वचन बोधक प्रत्यय 'सु' का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति' ३-११७ की वृत्ति से पांचवें रूप से प्रारम्भ करके आठवें रूप तक में उक्त अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर प्राप्तव्य 'ए' का अभाव प्रदर्शित करके अन्त्य स्वर 'अ' की यथा पूर्व स्थिति का ही सद्भाव, जबकि नवमें रूप में ३-११७ की वृत्ति से प्राप्त प्राप्तांग 'अम्ह' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और सूत्र-संख्या ४-४४८ से

उपरोक्त रीति से प्राप्त नव ही अंगों में सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से ये नव ही रूप *'अम्हेसु, ममेसु, महेसु, मज्झेसु, अम्हसु, ममसु, महसु, मज्झसु, और अम्हसु'* सिद्ध हो जाते हैं। ३-११७ ॥

## त्रेस्ती तृतीयादौ ॥ ३-११८ ॥

त्रेः स्थाने ती इत्यादेशो भवति तृतीयादौ ॥ तीहिं कयं । तीहिन्तो आगओ । तिण्ह धणं । तीसु ठिअं ॥

*अर्थ*—संस्कृत संख्या वाचक शब्द 'त्रि' अर्थात् 'तीन' नित्य बहुवचनात्मक है इस त्रि शब्द के एकवचन और द्विवचन में रूपों का निर्माण नहीं होता है। क्योंकि यह 'त्रि' शब्द उस संख्या का वाचक है, जो कि 'एक' और 'दो' से नित्य ही अधिक होता है। तृतीया विभक्ति पञ्चमी विभक्ति, षष्ठी विभक्ति और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में क्रम से प्रत्ययों की संप्राप्ति होने पर इस संस्कृत शब्द 'त्रि' के स्थान पर प्राकृत में 'ती' अंग रूप की आदेश-प्राप्ति होती है, तत्पश्चात् प्राकृतीय प्राप्तांग 'ती' में उक्त विभक्तियों के बहुवचन बोधक प्रत्ययों की संयोजना की जाती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—

तृतीया विभक्ति बहुवचन—त्रिभिः कृतम् = तीहिं कयं अर्थात् तीन द्वारा किया गया है। पञ्चमी बहुवचन—त्रिभ्यः आगतः = तीहिन्तो आगओ अर्थात् तीनों (के पास) से आया हुआ है। षष्ठी बहुवचन—त्रयाणाम् धनम् = तिण्ह धणं अर्थात् तीनों का धन और सप्तमी बहुवचन—त्रिषु स्थितम् = तीसु ठिअं अर्थात् तीनों पर स्थित है।

*त्रिभिः* संस्कृत तृतीया बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसका प्राकृत रूप तीहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११८ से मूल संस्कृत शब्द 'त्रि' के स्थान पर प्राकृत में 'ती' अंग रूप की आदेश प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'ती' में संस्कृतीय प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *तीहिं* रूप सिद्ध हो जाता है।

कयं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है।

*त्रिभ्यः* संस्कृत पञ्चमी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसका प्राकृत रूप तीहिन्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११८ से मूल संस्कृत शब्द 'त्रि' के स्थान पर प्राकृत में 'ती' अंग रूप की आदेश प्राप्ति और ३-९ से पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'ती' में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिन्तो' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *तीहिन्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'आगओ'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है।

त्रयाणाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम ( और विशेषण ) रूप है। इसका प्राकृत रूप तिण्ह होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११८ से मूल संस्कृत शब्द 'त्रि' के स्थान पर प्राकृत में 'ती' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, ३-१२३ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'ती' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' प्रत्यय का आदेश और १-८४ से प्राप्त प्रत्यय 'ण्ह' संयुक्त व्यञ्जनात्मक होने से अंग रूप 'ती' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप 'तिण्ह' सिद्ध हो जाता है।

'धण' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

त्रिषु संस्कृत सप्तमी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम ( और विशेषण ) रूप है। इसका प्राकृत रूप तीसु होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११८ से मूल संस्कृत शब्द 'त्रि' के स्थान पर प्राकृत में 'ती' अंग रूप की आदेश प्राप्ति और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'ती' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सुप्=सु' के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप तीसु सिद्ध हो जाता है।

'ठिअ' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१६ में की गई है। ३-११८ ॥

## द्वेर्दो वे ॥ ३-११९ ॥

द्वि शब्दस्य तृतीयादौ दो वे इत्यादेशौ भवतः ॥ दोहि वेहि कयं। दोहिन्तो वेहिन्तो आगओ। दोण्ह वेण्ह धणं। दोसु वेसु ठिअं।

अर्थः—संस्कृत संख्या वाचक शब्द 'द्वि' अर्थात् 'दो' नित्य प्राकृत में ( न कि संस्कृत में ) बहुवचनात्मक है, इस 'द्वि' शब्द के एकवचन में रूपों का निर्माण नहीं होता है, क्योंकि यह 'द्वि' शब्द उस संख्या का वाचक है, जो कि नित्य ही 'एक' से अधिक है। तृतीया विभक्ति, पंचमी विभक्ति, षष्ठी विभक्ति और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में क्रम से प्रत्ययों की संप्राप्ति होने पर इस संस्कृत शब्द 'द्वि के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'दो' और 'वे' अंग रूपों की आदेश प्राप्ति होती है, तत्पश्चात् प्राकृतीय इन दोनों प्राप्तांगों में यानि 'दो' और 'वे' में क्रम से उक्त विभक्तियों के बहुवचन बोधक प्रत्ययों की संयोजना की जाती है। उदाहरण इस प्रकार हैं —तृतीया विभक्ति बहुवचन —द्वाभ्याम् कृतम्=दोहि अथवा वेहि कयं अर्थात् दो से किया गया है। पंचमी बहुवचन —द्वाभ्याम् आगतः=दोहिन्तो अथवा वेहिन्तो आगओ अर्थात् दो ( के पास ) से आया हुआ है। षष्ठी बहुवचन —द्वयोः धनम्=दोण्ह अथवा वेण्ह धणं अर्थात् दोनों का धन और सप्तमी बहुवचन —द्वयोः स्थितम्=दोसु अथवा वेसु ठिअं अर्थात् दोनों पर स्थित है।

द्वाभ्याम् संस्कृत तृतीया द्विवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'दोहिं' और 'बेहिं' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११९ से मूल संस्कृत शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'दो' और 'बे' अंग रूपों की आदेश प्राप्ति; ३-१३० से संस्कृतीय द्विवचन के स्थान पर प्राकृत में बहुवचनात्मक पद की (पर्याय अवस्था की) प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'दो' और 'बे' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्याम्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप दोहिं और बेहिं सिद्ध हो जाते हैं।।

कयं रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१२६ में की गई है।

द्वाभ्याम् संस्कृत पञ्चमी द्विवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'दोहिन्तो' और 'बेहिन्तो' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११९ से मूल संस्कृत शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'दो' और 'बे' अंग रूपों की आदेश प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के रूप का सद्भाव और ३-९ से पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'दो' और 'बे' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्याम्' के स्थान पर प्राकृत में 'हिन्तो' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप 'दोहिन्तो' और 'बेहिन्तो' सिद्ध हो जाते हैं।

'आगओ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है।

द्वयोः संस्कृत षष्ठी द्विवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'दोण्ह' और 'बेण्ह' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११९ से मूल संस्कृत शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'दो' और 'बे' अंग रूपों की आदेश प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के रूप का सद्भाव और ३-१२३ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तांग 'दो' और 'बे' में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप 'दोण्ह' और 'बेण्ह' सिद्ध हो जाते हैं।

'धणं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

द्वयोः संस्कृत सप्तमी द्विवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप दोसु और बेसु होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-११९ से 'द्वि' के स्थान पर 'दो' और 'बे' अंग रूपों की क्रम से आदेश प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का सद्भाव और ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सुप्=सु' के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप 'दोसु' और 'बेसु' सिद्ध हो जाते हैं।

'ठिअं' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ४-१६ में की गई है। ३-११९ ॥

## दुवे दोण्णि वेण्णि च जस्-शसा ॥ ३-१२० ॥

जस् शस्भ्यां सहितस्य द्वेः स्थाने दुवे दोण्णि वेण्णि इत्येते दो वे इत्येतौ च आदेशा भवन्ति ॥ दुवे दोण्णि वेण्णि दो वे ठिआ पेच्छ वा । ह्रस्वः संयोगे (१-८४) इति ह्रस्वत्वे दुण्णि विण्णि ॥

*अर्थ*—संस्कृत संख्या वाचक शब्द 'द्वि' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'जस्' और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'शस्' की प्राप्ति होने पर मूल शब्द 'द्वि' और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर दोनों ही विभक्तियों में समान रूप से और क्रम से पाँच आदेश रूपों की प्राप्ति होती है। ये आदेश प्राप्त पाँचों रूप क्रम से इस प्रकार हैं—(प्रथमा) द्वौ=दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो और वे। (द्वितीया) द्वौ=दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो और वे। प्रथमा का उदाहरण इस प्रकार है—द्वौ स्थितौ=दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो, वे ठिआ अर्थात् दो ठहरे हुए हैं। द्वितीया विभक्ति का उदाहरण—द्वौ पश्य=दुवे, दोण्णि वेण्णि, दो, वे पेच्छ अर्थात् दो को देखो। सूत्र संख्या १-८४ में ऐसा विधान प्रदर्शित किया गया है कि संस्कृत से प्राप्त प्राकृत रूपान्तर में यदि दीर्घ स्वर के आगे संयुक्त व्यञ्जन की प्राप्ति हो जाय तो वह दीर्घ स्वर ह्रस्वाक्षर में परिणत हो जाया करता है,' तदनुसार इस सूत्र में प्राप्त दोण्णि और वेण्णि' में दीर्घ स्वर 'ओ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति तथा दीर्घ स्वर 'ए' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होकर उक्त पाँच आदेश प्राप्त रूपों के अतिरिक्त 'द्वौ' के प्राकृत रूपान्तर दो और बन जाते हैं, जो कि इस प्रकार हैं—(द्वौ=) दुण्णि और विण्णि। यों प्रथमा और द्वितीया में 'द्वौ' के कुल सात प्राकृत रूप हो जाते हैं।

द्वौ संस्कृत प्रथमा द्विवचनान्त और द्वितीया द्विवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप सात होते हैं—दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो, वे, दुण्णि और विण्णि। इन में से प्रथम पाँच रूपों में सूत्र संख्या ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन की प्राप्ति और ३-१२० से प्रथमा द्वितीया के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' और 'शस्' की प्राप्ति होने पर 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के ही स्थान पर उक्त पाँचों रूपों की क्रम से आदेश-प्राप्ति होकर क्रम से इन पाँचों रूपों 'दुवे, दोण्णि, वेण्णि, दो और वे' की सिद्धि हो जाती है। शेष दो रूपों में सूत्र संख्या १-८४ से पूर्वोक्त द्वितीय-तृतीय रूपों में स्थित 'ओ' और 'ए' स्वरों के स्थान पर क्रम से ह्रस्वस्वर 'उ' और 'इ' की प्राप्ति होकर छट्ठे सातवें रूप *दुण्णि* और '*विण्णि*' की भी सिद्धि हो जाती है।

*स्थितौ* संस्कृत रूप है। इसका प्राकृत रूप ठिआ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१६ से मूल संस्कृत धातु 'स्था=तिष्ठ' के स्थान पर प्राकृत में 'ठा' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, ३-१५६ से प्राप्त धातु 'ठा' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' के स्थान पर 'आगे भूत कृदन्त से सम्बन्धित प्रत्यय 'त=त' का

सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति, ४ ४४८ से भूत कृदन्त के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'त' की प्राकृत में भी इसी अर्थ में 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १ १७७ से उक्त प्राप्त प्रत्यय 'त' में स्थित 'त' का लोप, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का सद्भाव और ३ ४ से प्रथमा विभक्ति बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' का प्राकृत में लोप एवं ३ १२ से उक्त प्राप्त एवं लुप्त प्रत्यय के कारण से पूर्वोक्त 'ठिअ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति होकर 'ठिआ' रूप सिद्ध हो जाता है।

'पेच्छ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ २३ में की गई है। ३ १२० ॥

## त्रेस्तिण्णिः ॥ ३-१२१ ॥

जस् शस् भ्यां सहितस्य त्रेः तिण्णि इत्यादेशो भवति ॥ तिण्णि ठिआ पेच्छ वा

*अर्थ* — संस्कृत संख्या वाचक शब्द 'त्रि' के प्राकृत रूपान्तर में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन 'जस्' प्रत्यय परे रहने पर तथा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'शस्' प्रत्यय परे रहने पर दोनों विभक्तियों में समान रूप से मूल शब्द और प्रत्यय' दोनों के ही स्थान पर 'तिण्णि' रूप की प्राप्ति होती है। जैसे प्रथमा के बहुवचन में 'त्रय' का रूपान्तर तिण्णि' और द्वितीया के बहुवचन 'त्रीन' का रूपान्तर भी 'तिण्णि' ही होता है। वाक्यात्मक उदाहरण इस प्रकार है—त्रय स्थिताः तिण्णि ठिआ अर्थात् तीन (व्यक्ति) ठहरे हुए हैं। त्रीन् पश्य=तिण्णि पेच्छ अर्थात् तीन को देखो प्रथमा-द्वितीया के बहुवचन में प्राकृत में एक ही रूप 'तिण्णि' होता है।

त्रय संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसका प्राकृत रूप 'तिण्णि' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १२१ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय जस्' की प्राकृत में प्राप्ति होकर 'मूल शब्द 'त्रि' और 'जस' प्रत्यय दोनों के स्थान पर 'तिण्णि' रूप की आदेश प्राप्ति होकर 'तिण्णि' रूप सिद्ध हो जाता है।

'ठिआ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ १२० में की गई है। जिसमें सूत्र संख्या ३ १३० इस शब्द साधनिका में अभाव जानना, क्योंकि वहां पर द्विवचन का रूपान्तर सिद्ध करना पड़ा है, और यहां पर बहुवचन का ही सद्भाव है। शेष साधनिका में उक्त सभी सूत्रों का प्रयोग जानना। त्रीन् तिण्णि की साधनिका भी 'त्रय = तिण्णि' के समान ही सूत्र संख्या ३ १२१ के विधान से उपरोक्त रीति से समझ लेनी चाहिये।

पेच्छ क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ २३ में की गई है। ३-१२१ ॥

## चतुरश्चत्तारो चउरो चत्तारि ॥ ३-१२२ ॥

चतुर् शब्दस्य जस्-शस्भ्यां सह चत्तारो चउरो चत्तारि इत्येते आदेशा भवंति ॥ ।ारो । चउरो । चत्तारि चिट्ठन्ति पेच्छ वा ॥

*अर्थ* —संस्कृत संख्या वाचक शब्द 'चतु'=(चार) के प्राकृत रूपान्तर मे प्रथमा विभक्ति के वचन मे 'जस्' प्रत्यय परे रहने पर तथा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'शस' परे रहने पर दोनों भक्तियों में समान रूप से 'मूल शब्द और प्रत्यय' दोनो के ही स्थान पर तीन रूपो की आदेश प्राप्ति ती है। जो कि इस प्रकार है —प्रथमा के बहुवचन मे संस्कृतीय रूप चत्वारः के प्राकृत रूपान्तर तारो, चउरो और चत्तारि तथा द्वितीया के बहुवचन मे संस्कृतीय रूप चतुरः के प्राकृत रूपान्तर भी तारो, चउरो और चत्तारि' ही होते हैं। यो प्रथमा द्वितीया के बहुवचन मे रूपो की समानता ही जानना हिये। वाक्यात्मक उदाहरण इस प्रकार है —चत्वारः तिष्ठन्ति=चत्तारो चउरो, चत्तारि चिट्ठन्ति र्थात् चार (व्यक्ति) स्थित हैं। चतुरः पश्य=चत्तारो चउरो चत्तारि पेच्छ अर्थात् चार (व्यक्तियो) । देखो।

*चत्वारः* संस्कृत प्रथमा बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम ( और विशेषण ) रूप है। इसके कृत रूप चत्तारो, चउरो और चत्तारि होते हैं। इनमे सूत्र संख्या ३-१२२ से प्रथमा विभक्ति के हुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' परे रहने पर मूल शब्द 'चतुर और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर क्र तीनों रूपो की आदेश प्राप्ति होकर ( क्रम से ) तीनों रूप *चत्तारो, चउरो* और *चत्तारि* सिद्ध हो ते हैं।

*चतुरः* संस्कृत द्वितीया बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके कृत रूप चत्तारो, चउरो और चत्तारि होते हैं। इनमे भी सूत्र संख्या ३-१२२ से द्वितीया विभक्ति के हुवचन मे संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस' परे रहने पर मूल शब्द 'चतुर और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर क्र तीनों रूपों की आदेश प्राप्ति होकर (क्रम से) तीनों रूप *चत्तारो चउरो* और *चत्तारि* सिद्ध हो ते हैं।

*चिट्ठन्ति* क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२० मे की गई है।

'*पेच्छ*' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२३ मे की गई है। ३-१२२ ॥

## संख्याया आमो ण्ह ण्हं ॥ ३-१२३ ॥

संख्या शब्दात्परस्यामो ण्ह ण्हं इत्यादेशौ भवतः ॥ दोण्ह । तिण्ह । चउण्ह । पञ्चण्ह । ण्ह । सत्तण्ह । अट्ठण्ह ॥ एवं दोण्हं । तिण्हं । चउण्हं । पञ्चण्हं । छण्हं । सत्तण्हं । अट्ठण्हं ॥

चतुर्णाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम ( और विशेषण ) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'चउण्ह' और 'चउण्ह' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त' का लोप, २-७६ से 'र्' का लोप और ३-१२३ से प्राप्तांग 'चउ' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' और 'ण्ह' प्रत्ययों का क्रम से आदेश प्राप्ति होकर दोनों रूप 'चउण्ह' और 'चउण्ह' सिद्ध हो जाते हैं।

पञ्चानाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप पञ्चण्ह और पञ्चण्ह होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१२३ से संस्कृत के समान ही प्राकृतीय अंग रूप 'पञ्च' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' और 'ण्ह' प्रत्ययों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर दोनों रूप 'पञ्चण्ह' और 'पञ्चण्हं' सिद्ध हो जाते हैं।

षण्णाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'छण्ह' और 'छण्ह' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२६५ से मूल संस्कृत शब्द 'षट्' में स्थित 'ष' व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत में 'छ' व्यञ्जन की आदेश प्राप्ति, १-११ से (अथवा २-७७ से) अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ट' का लोप और ३-१२३ से प्राप्तांग 'छ' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' और 'ण्ह' प्रत्ययों का क्रम से आदेश प्राप्ति होकर दोनों रूप 'छण्ह' और 'छण्ह' सिद्ध हो जाते हैं।

सप्तानाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप 'सत्तण्ह' और 'सत्तण्ह' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७७ से मूल संस्कृत शब्द 'सप्त' में स्थित हलन्त 'प्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'प' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्राप्ति और ३-१२३ से प्राप्तांग 'सत्त' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' और 'ण्ह' प्रत्ययों की क्रम से आदेश प्राप्ति होकर दोनों रूप 'सत्तण्ह' और 'सत्तण्ह' सिद्ध हो जाते हैं।

अष्टानाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसके प्राकृत रूप अट्ठण्ह और अट्ठण्ह होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-३४ से मूल संस्कृत शब्द 'अष्ट' में स्थित संयुक्त व्यञ्जन 'ष्ट' के स्थान पर 'ठ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ठ' को द्वित्व 'ठठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति और ३-१२३ से प्राप्तांग 'अट्ठ' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'ण्ह' और 'ण्ह' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होकर दोनों रूप 'अट्ठण्ह' और 'अट्ठण्ह' सिद्ध हो जाते हैं।

नवानाम् संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त संख्यात्मक सर्वनाम (और विशेषण) रूप है। इसका प्राकृत रूप 'नवण्ह' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१२३ से मूल संस्कृत के समान ही प्राकृतीय अंग रूप 'नव'

शेष रहे हुए 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, २-७९ से 'स्रीं' में स्थित 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र' के पश्चात् शेष रहे हुए 'सी' में स्थित 'स' को द्वित्व 'स्स' की प्राप्ति ३-६ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थानीय रूप 'णाम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति और १-२७ से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'ण' के अन्त में आगम रूप अनुस्वार' की प्राप्ति होकर '*समण साहस्सीणं*' रूप सिद्ध हो जाता है।

*कतीनाम्* संस्कृत षष्ठी बहुवचनान्त प्रश्नात्मक सर्वनाम ( और विशेषण ) रूप है। इसका प्राकृत रूप कइण्ह होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त' का लोप, १-८४ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर 'आगे षष्ठी बहुवचन बोधक संयुक्त व्यञ्जनात्मक प्रत्यय का सद्भाव होने से' ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति और ३-१२३ से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थानीय रूप 'नाम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण्ह' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप 'कइण्ह' सिद्ध हो जाता है। ३-१२३॥

## शेषे ऽ दन्तवत् ॥ ३-१२४ ॥

उपर्युक्तादन्यः शेषस्तत्र स्यादिविधिरदन्तवदतिदिश्यते। येष्वाकारायन्तेषु पूर्वं कार्याणि नोक्तानि तेषु जस्-शसोर्लुक् (३-४) इत्यादीनि अदन्ताधिकार-विहितानि कार्याणि भवन्तीत्यर्थः॥ तत्र जस्-शसोर्लुक् इत्येतत् कार्यातिदेशः। माला गिरी गुरू सही वहू रेहन्ति पेच्छ वा॥ अमोस्य (३-५) इत्येतत् कार्यातिदेशः। गिरिं गुरुं सहिं वहुं गामणिं खलपुं पेच्छ॥ टा-आमोर्णः (३-६) इत्येतत् कार्यातिदेशः। हाहाण कयं। मालाण गिरीण गुरूण सहीण वहूण धणं। टायास्तु। टो णा (३-२४) टा-ङस्-ङेरदादिदेद्वा तु ङसेः (३-२९) इति विधिरुक्तः॥ भिसो हि हिँ हिं (३-७) इत्येतत् कार्यातिदेशः। मालाहि गिरीहि गुरूहि सहीहि वहूहि कयं। एवं सानुनासिकानुस्वारयोरपि॥ ङसेस् त्तो-दो-दु-हि-हिन्तो-लुकः (३-८) इत्येतत् कार्यातिदेशः। मालाओ। मालाउ। मालाहिन्तो॥ बुद्धीओ। बुद्धीउ। बुद्धिहिन्तो॥ धेणूओ। धेणूउ। धेणूहिन्तो आगओ। हि-लुकौ तु प्रतिषेत्स्येते (३-१२७, १२६)। भ्यसस् त्तो दो दु हि हिन्तो सुन्तो (३-९) इत्येतत् कार्यातिदेशः। मालाहिन्तो। मालासुन्तो। हिस्तु निषेत्स्यते (३-१२७) एवं गिरीहिन्तो इत्यादि॥ ङसः स्स (३-१०) इत्येतत् कार्यातिदेशः। गिरिस्स। गुरुस्स। दहिस्स। महुस्स॥ स्त्रियां तु टा-ङस्-ङेः (३-२९) इत्याद्युक्तम्॥ ङे म्मि ङेः (३-११) इत्येतत् कार्यातिदेशः। गिरिम्मि। गुरुम्मि। दहिम्मि। महुम्मि। ङेस्तु निषेत्स्यते (३-१२८)

लानाम, गुरूणाम, गिरीणाम, सखीनाम, वधूनाम धनम्=मालाण, गिरीण, गुरूण, सहाण, वहूण धनं=मालाओं का, पहाड़ों का, गुरु जनों का, सखियों का, बहुओं का धन। तृतीया विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय 'टा' से सम्बन्धित जो सूत्र पहले कहे गये हैं, जो कि इस प्रकार हैं — टो णा, (३-२४) और 'टा ङस ङे रदादिदेद्वा तु ङसेः (३-२९), इनकी कार्य विधि इनकी वृत्ति में बतलाये गये विधान के अनुसार ही समझ लेना चाहिये। तृतीया विभक्ति के बहुवचन के रूपों के निर्माण हेतु जो सूत्र भिसो हि हिँ', (३-७) कहा गया है, उसका कार्यातिदेश इन आकारान्त, इकारान्त, ईकारान्त, उकारान्त, ऊकारान्त पुल्लिग अथवा स्त्रीलिंग और नपुंसकलिंग वाले शब्दों के लिए भी प्राप्त होता है, यह ध्यान में रहे। उदाहरण इस प्रकार हैं -मालाभिः, गिरिभिः, गुरुभिः, सखीभिः, वधूभिः कृतम्=मालाहि, गिरीहि, गुरूहि, सहीहि, वहूहि कयं=मालाओं से पहाड़ों से, गुरु जनों से, सखियों से, वधुओं से किया गया है। इसी प्रकार से इन शब्दों में 'हिँ' और 'हिं' प्रत्ययों की सम्प्राप्ति भी तृतीया विभक्ति के बहुवचन के निर्माण हेतु की जाती है। जैसे कि मालाहिँ, मालाहिं, गुरूहिँ, गुरूहिं इत्यादि।

पञ्चमी विभक्ति के एकवचन के रूपों के निर्माण हेतु जो सूत्र—ङसेस् त्तो-दो-दु-हि-हिन्तो-लुकः (३-८) कहा गया है, उसका कार्यातिदेश इन आकारान्त, इकारान्त उकारान्त आदि स्त्रीलिंग वाले शब्दों के लिए भी होता है। उदाहरण इस प्रकार है —मालायाः, बुद्ध्याः, बुद्धेः, धेन्वाः, धेनोः आगतः=मालाओ, मालाउ, मालाहिन्तो बुद्धीओ, बुद्धीउ बुद्धीहिन्तो, धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिन्तो आगओ=माला से, गाय से, बुद्धि से आया हुआ है। इस सम्बन्ध में सूत्र संख्या ३-१२६ और ३-१२७ में उल्लिखित नियम का भी ध्यान रखना चाहिये, जैसा कि आगे बतलाया जाने वाला है। तदनुसार 'लुक प्रत्यय का और हि प्रत्यय का' इन शब्दों के लिये अभाव होता है। सूत्र संख्या ३-३० के अनुसार आकारान्त शब्दों के लिये पञ्चमी विभक्ति से प्राप्तव्य प्रत्यय 'अ' का भी निषेध होता है।

पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन के रूपों के निर्माण हेतु जो सूत्र—'भ्यसस् त्तो दो दु हि हिन्तो सुन्तो (३-९)' कहा गया है, उसका कार्यातिदेश इन आकारान्त आदि शब्दों के लिये भी होता है। उदाहरण इस प्रकार है —मालाभ्यः =मालाहिन्तो, मालासुन्तो, 'मालत्तो मालाओ मालाउ' रूप वृत्ति में प्रदान नहीं किये गये है, किन्तु इनका सद्भाव है। केवल 'हि' प्रत्यय का अभाव जानना, जैसा कि सूत्र संख्या ३-१२७ में इसका निषेध किया जाने वाला है। इसी प्रकार से 'गिरीहिन्तो' आदि रूपों की कल्पना स्वयमेव कर लेनी चाहिये, ऐसा तात्पर्य प्रतिध्वनित होता है।

षष्ठी विभक्ति के एकवचन के रूपों के निर्माण हेतु जो सूत्र— ङसः स्सः (३-१०)' कहा गया है, उसका कार्यातिदेश पुल्लिग और नपुंसकलिंग वाले इकारान्त, उकारान्त आदि शब्दों के लिये भी होता है। उदाहरण इस प्रकार हैं —गिरेः=गिरिस्स=गिरि का, पहाड़ का; गुरोः=गुरुस्स=गुरुजन का, दध्नः= दहिस्स=दही का, मधुनः=महुस्स=मधु का, इत्यादि। स्त्रीलिंग वाले शब्दों के लिये इस सूत्र संख्या ३-१०

*माला* संस्कृत प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन का स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप माला होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ ४ से संस्कृत प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय जस् और शस् का प्राकृत में लोप होकर प्राकृत रूप *माला* सिद्ध हो जाता है।

*गिरयः* और *गिरीन्* संस्कृत में क्रम से प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के बहुवचनीय पुल्लिंग रूप हैं। इन दोनों का प्राकृत समान रूप गिरी होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १२ से और ३ १८ से मूल प्राकृत रूप गिरि में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३ ४ से संस्कृतीय प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय जस् और शस् का प्राकृत में लोप होकर दोनों विभक्तियों के बहुवचन में प्राकृत रूप *गिरी* सिद्ध हो जाता है।

*गुरवः* और *गुरून्* संस्कृत में क्रम से प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के बहुवचनीय पुल्लिंग रूप हैं। इन दोनों का प्राकृत रूप गुरू होता है। इस में सूत्र संख्या ३ १२ से और ३ १८ से मूल प्राकृत रूप गुरु में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३ ४ से संस्कृतीय प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय जस् और शस् का प्राकृत में लोप होकर दोनों विभक्तियों के बहुवचन में प्राकृत रूप गुरू सिद्ध हो जाता है।

'*सही*' प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचनान्त रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३ २७* में की गई है।

'*वहू*' प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचनान्त रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३ २७* में की गई है।

'*रेहन्ति*' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३ ११* में की गई है।

'*पेच्छ*' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१ २३* में की गई है।

'*वा*' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१ ६७* में की गई है।

'*गिरिं*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१ २३* में की गई है।

गुरुम् संस्कृत द्वितीया विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप गुरुं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ ५ से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्' में स्थित 'अ' का लोप होकर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप गुरुं सिद्ध हो जाता है।

सखीम् संस्कृत द्वितीया विभक्ति का एकवचनान्त स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप सहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १८७ से 'ख्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३ ३६ से प्राप्त रूप 'सही' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, ३ ५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १ २३ से प्राप्त प्रत्यय 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप सहिं सिद्ध हो जाता है।

*सखीनाम्* संस्कृत षष्ठी विभक्ति का बहुवचनान्त स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप सहीण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्त रूप सही में षष्ठी विभक्ति के बहुवचनार्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम् = नाम्' के स्थान पर प्राकृत मे 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *सहीण* सिद्ध हो जाता है।

*वधूनाम्* संस्कृत षष्ठी विभक्ति का बहुवचनान्त स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप वहूण होता है। इसमें भी उपरोक्त सहीण रूप के समान ही सूत्र संख्या १-१८७ और ३-६ से क्रम से 'ध' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और षष्ठी बहुवचनार्थ में प्राकृत मे 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वहूण* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'धण'* संज्ञा रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५० में की गई है।

*मालाभिः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप मालाहि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय भिस् के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *मालाहि* सिद्ध हो जाता है।

*गिरिभिः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त पुल्लिग रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरीहि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६ से मूल प्राकृत शब्द गिरि में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के आगे तृतीया बहुवचनान्त प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय भिस के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *गिरीहि* सिद्ध हो जाता है।

*गुरुभिः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त पुल्लिग रूप है। इसका प्राकृत रूप गुरूहि होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१६ से मूल शब्द गुरु में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के आगे तृतीया बहुवचनान्त प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गुरूहि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*सखीभिः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप सहीहि होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख्' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सहीहि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वधूभिः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त स्त्रीलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप वहूहि होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति और ३-७ से तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर प्राकृत में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वहूहि* रूप सिद्ध हो जाता है।

प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस' के स्थान पर प्राप्त प्राकृत रूप दहि में स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दहिस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मुखस्य* संस्कृत षष्ठी विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप मुहस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' प्राप्ति तत्पश्चात ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुहस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*गिरौ* संस्कृत सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप गिरिम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११ से और ३-१२४ के निर्देश से मूल प्राकृत रूप गिरि में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यक 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूत *गिरिम्मि* सिद्ध हो जाता है।

*गुरौ* संस्कृत सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप गुरुम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११ से और ३-१२४ के निर्देश से उपरोक्त गिरिम्मि रूप के समान ही 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गुरुम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*दध्नि* अथवा दधनि संस्कृत सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप *दहिम्मि* होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत शब्द दधि में स्थित 'ध' व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत में 'ह' व्यञ्जन की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-११ से और ३-१२४ के निर्देश से प्राप्त प्राकृत रूप दहि में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दहिम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मधुनि* संस्कृत सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप महुम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत शब्द मधु में स्थित 'ध' व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत में 'ह' व्यञ्जन की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-११ से और ३-१२४ के निर्देश से उपरोक्त प्राकृत रूप दहिम्मि के समान ही 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *महुम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'गिरि'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१९ में की गई है।

गुरू प्रथमा बहुवचनान्त रूप की सिद्धि इसी सूत्र ३-१२४ में ऊपर की गई है।

*चिट्ठन्ति* क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-२० की गई है।

*गिरीओ* रूप की सिद्धि एकवचनान्त अवस्था में तो सूत्र संख्या ३-१२ में की गई है, तथा बहुवचनान्त अवस्था में सूत्र संख्या ३-१६ में की गई है।

गुरो और *गुरुभ्य* क्रम से संस्कृत पञ्चमी विभक्ति के एकवचनान्त और बहुवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इन दोनों का प्राकृत रूपान्तर एक जैसा ही—( समान रूप ही ) गुरूओ होता है। इसमें सूत्र

*अग्ने* संस्कृत पञ्चमी विभक्ति का एक वचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप अग्गिओ होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से मूल शब्द 'अग्नि' में स्थित 'न्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'न्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ग्' को द्वित्व 'ग्ग' की प्राप्ति, ३-१२ से और ३-१२४ के निर्देश से प्राप्त रूप 'अग्गि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के आगे पंचमी विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ 'ई' की प्राप्ति और ३-८ से तथा ३-१२४ से प्राप्त प्राकृत रूप 'अग्गी' में पंचमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'दो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अग्गीओ* रूप सिद्ध हो जाता है। १२५ ॥

## ङसे लुंक् ॥ ३-१२६ ॥

**आकारान्तादिभ्योदन्तवत् प्राप्तो ङसेर्लुग् न भवति ॥ मालत्तो। मालाओ। मालाउ। मालाहिन्तो आगओ। एवं अग्गीओ। वाउओ। इत्यादि ॥**

*अर्थ*—प्राकृत में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में अकारान्त शब्दों के समान ही सूत्र संख्या ३-१२४ के निर्देश से आकारान्त, इकारान्त उकारान्त पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग शब्दों में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में सूत्र संख्या ३-८ से प्राप्तव्य प्रत्यय 'त्तो, दो, दु हिन्तो' का लोप नहीं हुआ करता है। *उदाहरण इस प्रकार है—मालया आगतः=मालत्तो, मालाओ, मालाउ माला हिन्तो आगओ।* इसी प्रकार से इकारान्त, उकारान्त शब्दों के उदाहरण यों हैं—अग्नेः=अग्गीओ=अग्नि से इत्यादि। वायोः=वाऊओ=वायु से इत्यादि।

*मालायाः* संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त स्त्रीलिंग रूप। इसके प्राकृत रूप मालत्तो, मालाओ, मालाउ, मालाहिन्तो होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-८४ से मूल शब्द माला में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-८ से और ३-१२४ के निर्देश से तथा ३-१२६ के विधान से पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'त्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *मालत्तो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'मालाओ, मालाउ, मालाहिन्तो'* रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१२४ में की गई है।

*'आगओ'* क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-२०९ में की गई है।

*'अग्गीओ'* रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१२५ में की गई है।

*वायोः* संस्कृत पञ्चमी एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप वाऊओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल शब्द 'वायु' में स्थित 'य्' व्यञ्जन का लोप, ३-१२ से प्राप्त रूप 'वाउ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'उ' के स्थान पर पञ्चमी एकवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति; तत्पश्चात् ३-८ से प्राप्त रूप वाऊ में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'दो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वाऊओ* रूप सिद्ध हो जाता है। १२६ ॥

*अग्नौ* संस्कृत सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप अग्गिम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७८ से मूल शब्द अग्नि में स्थित न् व्यञ्जन का लोप, २-८९ से लोप हुए 'न्' के पश्चात शेष रहे हुए 'ग्' व्यञ्जन को द्वित्व 'ग्ग्' की प्राप्ति, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-११ से और ३-१२४ के निर्देश से प्राप्त रूप अग्गि में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अग्गिम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वायौ* संस्कृत सप्तम विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप वाउम्मि होता है। इसमें सूत्र संख्या १ १७७ से मूल शब्द वायु में स्थित 'य्' व्यञ्जन का लोप, तत्पश्चात् प्राप्त रूप वाउ में सूत्र संख्या ३-११ से और ३ १२४ के निर्देश से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'म्मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वाउम्मि* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*दहिम्मि*' और '*महुम्मि*' रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या *३ १२४* में की गई है। १२८।

## एत् ॥ ३-१२९ ॥

आकारान्तादीनामर्थात् टा-शस्-भिस्-भ्यस्-सुप्सु परतो दन्तवत् एत्वं न भवति ॥ हाहाण कयं ॥ मालाओ पेच्छ ॥ मालाहि कयं ॥ मालाहिन्तो । मालासुन्तो आगओ ॥ मालासु ठिअं ॥ एवं अग्गिणो । वाउणो । इत्यादि ॥

*अर्थ*—अकारान्त शब्दों में तृतीया विभक्ति के एकवचन में, द्वितीया विभक्ति के एकवचन में, तृतीया विभक्ति के बहुवचन में, पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में और सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में सूत्र संख्या ३ १४ से तथा ३ १५ से उक्त विभक्तियों से संबंधित प्रत्ययों की प्राप्ति के पूर्व अकारान्त शब्दों में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर जैसे 'ए' स्वर की प्राप्ति हो जाती है, वैसी 'ए' की प्राप्ति इन आकारान्त, इकारान्त, उकारान्त आदि पुल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग शब्दों में स्थित अन्त्य स्वर 'आ, इ, उ' आदि के स्थान पर सूत्र संख्या ३-१२९ के निर्देश से उक्त विभक्तियों के प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर नहीं हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—हाहा कृतम्=हाहाण कयं=गन्धर्व से अथवा देव से किया गया है, इस उदाहरण में आकारान्त शब्द हाहा में तृतीया विभक्ति से संबंधित 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर भी अकारान्त शब्द 'वच्छ+ण=वच्छेण के समान शब्दान्त्य स्वर 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति नहीं हुई है। माला पश्य=मालाओ पेच्छ=मालाओं को देखो, इस उदाहरण में आकारान्त शब्द 'माला' में द्वितीया विभक्ति में संबंधित 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर भी अकारान्त शब्द 'वच्छ+(शस=) लुक'=वच्छे के समान शब्दान्त्य स्वर 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति नहीं हुई है। मालाभिः कृतम्=मालाहि कयं=मालाओं से किया हुआ है, इस दृष्टान्त में भी 'अन्त्य स्वर आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति नहीं हुई है। मालाभ्यः आगतः=मालाहिन्तो, मालासुन्तो

अर्थ —सभी प्रकार के शब्दों में सभी विभक्तियों के प्रत्ययों की संयोजना होने पर संस्कृतीय प्राप्तव्य द्विवचन के प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में बहुवचन के प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करती है। इसी प्रकार से सभी धातुओं में सभी प्रकारों के अथवा काल के प्रत्ययों की संयोजना होने पर संस्कृतीय प्राप्तव्य द्विवचन-बोधक प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में बहुवचन के प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करती है। प्राकृत भाषा में संस्कृत भाषा के समान द्विवचन बोधक प्रत्ययों का अभाव है, तदनुसार द्विवचन के स्थान पर प्राकृत में बहुवचन का ही प्रयोग हुआ करता है। यह सर्व सामान्य नियम सभी शब्दों के लिये तथा सभी धातुओं के लिये समझना चाहिये। इस सिद्धान्तानुसार प्राकृत में केवल दो ही वचन हैं एकवचन और बहुवचन के कुछ उदाहरण इस प्रकार है —द्वौ अथवा द्वे कुरुत =दोण्णि कुणन्ति=दो करते हैं। इस उदाहरण में यह प्रदर्शित किया गया है कि संस्कृत में कुरुत क्रियापद रूप द्विवचनात्मक है, जबकि प्राकृत में कुणन्ति क्रिया पद रूप बहु वचनात्मक है, यह स्थिति बतलाती है कि प्राकृत में द्विवचन का अभाव होकर उसके स्थान पर बहुवचन की ही प्राप्ति होती है। द्वौ अथवा द्वे कुरुत' = दुवे कुणन्ति = वे दो दो (कामों) को करते हैं। इस उदाहरण में 'द्वौ अथवा द्वे' पद द्वि वचनात्मक एवं द्वितीया विभक्ति वाले हैं, जबकि इनका प्राकृत रूपान्तर 'दुवे' पद बहुवचनात्मक और द्वितीया विभक्ति वाला है। कुरुत क्रिया पद संस्कृत में द्विवचनात्मक है, जबकि प्राकृत में इसका रूपान्तर बहुवचनात्मक है। अन्य दृष्टान्त इस प्रकार हैं —

| विभक्ति-संस्कृत द्विवचनात्मक | | प्राकृत बहुवचनात्मक |
|---|---|---|
| तृतीया द्वाभ्याम् | | दोहिं=दो से। |
| पंचमी द्वाभ्याम् | = | दोहिन्तो, दो सुन्तो=दो से। |
| सप्तमी द्वयो | = | दोसु=दो में, दो पर। |
| प्रथमा हस्तौ | = | हत्था =दो हाथ। |
| द्वितीया हस्तौ | = | हत्था=दो हाथों को। |
| प्रथमा-पादौ | = | पाया=दो पैर। |
| द्वितीया पादौ | = | पाया=दो पैरों को। |
| प्रथमा-स्तनकौ | = | थणया=दो स्तन। |
| द्वितीया स्तनकौ | = | थणया=दोनों स्तनों को। |
| प्रथमा नयने (नपु) | = | नयणा (पु०)=दो आंखें। |
| द्वितीया नयने (नपु) | = | नयणा (पु०)=दोनों आंखों को। |

यों संस्कृत भाषा की अपेक्षा से प्राकृत भाषा में रहे हुए वचन संबंधी अन्तर को समझ लेना चाहिये।

'दोण्णि' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१२० में की गई है।

से लोप हुए 'द्' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' स्वर के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश-प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्त शब्द 'पाय' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'औ' तथा औट् के स्थान पर प्राकृतमें ३ १३० के निर्देश से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' का लोप होकर *पाया* रूप सिद्ध हो जाता है।

*स्तनकौ* संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप थणया होता है। इसमें सूत्र संख्या-२-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, १ २२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१७७ से स्वार्थक प्रत्यय 'क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'औ' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से मूल संस्कृत शब्द 'स्तनक' से प्राप्त प्राकृत शब्द 'थणय' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'औ' एवं 'औट' के स्थान पर प्राकृत में ३-१३० के निर्देश से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस' का लोप होकर *थणया* रूप सिद्ध हो जाता है।

*नयने* संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप नयणा होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २२८ से मूल संस्कृत शब्द 'नयन' में स्थित द्वितीय 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १ ३३ से प्राकृत में प्राप्त शब्द 'नयण' को नपुंसकलिंगत्व से पुल्लिंगत्व की प्राप्ति, ३ १३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश प्राप्ति, ३ १२ से प्राप्त प्राकृत शब्द 'नयण' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्ययों का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से प्राप्तव्य नपुंसकलिंग बोधक प्रत्यय 'ई' के स्थान पर प्राकृत में ३-१३० के निर्देश से तथा १ ३३ के विधान से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस शस्' का लोप होकर *नयणा* रूप सिद्ध हो जाता है। १३० ॥

## चतुर्थ्याः षष्ठी ॥ ३-१३१ ॥

चतुर्थ्याः स्थाने षष्ठी भवति ॥ मुणिस्स । मुणीण देइ ॥ नमो देवस्स । देवाण ॥

*अर्थ*—प्राकृत भाषा मे चतुर्थी विभक्ति बोधक प्रत्ययों का अभाव होने से चतुर्थी विभक्ति की संयोजना के लिये षष्ठी विभक्ति में प्रयुज्यमान प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है। तदनुसार चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी का सद्भाव होकर संदर्भ के अनुसार चतुर्थी का अर्थ निकाल लिया जाता है। उदाहरण इस प्रकार है—मुनये=मुणिस्स = मुनि के लिये। मुनिभ्य ददाति=मुणीण देइ = मुनियों के लिये

कुरुत संस्कृत वर्तमानकालीन द्विवचनात्मक प्रथम पुरुष का क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूपान्तर कुणन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-६५ से संस्कृतीय मूल धातु डुकृञ् = कृ के स्थान पर प्राकृत में 'कुण' आदेश की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की प्राप्ति और ३-१४२ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के बहुवचनार्थ में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर कुणन्ति रूप सिद्ध हो जाता है।

दुवे' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१२० में की गई है।

'कुणन्ति' क्रियापद रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

द्वाभ्याम् संस्कृत तृतीया विभक्ति का द्विवचनात्मक संख्या रूप विशेषण पद है। इसका प्राकृत रूप दोहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-११९ से संस्कृत के मूल शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में 'दो' रूप की आदेश प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-७ से और ३-१२४ के निर्देश से तथा ३-१३० के विधान से प्राकृत प्राप्त रूप 'दो' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्याम्' के स्थान पर हिं प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'दोहिं' रूप सिद्ध हो जाता है।

'दोहिन्तो' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-११९ में की गई है।

द्वाभ्याम् संस्कृत पञ्चमी विभक्ति का द्विवचनात्मक संख्या रूप विशेषण पद है। इसका प्राकृत रूप दोसुन्तो है। इसमें सूत्र संख्या ३-११९ से संस्कृत के मूल शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में 'दो' रूप की आदेश प्राप्ति, तत्पश्चात ३-९ से और ३-१२५ के निर्देश से तथा ३-१३० के विधान से प्राकृतीय प्राप्त रूप 'दो' में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्याम्' के स्थान पर 'सुन्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'दोसुन्तो' रूप सिद्ध हो जाता है।

दोसु' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-११९ में की गई है।

हस्तौ संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप हत्था होता है। इसमें सूत्र संख्या २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थ्थ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'थ' के स्थान पर 'त्' की प्राप्ति; ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्त शब्द 'हत्थ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रथमा द्वितीया के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'औ' तथा 'औट' के स्थान पर प्राकृत में ३-१३० से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' का लोप होकर हत्था रूप सिद्ध हो जाता है।

पादौ संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप पाया होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल शब्द पाद में स्थित 'द्' व्यञ्जन का लोप; १-१८०

से लोप हुए द् व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' स्वर के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश-प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्त शब्द 'पाय' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'औ' तथा औट के स्थान पर प्राकृतमें ३ १३० के निर्देश से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' का लोप होकर *पाया* रूप सिद्ध हो जाता है।

*स्तनकौ* संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप थणया होता है। इसमें सूत्र संख्या २-४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, १ २२८ से 'न' के स्थान पर ण' की प्राप्ति, १-१७७ से स्वार्थक प्रत्यय 'क्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'क' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'औ' में स्थित 'अ' क स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन क स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से मूल संस्कृत शब्द 'स्तनक' से प्राप्त प्राकृत शब्द 'थणय' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रथमा-द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन मे क्रम से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'औ' एवं 'औट' के स्थान पर प्राकृत में ३-१३० के निर्देश से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस्-शस्' का लोप होकर *थणया* रूप सिद्ध हो जाता है।

*नयने* संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप नयणा होता है। इसमें सूत्र संख्या १ २२८ से मूल संस्कृत शब्द 'नयन' में स्थित द्वितीय 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १ ३३ से प्राकृत में प्राप्त शब्द 'नयण को नपुंसकलिंगत्व से पुल्लिंगत्व की प्राप्ति, ३ १३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्त प्राकृत शब्द 'नयण' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रथमा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्ययों का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से प्राप्तव्य नपुंसकलिंग बोधक प्रत्यय 'ई' के स्थान पर प्राकृत में ३-१३० के निर्देश से तथा १ ३३ के विधान से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस् शस्' का लोप होकर *नयणा* रूप सिद्ध हो जाता है। १३० ॥

## चतुर्थ्याः षष्ठी ॥ ३-१३१ ॥

चतुर्थ्याः स्थाने षष्ठी भवति ॥ मुणिस्स । मुणीण देइ ॥ नमो देवस्स । देवाण ॥

*अर्थ* —प्राकृत भाषा मे चतुर्थी विभक्ति बोधक प्रत्ययों का अभाव होने से चतुर्थी विभक्ति की संयोजना के लिये षष्ठी विभक्ति में प्रयुज्यमान प्रत्ययों का प्रयोग किया जाता है। तदनुसार चतुर्थी के स्थान पर षष्ठी का सद्भाव होकर सदर्भ के अनुसार चतुर्थी का अर्थ निकाल लिया जाता है। उदाहरण इस प्रकार है —मुनये=मुणिस्स=मुनि के लिये। मुनिभ्य ददते=मुणीण देइ=मुनियों के लिये

कुर्वन्ति संस्कृत वर्तमानकालीन द्विवचनात्मक प्रथम पुरुष का क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूपान्तर कुणन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-६५ से संस्कृतीय मूल धातु डुकृञ् =कृ के स्थान पर प्राकृत में 'कुण' आदेश की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की प्राप्ति और ३ १४२ से वर्तमान काल में प्रथम पुरुष के बहुवचनार्थ में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर कुणन्ति रूप सिद्ध हो जाता है।

'दुवे' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ १२० में की गई है।

'कुणन्ति' क्रियापद रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर को गई है।

द्वाभ्याम् संस्कृत तृतीया विभक्ति का द्विवचनात्मक संख्या रूप विशेषण पद है। इसका प्राकृत रूप दोहिं होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ ११९ से संस्कृत के मूल शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में 'दो' रूप की आदेश प्राप्ति, तत्पश्चात् ३ ७ से और ३ १२४ के निर्देश से तथा ३ १३० के विधान से प्राकृत प्राप्त रूप 'दो' में तृतीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्याम्' के स्थान पर 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'दोहिं' रूप सिद्ध हो जाता है।

'दोहिन्तो' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ११९ में की गई है।

द्वाभ्याम् संस्कृत पञ्चमी विभक्ति का द्विवचनात्मक संख्या रूप विशेषण पद है। इसका प्राकृत रूप दोसुन्तो है। इसमें सूत्र संख्या ३ ११९ से संस्कृत के मूल शब्द 'द्वि' के स्थान पर प्राकृत में 'दो' रूप की आदेश प्राप्ति, तत्पश्चात् ३ ६ से और ३ १२४ के निर्देश से तथा ३ १३० के विधान से प्राकृतीय प्राप्त रूप 'दो' में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्याम्' के स्थान पर 'सुन्तो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'दोसुन्तो' रूप सिद्ध हो जाता है।

'दोसु' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३ ११९ में की गई है।

हस्तौ संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप हत्था होता है। इसमें सूत्र-संख्या २ ४५ से 'स्त' के स्थान पर 'थ' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'थ' को द्वित्व 'थथ' की प्राप्ति २ ९० से प्राप्त पूर्व 'थ' के स्थान पर 'त' की प्राप्ति, ३ १३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन के प्रयोग की आदेश प्राप्ति, ३ १२ से प्राप्त शब्द 'हत्थ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रथमा द्वितीया के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३ ४ से प्रथमा तथा द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में क्रम से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'औ' तथा 'औट' के स्थान पर प्राकृत में ३-१३० से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'जस् शस्' का लोप होकर हत्था रूप सिद्ध हो जाता है।

पादौ संस्कृत की प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के द्विवचन का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप पाया होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल शब्द 'पाद' में स्थित 'द्' व्यञ्जन का लोप, १-१८

## तादर्थ्ये ङे र्वा ॥ ३-१३२ ॥

तादर्थ्यविहितस्य ङेश्चतुर्थ्येकवचनस्य स्थाने षष्ठी वा भवति ॥ देवस्स । देवाय । देवार्थमित्यर्थः ॥ ङेरिति किम् । देवाण ॥

*अर्थ* —तादर्थ्य अर्थात् उसके लिये अथवा उपकार्य उपकारक अर्थ में प्रयुक्त की जाने वाली चतुर्थी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङे=ए' के स्थानीय संस्कृतीय रूप 'आय' की प्राप्ति प्राकृत शब्दों में वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। तदनुसार प्राकृत शब्दों में चतुर्थी विभक्ति एकवचन में कभी षष्ठी विभक्ति के एकवचन की प्राप्ति होती है तो कभी संस्कृतीय चतुर्थी विभक्ति के समान ही 'आय' प्रत्यय की प्राप्ति भी हुआ करता है। परन्तु मुख्यतः और अधिकांशतः प्राकृत शब्दों में चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय की ही प्राप्ति होती है। उदाहरण यों है—देवार्थम्=देवाय अथवा देवस्स अर्थात् देवता के लिये।

*प्रश्न* —मूल सूत्र में चतुर्थी विभक्ति के एकवचन में प्रत्यय 'ङे' का उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर—क्योंकि चतुर्थी विभक्ति में दो वचन होते हैं। एकवचन और बहुवचन, तदनुसार प्राकृत शब्दों में केवल चतुर्थी विभक्ति के एकवचन में ही वैकल्पिक रूप से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आय' की प्राप्ति होती है, न कि संस्कृतीय बहुवचनात्मक प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्यस्' की, बहुवचन में तो षष्ठी विभक्ति में प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्यय की ही प्राप्ति होती है। इस अन्तर को प्रदर्शित करने के लिये ही 'ङे' प्रत्यय की सूचना मूल सूत्र में प्रदान की गई है। उदाहरण इस प्रकार है—देवेभ्य=देवाण अर्थात् देवताओं के लिये। यहाँ पर 'देवाण' में 'ण' प्रत्यय षष्ठी बहुवचन का है, जोकि चतुर्थी विभक्ति के बहुवचन के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। यों यह विधान निर्धारित किया गया है कि प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति के बहुवचन में और षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में समान रूप से ही प्राकृत प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है। अन्तर है तो केवल एकवचन में ही है और वह भी वैकल्पिक रूप से है; नित्य रूप से नहीं।

*देवार्थम्* संस्कृत तादर्थ्य-सूचक चतुर्थी विभक्ति का एकवचनान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप देवस्स और देवाय होते हैं। इनमें से प्रथम रूप *देवस्स* की सिद्धि सूत्र संख्या *३-१३१* में की गई है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या ३-१३२ से संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङ=ए= आय' की प्राप्ति होकर *देवाय* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*देवाण*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३-१३१* में की गई है। १३२ ॥

## वधाड्डाइश्च वा ॥ ३-१३३ ॥

देता है। नमो देवाय = नमो देवस्स=देवता के लिये नमस्कार हो। देवेभ्य =देवाण=देवताओं को... इन दृष्टान्तों से प्रतीत होता है कि षष्ठी विभक्ति के एकवचन के अथवा बहुवचन के प्रत्यय प्राकृत में चतुर्थी विभक्ति के एकवचन में और बहुवचन में क्रम से होता है।

*मुनये* संस्कृत चतुर्थी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप मुणिस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२-८ से मूल संस्कृत शब्द मुनि में स्थित 'न्' व्यञ्जन के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति की आदेश प्राप्ति, ३-१० से प्राप्त रूप मुणि में चतुर्थी विभक्ति के स्थानीय षष्ठी विभक्ति-बोधक-प्रत्यय 'स्स' की प्राप्ति होकर *मुणिस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*मुनिभ्य* संस्कृत चतुर्थी विभक्ति का बहुवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप मुणीण होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से मुनि में स्थित 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से प्राप्त प्राकृत रूप मुणि में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के स्थान पर आगे चतुर्थी विभक्ति के स्थानीय षष्ठी विभक्ति बोधक बहुवचनान्त प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-६ से प्राप्त प्राकृतीय रूप मुणी में चतुर्थी विभक्ति के स्थानीय षष्ठी विभक्ति बोधक बहुवचनात्मक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुणीण* रूप सिद्ध हो जाता है।

'देइ' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१०५ में की गई है।

'नमो' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-४६ में की गई है।

*देवाय* संस्कृत चतुर्थी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप देवस्स होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने का आदेश प्राप्ति, ३-१० से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर देवस्स रूप सिद्ध हो जाता है।

*देवेभ्य* संस्कृत चतुर्थी विभक्ति का बहुवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप देवाण होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से देव शब्द में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर चतुर्थी विभक्ति के स्थानीय षष्ठी विभक्ति बोधक बहुवचनात्मक प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-६ से प्राप्त प्राकृत रूप देवा में चतुर्थी विभक्ति के स्थानीय षष्ठी विभक्ति बोधक बहुवचनात्मक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर देवाण रूप सिद्ध हो जाता है। ॥ १३१ ॥

स्थान पर षष्ठी विभक्ति का प्रयोग होता हुआ देखा जाता है। ऐसी स्थिति कभी कभी और कहीं कहीं पर ही होती है, नित्य और सर्वत्र ऐसा नहीं होता है। द्वितीया के स्थान पर षष्ठी के प्रयोग के उदाहरण यों हैं—सीमाधरं वन्दे=सीमाधरस्स वन्दे=मैं सीमाधर को वंदना करता हू, तस्या मुखम् स्मरामः=तिस्सा मुहस्स भरिमो= हम उसके मुख को स्मरण करते हैं। तृतीया के स्थान पर षष्ठी के प्रयोग के दृष्टान्त इस प्रकार हैं—धनेन लब्धः=धणस्स लद्धो=धन से वह प्राप्त हुआ है, चिरेण मुक्ता=चिरस्स मुक्का=चिर काल से वह मुक्त हुई है। तै एतत् अनाचरितम्=तेसिं एअम् अणाइण्णं=उनके द्वारा यह आचरित नहीं हुआ है, इन उदाहरणों में धनेन के स्थान पर धणस्स का, चिरेण के स्थान पर चिरस्स का और तै के स्थान पर तेसिं का प्रयोग यह बतलाता है कि तृतीया के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी का प्रयोग किया गया है। पञ्चमी के स्थान पर षष्ठी के प्रयोग के उदाहरण निम्न प्रकार से हैं—चोरात् बिभेति=चोरस्स बीहइ=वह चोर से डरता है, इतराणि लघु अक्षराणि येभ्य पादान्तेन सहितेभ्यः=इअराइं लहुअक्खराइं जाण पायन्ति मेल्ल सहिआण, इन उदाहरणों में चोरात् के स्थान पर चोरस्स का, येभ्य के स्थान पर जाण का और सहितेभ्य के स्थान पर सहिआण का प्रयोग यह बतलाता है कि पञ्चमी के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी का प्रयोग किया गया है। अन्तिम उदाहरण अधूरा होने से हिन्दी अर्थ नहीं लिखा जा सका है। इसी प्रकार से सप्तमी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग का नमूना यों है—पृष्ठे केश भार'=पिट्ठीए केस भारो=पीठ पर केशों का भार याने समूह है। इस उदाहरण में पृष्ठे के स्थान पर पिट्ठीए का प्रयोग यह प्रदर्शित करता है कि सप्तमी के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी का प्रयोग किया गया है।

*सीमाधरम्* संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप सीमाधरस्स (किया गया) है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३४ से द्वितीया के स्थान पर षष्ठी का प्रयोग हुआ है, तदनुसार सूत्र संख्या ३-१० से प्राकृत रूप सीमा धर में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय ङस्=अस् के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *सीमाधरस्स* रूप की सिद्धि हो जाती है।

वन्दे' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *१-२४* में की गई है।

*'तिस्सा'* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *३-६४* में की गई है।

*मुखम्* संस्कृत द्वितीया एकवचनान्त नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप मुहस्स है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३४ से द्वितीया के स्थान पर षष्ठी का प्रयोग हुआ है, १-१८७ से 'ख' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति और ३-१० से प्राप्त प्राकृत रूप मुह में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मुहस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*स्मराम* संस्कृत वर्तमान कालीन तृतीया पुरुष का बहुवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप भरिमो होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-७४ से संस्कृतीय मूल धातु 'स्मृ=स्मर्' के स्थान पर 'भर्' की आदेश प्राप्ति, ४-२३९ से हलन्त व्यञ्जनान्त धातु 'भर्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५५

वध शब्दात् परस्य तादर्थ्यङे डिंद् आइः षष्ठी च वा भवति ॥ वहाइ वहस्स वहाय। वधार्थमित्यर्थः ॥

*अर्थ* — संस्कृत में 'वध' एक शब्द है, जिसका प्राकृत रूप 'वह' होता है। इस 'वह' शब्द के लिये चतुर्थी के एकवचन में 'तादर्थ्य' = 'उसके लिये' इस अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आय' आदि के अतिरिक्त षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राकृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'स्स' के साथ साथ एक और प्रत्यय 'आइ' की प्राप्ति भी वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। यों 'वधार्थम्' के तीन रूप प्राकृत में बन जाया करते हैं, जो कि इस प्रकार हैं—वधार्थम्=वहाइ, वहस्स, वहाय अर्थात् वध के लिये, मारने के लिये। यह ध्यान में रहे कि इन रूपों की यह स्थिति वैकल्पिक है, जैसा कि सूत्र में और वृत्ति में 'वा' अव्यय का उल्लेख करके सूचित किया गया है।

*वधार्थम्* संस्कृत तादर्थ्य-सूचक चतुर्थी विभक्ति का एक वचनान्त रूप है। इसके प्राकृत रूप वहाइ, वहस्स और वहाय होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-१८७ से मूल संस्कृत शब्द 'वध' में स्थित 'ध' के स्थान पर 'ह' की प्राप्ति, ३-१३३ से चतुर्थी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'आइ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति, १-१० से प्राकृतीय प्राप्त शब्द में स्थित अन्त्य स्वर 'अ के आगे 'आइ' प्रत्यय का 'आ' रहने से लोप, तत्पश्चात् १-५ से प्राप्त रूप 'वह + आइ' में संधि होकर प्रथम रूप *वहाइ* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप 'वहस्स' में सूत्र संख्या ३-१३१ से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति तदनुसार ३-१० से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय "ङस् = अस" के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *वहस्स* की सिद्धि हो जाती है। तृतीय रूप वहाय में सूत्र संख्या ३-१३२ से चतुर्थी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङे = ए = आय' को प्राकृत में वैकल्पिक रूप से प्राप्ति, तत्पश्चात् १-५ से संधि होकर तृतीय रूप *वहाय* सिद्ध हो जाता है। १३३ ॥

## क्वचिद् द्वितीयादेः ॥ ३-१३४ ॥

द्वितीयादीना विभक्तीना स्थाने षष्ठी भवति क्वचित् ॥ सीमा-धरस्स वन्दे। तिस्स मुहस्स भरिमो। अत्र द्वितीयायाः षष्ठी ॥ धणस्स लद्धो। धनेन लब्ध इत्यर्थः। चिरस्स मुक्का। चिरेण मुक्तेत्यर्थः। तेसिमेअमणाइण्णं। तैरेतदनाचरितम्। अत्र तृतीयायाः ॥ चोरस्स बीहइ। चौराद्बिभेतीत्यर्थः। इअराइं जाण लहु अक्खराइं पायन्ति मिल्ल सुहिआइं। पादान्तेन सहितेभ्य इतराणीति। अत्र पञ्चम्याः ॥ पिट्ठीए केस-भारो। अत्र सप्तम्याः ॥

*अर्थ* —प्राकृत भाषा में कभी कभी अनियमित रूप से उपर्युक्त विभक्तियों के स्थान पर किसी अन्य विभक्ति का प्रयोग भी हो जाया करता है। तदनुसार द्वितीया, तृतीया, पञ्चमी और सप्तमी विभक्ति

*अनाचारितम्*=अनाचीर्णम् संस्कृत प्रथमा विभक्ति का एकवचनान्त विशेषणात्मक नपुंसकलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप अणाइण्णं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१७७ से 'च' का लोप, १-८४ से लोप हुए 'च' के पश्चात् शेष रहे हुए दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर संयुक्त व्यञ्जन 'र्ण=ण्ण' का सद्भाव होने से ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, २-७९ से रेफ रूप हलन्त व्यञ्जन 'र्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ण' को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति और ३-२५ से प्राप्त रूप 'अणाइण्ण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में नपुंसकलिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थानीय संस्कृतीय प्रत्यय 'म्' के स्थान पर प्राकृत में भी 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अणाइण्णं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*चोरात्* संस्कृत पञ्चमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप चोरस्स है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३४ से पञ्चमी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-१० से मूल शब्द 'चोर' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस=अस' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *चोरस्स* सिद्ध हो जाता है।

*बिभेति* संस्कृत वर्तमानकालीन प्रथम पुरुष बोधक एकवचनान्त अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप बीहइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-५३ से संस्कृतीय मूल धातु 'बिभ' के स्थान पर प्राकृत में 'बीह' रूप को आदेश प्राप्ति, ४-२३९ से हलन्त व्यञ्जनान्त धातु 'बीह' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१३९ से वर्तमान कालीन प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *बीहइ* सिद्ध हो जाता है।

*इतराणि* संस्कृत प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति का बहुवचनान्त विशेषणात्मक नपुंसकलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप इअराइं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' का लोप, तत्पश्चात् ३-२६ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आनि' के स्थान पर प्राकृत में प्राप्त शब्द 'इअर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति पूर्वक 'इं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *इअराइं* सिद्ध हो जाता है।

'*जाण*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-६१ में की गई है।

*लघु अक्षराणि* संस्कृत प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति का बहुवचनान्त नपुंसकलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप लहु अक्खराइं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'घ्' के स्थान पर 'ह्' की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'खख' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ख्' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-२६ से प्रथमा एवं द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आनि' के स्थान पर प्राकृत में प्राप्त शब्द 'लहु अक्खर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति पूर्वक 'इं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *लहु-अक्खराइं* सिद्ध हो जाता है।

से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर आगे तृतीया पुरुष बोधक बहुवचनान्त प्रत्यय का सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति और ३-१४४ से प्राप्त धातु रूप 'मरि' में वर्तमान कालीन तृतीय पुरुष वाचक बहुवचनान्त प्रत्यय 'मो' की प्राप्ति होकर *मरिमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*धनेन* संस्कृत तृतीया विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसक लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप धणस्स है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३४ से तृतीया विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, १-२२८ से मूल संस्कृत शब्द 'धन' में स्थित 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-१० से प्राप्त प्राकृत रूप धण में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *धणस्स* रूप की सिद्धि हो जाती है।

*लब्ध* संस्कृत प्रथमा विभक्ति के एकवचनान्त विशेषण का रूप है। इसका प्राकृत रूप लद्धो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से हलन्त व्यञ्जन 'ब' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'ब' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ध' को द्वित्व 'धध' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ध' के स्थान पर 'द्' की प्राप्ति और ३-२ से प्राप्त प्राकृत रूप 'लद्ध' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति एवं प्राप्त प्रत्यय 'डो' में 'ड्' की इत्संज्ञा होने से प्राप्त प्राकृत शब्द 'लद्ध' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' का इत्संज्ञात्मक लोप होकर तत्पश्चात् शेष प्रत्यय रूप 'ओ' का प्राप्त हलन्त शब्द 'लद्ध' में संध्यात्मक समावेश होकर प्राकृत रूप *लद्धो* सिद्ध हो जाता है।

*चिरेण* संस्कृत तृतीया विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसकलिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप चिरस्स है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३४ से तृतीया विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-१० से मूल शब्द 'चिर' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्=अस्' के स्थान पर प्राकृत 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *चिरस्स* सिद्ध हो जाता है।

*मुक्ता* संस्कृत प्रथमा विभक्ति का एकवचनान्त स्त्रीलिंग विशेषण का रूप है। इसका प्राकृत रूप मुक्का होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से 'त्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति और ३-१९ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत शब्दान्त्य स्वर को दीर्घता की प्राप्ति होने से मूल प्राकृत शब्द 'मुक्का' में स्थित अन्त्य दीर्घ स्वर 'आ' को यथा स्थिति की प्राप्ति होकर *मुक्का* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*तेसिं*' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-८१ में की गई है।

'*एवं*' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-८५ में की गई है।

*अर्थ*—प्राकृत भाषा में कभी कभी द्वितीया विभक्ति और तृतीया विभक्ति के स्थान पर सप्तमी विभक्ति का प्रयोग भी पाया जाता है। उदाहरण इस प्रकार है—ग्रामम् वसामि=गामे वसामि अर्थात् मैं ग्राम में बसता हूँ, नगरम् न यामि=नयरे न जामि अर्थात् मैं नगर को नहीं जाता हू, इन उदाहरणों में संस्कृत में प्रयुक्त द्वितीया विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी का प्रयोग किया गया है। तृतीया के स्थान पर सप्तमी के प्रयोग के दृष्टान्त इस प्रकार है – मया वेपित्रा भुजितानि=मइ वेविरीए मलीआइ =कॉपती हुई मेरे द्वारा वे मर्दित किये गये हैं। त्रिभि तैः अलंकृता पृथ्वी=तिसु तेसु अलंकिआ पुहवी=उन तीनों द्वारा पृथ्वी अलंकृत हुई है। इन दृष्टान्तों में संस्कृतीय तृतीया विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग दृष्टि गोचर हो रहा है। यों प्राकृत में कभी कभी और कहीं कहीं पर विभक्तियों के प्रयोग में अनियमितता पाई जाती है।

*ग्रामम्* संस्कृत द्वितीया विभक्ति का एकवचनान्त रूप है। इसका प्राकृत रूप गामे है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, ३-१३५ से द्वितीया के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, ३-११ से प्राप्त प्राकृत शब्द 'गाम' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *गामे* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वसामि* संस्कृत के वर्तमानकालीन तृतीय पुरुष का एकवचनान्त अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी वसामि ही होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से मूल प्राकृत हलन्त धातु 'वस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५४ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१४१ से प्राप्त धातु 'वसा' में वर्तमानकालीन तृतीय पुरुष के एकवचन में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *वसामि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*नगर* संस्कृत के द्वितीया विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसकलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप नयरे (प्रदान किया गया) है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'ग' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ग' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, ३-१३५ से द्वितीया के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति के प्रयोग करने का आदेश प्राप्ति और ३-११ से प्राप्त प्राकृत शब्द 'नयर' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'डे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *नयरे* रूप सिद्ध हो जाता है।

'*न*' अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ में की गई है।

'*जामि*' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ?-?०४ में की गई है।

*मया* संस्कृत की तृतीया विभक्ति का एकवचनान्त अस्मद् सर्वनाम का रूप है। इसका प्राकृत रूप मइ है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३५ से तृतीया के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति के प्रयोग

*पादान्तिम मत्-सहितेभ्य* संस्कृत पञ्चमी विभक्ति का बहुवचनान्त विशेषणात्मक रूप है। इसका प्राकृत रूप पायन्तिमिल्ल सहिआण है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'द्' व्यञ्जन का लोप; १-१८० से लोप हुए 'द्' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'आ' को 'या' की प्राप्ति, १-८४ से प्राप्त 'या' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन 'न्ति' का सद्भाव होने से ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति; २-१५९ से संस्कृतीय प्रत्यय 'मत्' के स्थान पर प्राकृत में 'इल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१० से प्राप्त प्राकृत रूप 'पायन्तिम' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के आगे प्राप्त 'प्रत्यय इल्ल' में स्थित स्वर 'इ' का सद्भाव होने से लोप; १-५ से प्राप्त प्राकृत रूप पायन्तिम् + इल्ल' में संधि होकर प्राकृतीय रूप पायन्तिमिल्ल की प्राप्ति, १-१७७ से 'सहित' में स्थित 'त्' व्यञ्जन का लोप, ३-१३४ से पञ्चमी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, ३-१२ से प्राकृतीय प्राप्त रूप 'पायन्तिमिल्ल-सहिअ' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-६ से प्राप्त प्राकृत रूप 'पायन्तिमिल्ल-सहिआ' में षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत पद *पायन्तिमिल्ल सहिआण* की सिद्धि हो जाती है।

*पृष्ठे* संस्कृत सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसक लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप पिट्ठीए है। इसमें सूत्र संख्या १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति; २-७७ से 'ष' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'ष' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ठ' को द्वित्व 'ठठ' की प्राप्ति, २-९० से प्राप्त पूर्व 'ठ' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, १-३५ की वृत्ति से मूल संस्कृत शब्द पृष्ठ का नपुंसकलिंगत्व से प्राकृत में स्त्रीलिंगत्व की प्राप्ति, तदनुसार ३-३१ और २-४ से प्राकृत में प्राप्त शब्द 'पिट्ठ' में स्त्रीलिंगत्व द्योतक प्रत्यय 'ई' की प्राप्ति, ३-१३४ से संस्कृतीय सप्तमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने का आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-२९ से प्राप्त प्राकृत स्त्रीलिंग रूप पिट्ठी में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस् = अस्' के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *पिट्ठीए* सिद्ध हो जाता है।

*केश-भार* संस्कृत प्रथमा विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप केश भारो होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *केश भारो* सिद्ध हो जाता है। १३४ ॥

## द्वितीया-तृतीययोः सप्तमी ॥ ३-१३५

द्वितीया तृतीययोः स्थाने क्वचित् सप्तमी भवति ॥ गामे वसामि । नयरे न जामि । अत्र द्वितीयायाः ॥ मइ वेविरीए मलिआइं ॥ तिसु तेसु अलंकिआ पुहवी । अत्र तृतीयायाः ॥

*अलकृता* सस्कृत प्रथमा विभक्ति का एकवचनान्त स्त्रीलिंगात्मक विशेषण का रूप है। इसका प्राकृत रूप अलकिआ होता है। इसमे सूत्र सख्या १-१२८ से ऋ के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त' व्यञ्जन का लोप तत्पश्चात् ४ ४४८ से सस्कृत के समान ही प्राकृत में भी अलंकिआ पद आकारान्त स्त्रीलिंगात्मक होने से प्रथमा विभक्ति के एकवचन मे प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' का लोप होकर '*अलकिआ*' प्राकृत रूप सिद्ध हो जाता है।

'*पुहवी*' पद की सिद्धि सूत्र सख्या १ १३१ में की गई है। १३५॥

## पचम्यास्तृतीया च ॥ ३-१३६ ॥

पञ्चम्याः स्थाने क्वचित् तृतीयासप्तम्यौ भवतः॥ चोरेण बीहइ । चोराद्बिभेती-त्यर्थः॥ अन्तेउरे, रमिउमागओ राया। अन्तः पुराद् रन्त्वागत इत्यार्थः॥

*अर्थ*—कभी कभी सस्कृत भाषा में प्रयुक्त पचमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत भाषा में तृतीया अथवा सप्तमी विभक्ति का प्रयोग भी हो जाया करता है। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है— चोरात् बिभेति = चोरेण बीहइ = वह चोर से डरता है, इस उदाहरण में सस्कृतीय पचमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में तृतीया विभक्ति का प्रयोग किया गया है। दूसरा दृष्टान्त इस प्रकार है—अन्त पुराद् रन्त्वा आगत राजा=अन्तेउरे रमिउ आगओ राया=अन्तपुर में रमण करके राजा आगया है, इस दृष्टान्त मे 'अन्त पुराद्=अन्तेउरे' शब्दों में सस्कृतीय पञ्चमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग देखा जा रहा है। यों अन्यत्र भी पचमी के स्थान पर तृतीया अथवा सप्तमी विभक्ति का प्रयोग पाया जाय तो वह प्राकृत भाषा में अशुद्ध नहीं माना जायगा।

*चोरात्* सस्कृत पचमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप चोरेण है। इसमें सूत्र सख्या ३ १३६ से सस्कृतीय पञ्चमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में तृतीया विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति और शेष साधनिका सूत्र सख्या ३ १३४ के अनुसार होकर चोरेण रूप सिद्ध हो जाता है।

*बीहइ* क्रियापद की सिद्धि सूत्र सख्या ३ १३४ में की गई है।

*अन्त पुरात् (द्)* सस्कृत की पञ्चमी विभक्ति का एकवचनान्त नपुसक लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप अन्तेउरे होता है। इसमें सूत्र-सख्या १ ६० से 'त' में स्थित 'अ' स्वर के स्थान पर 'ए' स्वर की प्राप्ति, २-७७ से 'विसर्ग=स' हलन्त व्यञ्जन का लोप, १-१७७ से 'प' व्यञ्जन का लोप, ३-१३६ से सस्कृतीय पञ्चमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३ ११ से प्राप्त प्राकृत शब्द 'अन्तउर' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में सस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में डे=ए प्रत्यय की प्राप्ति होकर अन्तेउरे पद सिद्ध हो जाता है।

करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार संस्कृतीय सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि=इ' की प्राप्ति होने पर ३-११५ से 'अस्मद् + इ' के स्थान पर 'मइ' की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप 'मइ' सिद्ध हो जाता है।

*वेपित्रा* संस्कृत में तृतीया विभक्ति के एकवचनान्त स्त्रीलिंगात्मक विशेषण का रूप है। इसका प्राकृत रूप वेविरीए होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से मूल संस्कृत शब्द वपितृ में स्थित 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त' का लोप, १-१४२ से लोप हुए 'त' के पश्चात् शेष रहे हुए स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'रि' की प्राप्ति, ३-३२ और २-४ से प्राप्त रूप वेविरि में स्त्रीलिंगत्व-क प्रत्यय 'ङी=ई' की प्राप्ति, १-५ से प्राप्त रूप 'वेविरि + ई' में संधि होकर वेविरी' की प्राप्ति, ३-१३५ से तृतीया विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-२९ से प्राप्त स्त्रीलिंगात्मक विशेषण रूप वविरी में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि=इ' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत विशेषणात्मक स्त्रीलिंग रूप वेविरीए सिद्ध हो जाता है।

*मृदितानि* संस्कृत प्रथमा विभक्ति का बहुवचनान्त विशेषणात्मक नपुंसकलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप मलिआइं होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१२६ से मूल संस्कृत धातु 'मृद्' के स्थान पर प्राकृत में मल् रूप का आदेश प्राप्ति, ४-४४८ से संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी विशेषणात्मक अर्थ में 'मल' धातु में 'इत' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त रूप 'मलित' में स्थित 'त' व्यञ्जन का लोप; और ३-२६ से प्राप्त रूप मलिअ' में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में नपुंसकलिंग में अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति पूर्वक 'इं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *मलिआइं* रूप सिद्ध हो जाता है।

*त्रिभिः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त संख्यात्मक विशेषण का रूप है। इसका प्राकृत रूप तिसु है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से 'र' का लोप, ३-१३५ से तृतीया विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति के प्रयोग करने की आदेश-प्राप्ति, तदनुसार ४-४४८ से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तिसु* विशेषणात्मक रूप सिद्ध हो जाता है।

*तैः* संस्कृत तृतीया विभक्ति का बहुवचनान्त तद् सर्वनाम का पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप तेसु है। इसमें सूत्र संख्या १-११ से मूल संस्कृत सर्वनाम शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३-१३५ से तृतीया विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, ३-१५ से प्राकृत में प्राप्त सर्वनाम शब्द 'त' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर सप्तमी विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय 'सु' का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ४-४४८ से प्राप्त रूप 'ते' में सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत सर्वनाम रूप *तेसु* सिद्ध हो जाता है।

*विद्युत्ज्योतम्* संस्कृत का द्वितीया विभक्ति का एकवचनान्त नपुंसकलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप विज्जुज्जोयं होता है। इसमें सूत्र संख्या २-२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य्' के स्थान पर 'ज्' की प्राप्ति, २-८९ से आदेश-प्राप्त व्यञ्जन 'ज्' को द्वित्व 'ज्ज्' की प्राप्ति, २-७७ से प्रथम हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, २-७८ से द्वितीय 'य्' व्यञ्जन का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य' के पश्चात् शेष रहे हुए व्यञ्जन 'ज्' को द्वित्व 'ज्ज्' की प्राप्ति, १-१७७ से द्वितीय 'त्' व्यञ्जन का लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' स्वर के स्थान पर 'य' वर्ण की प्राप्ति, ३-५ से प्राप्त प्राकृत शब्द 'विज्जुज्जोय' में द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर पूर्वस्थ व्यञ्जन 'य' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत पद *विज्जुज्जोयं* सिद्ध हो जाता है।

*स्मरति* संस्कृत का वर्तमान कालीन प्रथम पुरुष का एकवचनान्त क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप भरइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-७४ से मूल संस्कृत धातु 'स्मृ=स्मर' के स्थान पर प्राकृत में 'भर' रूप की आदेश-प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'भर' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्राकृत धातु 'भर' में वर्तमानकालीन प्रथम पुरुष के एकवचनार्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप 'भरइ' सिद्ध हो जाता है।

*रात्रौ* संस्कृत की सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त स्त्रीलिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप रत्तिं है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत शब्द 'रात्रि' में स्थित द्वितीय 'र्' व्यञ्जन का लोप, २-८९ से लोप हुए 'र्' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'त्' को द्वित्व 'त्त्' की प्राप्ति, १-८४ से आदि वर्ण 'रा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन 'त्ति' का सद्भाव होने से ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, ३-१३७ से *सप्तमी विभक्ति के स्थान पर द्वितीया विभक्ति का प्रयोग करने का* आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म' के स्थान पर शब्दान्त्य पूर्व वर्ण 'त्ति' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर रत्तिं रूप सिद्ध हो जाता है।

*तस्मिन्* संस्कृत का सप्तमी विभक्ति एकवचनान्त सर्वनाम पुल्लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप तेण है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से मूल संस्कृतीय सर्वनाम शब्द 'तद्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का लोप, ३-१३७ की वृत्ति से सप्तमी विभक्ति के स्थान पर तृतीया विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, ३-१४ से तृतीया विभक्ति प्राप्त प्रत्यय 'ण' के कारण से पूर्वोक्त प्राप्त प्राकृत शब्द 'त' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' स्वर की प्राप्ति और १-२७ से प्राप्त प्राकृत रूप 'तेण' में स्थित अन्त्य वर्ण 'ण' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर तेणं रूप सिद्ध हो जाता है।

*रन्त्वा* संस्कृत का सम्बन्धात्मक भूत कृदन्त का रूप है। इसका प्राकृत रूप *रमिउं* होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से मूल प्राकृतीय हलन्त धातु 'रम्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५७ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, २-१४६ से प्राप्त धातु रूप 'रमि' में संबन्धात्मक कृदन्तार्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर प्राकृत में 'तुम्' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त प्रत्यय 'तुम्' में स्थित 'त्' व्यञ्जन का लोप, १-२३ से प्राप्त रूप रमिउम् में स्थित अन्त्य 'म्' के स्थान पर पूर्व में स्थित स्वर 'उ' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *रमिउं* सिद्ध हो जाता है।

*आगतः* संस्कृत प्रथमा विभक्ति का एकवचनान्त विशेषणात्मक पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप आगओ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'त्' व्यञ्जन का लोप और ३-२ से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत पद *आगओ* सिद्ध हो जाता है।

*राया* पद की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४९ में की गई है। ३-१३६ ॥

## सप्तम्या द्वितीया ॥ ३-१३७ ॥

सप्तम्याः स्थाने क्वचिद् द्वितीया भवति ॥ विज्जुज्जोयं भरइ रत्तिं ॥ आर्षे तृतीयापि दृश्यते। तेण कालेणं। तेण समएणं। तस्मिन् काले तस्मिन् समये इत्यर्थः ॥ प्रथमाया अपि द्वितीया दृश्यते चउवीसंपि जिणवरा। चतुर्विंशतिरपि जिनवरा इत्यर्थः ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में प्रयुक्त सप्तमी विभक्ति के स्थान पर कभी कभी *प्राकृत भाषा में द्वितीया* विभक्ति का प्रयोग भी हुआ करता है। उदाहरण इस प्रकार है—विद्युदुद्योतम् स्मरति रात्रौ=विज्जुज्जोयं भरइ रत्तिं=*वह रात्रि में विद्युत् प्रकाश को याद करता है, इस उदाहरण में सप्तम्यन्त पद 'रात्रौ' का प्राकृत रूपान्तर* द्वितीयान्त पद 'रत्तिं' के रूप में किया गया है। यों सप्तमी के स्थान पर द्वितीया का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है। आर्ष प्राकृत में सप्तमी के स्थान पर तृतीया का प्रयोग भी देखा जाता है। इसका दृष्टान्त इस प्रकार है—तस्मिन् काले तस्मिन् समये=तेण कालेणं तेण समएणं=उस काल में (और) उस समय में, यहां पर स्पष्ट रूप से सप्तमी के स्थान पर तृतीया का प्रयोग हुआ है। कभी कभी प्राकृत के प्रयोगों में प्रथमा के स्थान पर द्वितीया का सद्भाव भी पाया जाता है। उदाहरण इस प्रकार है—चतुर्विंशतिरपि जिनवराः=चउवीसंपि जिणवरा=चौबीस तीर्थंकर भी। यहां पर चतुर्विंशति प्रथमान्त पद है, जिसका प्राकृत रूपान्तर द्वितीयान्त में करके 'चउवीसं' प्रदान किया गया है। यों प्राकृत भाषा में विभक्तियों की अनियमितता पाई जाती है। इससे पता चलता है कि आर्ष प्राकृत का प्रभाव इतर प्राकृत भाषा पर अवश्यमेव पड़ा है, जो कि प्राचीनता का सूचक है।

[ प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' का प्राकृत में लोप होकर प्रथमा-[ बहुवचनान्त प्राकृत पद जिणवरा सिद्ध हो जाता है। ३-१३७ ॥

## क्यङोर्य लुक् ॥ ३-१३८ ॥

क्यङन्तस्य क्यङ् षन्तस्य वा सम्बन्धिनो यस्य लुग् भवति ॥ गरुआइ । गरुआअइ । [ गुरु गुरु भवति गुरुरिवाचरति वेत्यर्थः । क्यङ् ष् । दमदमाइ । दमदमाअइ ॥ लोहिआइ । [ लो]हिआअइ ।

अर्थ —संस्कृत, प्राकृत आदि भाषाओं में संज्ञाओं पर से धातुओं अर्थात् क्रियाओं के बनाने का विधान पाया जाता है, तदनुसार वे नाम धातु कहलाते हैं और इसी रीति से प्राप्त धातुओं में अन्य सर्व सामान्य धातुओं के समान ही काल वाचक एवं पुरुष बोधक प्रत्ययों की संयोजना की जाती है। जब संस्कृत संज्ञाओं में 'क्यङ्' और 'क्यङ ष' = 'य' और 'इ' प्रत्ययों की संयोजना की जाती है, तब वे शब्द नामार्थक नहीं रहकर धातु अर्थक बन जाते हैं, यों धातु अंग की प्राप्ति होने पर तत्पश्चात् उनमें काल वाचक तथा पुरुष बोधक प्रत्यय जोड़े जाते हैं। ऐसे धातु-रूपों से तब 'इच्छा, आचरण, अभ्यास' आदि बहुत से अर्थ प्रस्फुटित होते हैं। जहां अपने लिये किसी वस्तु की इच्छा की जाय वहां 'इच्छा अर्थ में' उस वस्तु के बोधक नाम के आगे 'क्यच्=य' प्रत्यय लगाकर तत्पश्चात् काल वाचक प्रत्यय जोड़े जाते हैं। उदाहरण इस प्रकार है — पुत्रीयति = (पुत्र् + ई + य + ति)=वह अपने पुत्र होने की इच्छा करता है। कवीयति=(कवि + ई + य + ति)=अपने आप कवि बनना चाहता है। कर्त्रीयति =सुर कर्त्ता बनना चाहता है। राजीयति आप राजा बनना चाहता है, इत्यादि। कभी कभी 'क्यच्= य' 'व्यवहार करना अथवा समझना' के अर्थ में भी आ जाता है। जैसे —पुत्रीयति छात्रम् गुरु = गुरु अपने छात्र के साथ पुत्रवत् व्यवहार करता है। प्रासादीयति कुटयां भिक्षु =भिखारी अपनी झोपड़ी को महल जैसा समझता है।

जहां एक पदार्थ किसी दूसरे जैसा व्यवहार करे, वहां जिसके सदृश व्यवहार करता हो, उसके वाचक नाम के आगे 'क्यङ्=य' प्रत्यय लगाया जाता है एवं तत्पश्चात् काल बोधक प्रत्ययों की संयोजना होती है। जैसे —शिष्य पुत्रायते=शिष्य पुत्र के समान व्यवहार करता है, गोप कृष्णायते=गोप कृष्ण के समान व्यवहार करता है। विद्वायते =वह विद्वान् के सदृश व्यवहार करता है। प्रश्नयति = वह प्रश्न करता है, मिश्रयति=मिलावट करता है, लवणयति=वह खारा जैसा करता है। वह लवण रूप बनाता है। पुत्रति=वह पुत्र जैसा व्यवहार करता है, पितरति = वह पिता जैसा व्यवहार करता है। इसी प्रकार से 'गुणायन्ते, दोषायन्ते, द्रुमायते दुःखायते, सुखायते' इत्यादि सैकड़ों नाम धातु रूप हैं। उक्त 'क्यङ्' और क्यङ्ष्' के स्थानीय प्रत्यय 'य' का प्राकृत में लोप हो जाता है और तत्पश्चात् प्राकृतीय काल-

*काले* संस्कृत का सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप कालेण है। इसमें सूत्र संख्या ३-१३७ की वृत्ति से सप्तमी विभक्ति के स्थान पर तृतीया विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, ३-१४ से तृतीया विभक्ति का प्रत्यय 'ण' प्राप्त होने से मूल प्राकृत शब्द काल में स्थित अन्त्य वर्ण 'ल' के अन्त्य 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और १-२७ से प्राप्त प्राकृत रूप कालेण में स्थित अन्त्य वर्ण 'ण' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर [illegible] सिद्ध हो जाता है।

'*तेण*' सर्वनाम रूप की सिद्धि ऊपर इसी सूत्र में की गई है।

*समये* संस्कृत का सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप समएण है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से मूल संस्कृत शब्द 'समय' में स्थित 'य' व्यञ्जन का लोप, [illegible] की वृत्ति से सप्तमी विभक्ति के स्थान पर प्राकृत में तृतीया विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-६ से तृतीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा=आ' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, ३-१४ से तृतीया विभक्ति का प्रत्यय 'ण' प्राप्त होने से मूल प्राकृत शब्द '[illegible]' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और १-२७ से प्राप्त प्राकृत रूप समएण में स्थित अन्त्य वर्ण 'ण' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर समएणं रूप सिद्ध हो जाता है।

*चतुर्विंशति* संस्कृत का प्रथमान्त संख्यात्मक विशेषण का रूप है। इसका प्राकृत रूप [illegible] है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से प्रथम 'त्' व्यञ्जन का लोप, २-७९ से रेफ रूप 'र्' व्यञ्जन का लोप, १-[illegible] से 'वि' में स्थित ह्रस्व 'इ' के स्थान पर इसी सूत्रानुसार अन्तिम वर्ण 'ति' का लोप होने से हुए दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति, १-२८ से 'वि' पर स्थित अनुस्वार का लोप, १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३-१३७ की वृत्ति से प्रथमा विभक्ति के स्थान पर द्वितीया विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, तदनुसार ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अम्' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर प्राप्त [illegible] शब्द चउवीस में स्थित अन्त्य वर्ण 'स' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप चउवीसं सिद्ध हो जाता है।

'*पि*' अव्यय की सिद्धि सूत्र-संख्या १-४१ में की गई है।

*जिनवराः* संस्कृत का प्रथमा विभक्ति का बहुवचनान्त पुल्लिंग का रूप है। इसका प्राकृत रूप जिणवरा होता है। इसमें सूत्र-संख्या १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, [illegible] से प्राप्त प्राकृत शब्द 'जिणवर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर प्रथमा विभक्ति का बहुवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-४ से प्राप्त प्राकृत शब्द [illegible]

Lalita



हसासि संस्कृत का वर्तमान काल का द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप हससि और हससे होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ३ १४० से 'हस' धातु में वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के एक वचनार्थ में प्राकृत में क्रमसे 'सि' और 'से' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर हससि तथा हससे रूप सिद्ध हो जाते हैं।

वेपसे संस्कृत का वर्तमानकालका द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त आत्मनेपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप वेवसि और वेवसे होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ २३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-१४० से प्राप्त 'वेव' धातु में वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के एकवचनार्थ में क्रमसे 'सि' और 'से' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर वेवसि और वेवसे रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३-१४० ॥

## [illegible] मिः ॥ ३-१४१ ॥

[illegible] त्रयस्याद्यस्य वचनस्य स्थाने मिवे स्थानीयस्य मेरिकार मर । न म्रिये इत्यर्थः ॥

[illegible] के ) एक वचन में वर्तमानकाल में प्रयुक्त [illegible] के स्थान पर प्राकृत मे 'मि' प्रत्यय की [illegible] मि=हसामि=मैं हंसता हूँ अथवा मैं हंसती [illegible] नम् सूत्र के अधिकार से प्राकृतीय प्राप्त [illegible] जाया करता है, तदनुसार लोप हुए स्वर 'इ' [illegible] १-२३ के अनुसार अनुस्वार हो जाता है।

उदाहरण इस [illegible] मि=हे बहु जाणय ! रूसिउं सक्कं = हे बहु-ज्ञानी ! मैं रोष करने के लिए समर्थ हूँ। इस उदाहरण [illegible] शक्नोमि के स्थान पर सक्कं की प्राप्ति हुई है, जो यह प्रदर्शित करता है कि प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' के स्थान पर प्रत्ययस्थ 'इ' स्वर का लोप होकर शेष प्रत्यय रूप हलन्त 'म्' का अनुस्वार हो गया है। आत्मनेपदीय धातु का उदाहरण इस प्रकार है -न म्रिये = न मर =मैं नहीं मरता हूं अथवा मैं नहीं मरती हूँ, यहां पर प्राकृत में मरामि के स्थान पर प्राप्त रूप 'मर' यह निर्देश करता है कि 'मि' प्रत्यय के स्थान पर उपरोक्त विधानानुसार हलन्त 'म्' की ही प्रत्यय रूप से प्राप्ति हुई है। यों अन्यत्र भी समझ लेना चाहिये।

हसामि संस्कृत का वर्तमानकाल का तृतीय पुरुष का एक वचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हसामि ही होता है। इसमें सूत्र संख्या-३-१५४ से मूल प्राकृत 'हस' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' को 'आ' की प्राप्ति और ३-१४१ से प्राप्त प्राकृतीय धातु 'हसा

भेद पाया जाता है, प्राकृत भाषा में वैसा नहीं है, तदनुसार प्राकृत-भाषा में काल-बोधक एवं पुरुष-बोधक प्रत्ययों की श्रेणी एक ही प्रकार की है, संस्कृत के समान "परस्मैपदीय और आत्मनेपदीय" इत्यादि भिन्न भिन्न श्रेणी का प्राकृत में अभाव ही जानना। इसी प्रकार से संस्कृत में जैसे दस प्रकार के लकार होते हैं, वैसे प्रकार के लकारों का भी प्राकृत में अभाव है, किन्तु प्राकृत भाषा में वर्तमान-काल, भूतकाल, भविष्यकाल आज्ञार्थक, विधि अर्थक और क्रियातिपत्ति अर्थात् लृङ् लकार यों कुल छह लकारों के रूप ही प्राकृत में पाये जाते हैं। सूत्र संख्या ३-१७८ में आज्ञार्थक लकार के लिए 'पञ्चमी' शब्द का प्रयोग किया गया है और ३-१६५ में विधिलिङ् के लिए सप्तमी शब्द का प्रयोग हुआ है।

इस सूत्र में वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एक वचन के प्रत्ययों का निर्देश किया गया है, तदनुसार संस्कृत भाषा में परस्मैपदीय और आत्मनेपदीय रूप से प्रयुक्त होने वाले प्रत्यय 'ति' और 'ते' के स्थान पर प्राकृत में "इच् = इ" और "एच्=ए" प्रत्ययों की प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है- हसति=हसइ और हसए=वह हँसता है अथवा वह हँसती है। वेपते=वेवइ और वेवए=वह काँपता है अथवा वह काँपती है। उपरोक्त "इच् और एच्" प्रत्ययों में जो हलन्त चकार लगाया गया है, उसका तात्पर्य है कि आगे सूत्र संख्या ४-३१८ में इनके सम्बन्ध में पैशाची भाषा की दृष्टि से विशेष स्थिति बतलाई जाने वाली है, इसीलिए हलन्त चकार की योजना अन्त्य रूप से करने की आवश्यकता पड़ी है।

"हसइ" क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९८ में की गई है। हसति संस्कृत का वर्तमान काल का प्रथम पुरुष का एकवचनान्त क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप हसए होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१३९ से संस्कृतीय प्रत्यय "ति" के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर हसए रूप सिद्ध हो जाता है।

वेपते संस्कृत का वर्तमानकाल का प्रथम पुरुष का एकवचनान्त आत्मनेपदीय क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप वेवइ और वेवए होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति और ३-१३९ से संस्कृतीय प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'इ' और 'ए' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों प्राकृतीय क्रियापदों के रूप वेवइ और वेवए सिद्ध हो जाते हैं। ३-१३९॥

## द्वितीयस्य सि से ॥ ३-१४०॥

त्यादीनां परस्मैपदानामात्मनेपदानां च द्वितीयस्य त्रयस्य संबन्धिन आद्यवचनस्य स्थाने सि से इत्येतावादेशौ भवतः॥ हससि। हससे। वेवसि। वेवसे॥

अर्थ:- प्राकृत भाषा में द्वितीय पुरुष के एक वचन में वर्तमान काल में प्रयुक्त होने वाले परस्मैपदीय और आत्मनेपदीय प्रत्यय 'सि', तथा 'से' के स्थान पर प्राकृत में 'सि' और 'से' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार हैं —हससि=हससि और हससे=तू हँसता है अथवा तू हँसती है। वेपसे=वेवसि और वेवसे=तू काँपता है अथवा तू काँपती है।

धातु मृ' में स्थित 'ऋ' के स्थान पर प्राकृत में 'अर' की प्राप्ति होकर प्राकृत में 'मर' अंग रूप की प्राप्ति, तत्पश्चात् ३-१४१ की वृत्ति से वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के एकवचन में संस्कृत में प्राप्तव्य आत्मनेपदीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'इ' के स्थान पर प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' का लोप होकर हलन्त रूप से प्राप्त 'म्' प्रत्यय की अनुस्वार की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त प्रत्यय 'म' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत क्रिया पद का रूप मरं सिद्ध हो जाता है। ३-१४१ ॥

## बहुष्वाद्यस्य न्ति न्ते इरे ॥ ३-१४२ ॥

त्यादीनां परस्मैपदात्मनेपदानामाद्यत्रय सम्बन्धिनो बहुषु वर्तमानस्य वचनस्य स्थाने न्ति न्ते इरे इत्यादेशा भवन्ति ॥ हसन्ति । वेवन्ति । हसिज्जन्ति । रमिज्जन्ति । गज्जन्ते खे मेहा ॥ बीहन्ते रक्खसाण च ॥ उप्पज्जन्ते कइ-हिअय-सायरे कव्व-रयणाइं ॥ दोण्णि वि न पहुप्पिरे बाहू । न प्रभवत इत्यर्थः ॥ विच्छुहिरे । विक्षुभ्यन्तीत्यर्थः ॥ क्वचिद् इरे एकत्वेपि । सूसइरे गामचिक्खल्लो । शुष्यतीत्यर्थः ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में प्रथम (पुरुष अन्य पुरुष) के बहुवचन में वर्तमान काल में प्रयुक्त होने वाले परस्मैपदीय और आत्मनेपदीय प्रत्यय 'अन्ति और 'अन्ते' के स्थान पर प्राकृत में 'न्ति, न्ते और इरे' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—हसन्ति=हसन्ति=वे हँसते हैं अथवा हँसती हैं। वेपन्ते=वेवन्ति=वे कांपते हैं अथवा वे कांपती हैं। हासयन्ति=हसिज्जन्ति=वे हँसाय जाते अथवा वे हँसाई जाती हैं। रमयन्ति=रमिज्जन्ति=वे खेलाये जाते हैं अथवा खेलायी जाती हैं। गर्जन्ति खे मेघाः=गज्जन्ते खे मेहा=बादल आकाश में गर्जना करते हैं। बिभ्यति राक्षसेभ्यः=बीहन्ते रक्खसाण=वे राक्षसों से डरते हैं अथवा डरती हैं। उत्पद्यन्ते कवि हृदय सागरे काव्य रत्नानि=उप्पज्जन्ते कइ हिअय सायरे कव्व रयणाइं कवियों के हृदय रूप समुद्र में काव्य रूप रत्न उत्पन्न होते रहते हैं। द्वौ अपि न प्रभवतः बाहू=दोण्णि वि न पहुप्पिरे बाहू=दोनों ही भुजाएँ प्रभावित नहीं होती हैं। विक्षुभ्यन्ति=विच्छुहिरे=वे घबराते हैं अथवा वे घबड़ाती हैं। वे चंचल होती हैं। इन उदाहरणों को देखने से पता चलता है कि संस्कृतीय परस्मैपदीय अथवा आत्मनेपदीय प्रत्ययों के स्थान पर वर्तमान काल प्रथम पुरुष के बहुवचन में प्राकृत में 'न्ति, न्ते और इरे' प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करती है। कहीं कहीं पर वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में प्राकृत में बहुवचनीय प्रत्यय 'इरे' की प्राप्ति भी देखी जाती है। उदाहरण इस प्रकार है—शुष्यति ग्राम कर्दमः=सूसइरे गाम चिक्खल्लो=गाँव का कीचड़ सूखता है। इस उदाहरण में संस्कृतीय क्रियापद 'शुष्यति' एकवचनात्मक है तदनुसार इसका प्राकृत रूपान्तर सूसइ अथवा सूसए होना चाहिये था, किन्तु 'सूसइरे' ऐसा रूपान्तर करके प्राकृतीय बहुवचनात्मक प्रत्यय 'इरे' की संयोजना की गई है। ऐसा प्रसंग कभी कभी ही देखा जाता है, सर्वत्र नहीं। इसे 'बहुलम्' सूत्र के अन्तर्गत ही समझना चाहिये।

में वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' के समान ही प्राकृत में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *हसामि* सिद्ध हो जाता है ।

*वेपे* संस्कृत का वर्तमानकाल का तृतीय पुरुष का एकवचनान्त आत्मनेपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है । इसका प्राकृत रूप वेवामि होता है । इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से मूल संस्कृत धातु में स्थित 'प्' के स्थान पर 'व्' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त हलन्त धातु 'वेव' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५४ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति और ३-१४१ से प्राकृतीय धातु 'वेवा' में वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय आत्मनेपदीय प्रत्यय 'इ' के स्थान पर प्राकृत में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *वेवामि* सिद्ध हो जाता है।

*हे बहु-ज्ञानक !* संस्कृत का संबोधन का एक वचनान्त पुल्लिंग विशेषण का रूप है । इसका प्राकृत रूप हे बहु जाणय ! होता है । इसमें सूत्र संख्या २-८३ से 'ज्ञ = ज + ञ' में स्थित 'ञ्' का लोप होने से 'ज्ञा' के स्थान पर प्राकृत में 'जा' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १-१७७ से 'क्' व्यंजन का लोप, १-१८० से लोप हुए व्यंजन 'क' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति और ३-३८ से संबोधन के एक वचन में प्रथमा विभक्ति के समान ही ३-२ से प्राकृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो=ओ' का अभाव होकर प्राकृतीय रूप *हे बहु-जाणय !* सिद्ध हो जाता है।

*रोपितुम्* संस्कृत का हेत्वर्थ कृदन्त का रूप है । इसका प्राकृत रूप रूसिउं होता है । इसमें सूत्र संख्या ४-२३६ से मूल संस्कृत धातु 'रुष' में स्थित ह्रस्व स्वर 'उ' को प्राकृत में दीर्घ स्वर 'ऊ' की प्राप्ति, १-२६० से 'ष्' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, १-१७७ से 'त्' व्यञ्जन का लोप और १-२३ से अन्त्य 'म' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय रूप *रूसिउं* सिद्ध हो जाता है।

*शक्नोमि* संस्कृत का वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय सकर्मक क्रियापद का रूप है । इसका प्राकृत रूप सक्कं होता है । इसमें सूत्र संख्या १-२६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ४-२३० से 'क' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति, प्राकृत में गण भेद का अभाव होने से संस्कृत धातु 'शक्' में पंचम गण द्योतक प्राप्त विकरण प्रत्यय 'नो=श्नु' का प्राकृत में अभाव, तत्पश्चात् शेष रूप से प्राप्त धातु 'सक्क' में ३-१४१ की वृत्ति से वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' में स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' का लोप होकर हलन्त रूप से प्राप्त 'म्' प्रत्यय की और १-२३ से प्राप्त हलन्त प्रत्यय 'म्' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत क्रियापद का रूप सिद्ध हो जाता है ।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६ की गई है ।

*म्रिये* संस्कृत का वर्तमान काल का तृतीय पुरुष का एक वचनान्त आत्मनेपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है । इसका प्राकृत रूप मरं होता है । इसमें सूत्र-संख्या ४-२३४ से मूल

धातु मृ' में स्थित 'ऋ' के स्थान पर प्राकृत में 'अर' की प्राप्ति होकर प्राकृत में 'मर' अग रूप की प्राप्ति, तत्पश्चात ३-१४१ की वृत्ति से वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के एकवचन में संस्कृत में प्राप्तव्य आत्मनेपदीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'इ' के स्थान पर प्राकृत मे प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' मे स्थित ह्रस्व स्वर 'इ' का लोप होकर हलन्त रूप से प्राप्त 'म्' प्रत्यय की अनुस्वार की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त हलन्त प्रत्यय 'म्' को अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत क्रियापद का रूप मरं सिद्ध हो जाता है। ३-१४१ ॥

## बहुष्वाद्यस्य न्ति न्ते इरे ॥ ३-१४२ ॥

त्यादीनां परस्मैपदात्मनेपदानामाद्यत्रय सम्बन्धिनो बहुषु वर्तमानस्य वचनस्य स्थाने न्ति न्ते इरे इत्यादेशा भवन्ति ॥ हसन्ति । वेवन्ति । हसिज्जन्ति । रमिज्जन्ति । गज्जन्ते खे मेहा ॥ बीहन्ते रक्खसाण च ॥ उप्पज्जन्ते कइ-हिअय-सायरे कव्व-रयणाइं ॥ दोण्णि वि न पहुप्पिरे बाहू । न प्रभवत इत्यर्थः ॥ विच्छुहिरे । विक्षुभ्यन्तीत्यर्थः ॥ क्वचिद् इरे एकत्वेपि । सूसइरे गामचिक्खल्लो । शुष्यतीत्यर्थः ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में प्रथम (पुरुष अन्य पुरुष) के बहुवचन मे वर्तमान काल में प्रयुक्त होने वाले परस्मैपदीय और आत्मनेपदीय प्रत्यय 'अन्ति' और 'अन्ते' के स्थान पर प्राकृत में 'न्ति, न्ते और इरे' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—हसन्ति=हसन्ति=वे हँसते हैं अथवा हँसती हैं। वेपन्ते=वेवन्ति=वे कांपते हैं अथवा वे कांपती हैं। हासयन्ति=हसिज्जन्ति=वे हँसाये जाते अथवा वे हँसाई जाती हैं। रमयन्ति=रमिज्जन्ति=वे खेलाये जाते हैं अथवा खेलायी जाती हैं। गर्जन्ति खे मेघाः=गज्जन्ते खे मेहा=बादल आकाश में गर्जना करते हैं। बिभ्यति राक्षसेभ्यः=बीहन्ते रक्खसाण=वे राक्षसों से डरते हैं अथवा डरती हैं। उत्पद्यन्ते कवि हृदय सागरे काव्य रत्नानि=उप्पज्जन्ते कइ हिअय सायरे कव्व रयणाइं कवियों के हृदय रूप समुद्र मे काव्य रूप रत्न उत्पन्न होते रहते हैं। द्वौ अपि न प्रभवतः बाहू=दोण्णि वि न पहुप्पिरे बाहू=दोनों ही भुजाएँ प्रभावित नहीं होती हैं। विक्षुभ्यन्ति=विच्छुहिरे=वे घबराते हैं अथवा वे घबराती हैं। वे चंचल होती हैं। इन उदाहरणों को देखने से पता चलता है कि संस्कृतीय परस्मैपदीय अथवा आत्मनेपदीय प्रत्ययों के स्थान पर वर्तमान काल प्रथम पुरुष के बहुवचन में प्राकृत में 'न्ति, न्ते और इरे' प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करती है। कहीं कहीं पर वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में प्राकृत में बहुवचनीय प्रत्यय 'इरे' की प्राप्ति भी देखी जाती है। उदाहरण इस प्रकार है—शुष्यति ग्राम कर्दम=सूसइरे गाम चिक्खल्लो=गाँव का कीचड़ सूखता है। इस उदाहरण में संस्कृतीय क्रियापद 'शुष्यति' एकवचनात्मक है तदनुसार इसका प्राकृत रूपान्तर सूसइ अथवा सूसए होना चाहिये था, किन्तु 'सूसइरे' ऐसा रूपान्तर करके प्राकृतीय बहुवचनात्मक प्रत्यय 'इरे' की संयोजना की गई है। ऐसा प्रसंग कभी कभी ही देखा जाता है, सर्वत्र नहीं। इसे 'बहुलम्' सूत्र के अन्तर्गत ही समझना चाहिये।

*हसन्ति* संस्कृत का वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष का बहुवचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप भी हसन्ति ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१४२ से प्राकृत धातु में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हसन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

*वेपन्ते* संस्कृत का वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष का बहुवचनान्त आत्मनेपदीय अकर्मक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप वेवन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या १-२३१ से मूल धातु 'वेप' में स्थित 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्राप्तांग 'वेव' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में संस्कृत में आत्मनेपदीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अन्ते=न्ते' के स्थान पर प्राकृत में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *वेवन्ति* सिद्ध हो जाता है।

*हास्यन्ते* संस्कृत का वर्तमान काल का प्रथम पुरुष रूप बहुवचनान्त भावि अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप हसिज्जन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६० से मूल धातु हस में भाव विधि अर्थ में 'इज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१० से हस' धातु में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के आगे प्राप्त प्रत्यय 'इज्ज' की इ' होने से लोप, १-४ से हलन्त 'हस' के साथ में आगे रहे हुए प्रत्यय रूप 'इज्ज' की संधि होकर 'हसिज्ज' अंग की प्राप्ति और ३-१४२ से प्राप्तांग 'हसिज्ज' में वर्तमान काल के बहुवचनात्मक प्रथम पुरुष में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हसिज्जन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

*रम्यन्ते* संस्कृत का वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष का बहुवचनान्त भाव विधि द्योतक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप रमिज्जन्ति होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१६० से मूल धातु रम में भाव विधि द्योतक 'इज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१० से 'रम' धातु में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के आगे प्राप्त प्रत्यय 'इज्ज' की 'इ' होने से लोप, १-४ से हलन्त 'रम्' के साथ में आगे रहे हुए प्रत्यय रूप 'इज्ज' की संधि होकर रमिज्ज' अंग की प्राप्ति और ३-१४२ से प्राप्तांग 'रमिज्ज' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *रमिज्जन्ति* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'गज्जन्ते' 'खे'* और *'मेहा'* तीनों रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या १-१८७ में की गई है।

*बिभ्यति* संस्कृत का वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचनात्मक अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप बीहन्ते होता है। इसमें सूत्र-संख्या-४-५३ से भय-अर्थक संस्कृत-धातु 'भी' के स्थान पर प्राकृत में 'बीह' धातु-रूप की आदेश-प्राप्ति और ३-१४२ से प्राप्तांग 'बीह' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में 'न्ते' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *बीहन्ते* रूप सिद्ध हो जाता है।

*राक्षसेभ्यः* संस्कृत का पञ्चमी विभक्ति का बहुवचनान्त पुंल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप रक्खसाहिन्तो है। इसमें सूत्र-संख्या १-८४ से 'रा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, २-३ से 'क्ष' के स्थान पर 'ख' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ख' को द्वित्व 'ख् ख' की प्राप्ति, २-९० से

...त पूर्व 'ख' के स्थान पर 'क्' की प्राप्ति, ३-१३४ की वृत्ति से संस्कृतीय पद में स्थित पञ्चमी विभक्ति ...स्थान पर प्राकृत में षष्ठी विभक्ति का प्रयोग करने की आदेश-प्राप्ति, तदनुसार ३-१२ से प्राप्तांग ...क्खस में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के आगे षष्ठी विभक्ति के बहुवचन-बोधक प्रत्यय का सद्भाव ...ने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति, यों प्राप्तांग 'रक्खसा' में ३-६ से उपरोक्त विधानानुसार षष्ठी विभक्ति ... बहुवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर प्राकृत में 'ण' प्रत्यय की प्राप्ति, और ...-२७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत-रूप *रक्खसाणं* सिद्ध हो जाता है।

*उत्पद्यन्ते* संस्कृत का वर्तमानकाल का प्रथम पुरुष का बहुवचनान्त अकर्मक क्रियापद ...का रूप है। इसका प्राकृत रूप उप्पज्जन्ते होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७७ से प्रथम हलन्त व्यञ्जन ...त्' का लोप, २-८९ से लोप हुए हलन्त व्यञ्जन 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'प' को द्वित्व 'प्प' की प्राप्ति ...२४ से संयुक्त व्यञ्जन 'द्य' को 'ज' की प्राप्ति, २-८९ से प्राप्त 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ...१४२ से प्राप्तांग 'उप्पज्ज' में वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के बहुवचन में 'न्ते' प्रत्यय की प्राप्ति ...होकर प्राकृत क्रियापद का रूप *उप्पज्जन्ते* सिद्ध हो जाता है।

*कवि हृदय सागरे* संस्कृत का समासात्मक सप्तमी विभक्ति का एकवचनान्त पुल्लिंग रूप है। इसका प्राकृत रूप 'कइहिअय सायरे' होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से 'व' का लोप, १-१२८ से 'ऋ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'द्' का लोप, १-१७७ से 'ग्' का लोप, १-१८० से लोप हुए 'ग' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, यों प्राप्तांग 'कइ हिअय सायर' में ३-११ से सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि = इ' के स्थान पर प्राकृत में 'डे' प्रत्यय की प्राप्ति, प्राप्त प्रत्यय 'डे' में हलन्त 'ड्' इत्संज्ञक होने से प्राप्तांग मूल शब्द 'कइ हिअय सायर' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' का लोप होकर शेष हलन्त अंग में उपरोक्त 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत सप्तम्यन्त रूप *कइ हिअय सायरे* सिद्ध हो जाता है।

*काव्य रत्नानि* संस्कृत का समासात्मक प्रथमा विभक्ति का बहुवचनान्त नपुंसक लिंगात्मक संज्ञा का रूप है। इसका प्राकृत रूप कव्व-रयणाइं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'का' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, २-७८ से 'य्' का लोप, २-८९ से लोप हुए 'य्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'व' को द्वित्व 'व्व' की, २-७७ से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, २-१०१ से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'न' के पूर्व में 'अ' की आगम रूप प्राप्ति, १-१८० से आगम रूप से प्राप्त 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, यों प्राप्तांग 'कव्व-रयण' में ३-२६ से प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में नपुंसक लिंग में अन्त्य ह्रस्व स्वर को दीर्घ स्वर की प्राप्ति होते हुए संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर प्राकृत में 'इं' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत पद *कव्व-रयणाइं* सिद्ध हो जाता है।

*'दोण्णि'* संख्यात्मक विशेषण पद की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१२० में की गई है।

लोप, ३ १४२ की वृत्ति के आधार से मूल संस्कृत शब्द 'कदम' के स्थान पर देशज भाषामें 'चिक्खल्ल' शब्द की आदेश प्राप्ति, ३ २ से प्राप्त देशज शब्द गाम चिक्खल्ल'में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुँल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर देशज प्राकृत पद 'गाम चिक्खल्लो' सिद्ध हो जाता है। ३-१४२ ॥

## मध्यमस्येत्था-हचौ ॥ ३-१४३ ॥

त्यादीनां परस्मैपदात्मनेपदानां मध्यमस्य त्रयस्य बहुषु वर्तमानस्य स्थाने इत्था हच् इत्येतावादेशौ भवतः ॥ हसित्था । हसह । वेवित्था । वेवह । बाहुलकादित्थान्यत्रापि । यद्यत्ते रोचते । जं जं ते रोइत्था । हच् इति चकारः इह-हचोर्हस्य (४-२६८) इत्यत्र विशेषणार्थः ॥

*अर्थ*—संस्कृत धातुओं में वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष के द्विवचनार्थ में तथा बहुवचनार्थ में परस्मैपदीय धातुओं में क्रम से संयोजित होने वाले प्रत्यय 'थस्' तथा 'थ' के स्थान पर और आत्मनेपदीय धातुओं में क्रम से संयोजित होने वाले प्रत्यय 'इथे' और 'ध्वे' के स्थान पर प्राकृत में 'इत्था' और 'हच्=ह' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है—हसथ =हसित्था और हसह=तुम दोनों हँसते हो, अथवा तुम दोनों हँसती हो। हसथ=हसित्था और हसह=तुम हँसते हो अथवा तुम हँसती हो। वेपेथे=वेवित्था और वेवह=तुम दोनों काँपते हो अथवा तुम दोनों काँपती हो। वेपध्वे=वेवित्था और वेवह=तुम (सब) काँपते हो अथवा तुम (सब) काँपती हो। 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से 'इत्था' प्रत्यय का प्रयोग द्वितीय पुरुष के अतिरिक्त अन्य पुरुष के अर्थ में भी प्रयुक्त होता हुआ देखा जाता है। जैसे—यत् यत् ते रोचते=जं जं ते रोइत्था=जो जो तुम्हें रुचता है, इत्यादि। यहाँ पर संस्कृतीय क्रियापद रोचते में वर्तमान कालीन प्रथम पुरुष का एकवचन उपस्थित है, जबकि इसी के प्राकृत रूपान्तर रोइत्था में द्वितीय पुरुष के बहुवचन का प्रत्यय 'इत्था' प्रदान किया गया है। यों वर्तमान कालीन द्वितीय पुरुष के बहुवचन में प्रयुक्त होने वाले प्रत्यय 'इत्था' के प्रयोग की अनियमितता कभी कभी एवं कहीं कहीं पर पाई जाती है। उपरोक्त 'ह' प्रत्यय के साथ में जो 'चकार' जोड़ा गया है, उसका तात्पर्य यह है कि आगे सूत्र संख्या ४-२६८ से इह हचोर्हस्य सूत्र का निर्माण किया जाकर इस 'ह' प्रत्यय के संबंध में शौरसेनी भाषा में होने वाले परिवर्तन को प्रदर्शित किया जायगा। अतएव 'सूत्र रचना' करने की दृष्टि से 'ह' प्रत्यय के अन्त में हलन्त 'च्' की संयोजना की गई है।

*हसथ* तथा *हसथ* संस्कृत के वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष के क्रम से द्विवचन और बहुवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप दोनों वचनों में समान रूप से ही हसित्था एवं हसह होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, १ १० से हस धातु के अन्त्य स्वर 'अ' के आगे प्राप्त प्रत्यय 'इत्था' की 'इ' का सद्भाव

-वनस्य स्थाने मो मु म इत्येते आदेशा भवन्ति ॥ हसामो । हसामु । हसाम । तुवरामो । -वरामु । तुवराम ॥

अर्थ—संस्कृत धातुओं मे वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के द्विवचनार्थ म तथा बहुवचनार्थ में परस्मैपदीय धातुओं में क्रम से संयोजित होने वाले प्रत्यय 'वस्' और 'मस्' के स्थान पर तथा आत्मनेपदीय धातुओं मे क्रम से संयोजित होने वाले प्रत्यय 'वहे' एव महे' के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से 'मो, मु, और म' में से किसी भी एक प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है—हसाव और हसाम =हसामो अथवा हसामु अथवा हसाम=हम दोनों अथवा हम (सब) हँसते हैं या हँसती है। त्वरावहे और त्वरामहे=तुवरामो अथवा तुवरामु अथवा तुवराम=हम दोनों अथवा हम (सब) शीघ्रता करते हैं या शीघ्रता करती हैं।

*हसाव* और *हसाम* संस्कृत के वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के क्रम से द्विवचन के और बहु वचन क परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप दोनों वचनो म समान रूप से ही हसामो, हसामु और हसाम होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३ १५५ से प्राकृत धातु 'हस' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहुवचन का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, यों प्राप्तांग 'हसा' में ३-१४४ से वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के द्विवचनार्थ मे एव बहुवचनार्थ मे संस्कृत में क्रम से प्राप्तव्य प्रत्यय 'वस' और 'मस' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'मो मु, म' प्रत्ययो की प्राप्ति होकर क्रम से द्विवचनीय अथवा बहुवचनीय प्राकृत रूप *हसामो*, *हसामु* और *हसाम* सिद्ध हो जाते है।

*त्वरावहे* और *त्वरामहे* संस्कृत के वर्तमान काल के तृतीय पुरुष के क्रम से द्विवचन और बहु वचन के आत्मनेपदीय अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप दोनों वचनों में समान रूप से ही तुवरामो, तुवरामु और तुवराम होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४ १७० से संस्कृतीय मूल धातु 'त्वर' के स्थान पर प्राकृत में तुवर' रूप की आदेश-प्राप्ति, ४ २३९ से प्राप्त प्राकृत हलन्त धातु 'तुवर' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३ १५५ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, ३-१३० से द्विवचन के स्थान पर बहु वचन का प्रयोग करने की आदेश प्राप्ति, यों प्राप्तांग धातु 'तुवरा' में ३-१४४ से वर्तमानकाल तृतीय पुरुष के द्विवचार्थ एव बहुवचनार्थ में संस्कृत में क्रम से प्राप्तव्य प्रत्यय 'वहे' और 'महे' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'मो मु, म' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से द्विवचनीय अथवा बहुवचनीय प्राकृत-रूप *तुवरामो*, *तुवरामु*, और *तुवराम* सिद्ध हो जाते हैं। ३ १४४ ॥

## अत एवैच् से ॥ ३-१४५ ॥

त्यादे स्थाने यौ एच् से इत्येतावादेशौ उक्तौ तावकारान्तादेव भवतो नान्यस्मात्॥

यों का प्रयोग किया जा सकता है। 'ए और से' का नहीं। अकारान्त धातुओं के उदाहरण इस र हैं —हसति=हसइ = वह हँसता है अथवा वह हँसती है। हससि=हससि=तू हँसता है अथवा सती है। वेपते=वेवइ=वह कांपता है अथवा वह कांपती है। वेपसे=वेवसि=तू कांपता है अथवा कांपती है। इत्यादि।

'हसए' (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१३९ में की गई है।

'हससे' (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१४० में की गई है।

*त्वरते* संस्कृत का वर्तमान काल का प्रथम पुरुष का एकवचनान्त आत्मनेपदीय अकर्मक यापद का रूप है। इसका प्राकृतीय रूप तुवरए होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१७० से संस्कृतीय 'त्वर' के स्थान पर प्राकृत में 'तुवर्' रूप की आदेश प्राप्ति, ४-२३९ से वर्तमान काल के प्रथम प के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृतीय आत्मनेपदीय प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की त होकर तुवरए रूप सिद्ध हो जाता है।

*त्वरसे* संस्कृत का वर्तमान काल का द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त आत्मनेपदीय अकर्मक यापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप तुवरसे होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१७० से 'त्वर्' के स्थान 'तुवर्' की आदेश प्राप्ति, ४-२३९ से 'तुवर्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१४० से मान काल के द्वितीय पुरुष के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृतीय-आत्मनेपदीय प्रत्यय 'से' के स्थान प्राकृत में भी 'से' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तुवरसे रूप सिद्ध हो जाता है।

*करोति* संस्कृत का वर्तमानकाल का प्रथम पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय सकर्मक क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप करए होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३४ से मूल संस्कृत धातु 'कृ' में पत अन्त्य 'ऋ' के स्थान पर 'अर' आदेश की प्राप्ति होकर अंग रूप से 'कर' की प्राप्ति और ३-१३९ वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृतीय परस्मैपदीय प्रत्यय 'ति' के स्थान र प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर करए रूप सिद्ध हो जाता है।

*करोषि* संस्कृत का वर्तमानकाल का द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय सकर्मक क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप करसे होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३४ से संस्कृत धातु 'कृ' के स्थान र प्राकृत में 'कर' रूप की प्राप्ति और ३-१४० से प्राप्तांग धातु 'कर' में वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष एक वचन में प्राकृत में 'से' प्रत्यय की प्राप्ति होकर करसे रूप सिद्ध हो जाता है।

ठाइ (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९९ में की गई है।

*तिष्ठसि* संस्कृत का वर्तमान काल का द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप ठासि होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-१६ से मूल संस्कृत धातु

*अर्थ*-संस्कृत में 'अस' = होना ऐसी एक धातु है जिसको वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष के एक वचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' का संयोजना होने पर 'असि' रूप बनता है। इस संस्कृतीय प्राप्तव्य 'असि' = (तू है =) के स्थान पर प्राकृत में उक्त वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष के एक वचन में सूत्र-संख्या ३-१४० से प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' और 'से' में से जब 'सि' प्रत्यय की संयोजना हो रही हो तो उस समय में 'अस् + सि' में से 'अस्' का लोप होकर शेष प्राप्त रूप 'सि' ही उक्त 'असि' रूप के स्थान पर प्राकृत में प्रयुक्त होता है। उदाहरण इस प्रकार है-निट्ठुरो यत् असि=निट्ठुरो ज सि = (अरे)! तू निष्ठुर है। यहां पर संस्कृतीय धातु 'असि' के स्थान पर प्राकृत में 'सि' रूप की आदेश प्राप्ति प्रदर्शित की गई है।

*प्रश्न*—मूल सूत्र में 'सि' ऐसा निश्चयात्मक उल्लेख क्यों किया गया है ?

*उत्तर*—वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के एकवचन में सूत्र-संख्या ३-१४० के अनुसार प्राकृतीय धातुओं में 'सि' और 'से' यों दो प्रकार के प्रत्ययों की संयोजना होती है। तदनुसार जब 'अस्' धातु में 'सि' प्रत्यय की संयोजना होगी, तभी 'अस् + सि' के स्थान पर प्राकृत में 'सि' रूप की आदेश-प्राप्ति होगी, अन्यथा नहीं। यदि 'अस्' धातु में उक्त 'सि' प्रत्यय की संयोजना नहीं करके 'से' प्रत्यय की संयोजना की जायगी तो उस समय में सूत्र संख्या ३ १४८ के अनुसार संस्कृत रूप 'अस + सि'=प्राकृत रूप 'अस + से' के स्थान पर प्राकृत में 'अत्थि' रूप की आदेश प्राप्ति होगी। यों 'सि' से सम्बन्धित विशेषता को प्रदर्शित करने के लिये ही मूल सूत्र में 'सि' का उल्लेख किया गया है। उदाहरण इस प्रकार है—त्वमसि= अत्थि तुमं= तू है। यहाँ पर 'असि' के स्थान पर 'सि' रूप की आदेश प्राप्ति नहीं करके 'अत्थि' रूप का प्रदर्शन किया गया है, इसका कारण प्राकृतीय प्रत्यय 'सि' का प्रयोग नहीं किया जाकर 'से' का प्रयोग किया जाना ही है। यों अन्यत्र भी ध्यान में रखना चाहिये।

*'निट्ठुरो'* रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या १ २५४ में की गई है।

'ज' (सर्वनाम) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ २४ में की गई है।

*असि* संस्कृत का वर्तमानकाल का द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप 'सि' होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १४६ से सम्पूर्ण संस्कृतीयपद 'असि' के स्थान पर प्राकृत में वर्तमान काल के द्वितीय पुरुष के एक वचनार्थ में सूत्र संख्या ३-१४० के आदेशानुसार 'सि' और 'से' प्रत्ययों में से 'सि' प्रत्यय की 'अस्' धातु में संयोजना करने पर प्राकृत में केवल 'सि' आदेश प्राप्ति होकर 'सि' रूप सिद्ध हो जाता है।

*असि* संस्कृत का वर्तमानकाल का द्वितीय पुरुष का एकवचनान्त अकर्मक क्रियापद रूप है। इसका प्राकृत रूप अत्थि होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १४८ से सम्पूर्ण संस्कृतीय क्रियापद 'असि' के स्थान पर सूत्र संख्या ३ १४० के निर्देशानुसार एवं ३ १४३ की वृत्ति के आधारानुसार प्राकृतीय प्रत्यय 'से' की संयोजना होने पर अत्थि रूप सिद्ध हो जाता है।

अस्म अस्मि=पह अत्थि=मैं हूं, वयम् स्म =अम्हे अत्थि = हम हैं, वयम् स्म = अम्हा अत्थि = हम हैं। यों अस्मि और स्म' के स्थान पर सूत्र संख्या ३-१४८ के आदेशानुसार 'अत्थि' पद की आदेश प्राप्ति का सद्भाव होता है।

शंका —पहले सूत्र संख्या २-७४ में आपने बतलाया है कि 'पद्म शब्द के संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर तथा 'श्म, ष्म, स्म और ह्म' के स्थान पर प्राकृत में 'म्ह' रूप की आदेश प्राप्ति होती है' तद्नुसार 'अस्मि' क्रियापद में और 'स्म' क्रियापद में स्थित पदांश 'स्म' के स्थान पर 'म्ह' आदेश प्राप्त होकर इष्ट पदांश म्ह' की प्राप्ति हो जाती है, तो ऐसी अवस्था में इस सूत्र संख्या ३-१४७ को निर्माण करने की कौन सी आवश्यकता रह जाती है ?

उत्तर —यह सत्य है, परन्तु जहाँ विभक्तियों के संबंध में विधि विधानों का निर्माण किया जा रहा हो, वहाँ पर प्राय साध्यमान अवस्था ही ( सिद्ध की जाने वाली अवस्था हो ) अंगीकृत की जाती है। यदि विभक्तियों से सम्बन्धित विधि विधानों का निश्चयात्मक विधान निर्माण नहीं करके केवल व्यञ्जन एवं स्वर वर्णों के विकार से तथा परिवर्तन से सम्बन्धित नियमों पर ही अवलम्बित रह जायेंगे तो प्राकृत भाषा में जो विभक्ति बोधक स्वरूप संस्कृत के समान ही पाये जाते हैं, उनके विषय में भी अव्यवस्था जैसी स्थिति उत्पन्न हो जायगी, जैसे कि कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं —वृक्षेन=वच्छेण, वृक्षेषु=वच्छेसु, सर्वे=स व्वे, ये=जे, ते=ते, के=के, इत्यादि, इन विभक्तियुक्त पदों की साधनिका प्रथम एवम् द्वितीय पादों में वर्णित वर्ण विकार से सम्बन्धित नियमों द्वारा भली भांति की जा सकती है, परन्तु ऐसी स्थिति में भी तृतीय पाद में इन पदों में पाये जाने वाले प्रत्ययों के लिये स्वतन्त्र रूप से विधि विधानों का निर्माण किया गया है, जैसे वच्छेण पद में सूत्र संख्या ३-६ और ३-१४ का प्रयोग किया जाता है, वच्छेसु पद में सूत्र संख्या ३-१५ का उपयोग होता है, 'सव्वे, जे, ते, के' पदों में सूत्र संख्या ३-५८ का आधार है, यों यह निष्कर्ष निकलता है कि केवल वर्ण विकार एवं वर्ण परिवर्तन से सम्बन्धित नियमोपनियमों पर ही अवलम्बित नहीं रहकर विभक्ति से सम्बन्धित विधियों के सम्बन्ध में सर्वथा नूतन तथा पृथक नियमों का ही निर्माण किया जाना चाहिये, अतएव आपकी उपरोक्त शंका अर्थ शून्य ही है। यदि आपकी शंका को सत्य माने तो विभक्ति-स्वरूप बोधक सूत्रों का निर्माण 'अनारम्भणीय रूप हो जायगा, जो कि अनिष्टकर एवं विघातक प्रमाणित होगा। ग्रन्थकार द्वारा वृत्ति में प्रदर्शित मन्तव्य का ऐसा तात्पर्य है।

'एस' ( सर्वनाम ) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-३१ में की गई है।

*अस्मि* संस्कृत का वर्तमानकाल का तृतीय पुरुष का एकवचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप म्हि होता है। इस में सूत्र संख्या ३-१४१ से वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन में 'अस् धातु में प्राकृतीय प्रत्यय 'मि' की प्राप्ति और ३-१४७ से प्राप्त रूप 'अस्+मि' के स्थान पर 'म्हि' रूप की सिद्धि हो जाती है।

'पच्छेतु' (प्राकृत पद) की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१५ में की गई है।

'सच्चे' 'जे' 'ते' और 'के' चारों रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५८ में की गई है। ३-१४७॥

## अत्थिस्त्यादिना ॥ ३-१४८ ॥

**अस्तेः स्थाने स्यादिभिः सह अत्थि इत्यादेशो भवति ॥ अत्थि सो । अत्थि ते । त्थि तुम । अत्थि तुम्हे । अत्थि अहं । अत्थि अम्हे ॥**

*अर्थ*—संस्कृत धातु 'अस' के प्राकृत-रूपान्तर में वर्तमानकाल के एकवचन के और बहुवचन के तीनों पुरुषों के प्रत्ययों की संयोजना होने पर तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में उक्त धातु 'अस्' तथा प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर समान रूप से एक ही रूप 'अत्थि' की आदेश प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार है —(१) स अस्ति=सो अत्थि=वह है, (२) तौ स्तः अथवा ते सन्ति=ते अत्थि=वे दोनों अथवा वे (सब) हैं, (३) त्वमसि=तुम अत्थि=तू है, (४) युवाम् स्थ अथवा यूयम् स्थ=तुम्हे अत्थि=तुम दोनों अथवा तुम (सब) हो, (५) अहम् अस्मि=अहं अत्थि=मैं हूँ और (६) आवाम् स्व अथवा वयम् स्म =अम्हे अत्थि=हम दोनों अथवा हम (सब) हैं। यों 'अस' धातु के वर्तमानकाल के तीनों पुरुषों में और दोनों वचनों में सूत्र-संख्या ३-१४६, १४७ १४८ के अनुसार प्राकृत भाषा में निम्न प्रकार से रूप होते हैं —

| पुरुष | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| प्रथम | अत्थि | अत्थि |
| द्वितीय | सि और अत्थि | अत्थि |
| तृतीय | म्हि और अत्थि | म्हो, म्ह और अत्थि |

इस प्रकार 'अस्' धातु के प्राकृत भाषा से आदेश प्राप्त रूप पाये जाते हैं, और केवल आदेश प्राप्त एक रूप 'अत्थि' ही तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में समान रूप से प्रयुक्त होकर इष्ट तात्पर्य को प्रदर्शित कर देता है।

'अस्ति=अत्थि' (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-४१ में की गई है।

'सो' (सर्वनाम पद) की सिद्धि सूत्र संख्या-३-८६ में की गई है।

सन्ति (और स्तः) संस्कृत के वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के बहुवचनान्त (और द्विवचनान्त क्रम से) परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन दोनों का प्राकृत रूप अत्थि ही होता है। इसमें सूत्र संख्या ३-१४८ से दोनों रूपों के स्थान पर 'अत्थि' रूप सिद्ध हो जाता है।

'असि=अत्थि' (क्रियापद) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१४६ में की गई है।

विवेचना आगे के सूत्रों में की जावेगी। प्रेरणार्थक क्रियाओं के कुछ सामान्य उदाहरण इस प्रकार हैं — दर्शयति=दरिसेइ=वह दिखलाता है। कारयति = कारेइ, करावइ, करावेइ = वह कराता है। हासयति = हासेइ, हसावइ, हसावेइ = वह हँसाता है। उपशामयति = उवसामेइ, उवसमावइ, उवसमावेइ = वह शांत कराता है। 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से किसी किसी समय में और किसी किसी धातु में उपरोक्त एत्=ए' प्रत्यय की संयोजना नहीं भी होती है। जैसे — ज्ञापयति=जाणावेइ = वह बतलाता है। यहाँ पर ज्ञापयति' के स्थान पर 'जाणेइ' रूप का प्रेरणार्थक में निषेध कर दिया गया है। कहीं कहीं पर 'आवे' प्रत्यय की भी प्राप्ति नहीं होती है। जैसे — पाययति=पाएइ = वह पिलाता है। यहाँ पर 'पाययति' के स्थान पर 'पावेइ' रूप का निषेध ही जानना। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है — भावयति = भावेइ वह चिंतन करता है। यहाँ पर संस्कृत रूप 'भावयति' के स्थान पर प्राकृत में 'भावावेइ' रूप के निर्माण का अभाव ही जानना चाहिये। इसी प्रकार से प्रेरणार्थक क्रियाओं की विशेष विशेषताएँ आगे के सूत्रों में और भी अधिक बतलाई जाने वाली हैं।

*दर्शयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप दरिसेइ होता है। इसमें सूत्र संख्या- -१०५ से रेफ रूप हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १-२६० से 'श' के स्थान पर स' की प्राप्ति, ३ १४९ से प्रेरणार्थक-क्रिया-बोधक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'अत्=अ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु दरिस' में वर्तमान-काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रेरणार्थक-क्रिया बोधक प्राकृतीय धातु रूप दरिसेइ सिद्ध हो जाता है।

*कारयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत रूप कारेइ, करावइ, और करावेइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या-३-१५३ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में स्थित आदि ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रेरणार्थक-क्रिया बोधक-प्रत्यय 'अत्' अथवा 'एत्' का लोप होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त प्रेरणार्थक धातु अंग 'कार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे वर्तमानकाल बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु 'कारे' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप कारेइ सिद्ध हो जाता है।

करावइ एवं करावेइ में सूत्र संख्या ३ १४९ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से आव और आवे' प्रत्यय की प्राप्ति, १-५ से मूल धातु 'कर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के साथ में आगत प्रत्यय 'आव एवं आवे' में स्थित आदि दीर्घ स्वर 'आ' की संधि होकर अंगरूप 'कराव और करावे' की प्राप्ति और ३ १३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु अंगों में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय और तृतीय रूप क्रम से करावइ और करावेइ दोनों ही सिद्ध हो जाते हैं।

ते (सर्वनाम) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-५८ में की गई है।

'तुम' (सर्वनाम) रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१४६ में की गई है।

'स्थ और स्थ' संस्कृत के वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के क्रम से द्विवचनान्त तथा बहुवचनान्त परस्मैपदीय अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनका प्राकृत रूप 'अत्थि' होता है। इसमें सूत्र-संख्या ३-१४८ से दोनों रूपों के स्थान पर 'अत्थि' रूप सिद्ध हो जाता है।

तुम्हे' (सर्वनाम) रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-९१ में की गई है।

'अस्मि = अत्थि' रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या ३-१४७ में की गई है।

'अहं' (सर्वनाम) रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१०५ में की गई है।

'स्म (और स्व) = 'अत्थि' रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१४७ में की गई है।

'अम्हे' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१०६ में की गई है। ३-१४८ ॥

## णेरदेदावावे ॥ ३-१४९ ॥

णेः स्थाने अत् एत् आव आवे एते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ दरिसइ । कारेइ । कराइ । करावेइ ॥ हासेइ । हसावइ । हसावेइ ॥ उवसामेइ । उवसमावइ । उवसमावेइ ॥ बहुलाधिकारात् क्वचिदेन्नास्ति । जाणावेइ ॥ क्वचिद् आव नास्ति । पाएइ । भावेइ ॥

*अर्थ*—इस सूत्र से प्रारम्भ करके आगे १५२ वें सूत्र तक प्रेरणार्थक क्रिया का विवरण दिया जा रहा है। जहाँ पर किसी की प्रेरणा से कोई काम हुआ हो वहाँ प्रेरणा करने वाले का ज्ञान बताने के लिए प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग होता है। संस्कृत भाषा में प्रेरणा अर्थ में धातु में 'णिच् = अय' प्रत्यय जोड़ा जाता है, इसलिये इस क्रिया को 'णिजन्त' भी कहते हैं। प्राकृत भाषा में प्रेरणार्थक क्रिया का रूप बनाना हो तो प्राकृत धातु के मूल रूप में सर्व प्रथम संस्कृतीय प्रत्यय 'अय' के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'अत्, एत्, आव और आवे' प्रत्ययों में से कोई भी एक प्रत्यय जोड़ने से वह धातु प्रेरणार्थ क्रियावाली बन जायगी, तत्पश्चात् प्राप्त रूप धातु में जिस काल का प्रत्यय जोड़ना चाहें उस काल का प्रत्यय जोड़ा जा सकता है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'अत् और एत्' में अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त्' की इत्संज्ञा होकर वह लोप हो जाता है। इस प्रकार किसी भी धातु में काल-बोधक प्रत्ययों के पूर्व में 'अ, ए, आव और आवे' में से कोई भी एक णिजन्त बोधक प्रत्यय प्राप्त प्रत्यय जोड़ने से उस धातु का अंग प्रेरक अर्थ में तैयार हो जाता है। इस सम्बन्ध में विविध नि-

विवेचना आगे के सूत्रों में की जावेगी। प्रेरणार्थक क्रियाओं के कुछ सामान्य उदाहरण इस प्रकार है — दर्शयति=दरिसई=वह दिखलाता है। कारयति = कारेइ, करावई, करावेइ=वह कराता है। हासयति = हासेइ, हसावइ, हसावेइ=वह हँसाता है। उपशामयति = उवसामेइ, उवसमावइ, उवसमावेइ = वह शांत कराता है। 'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से किसी किसी समय में और किसी किसी धातु में उपरोक्त 'एत्=ए' प्रत्यय की संयोजना नहीं भी होती है। जैसे —ज्ञापयति=जाणावेइ = वह बतलाता है। यहाँ पर 'ज्ञापयति' के स्थान पर 'जाणेइ' रूप का प्रेरणार्थक में निषेध कर दिया गया है। कहीं कहीं पर 'आवे' प्रत्यय की भी प्राप्ति नहीं होती है। जैसे —पाययति=पाएइ = वह पिलाता है। यहाँ पर 'पाययति' के स्थान पर 'पावेइ' रूप का निषेध ही जानना। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है —भावयति = भावेइ वह चिंतन करता है। यहाँ पर संस्कृत रूप 'भावयति' के स्थान पर प्राकृत में 'भावावेइ' रूप के निर्माण का अभाव ही जानना चाहिये। इसी प्रकार से प्रेरणार्थक क्रियाओं की विशेष विशेषताएँ आगे के सूत्रों में और भी अधिक बतलाई जाने वाली हैं।

*दर्शयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप दरिसइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या -१०५ से रेफ रूप हलन्त व्यञ्जन 'र्' में आगम रूप 'इ' की प्राप्ति, १ २६० से 'श' के स्थान पर स' की प्राप्ति, ३ १४९ से प्रेरणार्थक-क्रिया-बोधक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'अत्=अ' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु दरिस' में वर्तमान-काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रेरणार्थक-क्रिया बोधक प्राकृतीय धातु रूप *दरिसइ* सिद्ध हो जाता है।

*कारयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत रूप कारेइ, करावइ, और करावेइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या-३-१५३ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में स्थित आदि ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रेरणार्थक क्रिया बोधक प्रत्यय 'अत्' अथवा 'एत्' का लोप होने से दीर्घ स्वर 'आ' की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त प्रेरणार्थक धातु अंग 'कार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे वर्तमानकाल बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु 'कारे' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *कारेइ* सिद्ध हो जाता है।

करावइ एवं करावेइ में सूत्र-संख्या ३ १४९ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'आव और आवे' प्रत्यय की प्राप्ति, १ ५ से मूल धातु 'कर' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के साथ में आगत प्रत्यय 'आव एवं आवे' में स्थित आदि दीर्घ स्वर 'आ' की संधि होकर अंगरूप 'कराव और करावे' की प्राप्ति और ३ १३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु अंगों में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय और तृतीय रूप क्रम से *करावइ* और *करावेइ* दोनों ही सिद्ध हो जाते हैं।

*हासयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत रूप हासेइ हसावइ और हसावेइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३ १५३ से मूल प्राकृत धातु 'हस' में स्थित आदि ह्रस्व स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रेरणार्थक क्रिया बोधक प्रत्यय 'अत्' अथवा 'एत्' का लोप होने से 'आ' की प्राप्ति, ३ १५८ से प्राप्त प्रेरणार्थक धातु अंग 'हास' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर वर्तमानकाल बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से 'ए' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक धातु अंग 'हास' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *हासेइ* सिद्ध हो जाता है।

हसावइ और हसावेइ में सूत्र संख्या ३-१४९ से मूल प्राकृत-धातु 'हस' में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'आव और आवे' की प्राप्ति, १ ५ से मूल धातु 'हस' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'अ' के साथ में आगत प्रत्यय 'आव' और 'आवे' में स्थित आदि दीर्घ स्वर 'आ' की संधि होकर अंग रूप 'हसाव और हसावे' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक प्राकृत धातु अंगों में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय और तृतीय रूप *हसावइ* और *हसावेइ* दोनों ही सिद्ध हो जाते हैं।

*उपशामयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत-रूप, उवसामेइ, उवसमावइ और उवसमावेइ होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १ २३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, १ २६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३ १४९ से णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से प्रेरणार्थक प्राकृत धातु अंग 'उवसामे' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *उवसामेइ* सिद्ध हो जाता है।

उवसमावइ और उवसमावेइ में सूत्र संख्या १ २३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, १ २६० से 'श' के स्थान पर 'स' की प्राप्ति, ३ १४९ से प्राप्त प्राकृत धातु 'उवसम्' में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से दोनों रूपों में 'आव और आवे' प्रत्ययों की प्राप्ति, यों प्राप्त प्रेरणार्थक रूप उवसमाव और उवसमावे में सूत्र संख्या ३-१३९ से वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में दोनों रूपों में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप *उवसमावइ* और *उवसमावेइ* सिद्ध हो जाते हैं।

*ज्ञापयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप जाणावेइ होता है। इसमें सूत्र संख्या-४-७ से मूल संस्कृत धातु 'ज्ञा' के स्थान पर प्राकृत में 'जाण' रूप का आदेश; ३ १४९ से प्राप्त रूप 'जाण' में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'आव' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक क्रिया रूप जाणावे में

निकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय प्राप्ति होकर प्राकृतीय प्रेरणार्थक क्रिया का रूप *जाणावेइ* सिद्ध हो जाता है।

*पाययति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप पाएइ होता है। इसमें सूत्र या ३ १४९ से मूल प्राकृत धातु 'पा' में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय य' के स्थान पर प्राकृत में 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति और ३ १३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक क्रिया रूप 'पाए' में मानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' ाय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय प्रेरणार्थक क्रिया का रूप *पाएइ* सिद्ध हो जाता है।

*भावयति* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसका प्राकृत रूप भावेइ होता है। इसमें सूत्र-या-१-१० से मूल प्राकृत धातु भाव में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' का आगे णिजन्त बोधक प्रत्ययात्मक 'ए' का सद्भाव होने से लोप, ३ १४९ से प्राप्त हलन्त प्रेरणार्थक क्रिया 'भाव' में संस्कृतीय प्राप्तव्य ाय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में णिजन्त बोधक प्रत्यय 'ए' की प्राप्ति और ३ १३९ से प्राप्त प्रेरणार्थक या रूप 'भावे' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान प्राकृत में इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतीय प्रेरणार्थक क्रिया का रूप *भावेइ* सिद्ध हो ता है। ३-१४९॥

## गुर्वादेरविर्वा ॥ ३-१५० ॥

गुर्वादेर्णे: स्थाने अवि इत्यादेशो वा भवति ॥ शोषितम्। सोसविअं। सोसिअं॥ षितम्। तोसविअं। तोसिअं॥

*अर्थ*—जिन धातुओं में आदि स्वर गुरु अर्थात् दीर्घ होता है, उन धातुओं में णिजन्त अर्थ में र्थात् प्रेरणार्थक-भाव के निर्माण में उपरोक्त सूत्र संख्या ३ १४९ में वर्णित णिजन्त बोधक प्रत्यय 'अत त' आव और आवे' में से कोई भी प्रत्यय नहीं जोड़ा जाता है, किन्तु केवल एक ही प्रत्यय 'अवि' प्राप्ति वैकल्पिक रूप से हुआ करती है। तदनुसार आदि स्वर दीर्घ वाली धातुओं में णिजन्त र्थ में कभी 'अवि' प्रत्यय जुड़ता भी है और कभी किसी भी प्रकार के प्रत्यय को नहीं जोड़ करके जन्त अर्थ प्रदर्शित कर दिया जाता है। उदाहरण इस प्रकार है—शोषितम्=सोसविअं अथवा सिअं=सुखाया हुआ, तोषितम्=तोसविअं अथवा तोसिअं=सन्तुष्ट कराया हुआ। इन उदाहरणों अर्थात् सोसविअं और तोसविअं में तो णिजन्त अर्थ में 'अवि' प्रत्यय जोड़ा गया है जबकि द्वितीय में वाले 'सोसिअं और तोसिअं' में णिजन्त अर्थ में 'अवि' प्रत्यय की वैकल्पिक स्थिति वर्तमान हुए ष अभाव स्थिति प्रदर्शित करते हुए किसी भी प्रकार के णिजन्त बोधक प्रत्यय की संयोजना नहीं करके

भी इन क्रियाओं का रूप णिजन्त अर्थ सहित प्रदर्शित कर दिया गया है, यों अन्य आदिस्व.... धातुओं के सम्बन्ध में भी णिजन्त-अर्थ के सद्भाव में 'अवि' प्रत्यय की वैकल्पिक स्थिति है, समझ चाहिये तथा णिजन्त अर्थ बोधक-प्रत्य का अभाव होने पर भी ऐसी धातुओं में णिजन्त अर्थ का सद्भा जान लेना चाहिये।

*शोषितम्* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत रूप सोसविअं और सोसिअं हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या १-२६० से मूल संस्कृत धातु 'शोष्' में स्थित दोनों प्रकार के और 'ष्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्' की प्राप्ति, ३ १५० से प्राप्त रूप सोस्' में आदि स्वर दीर्घ... प्रेरणार्थक-भाव में प्राकृत में 'अवि' प्रत्यय की प्राप्ति, ४ ४४८ से भूत-कृदन्त अर्थ में संस्कृत के समान प्राकृत में भी प्राप्त रूप 'सोसवि' में 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त प्रत्यय 'त' में स हलन्त व्यञ्जन का लोप, ३-२५ से प्राप्त रूप सोसविअ में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त नपुंसक में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त 'म्' के स्थान पर पूर्व वर्ण 'अ' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय भूतकृदन्तीय एकवचनान्त प्रेरणार्थक क्रिया का प्रथम रूप *सोसविअं* सिद्ध हो जाता है।

सोसिअं में सूत्र संख्या १ २६० से मूल संस्कृत रूप शोष् में स्थित 'श और ष' के स्थान पर स की प्राप्ति, ३ १५० से प्रेरणार्थक भाव का सद्भाव होने पर भी प्रेरणार्थक प्रत्यय 'अवि' का वैकल्पिक रूप से अभाव, ४ २३९ से प्राकृतीय प्राप्त हलन्त रूप 'सोस् में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ... से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृदन्त अर्थक प्रत्यय 'त' का सद्भाव होने से ... प्राप्ति, ४ ४४८ से भूत-कृदन्त अर्थ में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त त' वर्ण म से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, यों प्राप्त रूप 'सोसिअ' म शेष साधनिका प्रथम के समान ही सूत्र संख्या ३ २५ और १ २३ से प्राप्त होकर द्वितीय रूप *सोसिअं* भी सिद्ध हो जाता है।

*तोषितम्* संस्कृत प्रेरणार्थक क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत रूप तोसविअं और तोसिअं हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या १ २६० से मूल संस्कृत धातु 'तोष्' में स्थित मूर्धन्य 'ष' के स्थान पर प्राकृत में 'स्' की प्राप्ति, ३ १५० से प्राप्त रूप 'तोस्' में आदि स्वर दीर्घ होने से प्रेरणार्थक में प्राकृत में 'अवि' प्रत्यय की प्राप्ति, ४ ४४८ से भूत-कृदन्त अर्थ म संस्कृत के समान ही प्राकृत में प्राप्त रूप 'तोसवि' में 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त वर्ण 'त' म से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, ... से प्राप्त रूप तोसविअ में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त नपुंसकलिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर पूर्व वर्ण 'अ' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतीय भूत कृदन्तीय एकवचनान्त प्रेरणार्थक क्रिया का प्रथम रूप *तोसविअं* सिद्ध हो जाता है।

तोसिअ में सूत्र संख्या १-२६० से मूल संस्कृत धातु तोष में स्थित 'ष' के स्थान पर 'स्' की प्राप्ति, ३-१५० से प्रेरणार्थक-भाव का सद्भाव होने पर भी प्रेरणार्थक प्रत्यय 'अवि' का वैकल्पिक रूप से अभाव, ४-२३९ से प्राकृतीय प्राप्त हलन्त रूप 'तोस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५६ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृदन्त अर्थक प्रत्यय 'त' का सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति, ४-४४८ से भूत कृदन्त अर्थ में संस्कृत के समान ही प्राकृत में भी 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त 'त' वर्ण में से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, यों प्राप्त रूप 'तोसिअ' में शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही सूत्र संख्या ३-२५ और १-२३ से प्राप्त होकर द्वितीय रूप *तोसिअं* भी सिद्ध हो जाता है। ३-१५०॥

# भ्रमे राडो वा ॥ ३-१५१॥

भ्रमेः परस्य णेराड आदेशो वा भवति ॥ भमाडइ । भमाडेइ । पक्षे । भामेइ । भामइ । भमावेइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा की धातु भ्रम् के प्राकृत रूप भम् में णिजन्त अर्थात् प्रेरणार्थक भाव के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रेरणार्थक प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में वैकल्पिक रूप से 'आड' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति हुआ करती है। उदाहरण इस प्रकार है—भ्रामयति=भमाडइ अथवा भमाडेइ=वह घुमाता है। वैकल्पिक-पक्ष का सद्भाव होने से प्रेरणार्थक भाव में जहां भम् धातु में 'आड' प्रत्यय का अभाव होगा वहाँ पर सूत्र संख्या ३-१४९ के अनुसार प्रेरणार्थक भाव में 'अत्, एत्, आव और आवे' प्रत्ययों में से किसी भी एक प्रत्यय का सद्भाव होगा। जैसे भ्रामयति=भामइ, भामेइ भमावइ और भमावेइ=वह घुमाता है। यों प्राकृत धातु 'भम्' के प्रेरणार्थक-भाव में छह रूपों का सद्भाव होता है। तत्पश्चात् इष्ट काल बोधक प्रत्ययों की संयोजना होती है।

*भ्रामयति* संस्कृत प्रेरणार्थक-क्रिया का रूप है। इसके प्राकृत रूप भमाडइ भमाडेइ, भामइ, भामेइ, भमावइ और भमावेइ होते हैं। इनमें से प्रथम दो रूपों में सूत्र संख्या २-७९ से मूल संस्कृत धातु 'भ्रम्' में स्थित 'र्' व्यञ्जन का लोप, ३-१५१ से प्राप्तांग 'भम्' में प्रेरणार्थक-भाव में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'आड' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति, ३-१५८ से द्वितीय रूप में प्राप्त प्रत्यय 'आड' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन बोधक प्रत्यय का सद्भाव होने से वैकल्पिक रूप से 'ए' की प्राप्ति, यों प्राप्तांग 'भमाड और भमाडे' में सूत्र संख्या ३-१३९ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' की प्राप्ति होकर *भमाडइ* और *भमाडेइ* प्रेरणार्थक रूप सिद्ध हो जाते हैं।

भामइ में सूत्र संख्या ४-७६ से संस्कृत धातु 'भ्रम्' में स्थित 'र्' व्यञ्जन का लोप ३-१५३ से प्राकृत 'भम्' में स्थित आदि स्वर 'अ' के स्थान पर आगे प्रेरणार्थ क-बोधक-प्रत्यय का वैकल्पिक रूप से लोप कर देने से 'आ' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्तांग, भाम में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्तांग 'भाम' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचनार्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तृतीय रूप *भामइ* भी सिद्ध हो जाता है।

भामेइ में 'भाम' अंग की प्राप्ति उपरोक्त तृतीय रूप में वर्णित साधनिका के समान ही एवं सूत्र-संख्या ३-१५८ से अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-१३९ से तृतीय रूप के समान ही 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर चतुर्थ रूप *भामेइ* सिद्ध हो जाता है।

भमावइ और भमावेइ में सूत्र-संख्या ३-१४९ से पूर्वोक्त रीति से प्राप्तांग 'भम्' में प्रेरणार्थक-भाव में वैकल्पिक रूप से संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'अय' के स्थान पर प्राकृत में 'आव और आवे' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति और ३-१३९ से दोनों प्राप्तांगों 'भमाव और भमावे' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रेरणार्थक-भाव में अन्तिम दोनों रूप *भमावइ* और *भमावेइ* क्रम से सिद्ध हो जाते हैं। ३-१५१॥

## लुगावी-क्त-भाव-कर्मसु ॥ ३-१५२॥

णेः स्थाने लुक् आवि इत्यादेशौ भवतः क्ते भाव कर्मविहिते च प्रत्यये परतः॥ कारिअं। करावि। हासिअं। हसाविअं॥ खामिअं। खमाविअं॥ भाव कर्मणोः। कारीअइ। करावीअइ। कारिज्जइ। कराविज्जइ। हासीअइ। हसावीअइ। हासिज्जइ। हसाविज्जइ॥

*अर्थ* —जिस समय में प्राकृत धातुओं में भूत कृदन्त सम्बन्धी प्रत्यय 'त' लगा हुआ हो अथवा भाव वाच्य एवं कर्मणिवाच्य सम्बन्धी प्रत्यय लगे हुए हों तो उन धातुओं में प्रेरणार्थक भाव की निर्माण अवस्था में सूत्र संख्या ३-१४९ में वर्णित प्रेरणार्थक भाव प्रदर्शक प्रत्यय 'अत्, एत, आव और आवे' का यों लोप हो जायगा अथवा इन प्रत्ययों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'आवि' प्रत्यय की प्राप्ति हो जायगी और उन धातुओं का भूत कृदन्त अर्थ सहित अथवा भाव वाच्य कर्मणिवाच्य अर्थ सहित प्रेरणार्थक-रूप का निर्माण हो जायगा। उदाहरण इस प्रकार हैं —कारितम्=कारिअं अथवा कराविअं=कराया हुआ, हासितम् = हासिअं अथवा हसाविअं=हँसाया हुआ और क्षामितम्=खामिअं अथवा खमाविअं=क्षमाया हुआ, ये उदाहरण भूत कृदन्त सम्बन्धी हैं, इनमें से प्रथम रूपों में प्रेरणार्थक क्रिया का सद्भाव प्रदर्शित किया जाता हुआ होने पर भी इनमें सूत्र-संख्या ३-१४९ के अनुसार प्राप्त होने से प्राप्तव्य निम्नलिखित प्रेरणार्थक प्रत्यय 'अत् एत् आव और आवे' का लोप प्रदर्शित किया गया है।

जबकि द्वितीय द्वितीय रूपों में प्रेरणार्थक-भाव में प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर आदेश-प्राप्त प्रत्यय 'आवि' का सद्भाव प्रदर्शित किया गया है। भाव वाचक और कर्मणिवाचक उदाहरण इस प्रकार है—कार्यते=कारीअइ, करावीअइ, कारिज्जइ और कराविज्जइ=उससे कराया जाता है, हास्यते=हासीअइ हसावीअइ, हासिज्जइ और हसाविज्जइ=उससे हसाया जाता है। इन उदाहरणों में भी अर्थात् कारीअइ, कारिज्जइ, हासीअइ और हासिज्जइ में तो प्रेरणार्थक-भाव-प्रदर्शक-प्रत्ययों का अभाव प्रदर्शित करते हुए भी प्रेरणार्थक-भाव का सद्भाव प्रदर्शित किया गया है। जबकि शेष उदाहरणों में अर्थात् "करावीअइ, कराविज्जइ, हसावीअइ और हसाविज्जइ' में प्रेरणार्थक-भाव-प्रदर्शक-प्रत्यय 'अत्, एत, आव और आवे' के स्थान पर 'आवि' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति प्रदर्शित करते हुए प्रेरणार्थक-भाव का सद्भाव प्रस्तुत किया गया है। इस प्रकार अन्यत्र भी यह समझ लेना चाहिये कि प्राकृत-भाषा में धातुओं में भूत कृदन्त सम्बन्धी प्रत्यय त' और भाव वाच्य-कर्मणिवाच्य प्रत्ययों के परे रहने पर णिजन्त-बोधक प्रत्ययों का या तो लोप हो जायगा अथवा इन प्रत्ययों के स्थान पर 'आवि' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से आदेश-प्राप्ति हो जायगी।

कारितम् संस्कृत का भूत-कृदन्तीय रूप है। इसके प्राकृत रूप कारिअं और कराविअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१५२ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में स्थित आदि स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृदन्तीय प्रत्यय का सद्भाव होने से ३-१५२ द्वारा प्रेरणार्थक भाव प्रदर्शक प्रत्यय का लोप हो जाने से 'आ' की प्राप्ति, ३-१५६ से प्राप्तांग 'कार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृदन्त बोधक प्रत्यय 'त' का सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति, ४-४४८ से प्राप्तांग 'कारि' में भूत कृदन्त-बोधक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय त' के समान ही प्राकृत में भी 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त प्रत्यय 'त' में से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, ३-२५ से प्राप्तांग 'कारिअ' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' का पूर्व वर्ण पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर भूत कृदन्तीय प्रेरणार्थक-भाव-सूचक प्रथमान्त एकवचनीय प्राकृत-पद कारिअं सिद्ध हो जाता है।

कराविअं में सूत्र संख्या ३-१५२ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में प्रेरणार्थक भाव प्रदर्शक प्रत्यय 'आवि' की प्राप्ति, और शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही प्राप्त होकर द्वितीय रूप *कराविअं* भी सिद्ध हो जाता है।

हासितम् संस्कृत कृदन्त का रूप है। इसके प्राकृत रूप हासिअं और हसाविअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप हासिअं में सूत्र संख्या ३-१५३ से मूल प्राकृत धातु 'हस' में स्थित आदि स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृदन्तीय प्रत्यय का सद्भाव होने से ३-१५२ द्वारा प्रेरणार्थक भाव प्रदर्शक प्रत्यय का लोप हो जाने से 'आ' की प्राप्ति, ३-१५६ से प्राप्तांग 'हास' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृदन्त वाचक प्रत्यय 'त' का सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति, ४-४४८ से प्राप्तांग 'हासि' में भूत कृदन्त-

वाचक संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'त' के समान ही प्राकृत में भी 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से [illegible] प्रत्यय 'त' में से हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, ३-२५ से प्राप्तांग 'हासिअ' में प्रथमा विभक्ति के [illegible] में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से [illegible] प्रत्यय 'म्' के स्थान पर पूर्व वर्ण पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर भूत कृदन्तीय प्रेरणार्थक [illegible] प्रथमान्त एकवचनीय प्राकृत-पद *हासिअं* सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप-( हासितम्= ) हसाविअं में सूत्र संख्या-३-१५२ से मूल प्राकृत धातु 'हस' में [illegible] र्थक भाव प्रदर्शक प्रत्यय 'आवि' की प्राप्ति, प्राप्तांग 'हसावि' में शेष साधनिका प्रथम रूप के [illegible] सूत्र संख्या ४-४४८, १-१७७, ३-२५ और १-२३ द्वारा होकर द्वितीय रूप *हसाविअं* भी सिद्ध हो जाता है।

*क्षामितम्* संस्कृत का भूत-कृदन्तीय रूप है। इसके प्राकृत-रूप खामिअं और खमाविअं [illegible] हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या २-३ से मूल संस्कृत धातु 'क्षम्' में स्थित 'क्ष' व्यञ्जन के स्थान [illegible] 'ख' की प्राप्ति, ३-१५३ से प्राप्तांग 'खम' में स्थित आदि स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृ[illegible] प्रत्यय का सद्भाव होने से ३-१५२ द्वारा प्रेरणार्थक भाव प्रदर्शक प्रत्यय का लोप हो जाने से 'आ' [illegible] प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्तांग हलन्त 'खाम्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'म्' में विकरण प्रत्यय 'अ' [illegible] प्राप्ति, ३-१५६ से प्राप्तांग 'खाम' में उक्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर आगे भूत कृद[illegible] प्रत्यय 'त' का सद्भाव होने से 'इ' की प्राप्ति, ४-४४८ से प्राप्तांग 'खामि' में भूत कृदन्तार्थक संस्कृत प्राप्तव्य प्रत्यय 'त' के समान ही प्राकृत में भी 'त' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१७७ से प्राप्त प्रत्यय 'त' में हलन्त व्यञ्जन 'त्' का लोप, ३-२५ से प्राप्तांग खामिअ' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में [illegible] नपुंसकलिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-[illegible] प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर पूर्व वर्ण पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर भूत कृदन्तीय प्रेरणार्थक-सूचक प्रथमान्त एकवचनीय प्राकृतीय प्रथम पद *खामिअं* सिद्ध हो जाता है।

खमाविअं में मूल प्राकृत अंग 'खम्' की प्राप्ति उपरोक्त प्रथम रूप के समान और ३-१५२ [illegible] मूल प्राकृत धातु 'खम्' में प्रेरणार्थक-भाव प्रदर्शक प्रत्यय 'आवि' की प्राप्ति, इस प्रकार प्रेरणार्थक [illegible] प्राप्तांग 'खमावि' में शेष साधनिका प्रथम रूप के समान ही सूत्र संख्या ४-४४८, १-१७७, ३-२५ [illegible] १-२३ द्वारा होकर द्वितीय रूप *खमाविअं* भी सिद्ध हो जाता है।

*कारितं* संस्कृत प्रेरणार्थक रूप है। इसके प्राकृत रूप कारिअं, कराविअं, कारिअं [illegible] कराविअं होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र-संख्या ३-१५३ से मूल प्राकृत-धातु 'कर' में स्थित आदि 'अ' के स्थान पर आगे प्रेरणार्थक भाव-सूचक प्रत्यय के सद्भाव का ३-१५२ द्वारा लोप कर देने से 'आ' की प्राप्ति, १-१० से प्राप्तांग 'कार' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' का आगे प्राप्त कर्मणि-वाचक प्रत्यय में स्थित दीर्घ स्वर 'ई' का सद्भाव होने से लोप, ३-१६० से प्राप्तांग हलन्त 'कार्' में कर्मणि प्र[illegible]

ाचक प्रत्यय 'ईअ' को प्राप्ति, १-५ से हलन्त 'कार' के साथ में उक्त प्राप्त प्रत्यय 'ईअ' की सधि हो ाने से 'कारीअ' अंग की प्राप्ति और ३ १३६ से प्राप्तांग 'कारीअ' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुप के कवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *ारीअइ* सिद्ध हो जाता है।

करावींअइ में सूत्र संख्या ३ १५२ से मूल प्राकृत धातु 'कर' में प्रेरणार्थक प्रत्यय 'आवि' की ाप्ति, १ ५ से 'कर' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के साथ में आगे रहे हुए 'आवि' प्रत्यय के आदि स्वर 'आ' ी सधि, ३ १६० से प्राप्तांग 'करावि' में कर्मणि प्रयोग वाचक प्रत्यय 'ईअ' की प्राप्ति, १ ५ से रावि' में स्थित अन्त्य ह्रस्व स्वर 'इ' के साथ में आगे प्राप्त प्रत्यय 'ईअ' में स्थित आदि दीर्घ स्वर ' की संधि होकर दोनों स्वरों के स्थान पर दीर्घ स्वर 'ई' की प्राप्ति और ३ १३९ से प्राप्तांग 'करावीअ' वर्तमानकाल के प्रथम पुरुप के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ते' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' त्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *करावीअइ* सिद्ध हो जाता है।

*अर्थ* —प्राकृत भाषा में पाई जाने वाली धातुओं में संस्कृत के समान गण भेद नहीं होता है, परन्तु फिर भी प्राकृत धातुएँ दो भेदों में विभाजित हैं, कुछ व्यञ्जनान्त होती हैं तो कुछ स्वरान्त होती है, तदनुसार भूतकाल के अर्थ में प्राप्तव्य प्राकृत-प्रत्ययों में भेद पाया जाता है। इस प्रकार के विधि विधान में स्वरान्त धातुओ में भूत काल के अर्थ मे प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्ययों का सूत्र सख्या ३-१६२ में वर्णन किया जा चुका है, अब व्यञ्जनान्त धातुओं के लिये भूत काल के अर्थ में प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्यय का उल्लेख इस सूत्र में किया जा रहा है। यह तो पहले ही लिखा जा चुका है कि सस्कृत-भाषा में भूतकाल के अर्थ में जिस तरह से तीन लकारों का–'लुङ्-लङ्-लिट' अर्थात् अद्यतन, ह्यस्तन अथवा अनद्यतन और परोक्ष' का विधान है, वैसा विधान प्राकृत भाषा में नहीं पाया जाता है, एव इन लकारों के तीनों पुरुषों के तीनों वचनों में जिस प्रकार से भिन्न भिन्न प्रत्यय पाये जाते हैं वैसी सभी प्रकार की विभिन्नताओं का तथा प्रत्ययों का भेद प्राकृत भाषा में नहीं पाया जाता है, अतएव संक्षिप्त रूप से इस सूत्र में यही बतलाया गया है कि प्राकृत-भाषा मे पाई जाने वाली व्यञ्जनान्त धातुओं में उनके मूल रूप के साथ में ही किसी भी प्रकार के भूत काल के अर्थ में और किसी भी पुरुष के किसी भी वचन के अर्थ में केवल एक ही प्रत्यय 'ईअ' की संयोजना कर देने से इष्ट भूत काल अर्थक और इष्ट पुरुष के इष्ट वचन अर्थक प्राकृत क्रियापद का रूप बन जाता है। प्राकृत में भूत काल के अर्थ में व्यञ्जनान्त धातुओं में इस प्राप्तव्य प्रत्यय 'ईअ' को सस्कृत में भूतकाल के अर्थ में प्राप्तव्य सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर आदेश प्राप्त प्रत्यय समझना चाहिये। इस विषयक उदाहरण इस प्रकार हैं —

प विशेष का और वचन विशेष का ज्ञान कर लिया जाता है अथवा स्वरूप पहिचान लिया जाता है।

अभूत् अभवत् और बभूव संस्कृत के भूत कालिक लकारों के प्रथम पुरुष के एकवचन के कर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी लकारों का सभी पुरुषों का और सभी वचनों का प्राकृत रूपान्तर मुच्चय रूप से एक ही *हुवीअ* होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ ६० से मूल संस्कृत धातु भू=भव्' के स्थान प्राकृत में हुव' अंग की आदेश प्राप्ति और ३ १६३ से आदेश प्राप्त अंग 'हुव्' में भूत कालिक कारों में सभी पुरुषों के सभी वचनों में प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल एक ही यय 'ईअ' की आदेश प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *हुवीअ* सिद्ध हो जाता है।

*आसिष्ठ*, *आस्त* और *आसांचक्रे* संस्कृत के भूत कालिक लकारों के प्रथम पुरुष के एकवचन के कर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी लकारों का, सभी पुरुषों का और सभी वचनों का प्राकृत रूपान्तर मुच्चय रूप से एक ही *अच्छीअ* होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ २१५ से मूल संस्कृत धातु 'आस्' में थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'स्' के स्थान पर छ्' की प्राप्ति, २ ८६ से आदेश प्राप्त छ् को द्वित्व छ्' की प्राप्ति, २ ६० से द्वित्व-प्राप्त 'छ् छ्' में से प्रथम छ्' के स्थान पर 'च्' की प्राप्ति, १ ८४ प्राप्तांग 'आच्छ' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन 'च्छ' का सद्भाव होने कारण से ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति, और ३ १६३ से उपरोक्त रीति से प्राकृत में प्राप्तांग धातु रूप च्छ' में भूत कालिक लकारों में सभी पुरुषों के सभी वचनों में प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्ययों के स्थान पर कृत में केवल एक ही प्रत्यय 'ईअ' की आदेश प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *अच्छीअ* सिद्ध हो जाता है।

*अग्रहीत्*, *अगृह्णात्* और *जग्राह* संस्कृत के भूत कालिक लकारों के प्रथम पुरुष के एकवचन सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी लकारों का, सभी पुरुषों का और सभी वचनों का प्राकृत रूपा र समुच्चय रूप से केवल एक ही गेण्हीअ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ २०६ से मूल संस्कृत धातु 'ग्रह्' स्थान पर प्राकृत में 'गेण्ह' अंग रूप की आदेश प्राप्ति और ३-१६३ से प्राकृत में प्राप्तांग धातु रूप ण्ह' में भूत-कालिक लकारों में सभी पुरुषों के सभी वचनों में प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल एक ही प्रत्यय 'ईअ' की आदेश प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *गेण्हीअ* सिद्ध हो जाता ।३-१६४॥

## तेनास्तेरास्यहेसी ॥ ३-१६४॥

अस्तधातोस्तेन भूतार्थेन प्रत्ययेन सह आसि अहेसि इत्यादेशौ भवतः। आसि सो म अह वा। जे आसि। ये आसन्नित्यर्थः। एव अहेसि॥

*अर्थ*—संस्कृत धातु 'अस्' के प्राकृत रूपान्तर में भूतकालिक तीनों लकारों के सभी पुरुषों में था इनके सभी वचनों में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में आदेश प्राप्त प्रत्ययों की

संयोजना होने पर 'अस धातु+पुरुष बोधक प्रत्यय' के स्थान पर केवल दो रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे रूप इस प्रकार हैं—आसि और अहेसि। इन आदेश प्राप्त दोनों रूपों में संस्कृत भूतकालिक लकार के सभी पुरुषों के सभी वचनों का अर्थ प्रतिध्वनित हो जाता है। तात्पर्य यह है कि भूतकाल में 'अस्' धातु के केवल दो रूप होते हैं, १ आसि और २ अहेसि, ये सभी पुरुषों में तथा सभी वचनों में प्रयुक्त होते हैं। उदाहरण इस प्रकार है—स आसीत् त्वम् अथवा अहम् आसम् = सो, तुमं अहं वा आसि अथवा अहेसि = वह था अथवा तू था अथवा मैं था। इस उदाहरण में यह बतलाया गया है कि 'आसीत् आसी और आसम्' प्रथम द्वितीय तृतीय पुरुष के एकवचन के क्रियापद के रूपों के स्थान पर प्राकृत में केवल एक ही क्रियापद 'आसि अथवा अहेसि' का प्रयोग होता है। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है—ये आसन्=जे आसि अथवा अहेसि = वे थे, यह उदाहरण बहुवचनात्मक है, फिर भी इसमें एकवचन के समान ही किसी भी प्रकार के भेद का विचार किये बिना ही 'आसन्' संस्कृत रूप के स्थान पर 'आसि अथवा अहेसि' का प्रयोग किया गया है। यों वचन का अथवा पुरुष का और प्रत्यय भेद का विचार नहीं करते हुए संस्कृत-भाषा सम्बन्धीय तीनों लकारों के अर्थ में प्राकृत में आदेश-प्राप्त रूप 'आसि अथवा अहेसि' का प्रयोग किया जाता है। इस प्रकार से प्राकृत में भूतकाल के अर्थ में लकारों की दृष्टि से मर्यादा भेद की न्यूनता पाई जाती है, जो कि ध्यान देने योग्य है।

*आसीत्, आसी और आसम* संस्कृत के भूतकाल के प्रथम द्वितीय-तृतीय पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत रूपान्तर आसि और अहेसि होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ३-१६४ से मूल धातु 'अस' के भाव में भूतकाल वाचक प्राकृत प्रत्ययों की संयोजना होने पर दोनों के ही स्थान पर 'आसि अथवा अहेसि' रूपों की आदेश प्राप्ति होकर प्राकृत के रूप *'आसि और अहेसि'* सिद्ध हो जाते हैं।

*'सो'* सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३–८६* में की गई है।

*'तुमं'* सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *३-९०* में की गई है।

*अहं* सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *३-१०५* में की गई है।

*'वा'* अव्यय रूप की सिद्धि सूत्र-संख्या *१-६७* में की गई है।

*'जे'* सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३–५८* में की गई है।

*आसन्* संस्कृत के भूतकाल वाचक लङ् लकार के प्रथम पुरुष के बहुवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूपान्तर आसि और अहेसि होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१६४ से मूल संस्कृत-धातु 'अस' के भाव में भूतकाल-वाचक प्राकृत प्रत्ययों की संयोजना होने पर दोनों के ही स्थान पर 'आसि और अहेसि' रूपों की आदेश-प्राप्ति होकर प्राकृत रूप *'आसि और अहेसि'* सिद्ध हो जाते हैं। ३-१६४॥

## ज्जातुसप्तम्या इ र्वा ॥३-१६५॥

सप्तम्यादेशात् ज्जात्पर इर्वा प्रयोक्तव्यः ॥ भवेत् । होज्जइ । होज्ज ।

*अर्थ*—यहाँ पर 'सप्तमी' शब्द से 'लिङ् लकार' का तात्पर्य है। यह लिङ् लकार छह प्रकार के अर्थों में प्रयुक्त होता है। जो कि इस प्रकार हैं—१ विधि, २ निमन्त्रण, ३ आमन्त्रण, अथवा निवेदन ४ अधीष्ट अथवा अभीष्ट अर्थ, ५ सम्प्रश्न और ६ प्रार्थना। प्राकृत भाषा में मूल धातु के आगे 'ज्ज' प्रत्यय की संयोजना कर देने से सप्तमी का अर्थात् लिङ् लकार का रूप बन जाता है। यह प्रत्यय तीनों प्रकार के पुरुषों के दोनों वचनों में प्रयुक्त होता है। वैकल्पिक रूप से 'ज्ज' प्रत्यय के आगे कभी कभी 'इ' की प्राप्ति भी होती है। जैसे—भवेत्=होज्जइ अथवा होज्ज=होवे। इस विषयक विशेष वर्णन आगे सूत्र संख्या ३-१७७ और ३-१७८ में किया जा रहा है।

भवेत् संस्कृत का लिङ् लकार का प्रथम पुरुष का एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप होज्जइ और होज्ज होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव्' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, ३-१७७ से विधि अर्थ में 'ज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१६५ से प्राप्त प्रत्यय 'ज्ज' के पश्चात् वैकल्पिक रूप से 'इ' की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप होज्जइ और होज्ज सिद्ध हो जाते हैं। ३-१६५॥

## भविष्यति हिरादिः ॥३-१६६॥

भविष्यदर्थे विहिते प्रत्यये परे तस्यैवादिर्हिः प्रयोक्तव्यः ॥ होहिइ । भविष्यति भविता इत्यर्थः ॥ एवं होहिन्ति । होहिसि । होहित्था । हसिहिइ । काहिइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में भविष्यत् काल के दो भेद पाये जाते हैं, एक तो अनद्यतन भविष्यत् अर्थात् लुट् लकार और दूसरा सामान्य भविष्यत् अर्थात् लृट् लकार, किन्तु प्राकृत भाषा में दोनों प्रकार के भविष्यत् काल वाचक लकारों के स्थान पर एक ही प्रकार के प्रत्ययों का प्रयोग होता है। प्राकृत-भाषा में भविष्यत्-काल वाचक रूपों के निर्माण करने की सामान्य विधि इस प्रकार है कि—रूप प्रथम धातु के मूल अंग के आगे 'हि' प्रत्यय जोड़ा जाता है और तत्पश्चात् जिस पुरुष के जिस वचन का रूप बनाना हो उसके लिये उसी पुरुष के उसी वचन के लिये कहे गये वर्तमानकाल द्योतक पुरुष बोधक प्रत्यय लगा देने से भविष्यत् काल-वाचक रूप का निर्माण हो जाता है। तदनुसार भविष्यत्-काल-वाचक प्रत्ययों की सामान्य स्थिति इस प्रकार से होती है—

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| प्रथम पुरुष—हिइ, हिए | हिन्ति हिन्ते, हिरे |
| द्वितीय " हिसि, हिसे | हित्था, हिह। |
| तृतीय " हिमि | हिमो, हिमु हिम। |

तृतीय पुरुष के एकवचन में तथा बहुवचन में वैकल्पिक रूप से अन्य प्रत्यय भी होते हैं, उनका वर्णन आगे सूत्र संख्या ३-१६७, ३-१६८ और ३-१६९ आदि में किया जाने वाला है। इस प्रकार इस प्रकार का तात्पर्य यही है कि भविष्यत् काल के अर्थ में धातु में सर्व प्रथम 'हि' का प्रयोग किया जाना चाहिये, तत्पश्चात् वर्तमान काल बोधक प्रत्ययों की संयोजना की जानी चाहिये। जैसे—भविष्यति अथवा भविता = होहिइ = होगा अथवा होने वाला होगा। भविष्यन्ति अथवा भवितारः = होहिन्ति = होंगे अथवा होने वाले होंगे। भविष्यसि अथवा भवितासि = होहिसि = तू होगा अथवा तू होने वाला होगा। भविष्यथ अथवा भवितास्थ = होहित्था = तुम होंगे अथवा तुम होने वाले होंगे। हसिष्यति अथवा हसिता = हसिहिइ = वह हँसेगा अथवा हँसने वाला होगा। करिष्यति अथवा कर्ता = काहिइ = वह करेगा अथवा करने वाला होगा। इन उदाहरणों से प्रतीत होता है कि संस्कृत में प्राप्तव्य भविष्यत काल बोधक लृट् लकार और लुट् लकार के स्थान पर प्राकृत में केवल एक ही लकार होता है तथा इसी सामान्य लकार के आधार से ही भविष्यत काल बोधक दोनों लकारों का अर्थ प्रतिध्वनित हो जाता है।

*भविष्यति* अथवा *भविता* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल बोधक लृट् लकार और लुट् लकार के प्रथम पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनका प्राकृत रूप होहिइ होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु भू = भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' आग रूप की प्राप्ति, ३-१६६ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग 'हो' में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१३९ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग होहि में प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत रूप 'होहिइ' सिद्ध हो जाता है।

*भविष्यन्ति, भवितारः* संस्कृत के भविष्यत्कालवाचक लृट् लकार और लुट् लकार के प्रथम पुरुष के बहुवचन के रूप हैं। इनका प्राकृत रूप (एक ही) होहिन्ति होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' आग रूप की प्राप्ति, ३-१६६ से भविष्यत्काल के अर्थ में प्राप्तांग 'हो' में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४२ से भविष्यत्काल के अर्थ में प्राप्तांग 'होहि' में प्रथम पुरुष के बहुवचन के अर्थ में 'न्ति' प्रत्यय की प्राप्ति होकर होहिन्ति रूप सिद्ध हो जाता है।

*भविष्यसि* अथवा *भवितासि* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत्कालवाचक लृट् लकार और लुट् लकार के द्वितीय पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनका प्राकृत रूप (समान रूप से) होहिसि होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' आग रूप की

३-१६६ से भविष्यत्काल के अर्थ में प्राप्तांग 'हो' में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१४० से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग 'होहि' में द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *होहिसि* रूप सिद्ध हो जाता है।

*भविष्यथ* अथवा *भवितास्थ* संस्कृत के क्रमश भविष्यत् काल वाचक लट् लकार और लुट् लकार के द्वितीय पुरुष के बहुवचन के रूप हैं। इनका प्राकृत रूप (समान रूप से) होहित्था होता है। इसमें सूत्र संख्या ४ ६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' अंग रूप की प्राप्ति ३ १६६ में भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग हो' में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति, १-१० से भविष्यत काल द्योतक प्राप्तांग 'होहि' में स्थित अन्त्य स्वर 'इ' का आगे प्राप्त पुरुष बोधक प्रत्यय इत्था' में स्थित आदि स्वर 'इ' का सद्भाव होने के कारण से लोप, ३ १४३ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्त हलन्त अंग 'होह' में द्वितीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में 'इत्था' प्रत्यय की प्राप्ति और १ ५ से प्राप्त रूप 'होह' और इत्था की संधि होकर *होहित्था* रूप सिद्ध हो जाता है।

*हसिष्यति* अथवा *हसिता* संस्कृत के क्रमश भविष्यत काल वाचक लृट लकार और लुट-लकार के प्रथम पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनका प्राकृत रूप (समान रूप से) हसिहिइ होता है। इसमें सूत्र संख्या ३ १५७ से मूल प्राकृत-धातु 'हस' में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर आगे भविष्यत काल-वाचक प्रत्यय 'हि' का सद्भाव होने के कारण से 'इ' की प्राप्ति, ३ १६६ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग 'हसि' में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति, और ३ १३९ से भविष्यत काल के अर्थ में प्राप्तांग 'हसिहि' में प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में इ प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*हसिहिइ*' रूप सिद्ध हो जाता है।

'*काहिइ*' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १ ५ में की गई है। ३-१६६॥

## सि-मो-मु-मे स्सा हा न वा ॥ ३-१६७ ॥

भविष्यत्यर्थे मिमोमुमेषु तृतीय त्रिकादेशेषु परेषु तेषामेवादी स्सा हा इत्येतौ वा प्रयोक्तव्यौ। हेरपवादौ। पक्षे हिरपि॥ होस्सामि होहामि। होस्सामो होहामो। होस्सामु होहामु। होस्साम होहाम॥ पक्षे। होहिमि॥ होहिमु। होहिम॥ क्वचित्तु हा न भवति। हसिस्सामो। हसिहिमो॥

*अर्थ* —प्राकृत भाषा में भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीयपुरुष के एकवचन में अथवा बहुवचन में धातुओं में जब क्रमश 'मि' प्रत्यय अथवा मो-मु-म प्रत्यय की संयोजना की जा रही हो तब सूत्र-संख्या ३ १६६ के अनुसार भविष्यत् काल-द्योतक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'स्सा' अथवा हा' प्रत्यय की भी प्राप्ति हुआ करती है। इस प्रकार से तृतीय पुरुष के एकवचन में अथवा

अर्थ में क्रमश प्राप्तांग 'होस्सा, होहा और होहि' में तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ म क्रमश 'मो, मु और म' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर *होस्सामो, होहामो, होस्सामु, होहामु, होहिमु, होस्साम, होहाम* और *होहिम* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*हसिष्याम* और *हसितास्म* संस्कृत के क्रमश भविष्यत् काल वाचक लृट् लकार और लुट् लकार के तृतीय पुरुष के बहुवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप (समान रूप से) हसिस्सामो और हसिहिमो होते हैं। इनमें सूत्र सख्या ३ १५७ से मूल प्राकृत धातु 'हस में स्थित अन्त्य 'अ' के स्थान पर आगे भविष्यत काल वाचक प्रत्यय 'स्सा' और 'हि' का सद्भाव होने क कारण से 'इ' की प्राप्ति, ३-१६७ और ३ १६९ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग 'हसि' में क्रमश 'स्सा और 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति और ३ १४४ से भविष्यत् काल के अर्थ में क्रमश प्राप्तांग 'हसिस्सा' और 'हसिहि' में तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में 'मो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *'हसिस्सामो'* और *हसिहिमो'* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३ १६७॥

## मो-मु-माना हिस्सा हित्था ॥३-१६८॥

धातोः परौ भविष्यति काले मो मु माना स्थाने हिस्सा हित्था इत्येतौ वा प्रयोक्तव्यौ ॥ होहिस्सा। होहित्था। हसिहिस्सा। हसिहित्था। पक्षे। होहिमो होस्सामो। होहामो। इत्यादि ॥

*अर्थ* —भविष्यत काल क अर्थ में धातुओं में तृतीय पुरुष के बहुवचन बोधक प्रत्यय 'मो मु म' परे रहने पर तथा भविष्यत काल द्योतक प्रत्यय 'हि अथवा स्सा अथवा हा' होने पर कभी कभी वैकल्पिक रूप से ऐसा होता है कि उक्त भविष्यत्-काल द्योतक प्रत्यय 'हि स्सा हा' के स्थान पर और उक्त पुरुष बोधक प्रत्यय 'मो मु-म' के स्थान पर अर्थात दोनो ही प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर धातुओं में 'हिस्सा अथवा हित्था' प्रत्ययों को आदेश-प्राप्ति होकर भविष्यत काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के बहुवचन का अर्थ अभिव्यक्त हो जाता है। यों धातुओं में रहे हुए 'हि स्सा हा' प्रत्ययों का भी लोप हो जाता है और मो मु-म' प्रत्ययों का भी लोप हो जाता है, तथा दोनों प्रकार के इन लुप्त प्रत्ययों के स्थान पर 'हिस्सा अथवा हित्था' प्रत्ययों का आदेश प्राप्ति होकर तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में भविष्यत काल का रूप तैयार हो जाता है। जैसे —भविष्याम अथवा भवितास्म =होहिस्सा और होहित्था=हम होंगे, चूंकि यह विधान वैकल्पिक स्थिति वाला है अतएव पक्षान्तर में 'होहिमो, होस्सामो और होहामो' इत्यादि रूपों का भी निर्माण हो सकेगा। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है —हसिष्याम अथवा हसितास्म= हसिहिस्सा और हसिहित्था,=हम हँसेंगे, पक्षान्तर में हसिहिमो, हसिस्सामो आदि रूपों का भी सद्भाव होगा। इस प्रकार से वैकल्पिक स्थिति का सद्भाव भविष्यत काल के अर्थ म तृतीय पुरुष क बहुवचन के सम्बन्ध में जानना चाहिये।

*भविष्याम भाविताश्म* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल-वाचक लृट लकार और लुट लकार के तृतीय पुरुष के बहुवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप (समान रूप से) होहिस्सा, होहित्था, होहिमो, होस्सामो और होहामो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' अंग रूप की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्रथम और द्वितीय रूपों में ३-१६८ से भविष्यत् काल के अर्थ में तथा तृतीय पुरुष के बहुवचन के संदर्भ में क्रमशः 'हिस्सा और हित्था' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर '*होहिस्सा* और *होहित्था*' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय रूप होहिमो में सूत्र संख्या ३-१६८ से उपरोक्त रीति से प्राप्त धातु अंग 'हो' में भविष्यत् काल अर्थक प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३-१४४ से भविष्यत् काल बोधक प्राप्तांग 'होहि' में तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में 'मो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *होहिमो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*'होस्सामो और होहामो'* रूपों की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६७ में की गई है।

*हसिष्याम* और *हसिताश्म* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल वाचक लृट लकार और लुट लकार के तृतीय पुरुष के बहुवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत-रूप (समान-रूप से) हसिहिस्सा और हसिहित्था होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१५७ से मूल प्राकृत-धातु "हस" में स्थित अन्त्य "अ" के स्थान पर आगे भविष्यत्-काल-वाचक प्रत्यय 'हिस्सा और हित्था" का सद्भाव होने के कारण से 'इ' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्राप्तांग "हसि" में ३-१६८ से भविष्यत-काल के अर्थ में तथा तृतीय पुरुष के बहुवचन के संदर्भ में क्रमशः हिस्सा और हित्था" प्रत्ययों की संप्राप्ति होकर हसिहिस्सा और हसिहित्था रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३-१६८॥

## मेः स्सं ॥ ३-१६९॥

धातोः परो भविष्यति काले म्यादेशस्य स्थाने स्सं वा प्रयोक्तव्यः॥ होस्सं। हसिस्सं। कित्तइस्सं॥ पक्षे। होहिमि। होस्सामि। होहामि। कित्तइहिमि॥

*अर्थ* —भविष्यत्-काल के अर्थ में धातुओं में तृतीय-पुरुष के एक वचन-बोधक-प्रत्यय 'मि' पर रहने पर तथा भविष्यत्काल-द्योतक प्रत्यय 'हि अथवा स्सा अथवा हा" होने पर कभी कभी वैकल्पिक रूप से ऐसा होता है कि उक्त भविष्यत्-काल-द्योतक प्रत्यय "हि स्सा हा के स्थान पर अथवा दोनों ही प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर धातुओं में केवल 'स्सं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एक वचन का अर्थ प्रकट हो जाता है। यों धातुओं में से हि 'हि-स्सा-हा' प्रत्ययों का भी लोप हो जाता है और 'मि' प्रत्यय का भी लोप हो जाता है, तथा दोनों ही प्रकार के इन लुप्त प्रत्ययों के स्थान पर केवल 'स्सं' प्रत्यय की ही आदेश-प्राप्ति होकर तृतीय पुरुष के एक वचन के अर्थ में भविष्यत्-काल का रूप तैयार हो जाता है। जैसे —भविष्यामि अथवा भविताास्मि

स्स=मैं होऊँगा, चूँकि यह विधान वैकल्पिक-स्थिति वाला है अतएव पक्षान्तर में 'होहिमि, होस्सामि और होहामि' रूपों का भी निर्माण हो सकेगा। अन्य उदाहरण इस प्रकार है —हसिष्यामि अथवा सितास्मि=हसिस्स=मैं हँसूगा। कीर्तयिष्यामि=कित्तइस्स, पक्षान्तर में कित्तइहिमि=मैं कीर्तन करूँगा, त्यादि।

इस प्रकार से वैकल्पिक-स्थिति का सद्भाव भविष्यत्-काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन म्बन्ध में जानना चाहिये।

*भविष्यामि* अथवा *भवितास्मि* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल वाचक लृट् लकार और लकार के तृतीय पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप (समान-रूप) से होस्स, होहिमि ामि और होहामि होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव' के स्थान पर त में 'हो' अंग रूप की आदेश प्राप्ति, तत्पश्चात् सर्व प्रथम रूप में ४-१६६ से प्राप्तांग 'हो' में ष्यत काल के अर्थ में तृतीय-पुरुष के एकवचन में पूर्वोक्त सूत्रों में कथित प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्ययों के न पर 'स्स' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *होस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

शेष रूप '*होहिमि, होस्सामि* तथा *होहामि*' की सिद्ध सूत्र-संख्या ३-१६७ में की गई है।

*हसिष्यामि* अथवा *हसितास्मि* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल वाचक लृट् लकार और लुट् ार के तृतीय पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनका प्राकृत-रूप (समान-रूप से) हसिस्स होता है। में सूत्र संख्या ३-१५७ से मूल प्राकृत धातु 'हस' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भविष्यत् ल वाचक प्रत्यय का सद्भाव होने के कारण से 'इ' की प्राप्ति, तत्पश्चात प्राप्तांग 'हसि' में सूत्र या ३-१६६ से भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन में पूर्वोक्त सूत्रों में कथित प्राप्तव्य त प्रत्ययों के स्थान पर 'स्स' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *हसिस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

*कीर्तयिष्यामि* संस्कृत का भविष्यत् काल वाचक लृट् लकार का तृतीय पुरुष के एकवचन का है। इसके प्राकृत रूप कित्तइस्स और कित्तइहिमि होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७६ से 'त' में स्थित रूप 'र्' का लोप, २-८६ से लोप हुए रेफ रूप 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'त' को द्वित्व 'त्त' की प्ति, १-८४ से आदि वर्ण 'की' में स्थित दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर आगे प्राप्त संयुक्त व्यञ्जन 'त्त' का भाव होने के कारण से ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, १-१७७ से 'यि' वर्ण में स्थित 'य्' व्यञ्जन का लोप, प्रकार संस्कृत अंग रूप 'कीर्तयि' से प्राकृत में प्राप्तांग 'कित्तइ' में ३-१६६ से भविष्यत् काल के अर्थ में ीय पुरुष के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ष्यामि' के स्थान पर प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्ययों के ान पर 'स्स' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *कित्तइस्स* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप में सूत्र संख्या ३-१६६ से प्राकृत में प्रथम रूप के समान ही प्राप्तांग 'कित्तइ' में भविष्यत् ल सूचक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३-१४१ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तांग 'कित्तइहि' में

तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *कित्तइहिमि* रूप भी सिद्ध हो जाता है। ३-१६९॥

## कृ-दो-हं ॥३-१७०॥

करोतेर्ददातेश्च परो भविष्यति विहितस्य स्यादेशस्य स्थाने हं वा प्रयोक्तव्यः। काहं। दाहं। करिष्यामि दास्यामीत्यर्थः॥ पक्षे। काहिमि। दाहिमि। इत्यादि॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में पाई जाने वाली धातु 'कृ' और 'दा' के प्राकृत रूपान्तर 'का' एवं 'दा' में भविष्यत् काल के अर्थ में प्राप्तव्य प्राकृत प्रत्यय 'हि' आदि के परे रहने पर तथा तृतीय-पुरुष के एकवचन वाचक प्रत्यय 'मि' के परे रहने पर कभी कभी वैकल्पिक रूप से ऐसा होता है कि भविष्यत् काल द्योतक प्रत्यय 'हि' आदि के स्थान पर और उक्त पुरुष बोधक प्रत्यय 'मि' के स्थान पर दोनों ही प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर उक्त दोनों धातुओं में केवल 'हं' प्रत्यय की ही आदेश प्राप्ति होकर भविष्यत् काल के अर्थ के तृतीय पुरुष के एकवचन का अर्थ प्रकट हो जाता है। यों प्राकृत-धातु 'का' अथवा 'दा' में रहे हुए भविष्यत् काल-द्योतक प्रत्यय 'हि' आदि का भी लोप हो जाता है और तृतीय पुरुष के एकवचन अर्थक प्रत्यय 'मि' का भी लोप हो जाता है, तथा दोनों ही प्रकार के इन लुप्त प्रत्ययों के स्थान पर केवल एक ही प्रत्यय 'हं' की ही आदेश प्राप्ति होकर तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में भविष्यत् काल का रूप इन धातुओं का तैयार हो जाता है। जैसे—करिष्यामि अथवा कर्तास्मि = काहं = मैं करूँगा अथवा मैं करता रहूँगा, चूँकि यह विधान वैकल्पिक स्थिति वाला है अतएव पक्षान्तर में 'काहिमि' आदि रूपों का भी निर्माण हो सकेगा। 'दा' धातु का उदाहरण इस प्रकार है:—दास्यामि अथवा दातास्मि = दाहं = मैं दूँगा अथवा मैं देता रहूँगा। पक्षान्तर में वैकल्पिक स्थिति होने से 'दाहिमि' रूप का भी सद्भाव होगा। यह सूत्र केवल प्राकृत धातु 'का' और 'दा' के भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन के सम्बन्ध में ही बनाया गया है।

*करिष्यामि* और *कर्तास्मि* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल-वाचक लृट् लकार और लुट् लकार के तृतीय पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत-रूप (समान रूप से) काहं और काहिमि होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ४-२१४ से मूल संस्कृत धातु 'कृ' में स्थित अन्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति होकर प्राप्त होकर प्राकृत में 'का' अङ्ग-रूप की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१७० से प्राप्तांग 'का' में भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन में पूर्वोक्त सूत्रों में कथित प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' और 'मि' दोनों के ही स्थान पर 'हं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर 'काहं' रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप काहिमि' में 'का' अङ्ग रूप की प्राप्ति प्रथम रूप के समान ही होकर सूत्र-संख्या ३-१६६ से प्राप्तांग 'का' में भविष्यत् काल-सूचक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३-१४१ से तृतीय

काल के अर्थ में प्राप्तांग 'काहि' में तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *काहीमि* रूप भी सिद्ध हो जाता है।

*दास्यामि* और *दातास्मि* संस्कृत के क्रमशः भविष्यत् काल वाचक लृट् लकार और लुट् लकार के तृतीय पुरुष के एकवचन के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप (समान रूप से) दाहं और दाहिमि होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१७० से मूल प्राकृत धातु 'दा' में भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन में पूर्वोक्त सूत्रों में (३-१६६ और ३-१४१ में) कथित प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' और 'मि' दोनों के ही स्थान पर 'हं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर *दाहं* रूप सिद्ध हो जाता है।

द्वितीय रूप 'दाहिमि' में सूत्र संख्या ३-१६६ से प्राप्तांग 'दा' में भविष्यत् काल सूचक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३-१४१ से भविष्यत्-काल के अर्थ में प्राप्तांग 'दाहि' में तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *दाहीमि* रूप भी सिद्ध हो जाता है। ३-१७०॥

## श्रु-गमि-रुदि-विदि-दृशि-मुचि-वचि-छिदि-भिदि-भुजां सोच्छं गच्छं रोच्छं वेच्छं दच्छं मोच्छं वोच्छं छेच्छं भेच्छं भोच्छं ॥ ३-१७१ ॥

श्रादीनां धातूनां भविष्यद्विहितस्यन्तानां स्थाने सोच्छमित्यादयो निपात्यन्ते ॥ सोच्छं । श्रोष्यामि ॥ गच्छं । गमिष्यामि ॥ संगच्छं । संगस्ये ॥ रोच्छं । रोदिष्यामि ॥ विद ज्ञाने । वेच्छं । वेदिष्यामि ॥ दच्छं । द्रक्ष्यामि ॥ मोच्छं । मोक्ष्यामि । वोच्छं । वक्ष्यामि ॥ छेच्छं । छेत्स्यामि ॥ भेच्छं । भेत्स्यामि । भोच्छं । भोक्ष्ये ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा की इन दश (अथवा ग्यारह) धातुओं 'श्रु, गम्, (संगम), रुद्, विद्, दृश्, मुच्, वच्, छिद्, भिद्, और भुज' के प्राकृत रूपान्तर में भविष्यत् काल बोधक प्रत्यय के स्थान पर और तृतीय पुरुष के एकवचनार्थक प्रत्यय के स्थान पर रूढ रूप की प्राप्ति होती है और इसी रूढ रूप से ही भविष्यत् काल-वाचक तृतीय पुरुष के एकवचन का अर्थ प्रकट हो जाता है। इस प्रकार से प्राप्त रूढ रूपों में न तो भविष्यत् काल बोधक प्रत्यय 'हि-स्सा अथवा हा' की ही आवश्यकता होती है और न तृतीय पुरुष के एकवचनार्थक प्रत्यय 'मि' की ही आवश्यकता पड़ती है। इस विधि से प्राप्त ये रूप 'निपात' कहलाते हैं। उपरोक्त संस्कृत भाषा की इन दश (अथवा ग्यारह) धातुओं के प्राकृत रूपान्तर में भविष्यत् काल-बोधक अवस्था में पाये जाने वाले रूढ रूप में तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में केवल अनुस्वार की ही प्राप्ति होकर भविष्यत् काल अर्थक तृतीय पुरुष के एकवचन का रूढ रूप बन जाता है। जैसे—(१) श्रोष्यामि=सोच्छं=मैं सुनूँगा, (२) गमिष्यामि=गच्छं=मैं जाऊँगा, (३) संगस्ये=संगच्छं=मैं स्वीकार करूँगा अथवा मैं मेल रक्खूँगा, (४) रोदिष्यामि=रोच्छं=मैं रोऊँगा, (५) वेदिष्यामि=वेच्छं=मैं जानूँगा, (६) द्रक्ष्यामि=दच्छं=मैं देखूँगा, (७) मोक्ष्यामि=मोच्छं=मैं छोड़ूँगा, (८) वक्ष्यामि

गच्छिहामि, गच्छिस्स। गच्छं। गच्छिमो। गच्छिहिमो। गच्छिस्सामो। गच्छिहामो। गच्छिहिस्सा। गच्छिहित्था। एवं मुमयोरपि॥ एवं रुदादीनामप्युदाहार्यम्॥

अर्थ—सूत्र संख्या ३-१७१ में जिन संस्कृत धातुओं के प्राकृत रूपान्तर भविष्यत्काल वाचक प्रत्यय के अर्थ में रूढ रूप से प्रदान किये गये हैं, उन रूढ रूपों में वर्तमानकालबोधक पुरुष बोधक प्रत्ययों की संयोजना करने से उसी पुरुष बोधक अर्थ की अभिव्यञ्जना भविष्यत्काल के अर्थ में प्रकट हो जाती है। वैकल्पिक रूप से कभी कभी उन रूढ रूपों के आगे भविष्यत्काल बोधक प्रत्यय 'हि' की अथवा तृतीय पुरुष के सद्भाव में 'स्सा, हा' की अथवा 'हिस्सा, हित्था' की प्राप्ति भी होती है। तत्पश्चात् पुरुष बोधक प्रत्ययों की जोड क्रिया की जाती है। सारांश यह है कि इन रूढ रूपों में भविष्यत् काल बोधक मूल प्रत्यय 'हि' का वैकल्पिक रूप से लोप होता है। शेष सम्पूर्ण क्रिया भविष्यत्काल के प्रदर्शन के अर्थ में अन्य धातुओं के समान ही इन रुढ प्राप्त धातु रूपों के लिये भी जानना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैं—श्रोष्यति=सोच्छिइ=वह सुनेगा, पक्षान्तर में भविष्यत् काल अर्थक प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति होने पर श्रोष्यति का प्राकृत रूपांतर 'सोच्छिहिइ'='वह सुनेगा' ऐसा ही होगा। प्रथम पुरुष के बहुवचन का दृष्टान्त—श्रोष्यन्ति=सोच्छिन्ति और पक्षान्तर में सोच्छिहिन्ति=वे सुनेंगे। द्वितीय पुरुष के एकवचन का दृष्टान्त—श्रोष्यसि=सोच्छिसि और पक्षान्तर में सोच्छिहिसि=तू सुनेगा। द्वितीय पुरुष के बहुवचन का दृष्टान्त—श्रोष्यथ=सोच्छित्था और सोच्छिह, पक्षान्तर में—सोच्छिहित्था और सोच्छिहिह=तुम सुनोगे। तृतीय पुरुष के एकवचन का दृष्टान्त—श्रोष्यामि=सोच्छिमि, पक्षान्तर में—सोच्छिहिमि, सोच्छिस्सामि, सोच्छिहामि, सोच्छिस्सं और सोच्छं=मैं सुनूँगा। तृतीय पुरुष के बहुवचन का दृष्टान्त—श्रोष्यामः=सोच्छिहिमो, पक्षान्तर में—सोच्छिस्सामो, सोच्छिहामो, सोच्छिहिस्सा, सोच्छिहित्था, सोच्छिहिमु और सोच्छिस्सामु तथा सोच्छिहामु, सोच्छिहिम और सोच्छिस्साम तथा सोच्छिहाम=हम सुनेंगे। इसी सिद्धान्त की सपुष्टि ग्रन्थकार पुनः 'गम्=गच्छ' धातु द्वारा करते हैं—प्रथम पुरुष के एकवचन का दृष्टान्त—गमिष्यति=गच्छिइ, पक्षान्तर में गच्छिहिइ=वह जायेगा। प्रथम पुरुष के बहुवचन का दृष्टान्त—गमिष्यन्ति=गच्छिन्ति, पक्षान्तर में गच्छिहिन्ति=वे जायेंगे। द्वितीय पुरुष के एकवचन का दृष्टान्त—गमिष्यसि=गच्छिसि, पक्षान्तर में गच्छिहिसि=तू जायगा। द्वितीय पुरुष के बहुवचन का दृष्टान्त—गमिष्यथ=गच्छित्था और गच्छिह, पक्षान्तर में गच्छिहित्था और गच्छिहिह=तुम जाओगे। तृतीय पुरुष के एकवचन का दृष्टान्त—गमिष्यामि=गच्छिमि, पक्षान्तर में गच्छिहिमि, गच्छिस्सामि, गच्छिहामि, गच्छिस्सं और गच्छं=मैं जाऊँगा। तृतीय पुरुष के बहुवचन का दृष्टान्त—गमिष्यामः=गच्छिमो, पक्षान्तर में गच्छिहिमो, गच्छिस्सामो, गच्छिहामो, गच्छिहिस्सा, गच्छिहित्था, गच्छिहिमु, गच्छिस्सामु, गच्छिहामु, गच्छिहिम, गच्छिस्साम और गच्छिहाम=हम जावेंगे। इसी प्रकार से शेष रही हुई उपरोक्त धातुओं के भी रूप स्वयमेव समझ लेने चाहिये।

*श्रोष्यामि* संस्कृत के भविष्यत्-काल तृतीय पुरुष के एकवचन का सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप सोच्छिमि, सो च्छहिमि, सोच्छिस्सामि, सोच्छिहामि, सोच्छिस्स और सोच्छं होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ३-१७१ से मूल संस्कृत धातु 'श्रु' के स्थान पर प्राकृत में भविष्यत् काल के प्रयोगार्थक 'सोच्छ' की आदेश प्राप्ति, ३-१५७ से प्रथम रूप से लगाकर पाँचवें रूप तक प्राप्त प्राकृत शब्द 'सोच्छ' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भविष्यत् काल वाचक प्रत्यय का सद्भाव होने के कारण से 'इ' की प्राप्ति, ३-१६६ और ३-१६७ से द्वितीय रूप, तृतीय रूप और चतुर्थ रूप में पूर्वोक्त रीति से प्राप्तांग 'सोच्छि' में भविष्यत काल वाचक प्रत्यय 'हि, स्सा और हा' की क्रम से प्राप्ति, ३-१७८ से प्रथम रूप में भविष्यत् काल वाचक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' का लोप और ३-१४१ से भविष्यत् काल के अर्थ में क्रम से प्राप्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ रूपांग 'सोच्छि, सोच्छिहि, सोच्छिस्सा और सोच्छिहा' में तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' की प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम चार रूप *'सोच्छिमि सोच्छिहिमि, सोच्छिस्सामि और सोच्छिहामि'* सिद्ध हो जाते हैं।

पंचम रूप सोच्छिस्स में मूल-प्राकृत-अंग 'सोच्छि' की प्राप्ति उपरोक्त चार रूपों में वर्णित विधि विधानानुसार जानना चाहिये, तत्पश्चात प्राप्तांग 'सोच्छि' में सूत्र संख्या ३-१६९ से भविष्यत काल के अर्थ में तृतीय-पुरुष के एकवचन के भाव में केवल 'स्स' प्रत्यय की ही प्राप्ति होकर एवं शेष सभी प्रत्यय प्राप्तव्य प्रत्ययों का अभाव होकर पंचम रूप-*'सोच्छिस्स'* सिद्ध हो जाता है।

छट्ठे रूप सोच्छं' की सिद्धि सूत्र संख्या *३-१७१* में की गई है।

*श्रोष्यामः* संस्कृत के भविष्यत् काल तृतीय पुरुष के बहुवचन का सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप यहाँ पर केवल छह ही दिये गये हैं जो कि इस प्रकार हैं—१ सोच्छिमो, २ सोच्छिहिमो, ३ सोच्छिस्सामो, ४ सोच्छिहामो, ५ सोच्छिहिस्सा और ६ सोच्छिहित्था। इनमें सूत्र संख्या ३-१७१ से मूल संस्कृत धातु 'श्रु' के स्थान पर प्राकृत में भविष्यत काल के प्रयोगार्थक सोच्छ रूप की आदेश प्राप्ति, ३-१५७ से प्राप्तांग 'सोच्छ' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भविष्यत काल-वाचक प्रत्यय का सद्भाव होने के कारण से 'इ' की प्राप्ति, तत्पश्चात् द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ रूपों में सूत्र-संख्या ३-१६६ और ३-१६७ से क्रमशः भविष्यत् काल वाचक प्रत्यय 'हि, स्सा और हा' की प्राप्ति, ३-१७८ से प्रथम रूप में भविष्यत् काल वाचक प्राप्तव्य प्रत्यय हि का अथवा स्सा का अथवा 'हा' का वैकल्पिक रूप से लोप, अन्त में सूत्र संख्या ३-१४४ से उपरोक्त रीति से भविष्यत् अर्थ में प्राप्तांग 'सोच्छि, सोच्छिहि, सोच्छिस्सा और सोच्छिहा' में तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मो' की प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम चार रूप *'सोच्छिमो, सोच्छिहिमो, सोच्छिस्सामो और सोच्छिहामो'* सिद्ध हो जाते हैं।

पाँचवें और छट्ठे रूप 'सोच्छिहिस्सा तथा सोच्छिहित्था' में मूल अंग 'सोच्छि' की प्राप्ति उपरोक्त विधि विधानों के अनुसार ही होकर सूत्र संख्या ३-१६८ से भविष्यत् काल के अर्थ में तृतीय पुरुष

जानना चाहिये कि प्रथम और तृतीय रूपों में 'इत्था' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर सूत्र संख्या १-१० से अंग रूप 'गच्छि और गच्छिहि' में स्थित अन्त्य स्वर 'इ' के आगे प्राप्त 'इत्था' प्रत्यय में स्थित आदि स्वर 'इ' का सद्भाव होने के कारण से लोप हो जाता है।

*गमिष्यामि* संस्कृत के भविष्यत्काल तृतीय पुरुष के एकवचन का अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप गच्छिमि, गच्छिहिमि, गच्छिस्सामि, गच्छिहामि, गच्छिस्सं और गच्छं होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ४-२१५ से मूल संस्कृत धातु 'गम्' के स्थान पर प्राकृत में भविष्यत्काल के प्रयोगार्थ 'गच्छ' की आदेश प्राप्ति, ३-१५७ से प्रथम रूप से लगाकर पाँचवें रूप तक प्राप्त प्राकृत शब्द 'गच्छ' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे भविष्यत्काल वाचक प्रत्यय का सद्भाव होने के कारण से 'इ' की प्राप्ति, ३-१६६ और ३-१६७ से द्वितीय रूप, तृतीय रूप और चतुर्थ रूप में पूर्वोक्त रीति से प्राप्तांग 'गच्छि' में भविष्यत्काल वाचक प्रत्यय 'हि, स्सा, और हा' की क्रम से प्राप्ति, ३-१७२ से प्रथम रूप में भविष्यत्काल वाचक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि स्सा, अथवा हा' का लोप और ३-१४१ से भविष्यत्काल के अर्थ में क्रम से प्राप्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ रूपांग गच्छि, गच्छिहि, गच्छिस्सा और गच्छिहा में तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' की प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम चार रूप *गच्छिमि, गच्छिहिमि, गच्छिस्सामि* और *गच्छिहामि* सिद्ध हो जाते हैं।

गच्छिस्सं में मूल प्राकृत अंग 'गच्छि' की प्राप्ति उपरोक्त चार रूपों में वर्णित विधि विधानानुसार जानना चाहिये। तत्पश्चात् प्राप्तांग 'गच्छि' में सूत्र संख्या ३-१६९ से भविष्यत्काल के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में केवल 'स्सं' प्रत्यय की ही प्राप्ति होकर शेष सभी तदर्थक प्राप्तव्य प्रत्ययों का अभाव होकर पञ्चम रूप *गच्छिस्सं* सिद्ध हो जाता है।

छट्ठ रूप 'गच्छं' की सिद्धि सूत्र संख्या-३-१७१ में की गई है।

*गमिष्यामः* संस्कृत के भविष्यत् काल तृतीय-पुरुष के बहुवचन का अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप यहां पर केवल छह ही दिये गये हैं, जो कि इस प्रकार हैं—१ गच्छिमो, २ गच्छिहिमो ३ गच्छिस्सामो, ४ गच्छिहामो ५ गच्छिहिस्सा और ६ गच्छिहित्था। इनमें प्राकृत रूपांग 'गच्छि' की प्राप्ति इसी सूत्र में उपरोक्त तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में वर्णित सूत्र संख्या ४-२१५ तथा ३-१५७ से जान लेना चाहिये, तत्पश्चात् प्राप्तांग 'गच्छि' में सूत्र संख्या ३-१६६ और ३-१६७ से 'हि स्सा और हा' की क्रम से प्राप्ति, ३-१७२ से प्रथम रूप में भविष्यत् काल-वाचक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि अथवा स्सा अथवा हा' का लोप, और ३-१४४ से भविष्यत्काल के अर्थ में क्रम से प्राप्त प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ रूपांग 'गच्छि, गच्छिहि, गच्छिस्सा और गच्छिहा' में तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मो' की प्राप्ति होकर क्रम से प्रथम चार रूप *'गच्छिमो, गच्छिहिमो, गच्छिस्सामो और गच्छिहामो'* सिद्ध हो जाते हैं।

पुरुष के एकवचन का दृष्टान्त — त्वम ) पश्य अथवा (त्वम् ) पश्यतात, (त्वम् ) पश्ये , (त्वम् ) दृश्या = (तुमं) पेच्छसु=तू देख, तू देखे अथवा तू दर्शनीय बन (अथवा तू दर्शनीय हो , *तृतीय पुरुष* के एकवचन का दृष्टान्त —(अहम, पश्यानि, (अहम) पश्येयम, (अहम्) दृश्यासम्=(अहम्) पेच्छामु=मैं देखूँ अथवा देखने योग्य बनूँ ।

लोट् लकार का प्रयोग मुख्यत 'आज्ञा, निमंत्रण, प्रार्थना उपदेश और आशीर्वाद' आदि अर्थों में होता है। जबकि लिङ लकार का उपयोग 'सम्मत, आज्ञा, निवेदन, प्रार्थना, इच्छा, आशीर्वाद, आशा तथा शक्ति' आदि अर्थों में हुआ करता है।

*प्रथम* पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'उ' है, परन्तु सूत्र में 'उ' नहीं लिखकर 'दु' का उल्लेख करने का तात्पर्य केवल उच्चारण की सुविधा के लिये है। जैसा कि यही अर्थ सूत्र की वृत्ति में प्रयुक्त भाषान्तरार्थम्' पद से अभिव्यक्त किया गया है।

*हसतु,* *हसेत्* और *हस्यात्* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीषर्थक के प्रथम पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप हसउ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३६ से हलन्त प्राकृत धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१७३ से मूल प्राकृत धातु 'हस' में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में प्रथम पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'उ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हसउ* रूप सिद्ध हो जाता है।

'सा' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३-३३* में की गई है।

हस अथवा *हसतात्*, हसे और *हस्या* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि-अर्थक और आशीषर्थक के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक रूप हससु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३६ से हलन्त प्राकृत धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१७३ से प्राकृत में प्राप्तांग 'हस' में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में सु प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हससु* रूप सिद्ध हो जाता है।

'तुमं' सर्वनाम की सिद्धि सूत्र संख्या *३-९०* में की गई है।

*हसानि*, *हसेयम्* और *हस्यासम्* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीषर्थक के तृतीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप हसामु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३६ से हलन्त प्राकृत धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५५ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१७३ से प्राकृत में प्राप्तांग 'हसा' में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'मु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *हसामु* रूप सिद्ध हो जाता है।

'अह' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१०५ में की गई है।

पश्यतु, पश्येत् और दृश्यात् संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि अर्थक, और [illegible] के प्रथम पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में [illegible] रूप से एक ही रूप पेच्छउ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से मूल संस्कृत धातु 'दृश्' के स्थान पर प्राकृत में 'पेच्छ' रूप की आदेश प्राप्ति और ३-१७३ से आदेश प्राप्त प्राकृत धातु 'पेच्छ' में [illegible] लकारों के अर्थ में प्रथम पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में केवल 'उ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पेच्छउ रूप सिद्ध हो जाता है।

पश्य, पश्यतात् पश्येः और दृश्याः संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीर्थक लिङ् के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी [illegible] पर प्राकृत में समान रूप से एक रूप पेच्छसु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से मूल [illegible] 'दृश्' के स्थान पर प्राकृत में पेच्छ की आदेश-प्राप्ति और ३-१७३ से आदेश प्राप्त प्राकृत [illegible] में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'सु' प्रत्यय [illegible] होकर पेच्छसु रूप सिद्ध हो जाता है।

पश्यानि, पश्येयम् और दृश्यासम् संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक विधि अर्थक और [illegible] के तृतीय पुरुष के एकवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर [illegible] रूप से एक ही रूप पेच्छामु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से मूल संस्कृत धातु 'दृश्' के स्थान पर प्राकृत में 'पेच्छ' की आदेश प्राप्ति, ३-१५५ से आदेश प्राप्त धातु 'पेच्छ' में [illegible] के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१७३ से प्राकृत में प्राप्तांग 'पेच्छा' में उक्त तीनों लकारों के [illegible] तृतीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'मु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पेच्छामु रूप सिद्ध हो जाता है। ३-१७३ ॥

## सोर्हिर्वा ॥ ३-१७४ ॥

### पूर्वं सूत्र विहितस्य सोः स्थाने हिरादेशो वा भवति ॥ देहि । देसु ॥

अर्थः—आज्ञार्थक अर्थात् लोट्-लकार के, विधि-अर्थक अर्थात् लिङ्-लकार के और [illegible] आशीर्थक-लिङ् लकार के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत में सूत्र संख्या ३-१७३ में [illegible] प्रत्यय का विधान किया गया है, उस प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से [illegible] आदेश प्राप्ति होती है। इस प्रकार से प्राकृत-भाषा में उक्त तीनों प्रकार के लकारों के [illegible] एकवचन के सद्भाव में दो प्रत्ययों की प्राप्ति हो जाती है, जो कि इस प्रकार हैं—(१) 'सु' और 'हि'। मुख्य प्रत्यय तो 'सु' ही है, किन्तु वैकल्पिक रूप से इस 'हि' प्रत्यय की भी [illegible] 'सु' प्रत्यय के [illegible]

पर आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —देहि (=दत्तात), दद्या और देया =देहि और देसु=तू दे, तू देने वाला हो और तू देने योग्य (दाता) हो। इस प्रकार से अन्य प्राकृत धातुओं में भी उक्त तीनों प्रकार के लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव मे सूत्र संख्या ३-१७३ से प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर 'हि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से की जा सकती है।

देहि, दत्तात, दद्या और देया संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि अर्थक, और आशीप अर्थक द्वितीय पुरुष के एकवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से दो रूप-'देहि और देसु' होते हैं। इनमे सूत्र संख्या ४-२३८ से मूल प्राकृत-धातु 'दा' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्राकृत में प्राप्तांग 'दे' में क्रम से सूत्र संख्या ३-१७४ से तथा ३-१७३ से उक्त तीनों प्रकार के लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में क्रम से 'हि' और 'सु' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर 'देहि' और 'देसु' रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३-१७४॥

## अत इज्ज स्विज्ज हीज्जे-लुको वा ॥ ३-१७५ ॥

अकारात्परस्य सोः इज्जसु इज्जहि इज्जे इत्येते लुक् च आदेशा वा भवन्ति ॥ हसेज्जसु। हसेज्जहि। हसेज्जे। हस। पक्षे। हससु॥ अत इति किम्। होसु॥ ठाहि॥

*अर्थ*—आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीषर्थक के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत में सूत्र संख्या ३-१७३ में जिस सु प्रत्यय का विधान किया गया है उस प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर केवल अकारान्त धातुओं में ही वैकल्पिक रूप से 'इज्जसु अथवा इज्जहि अथवा इज्जे' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। इस प्रकार से प्राकृत भाषा में उक्त लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में केवल अकारान्त धातुओं में चार प्रत्ययों की प्राप्ति हो जाती है। जो कि इस प्रकार हैं—(१) 'सु', (२) इज्जसु, (३) इज्जहि और (४) इज्जे। मुख्य प्रत्यय तो 'सु' ही है, किन्तु वैकल्पिक रूप से इन तीनों प्रत्ययों में से किसी भी एक प्रत्यय की कभी कभी उक्त 'सु' प्रत्यय के स्थान पर आदेश प्राप्ति हो जाती है। कभी कभी ऐसा भी देखा जाता है कि उपरोक्त चार प्रकार के प्रत्ययों में से किसी भी प्रकार के प्रत्यय की संयोजना नहीं होकर अर्थात् उक्त प्रत्ययों का सर्वथा लोप होकर केवल मूल प्राकृत धातु के 'अविकल रूप' मात्र के प्रदर्शन से अथवा बोलने से उक्त लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'भावाभिव्यक्ति' अर्थात् वैसा अर्थ प्रकट हो जाता है। इस प्रकार से उक्त चार प्रकार के प्रत्ययों के अतिरिक्त 'प्रत्यय लोप' वाला पाँचवाँ रूप और जानना चाहिये। यह स्थिति केवल अकारान्त धातुओं के लिये ही जानना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैं—( त्वम् ) हस अथवा हसतात्, (त्वम्) हसे और ( त्वम् ) हस्या =( तुम ) हसेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे और हस। पक्षान्तर में 'हससु' भी होता है। इन सभी रूपों का यही हिन्दी अर्थ है कि—( तू ) हँस, ( तू ) हँसे और ( तू ) हँसने वाला हो।

'अह' सर्वनाम रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१०५ मे की गई है।

*पश्यतु, पश्येत्* और *दृश्यात्* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि अर्थक, और आशीः के प्रथम पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप पेच्छउ होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से मूल संस्कृत धातु 'दृश' के स्थान पर प्राकृत मे 'पेच्छ' रूप की आदेश प्राप्ति और ३-१७३ से आदेश प्राप्त प्राकृत धातु 'पेच्छ' में उक्त लकारों के अर्थ में प्रथम पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में केवल 'उ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पेच्छउ रूप सिद्ध हो जाता है।

*पश्य, पश्यतात् पश्येः* और *दृश्याः* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीर्थक लिङ के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक रूप पेच्छसु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से मूल संस्कृत धातु 'दृश' के स्थान पर प्राकृत में 'पेच्छ' की आदेश प्राप्ति और ३-१७३ से आदेश प्राप्त प्राकृत धातु में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर पेच्छसु रूप सिद्ध हो जाता है।

*पश्यानि, पश्येयम्* और *दृश्यासम्* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक विधि अर्थक और आशीः के तृतीय पुरुष के एकवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप पेच्छामु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१८१ से मूल संस्कृत धातु 'दृश' के स्थान पर प्राकृत मे 'पेच्छ' की आदेश प्राप्ति, ३-१५५ से आदेश प्राप्त धातु 'पेच्छ' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१७३ से प्राकृत में प्राप्तांग पेच्छा' में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में तृतीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'मु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पेच्छामु* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-१७३ ॥

## सोर्हिर्वा ॥ ३-१७४ ॥

**पूर्व सूत्र विहितस्य सोः स्थाने हिरादेशो वा भवति ॥ देहि। देसु ॥**

*अर्थ* —आज्ञार्थक अर्थात लोट-लकार के, विधि-अर्थक अर्थात् लिङ्-लकार के और आशीर्थक-लिङ् लकार के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत में सूत्र संख्या ३-१७३ में जिस 'सु' प्रत्यय का विधान किया गया है, उस प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'हि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। इस प्रकार से प्राकृत-भाषा मे उक्त तीनों प्रकार के लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में दो प्रत्ययों की प्राप्ति हो जाती है, जो कि इस प्रकार हैं—(१) सु' और (२) 'हि'। मुख्य प्रत्यय तो सु' ही है, किन्तु वैकल्पिक रूप से इस हि' प्रत्यय की भी उक्त 'सु' प्रत्यय के स्थान

पर आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे —देहि (=दत्तात), दद्या और देया =देहि और देसु=तू दे, तू देने वाला हो और तू देने योग्य (दाता) हो। इस प्रकार से अन्य प्राकृत धातुओं में भी उक्त तीनों प्रकार के लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में सूत्र संख्या ३ १७३ से प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर 'हि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति वैकल्पिक रूप से की जा सकती है।

*देहि, दत्तात, दद्या* और *देया* संस्कृत के क्रमश आज्ञार्थक, विधि अर्थक, और आशीप र्थक द्वितीय पुरुष के एकवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत मे समान रूप से दो रूप–'देहि और देसु' होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४ २३८ से मूल प्राकृत धातु 'दा' म स्थित अन्त्य स्वर 'आ' के स्थान पर ए' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्राकृत में प्राप्तांग 'दे' में क्रम से सूत्र संख्या ३ १७४ से तथा ३ १७३ से उक्त तीनों प्रकार के लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में क्रम से 'हि' और 'सु' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर देहि' और देसु' रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३-१७४॥

## अत इज्ज स्विज्ज हीज्जे-लुको वा ॥ ३-१७५ ॥

अकारात्परस्य सोः इज्जसु इज्जहि इज्जे इत्येते लुक् च आदेशा वा भवन्ति ॥ हसेज्जसु। हसेज्जहि। हसेज्जे। हस। पक्षे। हससु॥ अत इति किम्। होसु॥ ठाहि॥

*अर्थ*—आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीपर्थक के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत म सूत्र संख्या ३-१७३ म जिस सु प्रत्यय का विधान किया गया है उस प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' के स्थान पर केवल अकारान्त धातुओं में ही वैकल्पिक रूप से 'इज्जसु अथवा इज्जहि अथवा इज्जे' प्रत्ययो की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। इस प्रकार से प्राकृत भाषा में उक्त लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में केवल अकारान्त धातुओं में चार प्रत्ययों की प्राप्ति हो जाती है। जो कि इस प्रकार है—(१) 'सु', (२) इज्जसु, (३) इज्जहि और (४) इज्जे। मुख्य प्रत्यय तो 'सु' ही है, किन्तु वैकल्पिक रूप से इन तीनों प्रत्ययों में से किसी भी एक प्रत्यय की कभी कभी उक्त 'सु' प्रत्यय के स्थान पर आदेश प्राप्ति हो जाती है। कभी कभी ऐसा भी देखा जाता है कि उपरोक्त चारों प्रकार के प्रत्ययो में स किसी भी प्रकार के प्रत्यय की संयोजना नहीं होकर अर्थात उक्त प्रत्ययो का सर्वथा लोप होकर केवल मूल प्राकृत धातु के 'अविकल रूप' मात्र क प्रदर्शन स अथवा बोलने से उक्त लकारों क द्वितीय पुरुष के एकवचन क अर्थ में 'भावाभिव्यक्ति' अर्थात् वैसा अर्थ प्रकट हो जाता है। इस प्रकार से उक्त चार प्रकार के प्रत्ययों के अतिरिक्त 'प्रत्यय लोप' वाला पाँचवाँ रूप और जानना चाहिये। यह स्थिति केवल अकारान्त धातुओं के लिय ही जानना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार है—( त्वम ) हस अथवा हसतात् (त्वम्) हसे और ( त्वम ) हस्या =( तुम ) हसेज्जसु, हसज्जहि, हसज्जे और हस। पक्षान्तर में 'हससु' भी होता है। इन सभी रूपों का यही हिन्दी अर्थ है कि—( तू ) हँस, ( तू ) हँसे और ( तू ) हँसने वाला हो।

प्रश्न — केवल अकारान्त धातुओं के लिये ही ही उपरोक्त चार प्रत्ययों का वैकल्पिक विधान क्यों किया गया है ? अन्य स्वरान्त धातुओं में इन प्रत्ययों की संयोजना का विधान क्यों नहीं किया गया है ?

उत्तर — चूँकि प्राकृत-भाषा में अकारान्त धातुओं के अतिरिक्त अन्य स्वरान्त धातुओं में लकारों से सम्बन्धित द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ की अभिव्यक्ति में केवल दो प्रत्यय 'सु' और 'हि' की प्राप्ति ही पाई जाती है, इसलिये परम्परा के प्रतिकूल विधान करना अनुचित एवं अशुद्ध है, इस दृष्टिकोण से केवल अकारान्त-धातुओं के लिये ही उपरोक्त विधान सुनिश्चित किया गया है। स्वरान्त धातुओं के उदाहरण इस प्रकार हैं —(त्वम्) भव अथवा भवतात् (त्वम्) भवे और (त्वम्) भूयाः = (तुम) होसु = तू हो अथवा तू हो वे अथवा तू होने योग्य हो। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है:- (त्वम्) तिष्ठ अथवा तिष्ठतात्, (त्वम्) तिष्ठे और (त्वम्) तिष्ठयाः = (तुम) ठाहि = तू ठहर, तू ठहरे और तू ठहरने योग्य हो। इन उदाहरणों में दी गई-धातुऐं 'हो' और 'ठा' क्रम से ओकारान्त एवं आकारान्त हैं, इसलिये सूत्र संख्या ३-१७५ के विधि विधान से अकारान्त नहीं होने के कारण से तीनों लकारों के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में अकारान्त धातुओं में प्राप्तव्य प्रत्यय 'इज्जसु इज्जहि इज्जे और लुक्' की प्राप्ति इनमें नहीं हो सकती है। इसलिये यह सिद्धांत निश्चित हुआ कि केवल अकारान्त धातुओं में ही उक्त चार प्रत्यय जोड़े जा सकते हैं, अन्य स्वरान्त धातुओं में ये चार प्रत्यय नहीं जोड़े जा सकते हैं।

हस अथवा हसतात् हसे और हस्याः संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि-अर्थक और आशीर्वर्थक के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से यहाँ पर पाँच रूप दिये गये हैं, जो कि इस प्रकार हैं -(१) हसेज्जसु, (२) हसेज्जहि, (३) हसेज्जे, (४) हस और (५) हससु। इनमें से प्रथम तीन रूपों में सूत्र संख्या १ १० से मूल धातु अकारान्त धातु 'हस' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के आगे प्राप्तव्य प्रत्यय 'इज्जसु, इज्जहि और इज्जे' आदि में 'इ' स्वर का सद्भाव होने के कारण से लोप, ३ १७५ से प्राकृत में प्राप्त हलन्तांग 'हस्' में इन तीनों लकारों के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में प्राकृत में क्रम से 'इज्जसु, इज्जहि और इज्जे' प्रत्ययों की प्राप्ति और १-५ हलन्त-अंग 'हस्' के साथ में उक्त प्राप्त प्रत्ययों की संधि होकर हसेज्जसु, हसेज्जहि और हसेज्जे रूप सिद्ध हो जाते हैं।

चतुर्थ रूप 'हस' में मूल अकारान्त धातु 'हस' के साथ में सूत्र संख्या ३ १७५ से उक्त प्राप्त प्रत्ययों का लोप होकर उल्लिखित लकारों के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन के सद्भाव में 'हस' रूप सिद्ध हो जाता है।

पाँचवें रूप 'हससु' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१७३ में की गई है।

भव अथवा भवतात्, भवे और भूया संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि अर्थक, और आशार्थक के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप होसु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू = भव्' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' रूप की आदेश प्राप्ति और ३-१७३ से प्राकृत में आदेश प्राप्त धातु अङ्ग 'हो' में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में द्वितीय-पुरुष के एकवचन के सद्भाव में 'सु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत क्रियापद का रूप होसु सिद्ध हो जाता है।

तिष्ठ अथवा तिष्ठतात्, तिष्ठे और तिष्ठया संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशार्थक द्वितीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप ठाहि होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१६ से मूल संस्कृत धातु 'स्था = तिष्ठ्' के स्थान पर प्राकृत में 'ठा' रूप का आदेश प्राप्ति और ३-१७४ से प्राकृत में आदेश प्राप्त धातु अङ्ग 'ठा' में उक्त तीनों लकारों के अर्थ में द्वितीय-पुरुष के एकवचन के सद्भाव में 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'ठाहि' रूप सिद्ध हो जाता है। ३-१७५॥

## बहुषु न्तु ह मो ॥ ३-१७६ ॥

**विध्यादिषूत्पन्नानां बहुष्वर्थेषु वर्तमानानां त्रयाणां त्रिकाणां स्थाने यथासंख्यं न्तु ह मो इत्येते आदेशा भवन्ति ॥ न्तु । हसन्तु । हसन्तु हसेयुर्वा ॥ ह । हसह । हसत । हसेत वा ॥ मो । हसामो । हसाम । हसेम वा ॥ एवं तुवरन्तु । तुवरह । तुवरामो ॥**

अर्थ—संस्कृत में प्राप्त आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीर्थक के प्रथम द्वितीय और तृतीय पुरुष के द्विवचन में तथा बहुवचन में जो प्रत्यय धातुओं में नियमानुसार संयोजित किये जाते हैं, उन प्राप्त प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में जिन आदेश प्राप्त प्रत्ययों की उपलब्धि है, उनका विधान इस सूत्र में किया गया है, तदनुसार प्राकृत धातुओं में उक्त लकारों के अर्थ में प्रथम-पुरुष के बहुवचन में 'न्तु' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है, द्वितीय पुरुष के बहुवचन में 'ह' प्रत्यय का सद्भाव होता है और तृतीय पुरुष के बहुवचन में 'मो' प्रत्यय का आदेश भाव जानना चाहिये। यों तीनों लकारों के द्विवचन के तथा बहुवचन के प्रत्ययों के स्थान पर केवल एक एक प्रत्यय की ही क्रम से न्तु, ह और मो' की प्रथम पुरुष में द्वितीय पुरुष में और तृतीय पुरुष में आदेश प्राप्ति जाननी चाहिये इनके क्रम से उदाहरण इस प्रकार हैं—

न्तु' प्रत्यय का उदाहरण—हसन्तु, हसेयुः और हस्यासुः = हसन्तु=वे हँसे, वे हँसते रहें अथवा वे हँसने योग्य हों। द्वितीय पुरुष के बहुवचनार्थ प्रत्यय 'ह' का उदाहरण—हसत, हसेत और हस्यास्त= हसह=आप हँसो, आप हँसे और आप हँसने योग्य हों। तृतीय पुरुष के बहुवचनार्थक प्रत्यय 'मो' का

दृष्टान्त—हसाम, हसेम और हस्यास्म=हसामो=हम हँसे, हम हँसते रहें और हम हँसने योग्य हों। इन में 'हस' धातु परस्मैपदी है, तदनुसार उपरोक्त उदाहरण परस्मैपदी धातु का प्रदर्शित किया गया है, अब 'त्वर्=जल्दी करना' धातु का उदाहरण दिया जाता है, यह धातु आत्मनेपदीय है। प्राकृत में परस्मैपदी और आत्मनेपदी जैसा धातु भेद नहीं पाया जाता है, अतएव संस्कृत में जैसे परस्मैपदी अर्थक प्रत्यय भिन्न होते हैं और आत्मनेपदी अर्थक प्रत्यय भी भिन्न होते हैं, वैसी पृथकता प्राकृत में नहीं है। परन्तु तात्पर्य-विशेष का बोध कराने के लिये संस्कृतीय आत्मनेपदी धातु का उदाहरण ग्रंथकार वृत्ति में प्रदर्शित कर रहे हैं। प्रथम पुरुष के बहुवचन का उदाहरण—त्वरन्ताम्, त्वरेरन और त्वरिषीरन=तुवरन्तु=वे शीघ्रता करें, वे शीघ्रता करते रहें और वे शीघ्रता करने योग्य हों। द्वितीय पुरुष के बहुवचन का उदाहरण—त्वरध्वम्, त्वरेध्वम् और त्वरिषीध्वम्=तुवरह=आप जल्दी करो, आप जल्दी करें और आप जल्दी करने वाले हों। तृतीय पुरुष के बहुवचन का उदाहरण—त्वरामहै, त्वरेमहि और त्वरिषीमहि=तुवरामो=हम शीघ्रता करें, हम शीघ्रता करते रहें और हम शीघ्रता करने वाले हों। इस प्रकार प्राकृत भाषा में आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीषर्थक लकारों के बहुवचन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुष के अर्थ में क्रमशः समान रूप से 'न्तु, ह और मो' प्रत्यय का सद्भाव जानना चाहिये। प्राकृत में परस्मैपदी और आत्मनेपदी जैसे धातु भेद का अभाव होने से प्रत्यय भेद का भी अभाव ही होता है।

हसन्तु, हसेयु और हस्यासु संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीषर्थक प्रथम पुरुष के बहुवचन के अकर्मक परस्मैपदीय क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप हसन्तु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से प्राकृत हलन्त धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१७६ से प्राकृत में प्राप्तांग 'हस' में उक्त तीनों प्रकार के लकारों के अर्थ में प्रथम पुरुष के बहुवचन के सद्भाव में प्राकृत में 'न्तु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर हसन्तु रूप सिद्ध हो जाता है।

हसत, हसेत और हस्यास्त संस्कृत के क्रमशः आज्ञार्थक, विधि अर्थक, और आशीषर्थक द्वितीय पुरुष के बहुवचन के अकर्मक परस्मैपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप 'हसह' होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से हलन्त प्राकृत धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति और ३-१७६ से प्राकृत में प्राप्तांग 'हस' में उक्त तीनों प्रकार के लकारों के अर्थ में द्वितीय पुरुष के बहुवचन के सद्भाव में प्राकृत में केवल एक ही प्रत्यय 'ह' की प्राप्ति होकर 'हसह' रूप सिद्ध हो जाता है।

हसाम, हसेम और हस्यास्म संस्कृत के क्रमशः उपरोक्त तीनों प्रकार के लकारों के तृतीय पुरुष के बहुवचन के अकर्मक परस्मैपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप हसामो होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-२३९ से हलन्त प्राकृत धातु 'हस' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५५ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३-१७६

ाकृत में प्राप्तांग हस' में उक्त तीनों प्रकार के लकारों के अर्थ में तृतीय पुरुष के बहुवचन के सद्भाव में ाकृत में क्रमल एक ही प्रत्यय 'मो' की प्राप्ति होकर *हसामो* रूप सिद्ध हो जाता है।

*त्वरन्ताम्, त्वरेरन्* और *त्वरिषीरन्* संस्कृत के क्रमशः उक्त तीनों लकारों के प्रथम पुरुष के बहुवचन के अकर्मक आत्मनेपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप तुवरन्तु होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१७० से मूल संस्कृत धातु 'त्वर्' के स्थान पर प्राकृत में 'तुवर' की आदेश प्राप्ति और ३-१७६ से उक्त तीनों लकारों के प्रथम पुरुष के बहुवचन के सद्भाव में प्राकृत में प्राप्तांग 'तुवर' में 'न्तु' प्रत्यय की प्राप्ति होकर तुवरन्तु रूप सिद्ध हो जाता है।

*त्वरध्वम्, त्वरेध्वम्* और *त्वरिषीध्वम्* संस्कृत के क्रमशः उक्त तीनों प्रकार के लकारों के द्वितीय पुरुष के बहुवचन के अकर्मक आत्मनेपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप तुवरह होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१७० से मूल संस्कृत धातु 'त्वर' के स्थान पर प्राकृत में 'तुवर' की आदेश प्राप्ति और ३-१७६ से उक्त तीनों लकारों के द्वितीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में प्राकृत में प्राप्तांग 'तुवर' में 'ह' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तुवरह* रूप सिद्ध हो जाता है।

*त्वरामहे, त्वरेमहि* और *त्वरिषीमहि* संस्कृत के क्रमशः उक्त तीनों प्रकार के लकारों के तृतीय पुरुष के बहुवचन के अकर्मक आत्मनेपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर प्राकृत में समान रूप से एक ही रूप तुवरामो होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-१७० से मूल संस्कृत धातु 'त्वर' के स्थान पर प्राकृत में 'तुवर' की आदेश प्राप्ति, ३-१५५ से आदेश प्राप्त धातु अङ्ग 'तुवर' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर आगे 'मो' प्रत्यय का सद्भाव होने के कारण से 'आ' की प्राप्ति और ३-१७६ से प्राप्त प्राकृत अंग 'तुवरा' में उक्त तीनों प्रकार के लकारों के तृतीय पुरुष के बहुवचन के अर्थ में प्राकृत में 'मो' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *तुवरामो* रूप सिद्ध हो जाता है। ३-१७६॥

## वर्तमाना-भविष्यन्त्योश्च ज्ज ज्जा वा ॥३-१७७॥

वर्तमानाया भविष्यन्त्याश्च विध्यादिषु च विहितस्य प्रत्ययस्य स्थाने ज्ज ज्जा इत्येतावादेशौ वा भवतः। पक्षे यथा प्राप्तम्॥ वर्तमाना। हसेज्ज। हसेज्जा। पढेज्ज। पढेज्जा। सुणेज्ज। सुणेज्जा॥ पक्षे। हसइ। पढइ। सुणइ॥ भविष्यन्ती। पढेज्ज। पढेज्जा। पक्षे। पढिहिइ॥ विध्यादिषु। हसेज्ज। हसिज्जा। हसतु। हसेद्वा इत्यर्थः। पक्षे। हसउ॥ एवं सर्वत्र। यथा तृतीयत्रये। अइवाएज्जा। अइवायावेज्जा। न समणुजाणामि। न समणुजाणेज्जा वा॥ अन्येत्वन्यासामपीच्छन्ति। होज्ज। भवति। भवेत्। भवतु। अभवत्। अभूत्। बभूव। भूयात्। भविता। भविष्यति। अभविष्यद्वेत्यर्थः॥

अर्थ —प्राकृत भाषा में वर्तमानकाल के, भविष्यत्काल के, आज्ञार्थक, विधि अर्थक और आशीषथक के तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में प्राप्तव्य सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ज्ज और ज्जा' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है और इस प्रकार केवल ज्ज अथवा ज्जा प्रत्यय की ही संयोजना कर देने से उक्त लकारों के किसी भी प्रकार के पुरुष के किसी भी वचन का अर्थ संदर्भ के अनुसार उत्पन्न हो जाता है। यह स्थिति वैकल्पिक है, अतएव पक्षान्तर में उक्त लकारों के क्रम में कहे गये प्रत्ययों की प्राप्ति भी यथा-नियमानुसार होती ही है। वर्तमानकाल का दृष्टान्त इस प्रकार है —हसति, ( हसन्ति, हससि, हसथ, हसामि और हसाम )= हसेज्ज और हसेज्जा = पक्षान्तर में-हसइ ( हसए, हसन्ति, हसन्ते, हसिरे, हसाम, हससे, हसित्था, हसह, हसामि, हसामो, हसामु और हसाम )= वह हँसता है, ( वे हँसते हैं, तू हँसता है, तुम हँसते हो, मैं हँसता हूं और हम हँसते हैं। ) दूसरा उदाहरण —पठति-( पठन्ति, पठसि, पठथ, पठामि और पठाम )= पढेज्ज और पढेज्जा=पक्षान्तर में-पढइ ( पढए, पढन्ति, पढन्ते, पढिरे, पढसि, पढसे, पढित्था, पढह, पढामि, पढामो, पढामु और पढाम )= पढता है ( वे पढते हैं, तू पढता है, तुम पढते हो, मैं पढता हूं और हम पढते हैं )। तीसरा उदाहरण शृणोति-( शृण्वन्ति, शृणोषि, शृणुथ, शृणोमि, और शृणुमः अथवा शृण्मः )= सुणेज्ज अथवा सुणेज्जा पक्षान्तर में-सुणइ, ( सुणए, सुणन्ति, सुणन्ते, सुणिरे, सुणसि, सुणसे, सुणित्था, सुणह, सुणामि, सुणामो, सुणामु और सुणाम )=वह सुनता है, ( वे सुनते हैं, तू सुनता है, तुम सुनते हो, मैं सुनता हूं और हम सुनते हैं )।

भविष्यत् काल का उदाहरण इस प्रकार है —पठिष्यति-( पठिष्यन्ति, पठिष्यसि, पठिष्यथ, पठिष्यामि और पठिष्याम )= पढेज्ज और पढेज्जा, पक्षान्तर में-पढिहिइ ( पढिहिए, पढिहिन्ति, पढिहिन्ते, पढिहिरे, पढिहिसि, पढिहिसे, पढिहित्था, पढिहिह, पढिहिमि, पढिहिमो, पढिहिमु, पढिहिम )= वह पढेगा ( वे पढ़ेंगे, तू पढ़ेगा, तुम पढोगे, मैं पढ़ूँगा और हम पढ़ेंगे )।

आज्ञार्थक और विधि-अर्थक के क्रमश उदाहरण इस प्रकार हैं —हसतु-हसतात् ( हसन्तु, हस-हसतात् और हसत, हसानि तथा हसाम ) तथा हसेत् ( हसेयुः, हसेः और हसेत, हसेयम् हसेम )= हसेज्ज और हसिज्जा अथवा हसेज्जा, पक्षान्तर में हसउ ( हसन्तु, हससु तथा हसह, हसामु और हसामो )= वह हँसे, ( वे हँसें, तू हँस तथा तुम हँसो, मैं हँसूं और हम हँसें ), वह हँसता ( वे हँसते रहें, तू हँसता रह तथा तुम हँसते रहो, मैं हँसता रहूँ और हम हँसते रहें )। यों क्रम से लकार के तथा लिङ् लकार के 'ज्ज-ज्जा' प्रत्ययों के साथ में प्राकृत रूप जानना चाहिये। अन्य प्राकृत धातुओं के सम्बन्ध में भी 'ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर वर्तमानकाल, भविष्यत्काल, आज्ञार्थक लकार और विधि अर्थक लकार के अर्थ में तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में सद्भाव में समझ लेना चाहिये। इसी तात्पर्य को समझाने के लिये पुनः दो उदाहरण दिये जाते हैं —अतिपातयति ( अतिपातयंति अतिपातयसि, अतिपातयथ, अतिपातयामि और

ाययाम )=अइवाएज्जा और अइवायावेज्जा=वह उल्लंघन कराता है, ( वे उल्लंघन कराते हैं, उल्लंघन कराता है, तुम उल्लंघन कराते हो, मैं उल्लंघन कराता हूँ और हम उल्लंघन कराते हैं )। स प्रकार से प्राकृत क्रियापद के रूप 'अइवाएज्ज और अइवायावेज्जा' का अर्थ वर्तमानकाल के णार्थक भाव में किया गया है। किसी भी प्रकार का परिवर्तन किये बिना इन्हीं प्राकृत क्रियापद रूपों द्वारा 'भविष्यत्काल के, आज्ञार्थक लकार के और विधि अर्थक लकार के' तीनों पुरुषों के दोनों चनों में भी प्रेरणार्थक भाव की अभिव्यञ्जना उपरोक्त वर्तमानकाल के समान ही की जा सकती है। रा उदाहरण इस प्रकार है —न समनुजानामि=न समणुजाणामि अथवा न समणुजाणेज्जा=मैं नुमोदन नहीं करता हूँ अथवा मैं अच्छा नहीं मानता हूँ। इस उदाहरण में यह बतलाया गया है कि र्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' के स्थान पर 'ज्जा प्रत्यय की देश प्राप्ति हुई है *ग्रंथकार इस प्रकार का विवेचना करके यह सिद्धान्त निश्चित करना चाहते हैं कि* प्त भाषा में वर्तमानकाल के, भविष्यत्काल के, आज्ञार्थक के और विधि अर्थक के तीनों पुरुषों के नों वचनों के अर्थ में धातुओं में प्राप्तव्य सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर '*ज्ज अथवा ज्जा*' इन प्रत्ययों की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति होती है।

प्राकृत भाषा के अन्य वैयाकरण विद्वान् यह भी कहते हैं कि संस्कृत भाषा में पाये जाने वाले ल-वाचक दश ही लकारों के तीनों पुरुषों के सभी प्रकार के वचनों के अर्थ में प्राप्तव्य कुल ही प्रत्ययों स्थान पर प्राकृत में 'ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्यय की संयोजना कर देने से प्राकृत भाषा में उक्त लकारों के भी पुरुषों के इष्ट वचन का तात्पर्य अभिव्यक्त हो जाता है। इस मन्तव्य का संक्षिप्त तात्पर्य यही है कि ातु में किसी भी काल के किसी भी पुरुष के किसी भी वचन में केवल 'ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्यय को जोड़ ने से उक्त काल के उक्त पुरुष के उक्त वचन का अर्थ परिस्फुटित हो जाता है। उदाहरण इस प्रकार है — वति, भवेत्, भवतु, अभवत्, अभूत्, बभूव, भूयात्, भविता, भविष्यति और अभविष्यत्=होज्ज= ह होता है, वह होवे, वह हो, वह हुआ, वह हुआ था, वह हो गया था, वह होने योग्य हो, वह होने ाला हो, वह होगा और वह हुआ होता। इस उदाहरण से प्रतीत होता है कि प्राकृत के क्रियापद के प 'होज्ज' से ही किसी भी लकार के किसी भी पुरुष के किसी भी वचन का अर्थ निकाला जा सकता । प्राकृत भाषा में यों केवल दो प्रत्यय ही 'ज्ज और ज्जा' सार्वकालिक और सार्ववाचनिक तथा सार्व- ौरुषेय हैं। किन्तु ध्यान में रहे कि यह स्थिति वैकल्पिक है।

*हसति, हसन्ति, हससि, हसथ, हसामि* और *हसाम* संस्कृत के वर्तमानकाल के तीनों पुरुषों के क्रमशः एकवचन के और बहुवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समान रूप से एवं समुच्चय रूप से हसेज्ज और हसेज्जा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४-२३९ से मूल प्राकृत- रूपन्त धातु 'हस' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५९ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर आगे प्राप्त प्रत्यय 'ज्ज और ज्जा' का सद्भाव होने के कारण से 'ए' की प्राप्ति और ३-१७७ से प्राप्तांग 'हसे' में उक्त वर्तमानकाल के तीनों पुरुषों के दोनों वचनों के अर्थ में प्राप्तव्य सभी संस्कृतीय प्रत्ययों के

स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'ज्ज और ज्जा' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप हसेज्ज और हसेज्जा सिद्ध हो जाते हैं।

*पठति, पठन्ति, पठसि, पठथ, पठामि* और *पठाम* संस्कृत के वर्तमानकाल के तीनों पुरुषों के क्रमशः एकवचन के और बहुवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समुच्चय रूप से पढेज्ज और पढेज्जा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-१९९ से मूल संस्कृत धातु 'पठ्' में स्थित हलन्त व्यञ्जन 'ठ्' के स्थान पर 'ढ्' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त हलन्त प्राकृत धातु 'पढ' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति; ३-१५९ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-१७७ से प्राप्तांग 'पढे' में वर्तमानकाल-वाचक सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल 'ज्ज और ज्जा प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होकर '*पढेज्ज* और *पढेज्जा*' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*शृणोति, शृण्वन्ति, शृणोषि, शृणुथ, शृणोमि* और *शृणुम* संस्कृत के वर्तमानकाल के तीनों पुरुषों के क्रमशः एकवचन के तथा बहुवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समान रूप से और समुच्चय रूप से सुणेज्ज तथा सुणेज्जा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या २-७९ से संस्कृत मूल विकरण प्रत्यय सहित पञ्चमगणीय धातु अंग 'श्रृनु' में स्थित 'श्रृ' के 'र' व्यञ्जन का लोप, १-२६० से लोप हुए 'र' व्यञ्जन के पश्चात् शेष रहे हुए 'शु' में स्थित तालव्य 'श' के स्थान पर प्राकृत में दन्त्य 'स' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण्' की प्राप्ति, ४-२३८ से प्राप्त 'णु' में स्थित अन्त्य स्वर 'उ' के स्थान पर 'अ' की प्राप्ति, ३-१५९ से प्राकृत में प्राप्तांग 'सुण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३-१७७ से प्राप्तांग 'सुणे' में वर्तमान-कालिक सभी पुरुषों के सभी वचनों के अर्थ में प्राप्तव्य संस्कृतीय सभी प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल दो प्रत्यय ही 'ज्ज तथा ज्जा' की क्रम से प्राप्ति होकर *सुणेज्ज* और *सुणेज्जा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

'हसइ' क्रियापद-रूप की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१३९ में की गई है।

'पढइ' क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या १-१९९ में की गई है।

*शृणोति* संस्कृत के वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन का सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप सुणइ होता है। इसमें 'सुण' अंग की प्राप्ति इसी सूत्र में वर्णित उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१३९ से प्राप्तांग 'सुण' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत क्रियापद का रूप *सुणइ* सिद्ध हो जाता है।

*पठिष्यति, पठिष्यन्ति, पठिष्यसि, पठिष्यथ, पठिष्यामि* और *पठिष्याम* संस्कृत के भविष्यत् काल के तीनों पुरुषों के क्रमशः एकवचन के तथा बहुवचन के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समान रूप से पढेज्ज तथा पढेज्जा होते हैं। इनमें प्राकृत अंग रूप 'पढे' की प्राप्ति इसी सूत्र में

वर्णित उपरोक्त रीति अनुसार, तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३ १७७ से प्राप्तांग पढे में भविष्यत् काल के सभी पुरुषों के सभी वचनों के अर्थ में प्राप्तव्य संस्कृतीय सर्व-प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल दो प्रत्यय ही 'ज्ज तथा ज्जा' की क्रम से प्राप्ति होकर *पढेज्ज* तथा *पढेज्जा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*पठिष्यति* संस्कृत के भविष्यत् काल के प्रथम पुरुष के एकवचन का सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप पढिहिइ होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१९९ से मूल संस्कृत हलन्त धातु 'पठ्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ठ' के स्थान पर 'ढ' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त प्राकृत धातु 'पढ्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन ढ में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५७ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, ३ १६६ से प्राप्त प्राकृत धातु अङ्ग 'पढि' में भविष्यत्काल बोधक प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३ १३९ से भविष्यत्अर्थक प्राप्तांग 'पढिहि' में प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *पढिहिइ* रूप सिद्ध हो जाता है।

*हसतु, हसतात्, हसन्तु, हस-हसतात्, हसत, हसानि, हसाम* और *हसेत्, हसेयुः, हसे, हसेत, हसेयम्, हसेम*, संस्कृत के आज्ञार्थ और विधि लिङ् अर्थक तीनों पुरुषों के एकवचन के तथा बहुवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समान रूप से और समुच्चय रूप से हसेज्ज तथा हसिज्जा (अथवा हसेज्जा) होते हैं। इनमें से प्रथम रूप में सूत्र संख्या ३-१५९ से मूल प्राकृत धातु 'हस' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, तथा द्वितीय रूप में ४ २३९ से उक्त 'अ' के स्थान पर 'इ' की प्राप्ति, यों क्रम से प्राप्तांग 'हसे और हसि' में सूत्र संख्या ३ १७७ से आज्ञार्थ और विधि लिङ् के तीनों पुरुषों के दोनों वचनों के अर्थ में प्राप्तव्य संस्कृतीय सर्व प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल दो प्रत्यय 'ज्ज तथा ज्जा' की ही क्रम से प्राप्ति होकर *हसेज्ज हसिज्जा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

हसउ क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३ १७३* में की गई है।

*अतिपातयति, अतिपातयन्ति, अतिपातयसि, अतिपातयथ, अतिपातयामि* और *अतिपातयामः* संस्कृत के वर्तमानकाल के प्रेरणार्थक क्रियावाले तीनों पुरुषों के क्रमशः दोनों वचनों के सकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समान रूप से अइवाएज्जा और अइवायावेज्जा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १ १७७ से मूल संस्कृत धातु 'अतिपत्' में स्थित प्रथम 'त्' का लोप, १ २३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, ३ १५३ से प्रेरणार्थक भाव के अस्तित्व के कारण से प्राप्त व्यञ्जन 'व' में स्थित 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति, ४ २३९ से संस्कृत की मूल धातु 'अतिपत्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'त' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, १-१७७ से उक्त प्राप्त अन्त्य 'त्' का पुनः लोप, १-१८० से लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति, ३ १५९ से प्रथम रूप में लोप हुए 'त्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'अ' के स्थान पर 'य' की प्राप्ति नहीं होकर 'ए' की प्राप्ति, ३ १४९ से द्वितीय रूप में प्राप्तांग 'अइवाय' में प्रेरणार्थक भाव के अस्तित्व में 'आवे' प्रत्यय की प्राप्ति, १ ५ से द्वितीय रूप में प्राप्तांग 'अइवाय' के साथ में प्राप्त प्रत्यय 'आवे' की संधि होकर 'अइवायावे' अङ्ग की प्राप्ति एवं

में सूत्र संख्या ३-१७७ से क्रम से प्राप्तांग 'अइवाए' और 'अइवायावे' में वर्तमानकाल बाचक तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में प्राप्तव्य संस्कृतीय सर्व प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में क्रम 'ज्ज' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *अइवाएज्जा* और *अइवायावेज्जा* रूप सिद्ध हो जाते हैं।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १ ६ में की गई है।

*समनुजानामि* संस्कृत के वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन का सकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूप समणुजाणामि और समणुजाणेज्जा होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, ३-१५४ से प्रथम रूप में प्राप्तांग 'समणुजाण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'आ' की प्राप्ति और ३ १४१ से प्रथम रूप वाले प्राप्तांग 'समणुजाणा' में वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्रथम रूप *समणुजाणामि* सिद्ध हो जाता है। द्वितीय रूप में सूत्र संख्या ३-१५९ से प्राप्तांग 'समणुजाण' में स्थित अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्राप्तांग 'समणुजाणे' में सूत्र संख्या ३ १७७ से वर्तमानकाल के तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' के स्थान पर 'ज्जा' प्रत्यय की प्राप्ति होकर द्वितीय रूप *समणुजाणेज्जा* भी सिद्ध हो जाता है।

'वा' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १-६७ में की गई है।

*भवति, भवेत्, भवतु, अभवत्, अभूत्, बभूव, भूयात्, भविता, भविष्यति,* और *अभविष्यत्* संस्कृत के क्रमशः लट्, लिङ्, लोट्, लङ्, लुङ्, लिट्, लिङ् (आशिषि), लुट्, लृट् और लृङ् लकारों के प्रथम पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर समुच्चय रूप से प्राकृत में एक रूप होज्ज होता है। इनमें सूत्र संख्या ४ ६० से संस्कृत में प्राप्त धातु 'भू' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' अंग-रूप की प्राप्ति और ३-१७७ की वृत्ति से उक्त दस ही लकारों के अर्थ में प्राप्तव्य संस्कृतीय सर्व-प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल 'ज्ज' प्रत्यय की ही प्राप्ति होकर उक्त दस लकारों के प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत-क्रियापद का रूप *'होज्ज'* सिद्ध हो जाता है। ३-१७७।

## मध्ये च स्वरान्ताद्वा ॥३-१७८॥

स्वरान्ताद्धातोः प्रकृति प्रत्यययोर्मध्ये चकारात् प्रत्ययानां च स्थाने ज्ज ज्जा इत्येतौ वा भवतः वर्तमाना भविष्यन्त्योर्विध्यादिषु च ॥ वर्तमाना । होज्जइ । होज्जाइ । होज्ज । होज्जा । पक्षे । होई ॥ एवं होज्जसि । होज्जासि । होज्ज । होज्जा ॥ पक्षे । होसि इत्यादि ॥ भविष्यन्ति । होज्जहिइ । होज्जाहिइ । होज्ज । होज्जा । पक्षे । होहिइ ॥ एवं होज्जहिसि ।

होज्जाहिसि । होज्ज । होज्जा । होहिसि । होज्जहिमि । होज्जाहिमि । होज्जस्सामि । होज्जहामि । होज्जस्सं । होज्ज । होज्जा । इत्यादि ॥ निध्योदिषु । होज्जउ । होज्जाउ । होज्ज । होज्जा । भवतु भवेद्वेत्यर्थः । पक्षे । होउ ॥ स्वरान्तादितिकिम् । हसेज्ज । हसेज्जा । तुवरेज्ज तुवरेज्जा ॥

*अर्थ*—प्राकृत भाषा में जो स्वरान्त धातुए हैं, उन स्वरान्त धातुओं के मूल अंग और संयोजित होनेवाले वर्तमानकाल के, भविष्यत्-काल के, आज्ञार्थक और विधि अर्थक के प्रत्यय इन दोनों के मध्य में वैकल्पिक रूप से ज्ज अथवा ज्जा की प्राप्ति ( विकरण प्रत्यय जैसे रूप से ) हुआ करती है। कभी-कभी ऐसा भी होता है कि वर्तमानकाल के, भविष्यत्काल के, आज्ञार्थक और विधि अर्थक के प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'ज्ज अथवा ज्जा' की आदेश प्राप्ति भी हुआ करता है। *निष्कर्ष* रूप से वक्तव्य यह है कि स्वरान्त धातु और उक्त लकारों के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्ययों के मध्य में 'ज्ज अथवा ज्जा' की प्राप्ति वैकल्पिक रूप से होती है। तथा कभी कभी उक्त लकारों के अर्थ में प्राप्तव्य सभी प्रकार के पुरुष बोधक तथा सभी प्रकार के वचन बोधक प्रत्ययों के स्थान पर भी वैकल्पिक रूप से 'ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है। उक्त लकारों से सम्बन्धित उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं, सर्व-प्रथम *वर्तमानकाल* के उदाहरण दिये जा रहे हैं—भवति=होज्जइ, होज्जाइ, होज्ज तथा होज्जा, वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'होइ' भी होता है। भवसि=होज्जसि, होज्जासि, होज्ज तथा होज्जा, वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'होसि' भी होता है। उपरोक्त दोनों उदाहरण क्रम से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के तथा द्वितीय पुरुष के एकवचन के हैं। अब *भविष्यत्काल* के उदाहरण प्रदर्शित किये जा रहे हैं भविष्यति=होज्जहिइ, होज्जाहिइ, होज्ज तथा होज्जा। वैकल्पिक पक्ष का सद्भाव होने के कारण से पक्षान्तर में 'होहिइ' रूप भी होता है। इनका हिन्दी अर्थ होता है वह होगा अथवा वह होगी। दूसरा उदाहरण भविष्यसि=होज्जहिसि, होज्जाहिसि, होज्ज तथा होज्जा। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'होहिसि' रूप का भी सद्भाव होगा। इनका हिन्दी अर्थ होता है-तू होगा अथवा होगी। तीसरा उदाहरण —भविष्यामि=होज्जहिमि, होज्जाहिमि, होज्जस्सामि, होज्जहामि, होज्जस्सं, होज्ज तथा होज्जा, पक्षान्तर में होहिमि भी होता है। इनका हिन्दी-अर्थ यह है कि-मैं होऊँगा अथवा होऊँगी।

*आज्ञार्थक* और *विधि-अर्थक* के उदाहरण इस प्रकार हैं—भवतु और भवेत्=होज्जउ, होज्जाउ, होज्ज तथा होज्जा, पक्षान्तर में 'होउ' भी होता है। इनका यह अर्थ है कि-वह हो अथवा वह होवे। इन उदाहरणों से यह विदित होता है कि वैकल्पिक रूप से स्वरान्त धातु और प्रत्यय के मध्य में 'ज्ज अथवा ज्जा' की प्राप्ति हुई है तथा पक्षान्तर में प्रत्ययों के स्थान पर ही 'ज्ज अथवा ज्जा' का आदेश हो गया है। साथ में यह भी बतला दिया गया है कि 'उपरोक्त दोनों विधि विधान वैकल्पिक स्थिति वाले होने से तृतीय अवस्था में न तो 'ज्ज अथवा ज्जा' का धातु और प्रत्यय के मध्य में आगम

ही हुआ है और न प्रत्ययों के स्थान पर आदेश ही हुआ है; किन्तु पूर्व सूत्रों में वर्णित सत-सामान्य से उपलब्ध लकार बोधक प्रत्ययों की ही प्राप्ति हुई है। यों तीनों प्रकार की स्थिति का प्रदर्शन किया गया है, जो कि ध्यान देने योग्य है।

प्रश्न --मूल सूत्र में 'स्वरान्त' पद का उपयोग करके ऐसा विधान क्यों बनाया गया है कि स्वरान्त धातु और प्राप्तव्य लकार-बोधक प्रत्ययों के मध्य में ही 'ज्ज अथवा ज्जा' का वैकल्पिक रूप से आगम होता है?

उत्तर—जो धातु स्वरान्त नहीं होकर व्यञ्जनान्त हैं, उनमें 'मूल धातु अंग और प्राप्तव्य लकार बोधक प्रत्ययों के मध्य में आगम रूप से 'ज्ज अथवा ज्जा' की प्राप्ति नहीं होती है, इसलिये ऐसी धातुओं की 'ऐसी विशेष स्थिति' का प्रदर्शन कराने के लिये ही मूल सूत्र में 'स्वरान्त' पद का संयोजन की गई है। किन्तु ऐसी स्थिति में भी यह बात ध्यान में रहे कि व्यञ्जनान्त अंग और प्रत्ययों के मध्य में 'ज्ज अथवा ज्जा' का आगम नहीं होने पर भी लकार बोधक प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर वैकल्पिक रूप से उक्त 'ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति तो होती है। जैसे:- हसति, हससि, हसामि, हसिष्यति, हसिष्यसि, हसिष्यामि, हसतु और हसेत्=हसेज्ज अथवा हसेज्जा=वह हँसता है, तू हँसता है, मैं हँसता हूँ, वह हँसेगा, तू हँसेगा, मैं हँसूँगा, वह हँसे और वह हँसता रहे। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है—त्वरते, त्वरसे, त्वरे, त्वरिष्यते, त्वरिष्यसे, त्वरिष्ये, त्वरताम्, त्वरेत, त्वरे, त्वरेत, त्वरेय, त्वरेय=तुवरेज्ज और तुवरेज्जा=वह शीघ्रता करता है, तू शीघ्रता करता है, मैं शीघ्रता करता हूँ, वह शीघ्रता करेगा, तू शीघ्रता करेगा, मैं शीघ्रता करूँगा, वह शीघ्रता करे तू शीघ्रता कर मैं शीघ्रता करूँ, वह शीघ्रता करता रहे, तू शीघ्रता करता रह और मैं शीघ्रता करता रहूँ। इन 'ज्ज और ज्जा' प्रत्ययों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक सूत्र संख्या ३-१७७ में बतलाया गया है, अतः विशेष विवरण की यहाँ पर आवश्यकता नहीं रह जाती है।

भवति संस्कृत के वर्तमान काल के प्रथम पुरुष के एकवचन का अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूपान्तर होज्जइ, होज्जाइ होज्ज, होज्जा और होइ=होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या ४-६० से मूल संस्कृत-धातु 'भू=भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' अंग की प्राप्ति, तत्पश्चात् प्रथम और द्वितीय रूपों में सूत्र संख्या ३-१७८ से प्राप्तांग 'हो' में 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की (विकरण रूप से) वैकल्पिक प्राप्ति और ३-१३९ से प्राप्तांग 'होज्ज तथा होज्जा' में वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर होज्जइ तथा होज्जाइ रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय और चतुर्थ रूपों में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'हो' में सूत्र-संख्या ३-१७८ तथा ३-१७७ से वर्तमानकाल के प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ति' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'ज्ज और ज्जा प्रत्ययों की प्राप्ति होकर तृतीय और चतुर्थ रूप 'होज्ज तथा होज्जा' भी सिद्ध हो जाते हैं।

पञ्चम रूप होइ की सिद्धि सूत्र संख्या १९ में की गई है।

भवसि संस्कृत के वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के एकवचन का अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूपान्तर होज्जसि, होज्जासि, होज्ज, होज्जा और होसि होते हैं। इनमें से प्रथम और द्वितीय रूपों में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'हो' में सूत्र-संख्या ३-१७८ से 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की (विकरण रूप से) वैकल्पिक प्राप्ति और ३-१४० से प्राप्तांग 'होज्ज तथा होज्जा' में वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के समान ही प्राकृत में भी 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर होज्जासि रूप सिद्ध हो जाता है।

तृतीय और चतुर्थ रूपों में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'हो' में सूत्र संख्या ३-१७८ से तथा ३-१७७ से वर्तमानकाल के द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'ज्ज और ज्जा' प्रत्ययों की प्राप्ति होकर तृतीय तथा चतुर्थ रूप 'होज्ज और होज्जा' भी सिद्ध हो जाते हैं।

पंचम रूप 'होसि' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१४५ में की गई है।

भविष्यति संस्कृत के भविष्यत् काल के प्रथम पुरुष के एकवचन का अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत रूपान्तर होज्जहिइ, होज्जाहिइ, होज्ज, होज्जा और होहिइ होते हैं। इनमें से प्रथम और द्वितीय रूपों में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'हो' में सूत्र संख्या ३-१७८ से 'ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्ययों की (विकरण रूप से) वैकल्पिक प्राप्ति, ३-१६६ से प्राप्तांग 'होज्ज तथा होज्जा' में भविष्यत् काल वाचक अर्थ में प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३-१३९ से भविष्यत् काल के अर्थ में प्राकृत में क्रम से प्राप्तांग 'होज्जहि तथा होज्जाहि' में प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर होज्जहिइ और होज्जाहिइ रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय और चतुर्थ रूप 'होज्ज तथा होज्जा' में सूत्र संख्या ३-१७८ से तथा ३-१७७ से प्राप्तांग 'हो' में भविष्यत् काल वाचक प्राप्तव्य प्राकृतीय प्रत्ययों के स्थान पर क्रम से 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की वैकल्पिक रूप से भविष्यत् काल वाचक-अर्थ में आदेश-प्राप्ति होकर 'होज्ज तथा होज्जा' रूप भी सिद्ध हो जाते हैं।

पंचम रूप 'होहिइ' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६६ में की गई है।

भविष्यसि संस्कृत के भविष्यत् काल के द्वितीय पुरुष के एकवचन का अकर्मक क्रियापद का रूप है। इसके प्राकृत-रूपान्तर होज्जहिसि, होज्जाहिसि, होज्ज, होज्जा और होहिसि होते हैं। इनमें से प्रथम और द्वितीय रूपों में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'हो' में सूत्र-संख्या ३-१७८ से 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की (विकरण रूप से) वैकल्पिक प्राप्ति, ३-१६६ से प्राप्तांग 'होज्ज तथा होज्जा' में भविष्यत् काल वाचक

अर्थ में प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति और ३ १४० से भविष्यत्-काल के अर्थ में प्राकृत में प्र से प्राप्तांग 'होज्जहि तथा होज्जाहि' में द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'सि' प्रत्यय की प्राप्ति हो 'होज्जाहिसि तथा होज्जाहिसि' सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय और चतुर्थ रूप 'होज्ज तथा होज्जा' में सूत्र संख्या ३ १७८ से तथा ३ १७७ से (इसी रीति से) प्राप्तांग 'हो' में भविष्यत् काल वाचक रूप से प्राप्तव्य द्वितीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्रत्ययों के स्थान पर क्रम से 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति होकर 'होज्ज तथा होज्जा' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पञ्चम रूप 'होहिसि' की सिद्धि सूत्र संख्या ३-१६६ में की गई है।

*भविष्यामि* संस्कृत के भविष्यत्-काल के तृतीय पुरुष के एकवचन का अकर्मक क्रियापद का है। इसके प्राकृत-रूपांतर क्रम से होज्जहिमि, होज्जाहिमि, होज्जस्सामि, होज्जहामि, होज्जस्सं, होज्ज और होज्जा होते हैं। इनमें से प्रथम पाँच रूपों में उपरोक्त रीति से प्राप्तांग 'हो' में सूत्र संख्या ३ १७८ से 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की (विकरण रूप से) क्रम से वैकल्पिक प्राप्ति, तत्पश्चात् क्रम से प्राप्तांग 'होज्ज और होज्जा' में सूत्र संख्या ३ १६६ से तथा ३-१६७ से भविष्यत् काल वाचक अर्थ में प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि, स्सा, हा' की क्रम से प्रथम द्वितीय रूपों में तथा तृतीय चतुर्थ रूपों में प्राप्ति, यों क्रम से भविष्यत् काल वाचक अर्थ में क्रम से प्राप्तांग प्रथम द्वितीय-तृतीय और चतुर्थ रूप 'होज्जहि, होज्जाहि, होज्जस्सा और होज्जहा' में सूत्र संख्या ३-१४१ से तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में 'मि' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'होज्जहिमि, होज्जाहिमि, होज्जस्सामि और होज्जहामि' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

पञ्चम रूप 'होज्जस्सं' में 'होज्ज' अङ्ग की प्राप्ति उपरोक्त रीति से होकर सूत्र-संख्या ३ १६६ से भविष्यत्-काल के अर्थ में प्राप्तांग 'होज्ज' में तृतीय पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'मि' के स्थान पर 'स्सं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होकर 'होज्जस्सं' रूप सिद्ध हो जाता है।

छट्ठे और सातवें रूप 'होज्ज तथा होज्जा' में 'हो' अङ्ग की उपरोक्त रीति से प्राप्ति हो; तत्पश्चात् सूत्र संख्या ३-१७८ से तथा ३-१७७ से भविष्यत काल के अर्थ में प्राप्तव्य सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर केवल 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की ही क्रम से प्राप्ति होकर '*होज्ज तथा होज्जा*' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

*भवतु* तथा *भवेत्* संस्कृत के क्रम से आज्ञार्थक, तथा विधि लिङ् के प्रथम पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इनके प्राकृत रूप समान रूप से यहाँ पर पाँच दिये गये हैं, होज्ज, होज्जाउ, होज्ज, होज्जा तथा होउ। इनमें धातु-अंग रूप 'हो' की प्राप्ति उपरोक्त रीति अनुसार; तत्पश्चात् प्रथम दो रूपों में सूत्र संख्या ३-१७८ से 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की (विकरण रूप से

वैकल्पिक प्राप्ति और ३-१७३ से क्रम से प्राप्तांग 'होज्ज तथा होज्जा' में लाट लकार के तथा लिङ् लकार क प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत म 'उ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'होज्जउ तथा होज्जाउ' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

तृतीय और चतुर्थ रूपों में प्राप्तांग 'हो' में सूत्र सख्या ३ ७८ से तथा ३ १७७ से लोट् लकार क और लिङ् लकार के अर्थ में प्राप्तव्य सभी प्रकार के पुरुष बोधक प्रत्ययों के स्थान पर क्रम से तथा वैकल्पिक रूप से केवल 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की ही आदेश-प्राप्ति होकर *'होज्ज तथा होज्जा'* रूप भी सिद्ध हो जाते हैं।

पचम रूप 'होउ' में उपरोक्त रीति से 'हो अग की प्राप्ति होने के पश्चात् सूत्र संख्या ३-१७३ से लाट लकार के तथा विधि लिङ प्रथम पुरुष के एकवचन के अर्थ में उ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर 'होउ' रूप भी सिद्ध हो जाता है।

*हसति, हससि, हसामि, हसिष्यति, हसिष्यसि, हसिष्यामि,* हसतु और हसेत् आदि संस्कृत के क्रम से वर्तमानकाल के, भविष्यत् काल के, आज्ञार्थक और विधि अर्थक प्रथम द्वितीय-तृतीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों के स्थान पर समान रूप से प्राकृत में 'हसेज्ज तथा हसेज्जा' रूप होते हैं। इनमें सूत्र सख्या ४ २३९ से प्राकृत मे प्राप्त मूल हलन्त धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' के स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३ १७८ से तथा ३ १७७ से प्राप्तांग 'हसे' में सभी प्रकार के लकारों के अर्थ में तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में प्राप्तव्य सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर 'ज्ज तथा ज्जा प्रत्ययों की क्रम से एव वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्त होकर *'हसेज्ज तथा हसेज्जा'* रूप सिद्ध हो जाते है।

*त्वरते, त्वरसे त्वरे, त्वरिष्यते, त्वरिष्यसे, त्वरिष्ये, त्वरताम, त्वरस्व त्वरै, त्वरेत, त्वरेथा:* और त्वरेय (आदि) रूप सस्कृत के क्रम से वर्तमानकाल के, भविष्यत् काल क आज्ञार्थक और विधि लिंग क प्रथम द्वितीय तृतीय पुरुष के एकवचन के अकर्मक आत्मनेपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों क स्थान पर तथा अन्य लकारो के अर्थ में उपलब्ध अन्य सभी रूपों के स्थान पर भी प्राकृत में समान रूप से तुवरेज्ज तथा तुवरेज्जा रूप होते है। इनमें सूत्र सख्या ४ १७० से मूल सस्कृत धातु त्वर् 'के स्थान पर प्राकृत में 'तुवर्' की आदेश प्राप्ति, ४ २३९ से आदेश प्राप्त हलन्त धातु 'तुवर' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१५८ से प्राप्त विकरण प्रत्यय 'अ' क स्थान पर 'ए' की प्राप्ति और ३ १७८ से तथा ३ १७७ स प्राप्तांग 'तुवरे' में सभी प्रकार के लकारों के अर्थ में तीनों पुरुषों क दोनों वचनों में प्राप्तव्य सभी प्रकार के प्रत्ययों के स्थान पर 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की क्रम से एव वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्ति होकर *तुवरेज्ज तथा तुवरेज्जा* रूप सिद्ध हो जाते हैं। ३ १७८॥

## क्रियातिपत्तेः ॥ ३-१७९ ॥

है। इसमें सूत्र संख्या ४ ६० से मूल संस्कृत धातु 'भू = भव' के स्थान पर 'हो' अंग की प्राप्ति और ३-१७८ से क्रियातिपत्ति के अर्थ में तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर समुच्चय रूप से प्राकृत में 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होकर '*होज्ज* तथा *होज्जा*' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

'जइ' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १ ४० में की गई है।

क्रियातिपत्ति-अर्थक '*होज्ज*' क्रियापद के रूप की सिद्धि इसी सूत्र में ऊपर की गई है।

*वर्णनीय* संस्कृत के विशेषणात्मक अकारान्त पुँलिंग के प्रथमा विभक्ति के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप वण्णणिज्जो होता है। इसमें सूत्र संख्या २ ७६ से रेफ रूप 'र्' व्यञ्जन का लोप, २-८६ से लोप हुए रेफ रूप 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ण' वर्ण को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, १ २२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १ ८४ से प्राप्त दीर्घ वर्ण 'णी' में स्थित दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन का सद्भाव होने के कारण से ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, १-२४५ के सहयोग से तथा १ ? की प्रेरणा से विशेषणीय प्रत्ययात्मक वर्ण 'य' के स्थान पर 'ज' की आदेश प्राप्ति, २ ८६ से आदेश प्राप्त वर्ण 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से विशेषणात्मक स्थिति में प्राप्तांग प्राकृत शब्द 'वण्णणिज्ज' में पुँल्लिंग अकारान्तात्मक होने से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में डो=ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतपद *वण्णणिज्जो*' सिद्ध हो जाता है। ३-१७६ ॥

## न्त-माणौ ॥ ३-१८० ॥

क्रियातिपत्तेः स्थाने न्तमाणौ आदेशौ भवतः ॥ होन्तो । होमाणो । अभविष्यदित्यर्थः ॥

हरिण-ट्ठाणे हरिणङ्क जइ सि हरिणाहिव निवेसन्तो ।
न सहन्तो चिअ तो राहु-परिहवं से जिअन्तस्स ॥

*अर्थ* —सूत्र संख्या ३ १७६ में पूर्ण अर्थक क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ज्ज तथा ज्जा' का उल्लेख किया जा चुका है, किन्तु यदि अपूर्ण हेतु-हेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति का रूप बनाना हो तो इस अर्थ में धातु के प्राप्तांग में 'न्त तथा माण' प्रत्यय का संयोजना करने के पश्चात् उक्त अपूर्ण हेतु हेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्त रूप में अकारान्त संज्ञा पदों के समान ही विभक्ति बोधक प्रत्यय की संयोजना करना आवश्यक हो जाता है, तदनुसार अब प्राप्त क्रियातिपत्ति का रूप जिस विशेष्य के साथ में सम्बन्धित होता है, उस विशेष्य के लिंग वचन और विभक्ति अनुसार ही इस क्रियाति पत्ति अर्थक पद में भी लिंग की, वचन की और विभक्ति की प्राप्ति होती है। इस प्रकार ये अपूर्ण हेतु-हेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति के रूप विशेषणात्मक स्थिति को प्राप्त करते हुए क्रियार्थक संज्ञा जैसे रूप वाले हो जाते हैं, इसलिये इनमें इनसे सम्बन्धित विशेष्यपदों के अनुसार ही लिंग की, वचन की और

क्रियातिपत्तेः स्थाने ज्ज ज्जा वा देशौ भवतः ॥ होज्ज । होज्जा ॥ अभविष्यदित्यर्थः जइ होज्ज वण्णणिज्जो ॥

*अर्थ* —'हेतु-हेतुमद्भाव' के अर्थ में क्रियातिपत्ति-लकार का प्रयोग हुआ करता है। इसे संस्कृत में 'लृङ् लकार कहते हैं। जब किसी होने वाली क्रिया का किसी दूसरी क्रिया के नहीं होने से नहीं होना पाया जाय, तब इस क्रियातिपत्ति अर्थक लृङ लकार का प्रयोग किया जाता है। जैसे- सुवृष्टि अभविष्यत् तदा सुभिक्षम् अभविष्यत = यदि अच्छी वृष्टि हुई होती तो सुभिक्ष अर्थात् अन्न आदि की उत्पत्ति भी अच्छी हुई होती। इस उदाहरण से प्रतीत होता है कि सुभिक्ष का होना अथवा नहीं होना वृष्टि के होने पर अथवा नहीं होने पर निर्भर करता है, यों 'वृष्टि' कारण रूप होता हुआ 'सुभिक्ष' फल रूप होता है; इसीलिये यह लकार 'हेतु हेतुमत्' भाव रूप कहा जाता है। इसीका अपर-नाम क्रियातिपत्ति भी है। यही संस्कृत का लङ लकार है, जो कि अंग्रेजी में—( Conditional mood ) कहलाता है। क्रियातिपत्ति की रचना में यह विशेषता होती है कि 'कारण एवं कार्य' रूप से अर्थात् तथा 'ऐसा होता तो ऐसा हो जाता' यों शर्त रूप से रहे हुए दो वाक्यों का एक संयुक्त वाक्य बन जाता है। इसमें प्रदर्शित की जाने वाली दोनों क्रियाओं का किसी भी प्रतिकूल सामग्री से 'अभाव जैसी स्थिति' का रूप दिखलाई पड़ता है। इस लकार को हिन्दी में 'हेतु-हेतुमद् भूतकाल' कहते हैं तथा गुजराती भाषा में यह 'संकेत भूतकाल' नाम से भी बोला जाता है। उदाहरण इस प्रकार हैं—जइ मेहो होज्ज तया तण होज्जा = यदि जल वर्षा हुई होती तो घास हुआ होता। इस उदाहरण से विदित होता है कि पूर्व वाक्यांश कारण रूप है और उत्तर वाक्यांश कार्य रूप अथवा फल रूप है। यों हेतु हेतुमद्भाव ( Cause and effect ) के अर्थ में क्रियातिपत्ति का प्रयोग होता है।

*प्राकृत भाषा में धातुओं के प्रयोगों में ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्ययों की संयोजना पर देने से* धातुओं का रूप क्रियातिपत्ति नामक लकार के अर्थ में तैयार हो जाता है। यों संस्कृत भाषा में क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर प्राकृत में केवल ज्ज अथवा ज्जा' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—अभविष्यत, अभविष्यन्, अभविष्य, अभविष्यत, अभविष्यम् और अभविष्याम = होज्ज तथा होज्जा = वह हुआ होता, वे हुए होते' तू हुआ होता, तुम हुए होते,' मैं हुआ होता और हम हुए होते। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है —यदि अभविष्यत् वर्णनीय = जइ होज्ज वण्णणिज्जो = यदि वर्णन योग्य हुआ होता (वाक्य अधूरा है), इस प्रकार से 'कारण कार्यात्मक' क्रियातिपत्ति के स्वरूप समझ लेना चाहिये। कोई कोई आचार्य कहते हैं कि इसका प्रयोग भूतकाल के समान भविष्यत्काल के अर्थ में भी हो सकता है।

अभविष्यत, अभविष्यन, अभविष्य, अभविष्यत, अभविष्यम् और अभविष्याम संस्कृत क्रियातिपत्ति बोधक लृङ् लकार के तीनों पुरुषों के एकवचन के तथा बहुवचन के क्रमशः प्रथम परस्मैपदी क्रियापद के रूप हैं। इन सभी रूपों का प्राकृत रूपान्तर समान रूप से होज्ज एवम् होज्जा होता

है। इसमें सूत्र संख्या ४ ६० से मूल संस्कृत धातु 'भू = भव' के स्थान पर 'हो' अंग की प्राप्ति और ३-१७८ से क्रियातिपत्ति के अर्थ में तीनों पुरुषों के दोनों वचनों में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्ययों के स्थान पर समुच्चय रूप से प्राकृत में 'ज्ज तथा ज्जा' प्रत्ययों की क्रम से प्राप्ति होकर '*होज्ज* तथा *होज्जा*' रूप सिद्ध हो जाते हैं।

'जइ' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या १ ४० में की गई है।

क्रियातिपत्ति-अर्थक '*होज्ज*' क्रियापद के रूप की सिद्धि *इसी सूत्र* में ऊपर की गई है।

*वर्णनीय* संस्कृत के विशेषणात्मक अकारान्त पुँलिंग के प्रथमा विभक्ति के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप वण्णणिज्जो होता है। इसमें सूत्र संख्या २-७९ से रेफ रूप 'र्' व्यञ्जन का लोप, २-८९ से लोप हुए रेफ रूप 'र्' के पश्चात् शेष रहे हुए 'ण' वर्ण को द्वित्व 'ण्ण' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति, १ ८४ से प्राप्त दीर्घ वर्ण 'णी' में स्थित दीर्घ स्वर 'ई' के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन का सद्भाव होने के कारण से ह्रस्व स्वर 'इ' की प्राप्ति, १ २४५ के सहयोग से तथा १-२ की प्रेरणा से विशेषणीय प्रत्ययात्मक वर्ण 'य' के स्थान पर 'ज' का आदेश प्राप्ति, २-८९ से आदेश प्राप्त वर्ण 'ज' को द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति और ३-२ से विशेषणात्मक स्थिति में प्राप्तांग प्राकृत शब्द 'वण्णणिज्ज' में पुँल्लिंग अकारान्तात्मक होने से प्रथमा विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में डो=ओ प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतपद *वण्णणिज्जो*' सिद्ध हो जाता है। ३-१७९ ॥

## न्त-माणौ ॥ ३-१८० ॥

क्रियातिपत्तेः स्थाने न्तमाणौ आदेशौ भवतः ॥ होन्तो । होमाणो । अभविष्यदित्यर्थः ॥

हरिण-ट्ठाणे हरिणङ्क जइ सि हरिणाहिव निवेसन्तो ।
न सहन्तो च्चिअ तो राहु-परिहवं से जिअन्तस्स ॥

*अर्थ* —सूत्र संख्या ३ १७९ में पूर्ण अर्थक क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ज्ज तथा ज्जा' का उल्लेख किया जा चुका है, किन्तु यदि अपूर्ण हेतु-हेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति का रूप बनाना हो तो इस अर्थ में धातु के प्राप्तांग में 'न्त तथा माण' प्रत्यय की संयोजना करने के पश्चात् उक्त अपूर्ण हेतुहेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्त रूप में अकारान्त संज्ञा पदों के समान ही विभक्ति बोधक प्रत्यय की संयोजना करना आवश्यक हो जाता है, तदनुसार वह प्राप्त क्रियातिपत्ति का रूप जिस विशेष्य के साथ में सम्बन्धित होता है, उस विशेष्य के लिंग वचन और विभक्ति अनुसार ही इस क्रियातिपत्ति अर्थक पद में भी लिंग की, वचन की और विभक्ति की प्राप्ति होती है। इस प्रकार ये अपूर्ण हेतु-हेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति के रूप विशेषणात्मक स्थिति को प्राप्त करते हुए क्रियार्थक संज्ञा वाचक पद वाले हो जाते हैं, इसलिये इनमें इनसे सम्बन्धित विशेष्यपदों के अनुसार ही लिंग की वचन की और

विभक्ति प्रत्ययों की प्राप्ति होती है। ऐसा होने पर प्राकृत रूपों के साथ में सहायक क्रिया 'अस' क का सद्भाव वैकल्पिक रूप से होता है। जैसे —अभविष्यत् = होन्तो अथवा होमाणो=होता (हुआ) होता। इस उदाहरण में अपूर्ण हेतु हेतुमद् भूत कालिक क्रियातिपत्ति रूप से प्राप्त रूप 'होन्त' और 'होमाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो = ओ' की प्राप्ति बतलाई हुई है; यों प्राप्तव्य विभक्ति बोधक प्रत्ययों की प्राप्ति अन्य अपूर्ण हेतु-हेतुमद्भूतकालिक क्रियातिपत्ति के रूपों लिये भी समझ लेना चाहिये। ग्रंथकार ग्रंथान्तर से उक्त तात्पर्य को स्पष्ट करने के लिये निम्न प्रकार वृत्ति में गाथा को उद्धृत करते हैं —

*गाथा* —हरिण ट्ठाणे हरिणङ्क ! जइसि हरिणाहिव निवेसन्तो ॥
न सहन्तो च्चिअ तो राहु परिहव से जिअन्तस्स ॥

*संस्कृत* —हरिण-स्थाने हरिणाङ्क ! यदि हरिणाधिप न्यवेशयिष्य ॥
नासहिष्यथा एव तदा राहु परिभव अस्य जेतु ॥ ( अथवा जयत )॥

*अर्थ* —अरे हरिण को गोद में धारण करने वाला चन्द्रमा ! यदि तू हरिण के स्थान पर हरिणाधिपति-सिंह को धारण करने वाला होता तो निश्चय ही तब तू राहु से पराभव को ( तिरस्कार को ) सहन करने वाला नहीं होता, क्योंकि राहु सिंह से जीता जाने वाला होने के कारण से ( वह राहु अवश्य ही सिंह से डर जाता )।

इस उदाहरण में 'निवेसन्तो, सहन्तो और जिअन्तस्स पद अपूर्ण हेतु हेतुमद् भूतकालिक क्रियातिपत्ति के रूप हैं। इनमें उक्त-अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'न्त' की प्राप्ति हुई है तथा विभक्ति-बोधक प्रत्यय 'डो = ओ' की और 'स्स' की सम्बन्धानुसार प्राप्ति होकर पदों का निर्माण हुआ है। इस तरह से यह सिद्धान्त प्रमाणित होता है कि उक्त-अर्थक क्रियातिपत्ति के पदों में विशेष्य के अनुसार अथवा सम्बन्ध के अनुसार विभक्ति बोधक प्रत्ययों की प्राप्ति होती है। यों ये क्रियातिपत्ति अर्थक पद संज्ञा के समान विभक्ति-बोधक प्रत्ययों को धारण करने वाले हो जाते हैं।

*अभविष्यत्* संस्कृत के क्रियातिपत्ति प्रथम पुरुष के एकवचन का रूप है। इसके प्राकृत रूप होन्तो और होमाणो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४-६० से मूल संस्कृत धातु 'भू=भव' के स्थान पर प्राकृत में 'हो' की आदेश प्राप्ति, ३-१८० से प्राप्तांग 'हो' में क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राकृत में क्रम से 'न्त तथा माण' प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति और ३-२ से क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तांग 'होन्त तथा होमाण में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुँल्लिंग में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' के स्थान पर प्राकृत में 'डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर क्रम से दोनों रूप '*होन्तो* और *होमाणो*' सिद्ध हो जाते हैं।

*हरिण-स्थाने* संस्कृत के सप्तमी विभक्ति के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हरिण-ट्ठाणे होता है। इसमें सूत्र-संख्या ४-१६ से 'स्था' के स्थान पर 'ठा' की प्राप्ति, २-८९ से आदेश प्राप्त 'ठ' को

स्थान पर द्वित्व 'ठ ठ' की प्राप्ति, २-९० से द्वित्व प्राप्त पूर्व 'ठ' के स्थान पर 'ट' की प्राप्ति, १-२२८ से 'न्' के स्थान पर 'ण' की प्राप्ति और ३-११ से प्राकृत में प्राप्तांग 'हरिणट्ठाण' में सप्तमी विभक्ति के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि = इ' के स्थान पर प्राकृत में 'ङे=ए' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत पद 'हरिणट्ठाणे' सिद्ध हो जाता है।

*हरिणाङ्क* संस्कृत के सम्बोधन के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हरिणङ्क होता है। इसमें सूत्र संख्या १-८४ से 'णा' में स्थित दीर्घ स्वर 'आ' के स्थान पर आगे संयुक्त वर्ण 'ङ्क' का सद्भाव होने के कारण से ह्रस्व स्वर 'अ' की प्राप्ति और ३-३८ से सम्बोधन के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो=ओ' की प्राप्ति का वैकल्पिक रूप से अभाव होकर *हरिणङ्क* रूप सिद्ध हो जाता है।

*जइ* अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या *१-४०* में की गई है।

*'सि'* क्रियापद रूप की सिद्धि सूत्र संख्या *३-१४६* में की गई है।

*हरिणाधिपम्* संस्कृत के द्वितीया-विभक्ति के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप हरिणाहिवं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'ध्' के स्थान पर 'ह्' की आदेश प्राप्ति, १-२३१ से 'प' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, ३-५ से प्राकृत में प्राप्त शब्द 'हरिणाहिव' में द्वितीया विभक्ति के एकवचन के अर्थ में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर पूर्व वर्ण 'व' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृतपद *हरिणाहिवं* सिद्ध हो जाता है।

*न्यवेशयिष्य* संस्कृत के क्रियातिपत्ति के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूपान्तर निवेसन्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या *१-२६०* से मूल संस्कृत धातु 'निवेशय' में स्थित तालव्य 'श' के स्थान पर प्राकृत में दन्त्य 'स' की प्राप्ति, १-११ से संस्कृत धातु में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'य्' का लोप, ३-१८० से प्राकृत में प्राप्तांग 'निवेस' में क्रियातिपत्ति के अर्थ में 'न्त' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्राकृत में क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तांग 'निवेसन्त' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर *'निवेसन्तो'* रूप सिद्ध हो जाता है।

'न' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या *१-६* में की गई है।

*असहिष्यथा* संस्कृत के क्रियातिपत्ति के अर्थ में द्वितीय पुरुष के एकवचन का आत्मनेपदी क्रियापद का रूप है। इसका प्राकृत रूप सहन्तो होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-२३९ से प्राकृत में प्राप्त हलन्त-धातु 'सह' में विकरण प्रत्यय *'अ'* की प्राप्ति, ३-१८० से प्राकृत में प्राप्तांग 'सह' में क्रियातिपत्ति के अर्थ में 'न्त' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-२ से प्राकृत में क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तांग 'सहन्त' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृत पद *'सहन्तो'* सिद्ध हो जाता है।

'चिअ' अव्यय की सिद्धि सूत्र संख्या *२-१८४* में की गई है।

'तदा' संस्कृत का अव्यय है। इसका प्राकृत-( अप भ्रंश ) में 'तो' होता है। इसमें सूत्र संख्या ४-४१७ से मूल संस्कृत अव्यय 'तदा' के स्थान पर प्राकृत ( अप भ्रंश ) में 'तो' सिद्ध हो जाता है।

राहु परिभव संस्कृत के द्वितीया विभक्ति के एकवचन का रूप है। इसका प्राकृत रूप राहु परिहवं होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१८७ से 'भ' वर्ण के स्थान पर 'ह' वर्ण की आदेश प्राप्ति, ३-५ से द्वितीया विभक्ति के एकवचन के अर्थ में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति और १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर पूर्व वर्ण 'व' पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर प्राकृत पद *राहु परिहवं* सिद्ध हो जाता है।

'से' सर्वनाम की सिद्धि सूत्र संख्या २-८१ में की गई है।

जेतु ( अथवा जयत ) संस्कृत के षष्ठी विभक्ति के एकवचन का ( अथवा त प्रत्ययांत अव्ययात्मक पद का ) रूप है। इसका प्राकृत में क्रियातिपत्ति के अर्थ में षष्ठी विभक्ति पूर्वक जिअन्तस्स रूप होता है। इसमें सूत्र संख्या १-१७७ से संस्कृत विशेषणात्मक पद 'जित' में स्थित हलन्त 'त्' का लोप, ३-१८० से क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राकृत में प्राप्तांग 'जिअ' में 'न्त' प्रत्यय की प्राप्ति और ३-१० से क्रियातिपत्ति के अर्थ में प्राप्तांग 'जिअन्त' में षष्ठी विभक्ति के एकवचन के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'इस्' के स्थान पर प्राकृत में 'स्स' प्रत्यय की प्राप्ति होकर '*जिअन्तस्स*' सिद्ध हो जाता है। ३-१८०॥

## शत्रानशः ॥ ३-१८१ ॥

**शतृ आनश् इत्येतयोः प्रत्येकं न्त माण इत्येतावादेशौ भवतः ॥ शतृ। हसन्तो हसमाणो ॥ आनश्। वेवन्तो वेवमाणो ॥**

*अर्थ*:- कृदन्त चार प्रकार के होते हैं, जिनके नाम इस प्रकार हैं — हेत्वर्थ कृदन्त, सम्बन्धक भूत कृदन्त, कर्मणि भूत कृदन्त और वर्तमान कृदन्त, इनमें से तीन कृदन्तों के सम्बन्ध में पूर्व में दूसरे और तीसरे पादों में यथा स्थान पर वर्णन किया जा चुका है। चौथे वर्तमान-कृदन्त का वर्णन इसमें किया जाता है। वर्तमान कृदन्त में प्राप्त शब्द संज्ञा जैसे ही माने जाते हैं, इसलिये इनमें तीनों प्रकार के लिंगों का सद्भाव माना जाता है और संज्ञाओं के समान ही विभक्ति बोधक प्रत्ययों की भी संयोजना की जाती है। संस्कृत में वर्तमान-कृदन्त के निर्माणार्थ धातु में सर्व प्रथम दो प्रकार के प्रत्यय लगाये जाते हैं; जो कि इस प्रकार हैं:-(१) शतृ=अत और (२) शानच=आन अथवा मान। ये प्रत्यय ऐसे अवसर पर होते हैं, जबकि दो क्रियाएं साथ साथ में होती हों। जैसे — तिष्ठन् खादति=वह बैठा हुआ खाता है। हसन् जल्पति=वह हँसता हुआ बोलता है। कम्पमान गच्छति=वह काँपता हुआ जाता है। इत्यादि।

प्राकृत भाषा में वर्तमान-कृदन्त भाव का निर्माण करना हो तो धातुओं में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शतृ और आनश' में से प्रत्येक के स्थान पर 'न्त और माण' दोनों ही प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति

ो है। चूँकि संस्कृत भाषा में तो धातुऐं मुख्यतः दो प्रकार की होती हैं—परस्मैपदी और आत्मनेपदी, तुसार परस्मैपदी धातुओं के वर्तमान कृदन्त के रूप बनाने के लिये केवल शतृ=अत् प्रत्यय की ते होती है और आत्मनेपदी धातुओं के वर्तमान कृदन्त के रूप बनाने के लिये 'शानच्=आन अथवा त' प्रत्यय की प्राप्ति होती है परन्तु प्राकृत भाषा में धातुओं का ऐसा भेद परस्मैपद अथवा आत्मने । जैसा नहीं पाया जाता है; इसलिये प्राकृत भाषा की धातुओं में वर्तमान कृदन्त के रूपों का निर्माण ने के लिये न्त और माण' दोनों प्रत्ययों में से किसी भी एक प्रत्यय का संयोजना की जा सकती इसीलिये कहा गया है कि संस्कृतीय प्राप्तव्य वर्तमान कृदन्तीय प्रत्यय 'शतृ=अत और शानच्=आन वा मान' में से प्रत्येक के स्थान पर 'न्त और माण' दोनों प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति होकर प्राकृत तु में किसी भी एक प्रत्यय की संयोजना कर देने से वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में उस धातु का रूप बन ता है। तत्पश्चात् सर्व सामान्य संज्ञाओं के समान ही सम्बन्धित लिंग एवं वचन के अनुसार सभी भक्तियों में उन वर्तमान कृदन्त सूचक पदों में अधिकृत विभक्ति के प्रत्ययों की संयोजना कर संज्ञा क ान रूपों का निर्माण किया जा सकता है। जैसे —हसत् (प्रथमा विभक्ति के एकवचन के रूप में न्)=हसन्त अथवा हसमाण, (प्रथमा विभक्ति के एकवचन के रूप में 'हसन्तो अथवा हसमाणो')= ता हुआ। वेपमान, (प्रथमा विभक्ति के एकवचन के रूप म—वेपमान )=वेवन्त और वेवमाण, प्रथमा विभक्ति के एकवचन के रूप में—वेवन्तो और वेवमाणो। इन उदाहरणों से स्पष्ट रूप से यह त होता है कि संस्कृत-भाषा में परस्मैपदी और आत्मनेपदी धातुओं में क्रम से 'शतृ=अत और ानच=(आन अथवा) मान' प्रत्ययों की प्राप्ति होती है, किन्तु प्राकृत भाषा की धातुओं में उपरोक्त ार के भेदों का अभाव होने से वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में 'न्त तथा माण प्रत्ययों में से किसी भी एक यय की संयोजना की जा सकती है। तत्पश्चात् यहाँ पर प्राप्त रूपों में अकारान्त पुँल्लिंग के समान ही थमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में सूत्र संख्या ३-२ से प्राप्तव्य प्रत्यय 'डो=ओ' की संयोजना की ई है। यों अन्य विभक्तियों के सम्बन्ध में भी वर्तमान कृदन्त के अर्थ में प्राप्त रूपों की स्थिति को समझ ना चाहिये।

हसत्=हसन् संस्कृत के वर्तमान कृदन्त के प्रथमा विभक्ति के एकवचन का पुँल्लिंग-द्योतक रूप है। क प्राकृत रूप हसन्तो और हसमाणो होते हैं। इनमें सूत्र संख्या ४-२३९ से प्राकृत में प्राप्त हलन्त तु 'हस' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१८१ से प्राप्त धातु अंग हस' में वर्तमान कृदन्त के अर्थ संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शतृ=अत' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'न्त और माण' प्रत्ययों की प्राप्ति और ३-२ से वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में प्राप्तांग अकारान्त प्राकृतपद 'हसन्त और हसमाण' में पुँल्लिंग प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में 'डो=ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतपद हसन्तो और हसमाणो सिद्ध हो जाते हैं।

वेपमान संस्कृत के वर्तमान कृदन्त के एकवचन का पुँल्लिंग द्योतक रूप है। इसके प्राकृत रूप वेवन्तो और वेवमाणो होते हैं। इनमें सूत्र-संख्या १-२३१ से मूल संस्कृत धातु 'वेप' में स्थित अन्त्य

हलन्त व्यञ्जन 'प्' के स्थान पर 'व' की प्राप्ति, ४ २३९ से आदेश प्राप्त हलन्त व्यञ्जन 'व' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३ १८१ से प्राकृत मे प्राप्तांग 'वेव' में वर्तमान कृदन्त के अर्थ में संस्कृतीय प्राप्त प्रत्यय 'शानच्=मान' के स्थान पर प्राकृत में क्रम से 'न्त और माण' प्रत्ययों की प्राप्ति और ३।२ वर्तमान कृदन्त के अर्थ मे प्राप्तांग अकारान्त पुँल्लिग प्राकृतपद 'वेवन्त तथा वेवमाण' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ मे डो = ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर प्राकृतपद वेवन्तो तथा वेवमाणो क्रम से सिद्ध हो जाते हैं। ३-१८१ ॥

## ई च स्त्रियाम् ॥ ३–१८२ ॥

स्त्रिया वर्तमानयोः शत्रानशोः स्थाने ई चकारात् न्तमाणौ च भवन्ति ॥ हसई हसन्ती । हसमाणी । वेवई । वेवन्ती । वेवमाणी ॥

*अर्थ.*—प्राकृत भाषा में स्त्रीलिंग के अर्थ में वर्तमान-कृदन्त भाव का निर्माण करना हो तो धातुओं में संस्कृतीय प्राप्तव्य प्रत्यय 'शतृ=अत और शानच्=आन अथवा मान' में से प्रत्येक के स्थान पर 'न्त और माण तथा ई' या तीनों ही प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। परन्तु यह ध्यान में रहे कि स्त्रीलिंग स्थिति के सद्भाव में जैसे संस्कृत में परस्मैपदी धातुओं में उक्त प्राप्तव्य प्रत्यय 'शतृ=अत' के स्थान पर 'ती अथवा न्ती' प्रत्यय की स्वरूप प्राप्ति हो जाती है तथा आत्मनेपदी धातुओं में उक्त प्राप्तव्य प्रत्यय 'शानच=आन अथवा मान' के स्थान पर 'आना अथवा माना' प्रत्यय की स्वरूप प्राप्ति होती है वैसे ही प्राकृत भाषा में भी स्त्रीलिंग स्थिति के सद्भाव में उक्त रीति से आदेश प्राप्त वर्तमान-कृदन्त अर्थक प्राप्तव्य प्रत्यय 'न्त और माण' के स्थान पर 'न्ती, न्ता, माणी और माणा' प्रत्ययों की स्वरूप प्राप्ति हो जाती है। जहाँ पर वर्तमान कृदन्त के अर्थ में स्त्रीलिंग स्थिति के सद्भाव में उक्त प्राप्तव्य प्रत्यय 'न्ती, न्ता, माणी और माणा' प्रत्ययों की संयोजना नहीं की जायगी, वहाँ पर केवल धातु अंग में दीर्घ 'ई' की संयोजना कर देने मात्र से ही वह पद स्त्रीलिंग वाचक होता हुआ वर्तमान कृदन्त अर्थक पद हो जायगा। इस प्रकार प्राकृत भाषा में स्त्रीलिंग के सद्भाव में वर्तमान कृदन्त के अर्थ में धातुओं में पाँच प्रकार के प्रत्ययों की प्राप्ति हो जाती है, जो कि इस प्रकार है —'ई, न्ती, न्ता, माणी और माणा'। तत्पश्चात् वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में प्राप्त दीर्घ ईकारान्त अथवा आकारान्त स्त्रीलिंग वाचक पदों के समान ही विभक्तियों के रूप पहले वर्णित ईकारान्त और आकारान्त स्त्रीलिंग वाचक संज्ञा शब्दों के समान ही बन जाया करते हैं। जैसे प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में वर्तमान-कृदन्त सूचक स्त्रीलिंग वाचक पदों के उदाहरण इस प्रकार हैं —हसती अथवा हसन्ती=हसई, हसन्ती, ( हसन्ता ), हसमाणी (और हसमाणा)=हँसती हुई ( स्त्री ) दूसरा उदाहरण —वेपमाना=वेवई, वेवन्ती, ( वेवन्ता ), वेवमाणी ( और वेवमाणा )=काँपती हुई। यों अन्य विभक्तियों के रूपों को भी वर्तमान कृदन्त के सद्भाव में स्वयमेव कल्पना कर लेनी चाहिये।

*हसती* अथवा *हसन्ती* संस्कृत के वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में प्राप्त प्रथमा विभक्ति के एकवचन के स्त्री लिंग-द्योतक रूप हैं। इनके प्राकृत रूप हसई, हसन्ती और हसमाणी होते हैं। इनमें सूत्र संख्या-४-२३९ से मूल हलन्त प्राकृत धातु 'हस्' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१८२ से तथा ३-१८१ से क्रम से प्रथम रूप में तथा द्वितीय तृतीय रूपों में प्राप्त धातु अङ्ग 'हस' में वर्तमान कृदन्त के अर्थ में प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ई' और 'न्त तथा माण' प्रत्ययों की प्राप्ति, ३-३२ से द्वितीय और तृतीय रूपों में वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में प्राप्त पद 'हसन्त और हसमाण' में स्त्रीलिंग-भाव के प्रदर्शन से 'ङी = ई' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'हसन्ती तथा हसमाणी' की प्राप्ति और ३-२८ से वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में प्राप्त स्त्रीलिंग पद 'हसई, हसन्ती और हसमाणी' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' का प्राकृत में लोप होकर प्राकृत-पद '*हसई, हसन्ती* और *हसमाणी*' सिद्ध हो जाते हैं।

*वेपमाना* संस्कृत के वर्तमान कृदन्त के प्रथमा विभक्ति के एकवचन का स्त्रीलिंग-द्योतक रूप है। इसके प्राकृत रूप वेवई, वेवन्ती और वेवमाणी होते हैं। इनमें सूत्र संख्या १-२३१ से मूल संस्कृत धातु 'वेप्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'प' के स्थान पर 'व्' की प्राप्ति, ४-२३९ से प्राप्त प्राकृत हलन्त धातु रूप 'वेव' में विकरण प्रत्यय 'अ' की प्राप्ति, ३-१८२ से तथा ३-१८१ से प्राप्तांग धातु 'वेव' में क्रम से प्रथम रूप में तथा द्वितीय तृतीय रूपों में वर्तमान कृदन्त के अर्थ में प्राकृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ई' और 'न्त तथा माण' प्रत्ययों की प्राप्ति, ३-३२ से द्वितीय और तृतीय रूपों में वर्तमान-कृदन्त के अर्थ में प्राप्त पद 'वेवन्त और वेवमाण' में स्त्रीलिंग भाव के प्रदर्शन में 'ङी = ई' प्रत्यय की प्राप्ति होने से 'वेवन्ती और वेवमाणी रूपों की प्राप्ति, और ३-२८ से वर्तमान कृदन्त के अर्थ में प्राप्त स्त्रीलिंग-पद 'वेवई, वेवन्ती और वेवमाणी' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन के अर्थ में प्राप्तव्य संस्कृतीय प्रत्यय 'सि' का प्राकृत में लोप होकर प्राकृत पद '*वेवई, वेवन्ती* और *वेवमाणी*' सिद्ध हो जाते हैं। ३-१८२॥

इत्याचार्य श्री हेमचन्द्र विरचितायां सिद्ध हेमचन्द्राभिधानस्वोपज्ञ शब्दानुशासनवृत्तौ अष्टमस्याध्यायस्य तृतीयः पादः ॥ ३ ॥

इस प्रकार श्री हेमचन्द्राचार्य द्वारा रचित 'श्री सिद्ध हेमचन्द्र शब्दानुशासन' नामक संस्कृत प्राकृत व्याकरण के आठवें अध्याय का तीसरा पाद 'स्वोपज्ञ वृत्ति सहित' अर्थात् स्व निर्मित संस्कृत-टीका-'प्रकाशिका' सहित समाप्त हुआ। इसके साथ साथ 'प्रियोदय' नामक हिन्दी व्याख्या रूप विवेचन भी तृतीय पाद का समाप्त हुआ॥

## पादान्त—मंगलाचरण

ऊर्ध्वं स्वर्ग-निकेतनादपि तले पातालमूलादपि,<br>
त्वत्कीर्तिर्भ्रमति क्षितीश्वरमणे पारे पयोधेरपि।

वृत्ति में आदेश प्राप्त धातुओं को उदाहरण पूर्वक इस प्रकार समझाया गया है—कथयति= वज्जरइ, पज्जरइ, उप्पालइ, पिसुणइ, संघइ, बोल्लइ, चवइ, जम्पइ, सीसइ और साहइ, इन दस ही रूपों का एक ही अर्थ है = वह कहता है। चूँकि यह आदेश विधि वैकल्पिक है अत. पक्षान्तर में कथति के स्थान पर कहइ रूप भी होता है।

*प्रश्न* — 'उब्बुक्कइ' इस रूप की प्राप्ति कैसे होती है ?

उत्तर—बुक्क धातु का अर्थ भाषण करना होता है, न कि कथन करना, इसलिये बुक्क धातु को अधिकृत धातु कथ के स्थान पर आदेश स्थिति की प्राप्ति नहीं होती है। इस बुक्क धातु में 'उत्' उपसर्ग है, जो कि 'उ' अथवा 'उब्' के रूप में अवस्थित है। इस विवेचन से संस्कृत धातु रूप भाषते के स्थान पर प्राकृत में उब्बुक्कइ रूप की आदेश प्राप्ति हुई है।

संस्कृत धातुओं के स्थान पर प्राकृत में उपलब्ध धातु रूपों को अन्य वैयाकरणों ने 'देश्य भाषाओं के धातु रूपों' की संज्ञा दी है, परन्तु हमने ( हेमचन्द्र ने ) तो इन धातु रूपों को वैकल्पिक रूप से आदेश प्राप्त धातु ही मानी है, तथा ये प्राकृत भाषा की ही धातुएँ हैं, ऐसा पूर्णतया मान लिया गया है, इसलिये इनमें विविध काल बोधक प्रत्ययों को तथा आज्ञार्थक आदि सभी लकारों के एवं कृदन्तों के प्रत्ययों को जोड़ना चाहिये। थोड़े से उदाहरण इस प्रकार हैं —

(१) *कथित* = *वज्जरिओ*=कहा हुआ, (२) *कथयित्वा*=*वज्जरिऊण*=कह करके, (३) *कथनम्*= *वज्जरणं*=कहना, कथन करना; (४) *कथयन्*=*वज्जरन्तो* = कहता हुआ, (५) *कथयितव्यम्*=*वज्जरि-अव्वं*=कहना चाहिये, यों हजारों रूपों की साधना स्वयमेव कर लेनी चाहिये।

इन धातुओं में प्रत्यय, लोप, आगम आदि की विधियाँ संस्कृत धातुओं के समान ही जाननी चाहियें। ४ २॥

## दुःखे णिव्वरः ॥४—३॥

दुःख विषयस्य कथेर्णिव्वर इत्यादेशो वा भवति ॥ णिव्वरइ दुःखं कथयतीत्यर्थः ॥

*अर्थ* —'दुःख को कहना, दुःख को प्रकट करना' इस अर्थ में प्राकृत में विकल्प से 'णिव्वर' इस प्रकार के धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*दुःखं कथयति* = *णिव्वरइ* = वह दुःख को कहता है, दुःख को प्रकट करता है। ॥४॥

## जुगुप्सेः झुण-दुगुच्छ-दुगुञ्छाः ॥४—४॥

जुगुप्सेरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ झुणइ । दुगुच्छइ । दुगुञ्छइ । पक्षे । जुगुच्छइ । गलोपे । दुउच्छइ । दुउञ्छइ । जुउच्छइ ॥

अर्थ—'घृणा करना, निन्दा करना' इस अर्थ में प्रयुक्त होने वाली संस्कृत धातु 'जुगुप्स' के स्थान प्राकृत में विकल्प से तीन प्रकार की धातुओं की आदेश प्राप्ति होती है। वे क्रम से यों हैं—(१) झुण, (२) दुगुच्छ और (३) दुगुञ्छ। उदाहरण इस प्रकार है—*जुगुप्सति*=झुणइ, दुगुच्छइ, दुगुञ्छइ=वह घृणा करता है अथवा वह निन्दा करता है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में जुगुच्छइ ऐसा रूप भी होगा।

सूत्र संख्या १ १७७ से मूल धातु जुगुच्छ में से विकल्प से 'ग' का लोप होने पर पूर्वोक्त तीनों का क्रम से वैकल्पिक प्राप्ति यों होगी—(१) दुउच्छइ, (२) दुउञ्छइ और (३) जुउच्छइ=वह घृणा करता है अथवा निन्दा करता है ॥४-४॥

## बुभुक्षि–वीज्योर्णीरव–वोज्जौ ॥४-५॥

बुभुक्षेराचार-क्विबन्तस्य च वीजेर्यथासंख्यमेतावादेशौ वा भवतः ॥ णीरवइ। बुहु-क्खइ। वोज्जइ। वीजइ॥

अर्थ—'भूख' अर्थक संस्कृत धातु 'बुभुक्ष्' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'णीरव' धातु की आदेश प्राप्ति होती है, यों 'बुभुक्ष्' के स्थान पर बुहुक्ख और णीरव दोनों धातुओं का प्रयोग होता है। जैसे—*बुभुक्षति*=णीरवइ अथवा बुहुक्खइ=वह भूख अनुभव करता है अथवा वह भूखा है। इसी प्रकार से 'हवा के लिये पंखा करना' इस अर्थ वाली और आचार अर्थक क्विप् प्रत्ययान्त वाली 'वीज्' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से वोज्ज धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*वीजति*=वोज्जइ अथवा वीजइ=वह पंखा करता है। यों क्रम से दोनों धातुओं के स्थान पर विकल्प से उक्त धातुओं की आदेश-प्राप्ति जानना चाहिये ॥४-५॥

## ध्या–गो र्झा–गौ ॥४-६॥

अनयोर्यथा-संख्यं झा गा इत्यादेशौ भवतः। झाइ। झाअइ। णिज्झाइ। णिज्झाअइ। निर्ध्यायतीत्यर्थः। गाइ। गायइ। झाणं। गाणं॥

अर्थ—संस्कृत धातु 'ध्यै' के स्थान पर प्राकृत में 'झा' धातु का नित्य रूप से आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से गायन करने अर्थक धातु 'गै' के स्थान पर भी नित्य रूप से 'गा' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*ध्यायति*=झाइ अथवा झाअइ=वह ध्यान करता है।

ध्यान पूर्वक देखने के अर्थ में जब 'ध्यै' धातु के पूर्व में 'निर्' उपसर्ग की प्राप्ति होती है, तब भी 'ध्यै' के स्थान पर 'झा' धातु रूप की ही आदेश-प्राप्ति होती है। जैसे—*निर्ध्यायति*=णिज्झाइ अथवा णिज्झाअइ=वह ध्यान पूर्वक देखता है। 'गै' धातु का उदाहरण यों है—*गायति*=गाइ अथवा गायइ=वह गाता है-गायन करता है।

इसी सूत्र-सिद्धान्त से संस्कृत शब्द ध्यान और (गायन अथवा) गान के स्थान पर प्राकृत 'झाण' और 'गाण' शब्दों की क्रम से प्राप्ति होती है। जैसे—ध्यानम्=झाणम् और गानम्=गाणं। दोनों शब्द नपुंसकलिंग होने से इसमें सूत्र संख्या ३-२५ से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'म्' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है। सूत्र संख्या १-२३ से प्राप्त प्रत्यय 'म्' के स्थान पर अनुस्वार की प्राप्ति होकर क्रम से झाणं और गाणं रूपों की सिद्धि हो जाती है। ४-६॥

## ज्ञो जाण-मुणौ ॥ ४-७ ॥

जानातेर्जाण मुण इत्यादेशौ भवतः ॥ जाणइ । मुणइ । बहुलाधिकाराद् क्वचिद् विकल्प । जाणिअं । णायं । जाणिऊण । णाऊण । जाणणं । णाणं । मणइ इति तु मन्यतेः।

*अर्थ*—जानने रूप ज्ञानार्थक धातु 'ज्ञा' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'जाण और मुण' इन दो धातुओं की क्रम से आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*जानाति* = जाणइ अथवा मुणइ=वह जानता है। 'बहुल' सूत्र का सर्वत्र अधिकार होने से कहीं कहीं पर विकल्प से 'ज्ञा' से प्राप्त रूप 'णा' भी हो जाता है। जैसे —*ज्ञात* = *जाणिअ* अथवा *णायं* = जाना हुआ। *ज्ञात्वा=जाणिऊण* अथवा णाऊण= जान करके। *ज्ञानम्=जाणण* अथवा *णाण*=जानना रूप ज्ञान। यों वैकल्पिक-स्थिति का भी ध्यान रखना चाहिये।

प्राकृत में जो 'मणइ' रूप बोला जाता है, उसकी प्राप्ति तो 'मानने-स्वीकार करने' अर्थक संस्कृत धातु 'मन्' से हुई है। जैसे—मन्यते=मणइ=वह मानता है अथवा वह स्वीकार करता है। यों मण धातु को जाण और मुण धातुओं से पृथक् ही समझना चाहिये ॥ ४-७ ॥

## उदो ध्मो धुमा ॥ ४-८ ॥

उदः परस्य ध्मो धातो धुमा इत्यादेशो भवति ॥ उद्धुमाइ ॥

*अर्थ*—उद् उपसर्ग जुड़ा हुआ है जिसके ऐसी 'ध्मा' धातु के स्थान पर प्राकृत में 'धुमा' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे-*उद्धमति*=उद्धुमइ = वह प्रदीप्त करता है, वह तपाता है ॥४-८॥

## श्रदो धो दहः ॥ ४-९ ॥

श्रदः परस्य दधाते र्दह इत्यादेशो भवति ॥ सद्दहइ । सद्दहमाणो जीवो ॥

*अर्थ*—श्रत् अव्यय के साथ संस्कृत धातु 'धा' के प्राप्त रूप 'दधाति' में रहे हुए 'दधा' अंश के स्थान पर प्राकृत में 'दह' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*श्रद्दधाति* = सद्दहइ=वह श्रद्धा करता है, वह विश्वास करता है। *श्रद्दधानो जीवः*=सद्दहमाणो जीवो=श्रद्धा करता हुआ जीव आत्मा ॥ ४-९॥

## पिबेः पिज्ज-डल्ल-पट्ट-घोट्टाः ॥ ४-१० ॥

पिबते रेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ पिज्जइ । डल्लइ । पट्टइ । घोट्टइ । पिअइ ॥

अर्थ —संस्कृत धातु 'पा=पिब' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'पिज्ज, डल्ल, पट्ट और घोट्ट' चार आदेशों की प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पिब के स्थान पर 'पिअ' रूप भी होता है। उदाहरण इस प्रकार है —*पिबति=पिज्जइ*, डल्लइ, पट्टइ और घोट्टइ=वह पीता है, वह पान करता है। पक्षान्तर में *पिबति* के स्थान पर *पिअइ* रूप की प्राप्ति भी होगी। ४-१०।

## उद्वातेरोरुम्मा वसुआ ॥ ४-११ ॥

उत्पूर्वस्य वाते ओरुम्मा वसुआ इत्येतावादेशौ वा भवतः ॥ ओरुम्माइ । वसुआइ । उव्वाइ ॥

अर्थ —उत् उपसर्ग सहित 'वा' धातु के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'ओरुम्मा और वसुआ' की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'उद्वा=उद्वा' के स्थान पर 'उव्वा' रूप भी होगा। उदाहरण यों है —*उद्वाति=ओरुम्माइ, वसुआइ* और *उव्वाइ*=वह हवा करता है ॥ ४-११ ॥

## निद्रातेरोहीरोङ्घौ ॥ ४-१२ ॥

निपूर्वस्य द्रातेः ओहीर उङ्घ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ ओहीरइ । उङ्घइ । निद्दाइ ।

अर्थ —नि उपसर्ग सहित 'द्रा' धातु के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'ओहीर और उङ्घ' इन रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'निद्रा' के स्थान पर 'निद्दा' रूप भी होगा। जैसे—*निद्राति=ओहीरइ*, उङ्घइ और *निद्दाइ*=वह निद्रा लेता है ॥ ४-१२ ॥

## आघ्रेराइग्घः ॥ ४-१३ ॥

आजिघ्रते राइग्घ इत्यादेशो वा भवति ॥ आइग्घइ । अग्घाइ ॥

अर्थ —संस्कृत धातु 'आजिघ्र्' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'आइग्घ' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में अग्घा रूप भी होगा। जैसे—*आजिघ्रति=आइग्घइ* और *अग्घाइ*=वह सूंघता है।

## स्नातेरब्भुत्तः ॥ ४-१४ ॥

स्नातेरब्भुत्त इत्यादेशो वा भवति ॥ अब्भुत्तइ । ण्हाइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत धातु स्ना के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'अब्भुत्त' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'ण्हा' रूप भी होगा। जैसे—*स्नाति=अब्भुत्तइ* और *ण्हाइ=वह स्नान करता है*।

## समः स्त्यः खाः ॥ ४-१५ ॥

संपूर्वस्य स्त्यायते खा इत्यादेशो भवति ॥ संखाइ। संखायं॥

*अर्थ*—सम् उपसर्ग के साथ संस्कृत धातु 'स्त्यै=स्त्याय' के स्थान पर प्राकृत में 'खा' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*संस्त्यायति=संखाइ=वह घेरता है, वह फैलाता है। वह सर्व प्रकार से चिन्तन करता है। संस्त्यनम्=संखायं=ध्यान करना, चिन्तन करना* ॥ ४-१५ ॥

## स्थष्ठा-थक्क-चिट्ठ-निरप्पाः ॥ ४-१६ ॥

तिष्ठतेरेते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ ठाइ। ठाअइ। ठाणं। पट्ठिओ। उट्ठिओ पट्ठाविओ। उट्ठाविओ। थक्कइ। चिट्ठइ। चिट्ठिऊण। निरप्पइ॥ बहुलाधिकारात् क्वचित् न भवति। थिअं। थाणं। पत्थिओ। उत्थिओ। थाऊण॥

*अर्थ*—ठहरने अर्थ वाली संस्कृत धातु 'स्था=तिष्ठ' के स्थान पर प्राकृत में चार आदेश रूपों की प्राप्ति होती है। वे इस प्रकार हैं—(१) ठा, (२) थक्क, (३) चिट्ठ और (४) निरप्प। उदाहरण इस प्रकार हैं—*तिष्ठति=ठाइ, ठाअइ, थक्कइ, चिट्ठइ, निरप्पइ=वह ठहरता है*। अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं—(१) *स्थानम्=ठाणं=स्थान*। (२) *प्रस्थित=पट्ठिओ=जाता हुआ*, (३) *उत्थित=उट्ठिओ=उठता हुआ अथवा उठा हुआ*, (४) *प्रस्थापित=पट्ठाविओ=रखा हुआ अथवा रवाना किया हुआ*, (५) *उत्थापितः=उट्ठाविओ=उठाया हुआ*, *स्थित्वा=चिट्ठिऊण=ठहर करके*।

बहुल सूत्र के अधिकार से कहीं कहीं पर उक्त आदेश प्राप्त नहीं भी होते हैं, जैसे कि-*स्थितः=थिअ=ठहरा हुआ, रखा हुआ। स्थानं=थाणं=स्थान। प्रस्थितः=पत्थिओ=प्रस्थान किया हुआ*, जाता हुआ। *उत्थित=उत्थिओ=उठा हुआ*, और *स्थित्वा=थाऊण=ठहर करके*। यों सर्वत्र आदेश रहित स्थिति को भी समझ लेना चाहिये ॥ ४-१६ ॥

## उदष्ठ-कुक्कुरौ ॥ ४-१७ ॥

उदः परस्य तिष्ठतेः ठ कुक्कुर इत्यादेशौ भवतः ॥ उट्ठइ। उक्कुक्कुरइ ॥

*अर्थ*—उत् उपसर्ग सहित होने पर स्था=तिष्ठ धातु के स्थान पर 'ठ' और 'कुक्कुर' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*उत्तिष्ठति=उट्ठइ और उक्कुक्कुरइ=वह उठता है* ॥ ४-१७ ॥

## म्लेर्वा-पव्वायौ ॥ ४-१८ ॥

म्लायतेर्वा पव्वाय इत्यादेशौ वा भवतः ॥ वाइ । पव्वायइ । मिलाइ ॥

*अर्थ* —मुरझाना अथवा कुम्हलाना अर्थ वाली संस्कृत धातु 'म्लै' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'वा और पव्वाय' इन दो धातुओं की आदेश प्राप्ति होती है वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'मिला' रूप की भी प्राप्ति होगा। उदाहरण इस प्रकार है — *म्लायति* - *वाइ*, *पव्वायइ* और *मिलाइ* = वह कुम्हलाता है, वह मुरझाता है ॥ ४-१८ ॥

## निर्मो निम्माण-निम्मवौ ॥ ४-१९ ॥

निर् पूर्वस्य मिमीतेरेतावादेशौ भवतः ॥ निम्माणइ । निम्मवइ ॥

*अर्थ* —निर् उपसर्ग सहित 'मा' धातु के स्थान पर प्राकृत में 'निम्माण और निम्मव' ऐसे दो धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *निर्मिमीते* = *निम्माणइ* और *निम्मवइ* = वह निर्माण करता है ॥ ४-१९ ॥

## क्षेर्णिज्झरो वा ॥ ४-२० ॥

क्षयतेर्णिज्झर इत्यादेशो वा भवति ॥ णिज्झरइ । पक्षे झिज्जइ ॥

*अर्थ* —नष्ट होना अर्थ वाली संस्कृत धातु 'क्षि' के स्थान पर प्राकृत में 'णिज्झर' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'झिज्ज' रूप की भी प्राप्ति होगा। जैसे-*क्षयति* अथवा *क्षयते* = णिज्झरइ अथवा *झिज्जइ* = वह क्षीण होता है, वह नष्ट होता है ॥ ४-२० ॥

## छदेर्णेर्णुम-नूम-सन्नुम-ढक्कौम्वाल-पव्वालाः ॥ ४-२१ ॥

छदेर्ण्यन्तस्य एते षडादेशा वा भवन्ति ॥ णुमइ । नूमइ । णत्वे णूमइ । सन्नुमइ । ढक्कइ । ओम्वालइ । पव्वालइ । छायइ ॥

*अर्थ* —प्रेरणार्थक प्रत्यय 'णिच्' पूर्वक 'छद्' = 'छादि' धातु के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से छह धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है, वे क्रम से इस प्रकार हैं —(१) णुम, (२) नूम, (३) सन्नुम, (४) ढक्क (५) ओम्वाल और (६) पव्वाल। सूत्र-संख्या १-२२८ से आदेश-प्राप्त रूप नूम में स्थित आदि नकार को णकार की प्राप्ति होने पर सातवां आदेश प्राप्त रूप 'णूम' भी देखा जाता है।

वैकल्पिक पक्ष होने से आठवां रूप 'छाय' भी होगा। सभी के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं— *छादयति* (अथवा छादयते)=(१) *णुमइ*, (२) *नूमइ*, (३) *णूमइ*, (४) *सन्नुमइ*, (५) *ढक्कइ*, (६) *ओम्बालइ* (७) *पव्वालइ* और (८) *छायइ* =वह ढांकता है, वह आच्छादित करता है ॥ ४-२१ ॥

## निवि पत्योर्णिहोडः ॥ ४-२२ ॥

निवृग पतेश्च एयन्तस्य णिहोड इत्यादेशो वा भवति ॥ णिहोडइ । पक्षे । निवारेइ पाडेइ।

*अर्थ* —'नि' उपसर्ग सहित वृग् धातु और पत धातु में प्रेरणार्थक 'एयन्त' प्रत्यय साथ में रहने पर दोनों धातुओं के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'णिहोड' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*निवारयति*=*णिहोडइ*=वह रुकवाता है, पक्षान्तर में *निवारयति* के स्थान पर निवारेइ भी होगा।

*पातयति*=*णिहोडइ*=वह गिराता है और पक्षान्तर में *पाडेइ* रूप भी होगा ॥४-२२॥

## दूङो दूमः ॥४-२३॥

दूङो एयन्तस्य दूम इत्यादेशो भवति ॥दूमेइ मज्झ हिअय॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक एयन्त प्रत्यय साथ में रहने पर दूङ् धातु के स्थान पर प्राकृत में दूम धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*दुनोति मम हृदयं*=*दूमेइ मज्झ हिअयं*=वह मेरे हृदय को दुःखी करता है–पीड़ा पहुँचाता है ॥४-२३॥

## धवले र्दुमः ॥४-२४॥

धवलयतेर्एयन्तस्य दुमादेशो वा भवति ॥ दुमइ । धवलइ । स्वराणां स्वरा (बहुलम्) [४-२३८] इति दीर्घत्वमपि । दूमिअं । धवलितमित्यर्थः ॥

*अर्थ* —प्रेरणार्थक एयन्त प्रत्यय के साथ संस्कृत धातु 'धवल' के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से 'दुम' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है॥ जैसे —*धवलयति*=*दुमइ* अथवा *धवलइ*=वह सफेद कराता है, वह प्रकाशमान कराता है।

सूत्र-संख्या ४-२३८ के विधान से प्राकृत भाषा के पदों में रहे हुए स्वरों के स्थान पर प्रायः अन्य स्वरों की अथवा दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व स्वर की और ह्रस्व स्वर के स्थान पर दीर्घ स्वर की प्राप्ति हुआ करती है। जैसे—धवलितम्=दूमिअं अथवा दुमिअं=सफेद कराया हुआ अथवा प्रकाशमान कराया हुआ ॥ ४-२४ ॥

## तुले रोहामः ॥ ४--२५ ॥

तुलेर्ण्यन्तस्य ओहाम इत्यादेशो वा भवति ॥ ओहामइ । तुलई ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय 'ण्यन्त' सहित संस्कृत धातु तुल के स्थान पर प्राकृत में विकल्प से ओहाम' धातु रूप की आदेश प्राप्ति हुआ करती है। जैसे—*तुलयति = ओहामइ* = वह तोल कराता । पक्षान्तर में 'तुलइ' = वह तोल कराता है ॥ ४-२५ ॥

## विरिचेरोलुण्डोल्लुण्ड-पल्हत्थाः ॥ ४–२६ ॥

विरेचयतेर्ण्यन्तस्य ओलुण्डादयस्त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ ओलुण्डइ । उल्लुण्डइ । पल्हत्थइ । विरेअइ ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु 'विरिच्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन धातु आदेश हुआ करते हैं, जोकि क्रम से इस प्रकार हैं —(१) ओलुण्ड, (२) उल्लुण्ड और (३) पल्हत्थ। पक्षान्तर मे विरेअ रूप भी होगा। उदाहरण यों है —विरेचयति = ओलुण्डइ उल्लुण्डइ, पल्हत्थइ = वह बाहिर निकलवाता है, वह विरेचन (झराना टपकाना) कराता है। पक्षान्तर में विरेचयति का विरेअइ रूप भी बनेगा ॥ ४–२६ ॥

## तडेराहोड-विहोडौ ॥ ४–२७ ॥

तडेर्ण्यन्तस्य एतावादेशौ वा भवतः ॥ आहोडइ । विहोडइ । पक्षे । ताडेइ ॥

अर्थ प्रेरणार्थक प्रत्यय 'ण्यन्त' सहित संस्कृत धातु तड् के स्थान पर प्राकृत में 'आहोड' और 'विहोड' ऐसी दो धातुओं की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'ताड' रूप की भी प्राप्ति होगी। जैसे --*ताडयति = आहोडइ* और *विहोडइ* = वह मार पीट कराता है, वह ताड़ना कराता है। पक्षान्तर में 'ताडेइ' रूप होगा ॥ ४ २७ ॥

## मिश्रे वीसाल-मेलवौ ॥४-२८॥

मिश्रयतेर्ण्यन्तस्य वीसाल मेलव इत्यादेशौ वा भवतः ॥ वीसालइ । मेलवइ । मिस्सइ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय 'ण्यन्त' सहित संस्कृत धातु 'मिश्र्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से दो धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे हैं (१) वीसाल और मेलव। पक्षान्तर में 'मिस्स' रूप भी होगा। उदाहरण यों है —*मिश्रयति = वीसालइ* और *मेलवइ* = वह मेल मिलाप कराता है, वह सम्मेल कराता है। पक्षान्तर में मिस्सइ रूप होता है। ४ २८ ॥

## उद्धूले गुण्ठः ॥४-२९॥

उद्धूलेर्ण्यन्तस्य गुण्ठ इत्यादेशो वा भवति ॥ गुण्ठइ । पक्षे । उद्धूलेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय 'ण्य न्त' सहित तथा उद् उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'धूल' के स्थान पर प्राकृत में 'गुण्ठ' धातु रूप का विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में उद्धूल रूप भी बनेगा। जैसे—*उद्धूलयति* = *गुण्ठइ* अथवा *उद्धूलेइ* = वह ढकाता है वह व्याप्त कराता है, वह आच्छादित कराता है ॥ ४-२९ ॥

## भ्रमेस्तालिअण्ट-तमाडौ ॥ ४-३० ॥

भ्रमयतेर्ण्यन्तस्य तालिअण्ट तमाड इत्यादेशौ वा भवतः ॥ तालिअण्टइ । तमाडइ । भामेइ । भमाडेइ । भमावेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक ण्यन्त प्रत्यय सहित संस्कृत धातु भ्रम् के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'तालिअण्ट और तमाड' ऐसे दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*भ्रमयति* = *तालिअण्टइ* और *तमाडइ* = वह घुमाता है। *'भामेइ, भमाडेइ, भमावेइ'* रूप भी होते हैं। ॥४-३०॥

## नशेर्विउड-नासव-हारव-विप्पगाल-पलावाः ॥ ४-३१ ॥

नशेर्ण्यन्तस्य एते पञ्चादेशा वा भवन्ति ॥ विउडइ । नासवइ । हारवइ । विप्पगालइ । पलावइ । पक्षे । नासइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु नश् के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से पांच धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे क्रम से इस प्रकार हैं—(१) विउड, (२) नासव, (३) हारव, (४) विप्पगाल और (५) पलाव। इनके उदाहरण इस प्रकार हैं—*नाशयति* = *विउडइ*, *नासवइ*, *हारवइ*, *विप्पगालइ* और *पलावइ* = वह नाश कराता है।

पक्षान्तर में नासइ भी होगा और इसका अर्थ भी 'वह नाश कराता है' होगा ॥ ४-३१ ॥

## दृशेर्दाव-दंस-दक्खवाः ॥ ४-३२ ॥

दृशेर्ण्यन्तस्य एते त्रय आदेशा भवन्ति ॥ दावइ । दंसइ । दक्खवइ । दरिसइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु दृश के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन आदेश होते हैं, वे क्रम से यों हैं—(१) दाव, (२) दंस और (३) 'दक्खव'। इनके उदाहरण हैं

ार हैं—दर्शयति = दावइ, दसइ और दक्खवइ = वह बतलाता है अथवा वह प्रदर्शित कराता है। ान्तर में दरिसइ रूप होता है ॥ ४-३२ ॥

## उद्घटेरुग्गः ॥ ४-३३ ॥

उत्पूर्वस्य घटेर्ण्यन्तस्य उग्ग इत्यादेशो वा भवति ॥ उग्गइ । उग्घाडइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित तथा उन् उपसर्ग सहित संस्कृत धातु घट् के स्थान पर ृत भाषा में विकल्प से 'उग्ग' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*उद्घाटयति* = ग्गइ = वह प्रारम्भ कराता है अथवा वह खुला कराता है। पक्षान्तर में *उग्घाडइ* रूप भी होता है ॥४-३३॥

## स्पृहः सिहः ॥ ४-३४ ॥

स्पृहो एयन्तस्य सिह इत्यादेशो भवति ॥ सिहइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित संस्कृत धातु 'स्पृह्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में नित्य रूप 'सिह' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*स्पृहयति* = *सिहइ* = वह चाहना-इच्छा कराता ॥ ४-३४ ॥

## संभावेरासंघः ॥ ४-३५ ॥

सम्भावयतेरासङ्घ इत्यादेशो वा भवति ॥ आसङ्घइ । सम्भावइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत-धातु संभावय के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'आसङ्घ' ऐसे धातु रूप आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में संभावय के स्थान पर संभाव रूप भी होगा। जैसे—*भावयति* = *आसङ्घइ*; पक्षान्तर में *संभावइ* = वह सम्भावना कराता है ॥ ४-३५ ॥

## उन्नमेरुत्थंघोल्लाल-गुलु गुञ्छोप्पेलाः ॥ ४-३६ ॥

उत्पूर्वस्य नमेर्ण्यन्तस्य एते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ उत्थङ्घइ । उल्लालइ । गुलुगुञ्छइ । उप्पेलइ । उन्नामइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित तथा उत् उपसर्ग सहित संस्कृत धातु नम् के स्थान पर ृत भाषा में वैकल्पिक रूप से चार धातुओं की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार —(१) उत्थंघ, (२) उल्लाल (३) गुलुगुञ्छ और (४) उप्पेल। पक्षान्तर में 'उन्नाम' रूप की भी प्राप्ति ॥ उदाहरण इस प्रकार:—*उन्नामयति* = *उत्थंघइ, उल्लालइ, गुलुगुञ्छइ, उप्पेलइ* और *उन्नामइ*, वह ऊँचा उठाता है। वह ऊपर उठाता है ॥ ४-३६ ॥

## प्रस्थापेः पट्ठव-पेण्डवौ ॥ ४-३७ ॥

प्रपूर्वस्य तिष्ठतेर्ण्यन्तस्य पट्ठव पेण्डव इत्यादेशौ वा भवतः ॥ पट्ठवइ । पेण्डवइ । पट्ठावइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित तथा 'प्र' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु प्रस्थाप के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'पट्ठव और पेण्डव' रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*प्रस्थापयति*=*पट्ठवइ* और *पेण्डवइ*=वह स्थापित करवाता है। पक्षान्तर में '*पट्ठावइ*' रूप भी होता है। ४-३७॥

## विज्ञपेर्वोक्कावुक्कौ ॥ ४-३८ ॥

विपूर्वस्य जानतेर्ण्यन्तस्य वोक्क अवुक्क इत्यादेशौ वा भवतः ॥ वोक्कइ। अवुक्कइ। विण्णवइ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित तथा 'वि' उपसर्ग सहित विशेष ज्ञान कराने अर्थक अथवा विनय विनति कराने अर्थक संस्कृत धातु 'विज्ञप' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'वोक्क और अवुक्क' ऐसी दो धातुओं की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'विज्ञापय' का प्राकृत रूपान्तर 'विण्णव' भी बनेगा। उदाहरण इस प्रकार है—*विज्ञापयति*=*वोक्कइ*, *अवुक्कइ* और *विण्णवइ*=वह विशेष ज्ञान करवाता है अथवा वह विनंति करवाता है ॥ ४-३८ ॥

## अर्पेरल्लिव-चच्चुप्प-पणामाः ॥ ४-३९ ॥

अर्पेर्ण्यन्तस्य एते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ अल्लिवइ । चच्चुप्पइ। पणामइ। पक्षे अप्पेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु 'अर्प' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि इस प्रकार से हैं—(१) अल्लिव, (२) चच्चुप्प और (३) पणाम। पक्षान्तर में 'अप्प' रूप भी बनेगा। चारों के उदाहरण इस प्रकार हैं—*अर्पयति*=*अल्लिवइ*, *चच्चुप्पइ*, *पणामइ* और *अप्पेइ*=वह अर्पण करवाता है ॥ ४-३९ ॥

## यापेर्जवः ॥ ४-४० ॥

यातेर्ण्यन्तस्य जव इत्यादेशो वा भवति ॥ जवइ जावेइ ।

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु 'याप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'जव' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'जाव' रूप की भी प्राप्ति होगी ही। जैसे—*यापयति*=*जवइ* अथवा *जावेइ*—वह गमन करवाता है, वह व्यतीत करवाता है। ४-४० ॥

## प्लावेरोम्वाल-पव्वालौ ॥ ४-४१ ॥

प्लावते र्ण्यन्तस्य एतावादेशौ वा भवतः ॥ ओम्वालइ । पव्वालइ । पावेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित 'भिगोना-तर बतर करने' अर्थक संस्कृत-धातु 'लाव' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'ओम्वाल और पव्वाल' ऐसी दो धातुओं की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है।

पक्षान्तर में लावय के स्थान पर 'पाव' रूप की भी प्राप्ति होगी। जैसे —*प्लावयति=ओम्वालइ*, पव्वालइ और *पावेइ*=वह भिगोवाता है, वह तर बतर करवाता है। वह भिजवाता है ॥ ४-४१ ॥

## विकोशेः पक्खोडः ॥ ४-४२ ॥

विकोशयतेर्नाम धातोर्ण्यन्तस्य पक्खोड इत्यादेशो वा भवति ॥ पक्खोडइ । विकोसइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित 'विकसित कराना, फैलाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'विकोश' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'पक्खोड' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है।

पक्षान्तर में विकोशय के स्थान पर विकोस रूप की भी प्राप्ति होगी। जैसे—*विकोशयति*=पक्खोडइ अथवा *विकोसइ*=वह विकसित कराता है, वह फैलाता है ॥ ४-४२ ॥

## रोमन्थे रोग्गाल-वग्गोलौ ॥ ४-४३ ॥

रोमन्थेर्नामधातोर्ण्यन्तस्य एतावादेशौ वा भवतः ॥ ओग्गालइ । वग्गोलइ । रोमन्थइ ॥

*अर्थ*— चबाई हुई वस्तु को पुनः चबाना' इस अर्थ में काम आने वाली धातु 'रोमन्थ' के साथ जुड़े हुए प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त पूर्वक सम्पूर्ण धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'ओग्गाल और वग्गोल' आदेश की प्राप्ति विकल्प से होती है। पक्षान्तर में 'रोमन्थ' का सद्भाव भी होगा। जैसे-*रोमन्थयति*=*ओग्गालइ, वग्गोलइ* अथवा *रोमन्थइ*=वह चबाई हुई वस्तु को पुनः चबाता है वह पगुराता है ॥४-४३॥

## कमेर्णिहुवः ॥ ४-४४ ॥

कमेः स्वार्थण्यन्तस्य णिहुव इत्यादेशो वा भवति ॥ णिहुवइ । कामेइ ॥

*अर्थ*—स्वार्थ में प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त पूर्वक संस्कृत धातु कम् के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'णिहुव' की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है। प्रेरणार्थक णिच् प्रत्यय की संयोजना से 'कम' धातु का रूप 'काम' हो जायगा। जैसे —*कामयते* = *णिहुवइ* अथवा *कामेइ*=वह अपने लिये काम भोगों की इच्छा करता है, अथवा इच्छा कराता है ॥ ४-४४ ॥

## प्रकाशे णुव्वः ॥ ४-४५ ॥

प्रकाशे एर्यन्तस्य णुव्व इत्यादेशो वा भवति ॥ णुव्वइ । पयासेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु प्रकाश के स्थान पर प्राकृत भाषा में णुव्व की प्राप्ति विकल्प से होती है। पक्षान्तर में 'पयास' रूप की भी प्राप्ति होगी जैसे—प्रकाशयति=णुव्वइ अथवा पयासेइ=वह प्रकाश करवाता है ॥४-४५॥

## कम्पेर्विच्छोलः ॥ ४-४६ ॥

कम्पे एर्यन्तस्य विच्छोल इत्यादेशो वा भवति । विच्छोलइ । कम्पेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत-धातु कम्प के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'विच्छोल' की प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से कम्प की भी प्राप्ति होगी। जैसे—कम्पयति=विच्छोलइ अथवा कम्पेइ=वह कंपाता है, वह धुजाता है ॥ ४-४६ ॥

## आरोपेर्वलः ॥ ४-४७ ॥

आरुहे एर्यन्तस्य वल इत्यादेशो वा भवति ॥ वलइ । आरोवेइ ॥

*अर्थ*—प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु आरुह के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'वल' की प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में आरोव की भी प्राप्ति होगी। जैसे—आरोहयति=वलइ अथवा आरोवेइ=वह चढाता है। ॥ ४-४७ ॥

## दोलेरङ्खोलः ॥ ४-४८ ॥

दुलेः स्वार्थे एयन्तस्य रङ्खोल इत्यादेशो वा भवति ॥ रङ्खोलइ । दोलइ ॥

*अर्थ*—स्वार्थ रूप में प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत धातु दुल् के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'रङ्खोल' की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'दोल' की भी प्राप्ति होगी। जैसे—दोलयति=रङ्खोलइ अथवा दोलइ=वह हिलाता है अथवा वह झुलाता है ॥ ४-४८ ॥

## रञ्जेरावः ॥ ४-४९ ॥

रञ्जे एर्यन्तस्य राव इत्यादेशो वा भवति ॥ रावेइ । रञ्जेइ ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित संस्कृत धातु रञ्ज् के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प 'राव' की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में रञ्ज की भी प्राप्ति होगी। जैसे रञ्जयति=रावेइ अथवा रञ्जेइ=वह रंग लगाता है, वह खुशी करता है ॥ ४-४६ ॥

## घटे: परिवाडः ॥ ४–५० ॥

घटे एर्यन्तस्य परिवाड इत्यादेशो वा भवति ॥ परिवाडेइ । घडेइ ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त सहित संस्कृत-धातु घट' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प 'परिवाड' की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में घड की प्राप्ति भी होगी। जैसे —घटयति = परिवाडेइ अथवा घडेइ=वह निर्माण करवाता है। वह रचवाता है ॥ ४-५० ॥

## वेष्टेः परिआलः ॥ ४–५१ ॥

वेष्टे एर्यन्तस्य परिआल इत्यादेशो वा भवति ॥ परिआलेइ । वेढेइ ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय एयन्त सहित संस्कृत-धातु 'वेष्ट्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प 'परिआल' की आदेश प्राप्ति होती है पक्षान्तर में वेढ की भी प्राप्ति होगी। जैसे —वेष्टयति = परिआलेइ अथवा वेढेइ=वह लपेटता है अथवा लपेटाता है ॥ ४-५१ ॥

## क्रियः किणो वेस्तु क्के च ॥ ४–५२ ॥

णेरिति निवृत्तम्। क्रीणातेः किण इत्यादेशो भवति। वेः परस्य तु द्विरुक्त केश्चकारात् किणश्च भवति ॥ किणइ । विक्केइ । विकिणइ ॥

अर्थ —प्रेरणार्थक प्रत्यय ण्यन्त संबंधी प्रक्रिया एवं इससे संबंधित आदेश-प्राप्ति की यहाँ से समाप्ति हो गई है। अब केवल सामान्य रूप से होने वाली आदेश-प्राप्ति का ही वर्णन किया जायेगा।

खरीदने अर्थक संस्कृत धातु क्री (क्रीणा) के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'किण' आदेश प्राप्त होता है। जैसे —क्रीणाति अथवा क्रीणीते =किणइ = वह खरीदता है।

जिस समय में क्री धातु के साथ में 'वि' उपसर्ग जुड़ा हुआ होता है तब प्राकृत-भाषा में आदेश प्राप्त किण धातु में रहे हुए 'कि' को द्वित्व 'क्क' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे —विक्रीणाति =विक्केइ =वह बेचता है। यह ध्यान में रहे कि द्वित्व 'क्के' की प्राप्ति होने पर विकिण धातु में रहे हुए 'णकार' का लोप हो जाता है।

मूल सूत्र में 'चकार' दिया हुआ है, जिसका तात्पर्य यह है कि कभी कभी 'विकण धातु' में हुए 'कि' का द्वित्व 'क्कि' की प्राप्ति होकर 'णकार' का लोप भी नहीं होता है। जैसे—विक्रीणाति = विक्किणइ = वह बेचता है ॥ ४-५२ ॥

## भियो भा-बीहौ ॥ ४-५३ ॥

बिभेतेरेतावादेशौ भवतः ॥ भाइ। भाइअं। बीहइ। बीहिअं ॥ बहुलाधिकाराद् भीओ।

अर्थ —डरने अर्थक संस्कृत धातु 'भी' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'भा और बीह' की प्राप्ति होती है। जैसे—भयति=भाइ=वह डरता है, बिभेति=बीहइ=वह डरता है। भीत=भाइअं, बीहिअं=डरा हुआ अथवा डरे हुए को।

बहुल सूत्र के अधिकार से 'भीत', विशेषण का रूपान्तर भीओ भी होता है। भीओ का अर्थ 'डरा हुआ' ऐसा है ॥ ४-५३ ॥

## आलीङोल्ली ॥ ४-५४ ॥

आलीयतेः अल्ली इत्यादेशो भवति ॥ अल्लियइ। अल्लीणो ॥

अर्थ —'आ' उपसर्ग सहित 'ली' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'अल्ली' रूप का प्राप्ति होती है। जैसे—आलीयते=अल्लियइ=वह आता है, वह प्रवेश करता है, वह आलिङ्गन करता है। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है:—आलीन=अल्लीणो=आया हुआ, प्रवेश किया हुआ, थोड़ासा [illegible] हुआ ॥ ४-५४ ॥

## निलीङेर्णिलीअ-णिलुक्क-णिरिग्घ-लुक्क-लिक्क-ल्हिक्काः ॥ ४-५५ ॥

निलीङ् एते षडादेशा वा भवन्ति ॥ णिलीअइ। णिलुक्कइ। णिरिग्घइ। लुक्कइ। लिक्कइ। ल्हिक्कइ। निलिज्जइ ॥

अर्थ —भेटना अथवा जोड़ना अर्थ में प्रयुक्त होने वाली संस्कृत धातु 'नि + ली=निली' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे क्रम से इस प्रकार हैं (१) णिलीअ, (२) णिलुक्क, (३) णिरिग्घ, (४) लुक्क, (५) लिक्क और (६) ल्हिक्क।

वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'निली' के स्थान पर 'निलिज्ज' रूप की भी प्राप्ति होती है। इनके उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—निलीयते=णिलीअइ, णिलुक्कइ, णिरिग्घइ, लुक्कइ, लिक्कइ, ल्हिक्कइ अथवा निलिज्जइ=वह भेटता है, वह मिलाप करता है ॥ ४-५५ ॥

## विलीङेर्विरा ॥ ४-५६ ॥

विलीङे र्विरा इत्यादेशो वा भवति ॥ विराइ । विलिज्जइ ॥

*अर्थ*—'नष्ट होना, निवृत्त होना' आदि अर्थक संस्कृत-धातु 'वि+ली' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'विरा' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'वि+ली' के स्थान पर 'विलिज्ज' रूप की भी प्राप्ति होगी। जैसे—*विलीयते=विराइ* अथवा *विलिज्जइ*=वह नष्ट होता है अथवा वह निवृत्त होता है ॥ ४-५६ ॥

## रुतेः रुञ्ज-रुण्टौ ॥ ४-५७ ॥

रौतेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ रुञ्जइ । रुण्टइ । रवइ ॥

*अर्थ*—आवाज करने अर्थक संस्कृत धातु 'रु' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'रुञ्ज और रुण्ट' की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'रु' के स्थान पर 'रव' की प्राप्ति होगी। जैसे—*रौति=रुञ्जइ, रुण्टइ* अथवा *रवइ*=वह आवाज करता है ॥ ४-५७ ॥

## श्रुटे र्हणः ॥ ४-५८ ॥

शृणोते र्हण इत्यादेशो वा भवति ॥ हणइ । सुणइ ॥

*अर्थ*—सुनने अर्थक संस्कृत धातु 'श्रु' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'हण' धातु-रूप की आदेश-प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'श्रु' का 'सुण' रूपान्तर भी होगा। जैसे—*शृणोति=हणइ* अथवा *सुणइ*=वह सुनता है ॥ ४-५८ ॥

## धूगे र्धुवः ॥ ४-५९ ॥

धुनाते र्धुव इत्यादेशो वा भवति ॥ धुवइ । धुणइ ॥

*अर्थ*—'कंपाना-हिलाना' अर्थक संस्कृत धातु 'धू' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'धुव' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'धू' का 'धुण' रूपान्तर भी होगा। जैसे—*धुनाति=धुवइ* अथवा *धुणइ*=वह कंपाता है—वह हिलाता है ॥ ४-५९ ॥

## भुवेर्हो-हुव-हवाः ॥ ४-६० ॥

भुवो धातोर्हो हुव हव इत्येते आदेशा वा भवन्ति ॥ होइ । होन्ति । हुवइ । हुवन्ति ।

हवइ । हवन्ति ॥ पक्षे । भवइ । परिहीण विहवो । भविउं । पभवइ । परिभवइ । संभवइ ॥ क्वचिदन्यदपि । उब्भुअइ । भत्तं ॥

*अर्थ.*—'होना' अर्थक संस्कृत-धातु भू = भव्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'हो, हुव और हव' ऐसे तीन धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'भ=भव्' का 'भव' रूपान्तर भी होगा। जैसे—*भवति*=*होइ*, *हुवइ* और *हवइ* अथवा *भवइ*=वह होता है। बहुवचन के उदाहरण इस प्रकार हैं—*भवन्ति*=*होन्ति*, *हुवन्ति* और *हवन्ति* अथवा *भवन्ति* वे होते हैं।

कुछ प्रकीर्णक उदाहरण वृत्ति में इस प्रकार दिये गये हैं—

(१) *परिहीन-विभव* =*परिहीण विहवो*=धन-वैभव से हीन हुआ। इस उदाहरण में 'भव' के स्थान पर 'हव' रूप को प्रदर्शित किया गया है।

(२) *भवितुम्*=*भविउ*=होने के लिये। इस हेत्वर्थ-कृदन्त के रूप में संस्कृत-धातु-रूप 'भव्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में भी 'भव्' रूप को ही प्रदर्शित किया गया है।

(३) *प्रभवति*=*पभवइ*=वह समर्थ होता है, वह पहुंचता है अथवा वह उत्पन्न होता है। इस वर्तमान कालिक क्रियापद में संस्कृत धातु रूप 'प्र+भव' के स्थान पर प्राकृत भाषा में भी 'प+भव' का प्रयोग किया गया है।

(४) *परिभवति*=*परिभवइ*=वह पराजय करता है अथवा तिरस्कार करता है। यहाँ पर भी 'भव' के स्थान पर 'भव' रूप का ही प्रदर्शन किया गया है।

*संभवति*=*संभवइ*=(अ) वह उत्पन्न होता है, (ब) संभावना होती है अथवा (स) उचित संगत होता है। इस उदाहरण में भी 'भव' के स्थान पर भव' को ही प्राप्ति हुई है।

कहीं कहीं पर 'भू=भव्' के स्थान पर उपरोक्त रूपों के अतिरिक्त अन्य रूप भी देखे जाते हैं। जैसे—उद्भवति=उब्भुअइ=वह उत्पन्न होता है। इस उदाहरण में 'भू=भव्' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'भुअ' रूप का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है। ऐसे विभिन्न तथा अनियमित रूपों के संबंध में 'बहुल' सूत्र की स्थिति को ध्यान में रखना चाहिये।

कभी कभी सर्वथा अनियमित रूप भी 'भू—भव' के प्राकृत भाषा में देखे जाते हैं। जैसे-भूक्तम्= भत्तं=उत्पन्न हुआ। यह कर्मणि भूतकृदन्त का रूप है। ऐसे रूपों की प्राप्ति 'आर्ष' सूत्र से सम्बन्धित है, ऐसा समझना चाहिये॥ ४-६०॥

## अविति हुः ॥ ४-६१ ॥

निवृत्ते प्रत्यये भुवो हु इत्यादेशो वा भवति ॥ हुन्ति । भवन् । हुन्तो । अवितीति किम् । होइ ॥

अर्थ —'वि' उपसर्ग नहीं होने की स्थिति में 'भू = भव' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'हु' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है । जैसे—*भवन्ति* = *हुन्ति* = वे होते हैं । *भवत्* = *हुन्तो* = होता हुआ । इन उदाहरणों में 'भव' के स्थान पर 'हु' का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है ।

*प्रश्न* —'वि' उपसर्ग का निषेध क्यों किया गया है ?

उत्तर —जहाँ पर 'वि' उपसर्ग पूर्वक अर्थ होगा वहाँ पर 'भू=भव' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'हु' का आदेश प्राप्ति नहीं होगी । जैसे—भवति=होइ=वह विशेष प्रकार से होता है । यों यहाँ पर 'हु' रूप का निषेध कर दिया गया है ॥ ४-६१ ॥

## पृथक्-स्पष्टे णिव्वडः ॥ ४-६२ ॥

पृथग्भूते स्पष्टे च कर्तरि भुवो णिव्वड इत्यादेशो भवति ॥ णिव्वडइ । पृथक् स्पष्टो वा भवतीत्यर्थः ॥

अर्थ —पृथक् अर्थात् अलग करने के अर्थ में और स्पष्टीकरण करने के अर्थ में 'भू=भव' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'णिव्वड' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है । जैसे—*पृथग्भवति* अथवा *स्पष्टः भवति* = *णिव्वडइ* = वह अलग होता है अथवा वह स्पष्ट होता है ॥ ४-६२ ॥

## प्रभौ हुप्पो वा ॥ ४-६३ ॥

प्रभु कर्तृकस्य भुवो हुप्प इत्यादेशो वा भवति ॥ प्रभुत्वं च प्रपूर्वस्यैवार्थः । अङ्गे चिअ न पहुप्पइ । पक्षे । पभवेइ ॥

अर्थ —जब 'भू = भव्' धातु के साथ में प्र उपसर्ग जुड़ा हुआ हो और जब 'प्र' उपसर्ग का अर्थ शक्ति सम्पन्नता हो तो उसे समय में 'प्र + भव धातु के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'हुप्प' आदेश की प्राप्ति होगी । इसका तात्पर्य यही है कि 'शक्ति सम्पन्नता' अर्थ पूर्वक 'भू=भव' धातु को विकल्प से 'हुप्प' आदेश प्राप्ति होती है । पक्षान्तर में 'पभव' प्राप्ति का भी सविधान जानना चाहिये । जैसे—हे *अंग ! चैव न प्रभवति=हे सुन्दर अंगों वाली !* निश्चय ही वह शक्ति सम्पन्न नहीं होता है । इसका प्राकृत रूपान्तर इस प्रकार है —*अंगे ! चिअ न* पहुप्पइ । पक्षान्तर में 'पहुप्पइ' के स्थान पर 'पभवेइ' रूप भी बनता है ॥ ४-६३ ॥

## क्ते हूः ॥ ४-६४ ॥

भुवः क्त प्रत्यये हूरादेशो भवति ॥ हूअ । अणुहूअ । पहूअ ॥

*अर्थ*—कर्मणि भूतकृदन्त प्रत्यय 'क्त=त' के साथ में 'भू' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'हू' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*भूतम्=हूअ*=हुआ। अन्य उपसर्ग पूर्वक भू धातु के उदाहरण इस प्रकार हैं—

(१) अनुभूतम्=अणुहूअ=अनुभव किया हुआ।

(२) प्रभूतम्=पहूअ=बहुत ॥ ४-६४ ॥

## कृगेः कुणः ॥ ४-६५ ॥

कृगः कुण इत्यादेशो वा भवति ॥ कुणइ । करइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत 'कृ=करना' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'कुण' धातु की आदेश-प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'कर' की प्राप्ति भी जानना। जैसे—*करोति=कुणइ* अथवा करइ=वह करता है ॥ ४-६५ ॥

## काणेक्षिते णिआरः ॥ ४-६६ ॥

काणेक्षितविषयस्य कृगो णिआर इत्यादेशो वा भवति ॥ णिआरइ । काणेक्षितं करोति ॥

*अर्थ*—कानी नजर से देखने अर्थक धातु 'कृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'णिआर' की आदेश-प्राप्ति होती है। जैसे—*काणेक्षितं करोति=णिआरइ*=वह कानी नजर से देखता है ॥ ४-६६ ॥

## निष्टम्भावष्टम्भे णिट्ठुह-संदाणं ॥ ४-६७ ॥

निष्टम्भविषयस्यावष्टम्भ विषयस्य च कृगो यथा संख्यं णिट्ठुह संदाण इत्यादेशौ वा भवतः ॥ णिट्ठुहइ । निष्टम्भं करोति । संदाणइ । अवष्टम्भं करोति ॥

*अर्थ*—'निश्चेष्ट करना अथवा चेष्टा रहित होना' इस अर्थक संस्कृत धातु 'निष्टम्भ पूर्वक कृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'णिट्ठुह' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*निष्टम्भं करोति=णिट्ठुहइ* वह निश्चेष्ट करता है अथवा वह चेष्टा रहित होता है।

इसी प्रकार से 'अवलम्बन करना अथवा सहारा लेना' इस अर्थक संस्कृत धातु 'अवष्टम्भपूर्वक कृ' स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'सदाण' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*अवष्टम्भ* ति=सदाणइ = वह अवलम्बन करता है अथवा वह सहारा लेता है।

पक्षान्तर में *निष्टम्भ करोति* का प्राकृत रूपान्तर '*निट्ठम करेइ*' ऐसा भी होगा, तथा ष्टम्भ करोति' का प्राकृत रूपान्तर '*ओट्ठम करेइ*' भी होगा ॥ ४-६७ ॥

## श्रमे वावम्फः ॥ ४—६८ ॥

श्रमविषयस्य कृगो वावम्फ इत्यादेशो वा भवति ॥ वावम्फइ । श्रम करोति ॥

*अर्थ*—'श्रम विषयक' कृ धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'वावम्फ' धातु की देश प्राप्ति होती है। जैसे-*श्रम करोति*=*वावम्फइ*=वह परिश्रम करता है। पक्षान्तर में '*श्रम करोति*' 'सम करेइ' भी होगा ॥ ४-६८ ॥

## मन्युनौष्ठमालिन्ये णिव्वोलः ॥ ४—६९ ॥

मन्युना करणेन यदोष्ठमालिन्यं तद्विषयस्य कृगो णिव्वोल इत्यादेशो वा भवति ॥ वोलइ । मन्युना ओष्ठ मलिन करोति ॥

*अर्थ*—क्रोध के कारण से होठ को मलिन करना' विषयक संस्कृत धातु 'कृ' के स्थान पर प्राकृत ा में विकल्प से 'णिव्वोल' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—'*मन्युना ओष्ठ मालिनं करोति*'= वोलइ=वह क्रोध से होठ को मलिन करता है अथवा करता है। पक्षान्तर में न्नुणा ओट्ठं मालिणं करेइ' भी होगा।

## शैथिल्य लम्बने पयल्लः ॥ ४—७० ॥

शैथिल्य विषयस्य लम्बन विषयस्य च कृग पयल्ल इत्यादेशो वा भवति ॥ पयल्लइ । थिलो भवति, लम्बते वा ॥

*अर्थ*—'शिथिलता करना' अथवा "ढीला होना-लटकना" इस विषयक प्राकृत धातु 'कृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'पयल्ल' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*शिथिली भवति* (अथवा) *लम्बते* = *पयल्लइ* = वह शिथिलता करता है अथवा वह ढीलाई करता है—वह ढ़ला ता है। पक्षान्तर में *सिढिलइ* (अथवा) *लम्बेइ* होगा ॥ ४-७० ॥

## निष्पाताच्छोटे णीलुञ्छः ॥ ४—७१ ॥

निष्पतन विषयस्य आच्छोटन विषयस्य च कृगो णीलुञ्छ इत्यादेशो भवति वा॥ णीलुञ्छइ। निष्पतति। आच्छोटयति वा॥

अर्थ —'गिरने अथवा कूदने' विषयक संस्कृत धातु 'कृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'णीलुञ्छ' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—निष्पतति=णीलुञ्छइ=वह गिरता है और आच्छोटयति=णीलुञ्छइ=वह कूदता है। पक्षान्तर में णिप्पडइ और आछोडइ भी होगा॥४-७१॥

## * क्षुरे कम्मः ॥ ४–७२ ॥ *

क्षुर विषयस्य कृगः कम्म इत्यादेशो वा भवति॥ कम्मइ। क्षुर करोतीत्यर्थः॥

अर्थ — हजामत करने' अर्थक 'कृ' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से कम्म धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—क्षुर करोति=कम्मइ=वह हजामत करता है। पक्षान्तर में 'खुर करेइ' ऐसा भी होगा॥ ४–७२॥

## * चाटौ गुललः ॥ ४–७३ ॥ *

चाटु विषयस्य कृगो गुलल इत्यादेशो वा भवति॥ गुललइ। चाटु करोतीत्यर्थः॥

अर्थ —'खुशामद करना-चाटुकारी करना' विषयक 'कृ' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'गुलल' धातु को आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—चाटुकरोति=गुललइ=वह खुशामद करता है-वह चाटुकारी करता है। पक्षान्तर में 'चाडुकरेइ' ऐसा भी होगा॥ ४-७३॥

## *स्मरेर्झर-झूर-भर-भल-लढ-विम्हर-सुमर-पयर-पम्हुहाः ॥ ४–७४ ॥

स्मरतेरेते नवादेशा वा भवन्ति॥ झरइ। झूरइ। भरइ। भलइ। लढइ। विम्हरइ। सुमरइ। पयरइ। पम्हुहइ। सरइ॥

अर्थ —'स्मरण करना-याद करना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्मर' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से नव धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे क्रम से इस प्रकार हैं—(१) झर (२) झूर, (३) भर, (४) भल, (५) लढ (६) विम्हर, (७) सुमर, (८) पयर और (९) पम्हुह। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'स्मर' के स्थान पर 'सर' रूप की भी प्राप्ति होगी। इनके उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—

स्मरति=(१) झरइ (२) झूरइ, (३) भरइ, (४) भलइ, (५) लढइ, (६) विम्हरइ, (७) सुमरइ, (८) पयरइ, (९) पम्हुहइ और (१०) सरइ=वह स्मरण करता है अथवा याद करता है, यों इन दस क्रियापदों का एक ही अर्थ होता है।

## विस्मुः पम्हुस-विम्हर-वीसराः ॥ ४-७५ ॥

विस्मरतेरेते आदेशा भवन्ति ॥ पम्हुसइ । विम्हरइ । वीसरइ ॥

*अर्थ* — भूलना-भूल जाना' अथवा 'विस्मरण करना' अर्थक संस्कृत धातु 'विस्मर्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में तीन धातु की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि इस प्रकार हैं —(१) पम्हुस, (२) विम्हर और (३) वीसर। इनके उदाहरण इस प्रकार हैं —*विस्मरति=पम्हुसइ, विम्हरइ* और *वीसरइ* — वह भूलता है अथवा वह विस्मरण करता है ॥ ४-७५॥

## व्याहृगेः कोक्क-पोक्कौ ॥ ४-७६ ॥

व्याहरतेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ कोक्कइ । ह्रस्वत्वे तु कुक्कइ । पोक्कइ । पक्षे । वाहरइ ॥

*अर्थ* —'बुलाना,आह्वान करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'व्याहृ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से दो धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —(१) कोक्क और पोक्क। सूत्र संख्या १-८४ से विकल्प से दीर्घ स्वर के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन होने पर ह्रस्व स्वर की प्राप्ति होती है अतः 'कोक्क' के स्थान पर 'कुक्क' की भी प्राप्ति हो सकती है, पक्षान्तर में 'व्याहृ' धातु का 'वाहर' रूप भी प्राप्त होगा।

उक्त चारों धातु-रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*व्याहरति= (१)कोक्कइ, (२)कुक्कइ (३)पोक्कइ* और *(४)वाहरइ*=वह बुलाता है, वह आह्वान करता है ॥ ४-७६ ॥

## प्रसरेः पयल्लोवेल्लौ ॥ ४-७७ ॥

प्रसरतेः पयल्ल उवेल्ल इत्येतावादेशौ वा भवतः ॥ पयल्लइ । उवेल्लइ । पसरइ ॥

*अर्थ* —'पसरना फैलना' अर्थक संस्कृत-धातु 'प्र + सृ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से दो धातु का आदेश प्राप्ति होती है। वे ये हैं —(१) पयल्ल और (२)उवेल्ल। पक्षान्तर में 'प्र + सृ' के स्थान पर 'पसर' की भी प्राप्ति होगी। जैसे —*प्रसरति=(१)पयल्लइ (२)उवेल्लइ* और *(३)पसरइ*=वह पसरता है अथवा वह फैलता है ॥ ४-७७ ॥

## महमहो गन्धे ॥ ४-७८ ॥

प्रसरते गन्ध विषये महमह इत्यादेशो वा भवति ॥ महमहइ मालई । मालइ-गन्धो पसरइ ॥ गन्ध इति किम् । पसरइ ॥

*अर्थ* —'गन्ध फैलना' इस सपूर्ण अर्थ में प्राकृत-भाषा मे विकल्प मे 'महमह' धातु का आदेश प्राप्ति होती है।

जहा पर 'गन्ध फैलता है' ऐसे अर्थ में 'गन्ध' शब्द स्वयमेव विद्यमान हो वहां पर 'महमह' धातु रूप का प्रयोग नहीं किया जा सकता है, किन्तु 'पसर' धातु रूप का ही प्रयोग किया जा सकता है। इसलिए वृत्ति म 'गन्ध इतिकिम्=गन्ध ऐसा क्या ? प्रश्न उठा कर आगे 'पसरइ' क्रिया पद द्वारा समाधान किया गया है कि 'गन्ध' कर्ता के साथ 'पसर' क्रिया का प्रयोग होगा। जैसे —*मालती-गन्धः प्रसरति=मालइ गन्धो पसरइ=मालती-लता का गन्ध फैलता है।* यों 'महमह' धातु-रूप की स्थिति को समझना चाहिये ॥ ४-७८ ॥

## निस्सरेर्णीहर-नील-धाड-वरहाडाः ॥ ४-७९ ॥

निस्सरतेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ णीहरइ । नीलइ । धाडइ । वरहाडइ । नीसरइ ॥

*अर्थ* —'बाहर निकलना' अर्थक सस्कृत धातु 'निस्+सृ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से चार धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है —(१) णीहर (२) नील (३) धाड और (४) वरहाड। वैकल्पिक पक्ष होने से 'निस्+सृ' के स्थान पर 'नीसर' धातु की प्राप्ति होगी। पाँचों के उदाहरण इस प्रकार है —*निःसरति (१) णीहरइ, (२) नीलइ, (३) धाडइ, (४) वरहाडइ,* और (५)*नीसरइ*=वह बाहिर निकलता है ॥ ४-७९ ॥

## जाग्रेर्जग्गः ॥ ४-८० ॥

जागर्तेर्जग्ग इत्यादेशो वा भवति ॥ जग्गइ । पक्षे जागरइ ॥

*अर्थ* —'जागना अथवा सचेत-सावधान होना' अर्थक संस्कृत-धातु 'जागृ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'जग्ग' धातु की आदेश प्राप्ति होता है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'जागृ' के स्थान पर 'जागर' धातु-की भी प्राप्ति होगी। दोनों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*जागर्ति= जग्गइ अथवा जागरइ*=वह जागता है-वह निद्रा त्यागता है अथवा वह सावधान सचेत होता है ॥ ४-८० ॥

## व्याप्रेराअड्डः ॥ ४-८१ ॥

व्याप्रियतेराअड्ड इत्यादेशो वा भवति ॥ आअड्डेइ । वावरेइ ॥

*अर्थ* —'व्यापृत होना, काम लगना' अर्थक सस्कृत धातु 'व्या+पृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'आअड्ड' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'व्या+पृ' के स्थान पर

ार' धातु की भी प्राप्ति होगी। जैसे—*व्याप्रियते=आअड्डेइ* अथवा *वावरेइ*=वह काम में लगता ४-८१ ॥

## संवृगेः साहर-साहट्टौ ॥ ४-८२ ॥

सवृणोतेः साहर साहट्ट इत्यादेशौ वा भवत ॥ साहरइ । साहट्टइ । सवरइ ॥

*अर्थ*—'सवरण करना समेटना' अर्थक संस्कृत धातु 'स+वृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा वेकल्प से दो धातु 'साहर और साहट्ट' की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'स+वृ' के स्थान 'सवर' धातु की भी प्राप्ति होगी। तीनों धातुओं के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—*सवृणोति*= साहरइ, *(२) साहट्टइ* और *(३) सवरइ*=वह सवरण करता है अथवा वह समेटता है ॥ ४-८२ ॥

## आदृङः सन्नामः ॥ ४-८३ ॥

आद्रियतेः सन्नाम इत्यादेशो वा भवति ॥ सन्नामइ । आदरइ ॥

*अर्थ*—'आदर करना सम्मान करना' अर्थक संस्कृत धातु 'आ+दृ के स्थान पर प्राकृत भाषा में ल्प से 'सन्नाम धातु की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'आ+दृ' के ान पर 'आदर' धातु की भी प्राप्ति होगी। जैसे—*आद्रियते*=*सन्नामइ* अथवा *आदरइ*=वह ादर करता है अथवा वह सम्मान करता है—सन्मान करता है ॥ ४-८३ ॥

## प्रहृगेः सारः ॥ ४-८४ ॥

प्रहरते सार इत्यादेशो वा भवति ॥ सारइ । पहरइ ॥

*अर्थ*—'प्रहार करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'प्र+हृ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से ार' धातु की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'प्र+हृ' के स्थान पर 'पहर' की प्रा ि होगी। दोनों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—*प्रहरति*=*सारइ* अथवा *पहरइ*= ह प्रहार करता है—वह चोट करती है। ४—८४ ॥

## अवतरे रोह-ओरसौ ॥ ४-८५ ॥

अवतरते. ओह ओरस इत्यादेशौ वा भवतः ॥ ओहइ । ओरसइ । ओअरइ ॥

*अर्थ*—'नीचे उतरना' अर्थक संस्कृत धातु 'अव+तृ के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'ओह तथा ओरस' ऐसे दो धातु की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'अव+तृ' धातु

के स्थान पर 'ओअर' धातु की भी प्राप्ति होगी । उदाहरण यों है —अवतरति=(१) अ... (२) ओरसइ और (३) ओअरइ=वह नीचे उतरता है ॥ ४—८५॥

## शकेश्चय-तर-तीर-पाराः ॥ ४-८६॥

शक्नोतेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ चयइ । तरइ । तीरइ । पारइ । सक्कइ ॥ त्यजतेरपि चयइ । हानिं करोति ॥ तरतेरपि तरइ ॥ तीरयतेरपि तीरइ ॥ पारयतेरपि पारइ । कर्म समाप्नोति ॥

अर्थ —'सकना-समर्थ होना' अर्थक संस्कृत-धातु 'शक' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से चार धातु की आदेश प्राप्ति होती है । जो कि क्रम से इस प्रकार है —(१) चय, (२) तर, (३) तीर और (४) पार । पक्षान्तर में 'शक' के स्थान पर 'सक्क' की भी प्राप्ति होगी । पाँचों धातु-रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —शक्नोति=(१)चयइ, (२)तरइ, (३)तीरइ, (४)पारइ और (५)सक्कइ=वह समर्थ होता है । उपरोक्त आदेश-प्राप्त चारों धातु द्वि-अर्थक है, अतएव इन के क्रियापदीय रूप इस प्रकार से होंगे —(१)त्यजति=चयइ=वह छोड़ता है अथवा वह हानि करता है । (२) तरति=तरइ=वह तैरता है । (३)तीरयति=तीरइ=वह समाप्त करता है अथवा वह पूर्ति करता है । और (४)पारयति=पारेइ=वह पार पहुँचता है अथवा पूर्ण करता है—कार्य की समाप्ति करता है ॥ यों चारों आदेश प्राप्त धातु द्वि—अर्थक होने से प्रसंगानुसार ही इनका अर्थ लगाया जाना चाहिये, यही तात्पर्य वृत्तिकार का है ॥ ४—८६ ॥

## फक्कस्थक्कः ॥ ४—८७॥

फक्कते स्थक्क इत्यादेशो वा भवति ॥ थक्कइ ॥

अर्थ —'नीचे जाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'फक्क' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'थक्क' धातु की आदेश प्राप्ति होती है । जैसे—फक्कति=थक्कइ=वह नीचे जाता है अथवा वह दुराचरण करता है ॥ ४-८७ ॥

## श्लाघः सलहः ॥ ४—८८ ॥

श्लाघतेः सलह इत्यादेशो भवति ॥ सलहइ ॥

अर्थ —'प्रशंसा करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'श्लाघ्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'सलह' धातु की आदेश प्राप्ति होती है । जैसे —श्लाघते=सलहइ=वह प्रशंसा करता है ॥ ४-८८ ॥

## खचेर्वेअडः ॥ ४-८९ ॥

खचते वेंग्रड इत्यादेशो वा भवति ॥ वेग्रडइ । खचइ ॥

अर्थ —'जड़ना' अर्थक संस्कृत धातु 'खच्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'वेअड' धातु का आदेश प्राप्ति होती है । पक्षान्तर में 'खच' भी होगा जैसे —खचति = वेअडइ अथवा खचइ = वह जड़ता है—जमाता है ॥ ४-८९ ॥

## पचेः सोल्ल—पउलौ ॥४-९०॥

पचतेः सोल्ल पउल इत्यादेशौ वा भवतः ॥ सोल्लइ । पउलइ । पयइ ॥

अर्थ —'पकाना' अर्थक संस्कृत-धातु पच' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'सोल्ल और पउल' ऐसे दो धातु-का आदेश प्राप्ति होती है । रूपान्तर 'पय' भी होगा । जैसे —पचति = सोल्लइ और पउलइ अथवा पयइ = वह पकाता है ॥ ४-९० ॥

## मुचेश्छड्डा व हेड—मेल्लोस्सिक्क—रेअव—णिल्लुञ्छ—धंसाडाः ॥ ४—९१ ॥

मुञ्चतेरेते सप्तादेशा वा भवन्ति ॥ छड्डइ । अवहेडइ । मेल्लइ । उस्सिक्कइ । रेअवइ । णिल्लुञ्छइ । धंसाडइ । पक्षे । मुअइ ।

अर्थ —छोड़ना-त्याग करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'मुच' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से सात धातु का आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —(१)छड्ड, (२)अवहेड, (३)मेल्ल (४)उस्सिक्क (५)रेअव, (६)णिल्लुञ्छ, और (७)धंसाड, पक्षान्तर में मुअ' भी होगा । यों इन सातों ही धातु-रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —मुञ्चति = (१)छड्डइ (२)अवहेडइ, (३)मेल्लइ, (४)उस्सिक्कइ, (५)रेअवइ, (६)णिल्लुञ्छइ, (७)धंसाडइ अथवा मुअइ = वह छोड़ता है अथवा वह त्याग करता है ॥ ४-९१ ॥

## दुःखे णिव्वलः ॥ ४—९२ ॥

दुःख विषयस्य मुचेः णिव्वल इत्यादेशो वा भवति ॥ णिव्वलेइ । दुःखं मुञ्चतीत्यर्थः ॥

अर्थ —दुःख को छोड़ना' अर्थ में संस्कृत-धातु 'मुच्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'णिव्वल' (धातु) को आदेश प्राप्ति होती है । जैसे —दुःख मुञ्चति = णिव्वलेइ = वह दुःख को छोड़ता है । पक्षान्तर में दुहं मुअइ होगा ॥ ४-९२ ॥

## वञ्चेर्वेहव-वेलव-जूरवोमच्छाः ॥४-९३॥

वञ्चतेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ वेहवइ । वेलवइ । जूरवइ । उमच्छइ । वञ्चइ ॥

*अर्थः*—'ठगना' अर्थक संस्कृत-धातु 'वञ्च्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से चार धातुओं की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) वेहव, (२) वेलव, (३) जूरव, और (४) उमच्छ। रूपान्तर 'वञ्च' भी होगा। उक्त पाँचों धातु-रूपों के उदाहरण इस प्रकार हैं—वञ्चति= (१) वेहवइ, (२) वेलवइ, (३) जूरवइ, (४) उमच्छइ और (५) वञ्चइ=वह ठगता है ॥ ४-९३ ॥

## रचेरुग्गहावह-विडविड्डाः ॥ ४-९४ ॥

रचेर्धातोरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ उग्गहइ । अवहइ । विडविड्डइ । रयइ ॥

*अर्थः*—'निर्माण करना, बनाना' अर्थक संस्कृत धातु 'रच्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) उग्गह, (२) अवह और (३) विडविड्ड। वैकल्पिक पक्ष होने से 'रय' भी होगा। उक्त चारों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—रचयति=[१] उग्गहइ, [२] अवहइ, [३] विडविड्डइ और [४] रयइ=वह निर्माण करती है—वह रचता है अथवा वह बनाती है ॥ ४-९४ ॥

## समारचेरुवहत्थ-सारव-समार-केलायाः ॥ ४-९५ ॥

समारचेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ उवहत्थइ । सारवइ । समारइ । केलायइ । समारयइ ॥

*अर्थः*—'रचना-बनाना' अर्थक संस्कृत 'समारच्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से चार धातु (रूपों) की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) उवहत्थ, (२) सारव, (३) समार और (४) केलाय।

वैकल्पिक पक्ष होने से 'समा+रच्' के स्थान पर 'समारय' भी होगा। उदाहरण इस प्रकार हैं—समारचयति=(१) उवहत्थइ, (२) सारवइ, (३) समारइ, (४) केलायइ और (५) समारयइ=वह (रचता) है—वह बनाती है ॥ ४-९५ ॥

## सिचेः सिञ्च-सिम्पौ ॥ ४-९६ ॥

सिञ्चतेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ सिञ्चइ । सिम्पइ । सेअइ ॥

*अर्थ*—'सींचना' अर्थक संस्कृत धातु 'सिच' के स्थान पर विकल्प से प्राकृत भाषा में 'सिञ्च और सिम्प' ऐसे दो (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'सिच' का 'सेअ' भी होगा। उदाहरण इस प्रकार हैं—सिञ्चति=(१) सिञ्चइ, (२) सिम्पइ और (३) सेअइ=वह सींचता है अथवा सींचती है ॥ ४-९६ ॥

## प्रच्छः पुच्छः ॥ ४-९७ ॥

पृच्छे पुच्छादेशो भवति ॥ पुच्छइ ॥

*अर्थ*—'पूछना अथवा प्रश्न करना' अर्थक संस्कृत धातु 'प्रच्छ्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'पुच्छ' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—पृच्छति=पुच्छइ=वह पूछती है अथवा वह प्रश्न करता है ॥ ४-९७ ॥

## गर्जेर्बुक्कः ॥ ४-९८ ॥

गर्जते र्बुक्क इत्यादेशो वा भवति ॥ बुक्कइ । गज्जइ ।

*अर्थ*—'गर्जन करना अथवा गरजना' अर्थक संस्कृत धातु 'गर्ज्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'बुक्क' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'गज्ज' की प्राप्ति भी होगी। जैसे—गर्जति=बुक्कइ अथवा गज्जइ=वह गर्जन करता है अथवा वह गरजता है ॥ ४-९८ ॥

## वृषे ढिक्कः ॥ ४-९९ ॥

वृष-कर्तृकस्य गर्जेर्ढिक्क इत्यादेशो वा भवति ॥ ढिक्कइ । वृषभो गर्जति ॥

*अर्थ*—'बैल-सांड गर्जना करता है' इस अर्थ वाली गर्जना अर्थक धातु के लिये प्राकृत भाषा में विकल्प से 'ढिक्क' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—वृषभो गर्जति=(वसहो) ढिक्कइ=बैल गर्जना करता है। प्राकृत रूपान्तर 'वसहो गज्जइ' ऐसा भी होगा ॥ ४-९९ ॥

## राजेरग्घ-छज्ज-सह-रीर-रेहाः ॥ ४-१०० ॥

राजेरेते पञ्चादेशा वा भवन्ति ॥ अग्घइ । छज्जइ । सहइ । रीरइ । रेहइ । रायइ ॥

*अर्थ*—'शोभना, विराजना, चमकना' अर्थक संस्कृत-धातु 'राज्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से पांच (धातु)-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—

(१)अग्घ, (२)छज्ज, (३)सह, (४)रीर और (५)रेह । रूपान्तर में 'राय' की भी प्राप्ति होगी । क्रम से इस प्रकार है —*राजते=(१)अग्घइ, (२)छज्जइ, (३)सहइ, (४)रीरइ, (५)रेहइ,* और ... वह शोभता है, वह विराजता है अथवा वह चमकता है ॥ ४-१०० ॥

## मस्जेराउड्ड-णिउड्ड-बुड्ड-खुप्पाः ॥ ४-१०१ ॥

मज्जतेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ आउड्डइ । णिउड्डइ । बुड्डइ । खुप्पइ । मज्जइ ॥

*अर्थ*—'मज्जन करना, डूबना, अथवा स्नान करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'मस्ज्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से चार (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है । (१)आउड्ड, (२)णिउड्ड, (३)बुड्ड और (४)खुप्प । वैकल्पिक-पक्ष होने से 'मज्ज' की प्राप्ति भी होगी । उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*मज्जति=(१)आउड्डइ, (२)णिउड्डइ, (३)बुड्डइ, (४)खुप्पइ,* और (५)मज्जइ=वह स्नान करता है, वह डूबता है, वह मज्जन करता है ॥ ४-१०१ ॥

## पुञ्जेरारोल-वमालौ ॥ ४-१०२ ॥

पुञ्जेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ आरोलइ । वमालइ । पुञ्जइ ॥

*अर्थ*—'एकत्र करना, इकट्ठा करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'पुञ्ज्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से दो (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है । (१)आरोल और (२)वमाल । विकल्प होने से 'पुञ्ज' की भी प्राप्ति होगी । उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*पुञ्जयति=(१)आरोलइ, (२)वमालइ* और (३)पुञ्जइ=वह एकत्र करता है, वह इकट्ठा करता है ॥ ४-१०२ ॥

## लस्जे र्जीहः ॥ ४-१०३ ॥

लज्जते र्जीह इत्यादेशो वा भवति ॥ जीहइ । लज्जइ ॥

*अर्थ*—'लज्जा करना, शरमाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'लज्ज' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'जीह' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है । वैकल्पिक पक्ष होने से 'लज्ज' की प्राप्ति होगी । जैसे—*लज्जाति=जीहइ* अथवा *लज्जइ*=वह लज्जा करता है, वह शरमाता है । ४-१०३ ॥

## तिजेरोसुक्कः ॥ ४-१०४ ॥

तिजेरोसुक्क इत्यादेशो वा भवति ॥ ओसुक्कइ । तेअइ ॥

*अर्थ*—'तीक्ष्ण करना, तेज करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'तिज' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'ओसुक्क' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'तेअ' की भी प्राप्ति होगी। जैसे—*तेजयति* (अथवा तिजति)=*ओसुक्कइ, तेअइ*=वह तीक्ष्ण करता है, वह तेज करता है। 'तेअ' धातु से संज्ञा-रूप 'तेअण' की प्राप्ति होती है। नपुंसक लिंगवाले संज्ञा शब्द 'तेअण' का अर्थ 'तेज करना, पैनाना, उत्तेजन' ऐसा होता है ॥ ४-१०४ ॥

## मृजेरुग्घुस-लुञ्छ-पुंछ-पुंस-फुस-पुस-लुह-हुल-रोसाणाः ॥४-१०५॥

मृजेरेते नवादेशा वा भवन्ति ॥ उग्घुसइ । लुञ्छइ । पुञ्छइ । पुंसइ । फुसइ । लुहइ । हुलइ । रोसाणइ । पक्षे । मज्जइ ॥

*अर्थ*—'मार्जन करना, शुद्ध करना' अर्थक संस्कृत धातु 'मृज्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से नव (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। (१) उग्घुस, (२) लुञ्छ, (३) पुञ्छ, (४) पुंस (५) फुस, (६) पुस, (७) लुह, (८) हुल और (९) रोसाण। वैकल्पिक पक्ष होने से 'मज्ज' भी होगा। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है—*मार्ष्टि*=(१) *उग्घुसइ*, (२) *लुञ्छइ*, (३) *पुञ्छइ*, (४) *पुंसइ*, (५) *फुसइ*, (६) *पुसइ*, (७) *लुहइ*, (८) *हुलइ*, (९) *रोसाणइ* पक्षे *मज्जइ*=वह मार्जन करता है, वह शुद्ध करता है ॥ ४-१०५ ॥

## भञ्जेर्वेमय-मुसुमूर-मूर-सूर-सूड-विर-पविरञ्ज करञ्ज-नीरञ्जाः ॥ ४-१०६ ॥

भञ्जेरेते नवादेशा वा भवन्ति ॥ वेमयइ । मुसुमूरइ । मूरइ । सूरइ । सूडइ । विरइ । पविरञ्जइ । करञ्जइ । नीरञ्जइ । भञ्जइ ॥

*अर्थ*—'भाँगना-तोड़ना' अर्थक संस्कृत-धातु 'भंज' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से नव धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। (१) वेमय, (२) मुसुमूर (३) मूर, (४) सूर, (५) सूड, (६) विर, (७) पविरंज, (८) करंज और (९) नीरंज।

वैकल्पिक पक्ष होने से 'भंज' भी होगा। उदाहरण क्रम से यों है—*भनक्ति*= (१) *वेमयइ*, (२) *मुसुमूरइ*, (३) *मूरइ*, (४) *सूरइ*, (५) *सूडइ*, (६) *विरइ*, (७) *पविरञ्जइ* (८) *करञ्जइ* (९) *नीरञ्जइ*, और (१०) *भञ्जइ*=वह भाँगता है अथवा वह तोड़ता है ॥ ४-१०६ ॥

## अनुव्रजेः पडिअग्गः ॥ ४-१०७ ॥

अनुव्रजेः पडिअग्ग इत्यादेशो वा भवति ॥ पडिअग्गइ । अणुवच्चइ ॥

*अर्थ* —'अनुसरण करना, पीछे जाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'अनु + व्रज' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'पडिअग्ग' ( धातु ) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'अणुवच्च' भी होगा। उदाहरण क्रम से यों हैं —*अनुव्रजति=पडिअग्गइ* पक्षान्तर में *अणुवच्चइ*=वह अनुसरण करता है, वह पीछे जाती है ॥ ४-१०७ ॥

## अर्जेर्विढवः ॥४-१०८॥

अर्जेर्विढव इत्यादेशो वा भवति ॥ विढवइ । अज्जइ ॥

*अर्थ* — उपार्जन करना, पैदा करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'अर्ज' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'विढव' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'अज्ज' भी होगा। उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —

*अर्जयति=विढवइ* पक्षान्तर में *अज्जइ*=वह उपार्जन करता है, अथवा वह पैदा करता है ॥४-१०८॥

## युजो जुञ्ज जुज्ज-जुप्पाः ॥४-१०९॥

युजो जुञ्ज जुज्ज जुप्प इत्यादेशा भवन्ति ॥ जुञ्जइ । जुज्जइ । जुप्पइ ॥

*अर्थ* —'जोड़ना, युक्त करना' अर्थक संस्कृत धातु 'युज' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'जुञ्ज, जुज्ज और जुप्प' ऐसे तीन धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'जुज' की भी प्राप्ति होगी। जैसे -युज्यते = (१) *जुञ्जइ*, (२) *जुज्जइ*, (३) *जुप्पइ* पक्षान्तर में *जुजइ* वह जोड़ता है, वह युक्त करता है ॥ ४-१०९ ॥

## भुजो भुञ्ज-जिम-जेम-कम्माण्ह-चमढ-समाण-चड्डाः ॥ ४-११० ॥

भुज एतेऽष्टादेशा भवन्ति ॥ भुञ्जइ । जिमइ । जेमइ । कम्मेइ । अण्हइ । समाणइ । चमढइ । चड्डइ ॥

*अर्थ* —'भोजन करना, खाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'भुज्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से आठ (धातु-) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। (१) भुञ्ज, (२) जिम, (३) जेम, (४) कम्म, (५) अण्ह, (६) चमढ, (७) समाण और (८) चड्ड। वैकल्पिक पक्ष होने से 'भुज' की प्राप्ति होगी। इनके उदाहरण इस प्रकार है —*भुनक्ति* (अथवा) *भुङ्क्ते*=(१) *भुञ्जइ*, (२) *जिमइ*, (३) *जेमइ*,

(४) कम्मेइ, (५) अण्हइ, (६) चमढइ, (७) समाणइ, (८) चड्डइ, पक्षान्तर में भुजइ = वह भोजन करता है, वह खाती है ॥ ४-११० ॥

## वोपेन कम्मवः ॥ ४-१११ ॥

उपेन युक्तस्य भुजेः कम्मव इत्यादेशो वा भवति ॥ कम्मवइ । उवहुज्जइ ॥

अर्थ — 'उप' उपसर्ग सहित भुज् धातु के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'कम्मव' (धातु-) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'उवहुज्ज' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण यों है — उपभुनक्ति = कम्मवइ अथवा पक्षान्तर में उवहुज्जइ = वह उपभोग करता है ॥ ४-१११ ॥

## घटे र्गढः ॥ ४-११२ ॥

घटते र्गढ इत्यादेशो वा भवति ॥ गढइ । घडइ ॥

अर्थ — 'बनाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'घट्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'गढ' (धातु-) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'घड' की भी प्राप्ति होगी। जैसे — घटति (अथवा घटते) = गढइ अथवा घडइ = वह बनाता है ॥ ४-११२ ॥

## समो गलः ॥ ४-११३ ॥

सम्पूर्वस्य घटते र्गल इत्यादेशो वा भवति ॥ सगलइ । संघडइ ॥

अर्थ — 'सम् = सं' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'घट्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'गल' (धातु-) रूप का आदेश प्राप्ति होती है, यों संस्कृत धातु 'संघट' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'संगल' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होगी। 'संघड' = भी प्राप्त होगा। जैसे — संघटते = संगलइ अथवा संघडइ = वह संघटित करता है, वह मिलाती है ॥ ४-११३ ॥

## हासेन स्फुटे र्मुरः ॥ ४-११४ ॥

हासेन करणेन यः स्फुटिस्तस्य मुरादेशो वा भवति ॥ मुरइ । हासेन स्फुटति ॥

अर्थ — 'मुस्कराना, सामान्य रूप से हँसना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्फुट्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'मुर' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'फुट' की भी प्राप्ति होगी। जैसे — हासेन स्फुटति = मुरइ अथवा फुटइ = वह हँसी के कारण से प्रसन्न होता है अथवा खिलती है ॥ ४-११४ ॥

## मण्डेश्चिञ्च-चिञ्चअ-चिञ्चिल्ल-रीड-टिविडिक्काः ॥ ४-११५ ॥

मण्डेरेते पञ्चादेशा वा भवन्ति ॥ चिञ्चइ । चिञ्चअइ । चिञ्चिल्लइ । रीडइ । टिविडिक्कइ । मण्डइ ।

*अर्थ* —'मंडित करना, विभूषित करना, शोभा युक्त बनाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'मण्ड' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से पाँच धातु-रूपों का आदेश प्राप्त होता है। जो कि इस प्रकार है —(१) चिञ्च, (२) चिञ्चअ, (३) चिञ्चिल्ल, (४) रीड और (५) टिविडिक्क। पक्षान्तर में 'मण्ड' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*मण्डयति-(१) चिञ्चइ, (२) चिञ्चअइ, (३) चिञ्चिल्लइ, (४) रीडइ, (५) टिविडिक्कइ,* पक्षान्तर में *मण्डइ* = वह मंडित करता है, वह शोभा युक्त बनाता है ॥ ४-११५ ॥

## तुडेस्तोड-तुट्ट-खुट्ट-खुडोक्खु डोल्लुक्क णिलुक्क-लुक्कोल्लूराः ॥ ४-११६ ॥

तुडेरेते नवादेशा वा भवन्ति ॥ तोडइ । तुट्टइ । खुट्टइ । खुडइ । उक्खुडइ । उल्लुक्कइ । णिलुक्कइ । लुक्कइ । उल्लूरइ । तुडइ ॥

*अर्थ* —'तोड़ना, खंडित करना, टुकड़ा करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'तुड़' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से नव धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है —(१) तोड, (२) तुट्ट (३) खुट्ट, (४) खुड, (५) उक्खुड, (६) उल्लुक्क, (७) णिलुक्क, (८) लुक्क और (९) उल्लूर। पक्षान्तर में तुड भी होगा। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*तुडति = (१) तोडइ (२) तुट्टइ, (३) खुट्टइ, (४) खुडइ, (५) उक्खुडइ, (६) उल्लुक्कइ, (७) णिलुक्कइ, (८) लुक्कइ, (९) उल्लूरइ,* पक्षान्तर में *तुडइ* = वह तोडता है, वह खंडित करता है अथवा वह टुकड़ा करता है ॥ ४-११६ ॥

## घूर्णो घुल-घोल-घुम्म-पहल्लाः ॥ ४-११७ ॥

घूर्णेरेते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ घुलइ । घोलइ । घुम्मइ । पहल्लइ ॥

*अर्थ* —'घूमना, काँपना, डोलना, हिलना' अर्थक संस्कृत-धातु 'घूर्ण' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में चार (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे इस प्रकार है —(१) घुल, (२) घोल, (३) घुम्म और (४) पहल्ल। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*घूर्णति = (१) घुलइ (२) घोलइ, (३) घुम्मइ (४) पहल्लइ* = वह घूमता है अथवा वह काँपता है, वह डोलता है, वह हिलता है ॥ ४-११७ ॥

## विवृतेर्ढंसः ॥ ४-११८ ॥.

विवृतेर्ढंस इत्यादेशो वा भवति ॥ ढंसइ । विवट्टइ ॥

अर्थ —'धसना, धस कर रहना, ( गिर पड़ना '' अर्थक संस्कृत धातु 'विवृत्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'ढंस' धातु-रूप का आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'वट्ट' भी होगा । जैसे —*विवर्तते=ढंसइ* अथवा *विवट्टइ* = वह धसता है, वह धस कर रहता है अथवा वह गिर पड़ती है ) ॥ ४-११८ ॥

## क्वथे रट्टः ॥ ४--११९ ॥

क्वथेरट्ट इत्यादेशो वा भवति ।। अट्टइ । कढइ ॥

अर्थ —'क्वाथ करना' 'उबालना-पकाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'क्वथ्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'अट्ट' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होता है । वैकल्पिक पक्ष होने से 'कढ' की भी प्राप्ति होगी । जैसे —*क्वथति=अट्टइ* अथवा *कढइ*=वह क्वाथ करता है—वह उबालता है अथवा वह [illegible]ता है । ४-११९ ॥

## ग्रन्थे गंण्ठः ॥ ४–१२० ॥

ग्रन्थेर्गण्ठ इत्यादेशो वा भवति ॥ गण्ठइ । गण्ठी ॥

अर्थ —गूँथना रचना, बनाना' अर्थक संस्कृत धातु 'ग्रन्थ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में [विक]ल्प से 'गठ' ( धातु ) रूप की आदेश प्राप्त होता है । पक्षान्तर में 'गंथ' की भी प्राप्ति होगी । [जै]से —*ग्रथ्नाति=गण्ठइ* अथवा *गंथइ*= वह गूँथती है अथवा वह रचना करता है ।

संस्कृत स्त्रीलिंगी संज्ञा शब्द '*ग्रन्थि*' का प्राकृत रूपान्तर *गंठी* होगा । 'गंठी' का तात्पर्य है [गां]ठ' अथवा जोड़' । 'गण्ठ' धातु से ही गंठी शब्द का निर्माण हुआ है ॥ ४-१२० ॥

## मन्थे घुसल-विरोलौ ॥ ४–१२१ ॥

मन्थेर्घुसल विरोल इत्यादेशौ वा भवतः ॥ घुसलइ । विरोलइ । मन्थइ ।

अर्थ — मथना, विलोडना करना' अर्थक संस्कृत धातु 'मथ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में [विक]ल्प से 'घुसल और विरोल' ऐसे दो धातु रूपों का आदेश प्राप्ति होती है । वैकल्पिक पक्ष होने से [पक्षा]न्तर में 'मन्थ' की भी प्राप्ति होगी । जैसे —*मथ्नाति=घुसलइ, विरोलइ* अथवा *मन्थइ*=वह मथन [करता है, व]ह मर्दन करता है अथवा वह विलोडन करती है ॥ ४-१२१ ॥

## मण्डेश्चिञ्च-चिञ्चअ-चिञ्चिल्ल-रीड-टिविडिक्काः ॥ ४ ११५॥

मण्डेरेते पञ्चादेशा वा भवन्ति ॥ चिञ्चइ। चिञ्चअइ। चिञ्चिल्लइ। रीडइ। टिविडिक्कइ। मण्डइ।

*अर्थ*—'मण्डित करना, विभूषित करना शोभा युक्त बनाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'मण्ड' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से पाँच धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) चिञ्च, (२) चिञ्चअ, (३) चिञ्चिल्ल, (४) रीड और (५) टिविडिक्क। पक्षान्तर में 'मण्ड' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है—*मण्डयति*=(१) *चिञ्चइ*, (२) *चिञ्चअइ*, (३) *चिञ्चिल्लइ*, (४) *रीडइ*, (५) *टिविडिक्कइ*, पक्षान्तर में *मण्डइ* = वह मंडित करता है, वह शोभा युक्त बनाता है ॥ ४-११५ ॥

## तुडे स्तोड-तुट्ट-खुट्ट-खुडोक्खुडोल्लुक्क-णिलुक्क-लुक्कोल्लूराः ॥ ४-११६ ॥

तुडेरेते नवादेशा वा भवन्ति ॥ तोडइ। तुट्टइ। खुट्टइ। खुडइ। उक्खुडइ। उल्लुक्कइ। णिलुक्कइ। लुक्कइ। उल्लूरइ। तुडइ ॥

*अर्थ*—तोडना, खण्डित करना, टुकडा करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'तुड' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से नव धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) तोड, (२) तुट्ट (३) खुट्ट, (४) खुड, (५) उक्खुड, (६) उल्लुक्क, (७) णिलुक्क, (८) लुक्क और (९) उल्लूर। पक्षान्तर में तुड भी होगा। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है:—*तुडति*=(१) *तोडइ*, (२) *तुट्टइ*, (३) *खुट्टइ*, *खुडइ*, (५) *उक्खुडइ*, (६) *उल्लुक्कइ*, (७) *णिलुक्कइ*, (८) *लुक्कइ*, (९) *उल्लूरइ*, पक्षान्तर में तुडइ=वह तोड़ता है, वह खण्डित करता है अथवा वह टुकड़ा करता है ॥ ४-११६ ॥

## घूर्णो घुल-घोल-घुम्म-पहल्लाः ॥ ४-११७ ॥

घूर्णेरेते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ घुलइ। घोलइ। घुम्मइ। पहल्लइ ॥

*अर्थ*—घूमना, काँपना, डोलना, हिलना' अर्थक संस्कृत-धातु 'घूर्ण' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में चार (धातु-) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे इस प्रकार हैं—(१) घुल, (२) घोल (३) घुम्म और (४) पहल्ल। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है—*घूर्णति*=(१) *घुलइ*, (२) *घोलइ*, (३) *घुम्मइ* और (४) *पहल्लइ*=वह घूमता है अथवा वह काँपता है, वह डोलता है वह हिलता है ॥ ४-११७ ॥

## विवृतेर्ढंसः ॥ ४--११८ ॥

विवृतेर्ढंस इत्यादेशो वा भवति ॥ ढंसइ । विवट्टइ ॥

*अर्थ*—'घसना, धमकर रहना, ( गिर पड़ना' ' अर्थक संस्कृत धातु 'विवृत्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'ढंस' धातु-रूप का आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से विवट्ट भी होगा। जैसे —*विवर्तते=ढंसइ* अथवा *विवट्टइ*=वह धमता है, वह धम कर रहता है अथवा वह गिर पड़ती है ) ॥ ४-११८ ॥

## क्वथे रट्टः ॥ ४--११६ ॥

क्वथेरट्ट इत्यादेशो वा भवति ॥ अट्टइ । कढइ ॥

*अर्थ*—'क्वाथ करना' 'उबालना-पकाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'क्वथ्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'अट्ट' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होता है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'कढ' की भी प्राप्ति होगी। जैसे —*क्वथति=अट्टइ* अथवा कढइ=वह क्वाथ करता है—वह उबालता है अथवा वह पकाता है। ४-११६ ॥

## ग्रन्थे गंण्ठः ॥ ४-१२० ॥

ग्रन्थेर्गण्ठ इत्यादेशो वा भवति ॥ गण्ठइ । गण्ठी ॥

*अर्थ*—गूँथना, रचना, बनाना' अर्थक संस्कृत धातु 'ग्रन्थ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'गंठ' ( धातु ) रूप की आदेश प्राप्त होता है। पक्षान्तर में '*गथ*' की भी प्राप्ति होगी। जैसे —*ग्रथ्नाति=गण्ठइ* अथवा *गथइ*=वह गूँथती है अथवा वह रचना करता है।

संस्कृत स्त्रीलिंगी संज्ञा शब्द '*ग्रन्थि*' का प्राकृत रूपान्तर *गंठी* होगा। 'गंठी' का तात्पर्य है 'गाँठ' अथवा जोड़'। 'गण्ठ' धातु से ही गंठी शब्द का निर्माण हुआ है ॥ ४-१२० ॥

## मन्थे घुसल-विरोलौ ॥ ४-१२१ ॥

मन्थेर्घुसल विरोल इत्यादेशौ वा भवतः ॥ घुसलइ । विरोलइ । मन्थइ ।

*अर्थ*—मथना, विलोडना करना' अर्थक संस्कृत धातु 'मथ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'घुसल और विरोल' ऐसे दो धातु रूपों को आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से रूपान्तर में 'मन्थ' की भी प्राप्ति होगी। जैसे —*मथ्नाति=घुसलइ, विरोलइ* अथवा *मन्थइ*=वह मथता है वह मर्दन करता है अथवा वह विलोडन करती है ॥ ४-१२१ ॥

## ह्लादेरवअच्छः ॥ ४-१२२ ॥

ह्लादते र्ण्यन्तस्याण्यन्तस्य च अवअच्छ इत्यादेशो भवति ॥ अवअच्छइ । ह्लादते वा ॥ इकारो ण्यन्तस्यापि परिग्रहार्थः ॥

*अर्थ*—'आनन्द पाना अथवा खुश होना' अर्थक संस्कृत धातु 'ह्लाद' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'सामान्य कालवाचक क्रिया रूप में' अथवा 'प्रेरणार्थक वाचक क्रिया रूप में' दोनों ही स्थितियों में केवल 'अवअच्छ' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। 'अप्रेरणार्थक क्रियावाचक रूप' का उदाहरण यों है—*ह्लादते = अवअच्छइ*=वह आनन्द पाता है, वह खुश होता है। प्रेरणार्थक क्रियावाचक रूप का दृष्टान्त इस प्रकार से है—*ह्लादयति=अवअच्छइ*=वह आनन्द कराता है, वह खुश कराता है। दोनों स्थितियों में प्राकृत भाषा में उपरोक्त रीति से केवल एक ही धातु रूप होता है।

'इकार' उच्चारण 'सूत्र प्रक्रिया' में प्रेरणार्थक प्रत्यय 'णि' का बोधक अथवा समाहक माना जाता है, ऐसा ध्यान में रखा जाना चाहिये ॥ ४-१२२ ॥

## नेः सदो मज्जः ॥ ४-१२३ ॥

*निपूर्वस्य सदो मज्ज इत्यादेशो भवति ॥ अत्ता एत्थ णुमज्जइ॥*

*अर्थ*—'नि' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'सद्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'मज्ज' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*आत्मा अत्र निषीदति=अत्ता एत्थ णुमज्जइ* = आत्मा यहां पर बैठी है ॥ ४-१२३ ॥

## छिदेर्दुहाव-णिच्छल्ल-णिज्झोड-णिव्वर-णिल्लूर-लूराः ॥ ४-१२४ ॥

छिदेरेते षडादेशा वा भवन्ति । दुहावइ । णिच्छल्लइ । णिज्झोडइ । णिव्वरइ । णिल्लूरइ । लूरइ । पक्षे । छिन्दइ ॥

*अर्थ*—छेदना, खण्डन करना' अर्थक संस्कृत धातु 'छिद्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) दुहाव, (२) णिच्छल्ल, (३) णिज्झोड (४) णिव्वर, (५) णिल्लूर और (६) लूर। वैकल्पिक पक्ष होने से 'छिन्द' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण क्रम से यों हैं—*छिनत्ति=(१) दुहावइ, (२) णिच्छल्लइ, (३) णिज्झोडइ (४) णिव्वरइ, (५) णिल्लूरइ, (६) लूरइ*। पक्षान्तर में *छिन्दइ*=वह छेदता है अथवा वह खण्डित करता है ॥ ४-१२४ ॥

## आङा ओ अन्दोद्दालौ ॥४-१२५ ॥

आटा युक्तस्य छिदेरोअन्द उद्दाल इत्यादेशौ वा भवतः ॥ ओअन्दइ । उद्दालइ । च्छिन्दइ ॥

अर्थ —'आ' उपसर्ग सहित संस्कृत-धातु 'छिद्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में ओअन्द उद्दाल ...दो धातु-रूपों की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से अच्छिन्द की भी प्राप्ति ...ती है। उदाहरण यों हैं—आच्छिनत्ति = ओअन्दइ, उद्दालइ अथवा अच्छिन्दइ = वह खींच लेता है ...थवा वह हाथ से छीन लेती है ॥ ४-१२५ ॥

## मृदो मल-मढ-परिहट्ट-खड्ड-चड्ड-मड्ड-पन्नाडाः ॥४-१२६॥

मृद्नातेरेते सप्तादेशा भवन्ति ॥ मलइ । मढइ । परिहट्टइ । खड्डइ । चड्डइ । मड्डइ । पन्नाडइ ॥

अर्थ —'मर्दन करना, मसलना' अर्थक संस्कृत-धातु 'मृद्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में सात धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि इस प्रकार हैं—(१) मल (२) मढ, (३) परिहट्ट, (४) खड्ड, (५) चड्ड, (६) मड्ड और (७) पन्नाड। इनके उदाहरण इस प्रकार हैं—मृद्नाति=(१) मलइ, (२) मढइ, (३) परिहट्टइ, (४) खड्डइ, (५) चड्डइ, (६) मड्डइ और (७) पन्नाडइ = वह मर्दन करता है अथवा वह मसलती है ॥ ४-१२६ ॥

## स्पन्देश्चुलुचुलः ॥ ४-१२७ ॥

स्पन्देश्चुलुचुल इत्यादेशो वा भवति ॥ चुलुचुलइ । फन्दइ ॥

अर्थ —'फरकना, थोड़ा हिलना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्पन्द्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'चुलुचुल' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'फन्द' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण यों हैं—स्पन्दति = चुलुचुलइ अथवा फन्दइ = वह फरकती है अथवा वह थोड़ा हिलता है ॥ ४-१२७ ॥

## निरः पदेर्वलः ॥ ४-१२८ ॥

निर्पूर्वस्य पदेर्वल इत्यादेशो वा भवति ॥ निव्वलइ । निप्पज्जइ ॥

*अर्थ* —'निर' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'पद्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'निव्वल' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होता है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'निप्पज्ज' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण इस प्रकार है —*निष्पद्यते=निव्वलइ* अथवा *निप्पज्जइ* = वह निष्पन्न होता है, वह सिद्ध होता है अथवा वह बनता है ॥ ४-१२८ ॥

## विसंवदे र्विअट्ट-विलोट्ट-फंसाः ॥ ४-१२९ ॥

विसपूर्वस्य वदेरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ विअट्टइ। विलोट्टइ। फंसइ। विसंवयइ॥

*अर्थ* — 'वि' उपसर्ग तथा 'सं' उपसर्ग, इस प्रकार दोनों उपसर्गों के साथ संस्कृत-धातु 'वद्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से तीन धातु-रूपों का आदेश प्राप्ति होता है। जो कि इस प्रकार हैं (१) विअट्ट, (२) विलोट्ट और (३) फंस। वैकल्पिक पक्ष होने से 'विसंवय' की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —*विसंवदति = (१) विअट्टइ, (२) विलोट्टइ, (३) फंसइ* और *(४) विसंवयइ* = वह अप्रमाणित करता है अथवा वह असत्य साबित करता है ॥ ४-१२९ ॥

## शदो झड-पक्खोडौ ॥ ४-१३० ॥

शीयतेरेतावादेशौ भवतः ॥ झडइ। पक्खोडइ॥

*अर्थ* —'झडना, टपकना' अर्थक संस्कृत-धातु 'शद्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वे यों हैं —(१) झड और (२) पक्खोड। उदाहरण इस प्रकार हैं —*शीयते* = *झडइ* और *पक्खोडइ* = वह झड़ता है, वह टपकता है, वह धीरे धीरे कम होती है ॥ ४-१३० ॥

## आक्रन्देर्णीहरः ॥ ४-१३१ ॥

आक्रन्देर्णीहर इत्यादेशो वा भवति ॥ णीहरइ। अक्कन्दइ॥

*अर्थ* — आक्रन्दन करना, चिल्लाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'आ + क्रन्द्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'णीहर' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से अक्कन्द भी होगा। उदा०-*आक्रन्दति* = *णीहरइ* अथवा *अक्कन्दइ* = वह आक्रन्दन करती है अथवा वह चिल्लाता है ॥४-१३१॥

## खिदेर्जूर-विसूरौ ॥ ४-१३२ ॥

खिदेरेतावादेशौ वा भवतः। जूरइ। विसूरइ। खिज्जइ॥

*अर्थ* —'खेद करना, अफसोस करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'खिद्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में कल्प से 'जूर और विसूर' ऐसे दो धातु-रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष में 'खिज्ज' भी प्राप्ति होगी। उदाहरण यों है -*खिद्यते*=(१) *जूरइ*, (२) *विसूरइ* और पक्ष में *खिज्जइ*=वह खेद ता है, वह अफसोस करती है॥ ४-१३२॥

## रुधेरुत्थङ्घः ॥ ४-१३३ ॥

रुधेरुत्थङ्घ इत्यादेशो वा भवति ॥ उत्थङ्घइ । रुन्धइ ॥

*अर्थ* —'रोकना' अर्थक संस्कृत-धातु 'रुध्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'उत्थंघ' तु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'रुन्ध' की भी प्राप्ति होगी। जैसे —*रुणद्धि* = *थंघइ* अथवा *रुन्धइ*=वह रोकता है॥ ४-१३३॥

## निषेधेर्हक्कः ॥ ४-१३४ ॥

निषेधतेर्हक्क इत्यादेशो वा भवति ॥ हक्कइ । निसेहइ ॥

*अर्थ* —'निषेध करना, निवारण करना' अर्थक संस्कृत धातु 'नि+षिध्' के स्थान पर प्राकृत-ाषा में विकल्प से 'हक्क' धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'निसह' भी होगा। से —*निषेधति*=*हक्कइ* अथवा *निसेहइ* = वह निषेध करती है अथवा निवारण करता है॥ ४-१३४॥

## क्रुधेर्जूरः ॥ ४-१३५ ॥

क्रुधेर्जूर इत्यादेशो वा भवति ॥ जूरइ । कुज्झइ ।

*अर्थ* —'क्रोध करना, गुस्सा करना' अर्थक संस्कृत धातु 'क्रुध' के स्थान पर प्राकृत भाषा में कल्प से 'जूर' धातु रूप का आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'कुज्झ' भी होगा। से —*क्रुध्यति*=*जूरइ* अथवा *कुज्झइ*=वह क्रोध करती है, वह गुस्सा करता है॥ ४-१३५॥

## जनो जा-जम्मौ ॥ ४-१३६ ॥

जायते र्जा जम्म इत्यादेशौ भवतः ॥ जाअइ । जम्मइ ॥

*अर्थ* —'उत्पन्न होना' अर्थक संस्कृत-धातु 'जन' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'जा' और 'जम्म' की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*जायते*=*जाअइ* और *जम्मइ*=वह उत्पन्न होता है। ४-१३६॥

## तनेस्तड - तड्ड - तड्डव - विरल्ला ॥ ४—१३७ ॥

तनेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ तडइ । तड्डइ । तड्डवइ । विरल्लइ । तणइ ॥

*अर्थ* —' विस्तार करना, फैलाना ' अर्थक संस्कृत धातु ' तन ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में चार धातु-रूपों की आदेश-प्राप्ति विकल्प से होती है । जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—(१) तड, (२) तड्ड, (३) तड्डव और (४) विरल्ल । वैकल्पिक पक्ष होने से 'तण' भी होगा। उदाहरण क्रम से यों है — *तनोति* = (१) *तडइ*, (२) *तड्डइ*, (३) *तड्डवइ*, (४) *विरल्लइ*, । पक्षान्तर में तणइ =वह विस्तार करता है अथवा वह फैलाती है ॥ ४-१३७ ॥

## तृपस्थिप्पः ॥ ४-१३८ ॥

तृप्यते स्थिप्प इत्यादेशो भवति ॥ थिप्पइ ॥

*अर्थ* — ' तृप्त होना, संतुष्ट होना ' अर्थक संस्कृत धातु ' तृप् ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में ' थिप्प ' ( अथवा थिप ) आदेश प्राप्ति होती है । जैसे — *तृप्यति* = *थिप्पइ* ( अथवा थिपइ ) वह तृप्त होती है, वह सन्तुष्ट होता है ॥ ४-१३८ ॥

## उपसर्पेरल्लिअः ॥ ४—१३९ ॥

उपपूर्वस्य सृपेः कृतगुणस्य अल्लिअ इत्यादेशो वा भवति ॥ अल्लिअइ । उवसप्पइ ॥

*अर्थ* —संस्कृत धातु 'सृप्' में स्थित 'ऋकार' स्वर को गुण करके प्राप्त धातु रूप 'सर्प्' के पूर्व में 'उप' उपसर्ग को संयोजित करने पर उपलब्ध धातु रूप 'उपसर्प्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'अल्लिअ' की आदेश प्राप्ति होती है । वैकल्पिक पक्ष होने से 'उवसप्प' भी होगा । जैसे —उपसर्पति = *अल्लिअइ* अथवा *उवसप्पइ*=वह पास में-समीप में-जाता है ॥ ४-१३९ ॥

## संतपेर्झङ्खः ॥ ४—१४० ॥

संतपेः झङ्ख इत्यादेशो वा भवति ॥ झङ्खइ । पक्षे । संतप्पइ ॥

*अर्थ* —संतप्त होना, संताप करना' अर्थक संस्कृत धातु 'सं + तप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'झङ्ख' की आदेश प्राप्ति होती है । वैकल्पिक पक्ष होने से 'संतप्प' भी होगा । जैसे —संतपति =झङ्खइ अथवा संतप्पइ=वह संतप्त होता है अथवा वह संताप करती है ॥ ४-१४० ॥

## व्यापेरोअग्गः ॥ ४–१४१ ॥

व्याप्नोतेरोअग्ग इत्यादेशो वा भवति ॥ ओअग्गइ । वावेइ ॥

अर्थ —'व्याप्त करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'वि + आप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'ओअग्ग' का आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'वाव' भी होगा। जैसे *व्याप्नोति=ओअग्गइ* अथवा वावेइ वह व्याप्त करता है ॥ ४–१४१ ॥

## समापेः समाणः ॥ ४–१४२ ॥

समाप्नोतेः समाण इत्यादेशो वा भवति ॥ समाणइ । समावेइ ॥

अर्थ —'समाप्त करना, पूरा करना' अर्थक संस्कृत धातु 'सम् + आप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से समाण' की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'समाव' भी होता है। जैसे — *समाप्नोति=समाणइ अथवा समावेइ=* वह समाप्त करता है अथवा वह पूरा करता है ॥ ४—१४२ ॥

## क्षिपे गलत्थाड्डक्ख-सोल्ल-पेल्ल-णोल्ल-छुह-हुल-परी-घत्ताः ॥ ४–१४३॥

क्षिपेरेते नवादेशा वा भवन्ति ॥ गलत्थइ । अड्डक्खइ । सोल्लइ । पेल्लइ । णोल्लइ । ह्रस्वत्वे तु णुल्लइ । छुहइ । हुलइ । परीइ । घत्तइ । खिवइ ॥

अर्थ —'फेंकना, डालना' अर्थक संस्कृत धातु 'क्षिप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से नव धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —(१) गलत्थ, (२) अड्डक्ख, (३) सोल्ल, (४) पेल्ल, (५) णोल्ल, (६) छुह, (७) हुल, (८) परी और (९) घत्त। वैकल्पिक पक्ष होने से 'खिव' भी होगा।

उपरोक्त धातुओं में से पांचवा धातु 'णोल्ल' में स्थित 'ओकार' स्वर को विकल्प से 'ह्रस्वत्व' की प्राप्ति होने पर वैकल्पिक रूप से 'णोल्ल' के स्थान पर 'णुल्ल' रूप की भी प्राप्ति हुआ करती है। संस्कृत धातु 'क्षिप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में उक्त ग्यारह प्रकार के धातु-रूप उपलब्ध होते हैं। इनके उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —*क्षिपति=(१) गलत्थइ, (२) अड्डक्खइ, (३) सोल्लइ, (४) पेल्लइ, (५) णोल्लइ, (६) णुल्लइ,* (७) छुहइ, (८) हुलइ, (९) *परीइ,* (१०) घत्तइ (११) और *खिवइ* = वह फेंकता है अथवा वह डालता है ॥ ४–१४३ ॥

## उत्क्षिपेर्गुलगुञ्छोत्थङ्घाल्लत्थोब्भुत्तोस्सिक्क-हक्खुवाः ॥ ४–१४४ ॥

उत्पूर्वस्य क्षिपेरेते षडादेशा वा भवन्ति ॥ गुलगुञ्छइ । उत्थघइ । अल्लत्थइ । उब्भुत्त उस्सिक्कइ । हक्खुवइ । उक्खिवइ ॥

*अर्थ* —'उत्' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'क्षिप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि इस प्रकार है —(१) गुलगुञ्छ, (२) उत्थघ, (३) अल्लत्थ (४) उब्भुत्त, (५) उस्सिक्क और (६) हक्खुव। वैकल्पिक पक्ष होने से उक्खिव भी होगा। उदाहरण इस प्रकार हैं —उत्क्षिपति = (१) गुलगुञ्छइ, (२) उत्थघइ, (३) अल्लत्थइ, (४) उब्भुत्तइ (५) उस्सिक्कइ, (६) हक्खुवइ। पक्षान्तर में उक्खिवइ=वह ऊँचा फेंकता है ॥ ४-१४४ ॥

## आक्षिपेर्णीरवः ॥ ४-१४५ ॥

आङ् पूर्वस्य क्षिपेर्णीरव इत्यादेशो वा भवति ॥ णीरवइ । अक्खिवइ ।

*अर्थ* — 'आ' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'क्षिप' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'णीरव' की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'अक्खिव' भी होगा। जैसे- *आक्षिपति = णीरवइ* अथवा *अक्खिवइ* =वह आक्षेप करती है, वह टीका करता है अथवा वह दोषारोपण करती है ॥ ४-१४५ ॥

## स्वपेः कमवस-लिस-लोट्टाः ॥ ४-१४६ ॥

स्वपेरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ कमवसइ । लिसइ । लोट्टइ । सुअइ ॥

*अर्थ* — 'सोना अथवा सो जाना, शयन करना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्वप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है (१) कमवस, (२) लिस और (३) लोट्ट। वैकल्पिक पक्ष होने से 'सुअ' भी होगा। उदाहरण या है — *स्वपिति=(१) कमवसइ (२) लिसइ, (३) लोट्टइ* अथवा *सुअइ* = वह सोता है वह शयन करती है ॥ ४-१४६ ॥

## वेपेरायम्बायज्झौ ॥ ४-१४७ ॥

वेपेरायम्ब आयज्झ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ आयम्बइ । आयज्झइ । वेवइ ॥

*अर्थ* — 'काँपना अथवा हिलना' अर्थक संस्कृत धातु 'वेप्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'आयम्ब और आयज्झ' ऐसे दो (धातु+रूपों) का आदेश प्राप्ति होती है

वैकल्पिक पक्ष होने से 'वेव' भी होगा। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*वेपते=(१) आयम्बइ (२) आयज्झइ* अथवा *(३) वेवइ* =वह काँपती है, वह हिलता है अथवा वह थरथराती है ॥ ४-१४७॥

## विलपेर्झङ्ख–वडवडौ ॥ ४–१४८ ॥

विलपेर्झंख–वडवड इत्यादेशौ वा भवतः ॥ झखइ । वडवडइ । विलवइ ॥

*अर्थ* —'विलाप करना' अर्थक संस्कृत धातु 'वि + लप' के स्थान पर प्राकृत भाषा से 'झख और [illegible]इ' ऐसे दो (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'विलव' भी होगा। जैसे–[illegible]ति =(१) झखइ, (२) वडवडइ और (३) विलवइ = वह विलाप करता है, वह जोर जोर से [illegible] करता है॥ ४–१४८ ॥

## लिपो लिम्पः ॥ ४–१४९ ॥

लिम्पतं लिम्प इत्यादेशो भवति ॥ लिम्पइ ॥

*अर्थ* — 'लीपना, लेप करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'लिप्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में [illegible]प' ( धातु ) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *लिम्पति* = *लिम्पइ* = वह लीपती है, [illegible]प करता है॥ ४–१४९ ॥

## गुप्येर्विर–णडौ ॥ ४–१५० ॥

गुप्यतेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ विरइ । णडइ । पक्षे । गुप्पइ ॥

*अर्थ* — 'व्याकुल होना' अर्थक संस्कृत धातु 'गुप्य के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से' विर' [illegible]णड' ऐसे दो ( धातु ) रूपों की आदेश प्राप्ति होती हैं। वैकल्पिक पक्ष होने से 'गुप्प' भी [illegible]है। जैसे — *गुप्यति* = *विरइ, णडइ* अथवा *गुप्पइ* = वह व्याकुल होता है, वह घबराती है। [illegible]५० ।

## कृपो वहो णि ॥ ४–१५१ ॥

कृपे अवह इत्यादेशो ण्यन्तो भवति ॥ अवहावेइ । कृपां करोतीत्यर्थः ॥

*अर्थ* — 'कृपा करना' अर्थक संस्कृत धातु 'कृप् के स्थान पर 'प्रेरणार्थक। प्रत्यय' णिच' [illegible] प्राकृत भाषा में 'अवह + आवे' = अवहाव रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *कृपां करोति* [illegible] *कृपते* = *अवहावेइ* = वह कृपा करता है, वह दया करती है। ४–१५१ ॥

## प्रदीपेस्तेअव–सन्दुम–सन्धुक्काब्भुत्ता ॥ ४–१५२ ॥

प्रदीप्यतेरेते चत्वार आदेशा वा भवन्ति ॥ तेअवइ । सन्दुमइ । सन्धुक्कइ । अब्भुत्तइ । पलीवइ ॥

*अर्थ*—'जलाना, सुलगाना' अथवा 'प्रकाशित होना' अर्थक संस्कृत धातु 'प्र+दीप' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से चार धातु-(रूपों) की आदेश प्राप्ति होती है। (१) तेअव, (२) सन्दुम (३) सन्धुक्क और (४) अब्भुत्त। वैकल्पिक पक्ष होने से 'पलीव' भी होगा। जैसे—*प्रदीप्यते*=(१) *तेअवइ* (२) *सन्दुमइ*, (३) *सन्धुक्कइ*, (४) *अब्भुत्तइ* पक्षान्तर में *पलीवइ* = वह प्रकाशित होता है अथवा वह जलाती है वह सुलगाती है ॥ ४-१५२ ॥

## लुभेः संभावः ॥ ४-१५३ ॥

लुभ्यतेः समाव इत्यादेशो वा भवति ॥ संभावइ । लुब्भइ ॥

*अर्थ*—'लोभ करना, आसक्ति करना' अर्थक संस्कृत धातु लुभ्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'संभाव (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'लुब्भ' भी होता है। जैसे—*लुभ्यति = संभावइ अथवा लुब्भइ=वह लोभ करता है, वह आसक्ति करती है* ॥ ४-१५३ ॥

## क्षुभेः खउर-पड्डुहौ ॥ ४-१५४ ॥

क्षुभेः खउर पड्डुह इत्यादेशौ वा भवतः ॥ खउरइ । पड्डुहइ । खुब्भइ ॥

*अर्थ*—'क्षुब्ध होना, डर से विह्वल होना' अर्थक संस्कृत धातु 'क्षुभ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'खउर तथा पड्डुह' ऐसे दो (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'खुब्भ' भी होता है। जैसे—*क्षुभ्यति=खउरइ, पड्डुहइ अथवा खुब्भइ*=वह क्षुब्ध होता है, वह डर से विह्वल होती है ॥ ४-१५४ ॥

## आङो रभे रम्भ-ढवौ ॥ ४-१५५ ॥

आङः परस्य रभे रम्भ ढव इत्यादेशौ वा भवतः ॥ आरम्भइ । आढवइ । आरभइ ॥

*अर्थ*—'आ' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'रभ्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'आरम्भ और आढव' ऐसे दो (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'आरभ' भी होता है। जैसे—*आरभते=(१) आरम्भइ, (२) आढवइ, और (३) आरभइ*=वह आरम्भ करता है, वह शुरु करती है ॥ ४-१५५ ॥

## उपालम्भे झंख-पच्चार-वेलवाः ॥ ४--१५६ ॥

उपालम्भेरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ झंखइ । पच्चारइ । वेलवइ । उवालम्भइ ॥

*अर्थ*—'उपालम्भ देना उलहना देना, ठपका देना' अर्थक संस्कृत धातु 'उपा+लभ के स्थान प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन (धातु) रूपों को आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —(१) झंख, (२) पच्चार, और (३)वेलव। वैकल्पिक पक्ष होने से 'उवालम्भ' भी होता है,—उपालम्भते=[१] झंखइ, [२] पच्चारइ, [३] वेलवइ पक्षान्तर में उवालम्भइ = वह उपालम्भ देता है अथवा वह उलहना देता है ॥ ४-१५६ ॥

## अवेर्जृम्भो जम्भा ॥ ४--१५७ ॥

जृम्भेर्जम्भा इत्यादेशो भवति वेस्तु न भवति ॥ जम्भाइ । जम्भाअइ । अवेरिति किम् । केलि-पसरो विअम्भइ ॥

*अर्थ*—'जँभाई लेना' अर्थक संस्कृत धातु 'जृम्भ के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'जम्भा अथवा जम्भाअ' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *जृम्भते = जम्भाइ अथवा जम्भाअइ* = वह जम्भाई लेता है।

उपरोक्त संस्कृत धातु 'जृम्भ' में यदि 'वि' उपसर्ग जुड़ा हुआ हो तो 'जम्भ' के स्थान पर 'जम्भा अथवा जम्भाअ' धातु रुप की आदेश प्राप्ति नहीं होगा। ऐसे समय में 'वि+जृम्भ' संस्कृत धातु रूप का प्राकृत-रूपान्तर 'विअम्भ' होगा। ऐसी स्थिति होने के कारण वि उपसर्ग का विधि निषेध' प्रदर्शित किया गया है। जैसे — *केलि प्रसर विजृम्भते = केलि-पसरो विअम्भइ* = कदली पौधा का फैलाव विकसित होता है ॥ ४-१५७ ॥

## भाराक्रान्ते नमेर्णिसुढः ॥ ४--१५८ ॥

भाराक्रान्ते कर्तरि नमेर्णिसुढ इत्यादेशो भवति ॥ णिसुढइ । पक्षे । णवइ । भाराक्रान्तो नमतीत्यर्थः ॥

*अर्थ*—'भार से आक्रान्त होकर-दबाव पड़कर-नीचे नमना' अर्थक संस्कृत-धातु 'नम्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'णिसुढ' (धातु रूप) को आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *भाराक्रान्तो नमति = णिसुढइ* = बोझ के कारण से वह नमती है, अथवा झुकता है। कभी कभी इसी अर्थ में 'नम' का 'णव' ऐसा प्राकृत रूपान्तर भी कर लिया जाता है। जैसे —*नमति = णवइ* ॥ ४-१५८ ॥

## विश्रमे णिव्वा ॥ ४–१५६ ॥

विश्राम्यतेर् णिव्वा इत्यादेशो वा भवति ॥ णिव्वाइ ॥ वीसमइ ॥

*अर्थ* —'विश्राम करना, थकने पर आराम करना' अर्थक संस्कृत धातु वि + श्रम = विश्राम् के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'णिव्वा' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'वीसम' भी होता है। जैसे *-विश्राम्यति = णिव्वाइ अथवा वीसमइ वह विश्राम करता है।* ४-१५९॥

## आक्रमेरोहा वोत्थार च्छुन्दाः ॥ ४–१६० ॥

आक्रमतेरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति । ओहावइ । उत्थारइ । छुन्दइ । अक्कमइ ॥

*अर्थ* —'आक्रमण करना, हमला करना' अर्थक संस्कृत धातु 'आ + क्रम' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से तीन (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो क्रम से इस प्रकार हैं—(१) ओहाव, (२) उत्थार, और (३) छुन्द। वैकल्पिक पक्ष होने से 'अक्कम' भी होता है। उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं — *आक्रमते = (१) ओहावइ, (२) उत्थारइ, (३) छुन्दइ पक्षान्तर में अक्कमइ =* वह आक्रमण करता है वह हमला करता है ॥ ४–१६० ॥

## भ्रमेष्टिरिटिल्ल–ढुंढुल्ल–ढण्ढल्ल–चक्कम्म–भम्मड–भमड–भमाड–तल-अंट–झंट-झम्प-भुम-गुम-फुम-फुस-ढुम-ढुस-परी–पराः ॥ ४–१६१ ॥

भ्रमेरेतेऽष्टादशादेशा वा भवन्ति । टिरिटिल्लइ । ढुन्ढुल्लइ । ढण्ढल्लइ । चक्कम्मइ । भम्मडइ । भमडइ । भमाडइ । तलअंटइ । झंटइ । झम्पइ । भुमइ । गुमइ । फुमइ । फुसइ । ढुमइ । ढुसइ । परीइ । परइ । भमइ ॥

*अर्थ*—'घूमना, फिरना' अर्थक संस्कृत धातु 'भ्रम' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से अठारह (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है — (१) टिरिटिल्ल, (२) ढुन्ढुल्ल, (३) ढण्ढल्ल, (४) चक्कम्म, (५) भम्मड, (६) भमड, (७) भमाड, (८) तलअंट, (९) झंट, (१०) झम्प, (११) भुम, (१२) गुम, (१३) फुम, (१४) फुस, (१५) ढुम, (१६) ढुस, (१७) परी और (१८) पर। वैकल्पिक पक्ष होने से 'भम' भी होता है। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है:— भ्रमति = *(१) टिरिटिल्लइ, (२) ढुंढुल्लइ, (३) ढण्ढल्लइ, (४) चक्कम्मइ, (५) भम्मडइ, (६) भमडइ, (७) भमाडइ, (८) तल अंटइ, (९) झंटइ, (१०) झम्पइ, (११) भुमइ, (१२) गुमइ, (१३) फुमइ, (१४) फुसइ, [१५] ढुमइ, [१६] ढुसइ [१७] परीइ, [१८] परइ,* पक्षान्तर में *भमइ*=वह घूमता है, वह फिरता है। ॥ ४–१६१ ॥

गमेरइ-अइच्छाणुवज्जावज्जसोक्कुसाक्कुस-पच्चड्ड-पच्छन्द
णिम्मह-णी-णीणणीलुक्क-पदअ रम्भ-परिअल्ल-वोल-
परिअल णिरिणास णिवहावसेहावहरा ॥ ४-१६२ ॥

गमेरेते एकविंशतिरादेशा वा भवन्ति ॥ अईइ । अइच्छइ । अणुवज्जइ । अवज्जसइ । उक्कुसइ । अक्कुसइ । पच्चड्डइ । पच्छन्दइ । णिम्महइ । णीइ । णीणइ । णीलुक्कइ । पदअइ । रम्भइ । परिअल्लइ । वोलइ । परिअलइ । णिरिणासइ । णिवहइ । अवसेहइ । अवहरइ । पक्षे । गच्छइ । हम्मइ । णिहम्मइ । णीहम्मइ । आहम्मइ । पहम्मइ । इत्येते तु हम्म गतावित्यस्यैव भविष्यन्ति ॥

*अर्थ*—'गमन करना, जाना' अर्थक संस्कृत धातु 'गम्=गच्छ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में इक्कीस (धातु) रूपों की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है — (१) अई, (२) अइच्छ, (३) अणुवज्ज, (४) अवज्जस, (५) उक्कुस, (६) अक्कुस, (७) पच्चड्ड, (८) पच्छन्द, (९) णिम्मह, (१०) णी, (११) णीण, (१२) णीलुक्क, (१३) पदअ, (१४) रम्भ, (१५) परिअल्ल, (१६) वोल, (१७) परिअल, (१८) णिरिणास, (१९) णिवह, (२०) अवसेह, और (२१) अवहर।

वैकल्पिक पक्ष होने से 'गच्छ' भी होता है। उक्त बावीस प्रकार के धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —

गच्छति=(१) अईइ, (२) अइच्छइ, (३) अणुवज्जइ, (४) अवज्जसइ, (५) उक्कुसइ, (६) अक्कुसइ, (७) पच्चड्डइ, (८) पच्छन्दइ, (९) णिम्महइ, (१०) णीइ, (११) णीणइ, (१२) णीलुक्कइ, (१३) पदअइ, (१४) रम्भइ, (१५) परिअल्लइ, (१६) वोलइ, (१७) परिअलइ, (१८) णिरिणासइ, (१९) णिवहइ (२०) अवसेहइ, (२१) अवहरइ, और (२२) गच्छइ = वह गमन करता है अथवा वह गमन करती है।

संस्कृत भाषा में 'गमन करना, जाना' अर्थक 'हम्म' ऐसी एक और धातु है इसके आधार से प्राकृत-भाषा में भी 'जाना' अर्थ में 'हम्म' धातु रूप का प्रयोग देखा जाता है—*हम्मति*=*हम्मइ*=वह जाता है अथवा वह गमन करती है।

उपरोक्त 'हम्म' धातु के पूर्व में क्रम से णि, णी, आ, और प, उपसर्गों की संयोजना करके इसी 'जाना अर्थ में' चार (धातु) रूपों का और भी निर्माण कर लिया जाता है, जो कि क्रम से इस प्रकार है — (१) णिहम्म, (२) णीहम्म, (३) आहम्म, और (४) पहम्म। इनके उदाहरण इस प्रकार है —

[१] निहम्मति = णिहम्मइ = वह जाती है अथवा वह गमन करता है। [२] निर्गच्छति = णीहम्मइ वह निकलती है अथवा वह बाहर जाता है। [३] आहम्मति = आहम्मइ = वह आता है अथवा वह आगमन करता है। प्रहम्मति = पहम्मइ = वह वेग गति से जाता है या शीघ्रता पूर्वक गमन करता है। इस प्रकार से 'जाना' अर्थक हम्म धातु के विभिन्न प्रयोगों को समझ लेना चाहिये ॥ ४-१६२ ॥

## आङा अहिपच्चुअः ॥ ४-१६३ ॥

आङा सहितस्य गमेः अहिपच्चुअ इत्यादेशो वा भवति ॥ अहिपच्चुअइ। पक्षे। आगच्छइ ॥

अर्थ —'आ' उपसर्ग सहित संस्कृत-धातु 'गम् = गच्छ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से अहिपच्चुअ (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'आगच्छ' भी होता है। जैसे:- आगच्छति = अहिपच्चुअइ अथवा आगच्छइ = वह आता है ॥ ४-१६० ॥

## समा अब्भिडः ॥ ४-१६४ ॥

समायुक्तस्य गमेः अब्भिड इत्यादेशो वा भवति ॥ अब्भिडइ। संगच्छइ ॥

अर्थ —'स' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'गम = गच्छ' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'अब्भिड' (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'संगच्छ' भी होता है। जैसे:- संगच्छति = अब्भिडइ अथवा संगच्छइ = वह संगति करता है अथवा वह मिलती है ॥ ४-१६४ ॥

## अभ्याङोम्मत्थः ॥ ४-१६५ ॥

अभ्याङ्भ्यां युक्तस्य गमेः उम्मत्थः इत्यादेशो वा भवति ॥ उम्मत्थइ। अब्भागच्छइ। अभिमुखमागच्छतीत्यर्थः ॥

अर्थ —'अभि' उपसर्ग तथा 'आ' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'गम = गच्छ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से उम्मत्थ (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'अब्भागच्छ' भी होता है। जैसे -- अभ्यागच्छति = उम्मत्थइ अथवा अब्भागच्छइ = वह सामने आता है, वह अभिमुख आता है ॥ ४-१६५ ॥

## प्रत्याङा पलोट्टः ॥ ४-१६६ ॥

प्रत्याङ्भ्यां युक्तस्य गमेः पलोट्ट इत्यादेशो वा भवति ॥ पलोट्टइ। पच्चागच्छइ ॥

*अर्थ* —'प्रति' उपसर्ग और 'आ' उपसर्ग सहित संस्कृत धातु 'गम्=गच्छ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'पलोट्ट (धातु) रूप की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में संस्कृत धातु रूप 'प्रति+आ+गम्=प्रत्यागच्छ' का प्राकृत रूपान्तर 'पच्चागच्छ' भी होता है। जैसे—*प्रत्यागच्छति=पलोट्टइ* अथवा *पच्चागच्छइ*=वह लौटता है अथवा वह वापिस आता है ॥ ४-१६६ ॥

## शमेः पडिसा-परिसामौ ॥ ४-१६७ ॥

शमेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ पडिसाइ । परिसामइ । समइ ॥

*अर्थ* —'शान्त होना, क्षुब्ध नहीं होना' अर्थक संस्कृत धातु 'शम्=शाम्य' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'पडिसा और परिसाम' की आदेश प्राप्ति होती है। 'सम' भी होता है। तीनों धातु-रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—*शाम्यति=पडिसाइ, परिसामइ* और *समइ*=वह शान्त होता है अथवा वह क्षुब्ध नहीं होता है ॥ ४-१६७ ॥

## रमेः संखुड्ड-खेड्डोब्भाव-किलिकिञ्च-कोट्टुम-मोट्टाय-णीसर-वेल्लाः ॥ ४-१६८ ॥

रमतेरेतेष्टादेशा वा भवन्ति ॥ संखुड्डइ । खेड्डइ । उब्भावइ । किलिकिञ्चइ । कोट्टुमइ । मोट्टायइ । णीसरइ । वेल्लइ । रमइ ।

*अर्थ* —'क्रीडा करना खेलना' अर्थक संस्कृत धातु 'रम्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से आठ धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—(१) संखुड्ड, (२) खेड्ड, (३) उब्भाव, (४) किलिकिञ्च, (५) कोट्टुम, (६) मोट्टाय, (७) णीसर और (८) वेल्ल। वैकल्पिक पक्ष होने से 'रम' भी होता है। उक्त 'खेलना' अर्थक नव ही धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—रमते=(१) संखुड्डइ, (२) खेड्डइ (३) उब्भावइ, (४) किलिकिञ्चइ, (५) कोट्टुमइ, (६) मोट्टायइ, (७) णीसरइ (८) वेल्लइ और (९) रमइ=वह खेलता है अथवा वह क्रीडा करता है ॥ ४-१६८ ॥

## पूरेरग्घाडाग्घवोद्धुमाङ्गुमाहिरेमाः ॥ ४-१६९ ॥

पूरेरेते पञ्चादेशा वा भवन्ति ॥ अग्घाडइ । अग्घवइ । उद्धुमाइ । अङ्गुमइ । अहिरेमइ । पूरइ ॥

*अर्थ* —'पूर्ति करना, पूरा करना' अर्थक संस्कृत धातु 'पूर्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से पांच धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—(१) अग्घाड, (२) अग्घव,

(३) उद्धुमा, (४) अगुम और (५) अहिरेम। वैकल्पिक पक्ष होने से 'पूर' भी होता है। इन छहों धातुओं के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —*पूरयति=(१) अग्घाडइ, (२) अग्घवइ, (३) उद्धुमाइ, (४) अंगुमइ, (५) अहिरेमइ* और *(६) पूरइ*=वह पूर्ति करता है अथवा वह पूरा करता है॥४-१६९॥

## त्वरस्तुवर-जअडौ ॥ ४-१७० ॥

त्वरतेरेतावादेशौ भवतः ॥ तुवरइ। जअडइ। तुवरन्तो। जअडन्तो॥

*अर्थ.*—'त्वरा करना, शीघ्रता करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'त्वर' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'तुवर और जअड' ऐसे दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। इन दोनों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —(*त्वरयति* अथवा) *त्वरते*=*तुवरइ* अथवा *जअडइ*=वह शीघ्रता करता है वह जल्दी करता है। इसी धातु का वर्तमान कृदन्त का उदाहरण इस प्रकार है —*त्वरन्*=*तुवरन्तो*, अथवा *जअडन्तो*=शीघ्रता करता हुआ, उतावल करता हुआ॥ ४-१७० ॥

## त्यादिशत्रोस्तूरः ॥ ४-१७१ ॥

त्वरतेस्त्यादौ शतरि च तूर इत्यादेशो भवति॥ तूरइ। तूरन्तो॥

*अर्थ*—'त्वरा करना, शीघ्रता करना' अर्थक संस्कृत धातु 'त्वर' के आगे काल बोधक प्रत्यय 'ति=इ' आदि होने पर अथवा वर्तमान कृदन्त बोधक प्रत्यय 'शतृ=अत=न्त अथवा माण' होने पर 'त्वर' का प्राकृत रूपान्तर आदेश रूप से 'तूर' होता है। जैसे —*त्वराति* अथवा *त्वरते*=*तूरइ*=वह जल्दी करता है, वह शीघ्रता करता है। *त्वरन्*=*तूरन्तो* (अथवा *तूरमाणो*) जल्दी करता हुआ। यों तूर के अन्य रूपों की भी स्वयमेव साधना कर लेना चाहिये॥ ४-१७१ ॥

## तुरो त्यादौ ॥ ४-१७२ ॥

त्वरो त्यादौ तुर आदेशो भवति॥ तुरिओ। तुरन्तो॥

*अर्थ*—'शीघ्रता करना' अर्थक संस्कृत धातु 'त्वर' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'तिन्' आदि काल बोधक प्रत्यय तथा कृदन्त आदि बोधक प्रत्यय आगे रहने पर 'तुर' आदेश की प्राप्ति होती है। जैसे —*त्वरित*=*तुरिओ*=शीघ्रता किया हुआ। *त्वरन्*=*तुरन्तो*=शीघ्रता करता हुआ। यों अन्य रूपों का भी स्वयमेव कल्पना कर लेना चाहिये॥ ४-१७२ ॥

## क्षरः खिर-झर-पज्झर-पच्चड-णिच्चल-णिट्टुआः ॥ ४-१७३ ॥

क्षरेते पड् आदेशा भवन्ति ॥ खिरइ । झरइ । पज्झरइ । पच्चडइ । णिच्चलइ । णिट्टुअइ ॥

अर्थ —'गिरना, गिर पडना, टपकना, झरना' अर्थक संस्कृत धातु 'क्षर्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं —(१) खिर, (२) झर, (३) पज्झर, (४) पच्चड, (५) णिच्चल और (६) णिट्टुअ। इनके उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं — क्षरति=(१) खिरइ, (२) झरइ (३) पज्झरइ, (४) पच्चडइ, (५) णिच्चलइ और (६) णिट्टुअइ=वह गिर पड़ता है, वह टपकता है अथवा वह झरता है ॥ ४-१७३ ॥

## उच्छल उत्थल्लः ॥ ४-१७४ ॥

उच्छलतेरुत्थल्ल इत्यादेशो भवति ॥ उत्थल्लइ ॥

अर्थ —'उछलना, कूदना' अर्थक संस्कृत धातु 'उत्+शल्=उच्छल्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'उत्थल्ल' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —उच्छलति=उत्थल्लइ=वह उछलता है अथवा वह कूदता है ॥ ४-१७४ ॥

## विगलेस्थिप्प-णिट्टुहौ ॥ ४-१७५ ॥

विगलतेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ थिप्पइ । णिट्टुहइ । विगलइ ॥

अर्थ —'गलजाना' अर्थक संस्कृत-धातु 'वि+गल्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'थिप्प और णिट्टुह' ऐसे दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। पक्षान्तर में 'विगल' भी होता है। तीनों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —विगलति=(१) थिप्पइ, (२) णिट्टुहइ, और (३) विगलइ=वह गल जाता है, वह जीर्ण शीर्ण हो जाता है ॥ ४-१७५ ॥

## दलि-वल्यो र्विसट्ट-वम्फौ ॥ ४-१७६ ॥

दलेर्वलेश्च यथासंख्य विसट्ट वम्फ इत्यादेशौ वा भवतः ॥ विसट्टइ । वम्फइ । पक्षे । दलइ । वलइ ॥

अर्थ —'फटना, टूटना, टुकडे टुकडे होना' अर्थक संस्कृत धातु 'दल' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'विसट्ट' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'दल' भी होता है। दोनों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से यों है — दलति = विसट्टइ अथवा दलइ=वह फटता है, वह टूटता है अथवा वह टुकड़े टुकड़े होता है।

'लौटना, वापिस आना, अथवा मुड़ना टेढ़ा होना' अर्थक संस्कृत धातु 'वल' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'वम्फ' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'वल' भी होता है। दोनों धातु- रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —*वलति* = वम्फइ अथवा वलइ = वह लौटता है अथवा वह टेढ़ा होता है ॥ ४-१७६ ॥

## भ्रंशः फिड-फिट्ट-फुड-फुट्ट-चुक्क-भुल्लाः ॥ ४--१७७ ॥

भ्रंशेरेते षडादेशा वा भवन्ति ॥ फिडइ । फिट्टइ । फुडइ । फुट्टइ । चुक्कइ । भुल्लइ । पक्षे । भंसइ ।

*अर्थ* —'फूटना, फटना, टूटना अथवा नष्ट होना' अर्थक संस्कृत धातु 'भ्रंश' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं- (१) फिड, (२) फिट्ट (३) फुड, (४) फुट्ट, (५) चुक्क, और (६) भुल्ल। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में संस्कृत धातु रूप 'भ्रंश' का प्राकृत रूपान्तर 'भंस' भी होता है। उक्त सातों प्रकार के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं। *भ्रश्यते (अथवा भ्रश्यति)=[१] फिडइ, [२] फिट्टइ, [३] फुडइ, [४] फुट्टइ, [५] चुक्कइ, [६] भुल्लइ* और *[७] भंसइ* = वह फूटता है, वह फटता है टूटता है अथवा वह नष्ट होता है ॥ ४-१७७ ॥

## नशेर्णिरणास-णिवहावसेह-पडिसा-सेहावहराः ॥ ४--१७८ ॥

नशेरेते षडादेशा वा भवन्ति ॥ *णिरणासइ । णिवहइ । अवसेहइ । पडिसइ । सेहइ ।* अवहरइ । पक्षे । नस्सइ ॥

*अर्थ* —'पलायन करना भागना' अर्थक संस्कृत धातु 'नश' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं। —(१) णिरणास (२) णिवह, (३) अवसेह, (४) पडिसा, (५) सेह और (६) अवहर। वैकल्पिक पक्ष होने से 'नस्स' भी होता है। यों उक्त एकार्थक सातों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —नश्यति = *[१] णिरणासइ, [२] णिवहइ, [३] अवसेहइ, [४] पडिसाइ, [५] सेहइ, [६] अवहरइ* और *[७] नस्सइ*=वह पलायन करता है अथवा वह भागता है ॥ ४-१७८ ॥

## अवात्काशोवासः ॥ ४--१७९ ॥

अवात् परस्य काशो वास इत्यादेशो भवति ॥ ओवासइ ॥

*अर्थ*—'अव' उपसर्ग के साथ रही हुई संस्कृत धातु 'काश' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'अव-काश' का 'ओवास' रूपान्तर होता है। जैसे—*अवकाशते = ओवासइ*=वह शोभा है अथवा वह विराजित होता है ॥ ४-१७६ ॥

## संदिशेरप्पाहः ॥ ४-१८० ॥

संदिशतेरप्पाह इत्यादेशो वा भवति ॥ अप्पाहइ । सदिसइ ॥

*अर्थ*—सदेश देना खबर पहुँचाना' अर्थक संस्कृत धातु 'स + दिश्' के स्थान पर प्राकृत भाषा विकल्प से 'अप्पाह धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'सदिस्' भी होता। जैसे—*सादिशति = अप्पाहइ* अथवा *सदिसइ*=वह सदेश देता है अथवा वह खबर पहुँचाता है। ४-१८० ॥

## दृशो निअच्छ-पेच्छ-अवयच्छ-अवयज्झ-वज्ज-सव्वव-देक्ख-ओअक्ख-अवक्ख-अवअक्ख-पुलोअ-पुलअ-निअ-अवआस-पासा. ॥ ४-१८१ ॥

दृशेरेते पञ्चदशादेशा भवन्ति ॥ निअच्छइ । पेच्छइ । अवयच्छइ । अवयज्झइ । वज्जइ । सव्ववइ । देक्खइ ओअक्खइ । अवक्खइ । अवअक्खइ । पुलोएइ । पुलएइ । निअइ । अवआसइ । पासइ ॥ निज्झाअइ इति तु निध्यायते स्वरादत्यन्ते भविष्यति ॥

*अर्थ*—'देखना' अर्थक संस्कृत-धातु 'दृश् = पश्य के स्थान पर प्राकृत-भाषा में पन्द्रह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) निअच्छ, (२) पेच्छ, (३) अवयच्छ, (४) अवयज्झ, (५) वज्ज, (६) सव्वव, (७) देक्ख, (८) ओअक्ख, (९) अवक्ख, (१०) अवअक्ख (११) पुलोए, (१२) पुलए, (१३) निअ, (१४) अवआस, और (१५) पास ॥

प्राकृत धातु 'निज्झा' की प्राप्ति तो संस्कृत धातु 'नि + ध्यै के आधार से होती है। उक्त रूप में प्राप्त प्राकृत धातु 'निज्झा' आकारान्त होने से स्वरान्त है और इसलिये सूत्र सख्या ४-२४० से इसमें काल बोधक प्रत्ययों की सयोजना करने के पूर्व विकल्प से 'अ' विकरण प्रत्यय की प्राप्ति होती है। इस धातु का काल बोधक प्रत्यय सहित उदाहरण इस प्रकार है—*निध्यायति=निज्झाअइ* (अथवा *निज्झाइ*)=वह देखता है अथवा वह निरिक्षण करता है।

'दृश् = पश्य' के स्थान पर आदेश प्राप्त पन्द्रह धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—*पश्यति* =(१) *निअच्छइ*, (२) *पेच्छइ*, (३) *अवयच्छइ*, (४) *अवयज्झइ*, (५) *वज्जइ*, (६) *सव्ववइ*, (७) *देक्खइ*, (८) *ओअक्खइ*, (९) *अवक्खइ*, (१०) *अवअक्खइ*, (११) *पुलोएइ* (१२) *पुलएइ*, (१३) *निअइ*, (१४) *अवआसइ*, और (१५) *पासइ*=वह देखता है ॥ ४-१८१ ॥

## स्पृशः फास-फंस-फरिस-छिव-छिहालुङ्खालिहाः ॥ ४-१८२ ॥

स्पृशतेरेते सप्त आदेशा भवन्ति ॥ फासइ । फंसइ । फरिसइ । छिवइ । छिहइ । आलुंखइ । आलिहइ ॥

*अर्थ* —'स्पर्श करना, छूना' अर्थक संस्कृत-धातु 'स्पृश' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में सात धातुओं की आदेश प्राप्ति होती है। वे क्रम से इस प्रकार हैं —(१) फास, (२) फंस, (३) फरिस, (४) छिव, (५) छिह (६) आलुंख और (७) आलिह। उक्त सातों एकार्थक धातुओं के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —*स्पृशति*=(१) *फासइ*, (२) *फंसइ*, (३) *फरिसइ*, (४) *छिवइ*, (५) *छिहइ*, (६) *आलुंखइ*, (७) *आलिहइ* = वह छूता है अथवा वह स्पर्श करता है ॥ ४-१८२ ॥

## प्रविशे रिअः ॥ ४-१८३ ॥

प्रविशेः रिअ इत्यादेशो वा भवति ॥ रिअइ । पविसइ ॥

*अर्थ* —'प्रवेश करना, पैठना, घुसना' अर्थक संस्कृत धातु 'प्र + विश' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'रिअ' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'पविस' भी होता है। जैसे —*प्रविशति* = *रिअइ* अथवा *पविसइ* वह प्रवेश करता है, वह घुसता है, अंदर जाता है ॥ ४-१८३ ॥

## प्रान्मृश-मुषोर्म्हुसः ॥ ४-१८४ ॥

प्रात्परयो मृशति मुष्णात्योर्म्हुस इत्यादेशो भवति ॥ पम्हुसइ । प्रमृशति प्रमुष्णाति वा ॥

*अर्थ* —'प्र' उपसर्ग सहित 'स्पर्श करना' अर्थक संस्कृत धातु 'प्र + मृश' के स्थान पर तथा 'प्र' उपसर्ग सहित 'चोरना, चोरी करना' अर्थक संस्कृत धातु 'प्र+मुष्' के स्थान पर यों दोनों धातुओं के स्थान पर प्राकृत भाषा में केवल एक ही धातु-रूप 'पम्हुस' की आदेश प्राप्ति होती है। इस प्राकृत धातु 'पम्हुस' का प्रासंगिक अर्थ मर्म के अनुसार कर लिया जाना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार है —*प्रमृशति*=*पम्हुसइ*=वह स्पर्श करता है अथवा वह छूता है। *प्रमुष्णाति* = *पम्हुसइ* = वह चोरता है अथवा वह चोरी करता है। यों प्रसंगानुसार अर्थ का समझ लेना चाहिये ॥ ४-१८४ ॥

## पिबे र्पिज्ज-डल्ल-पट्ट-घोट्टाः ॥ ४-१८५ ॥

पिबतेरेते पञ्चादेशा भवन्ति वा ॥ णिवहइ । णिरिणासइ । णिरिणज्जइ । रोञ्चइ । चड्डइ । पक्षे । पीसइ ॥

अर्थ —'पीसना, चूर्ण करना' अर्थक संस्कृत धातु 'पिष' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से पांच धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है — (१) णिवह, (२) णिरिणास, (३) णिरिणज्ज, (४) रोञ्च और (५) चड्ड। वैकल्पिक पक्ष होने से 'पीस' भी होता है। छह धातुओं के उदाहरण इस प्रकार है —*पिनष्टि=[१] णिवहइ, [२] णिरिणासइ, [३] णिरिणज्जइ, [४] रोञ्चइ, [५] चड्डइ* और *[६] पीसइ*=वह पीसता है अथवा वह चूर्ण करता है। ४-१८५ ॥

## भषे र्भुक्कः ॥ ४-१८६ ॥

भषे र्भुक्क इत्यादेशो वा भवति ॥ भुक्कइ । भसइ ।

अर्थ —'भूँकना, कुत्ते का बोलना' अर्थक संस्कृत धातु 'भष' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'भुक्क' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'भस' भी होता है। जैसे — *भषति=भुक्कइ* अथवा *भसइ*=वह (कुत्ता) भूंकता है ॥ ४-१८६ ॥

## कृषेः कड्ढ-साअड्ढाञ्चाणच्छायञ्छाइञ्छाः ॥ ४-१८७ ॥

कृषेरेते षडादेशा वा भवन्ति ॥ कड्ढइ । साअड्ढइ । अञ्चइ । अणच्छइ । अयञ्छइ । आइञ्छइ । पक्षे । करिसइ ।

अर्थ —'खेती करना, अथवा खींचना' अर्थक संस्कृत धातु 'कृष' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है (१) कड्ढ (२) साअड्ढ (३) अञ्च, (४) अणच्छ, (५) अयञ्छ और (६) आइञ्छ। वैकल्पिक पक्ष होने से 'करिस' भी होता है। उक्त एकार्थक सातों धातुओं के उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —*कर्षति=[१]कड्ढइ, [२] साअड्ढइ, [३] अञ्चइ, [४] अणच्छइ, [५] अयञ्छइ, [६] आइञ्छइ* और *[७] करिसइ*=वह खींचता है अथवा वह खेती करता है ॥ ४-१८७ ॥

## असावक्खोडः ॥ ४-१८८ ॥

असि विषयस्य कृषेरक्खोड इत्यादेशो भवति ॥ अक्खोडेइ । असिं कोशात् कर्षति ॥

अर्थ —'तलवार को म्यान में से खींचना' इस अर्थक संस्कृत धातु 'कृष' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'अक्खोड' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *कर्षति=अक्खोडेइ*=वह तलवार (म्यान में से) खींचता है ॥ ४-१८८ ॥

## हसे गुञ्जः ॥ ४-१९६ ॥

हसेर्गुञ्ज इत्यादेशो वा भवति ॥ गुञ्जइ । हसइ ।

*अर्थ*—'हँसना, हास्य करना' अर्थक संस्कृत धातु 'हस्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'गुञ्ज' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'हस' भी होता है। जैसे-*हसति=गुञ्जइ, अथवा हसइ* = वह हँसता है अथवा वह हास्य करता है ॥ ४-१९६ ॥

## स्रंसेर्ल्हस-डिम्भौ ॥ ४-१९७ ॥

स्रंसेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ ल्हसइ । परिल्हसइ सलिल-वसणं । डिम्भइ । संसइ ।

*अर्थ*—'खिसकना, सरकना, गिर पड़ना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्रंस्' के स्थान पर प्राकृत में 'ल्हस और डिम्भ' ऐसे दो धातु रूपों का विकल्प से आदेश प्राप्ति होता है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'संस' भी होता है। तीनों के उदाहरण इस प्रकार हैं—*स्रंसते*=(१) *ल्हसइ*, (२) *डिम्भइ* और (३) *संसइ* = वह खिसकता है, वह सरकता है अथवा वह गिर पड़ता है।

'परि' उपसर्ग के साथ 'स्रंस्' के स्थान पर आदेश प्राप्त 'ल्हस'-धातु का रूप 'परिल्हसइ' बनता है। इसका उदाहरण इस प्रकार है—*सलिल वसनं परिस्रंसते*=*सलिल वसणं परिल्हसइ* = पानी वाला ( अथवा पानी में रहा हुआ ) कपड़ा खिसकता है अथवा सरकता है ॥ ४-१९७ ॥

## त्रसेर्डर बोज्ज वज्जाः ॥ ४-१९८ ॥

त्रसेरेते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ डरइ । बोज्जइ । वज्जइ । तसइ ।

*अर्थ*—'डरना, भय खाना' अर्थक संस्कृत धातु 'त्रस्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'डर, बोज्ज और वज्ज' ऐसे तीन धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'तस' भी होता है। इन चारों धातु-रूपों के उदाहरण इस प्रकार हैं—*त्रस्यति*=(१) *डरइ*, (२) *बोज्जइ*, (३) *वज्जइ*, और (४) *तसइ*=वह डरता है अथवा भय खाता है ॥ ४-१९८ ॥

## न्यसो णिम-णुमौ ॥ ४-१९९ ॥

न्यस्यतेरेतावादेशौ भवतः ॥ णिमइ । णुमइ ॥

*अर्थ*—'स्थापना करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'नि + अस्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'णिम और णुम' ऐसे दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। दोनों के उदाहरण इस प्रकार हैं—*न्यस्यति*=*णिमइ* तथा *णुमइ*=वह स्थापना करता है, वह रखता है अथवा वह धरता है ॥ ४-१९९ ॥

## पर्यसः पलोट्ट-पल्लट्ट-पल्हत्थाः ॥ ४-२०० ॥

पर्यस्यतेरेते त्रय आदेशा भवन्ति ॥ पलोट्टइ । पल्लट्टइ । पल्हत्थइ ॥

*अर्थ*—'फेंकना, मार गिराना' अथवा 'पलटना विपरीत होना' अर्थक संस्कृत धातु 'परि+अस्=पर्यस्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में तीन धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) पलोट्ट, (२) पल्लट्ट, और (३) पल्हत्थ। तीनों के उदाहरण यों हैं—*पर्यस्यति=(१) पलोट्टइ, (२) पल्लट्टइ, और (३) पल्हत्थइ*=वह पलटता है अथवा वह विपरीत होता है ॥ ४-२०० ॥

## निःश्वसे र्झङ्खः ॥ ४-२०१ ॥

निःश्वसेर्झङ्ख इत्यादेशो वा भवति ॥ झङ्खइ । नीससइ ।

*अर्थ*—'निःश्वास लेना' अथवा 'नीसासा डालना' अर्थक संस्कृत धातु 'निर्+श्वस्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'झङ्ख' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'नीसस' भी होता है। जैसे—*निःश्वसिति=झङ्खइ* अथवा *नीससइ*=वह निःश्वास लेता है अथवा वह नीसासा डालता है ॥ ४-२०१ ॥

## उल्लसे रूसल-ऊसुम्भ-णिल्लस-पुलआअ-गुञ्जोल्लारोआः ॥ ४-२०२

उल्लसेरेते षडादेशा वा भवन्ति ॥ ऊसलइ । ऊसुम्भइ । णिल्लसइ । पुलआअइ । गुञ्जोल्लइ । ह्रस्वत्वे तु गुञ्जुल्लइ । आरोअइ । उल्लसइ ॥

*अर्थ*—'उल्लसित होना, आनंदित होना, खुश होना, तेज-युक्त होना' अर्थक संस्कृत धातु 'उत्+लस्=उल्लस्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार हैं—(१) ऊसल, (२) ऊसुम्भ, (३) णिल्लस, (४) पुलआअ, (५) गुञ्जोल्ल और (६) आरोअ।

सूत्र-संख्या १-८४ से 'गुञ्जोल्ल' धातु रूप में रहे हुए दीर्घ स्वर 'ओ' के स्थान पर आगे संयुक्त व्यञ्जन 'ल्ल' होने के कारण से 'उ' की प्राप्ति विकल्प से हो जाती है, तदनुसार 'गुञ्जोल्ल' के स्थान पर 'गुञ्जुल्ल' रूप की अवस्थिति भी विकल्प से पाई जाती है। यों उपरोक्त आदेश प्राप्त छह धातुओं के स्थान पर सात धातु रूप समझे जाने चाहिये। वैकल्पिक पक्ष होने से 'उल्लस' भी होता है। आठों ही धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—*उल्लसति=(१) ऊसलइ*, (२) ऊसुम्भइ, (३) णिल्लसइ, (४) पुलआअइ (५) गुञ्जोल्लइ, (६) गुञ्जुल्लइ, (७) आरोअइ और (८) उल्लसइ=वह उल्लसित होता है अथवा वह आनंदित होता है, वह तेज-युक्त होता है ॥ ४-२०२ ॥

## भासेर्भिसः ॥ ४-२०३ ॥

भासेर्भिस इत्यादेशो वा भवति ॥ भिसइ । भासइ ॥

*अर्थ*—'प्रकाशमान होना, चमकना' अर्थक संस्कृत धातु 'भास्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'भिस्' धातु रूप की प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में संस्कृत धातु 'भास्' का प्राकृत रूपान्तर 'भस' भी होता है। जैसे—*भासते=भिसइ* अथवा *भासइ*=वह प्रकाशमान होता है अथवा चमकता है ॥ ४-२०३ ॥

## ग्रसेर्घिसः ॥ ४-२०४ ॥

ग्रसेर्घिस इत्यादेशो वा भवति ॥ घिसइ । गसइ ॥

*अर्थ*.—'ग्रसना, निगलना, भक्षण करना' अर्थक संस्कृत धातु 'ग्रस' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'घिस' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'गस' भी होता है। जैसे *ग्रसति=घिसइ* अथवा *गसइ*=वह ग्रसता है, वह निगलता है अथवा वह भक्षण करता है ॥ ४-२०४ ॥

## अवाद्गाहेर्वाहः ॥ ४-२०५ ॥

अवात् परस्य गाहे र्वाह इत्यादेशो वा भवति । ओवाहइ । ओगाहइ ॥

*अर्थ*—'अव' उपसर्ग के साथ में रही हुई संस्कृत-धातु 'गाह' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'वाह' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'गाह' भी होता है।

उपर्युक्त संस्कृत उपसर्ग 'अव' का प्राकृत रूपान्तर दोनों धातु रूपों में 'ओ' हो जाता है, यह ध्यान में रखा जाना चाहिये। दोनों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—*अवगाहयति=ओवाहइ* अथवा *ओगाहइ*=वह सम्यक प्रकार से ग्रहण करता है, वह अच्छी तरह से स्नान करता है ॥ ४-२०५ ॥

## आरुहेश्चड-वलग्गौ ॥ ४-२०६ ॥

आरुहेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ चडइ । वलग्गइ । आरुहइ ॥

*अर्थ*—'आरोहण करना, चढ़ना' अर्थक संस्कृत धातु 'आ+रुह्' के स्थान पर प्राकृत-भाषा में विकल्प से 'चड और वलग्ग' ऐसे दो धातु रूपों को आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में संस्कृत-धातु 'आरुह' का प्राकृत रूपान्तर 'आरुह' भी होता है। जैसे—*आरोहति*=(1) *चडइ*, (2) *वलग्गइ* और (3) *आरुहइ*=वह आरोहण करता है अथवा वह चढ़ता है ॥ ४-२०६ ॥

## मुहे गुम्म-गुम्मडौ ॥ ४-२०७ ॥

मुहेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ गुम्मइ । गुम्मडइ । मुज्झइ ॥

अर्थ —'मुग्ध होना अथवा मोहित होना' अर्थक संस्कृत धातु 'मुह्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'गुम्म और गुम्मड' ऐसे दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'मुज्झ' भी होता है। तीनों धातु रूपों के उदाहरण इस प्रकार हैं —मुह्यति= (१) गुम्मइ, (२) गुम्मडइ, और (३) मुज्झइ=वह मुग्ध होता है अथवा वह मोहित होता है।

## दहेरहिऊलालुंखौ ॥ ४-२०८ ॥

दहेरेतावादेशौ वा भवतः ॥ अहिऊलइ । आलुंखइ । डहइ ॥

अर्थ —'जलाना, दहन करना' अर्थक संस्कृत धातु 'दह्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से 'अहिऊल' और 'आलुंख' ऐसे दो धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से 'डह' भी होता है। उक्त तीनों धातु रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —*दहति=(१) अहिऊलइ (२) आलुंखइ*, और *(३) डहइ* = वह जलाता है अथवा वह दहन करता है॥ ४-२०८ ॥

## ग्रहो वल--गेण्ह--हर--पग--निरुवाराहिपच्चुआः ॥ ४--२०९ ॥

ग्रहेरेते षडादेशा वा भवन्ति ॥ वलइ । गेण्हइ । हरइ । पगइ । निरुवारइ । अहिपच्चुअइ ।

अर्थ —'ग्रहण करना, लेना' अर्थक संस्कृत धातु 'ग्रह' के स्थान पर प्राकृत भाषा में छह धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है, जो कि क्रम से इस प्रकार हैं — (१) वल, (२) गेण्ह, (३) हर, (४) पग, (५) निरुवार और (६) अहिपच्चुअ। इनके उदाहरण यों हैं —*गृह्णाति = (१) वलइ, (२) गेण्हइ, (३) हरइ, (४) पगइ, (५) निरुवारइ*, और *(६) अहिपच्चुअइ* = वह ग्रहण करता है अथवा वह लेता है॥ ४-२०९ ॥

## क्त्वा-तुम्-तव्येषु-घेत् ॥ ४-२१० ॥

ग्रहः क्त्वा-तुम्-तव्येषु घेत् इत्यादेशो वा भवति ॥ क्त्वा । घेत्तूण । घेत्तुआण । क्वचिन्न भवति । गेण्हिअ । तुम् । घेत्तुं । तव्य । घेत्तव्वं ॥

अर्थ —दो क्रियाओं के पूर्वापर संबंध को बताने वाले 'करके' अर्थ वाले संबंधार्थ कृदन्त के प्रत्यय लगाने पर, तथा 'के लिये' अर्थ वाले हेत्वर्थ कृदन्त के प्रत्यय लगाने पर और 'चाहिये' अर्थ वाले

'तव्य' आदि प्रत्यय लगाने पर संस्कृत धातु 'ग्रह्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'घेत्' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। संस्कृत प्रत्यय 'क्त्वा' वाले सम्बन्धार्थ कृदन्त का उदाहरण यों है—*गृहीत्वा*=घेत्तूण और घेत्तुआण आदि=ग्रहण करके। कभी कभी 'ग्रह्' धातु के स्थान पर उक्त सम्बन्धार्थ कृदन्त के प्रत्यय लगने पर 'घेत्' धातु रूप की आदेश प्राप्ति नहीं भी होती है। जैसे —*गृहीत्वा*=गेण्हिअ=ग्रहण करके।

हेत्वर्थ कृदन्त के प्रत्यय 'तुम्' सम्बन्धी उदाहरण 'ग्रह्=घेत्' का इस प्रकार है।—*ग्रहीतुम्*=घेत्तुं=ग्रहण करने के लिये। 'चाहिये' अर्थक 'तव्य' प्रत्यय का उदाहरण यों है -*ग्रहीतव्यम्*=घेत्तव्वं=ग्रहण करना चाहिये अथवा ग्रहण करने के योग्य है। यों 'ग्रह्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में उक्त अर्थों में आदेश प्राप्त 'घेत्' धातु रूप की स्थिति को जानना चाहिये॥ ४-२१० ॥

## वचो वोत् ॥ ४–२११ ॥

वक्तेर्वोत् इत्यादेशो भवति क्त्वा-तुम्-तव्येषु ॥ वोत्तूण । वोत्तुं । वोत्तव्वं ॥

*अर्थ* —'करके' अर्थ वाले सम्बन्धार्थ कृदन्त के प्रत्यय लगने पर तथा 'के लिये' अर्थ वाले हेत्वर्थ कृदन्त के प्रत्यय लगने पर और 'चाहिये' अर्थ वाले 'तव्य' प्रत्यय लगने पर संस्कृत धातु 'वद्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'वोत्' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होता है। उक्त तीनों प्रकार के क्रियापदों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं -(१) 'क्त्वा' प्रत्यय का उदाहरण —*उक्त्वा*=*वोत्तूण* = कह करके अथवा बोल करके (२) 'तुम्' प्रत्यय का उदाहरण —*वक्तुम्* = *वोत्तुं* = बोलने के लिये अथवा कहने के लिये। (३) 'तव्य' प्रत्यय का उदाहरण —*वक्तव्यम्* = *वोत्तव्वं*=बोलना चाहिये अथवा कहना चाहिये, बोलने के योग्य है अथवा कहने के योग्य है॥ ४-२११ ॥

## रुद-भुज-मुचां तोन्त्यस्य ॥ ४–२१२ ॥

एषामन्त्यस्य क्त्वा तुम्-तव्येषु तो भवति ॥ रोत्तूण । रोत्तुं । रोत्तव्वं ॥ भोत्तूण । भोत्तुं । भोत्तव्वं ॥ मोत्तूण । मोत्तुं । मोत्तव्वं ॥

*अर्थ* —संस्कृत धातु 'रुद्=रोना, भुज्=खाना और मुच = छोड़ना' के प्राकृत रूपान्तर में सम्बन्धार्थ कृदन्त, हेत्वर्थ कृदन्त और 'चाहिये' अर्थक 'तव्य' प्रत्यय लगाने पर धातुओं के अन्त में रहे हुए 'द्' व्यञ्जनाक्षर के स्थान पर 'त' व्यञ्जनाक्षर की प्राप्ति होती है। जैसे — रुद्=रुत, भुज्=भुत और मुच = मुत।

उपरोक्त परिवर्तन के अतिरिक्त यह भी ध्यान में रहे कि सूत्र संख्या ४-२३७ से सविधान से उपरोक्त धातुओं में आदि अक्षरों में रहे हुए 'उ' स्वर को गुण-अवस्था प्राप्त होकर 'ओ' स्वर की प्राप्ति

हो जाती है। यों प्राकृत रूपान्तर में 'रुद्' का रोत्' भुज् का भोत् और मुच् का मोत्' हो जाता है। इनके उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —(१) रुदित्वा = रोत्तूण = रो करके, रुदन करके, (२) रोदितुम् = रोत्तु = रोने के लिये, रुदन करने के लिये और (३) रुदितव्यम् = रोत्तव्वं = रोना चाहिये अथवा रोने के योग्य है। (४) भुक्त्वा = भोत्तूण = खा करके अथवा भोजन करके, [५] भोक्तुम् = भोत्तुं = खाने के लिये अथवा भोजन करने के लिये और (६) भोक्तव्यम् = भोत्तव्वं = खाना चाहिये अथवा खाना के योग्य है। (७) मुक्त्वा - मोत्तूण = छोड़ करके त्याग करके, (८) मोक्तुम् = मोत्तुं = छोड़ने के लिये अथवा त्याग करने के लिये और (९) मोक्तव्यम् = मोत्तव्वं = छोड़ना चाहिये अथवा छोड़ने के योग्य है ॥ ४-२१२ ॥

## दृशस्तेन ट्ठः ॥ ४-२१३ ॥

दृशोन्त्यस्य तकारेण सह द्विरुक्तष्ठकारो भवति ॥ दट्ठूण । दट्ठुं । दट्ठव्वं ॥

*अर्थ* —सम्बन्धार्थ कृदन्त, हेत्वर्थ कृदन्त और 'चाहिये' अर्थक 'तव्य' प्रत्ययों की संयोजना होने पर संस्कृत धातु 'दृश्' के प्राकृत रूपान्तर में 'त' सहित अन्त्य व्यञ्जन के स्थान पर द्वित्व 'ट्ठ' की प्राप्ति होती है। जैसे —दृष्ट्वा = दट्ठूण = देख करके, द्रष्टुम् = दट्ठुं = देखने के लिये और द्रष्टव्यम् = दट्ठव्वं = देखना चाहिये अथवा देखने के योग्य ॥ ४-२१३ ॥

## आ कृगो भूत-भविष्यतोश्च ॥ ४-२१४ ॥

कृगोन्त्यस्य आ इत्यादेशो भवति ॥ भूत-भविष्यत् कालयोश्च कारात् क्त्वा-तुम्-तव्येषु च। काहीअ। अकार्षीत। अकरोत्। चकार वा ॥ काहिइ। करिष्यति। कर्ता वा ॥ क्त्वा। काऊण। तुम्। काउं ॥ तव्य। कायव्वं ॥

*अर्थ* —सम्बन्धार्थ कृदन्त, हेत्वर्थ कृदन्त और 'चाहिये' अर्थक तव्य' प्रत्यय लगने पर तथा भूत कालीन तथा भविष्यत् कालीन प्रत्यय लगने पर संस्कृत धातु 'कृग' = 'कृ' के अन्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'आ' स्वर की प्राप्ति होती है। उक्त रीति से प्राकृत भाषा में रूपान्तरित 'का' धातु के पांचों क्रियापदीय रूपों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —[१] कृत्वा = काऊण = करके, [२] कर्तुम् = काउं = करने के लिये, कर्तव्य = कायव्वं = करना चाहिये अथवा करने के योग्य, अकार्षीत्-(अकरोत् अथवा चकार) = काहीअ = उसने किया, करिष्यति ( अथवा कर्ता ) = काहिइ = वह करेगा ( अथवा वह करने वाला है )। यों 'करने' अर्थक प्राकृत-धातु 'का' का स्वरूप जानना चाहिये ॥ ४-२१४ ॥

## गमिष्यमासां छः ॥ ४-२१५ ॥

एषामन्त्यस्य छो भवति ॥ गच्छइ । इच्छइ । जच्छइ । अच्छइ ॥

*अर्थ*—प्राकृत भाषा में संस्कृत धातु 'गम्, इष्, यम् और आस्' में स्थित अन्त्य व्यञ्जन के स्थान पर 'छ' की प्राप्ति होती है। यों 'गम् का गच्छ, इष् का इच्छ, यम् का जच्छ और आस का अच्छ' हो जाता है। इनके उदाहरण यों हैं—*[१] गच्छति = गच्छइ*=वह जाता है, *[२] इच्छति = इच्छइ* = वह इच्छा करता है, वह चाहना करता है, *[३] यच्छति = जच्छइ* = वह विराम करता है वह ठहरता है अथवा वह देता है, *आस्ते = अच्छइ*=वह उपस्थित होता है अथवा वह बैठता है। ॥ ४-२१५ ॥

## छिदि-भिदो न्दः ॥ ४-२१६ ॥

अनयोरन्त्यस्य नकाराक्रान्तो दकारो भवति ॥ छिन्दइ । भिन्दइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत धातु 'छिद्' और 'भिद्' के प्राकृत रूपान्तर में अन्त्य 'द' के स्थान पर हलन्त 'नकार' पूर्वक 'द' अर्थात् 'न्द' की प्राप्ति होती है। जैसे—*छिनत्ति=छिन्दइ* = वह छेदता है, *भिनत्ति=भिन्दइ* = वह भेदता है अथवा वह काटता है ॥ ४-२१६ ।

## युध-बुध-गृध-क्रुध-सिध-मुहां ज्झः ॥ ४-२१७ ॥

एषामन्त्यस्य द्विरुक्तो झो भवति ॥ जुज्झइ । बुज्झइ । गिज्झइ । कुज्झइ । सिज्झइ । मुज्झइ ।

*अर्थ*—संस्कृत धातु 'युध्, बुध्, गृध्, क्रुध्, सिध और मुह' के अन्त्य व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'ज्झ' व्यञ्जन की प्राप्ति हो जाती है। इन धातुओं में अन्य वर्णों संबंधी परिवर्तन पूर्वोक्त प्रथम पाद तथा द्वितीय पाद में वर्णित संविधान के अनुसार स्वयमेव समझ लेना चाहिये, तदनुसार युद्ध करने अर्थक संस्कृत धातु 'युध्' का जुज्झ' हो जाता है 'समझना' अर्थक संस्कृत धातु 'बुध्' का 'बुज्झ' बन जाता है। 'आसक्त होने' अर्थक संस्कृत धातु 'गृध्' के स्थान पर 'गिज्झ' की प्राप्ति हो जाती है। 'क्रोध करने' अर्थक धातु 'क्रुध्' 'कुज्झ' के रूप में परिवर्तित होता है। 'सिद्ध होना सफल होना' अर्थक संस्कृत धातु 'सिध' 'सिज्झ' में बदल जाता है। यों 'मोहित होना' अर्थक धातु 'मुह' का 'मुज्झ' बन जाता है। इनके क्रियापदीय उदाहरण इस प्रकार हैं—*(१) युध्यते = जुज्झइ*=वह युद्ध करता है; *(२) बुध्यते=बुज्झइ*=वह समझता है, *(३) गृध्यति=गिज्झइ*=वह आसक्त होता है *(४) क्रुध्यति=कुज्झइ*=वह क्रोध करता है, *(५) सिध्यति = सिज्झइ* = वह सिद्ध होता है अथवा वह सफल होता है और *(६) मुह्यति=मुज्झइ* = वह मोहित होता है ॥ ४-२१७ ॥

## रुधो न्ध-म्भौ च ॥ ४-२१८ ॥

रुधोन्त्यस्य न्ध म्भ इत्येतौ चकारात् ज्झश्च भवति ॥ रुन्धइ । रुम्भइ । रुज्झइ ॥

अर्थ—'रोकना' अर्थक संस्कृत धातु 'रुध' के अन्त्य व्यञ्जन 'ध' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'न्ध' की, अथवा 'म्भ' की प्राप्ति हो जाती है। मूल सूत्र में 'चकार' दिया हुआ है, तदनुसार 'ध्' के स्थान 'ज्झ' की प्राप्ति भी सूत्र संख्या ४-२१७ से हो जाती है, यों 'रुध' के प्राकृत में 'रुन्ध, रुम्भ और ' तीन रूप पाये जाते हैं। इनका उदाहरण इस प्रकार हैं—*रुणद्धि = [१] रुन्धइ [२] रुम्भइ,* *रुज्झइ* = वह रोकता है ॥ ४-२१८ ॥

## सद्-पतो र्डः ॥ ४-२१९ ॥

अनयोरन्त्यस्य डो भवति ॥ सडइ । पडइ ॥

अर्थ—'गल जाना अथवा सूख जाना, शक्तिहीन हो जाना' अर्थक संस्कृत धातु 'सद्' और ना, भ्रष्ट होना' अर्थक संस्कृत धातु 'पत्' में स्थित अन्त्य व्यञ्जन 'द् और त्' के स्थान पर प्राकृत- में 'ड' व्यञ्जन की प्राप्ति हो जाती है। जैसे—*सीदति* = सडइ = वह गल जाता है, वह सूख जाता थवा वह शक्तिहीन हो जाता है। *पतति* = पडइ = वह गिरता है अथवा वह भ्रष्ट होता है ॥ ४-२१९ ॥

## क्वथ-वर्धां ढः ॥ ४-२२० ॥

अनयोरन्त्यस्य ढो भवति ॥ कढइ । वड्ढइ पवय-कलयलो ॥ परिअड्ढइ लायण्णं ॥ वचनाद् वृधेः कृत गुणस्य वर्धेश्चाविशेषेण ग्रहणम् ॥

अर्थ—'क्वाथ करना, उबालना, तपाना, गरम करना' अर्थक संस्कृत धातु 'क्वथ' के अन्त्य र थ् के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'ढ' अक्षर की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से 'बढ़ना, उन्नति ना' अर्थक संस्कृत धातु 'वृध्=वर्ध' के अन्त्य अक्षर 'ध' के स्थान पर भी प्राकृत भाषा में 'ढ' अक्षर आदेश प्राप्ति होती है। प्राकृत भाषा में रूपान्तरित 'कढ और वड्ढ' की अन्य साधनिका स्वयमेव लेना चाहिये। रूपान्तरित धातुओं के उदाहरण इस प्रकार हैं—*क्वथ्यते* = (अथवा *क्वथति*) कढइ क्वाथ करता है अथवा वह उबालता है। *वर्धते प्लवग-कलकल* = वड्ढइ *पवय-कलयलो* = उछल ने जैसा प्रचंड कोलाहल बढ़ता है। दूसरा उदाहरण इस प्रकार है—*परिवर्धते लावण्य-परिअड्ढइ*= ण्णं = सौन्दर्य बढ़ता है।

प्रश्न—मूल सूत्र में 'क्वथ-वर्ध' ऐसे दो शब्दों की स्थिति होते हुए भी 'वर्धां' जैसा बहुवचनात्मक वाचक रूप क्यों दिया गया है?

उत्तर —संस्कृत धातु 'वृध' में स्थित 'ऋ' का क्रियापदीय रूप में गुण विकार होकर मूर्धन्य 'वर्ध' रूप में रूपान्तरित हो जाता है और ऐसा होने से उक्त दो धातुओं के अतिरिक्त इस तीसरे की भी प्राप्ति हो जाती है, यों सामान्य रूप से तीनों धातुओं को ध्यान में रख कर ही मूल सूत्र में बहुवचन का प्रयोग किया गया है, यही बहुवचन ग्रहण का तात्पर्य है। ऐसा स्पष्टीकरण वृत्ति में भी किया गया है॥ ४-२२० ॥

## वेष्टः ॥ ४-२२१ ॥

वेष्ट वेष्टने इत्यस्य धातोः क ग ट ड इत्यादिना ( २-७७ ) ष लोपे न्त्यस्य ढो भवति वेढइ । वढिज्जइ ॥

*अर्थ* —'लपेटना' अर्थक संस्कृत धातु 'वेष्ट्' में स्थित हलन्त 'षकार' व्यञ्जन का सूत्र २-७७ से लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए धातु रूप 'वेट्' के 'टकार' व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'ढकार' व्यञ्जन की प्राप्ति हो जाती है। उदाहरण इस प्रकार है —*वेष्टते = वेढइ* = वह लपेटता है अथवा वह घेरता है। दूसरा उदाहरण यों है -*वेष्ट्यते = वेढिज्जइ* = उससे लपेटा जाता है॥ ४-२२१ ॥

## समोल्लः ॥ ४-२२२ ॥

सं पूर्वस्य वेष्टतेरन्त्यस्य द्विरुक्तो लो भवति ॥ संवेल्लइ ॥

*अर्थ* —'सं' उपसर्ग साथ में होने पर वेष्ट धातु में 'षकार' का लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए अन्त्य वर्ण 'टकार' के स्थान पर द्वित्व रूप से 'ल्ल' की प्राप्ति प्राकृत भाषा में आदेश रूप से होती है। जैसे —*संवेष्टते = संवेल्लइ* = वह (अच्छी तरह से) लपेटता है॥ ४-२२२ ॥

## वोदः ॥ ४-२२३ ॥

उदः परस्य वेष्टतेरन्त्यस्य ल्लो वा भवति ॥ उव्वेल्लइ । उव्वेढइ ॥

*अर्थ* —'उत्' उपसर्ग साथ में होने पर वेष्ट धातु में स्थित 'षकार' का लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए अन्त्य वर्ण 'टकार' के स्थान पर विकल्प से द्वित्व रूप से 'ल्ल' की प्राप्ति प्राकृत भाषा में आदेश रूप से होती है। जैसे —*उद्वेष्टते = उव्वेढइ* अथवा *उव्वेल्लइ* = वह बन्धन मुक्त करता है, अथवा वह पृथक करता है॥ ४-२२३ ॥

## स्विदां ज्जः ॥ ४-२२४ ॥

खिदि प्रकाराणामन्त्यस्य द्विरुक्तो जो भवति ॥ सव्वङ्ग-सिज्जिरीए । सपज्जइ । ज्जइ ॥ बहुवचन प्रयोगानुसरणार्थम् ॥

अर्थ —'पसीना होना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्विद्' तथा 'सपन्न होना, सिद्ध होना, मिलना' र्थक संस्कृत धातु 'सपद्' और 'खेद करना, अफसोस करना' अर्थक संस्कृत धातु 'खिद्' इत्यादि ऐसी तुओं के अन्त्य व्यञ्जन 'द्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में द्वित्व रूप से 'ज्ज' व्यञ्जन की आदेश प्ति होती है। जैसे —*सर्वाङ्ग-स्वेदनशीलाया* = *सव्वङ्ग—सिज्जिरीए*=सभी अगो मे पसीने वाली । सपद्यते=सपज्जइ = वह सपन्न होता है अथवा वह मिलता है । *खिद्यति=खिज्जइ* = वह खेद रता है अथवा वह अफसोस करता है।

मूल सूत्र में 'स्विदां' ऐसे बहुवचनान्त पद के प्रयोग करने का कारण यही है कि इस प्रकार की त्व 'ज्ज' वाली धातुऐं प्राकृत भाषा में अनेक हैं, जो कि 'दकारान्त' संस्कृत धातुओं से सविधानानुसार प्त हुई हैं ॥ ४-२२४ ॥

## व्रज-नृत-मदां च्च ॥४-२२५॥

एषामन्त्यस्य द्विरुक्तश्चो भवति ॥ वच्चइ । नच्चइ । मच्चइ ॥

अर्थ —'जाना, गमन करना' अर्थक संस्कृत धातु 'व्रज' 'नाचना' अर्थक संस्कृत धातु 'नृत्' और र्व करना' अर्थक संस्कृत धातु मद्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत-भाषा में द्वित्व रुप से ' का आदेश प्राप्ति होती है। जैस —*व्रजति* = *वच्चइ* = वह जाताहै, वह गमन करता है। *नृत्यति*= च्चइ=वह नाचता है। *माद्यति* = *मच्चइ* = वह गर्व करता है, अथवा वह थकता है वह प्रमाद रता है ॥ ४- २५ ॥

## रुद्-नमो र्वः ॥ ४-२२६ ॥

अनयोरन्त्यस्य वो भवति ॥ रुवइ । रोवइ । नवइ ॥

अर्थ —'रोना' अर्थक संस्कृत धातु 'रुद्' और 'नमना, नमस्कार करना' अर्थक संस्कृत धातु न्' के अन्त्य व्यञ्जन के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'व' व्यञ्जनाक्षर की आदेश प्राप्ति होती है। से —*रोदिति* = *रुवइ* अथवा *रोवइ* = वह रोता है, वह रुदन करता है । *नमति* = *नवइ* = वह नमता है अथवा वह नमस्कार करता है ॥ ४-२-६ ॥

## उद्विजः ॥ ४-२२७ ॥

उद्विजतेरन्त्यस्य वो भवति ॥ उव्विवइ । उव्वेवो ॥

*अर्थ* —'उद्वेग करना, खिन्न होना' अर्थक संस्कृत धातु 'उद् + विज' = उद्विज्' के अन्त्य व्यञ्जनाक्षर 'ज' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'व' व्यञ्जनाक्षर की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—उद्विजे (अथवा *उद्विजते*) = *उव्विवइ* = वह उद्वेग करता है, वह खिन्न होता है। उद्वेग = उव्वेवो = शोक, ॥ ४-२२७ ॥

## खाद्-धावो र्लुक् ॥ ४-२२८ ॥

अनयोरन्त्यस्य लुग् भवति ॥ खाइ । खाअइ । खाहिइ । खाउ । धाइ । धाहिइ । धा बहुलाधिकारात् वर्तमाना भविष्यत्विधि-आदि-एकवचन एव भवति ॥ तेनेह न भवति खादन्ति । धावन्ति ॥ क्वचिन्न भवति । धावइ पुरओ ॥

*अर्थ* —'भोजन करना, खाना' अर्थक संस्कृत धातु 'खाद्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'द्' का 'दौड़ना' अर्थक संस्कृत धातु 'धाव्' के अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'व्' का प्राकृत भाषा में लोप होकर 'खा' और 'धा' ऐसे धातु रूप की ही प्राप्ति होती है।

सूत्र-संख्या ४-२४० से उपरोक्त रीति से प्राप्त धातु 'खा' और 'धा' आकारान्त हो जा इनमें काल बोधक प्रत्यय लगने के पहिले विकरण रूप से 'अ' प्रत्यय की वैकल्पिक रूप से प्राप्ति होत उदाहरण यों हैं—(१) *खादति=खाइ* अथवा *खाअइ*=वह खाता है। (२) *खादिष्यति=खाहि* खावेगा। (३) *खादतु=खाउ*=वह खावे। (४) *धावति=धाइ* और *धाअइ*=वह दौड़ता (५) *धाविष्यति=धाहिइ*=वह दौड़ेगा। (६) *धावतु=धाउ*=वह दौड़े।

'बहुलम्' सूत्र के अधिकार-सामर्थ्य से 'खाद्' का 'खा' और 'धाव्' का 'धा' वर्तमा भविष्यत्काल और विधिलिङ्ग आदि लकारों के एकवचन में ही होता है। इस कारण से बहुवचन में और 'धा' ऐसा धातु रूप नहीं होकर 'खाद्' तथा 'धाव' ऐसा धातु रूप ही होगा। जैसे—*खाद *खादन्ति*=वे खाते हैं और *धावन्ति=धावन्ति*=वे दौड़ते हैं।

कहीं कहीं पर संस्कृत धातु 'धाव्' के स्थान पर 'धा' रूप की प्राप्ति एक वचन में नहीं 'धाव' रूप की प्राप्ति भी देखी जाती है। जैसे—*धावति पुरतः=धावइ पुरओ*=वह आगे दौड़त ॥ ४-२२८ ॥

## सृजो रः ॥ ४-२२९ ॥

सृजो धातोरन्त्यस्य रो भवति ॥ निसिरइ । वोसिरइ । वोसिरामि ॥

अर्थ —संस्कृत-धातु 'सृज्' में स्थित अन्त्य हलन्त व्यञ्जन 'ज' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'र' जनाक्षर की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे'—[१] निसृजति=निसिरइ=वह बाहिर निकालता है थवा वह त्याग करता है। [२] व्युत्सृजाति=वोसिरइ=वह परित्याग करता है अथवा वह छोड़ता। [३] व्युत्सृजामि=वोसिरामि=मैं परित्याग करता हूँ अथवा मैं छोडता हूँ ॥ ४-२२६ ॥

## शकादीनां द्वित्वम् ॥ ४-२३० ॥

शकादीनामन्त्यस्य द्वित्व भवति ॥ शक् । सक्कइ ॥ जिम् । जिम्मइ ॥ लग । लग्गइ ॥ ्। मग्गइ ॥ कुप् । कुप्पइ ॥ नश् । नस्सइ ॥ अट् । परिअट्टइ ॥ लुट् । पलोट्टइ ॥ तुट् । इ ॥ नट् । नट्टइ ॥ सिव । सिव्वइ ॥ इत्यादि ॥

र्थ —संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'शक्' आदि कुछ एक धातुओं के अन्त्य व्यञ्जन के स्थान र प्राकृत भाषा में उसी व्यञ्जन को द्वित्व रूप की प्राप्ति होती है। जैसे —[१] शक्नोति=सक्कइ= ह समर्थ होता है। [२] जेमाति (अथवा जेमते)=जिम्मइ=वह खाता है अथवा वह भक्षण करता है। ३] लगाति=लग्गइ=संयोग होता है, मिलाप होता है। [४] मगति=मग्गइ=वह गमन करता है, ह चलता है। [५] कुप्याति=कुप्पइ=वह क्रोध करता है। [६] नश्यति=नस्सइ=वह नष्ट होता । [७] परिअटति=परिअट्टइ=वह परिभ्रमण करता है, वह चारों ओर घूमता है। [८] ८] प्रलुटाति=पलोट्टइ=वह लोटता है। [९] तुटति=तुट्टइ=वह झगड़ता है अथवा वह दुःख देता है। १०] नटति=नट्टइ=वह नृत्य करता है वह नाचता है। सीव्यति=सिव्वइ=वह सीता है, वह सीवण रता है। इत्यादि रूप से अन्य उपलब्ध प्राकृत-धातुओं का स्वरूप भी इसी प्रकार से 'द्वित्व' रूप में मझ लेना चाहिये ॥ ४-२३० ॥

## स्फुटि-चलेः ॥ ४-२३१ ॥

अनयोरन्त्यस्य द्वित्व वा भवति ॥ फुट्टइ । फुडइ । चल्लइ । चलइ ॥

अर्थ —'विकसित होना, खिलना अथवा टूटना फूटना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्फुट्' के अन्त्य ञ्जन टकार' के स्थान पर और 'चलना, गमन करना' अर्थक संस्कृत धातु चल के अन्त्य व्यञ्जन कार' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से इनको व्यञ्जन को द्वित्व' रूप की प्राप्ति होती है। से —(१) स्फुटति=फुट्टइ अथवा फुडइ=वह विकसित होता है, वह खिलता है अथवा वह टूटता वह फूटता है। (२) चलति=चल्लइ अथवा चलइ=वह चलता है अथवा वह गमन करता है। ४-२३१

## प्रादे मीलेः ॥ -२३२ ॥

प्रादेः परस्य मीलेरन्त्यस्य द्वित्वं वा भवति ॥ पमिल्लइ । पमीलइ । निमिल्लइ । निमीलइ । संमिल्लइ । समीलइ । उम्मिल्लइ । उम्मीलइ । प्रादेरिति किम् । मीलइ ॥

*अर्थ* —'मूंदना, बन्द करना' अर्थक संस्कृत धातु 'मील्' के पूर्व में यदि 'प्र, नि, सं, उन्' आदि उपसर्ग जुड़े हुए हो तो 'मील्' धातु के अन्त्य हलन्त व्यञ्जनाक्षर 'लकार' के स्थान पर प्राकृत भाषा में विकल्प से द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होती है। जैसे — *(१) प्रमीलति=पमिल्लइ* अथवा *पमीलइ*=वह सकोच करता है, वह सकुचाता है। *(२) निमीलति=निमिल्लइ* अथवा *निमीलइ*=वह आँख मूँदता है अथवा वह आँख मींचता है। *(३) संमीलति=संमिल्लइ* अथवा *संमीलइ*=वह सकुचाता है अथवा वह सकोच करता है। *(४) उन्मीलति=उम्मिल्लइ* अथवा *उम्मीलइ*=वह विकसित होता है, वह खुलता है। अथवा वह प्रकाशमान होता है। यों अन्य उपसर्गों के साथ में भी 'मिल्ल और मील' की स्थिति को समझ लेना चाहिये।

*प्रश्न* — 'प्र' आदि उपसर्गों के साथ ही विकल्प से द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है?

*उत्तर* — यदि 'मील्' धातु के पूर्व में 'प्र' आदि उपसर्ग नहीं जुड़े हुए होंगे तो इस 'मील्' धातु में स्थित हलन्त अन्त्य व्यञ्जनाक्षर 'लकार' की द्वित्व 'ल्ल' की प्राप्ति नहीं होगी। जैसे — *मीलति=मीलइ*=वह मूँदता है, वह बन्द करता है। यों एक ही रूप *'मीलइ'* ही बनता है, इसके साथ 'मिल्लइ' रूप नहीं बनेगा ॥ ४-२३२ ॥

## उवर्णस्यावः ॥ ४-२३३ ॥

धातोरन्त्यस्योवर्णस्य अवादेशो भवति ॥ न्हुङ् । निण्हवइ ॥ हु । निह्नवइ । च्युङ् चवइ ॥ रु । रवइ ॥ कु । कवइ ॥ सू । सवइ । पसवइ ॥

*अर्थ* —संस्कृत धातुओं में स्थित अन्त्य स्वर 'उ' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'अव' की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*निन्हुते=निण्हवइ*=वह अपलाप करता है, वह निंदा करता है। *निन्हुते=निह्नवइ*=वह अपलाप करता है। *च्यवति=चवइ*=वह मरता है, वह जन्मान्तर में जाता है। *रौति=रवइ*=वह बोलता है वह शब्द करता है अथवा वह रोता है। *कवति=कवइ*=वह शब्द करता है, वह आवाज करता है। *सूते=सवइ*=वह उत्पन्न करता है, वह जन्म देता है। *प्रसूते=पसवइ*=वह जन्म देता अथवा उत्पन्न करता है।

उपरोक्त उदाहरण में 'नि+न्हु=निण्हव, नि+हु=निह्नव, च्यु=चव, रु=रव, कु=कव, और सू=सव' धातुओं को देखने से विदित हो जाता है कि इनमें 'उ' अथवा 'ऊ' स्वर के स्थान पर 'अव' अक्षरांश की प्राप्ति हुई है ॥ ४-२३३ ॥

## ऋवर्णस्यारः ॥ ४-२३४ ॥

धातोरन्त्यस्य ऋवर्णस्य अरादेशो भवति ॥ करइ । धरइ । मरइ । वरइ । सरइ । हरइ । तरइ । जरइ ॥

अर्थ —संस्कृत धातुओं में स्थित अन्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में 'अर' अक्षरांश की प्राप्ति होती है। जैसे —कृ = कर, । धृ = धर । मृ = मर । वृ = वर । सृ = सर । हृ = हर । तृ = तर । और जृ = जर । क्रियापदीय उदाहरण इस प्रकार है —[१] करोति = करइ = वह करता है। [२] धरति = धरइ = वह धारण करता है। [३] म्रियते = मरइ = वह मरता है अथवा वह देह त्याग करता है। वृणोति = वरइ = वह पसंद करता है वह सगाई-संबंध करता है अथवा वह सेवा करता है। [५] सरति = सरइ = वह जाता है, वह सरकता है। [६] हरति = हरइ = वह चुराता है, वह ले जाता है। [७] तरति = तरइ = वह पार जाता है अथवा वह तैरता है। [८] जरति = जरइ = वह अल्प होता है, वह छोटा होता है ॥ ४-२३४ ॥

## वृषादीनामरिः ॥ ४-२३५ ॥

वृष इत्येवं प्रकाराणां धातूनाम् ऋवर्णस्य अरिः इत्यादेशो भवति ॥ वृष् । वरिसइ ॥ कृष् । करिसइ ॥ मृष । मरिसइ ॥ हृष् । हरिसइ ॥ येषामरिरादेशो दृश्यते ते वृषादयः ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा में उपलब्ध वृष् आदि ऐसी कुछ धातुऐं हैं, जिनका प्राकृत रूपान्तर होने पर इनमें अवस्थित 'ऋ' स्वर के स्थान पर प्राकृत-भाषा में 'अरि' अक्षरांश की आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे —वृष = वरिस । कृष् = करिस । मृष् = मरिस । हृष् = हरिस । इस आदेश संविधान के अनुसार जहाँ जहाँ पर अथवा जिस जिस धातु में 'ऋ', स्वर के स्थान पर 'अरि' आदेश रूप अक्षरांश दृष्टिगोचर होता हो तो उन उन धातुओं को 'वृषादय' धातु श्रेणि में अथवा धातु गण के रूप में समझना चाहिये। वृत्ति में आये हुए धातुओं के क्रियापदीय उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —[१] वर्षति = वरिसइ = बरसता है, वृष्टि करता है। [२] कर्षति = करिसइ = वह खींचता है। [३] मर्षति = मरिसइ = वह सहन करता है अथवा वह क्षमा करता है। [४] हृष्यति = हरिसइ = वह खुश होता है, वह प्रसन्न होता है ॥ ४-२३५ ॥

## रुषादीनां दीर्घः ॥ ४-२३६ ॥

रुष इत्येवं प्रकाराणां धातूनां स्वरस्य दीर्घो भवति ॥ रूसइ । तूसइ । सूसइ । दूसइ । पूसइ । सीसइ । इत्यादि ।

अर्थ —संस्कृत भाषा में उपलब्ध ह्रस्व स्वर वाली 'रुष्' आदि ऐसी कुछ धातुएं हैं, जिनके प्राकृत रूपान्तर होने पर इनमें अवस्थित ह्रस्व स्वर' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'दीर्घ स्वर' की आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे—रुष = रूस। तुष = तूस। शुष् = सूस। दुष = दूस। पुष = पूस। और शिष् = सीस आदि आदि। इनके क्रियापदीय उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—(१) रुष्यति = रूसइ = वह क्रोध करता है। [२] तुष्यति = तूसइ = वह खुश होता है। [३] शुष्यति = सूसइ = वह सूखता है। [४] दुष्यति = दूसइ = वह दोष देता है अथवा वह दूषण लगाता है। (५) पुष्यति = पूसइ = वह पुष्ट होता है अथवा वह पोषण करता है और (६) शेषति = (अथवा शेषयति) = सीसइ = वह शेष रखता है, बचा रखता है। (अथवा वह वध करता है, हिंसा करता है) ॥ ४-२३६ ॥

## युवर्णस्य गुणः ॥ ४-२३७ ॥

धातोरिवर्णस्य च क्ङित्यपि गुणो भवति। जेऊण। नेऊण। नेइ। नेन्ति। उड्डेइ। उड्डेन्ति। मोत्तूण। सोऊण। क्वचिन्न भवति। नीओ। उड्डीणो ॥

अर्थ —संस्कृत धातुओं के प्राकृत-रूपान्तर में 'क्ित अथवा ङित्' अर्थात कृदन्त वाचक और काल बोधक प्रत्ययों की संयोजना होने पर भी प्राकृत भाषा में धातुओं में रहे हुए 'इ वर्ण का और 'उ वर्ण' का गुण हो जाता है। जैसे —जित्वा = जेऊण = जीत करके। नीत्वा = नेऊण = ले जा करके। नयति = नेइ = वह ले जाता है। नयन्ति = नेन्ति = वे ले जाते हैं। 'डी' धातु का उदाहरण—उत् + डयते = उड्डयते = उड्डेइ = वह आकाश में उडता है। उत् + डयन्ते = उड्डयन्ते = उड्डेन्ति = वे आकाश में उड जाते हैं। इन उदाहरणों में 'जि' का जे', 'नी' का 'ने' तथा 'डी' का 'डे' स्वरूप प्रदर्शित करके यह बतलाया गया है कि इनमें 'इ वर्ण' के स्थान पर 'ए वर्ण' की गुण रूप से प्राप्ति हुई है। अब आगे 'उ वर्ण' के स्थान पर 'ओ वर्ण' की गुण रूप से प्राप्ति प्रदर्शित की जाती है। जैसे —मुक्त्वा = मोत्तूण = छोड़ कर के। श्रुत्वा = सोऊण = सुन कर के। यों 'इ' वर्ण का गुण 'ए' और 'उ' वर्ण का गुण 'ओ' होता है, इस स्थिति को ध्यान में रखना चाहिये।

कभी कभी ऐसा भी देखा जाता है जब कि इ' वर्ण के स्थान पर ए' वर्ण की और 'उ वर्ण' के स्थान पर 'ओ वर्ण की गुण प्राप्ति नहीं होती है। जैसे —नीत = नीओ = ले जाया हुआ। उड्डीनः = उड्डीणो = उड़ा हुआ। यहां पर 'नी' में स्थित और 'डी' में स्थित 'इ वर्ण' को 'ए वर्ण' के रूप में गुण प्राप्ति नहीं हुई है।

मूल सूत्र में उल्लिखित 'यु वर्ण' के आधार से 'इ वर्ण तथा 'उ वर्ण' की प्रतिध्वनि समझी जानी चाहिये और इसी प्रकार से वृत्ति में प्रदर्शित 'इ वर्ण' के आगे 'च वर्ण' के आधार से सूत्र संख्या ४-२३६ की शृङ्खलानुसार 'उ वर्ण' की संप्राप्ति समझी जानी चाहिये ॥ ४-२३७ ॥

## स्वराणां स्वरा॰ ॥ ४-२३८ ॥

धातुपु स्वराणा स्थाने स्वरा बहुलं भवन्ति ॥ हवइ । हिवइ ॥ चिणइ । चुणइ ॥ हण । सद्दहाण ॥ धावइ । धुवइ ॥ रुवइ । रोवइ ॥ क्वचिन्नित्यम् । देइ ॥ लेइ । निहेइ । मइ ॥ आर्षे । वेमि ॥

*अर्थ* —सस्कृत भापा की धातुओं में रहे हुए स्वरों क स्थान पर प्राकृत रूपान्तर में अन्य स्वरों आदेश प्राप्ति बहुलायत रूप से हुआ करती है। जैसे — (१) *भवति=हवइ* और *हिवइ*=वह होता (२) *चयति=चिणइ* और *चुणइ*=वह इकट्ठा करता है। (३) *श्रद्धान*=सद्दहण और *सद्दहाण*= द्वा अथवा विश्वास। (४) *धावति=धावइ* और *धुवइ*=वह दौडता है। (५) *रोदिति*=रुवइ और वइ=वह रोता है, वह रुदन करता है। इन उदाहरणों को देखने से विदित होता है कि सस्कृतीय तुओं में अवस्थित स्वरों के स्थान पर प्राकृत- भाषा में विभिन्न स्वरों की आदेश प्राप्ति हुई है, अन्य धातुओं के सबध में भी स्वयमेव कल्पना कर लेना चाहिये।

कभी कभी ऐसा भी पाया जाता है कि सस्कृतीय धातुओं में रहे हुए स्वरों के स्थान पर प्राकृत पान्तर में नित्य रूप से अन्य स्वर की उपलब्धि आदेश रूप से हो जाती है। जैसे —*ददाति* ( अथवा ते )=देइ=वह देता है, वह सौंपता है। *लाति*=लेइ=वह लेता है अथवा ग्रहण करता है। *बिभेति*= हेइ=वह डरता है, वह भय खाता है। *नश्यति*=*नासेइ*=वह नाश पाता है अथवा वह नष्ट होता ।

आर्ष प्राकृत म भी स्वरों के स्थान पर अन्य स्वरों की प्राप्ति देखी जाती है। जैसे —*ब्रवीमि*= मि=मैं कहता हू अथवा प्रतिपादन करता हू ॥ ४-२३८ ॥

## व्यञ्जनाददन्ते ॥ ४-२३९ ॥

व्यञ्जनान्ताद्धातोरन्ते अकारो भवति ॥ भमइ । हसइ । कुणइ । चुम्बइ । भणइ । वसमइ । पावइ । सिञ्चइ । रुन्धइ । मुसइ । हरइ । करइ ॥ शवादीनां च प्रायः प्रयोगो नास्ति ॥

*अर्थ* —जिन सस्कृत धातुओं क अन्त में हलन्त व्यञ्जन रहा हुआ है, ऐसी हलन्त व्यञ्जनान्त धातुओं के प्राकृत रूपान्तर में अन्त्य हलन्त व्यञ्जन में विकरण प्रत्यय के रूप से 'अकार' स्वर की आगम प्राप्ति हुआ करती है, यों व्यञ्जनान्त धातु प्राकृत भापा में अकारान्त धातु बन जाती हैं तथा तत्पश्चात इसी रीत म बनी हुई अकारान्त प्राकृत धातुओं में काल बोधक प्रत्ययों की सयोजना की जाती है। जैसे —भ्रम्=भम। हस्=हस। कुण्=कुण और चुम्ब=चुम्ब इत्यादि। क्रियापदीय उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—(१) *भ्रमति=भमइ*=वह घूमता है, वह परिभ्रमण करता है। (२) *हसति=हसइ*=वह

हँसता है। (३) करोति=कुणइ=वह करता है। (४) चुम्बति=चुम्बइ=वह चुम्बन करता है। (५) भणति=भणइ=वह पढ़ता है। वह कहता है। (६) उपशाम्यति=उवसमइ=वह शांत होता है या क्रोध रहित होता है। (७) प्राप्नोति=पावइ=वह पाता है। (८) सिञ्चति=सिंचइ=वह सींचता है। (९) रुणद्धि=रुन्धइ=वह रोकता है। (१०) मुष्णाति=मुसइ=वह चोरी करता है। (११) हरति=हरइ=वह हरण करता है। (१२) करोति=करइ=वह करता है। इन व्यञ्जनान्त धातुओं के अन्त में 'अकार' स्वर का आगम हुआ है। यों अन्यत्र व्यञ्जनान्त धातुओं के सम्बन्ध में भी 'अकार' आगम की स्थिति को ध्यान में रखना चाहिये। 'शप्' आदि अन्य विकरण प्रत्ययों का आगम प्राय प्राकृत भाषा की धातुओं में नहीं हुआ करता है॥ ४-२३९ ॥

## स्वरादनतो वा ॥ ४-२४० ॥

अकारान्तवर्जितात् स्वरान्ताद्धातोरन्ते अकारागमो वा भवति ॥ पाइ पाअइ। धाइ धाअइ। जाइ जाअइ। झाइ झाअइ। जम्भाइ जम्भाअइ। उव्वाइ उव्वाअइ। मिलाइ मिलाअइ। विक्केइ विक्केअइ। होऊण होअऊण। अनत इति किम्। चिइच्छइ। दुगुच्छइ॥

*अर्थ*—प्राकृत भाषा में अकारान्त धातुओं को छोड़ कर किसी भी अन्य स्वरान्त धातु के अन्त में काल बोधक प्रत्यय जोड़ने के पूर्व विकल्प से विकरण प्रत्यय के रूप में 'अकार' स्वर का आगम रूप से प्राप्ति हुआ करती है। यों अकारान्त धातु के सिवाय अन्य स्वरान्त धातु और काल बोधक प्रत्यय के बीच में 'अकार स्वर की प्राप्ति विकल्प रूप से हो जाया करता है। जैसे—*पाति*=*पाइ* अथवा *पाअइ*=वह रक्षण करता है। *धावति*=*धाइ* अथवा *धाअइ*=वह दौड़ता है। *याति*=*जाइ* अथवा *जाअइ*=वह जाता है। *ध्यायति*=*झाइ* अथवा *झाअइ*=वह ध्यान करता है। *जृम्भाति*=*जम्भाइ* अथवा *जम्भाअइ*=वह जम्हाई (जँभाई) लेता है। *उद्वाति*=*उव्वाइ* अथवा *उव्वाअइ*=वह सूखता है, वह शुष्क होता है। *म्लायति*=*मिलाइ* अथवा *मिलाअइ*=वह म्लान होता है, वह निस्तेज होता है। *विक्रीणाति*=*विक्केइ* अथवा *विक्केअइ*=वह बेचता है। *भूत्वा*=*होऊण* अथवा *होअऊण*=हो कर के। यों उपरोक्त उदाहरणों में अकारान्त धातु के सिवाय अन्य स्वरान्त धातुओं का प्रयोग करके 'धातु तथा प्रत्यय' के बीच में 'अकार' स्वर का आगम विकल्प से प्रदर्शित किया गया है कि इस आगम रूप से प्राप्त 'अकार' स्वर के आजाने से भी अर्थ में कोई अन्तर नहीं आता है। इस प्रकार की स्थिति को अन्यत्र भी समझ लेना चाहिये।

*प्रश्न*,—'अकारान्त धातुओं में' उक्त रीति से प्राप्तव्य आगम रूप 'अकार' स्वर की प्राप्ति का निषेध क्यों किया गया है?

उत्तर—प्राकृत-भाषा का रचना प्रवाह ही ऐसा है कि अकारान्त धातु और काल बोधक त्ययों के बीच में कभी कभी आगम रूप से 'अकार' स्वर की प्राप्ति नहीं होती है और इस लिये कारान्त धातुओं को छोड़ कर के, अन्य स्वरान्त धातुओं के लिये ही विकल्प से 'अकार' रूप स्वर आगम प्राप्ति का विधान किया गया है। जैसे—*चिकित्सति* का '*चिइच्छइ*' ही प्राकृत-रूपान्तर गा, न कि 'चिइच्छअइ' होगा। इसी प्रकार से जुगुप्सति का प्राकृत रूपान्तर 'दुगुच्छइ' ही होगा, न 'दुगुच्छअइ' होगा। दोनों उदाहरणों का हिन्दी अर्थ क्रम से इस प्रकार है—(१) वह दवा करता और (२) वह घृणा करता है, वह निंदा करता है॥ ४-२४०॥

## चि-जि-श्रु-हु-स्तु-लू-पू-धूगां णो ह्रस्वश्च ॥ ४-२४१ ॥

च्यादीनां धातूनामन्ते णकारागमो भवति, एषां स्वरस्य च ह्रस्वो भवति॥ चि। णइ। जि। जिणइ। श्रु। सुणइ। हु। हुणइ। स्तु। थुणइ। लू। लुणइ। पू। पुणइ। । धुणइ॥ बहुलाधिकारात् क्वचित् विकल्पः। उच्चिणइ। उच्चेइ। जेऊण। जिणिऊण। इ। जिणइ॥ सोऊण। सुणिऊण॥

*अर्थ*—'(१) चि=(चय)=इकट्ठा करना, (२) जि=(जय्)=जीतना, (३) श्रु=सुनना, (४) हु=हवन करना, (५) स्तु=स्तुति करना, (६) लू=लूणना, छेदना, (७) पू=पवित्र करना, और (८) धू=धुनना कपना' इन संस्कृतीय धातुओं के प्राकृत रूपान्तर में काल-बोधक प्रत्ययों को जोड़ने के 'णकार' व्यञ्जनाक्षर की आगम प्राप्ति होती है तथा धातु के अन्त में यदि दीर्घ स्वर रहा हुआ हो उसको ह्रस्व स्वर की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार की स्थिति से इनका प्राकृत- रूपान्तर यों हो जाता है—(१) चिण, (२) जिण, (३) सुण, (४) हुण, (५) थुण (६) लुण, (७) पुण और (८) धुण, क्रियापदीय उदाहरण क्रम से यों है—*(१) चिनोति=चिणइ*=वह इकट्ठा करता है, *(२) जयति*= *जिणइ*=वह जीतता है, *(३) शृणोति=सुणइ*=वह सुनता है, *(४) जुहोति=हुणइ*=वह हवन करता है, *(५) स्तौति=थुणइ*=वह स्तुति करता है *(६) लुनाति=लुणइ*=वह लूणता है, वह काटता है, *(७) पुनाति=पुणइ*=वह पवित्र करता है और *(८) धुनाति=धुणइ*=वह धुनता है, वह कंपता है।

'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से कहीं कहीं पर प्राकृत रूपान्तर में उक्त धातुओं में प्राप्तव्य णकार' व्यञ्जनाक्षर की आगम प्राप्ति विकल्प से भी होती है। जैसे—*उच्चिनोति=उच्चिणइ* अथवा *उच्चेइ*=वह (फूल आदि को तोड़कर) इकट्ठा करता है। *जित्वा=जेऊण* अथवा *जिणिऊण*=जीत करके, विजय प्राप्त करके। *श्रुत्वा=सोऊण* अथवा *सुणिऊण*=सुन करके, श्रवण करके। इन उपरोक्त उदाहरणों में 'णकार' व्यञ्जनाक्षर की आगम प्राप्ति विकल्प से हुई है। यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

## न वा कर्म-भावे व्व क्यस्य च लुक् ॥ ४-२४२ ॥

च्यादीना कर्मणि भावे च वर्तमानानामन्ते द्विरुक्तो वकारागमो वा भवति, तत्संनियोगे च क्यस्य लुक्॥ चिव्वइ चिणिज्जइ। जिव्वइ जिणिज्जइ। सुव्वइ सुणिज्जइ। हुव्वइ हुणिज्जइ। थुव्वइ थुणिज्जइ। लुव्वइ लुणिज्जइ। पुव्वइ पुणिज्जइ। धुव्वइ धुणिज्जइ॥ एवं भविष्यति। चिव्विहिइ। इत्यादि॥

*अर्थ*—संस्कृत-भाषा में कर्म वाच्य तथा भाव वाच्य बनाने के लिये धातुओं में आत्मनेपदीय काल बोधक प्रत्यय जोड़ने के पूर्व जैसे 'यक्' = य' प्रत्यय जोड़ा जाता है, वैसे ही प्राकृत भाषा में भी कर्म वाच्य तथा भाव वाच्य बनने के लिये धातुओं में काल बोधक प्रत्यय जोड़ने के पूर्व 'ईअ' अथवा 'इज्ज' प्रत्यय जोड़े जाते हैं, यह एक सर्व सामान्य नियम है, परन्तु 'चि, जि, सु, हु, थु, लु, पु, और धु' इन आठ धातुओं में उपरोक्त कर्मणि भाव प्रयोग वाचक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' के स्थान पर द्वित्व अर्थात् द्वित्व 'व्व' की प्राप्ति भी विकल्प से होती है और तत्पश्चात् वर्तमानकाल, भविष्यकाल आदि के काल बोधक प्रत्यय जोड़े जाते हैं। यों 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप होकर इनके स्थान पर केवल 'व्व' प्रत्यय की विकल्प से आदेश प्राप्ति हो जाती है।

वृत्ति में 'च क्यस्य लुक' ऐसे जो शब्द लिखे गये हैं, इनमें 'च' अव्यय से यह तात्पर्य बतलाया गया है कि इन धातुओं में व्व' प्रत्यय जुड़ने पर सूत्र संख्या ४-२४१ से प्राप्त होने वाले 'णकार' व्यञ्जनाक्षर की आगम प्राप्ति भी नहीं होगी। 'क्यस्य' पद से यह विधान किया गया है कि 'ईअ और इज्ज' प्रत्ययों का भी लोप हो जायगा। ऐसा अर्थ बोध 'लुक्' विधान से जानना।

उपरोक्त आठों ही धातुओं के उभय स्थिति वाचक उदाहरण वर्तमान काल में क्रम से इस प्रकार हैं—(१) *चीयते = चिव्वइ* अथवा *चिणिज्जइ* = उससे इकट्ठा किया जाता है। (२) *जीयते = जिव्वइ* अथवा *जिणिज्जइ* = उससे जीता जाता है। (३) *श्रूयते=सुव्वइ* अथवा *सुणिज्जइ* = उससे सुना जाता है। (४) *स्तूयते = थुव्वइ* अथवा *थुणिज्जइ* = उससे स्तुति की जाती है। (५) *हूयते = हुव्वइ* अथवा *हुणिज्जइ* = उससे हवन किया जाता है। (६) *लूयते=लुव्वइ* अथवा *लुणिज्जइ* = उससे लूणा जाता है और उससे काटा जाता है। (७) *पूयते=पुव्वइ* अथवा *पुणिज्जइ*=उससे पवित्र किया जाता है और (८) *धूयते = धुव्वइ* अथवा *धुणिज्जइ* = उससे धुना जाता है अथवा उससे कंपा जाता है।

इन उदाहरणों को ध्यान पूर्वक देखने से विदित होता है कि 'जहां पर व्व प्रत्यय का आगम है वहां पर ण और इज्ज का लोप है तथा जहां पर ण और इज्ज प्रत्यय हैं वहां पर व्व प्रत्यय नहीं है।

भविष्यत् काल में भी ऐसे ही उदाहरण स्वयमेव कल्पित कर लेना चाहिये। विस्तार भय से केवल नमूना रूप एक उदाहरण वृत्ति में दिया गया है, जो कि इस प्रकार है—*चीयिष्यते=चिव्विहिइ*

थवा चिणीआहिइ) = उससे इकट्ठा किया जायगा। अन्य ऐसे ही उदाहरणों के संबंध में वृत्ति में 'दि' शब्द से यह भलामण दी गई है की बाकि के उदाहरणों को स्वयम् ही सोच लें ॥ ४-२४२ ॥

## म्मश्चेः ॥ ४-२४३ ॥

चग कर्मणि भावे च अन्ते संयुक्तो मो वा भवति ॥ तत्संनियोगे क्यस्य च लुक् ॥ म्मइ। चिव्वइ। चिणिज्जइ। भविष्यति। चिम्मिहिइ। चिव्विहिइ। चिणिज्जिहिइ ॥

अर्थ —'इकट्ठा करना' अर्थक धातु 'चि' के कर्मणिभावे प्रयोग में काल बोधक प्रत्यय जोड़ने वें विकल्प से संयुक्त अर्थात द्वित्व 'म्म' की आगम प्राप्ति विकल्प से होती है और ऐसा होने पर णभावे प्रयोग बोधक प्रत्यय 'व्व' अथवा 'ईअ' अथवा 'इज्ज' का लोप हो जाता है। यों 'चि' में 'म्म, व्व, ईअ, इज्ज' इन चारों प्रत्ययों में से किसी भी एक का प्रयोग कर्मणि भावे अर्थ में किया सकता है। परन्तु यह ध्यान मे रहे कि 'म्म अथवा व्व' प्रत्यय का सद् भाव होने पर सूत्र संख्या ४१ मे प्राप्त होने वाले णकार' व्यञ्जनाक्षर की प्राप्ति नहीं होगी। ऐसा बोध वृत्ति में दिये गये अन्वय स जानना (उदाहरण इस प्रकार है —*चीयते=चिम्मइ, चिव्वइ, चिणिज्जइ* अथवा *णीअइ*=उससे इकट्ठा किया जाता है। भविष्यत् काल संबंधी उदाहरण इस प्रकार हैं —*चीयिष्यते= म्मिहिइ, चिव्विहिइ, चिणिज्जिहिइ,* (अथवा *चिणीआहिइ*)=उससे इकट्ठा किया जायगा। ही के उदाहरण खुद ही जान लेना ॥ ४-२४३ ॥

## हन्खनोन्त्यस्य ॥ ४-२४४ ॥

अनयोः कर्म भावे न्त्यस्य द्विरुक्तो मो वा भवति ॥ तत्संनियोगे क्यस्य च लुक् ॥ इ, हणिज्जइ। खम्मइ, खणिज्जइ। भविष्यति। हम्मिहिइ, हणिहिइ। खम्मिहिइ। हिइ ॥ बहुलाधिकारात् हन्तेः कर्तर्यपि ॥ हम्मइ। हन्तीत्यर्थः ॥ क्वचिन्न भवति ॥ न्ते। हन्तूण। हओ ॥

अर्थ —संस्कृत धातु "हन् और खन्' के प्राकृत-रूपान्तर में कर्मणि भावे प्रयोग में अन्त्य हलन्त कार" व्यञ्जनाक्षर के स्थान पर द्विरुक्त अर्थात् द्वित्व 'म्म" की विकल्पसे आदेश प्राप्ति होती है र इस प्रकार द्वित्व "म्म" की आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि भावे बोधक प्राकृत प्रत्यय "ईअ और ज' का लोप हो जाता है। जहाँ पर द्वित्व "म्म" की प्राप्ति नहीं होगी वहाँ पर कर्मणि-भावे बोधक य "ईअ अथवा इज्ज' का सद्भाव रहेगा। जैसे —*हन्यते=हम्मइ* अथवा *हणिज्जइ*=वह मारा ता है। *खन्यते=खम्मइ* अथवा *खणिज्जइ* वह खोदा जाता है। *भविष्यत्*-कालीन उदाहरण यों —*हनिष्यते= हम्मिहिइ*=वह मारा जायगा। *हनिष्यति, [हनिष्यते]=हणिहिइ*=वह मारेगा

## समनूपाद्रुधेः ॥ ४–२४८ ॥

समनूपेभ्यः परस्य रुधेरन्त्यस्य कर्म-भावे ज्झो वा भवति ॥ तत्सन्नियोगे क्यस्य लुक् ॥ संरुज्झइ । अणुरुज्झइ । उवरुज्झइ । पक्षे । संरुन्धिज्जइ ॥ अणुरुन्धिज्जइ । उवरुन्धि॰ भविष्यति । संरुज्झिहिइ । संरुन्धिहिइ । इत्यादि ॥

*अर्थ* —'सं, अनु, और उप' उपसर्गों में से कोई भी उपसर्ग साथ में हो तो 'रुध=रुन्ध' के अन्त्य अवयव रूप 'न्ध' के स्थान पर कर्मणि भावे प्रयोगार्थ में विकल्प से 'ज्झ' अवयव रूप की आदेश प्राप्ति होती है। तथा इस प्रकार से 'ज्झ' की आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि भावे प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप हो जाता है। यों 'न्ध' के स्थान पर 'ज्झ' की आदेश प्राप्ति ना वहां पर 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्यय का सद्भाव अवश्यमेव रहेगा। जैसे —*संरुध्यते=संरुज्झइ* अथवा *संरुन्धिज्जइ*=रोका जाता है, अटकाया जाता है। *अनुरुध्यते=अणुरुज्झइ* अथवा *अणुरुन्धि॰* अनुरोध किया जाता है, प्रार्थना की जाती है अथवा अधीन हुआ जाता है, सुप्रसन्नता का है। *उपरुध्यते=उवरुज्झइ* अथवा *उवरुन्धिज्जइ*=रोका जाता है, अड़चने डाली जाती है प्रतिबन्ध किया जाता है। भविष्यत कालीन दृष्टान्त यों है —*संरुन्धिष्यते=संरुज्झिहिइ* अथवा *संरुन्धिहिइ*=रोका जायगा, अटकाया जायगा। इत्यादि रूप से शेष प्रयोगों को स्वयमेव समझ लेना चाहिये। 'संरुन्धिहिइ क्रियापद भविष्यत कालीन होकर कर्मणि भावे अर्थ में बतलाया जाने पर भी 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप विधान सूत्र संख्या ३-१६० की वृत्ति से किया गया है, इसको नहीं भूलना चाहिये ॥ ४-२४८ ॥

## गमादीनां द्वित्वम् ॥ ४–२४९ ॥

गमादीनामन्त्यस्य कर्म-भावे द्वित्वं वा भवति ॥ तत्सन्नियोगे क्यस्य च लुक् ॥ गम् । गम्मइ । गमिज्जइ ॥ हस् । हस्सइ । हसिज्जइ ॥ भण् । भण्णइ । भणिज्जइ ॥ छुप् । छुप्पइ । छुविज्जइ ॥ रुद-नमो र्वः (४-२२६) इति कृतवकारादेशो रुदिरत्र पठ्यते । रुव् । रुव्वइ । रुविज्जइ ॥ लभ् । लब्भइ । लहिज्जइ ॥ कथ् । कत्थइ । कहिज्जइ । भुज् । भुज्जइ । भुञ्जिज्जइ । भविष्यति । गम्मिहिइ । गमिहिइ । इत्यादि ॥

*अर्थ* —'गम, हस, भण, छुप' आदि कुछ एक प्राकृत धातुओं के कर्मणि भावे अर्थक प्रयोगों में इन धातुओं के अन्त्य अक्षर को द्वित्व अक्षर की प्राप्ति विकल्प से हो जाता है। यों द्वित्व रूपता की प्राप्ति होने पर कर्मणि भावे बोधक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप हो जाता है। जहाँ पर 'ईअ अथवा इज्ज प्रत्ययों का सद्भाव रहेगा वहाँ पर उक्त द्वित्व रूपता की प्राप्ति नहीं हो सकेगी। यों दोनों में से

ो द्वित्व अक्षरत्व रहेगा अथवा 'ईअ या इज्ज' प्रत्यय ही रहेगा। जैसे —*गम्यते=गम्मइ* अथवा *गमिज्जइ*=जाया जाता है। *(२) हस्यते=हस्सइ* अथवा *हसिज्जइ*=हँसा जाता है। *(३) भण्यते=भण्णइ* अथवा *भणिज्जइ*=कहा जाता है, बोला जाता है। *(४) छुप्यते=छुप्पइ* अथवा *छुविज्जइ*=स्पर्श किया जाता है।

सूत्र-संख्या ४-२२६ में विधान किया गया है कि 'रुद् और नम्' धातुओं के अन्त्य अक्षर को 'वकार' अक्षर की आदेश प्राप्ति हो जाती है। तदनुसार यहां पर संस्कृतीय धातु 'रुद्' को 'रुव' रूप प्रदान करके इसका उदाहरण दिया जा रहा है। *(५) रुद्यते=रुव्वइ* अथवा *रुविज्जइ*=रोया जाता है रुदन किया जाता है। *(६) लभ्यते=लब्भइ* अथवा *लहिज्जइ*=प्राप्त किया जाता है। *(७) कथ्यते=कत्थइ* अथवा काहिज्जइ=कहा जाता है। इन 'लभ् और कथ' धातुओं में इसी सूत्र से प्रथम बार तो 'द्वित्व, भ्भ और थ्थ' की प्राप्ति हुई है और पुनः सूत्र संख्या २-९० से 'ब्भ तथा त्थ' की प्राप्ति होने से उपरोक्त उदाहरणों में 'लब्भ तथा कत्थ' ऐसा स्वरूप प्रदर्शित किया गया है। *(८) भुज्यते=भुज्जइ* अथवा *भुजिज्जइ*=खाया जाता है, भोगा जाता है। यहाँ पर 'भुज्' को 'भुज्' की प्राप्ति सूत्र संख्या ४-११० से हुई है, यह ध्यान में रखना चाहिये।

भविष्यत् काल का दृष्टान्त इस प्रकार से है —*गमिष्यते=गम्मिहिइ* अथवा *गमिहिइ*=जाया जायगा, इत्यादि रूप से समझ लेना चाहिये ॥ ४-२४९ ॥

## हृ-कृ-तृ-ज्रामीरः ॥ ४-२५० ॥

एषामन्त्यस्य ईर इत्यादेशो वा भवति ॥ तत्संनियोगे च क्य-लुक् ॥ हीरइ। हरिज्जइ ॥ कीरइ। करिज्जइ ॥ तीरइ। तरिज्जइ। जीरइ। जरिज्जइ ॥

अर्थः—प्राकृत-भाषा में (१) हरना, चोरना' अर्थक धातु 'हृ' के, (२) 'करना' अर्थक धातु 'कृ' के, (३) 'तरना, पार पाना' अर्थक धातु 'तृ' के, और (४) 'जीर्ण होना' अर्थक धातु 'जृ' के कर्मणि भावे प्रयोग में अन्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'ईर' अक्षरावयव की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है, अर्थात् 'हृ का हीर, कृ का कीर, तृ का तीर, और जृ का जीर हो जाता है और ऐसा होने पर कर्मणि भावे प्रयोगार्थक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप हो जाता है। यों जहाँ पर इन धातुओं में 'ईअ अथवा इज्ज' का सद्भाव है वहाँ पर इन धातुओं के अन्त्य स्वर 'ऋ' के स्थान पर 'ईर' आदेश की प्राप्ति नहीं होती है। 'ईर' आदेश की प्राप्ति होने पर ही 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप होता है, यह स्थिति वैकल्पिक है उक्त चारों प्रकार की धातुओं के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं।—*ह्रियते=हीरइ* अथवा हरिज्जइ=हरण किया जाता है अथवा चुराया जाता है। *[२] क्रियते=कीरइ* अथवा करिज्जइ=किया जाता है। *[३] तीर्यते=तीरइ* अथवा *तरिज्जइ*=तैरा जाता है, पार पाया

जाता है, और [४] जीर्यते = जीरइ अथवा जरिज्जइ = जीर्ण हुआ जाता है। कर्मणि-भाव प्रयोग में उक्त चारों धातुओं की या उभय स्थिति को सम्यक् प्रकार से समझ लेना चाहिये ॥ ४-२५० ॥

## अर्जेर्विढप्पः ॥ ४-२५१ ॥

अन्त्यस्येति निवृत्तम्। अर्जेर्विढप्प इत्यादेशो वा भवति ॥ तत्संनियोगे क्यस्य च लुक् ॥ विढप्पइ। पक्षे। विढविज्जइ। अज्जिज्जइ ॥

*अर्थ*—उपरोक्त सूत्र संख्या ४-२५० तक अनेक धातुओं के अन्त्याक्षर को आदेश प्राप्ति होती रही है, परन्तु अब इस सूत्र से आगे के सूत्रों में धातुओं के स्थान पर वैकल्पिक रूप से अन्य धातुओं को आदेश प्राप्ति का सविधान किया जाने वाला है, इस लिये अब यहाँ से अर्थात् इस सूत्र से 'अन्त्य' अक्षर की आदेश प्राप्ति का सविधान समाप्त हुआ जानना। ऐसा उल्लेख इस सूत्र की वृत्ति के आदि शब्द से समझना चाहिये।

'उपार्जन करना, पैदा करना' अर्थक संस्कृत धातु 'अर्ज' का प्राकृत रूपान्तर 'अज्ज' होता है, परन्तु इस प्राकृत-धातु 'अज्ज' के स्थान पर कर्मणि भावे-प्रयोगार्थ में प्राकृत भाषा में विकल्प से 'विढप्प अथवा विढव' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है और ऐसी आदेश प्राप्ति विकल्प से होने पर कर्मणि भावे बोधक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप हो जाता है। यों इन 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप होने पर ही 'विढप्प अथवा विढव' धातु रूप की विकल्प से आदेश प्राप्ति जानना। तत्पश्चात्-काल बोधक प्रत्ययों की इस आदेश प्राप्त धातु रूप में संयोजना की जाती है।

जहाँ पर 'अर्ज' का प्राकृत रूपान्तर 'अज्ज' ही यदि रहेगा तो कर्मणि भावे प्रयोगार्थ में इस 'अज्ज' धातु में 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्यय की संयोजना करके तत्पश्चात् ही काल बोधक प्रत्ययों की संयोजना की जा सकेगी। जैसे —अर्ज्यते = विढप्पइ (अथवा विढवइ) अथवा अज्जिज्जइ = उपार्जन किया जाता है, पैदा किया जाता है। यों 'विढप्प अथवा विढव' में 'ईअ, इज्ज' प्रत्यय का लोप है जब कि 'अज्ज' में 'इज्ज' प्रत्यय का सद्भाव है।

'बहुलम्' सूत्र के अधिकार से कहीं कहीं पर 'विढव' आदेश प्राप्त धातु में भी 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्यय का सद्भाव देखा जाता है। जैसा कि वृत्ति में उदाहरण दिया गया है कि—अर्ज्यते = विढविज्जइ = पैदा किया जाता है, उपार्जन किया जाता है ॥ ४-२५१ ॥

## ज्ञो णव्व-णज्जौ ॥ ४-२५२ ॥

ज्ञानातः कर्म-भावे णव्व णज्ज इत्यादेशो वा भवतः । तत्सनियोगे क्यस्य च लुक् ॥ णव्वइ, णज्जइ । पक्षे । जाणिज्जइ । मुणिज्जइ ॥ म्न ज्ञो र्णः ॥ (२-४२) इति णादेशे तु । णाइज्जइ ॥ नञ्पूर्वकस्य । अणाइज्जइ ॥

*अर्थ* -'जानना' अर्थक संस्कृत धातु 'ज्ञा' के प्राकृत रूपान्तर में कर्मणि भावे प्रयोग में 'ज्ञा' के स्थान पर 'णव्व और णज्ज' ऐसे दो धातु रूपों को विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। यों आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि भावे अर्थ बोधक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप हो जाता है और केवल 'णव्व अथवा णज्ज' में काल बोधक प्रत्यय जोड़ने मात्र से ही कर्मणि भावे बोधक-अर्थ की उत्पत्ति हो जाती है। दोनों के क्रम से उदाहरण यों हैं —ज्ञायते = णव्वइ अथवा णज्जइ = जाना जाता है।

सूत्र संख्या ४-२४२ से प्रारम्भ करके सूत्र संख्या ४-२५७ तक कुछ एक धातुओं के कर्मणि भाव-अर्थ में नियमों का संविधान किया जा रहा है और इस सिलसिले में 'क्यस्य च लुक' ऐसे शब्दों का भी प्रयोग किया जा रहा है, तदनुसार 'क्य=य' प्रत्यय संस्कृत भाषा में कर्मणि भावे अर्थ में धातुओं के मूल स्वरूप में ही जोड़ा जाता है और इसी 'क्य = य' प्रत्यय के स्थान पर प्राकृत-भाषा में सूत्र संख्या ३-१६० से 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्यय की प्राकृत धातु में संयोजना करके कर्मणि भाव-अर्थक प्रयोग का निर्माण किया जाता है, परन्तु कुछ एक धातुओं में इस 'य' प्रत्यय बोधक 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप हो जाने पर भी कर्मणि भावे अर्थ प्रकट हो जाता है, ऐसा 'क्य च लुक्' शब्दों से समझना चाहिये।

ऊपर 'ज्ञा' धातु के 'णव्व और णज्ज' रूपों की आदेश प्राप्ति वैकल्पिक बतलाई गई है, अतः पक्षान्तर में 'ज्ञा धातु के सूत्र संख्या ४-७ से जाण और मुण' प्राकृत धातु रूप होने से इन के कर्मणि भावे अर्थ में क्रियापदीय रूप यों होंगे —*ज्ञायते = जाणिज्जइ* अथवा *मुणिज्जइ* = जाना जाता है। 'णव्वइ तथा णज्जइ' में 'इज्ज' प्रत्यय का लोप है, जब कि 'जाणिज्जइ और मुणिज्जइ' में 'इज्ज' प्रत्यय का सद्भाव है, इस अन्तर को ध्यान में रखना चाहिये। किन्तु इन चारों क्रियापदों का अर्थ तो 'जाना जाता है' ऐसा एक ही है।

सूत्र संख्या २-४२ से ज्ञा' के स्थान पर 'णा' रूप की भी आदेश प्राप्ति होती है और ऐसा होने पर 'ज्ञायते' का एक प्राकृत रूपान्तर 'णाइज्जइ ऐसा भी होता है। 'णाइज्जइ' का अर्थ भी 'जाना जाता है' ऐसा ही होगा। यदि 'नहीं' अर्थक प्रत्यय 'न अथवा अ' 'ज्ञा' धातु में जुड़ा हुआ होगा तो इसके क्रियापदीय रूप यों होंगे'—*न ज्ञायते=अज्ञायते = अणाइज्जइ* = नहीं जाना जाता है। यों 'ज्ञा' धातु के प्राकृत भाषा में कर्मणि भावे-अर्थ में क्रियापदीय-स्वरूप जानना चाहिये ॥ ४-२५२ ॥

## व्याहृगे र्वाहिप्पः ॥ ४-२५३ ॥

व्याहरतेः कर्म-भावे वाहिप्प इत्यादेशो वा भवति ॥ तत्संनियोगे क्यस्य च लुक् ॥ वाहिप्पइ । वाहरिज्जइ ॥

*अर्थ*—'बोलना, कहना अथवा आह्वान करना' अर्थक संस्कृत धातु 'व्या+हृ' का प्राकृत रूपान्तर 'वाहर' होता है, परन्तु कर्मणि भावे प्रयोग में उक्त धातु 'व्याहृ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'वाहिप्प' ऐसे धातु रूप की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है, तथा ऐसी वैकल्पिक आदेश प्राप्ति होने पर प्राकृत-भाषा में कर्मणि भावे प्रयोग अर्थक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप हो जाता है। यों जहाँ पर 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप हो जायगा वहाँ पर 'व्याहृ' के स्थान पर 'वाहिप्प' का प्रयोग होगा और जहाँ पर 'ईअ अथवा इज्ज' का लोप नहीं होगा वहाँ पर 'व्याहृ' के स्थान पर 'वाहर' का प्रयोग होगा। जैसे—*व्याह्रियते=वाहिप्पइ अथवा वाहरिज्जइ*=बोला जाता है, कहा जाता है अथवा आह्वान किया जाता है ॥ ४-२५३ ॥

## आरभेराढप्पः ॥ ४–२५४ ॥

आङ् पूर्वस्य रभेः कर्म-भावे आढप्प इत्यादेशो वा भवति। क्यस्य च लुक् ॥ आढप्पइ । पक्षे । आढवीअइ ॥

*अर्थ*—'आ' उपसर्ग सहित 'रभ्' धातु संस्कृत भाषा में उपलब्ध है, इसका अर्थ 'आरम्भ करना, शुरू करना' ऐसा होता है। इस 'आरम्भ' धातु का प्राकृत रूपान्तर 'आढव' होता है, परन्तु कर्मणि भावे प्रयोग में संस्कृत धातु 'आरभ' के स्थान पर प्राकृत भाषा में, 'आढप्प' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति विकल्प से हो जाती है, तथा ऐसी वैकल्पिक आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि-भाव प्रयोग अर्थक प्रत्यय 'ईअ अथवा इज्ज' का प्राकृत रूपान्तर में लोप हो जाता है। यों जहाँ पर 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप हो जायगा वहाँ पर 'आ+रभ्' के स्थान पर 'आढप्प' का प्रयोग होगा और जहाँ पर 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप नहीं होगा वहाँ पर 'आरभ' के स्थान पर 'आढव' धातु रूप का उपयोग किया जायगा। जैसे—*आरभ्यते=आढप्पइ अथवा आढवीअइ*=आरंभ किया जाता है, शुरु किया जाता है ॥ ४-२५४ ॥

## स्निह–सिचोः सिप्पः ॥ ४–२५५ ॥

अनयोः कर्म-भावे सिप्प इत्यादेशो भवति, क्यस्य च लुक् ॥ सिप्पइ । स्निह्यते सिच्यते वा ॥

*अर्थ*—'प्रीति करना, स्नेह करना' अर्थक संस्कृत धातु 'स्निह्' के और 'सींचना, छिड़कना' अर्थक संस्कृत धातु 'सिच्' के स्थान पर कर्मणि भावे प्रयोगार्थ में प्राकृत रूपान्तर में 'सिप्प' धातु रूप

आदेश प्राप्ति होती है, और ऐसी आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि-भावे प्रयोग वाचक प्राकृत प्रत्यय "ईअ अथवा इज्ज" का लोप हो जाता है। उदाहरण यों है —(१) *स्निह्यते=सिप्पइ*=प्रीति की जाती है, स्नेह किया जाता है। (२) *सिच्यते=सिप्पइ*=सींचा जाता है, छिटका जाता है। यों "स्निह" और "सिच" दोनों धातुओं के स्थान पर "सिप्प" इस एक ही धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है परन्तु दोनों अर्थ प्रसंगानुसार समझ लिये जाते हैं ॥ ४-२५५ ॥

## ग्रहे र्घेप्पः ॥ ४-२५६ ॥

ग्रहेः कर्म भावे घेप्प इत्यादेशो वा भवति, क्यस्य च लुक् ॥ घेप्पइ । गिण्हिज्जइ ॥

*अर्थ* —"ग्रहण करना, लेना" अर्थक संस्कृत धातु "ग्रह" का प्राकृत रूपान्तर "गिण्ह" होता है, किन्तु कर्मणि-भावे प्रयोग में इस "ग्रह" धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में "घेप्प" ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है, तथा ऐसी वैकल्पिक आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि भावे अर्थ बोधक प्रत्यय "ईअ अथवा इज्ज" का प्राकृत रूपान्तर में लोप हो जाता है, यों जहाँ पर "ईअ अथवा इज्ज" प्रत्ययों का लोप हो जायगा वहाँ पर "ग्रह" के स्थान पर "घेप्प" का प्रयोग होगा और जहाँ पर "ईअ अथवा इज्ज" प्रत्ययों का लोप नहीं होगा वहाँ पर "ग्रह" के स्थान पर "गिण्ह" धातु रूप का उपयोग किया जायगा। जैसे —*गृह्यते=घेप्पइ* अथवा *गिण्हिज्जइ* (अथवा *गिण्हीअइ*) = ग्रहण किया जाता है, लिया जाता है ॥ ४-२५६ ॥

## स्पृशे श्छिप्पः ॥ ४-२५७ ॥

स्पृशतेः कर्म-भावे छिप्पादेशो वा भवति, क्यलुक् च ॥ छिप्पइ । छिविज्जइ ॥

*अर्थ* —"छूना, स्पर्श करना" अर्थक संस्कृत धातु "स्पृश" का प्राकृत रूपान्तर "छिव" होता है, किन्तु कर्मणि-भावे प्रयोग में इस "स्पृश" धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में "छिप्प" ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है, तथा ऐसी वैकल्पिक आदेश प्राप्ति होने पर कर्मणि भावे अर्थ बोधक प्रत्यय "ईअ अथवा इज्ज" का प्राकृत रूपान्तर में लोप हो जाता है, यों जहाँ पर "ईअ अथवा इज्ज" प्रत्ययों का लोप हो जायगा वहाँ पर 'स्पृश' के स्थान पर 'छिप्प' धातु रूप का प्रयोग होगा और जहाँ पर 'ईअ अथवा इज्ज' प्रत्ययों का लोप नहीं होगा वहाँ पर 'स्पृश' के स्थान पर 'छिव' धातु रूप का प्रयोग किया जायगा। दोनों प्रकार के दृष्टान्त यों है —*स्पृश्यते=छिप्पइ* अथवा *छिविज्जइ* (अथवा) *छिवीअइ*=छूआ जाता है, स्पर्श किया जाता है ॥ ४-२५७ ॥

## क्तेनाप्फुण्णादयः ॥ ४-२५८ ॥

अप्फुण्णादयः शब्दा आक्रमि प्रभृतीनां धातुनाम् स्थाने क्तेन सह वा निपात्यन्ते ॥ अप्फुण्णो । आक्रान्तः ॥ उक्कोसं । उत्कृष्टम् ॥ फुडं । स्पष्टम् ॥ वोलीणो । अतिक्रान्तः । वोसट्टो । विकसितः ॥ निसुट्टो । निपातित ॥ लुग्गो । रुग्ण ॥ ल्हिक्को । नष्टः ॥ पम्हुट्ठो । प्रमृष्टः प्रमुषितो वा ॥ विढत्तं । अर्जितम् ॥ छित्तं । स्पृष्टम् ॥ निमिअं । स्थापितम् ॥ चक्खिअं । आस्वादितम् ॥ लुअं । लूनम् ॥ जढं । त्यक्तम् ॥ झोसिअं । क्षिप्तम् ॥ निच्छूढं । उद्वृत्तम् ॥ पल्हत्थं पलोट्टं च ॥ पर्यस्तम् । हीसमणं ॥ हेषितम् । इत्यादि ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में धातुओं के अन्त में 'तकार'='क्त' प्रत्यय के जोड़ने से कर्मणि भूत कृदन्त के रूप बनजाते हैं और तत्पश्चात ये बने बनाये शब्द 'विशेषण' जैसी स्थिति को प्राप्त कर लेते हैं एवं संज्ञा शब्दों के समान ही इनके रूप भी विभिन्न विभक्तियों में तथा वचनों में चलाये जा सकते हैं। जैसे—गम् से गत=गया हुआ। मन् से मत=माना हुआ। इत्यादि।

प्राकृत-भाषा में भी इसी तरह से कर्मणि भूत-कृदन्त के अर्थ में संस्कृत भाषा के समान धातुओं में 'क्त=त' के स्थान पर 'अ' प्रत्यय की संयोजना की जाती है। जैसे —*गत* =गओ=गया हुआ। *मत* =मओ=माना हुआ।

अनेक धातुओं में 'त = अ' प्रत्यय जोड़ने के पूर्व इन धातुओं के अन्त्य स्वर 'अकार' को 'इकार' की प्राप्ति हो जाती है, जैसे —*पठितम्*=*पढिअं*=पढ़ा हुआ। *श्रुतम्*=*सुणिअं*=सुना हुआ यों रूप बन जाने पर इनके अन्य रूप भी विभिन्न विभक्तियों में बनाये जा सकते हैं।

उपरोक्त सविधान का प्रयोग किये बिना भी प्राकृत भाषा में अनेक शब्द ऐसे हैं जो कि बिना प्रत्ययों के ही कर्मणि भूत कृदन्त के अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। ऐसे शब्दों की यह स्थिति 'देशज' होती है और ये 'निपात से सिद्ध हुए' माने जाते हैं विभिन्न विभक्तियों में तथा दोनों वचनों में इन शब्दों के रूप चलाये जा सकते हैं। ऐसे शब्द 'विशेषण की कोटि' को प्राप्त कर लेते हैं, इस लिये ये तीनों लिंगों में प्रयुक्त किये जा सकते हैं। एक प्रकार से ये शब्द 'आर्ष' जैसे ही हैं।

'आक्रम्' आदि संस्कृत धातुओं के स्थान पर 'क्त=त=अ' प्रत्यय सहित प्राकृत में विकल्प से भिन्न धातुओं ने आदेश स्थिति को निपात रूप से ग्रहण की है, उन धातुओं में से कुछ एक धातुओं के रूप (बने बनाये रूप में Ready made रूप में) नीचे दिये जा रहे हैं। यही इस सूत्र का तात्पर्य है।

(१) आक्रान्त =अप्फुण्णो=दबाया हुआ। (२) उत्कृष्टम् = उक्कोसं = उत्कृष्ट, अधिक से अधिक। (३) स्पष्टम्=फुडं=स्पष्ट अथवा व्यक्त, साफ। (४) अतिक्रान्त =वोलीणो=व्यतीत हुआ, बीता हुआ। (५) विकसित =वोसट्टो=विकास पाया हुआ, खिला हुआ। (६) निपातित =निसुट्टो=गिराया हुआ। (७) रुग्ण =लुग्गो=भग्न, भागा हुआ अथवा रोगी, बीमार। (८) नष्ट =ल्हिक्को=नाश पाया हुआ। (९) प्रमृष्ट =पम्हुट्ठो=चोरी किया हुआ। (१०) प्रमुषित =पम्हुट्ठो=चुराया हुआ। (११) अर्जितम्

विढत्त=इकट्ठा किया हुआ अथवा कमाया हुआ पैदा किया हुआ (१२) स्पृष्टम्=छित्त=छुआ हुआ, स्पर्श किया हुआ। (१३) स्थापितम्=निमिअ=स्थापित किया हुआ, रखा हुआ। (१४) आस्वादितम्=चक्खिअ=स्वाद लिया हुआ, चखा हुआ। (१५) लूनम्=लुअ=लुणा हुआ, काटा हुआ। (१६) त्यक्तम्=जढ=छोडा हुआ, त्यागा हुआ। (१७) क्षिप्तम्=झासिअ=फेंका हुआ, छोडा हुआ सेवित, आराधित। (१८) उद्वृत्तम्=निच्छूढ=पीछा मुडा हुआ निकला हुआ। (१९) पर्यस्तम्=पल्हत्थ और पलोट्ट=दूर रखा हुआ, फेंका हुआ। (२०) हेषितम्=हासमण=खखारा हुआ, घोडे के शब्द जैसा शब्द किया हुआ।

कर्मणि भूत कृदन्त में यों कुछ एक धातुओं की अनियमित स्थिति 'आदेश रूप' से जाननी चाहिये। यह स्थिति वैकल्पिक है। इस स्थिति में कर्मणि भूत कृदन्त बोधक प्रत्यय 'त=अ' धातुओं में पहिले से ही (सह जात रूप से) जुडा हुआ है। अतएव 'त=अ' प्रत्यय को पुनः जोडने की आवश्यकता नहीं है। यों ये विशेषणात्मक हैं, इस लिये संज्ञाओं के समान ही इनके रूप भी विभिन्न विभक्तियों में तथा वचनों में बनाये जा सकते है॥ ४-२५८॥

## धातवोऽर्थान्तरेऽपि॥ ४-२५९॥

उक्तादर्थादर्थान्तरेऽपि धातवो वर्तन्ते॥ बलिः प्राणने पठितः खादने पि वर्तते। बलइ। खादति, प्राणनं करोति वा॥ एवं कलिः संख्याने संज्ञाने पि। कलइ। जानाति, संख्यानं करोति वा॥ रिगिः गतौ प्रवेशे पि॥ रिगइ। प्रविशति गच्छति वा॥ काङ्क्षतेः वम्फ आदेशः प्राकृते। वम्फइ। अस्यार्थः। इच्छति खादति वा॥ फक्कतेः थक्क आदेशः। थक्कइ। नीचा गतिं करोति, विलम्बयति वा॥ विलप्युपालम्भ्योः झंख आदेशः। झंखइ। विलपति, उपालभते भाषते वा॥ एवं पडिवालेइ। प्रतीक्षते रक्षति वा॥ केचित् कैश्चिदुपसर्गैर्नित्यम्। पहरइ। युध्यते॥ संहरइ। संवृणोति॥ अणुहरइ। सदृशी भवति॥ नीहरइ। पुरीषोत्सर्गं करोति॥ विहरइ। क्रीडति॥ आहरइ। खादति॥ पडिहरइ। पुनः पूरयति॥ परिहरइ। त्यजति॥ उवहरइ। पूजयति॥ वाहरइ। आह्वयति॥ पवसइ। देशान्तरं गच्छति॥ उच्चुपइ। चटति॥ उल्लुहइ। निःसरति॥

अर्थ—प्राकृत-भाषा में कुछ एक धातुएँ ऐसी हैं, जो कि निश्चित अर्थ वाली होती हुई भी कभी कभी अन्य अर्थ में भी प्रयुक्त की जाती हुई देखी जाती है। यों ऐसी धातुएँ दो अर्थ वाली हो जाती हैं, एक तो निश्चित अर्थ वाली और दूसरा वैकल्पिक अर्थ वाली। इन धातुओं को द्वि-अर्थक धातुओं की कोटि में गिनना चाहिये। कुछ एक उदाहरण यों है—*(१) बलइ=प्राणन करोति अथवा खादति=*

वह प्राण धारण करता है अथवा वह खाता है। यहाँ पर 'बल' धातु प्राण धारण करने के अर्थ में निश्चितार्थ वाला होता हुआ भी 'खाने' के अर्थ में भी प्रयुक्त हुई है। *(२) कलइ=सख्यानं करोति* अथवा *जानाति*=वह आवाज करता है अथवा वह जानता है। यहाँ पर 'कल' धातु आवाज करना अथवा गणना करना अर्थ में सुनिश्चित होती हुई भी जानना अर्थ को भी प्रकट कर रही है। *(३) रिगइ = प्रविशति* अथवा *गच्छति* = वह प्रवेश करता है अथवा वह जाता है। यहाँ पर 'रिग' धातु प्रवेश करने के अर्थ में विख्यात होती हुई भी जाना अर्थ को प्रदर्शित कर रही है (४) संस्कृत धातु 'काङ्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'वम्फ' धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। यों 'वम्फ' धातु के दो अर्थ पाये जाते हैं—एक तो 'इच्छा करना' और दूसरा खाना-भोजन करना। जैसे—*वम्फइ=इच्छति* अथवा *खादति* = वह इच्छा करता है अथवा वह खाता है (५) संस्कृत धातु 'फक्क' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'थक्क' धातु-रूप का आदेश प्राप्त होकर इसके भी दो अर्थ देखे जाते हैं (अ) नीचे जाना और (ब) विलम्ब करना, ढील करना। इसका क्रियापदीय उदाहरण इस प्रकार है—*थक्कइ=नीचां गतिं करोति* अथवा *विलम्बयति* = वह नीचे जाता है अथवा वह विलम्ब करता है वह ढील करता है (६) प्राकृत धातु 'झख' के तीन अर्थ देखे जाते हैं—(अ) विलाप करना, (ब) उलहना देना, और (स) कहना बोलना। जैसे—झखइ = (अ) *विलपति*, (ब) *उपालभते*, (स) *भाषते*=वह विलाप करता है, वह उलहना देता है अथवा वह बोलता है-कहता है। यों संस्कृत धातु 'विलप और उपालभ्' के स्थान पर प्राकृत भाषा में 'झख' धातु-रूप की आदेश-प्राप्ति विकल्प से होती है। (७) 'पडिवाल' धातु का अर्थ 'प्रतीक्षा करना' है, परन्तु फिर भी 'रक्षा करना' अर्थ में भी प्रयुक्त होती है। जैसे—पडिवालइ=*प्रतीक्षते* अथवा *रक्षति* = वह प्रतीक्षा करता है अथवा वह रक्षा करता है। यों प्राकृत-भाषा में ऐसी अनेक धातुएँ हैं जो कि वैकल्पिक रूप से दो दो अर्थों को धारण करती हैं।

प्राकृत भाषा में ऐसी भी कुछ धातुएँ हैं जो कि उपसर्ग युक्त होने पर अपने निश्चित अर्थ से भिन्न अर्थ को ही प्रकट करती हैं और ऐसी स्थिति वैकल्पिक नहीं हो कर 'नित्य स्वरूप वाली है। इस संबंध में कुछ एक धातुओं के उदाहरण यों हैं — *(१) पहरइ=युध्यते* = वह युद्ध करता है। यहाँ पर 'हर' धातु में 'प' उपसर्ग जुड़ा हुआ है और निश्चित अर्थ 'युद्ध करना' प्रकट करता है। *(२) संहरइ= संवृणोति* = वह संवरण करता है वह अच्छा चुनाव करता है। यहाँ पर 'हर' धातु में 'सं' उपसर्ग है और इससे अर्थ में परिवर्तन आगया है। *अणुहरइ = सदृशो भवति* = वह उसके समान होता है। यहाँ पर 'हर' धातु में 'अणु' उपसर्ग है, जिससे अर्थ भिन्नता उत्पन्न हो गई है। *(४) नीहरइ = पुरीषोत्सर्गं करोति* = वह मल त्याग करता है-वह टट्टी फिरता है। यहाँ पर भी 'हर' धातु में 'नी' उपसर्ग का प्रयोग होने से अर्थान्तर दृष्टि गोचर हो रहा है। *(५) विहरइ = क्रीडति* = वह खेलता है-वह क्रीड़ा करता है। यहाँ पर 'हर' धातु में 'वि' उपसर्ग की संयोजना होने से 'विचरना' अर्थ के स्थान पर 'खेलना' अर्थ उत्पन्न हुआ है। *आहरइ = खादति* = वह खाता है अथवा वह भोजन करता है। यहाँ पर 'आ' उपसर्ग होने से 'हरण करना' अर्थ नहीं होकर 'भोजन करना' अर्थ उद्भूत हुआ है। *(७) पाडिहरइ = पुनः*

[प्रप]ूरयति=फिर से भरता है, फिर से परिपूर्ण करता है। यहाँ पर 'पडि' उपसर्ग होने से 'खींचना' अर्थ [न] निकल कर 'परिपूर्ण करना' अर्थ निकल रहा है। *(८) परिहरइ=त्यजति*=वह छोड़ता है वह [त्य]ाग करता है। यहाँ पर हरण करना-छीनना' अर्थ के स्थान पर 'त्याग करना' अर्थ बतलाया [गय]ा है। *(९) उवहरइ=पूजयति*=वह पूजता है वह आदर सम्मान करता है।यहाँ पर 'अर्पण करना' [अर्थ] नहीं किया जा कर 'पूजा करना' अर्थ किया गया है। *(१०) वाहरइ=आह्वयति*=वह बुलाता अथवा वह पुकारता है। यहाँ पर 'वा' उपसर्ग को जोड करके 'हर' धातु के 'हरण करना' अर्थ [बदल] दिया गया है। *(११) पवसइ=देशान्तरं गच्छति*=वह अन्य देश को परदेश को जाता है। [यहाँ] पर 'प' उपसर्ग आने से 'वस' धातु के रहना अर्थ का निषेध कर दिया गया है। *(१२) उच्चुपइ=* [चट]ति=वह चढता है, वह आरूढ होता है, वह ऊपर बैठता है। यहाँ पर भी 'उत्=उच्' उपसर्ग [होने] से अर्थ भिन्नता पैदा हो गई है। *(१३) उल्लुहइ=निःसरति*=वह निकलता है। यहाँ पर 'उत्= [उल्]' उपसर्ग का सद्भाव होने से 'लुह' धातु के 'पोंछना साफ करना' अर्थ के स्थान पर 'निकलना' [अर्थ] बतलाया है। यों उपसर्गों के साथ में धातुओं के अर्थ में बड़ा अन्तर पड जाता है तथा अर्था-[न्त]र की प्राप्ति हो जाती है, यही तात्पर्य व्याकरण कार का यहाँ पर सन्निहित है। तदनुसार इस सविधान [को] सदा ध्यान में रखना चाहिये ॥ ४–२५६ ॥

## इति प्राकृत-भाषा-व्याकरण-विचार-समाप्त

# अथ शौरसेनी-भाषा-व्याकरण-प्रारम्भ

## तो दोनादौ शौरसेन्यामयुक्तस्य ॥ ४-२६० ॥

शौरसेन्या भाषायामनादावपदादौ वर्तमानस्य तकारस्य दकारो भवति, न चे
वर्णान्तरेण संयुक्तो भवति ॥ तदो पूरिद-पदिञ्ञेण मारुदिणा मन्तिदो ॥ एतस्मात् । एदा
एदाओ । अनादाविति किम् । तधा करेध जधा तस्स राइणो अणुकम्पणीआ भोमि ॥ अ
स्येति किम् । मत्तो । अय्य उत्तो असमाकिद मक्कार । हला सउन्तले ॥

*अर्थ*—अब इस सूत्र-संख्या ४-२६० से प्रारम्भ करके सूत्र संख्या ४-२८६ तक अर्थात् स
वीस सूत्रों में शौरसेनी भाषा के व्याकरण का विचार किया जायगा । इन में मूल शब्द संस्कृत भाषा
ही होगा और उसी शब्द को शौरसेनी भाषा में रूपान्तर करने का संविधान प्रदर्शित किया जाय
शौरसेनी भाषा में और प्राकृत भाषा में सामान्यतः एक रूपता ही है, जहाँ जहाँ अन्तर है, उसी
को इन सत्तावीस-सूत्रों में प्रदर्शित कर दिया जायगा । शेष सभी संविधान तथा रूपान्तर प्राकृत
के समान ही जानना चाहिये ।

शौरसेनी भाषा एक प्रकार से प्राकृत ही है अथवा प्राकृत भाषा का अंग ही है । इन दोनों में
प्रकार से समानता होने पर भी जो अति अल्प अन्तर है, वह इन सत्तावीस सूत्रों में प्रदर्शित
जा रहा है । संस्कृत नाटकों में प्राकृत-गद्यांश शौरसेनी भाषा में ही मुख्यतः लिखा गया है । प्राचीन
में यह भाषा मुख्यतः मथुरा प्रदेश के आस पास में ही बोली जाती थी ।

संस्कृत भाषा में रहे हुए 'तकार' व्यञ्जनाक्षर के स्थान पर शौरसेनी भाषा में 'द' व्यञ्जन
की प्राप्ति उस समय में हो जाती है जब कि-(१) 'तकार' व्यञ्जनाक्षर वाक्य के आदि में हो
हुआ हो, (२) जब कि वह 'तकार' किसी पद में आदि में भी न हो और (३) जब कि वह 'तकार'
अन्य हलन्त व्यञ्जनाक्षर के साथ संयुक्त रूप से-(मिले हुए रूप से संधि रूप से) भी नहीं रहा
हो तो उस 'तकार' व्यञ्जनाक्षर के स्थान पर 'दकार' की प्राप्ति हो जाया । उदाहरण इस प्रकार
*ततः पूरित-प्रतिज्ञेन मारुतिना मन्त्रितः = तदो पूरिद-पदिञ्ञेण मारुदिणा मन्तिदो* = इसके प
पूर्ण की हुई प्रतिज्ञा वाले हनुमान से गुप्त मंत्रणा की गई । इस उदाहरण में 'ततः' में 'त' का 'द'
गया है । इसी तरह से 'पूरित, प्रतिज्ञेन, मारुतिना, मन्त्रित ' शब्दों में भी रहे हुए 'तकार' व्यञ्जन
के स्थान पर 'दकार' व्यञ्जनाक्षर की प्राप्ति हो गई है । [२] एतस्मात् = एदाहि और एदाओ=इस
इस उदाहरण में भी 'तकार' के स्थान पर 'दकार' की आदेश प्राप्ति की गई है । यों अन्यत्र भी ऐसे स
पर 'दकार' की स्थिति को समझ लेना चाहिये ।

प्रश्न —'वाक्य के आदि में अर्थात् आरंभ में रहे हुए 'तकार' के स्थान पर 'दकार' की आदेश प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —चूंकि शौरसेनी भाषा में ऐसा रचना-प्रवाह पाया जाता है कि संस्कृत भाषा की रचना का शौरसेनी भाषा में रूपान्तर करते हुए वाक्य के आदि में यदि 'तकार' व्यञ्जन रहा हुआ हो तो उसके स्थान पर 'दकार' व्यञ्जन की आदेश प्राप्ति नहीं होती है। जैसे —*तथा कुरुथ यथा तस्य राज्ञ अनुकम्पनीया भवामि* ( अथवा *भवेयम्* ) = *तधा करेध जधा तस्स राइणो अणुकम्पणीआ भोमि* = आप वैसा (प्रयत्न) करते हैं, जिससे मैं उस राजा की अनुकम्पा के योग्य (दया की पात्राणी) होती हूं (अथवा होऊं)। इस उदाहरण में 'तथा' शब्द में स्थित 'तकार' वाक्य के आदि में आया हुआ है और इसी कारण से इस 'तकार' के स्थान पर 'दकार' व्यञ्जनाक्षर की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है। यों सभी स्थानों पर वाक्य के आदि में रहे हुए 'तकार' व्यञ्जनाक्षर के सम्बन्ध में इस सावधानी को ध्यान में रखना चाहिये।

प्रश्न — पद अथवा शब्द' के आदि में रहे हुए 'तकार' को भी 'दकार' की प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा भी क्यों कहा गया है ?

उत्तर —शौरसेनी भाषा में ऐसा 'अनुबन्ध अथवा संविधान' भी पाया जाता है, जब कि पद के आदि में रहे हुए 'तकार' के स्थान पर 'दकार' की आदेश प्राप्ति नहीं होती है जैसे —*तस्य=तस्स* उसका। *तत =तदो*। इत्यादि। इन पदों के आदि में रहे हुए 'तकार' अक्षरों को 'दकार' अक्षर की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है, यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

प्रश्न —'संयुक्त रूप से रहे हुए' तकार को भी दकार की प्राप्ति नहीं होती है, ऐसा क्यों कहा गया है।

उत्तर —शौरसेनी-भाषा में उसी 'तकार' को 'दकार' की आदेश प्राप्ति होती है, जो कि हलन्त न हो, तथा किसी अन्य व्यञ्जनाक्षर के साथ में मिला हुआ न हो, यों 'पूर्ण स्वतन्त्र अथवा अयुक्त तकार के स्थान पर ही 'दकार' की आदेश प्राप्ति होती है। ऐसा ही संविधान शौरसेनी भाषा का समझना चाहिये। जैसे —*मत्त* = *मत्तो* = मद वाला अर्थात् मतवाला। *आर्यपुत्र* = *अय्यउत्तो* = पति, स्वामी, अथवा स्वामी का पुत्र। हे *सखि शकुन्तले*=*हला सउन्तले'* = हे सखि शकुन्तले, इत्यादि। इन उदाहरणों में अर्थात् 'मत्त, आर्य पुत्र, और शकुन्तला' शब्दों में 'तकार' संयुक्त रूप से-( मिलावट में )- रहा हुआ है और इसी लिये इन संयुक्त 'तकारों' के स्थान पर 'दकार' व्यञ्जनाक्षर की आदेश प्राप्ति नहीं हो सकती है। यही स्थिति सर्वत्र ज्ञातव्य है।

वृत्ति में 'असम्भाविद-सक्कार' ऐसा उदाहरण दिया हुआ है, इसका संस्कृत रूपान्तर 'असम्भावित सत्कार' ऐसा होता है। इस उदाहरण द्वारा यह बतलाया गया है कि 'प्रथम तकार' के स्थान पर तो

'दकार' की प्राप्ति हो गई है, क्योंकि यह 'तकार' न तो वाक्य के आदि में है और न पद के आदि में है तथा न यह हलन्त अथवा संयुक्त ही है और इन्हीं कारणों से इस प्रथम तकार के स्थान पर 'दकार' की आदेश प्राप्ति हो गई है। जब कि द्वितीय तकार हलन्त है और इसीलिये सूत्र संख्या २-७७ में उस हलन्त 'तकार' का लोप हो गया है। यों संयुक्त 'तकार' की अथवा हलन्त तकार की स्थिति शौरसेनी भाषा में होती है। इस बात को प्रदर्शित करने के लिये ही यह 'असम्भाविद-सक्कार' उदाहरण दिया गया है, जो कि खास तौर पर ध्यान देने के योग्य है। इस प्रकार संस्कृतीय तकार की स्थिति शौरसेनी भाषा में 'दकार' की स्थिति में बदल जाती है, यही इस सूत्र का तात्पर्य है॥ ४-२६०॥

## अधः क्वचित् ॥ ४-२६१ ॥

वर्णान्तरस्याधो वर्तमानस्य तस्य शौरसेन्या दो भवति। क्वचिल्लक्ष्यानुसारेण महन्दो। निचिन्दो। अन्देउर॥

*अर्थ*—यह सूत्र ऊपर वाले सूत्र संख्या ४-२६० का अपवाद रूप सूत्र है, क्यों कि उस सूत्र में यह बतलाया गया है कि संयुक्त रूप से रहे हुए 'तकार' के स्थान पर 'दकार' की प्राप्ति नहीं होती है किन्तु इस सूत्र में यह कहा जा रहा है कि कहीं कहीं ऐसा भी देखा जाता है जब कि संयुक्त रूप से रहे हुए 'तकार' के स्थान पर भी 'दकार' की प्राप्ति हो जाती है, परन्तु इसमें एक शर्त है वह यह है कि संयुक्त तकार हलन्त व्यञ्जन के पश्चात् रहा हुआ हो। यहाँ पर 'पश्चात्' स्थिति का अर्थ बोधक शब्द 'अधः' लिखा गया है। वृत्ति का संक्षिप्त स्पष्टीकरण यों है कि-'किसी हलन्त व्यञ्जन के पश्चात् अर्थात् अधः रूप से रहे हुए तकार के स्थान पर शौरसेनी-भाषा में 'दकार' की आदेश प्राप्ति हो जाया करती है' 'यह स्थिति कभी कभी और कहीं कहीं पर ही देखी जाती है' इसी तात्पर्य को वृत्ति में 'लक्ष्यानुसारेण' पद से समझाया गया है उदाहरण इस प्रकार है [१] *महान्त*=*महन्दो*=सबसे बड़ा परम उदय। [२] *निश्चिन्त*=*निच्चिन्दो*=निश्चिन्त। [३] *अन्त पुर*=*अन्दे उर*=रानियों का निवास स्थान। इन तीनों उदाहरणों में 'न्त' अवयव में 'तकार' हलन्त व्यञ्जन 'नकार' के साथ में परवर्ती होकर संयुक्त रूप से रहा हुआ है और इसी लिये इस सूत्र के आधार से उक्त 'तकार' शौरसेनी भाषा में 'दकार' के रूप में परिणत हो गया है। यह स्पष्ट रूप से ध्यान में रहे कि सूत्र संख्या ४-२६० में ऐसे 'तकार' को 'दकार स्थिति' की प्राप्ति का निषेध किया गया है। अतः अधिकृत सूत्र उक्त सूत्र का अपवाद रूप सूत्र है। ॥ ४-२६१॥

## वादेस्तावति ॥ ४-२६२ ॥

शौरसेन्याम् तावच्छब्दे आदेस्तकारस्य दो वा भवति॥ दाव। ताव॥

अर्थ —संस्कृत भाषा के 'तावत्' शब्द के आदि 'तकार' के स्थान पर शौरसेनी भाषा में विकल्प कार' की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —तावत् = दाव अथवा ताव=तब तक ॥ ४-२६२ ॥

## आ आमन्त्र्ये सौ वेनो नः ॥ ४-२६३ ॥

शौरसेन्यामिनो नकारस्य आमन्त्र्ये सौ परे आकारो वा भवति ॥ भो कञ्चुइआ। मा। पक्षे। भो तवस्सि। भो मणस्सि ॥

अर्थ—'इन्' अन्त वाले शब्दों के अन्त्य हलन्त 'नकार' के स्थान पर शौरसेनी भाषा में संबोधन वाचक प्रत्यय 'सु' परे रहने पर 'आकार' की आदेश प्राप्ति विकल्प से हो जाती है। जैसे — हे कञ्चुकिन् ! = भो कञ्चुइआ अथवा भो कञ्चुइ=अरे अंत पुर के चपरासी। [?] हे सुखिन् = सुहिआ अथवा भो सुहि! = हे सुख वाले। [?] हे तपस्विन् = भो तवस्सिआ अथवा भो तवस्सि= तपस्या करने वाले। हे मनस्विन् = भो मणस्सिआ अथवा भो मणस्सि! = हे विचारवान् ॥ यों र' के स्थान पर संबोधन के एक वचन में विकल्प से आकार की आदेश प्राप्ति हो जाती है। तर में 'आ' का लोप हो जायगा ॥ ४-२६४ ॥

## मो वा ॥ ४-२६४ ॥

शौरसेन्यामामन्त्र्ये सौ परे नकारस्य मो वा भवति ॥ भो राय। भो विअय वम्मं। मं। भयव कुसुमाउह। भयवं! तित्थं पवत्तेह। पक्षे। सयल-लोअ-अन्ते आरि भयव ह॥

अर्थ—संबोधन के एक वचन में 'सु' प्रत्यय परे रहने पर शौरसेनी भाषा में संस्कृतीय नकारान्त ों के अन्त्य हलन्त 'नकार' का लोप हो जाता है, संबोधन वाचक प्रत्यय का भी लोप हो जाता है लोप होनेवाले नकार के स्थान पर विकल्प से हलन्त मकार की प्राप्ति हो जाती है। यों शौरसेनी में नकारान्त शब्दों के संबोधन के एक वचन में दो रूप हो जाते हैं, एक तो मकारान्त रूप वाला और दूसरा मकारान्त रूप रहित पद। जैसे —हे राजन्! = भो राय अथवा भो राय=हे राजा। विजय-वर्मन्! = भो विअय वम्मं' अथवा भो विअय वम्मा! = हे विजय-वर्मा। हे सुकर्मन् = सुकम्मा! अथवा भो सुकम्म' = हे अच्छे कर्मों वाले। हे भगवान् कुसुमायुध = भो भयव अथवा भयव) कुसुमाउह! = हे भगवान कामदेव। हे भगवन्! तीर्थं प्रवर्तस्व = हे भयव! (अथवा हे भयवं!) पवत्तह = हे भगवान्! (आप) तीर्थ की प्रवृत्ति करो। हे सकल-लोक-अंतश्चारिन्' भगवन्! ह! = भो सयल-लोअ-अन्ते आरि! भयव' दुइयह! = हे सम्पूर्ण लोक में विचरण करने वाले भगवान जिनदेव। इन उदाहरणों में यह मत व्यक्त किया गया है कि संबोधन के एक वचन में नकारान्त शब्दों अन्त्य नकार के स्थान पर मकार की प्राप्ति ( तदनुसार सूत्र संख्या १-२३ से अनुस्वार की प्राप्ति ) कल्प से होती है ॥ ४-२६४ ॥

## इह-हचोर्हस्य ॥४-२६८॥

इह शब्द संबधिनो, मध्यमस्येत्था-हचौ (३-१४३) इति विहितस्य हकारस्य च हकारस्य शौरसेन्यां धो वा भवति ॥ इध । होध । परित्तायध ॥ पक्षे । इह । होह । परित्तायह ॥

*अर्थ*—संस्कृत शब्द "इह" में रहे हुए "हकार" के स्थान पर शौरसेनी भाषा में विकल्प से "धकार" की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —इह = इध अथवा इह = यहां पर सूत्र संख्या ३-१४३ से वर्तमान काल-बोधक मध्यम-पुरुष-वाचक बहु वचनी प्रत्यय "इत्था और ह" कहे गये हैं तदनुसार प्राप्त "हकार" प्रत्यय के स्थान पर भी शौर सेनी भाषा में विकल्प से "धकार" रूप प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। यों "हकार" के स्थान पर विकल्प से "धकार" की आदेश-प्राप्ति जानना चाहिये। जैसे (१) *भवथ* = होध अथवा होह = तुम होते हो। (२) *परित्रायध्वे*=परित्तायध अथवा परित्तायह = तुम संरक्षण करते हो अथवा तुम पोषण करते हो ॥ ४- ६८ ॥

## भुवो भः ॥ ४-२६९ ॥

भवते र्हकारस्य शौरसेन्यां भो वा भवति ॥ भोदि होदि भुवदि, हुवदि ॥ भवदि, हवदि

*अर्थ*—संस्कृत-भाषा में 'होना' अर्थक भू = भव धातु है, इस 'भव' धातु के स्थान पर प्राकृत भाषा में सूत्र संख्या ४-६० से विकल्प से 'हव' 'हो' और 'हुव' धातु रूपों की आदेश प्राप्ति होती है तदनुसार इन आदेश प्राप्त 'हव, हो और हुव' धातु रूपों में स्थित 'हकार' के स्थान पर शौरसेनी भाषा में विकल्प से 'भकार' की प्राप्ति होती है और ऐसा होने पर हव का भव, हो का भो तथा हुव का भुव विकल्प से हो जाता है। जैसे —*भवति* = (१) *भोदि*, (२) *होदि*, (३) *भुवदि*, (४) *हुवदि* (५) *भवदि* और (६) *हवदि* = वह होता है।

सूत्र-संख्या ४-२७३ से वर्तमानकाल वाचक तृतीय पुरुष बोधक एक वचनीय प्रत्यय 'ति' के स्थान पर 'दि' की प्राप्ति होती है, जैसा कि ऊपर के उदाहरणों में बतलाया गया है। अतएव दिवार्थी में यह ध्यान में रखना चाहिये ॥ ४-२६९ ॥

## पूर्वस्य पुरवः ॥ ४-२७० ॥

शौरसेन्यां पूर्व शब्दस्य पुरव इत्यादेशो वा भवति ॥ अपुरव नाडयं । अपुरवागदं ॥ पक्षे । अपुव्वं पदं । अपुव्वागदं ॥

*अर्थ*—संस्कृत शब्द 'पूर्व' का प्राकृत रूपान्तर 'पुव्व' होता है, परन्तु शौरसेनी भाषा में 'पूर्व' शब्द के स्थान पर विकल्प से 'पुरव' शब्द की आदेश प्राप्ति होती है। यों शौरसेनी भाषा में 'पूर्व' के

न पर 'पुरव' और 'पुव्व' ऐसे दोनों शब्द रूपों का प्रयोग देखा जाता है। प्राकृत-भाषा में सूत्र संख्या ३५ म 'पूर्व' के स्थान पर 'पुरिम' ऐसा रूप भी विकल्प से उपलब्ध है।

शौरसेनी भाषा संबंधी 'पुरव' और 'पुव्व' शब्दों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं —(१) र्वम् नाटकम् = अपुरवं नाडयं अथवा अपुव्वं नाडयं = अनोखा नाटक, अद्भुत खेल। (२) र्वम् अगदम् अपुरवागदं अथवा अपुव्वागदं = अनोखी ओषधि अथवा अद्भुत दवा। (३) र्वम् पदम् = अपुव्वं पदं अथवा अपुरवं पदं = अनोखा पद, अद्भुत शब्द। इत्यादि ॥ ४-२७० ॥

## क्त्व इय-दूणौ ॥ ४-२७१ ॥

शौरसेन्यां क्त्वा प्रत्ययस्य इय दूण इत्यादेशौ वा भवतः ॥ भविय, भोदूण। हविय, ण। पढिय, पढिदूण। रमिय, रन्दूण। पक्षे। भोत्ता। होत्ता। पढित्ता। रन्ता ॥

अर्थ —अन्ययी रूप सम्बन्ध भूत कृदन्त के अर्थ में संस्कृत-भाषा में धातुओं में 'क्त्वा = त्वा' य का योग होता है। ऐसा होने पर धातु का अर्थ 'करके' अर्थ वाला हो जाता है। जैसे — खाकरके रक इत्यादि। शौरसेनी भाषा में इसी संबंध भूत कृदन्त के अर्थ में संस्कृतीय प्रत्यय 'त्वा' के स्थान विकल्प से 'इय अथवा दूण' ऐसे दो प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से ान्तर में संस्कृतीय प्रत्यय 'त्वा' के स्थान पर सूत्र संख्या २-७६ से तथा २-८९ से 'व्' का लोप होकर 'त्ता' की प्राप्ति होने से इस 'त्ता' प्रत्यय को ही संबंध भूत-कृदन्त के अर्थ में संयोजित कर दिया ता है। जैसे —भूत्वा = भविय, भोदूण, हविय और होदूण अथवा होत्ता = होकर के। पठित्वा= ढिय, पढिदूण, अथवा पढित्ता=पढ करके अध्ययन करके। रन्त्वा=रमिय, रन्दूण अथवा रन्ता=रमण क, खेल करके ॥ ४-२७१ ॥

## कृ-गमो डडुअः ॥ ४-२७२ ॥

आभ्यां परस्य क्त्वा प्रत्ययस्य डित् अडुअ इत्यादेशो वा भवति ॥ कडुअ। अ। पक्षे। करिय। करिदूण। गच्छिय गच्छिदूण ॥

अर्थ —संस्कृत धातु 'कृ = करना' और 'गम् = गच्छ् = जाना' के संबंध भूत कृदन्त के रूप शौर-नी भाषा में बनाना होता सूत्र संख्या ४-२७१ में वर्णित प्रत्यय 'इय, दूण और त्ता' के अतिरिक्त विकल्प 'डडुअ=अडुअ' प्रत्यय की भी आदेश प्राप्ति होता है। 'ड डु अ' प्रत्यय में आदि 'ड्' इत संज्ञा होने से 'कृ' धातु के अन्त्य स्वर 'ऋ' का और 'गम्' धातु के अन्त्य वर्ण 'अम्' का लोप हो जाता एवं तत्पश्चात् शेष रहे हुए धातु अंश 'क्' और 'ग' में क्त्वा=त्वा=अर्थक 'अडुअ' प्रत्यय की भी ल्प से संयोजना की जाती है। जैसे —कृत्वा = कडुअ=करके। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में

दूरात् = दूरादु = दूर से । प्राकृत भाषा में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में सूत्र संख्या ३-८ से 'त्तो, दु, हि, हिन्तो और लुक्' ऐसे छह प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है, किन्तु शौरसेनी भाषा में 'दो और आदु' ऐसे दो प्रत्ययों की ही आदेश प्राप्ति जानना चाहिये ॥ ४-२७६ ॥

## इदानीमो दाणिं ॥ ४-२७७ ॥

शौरसेन्यामिदानीमः स्थाने दाणिं इत्यादेशो भवति ॥ अनन्तर करणीयं दाणिं आणवेदु अय्यो ॥ व्यत्ययात् प्राकृते ऽपि । अन्नं दाणिं बोहिं ॥

*अर्थ*—संस्कृतीय अव्यय 'इदानीम्' के स्थान पर शौरसेनी भाषा में केवल 'दाणिं' ऐसे शब्द की आदेश प्राप्ति होती है । जैसे—*अनन्तर करणीयं इदानीम्, आज्ञापयतु हे आर्य ! = अनन्तरकरणीयं दाणिं आणवेदु अय्यो* = हे महाराज ! अब आप इसके बाद में करने योग्य ( कार्य का ) आदेश फरमावें । प्राकृत भाषा में 'इदानीम्' के स्थान पर तीन शब्द रूप पाये जाते हैं—(१) एण्हिं, (२) एत्ताहे और (३) इआणिं । किन्तु शौरसेनी भाषा में तो केवल 'दाणिं' रूप की ही उपलब्धि है । कहीं-कहीं '*दाणि और दाणीं*' रूप भी देखे जाते हैं ।

प्राकृत भाषा में ऐसा संविधान पाया जाता है कि संस्कृत-भाषा के शब्दों में रहे हुए स्वरों अथवा व्यञ्जनों का परस्पर में 'व्यत्यय' अर्थात् आगे का पीछे और पीछे का आगे होकर सहज रूप से प्राकृतीय बन जाते हैं । जैसे—*अन्य इदानीम् बोधिम् = अन्नं दाणिं बोहिं* = अब दूसरे का शुद्ध ज्ञान को ( बोधिको ) ( समझाओ ) ॥ ४-२७७ ॥

## तस्मात्ताः ॥ ४-२७८ ॥

शौरसेन्यां तस्माच्छब्दस्य ता इत्यादेशो भवति ॥ ता जाव पविसामि । ता अलं एदिणा माणेण ॥

*अर्थ*—'इस कारण से' अथवा 'उससे' अर्थक संस्कृत पद तस्मात् के स्थान पर शौरसेनी में 'ता' शब्द रूप की आदेश प्राप्ति होती है । जैसे—*तस्मात् यावत् प्रविशामि = ता जाव पविसामि* = इस कारण से तब तक मैं प्रवेश करता हूँ । *तस्मात् अलम् एतेन मानेन = ता अलं एदिणा माणेण* = इस कारण से इस मान से (अभिमान से)—अब बस करो अर्थात् अब अभिमान का त्याग करो । 'ता' शब्द का अर्थ ध्यान में रखना चाहिये ॥ ४-२७८ ॥

## मोन्त्याण्णो वेदेतोः ॥ ४-२७९ ॥

शौरसेन्यामन्त्यान्मकारात् परे इदेतो: परयोर्णकारागमो वा भवति ॥ इकारे । जुत्तं-
णिमं, जुत्त मिणं । सरिसं णिमं, सरिसमिणं । एकारे । किंणेदं किमेदं । एवं णेदं एवमेदं ॥

*अर्थ*—शौरसेनी भाषा में यदि शब्दान्त्य हलन्त 'मकार' हो और उस हलन्त मकार के आगे 'इकार अथवा एकार' हो तो ऐसे 'इकार अथवा एकार' के साथ में विकल्प से हलन्त 'णकार' का आगम प्राप्ति होती है। इकार और एकार सम्बन्धी उदाहरण इस प्रकार क्रम से हैं—(१) *युक्तम् इदम्* = *जुत्तं णिमं* अथवा *जुत्तमिणं*=यह (बात) सही है। (२) *सदृशं इदम्*=*सरिसं णिमं* अथवा *सरिसमिणं* = यह समान—(एक जैसा है) इन दोनों उदाहरणों में 'इमं' के स्थान पर 'णिमं' की प्राप्ति हुई है, यों 'इकार' में 'णकार' का आगम प्राप्ति को समझ लेना चाहिये। यह आगम प्राप्ति वैकल्पिक है, अतः द्वितीय 'इणं' के स्थान पर णिणं की प्राप्ति नहीं हुई है। 'एकार' सबंधी उदाहरण यों हैं—(१) *किं एतद्*= *किंणेदं* अथवा *किमेदं* = यह क्या है ? (२) *एवं एतद्*=*एवं णेदं* अथवा *एवमेदं* = यह ऐसा है। इन उदाहरणों में 'एदं' के स्थान पर विकल्प से 'णेदं' रूप की प्राप्ति हुई है, यों 'एकार' में 'णकार' की आगम-प्राप्ति को विकल्प से जान लेना चाहिये ॥ ४-२७९ ॥

## एवार्थे य्येव ॥ ४-२८० ॥

एवार्थे य्येव इति निपातः शौरसेन्या प्रयोक्तव्यः ॥ मम य्येव बम्भणस्स । सो य्येव एसो ॥

*अर्थ*—'निश्चय वाचक' संस्कृत-अव्यय 'एव' के स्थान पर अथवा 'एव' के अर्थ में शौरसेनी-भाषा में 'य्येव' अव्यय रूप का प्रयोग किया जाना चाहिये। जैसे—(१) *मम एव ब्राह्मणस्य*=*मम य्येव बम्भणस्स*=मुझ ब्राह्मण का ही। (२) *स एव एषः* =*सो य्येव एसो*=वह ही यह है। यों इन दोनों उदाहरणों में 'एव' के स्थान पर 'य्येव' की प्राप्ति हुई है ॥ ४-२८० ॥

## हञ्जे चेट्याह्वाने ॥ ४-२८१ ॥

शौरसेन्याम् चेट्याह्वाने हञ्जे इति निपातः प्रयोक्तव्यः ॥ हञ्जे चदुरिके ॥

*अर्थ*—दासी को संबोधन करते समय में अथवा बुलाने के समय में शौरसेनी भाषा में 'हञ्जे' अव्यय का प्रयोग किया जाता है। जैसे—*अरे ! चतुरिके* ! = *हञ्जे चदुरिके* ! = अरे चतुर दासी ! अरे बुद्धिमान दासी ॥ ४-२८१ ॥

## हीमाणहे विस्मय-निर्वेदे ॥ ४-२८२ ॥

आरम्भ करके सूत्र सख्या ४ २८५ के अन्तर्गत प्रदर्शित कर दिया गया है और शेष सभी नियम प्राकृत भाषा के समान ही जानना तदनुसार सूत्र सख्या १-४ से प्रारम्भ करके सूत्र सख्या ४-२५९ तक विधि विधानों को शौरसेनी-भाषा के लिये भी कल्पित कर लेना। यों प्रत्येक सूत्र में प्रदर्शित परिवर्तन जैसा प्राकृत भाषा के लिये है वैसा ही शौरसेनी भाषा के लिये भी स्वयमेव समझ लेना चाहिये।

शौरसेनी भाषा का मूल आधार प्राकृत भाषा ही है और इसीलिये सस्कृत भाषा से प्राकृत भाषा की तुलना करने में जिन नियमों का तथा जिन विधि विधानों का प्रयोग एव प्रदर्शन किया जाता है उन्हीं नियमों का तथा उन्हीं विधि विधानों का प्रयोग एव प्रदर्शन भी शौरसेनी भाषा के लिये किया जा सकता है। सूत्र-सख्या ४-२६० से ४-२८५ तक में वर्णित भिन्नता का स्वरूप स्वयमेव ध्यान में रखना चाहिये। कुछ एक उदाहरण या हैं —

| सस्कृत | प्राकृत | शौरसेनी | हिन्दी |
|---|---|---|---|
| अन्तर्वेदि = | अन्तावेई = | अन्तावेदी = | मध्य की वेदिका |
| युवति—जन = | जुवइ अणो = | जुवदि—अणो = | जवान स्त्री-पुरुष |
| मन शिला = | मणसिला = | मणसिला = | मैन शील एक धातु |

यों प्राकृत भाषा के और शौरसेनी भाषा के एक ही जैसे शब्दों में पूर्ण साम्य होते हुए भी जो यत्किंचित् अन्तर दिखलाई पड़ रहा है उसका समाधान सूत्र संख्या ४ २६० से लगाकर सूत्र संख्या ४ २८५ तक वर्णित विधि विधानों से कर लेना चाहिये। शेष सब कार्य प्राकृत के समान ही जानना ॥ ४-२८६ ॥

# इति शौरसेनी—भाषा—विवरण समाप्त

# अथ मागधी-भाषा व्याकरण प्रारम्भ

## अत एत् सौ पुंसि मागध्याम् ॥ ४-२८७ ॥

मागध्यां भाषायां सौ परे अकारस्य एकारो भवति पुंसि पुल्लिगे ॥ एष मेषः । एशे मेशे ॥ एशे पुलिशे ॥ करोमि भदन्त । करेमि भन्ते ॥ अत इति किम् । णिही । कली । गिली ॥ पुंसीति किम् । जलं ॥ यदपि "पोराण मद्ध-मागह-भासा नियय हवइ सुत्त" इत्यादिनार्षस्य अर्धमागध भाषा नियतत्वमाम्नायि वृद्धै स्तदपि प्रायोस्यैव विधानान्न वक्ष्यमाण लक्षणस्य ॥ कयरे आगच्छइ ॥ से तारिसे दुक्खसहे जिइन्दिए । इत्यादि ॥

*अर्थ*—मागधी भाषा में अकारान्त पुल्लिग में प्रथमा विभक्ति क एक वचन में "सु" प्रत्यय क स्थान पर अन्त्य "अकार" को "एकार" की प्राप्ति हो जाती है। जैसे—एष मेष =एशे मेशे=यह भेड़। एष पुरुष = एशे पुलिशे = यह आदमी। करोमि भदन्त = करेमि भन्ते=हे पूज्य ! मैं करता हूँ। इन उदाहरणों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में और संबोधन के एक वचन में "एकार" की स्थिति स्पष्टत प्रदर्शित की गई है।

*प्रश्न*—'अकारान्त' में ही प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'एकार' की स्थिति क्यों कही गई है ?

*उत्तर*—जो शब्द पुल्लिग होते हुए भी अकारान्त नहीं हैं, उनमें प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सु' क स्थान पर "एकार" की प्राप्ति नहीं पाई जाती है इसलिये अकारान्त के लिये ही ऐसा विधान किया गया है।

*उदाहरण क्रम* से इस प्रकार हैं—(१) *निधि* = *णिही*=खजाना ( ) *करि* = *कली* = हाथी (३) *गिरि*=*गिली*=पहाड़ इत्यादि। इन उदाहरणों से ज्ञात होता है कि ये इकारान्त हैं इसलिये इनमें प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "सु" के स्थान पर "एकार" की प्राप्ति नहीं हुई है, यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

*प्रश्न*—पुल्लिग में ही "एकार" की प्राप्ति होती है, ऐसा भी क्यों कहा गया है ?

*उत्तर*—जो शब्द अकारान्त होते हुए भी यदि पुल्लिग नहीं है तो उन शब्दों में भी प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "सु" के स्थान पर 'एकार' की प्राप्ति नहीं होगी। जैसे—*जलम्*=*जल*=पानी। इस उदाहरण में "जल" शब्द अकारान्त होते हुए भी पुल्लिग नहीं होकर नपुंसक लिंग वाला है इसलिये इस शब्द में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में "जले" नहीं होकर "जलं" रूप ही बना है। यों अन्य अकारान्त नपुंसक लिंग वाले शब्दों के सबंध में भी यह बात ध्यान में रखी जानी चाहिये।

आर्ष वादी वृद्ध पुरुषों की ऐसी मान्यता है कि "अर्ध मागधी" भाषा सुनिश्चित है, प्राचीन पुरानी है और इसलिये इसके नियमों का विधान करने की आवश्यकता नहीं है। यह बात अपेक्षा विशेष से भले ही ठीक हो परन्तु इस विषय में हमारा इतना ही निवेदन है कि हम भी प्राय उन्हीं रूपों का विधान करते हैं और उन्हीं के अनुकूल नियमों का निर्धारण करते हैं जो कि अर्ध मागधी भाषा के साहित्य में उपलब्ध हैं, अतः पुराण वादियों के मत से प्रतिकूल बात का विधान नहीं किया जा रहा है। जैसे —कतर *आगच्छति*=कयरे *आगच्छइ*=दो में से कौन आता है ? (२) स तादृश दुःखसह *जितेन्द्रिय* =*से तारिसे दुक्खसहे जिइन्दिए*=वह जैसा इन्द्रियों को जीतने वाला है वैसा ही दुःखों को भी सहन करने वाला है। इन उदाहरणों में यह प्रदर्शित किया गया है कि जो पद अकारान्त पुल्लिंग वाले हैं उन सब में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में सु प्रत्यय के स्थान पर 'एकार' की ही प्राप्ति प्रदर्शित की गई है, यों 'अर्ध-मागधी' भाषा में उपलब्ध स्वरूप का ही समर्थन किया गया है और इसी की पुष्टि के लिये ही इस सूत्र का निर्माण किया गया है। यों प्राचीन मान्यता को ही संरक्षण प्रदान किया गया है। अतः इसमें विरोध का प्रश्न ही नहीं है ॥ ४-२८७ ॥

## र-सोर्ल-शौ ॥ ४-२८८ ॥

मागध्यां रेफस्य दन्त्य सकारस्य च स्थाने यथा संख्यं लकारः तालव्य शकारश्च भवति ॥ र ॥ नले । कले ॥ स ॥ हंशे । शुदे । शोभणे ॥ उभयो ॥ शालशे । पुलिशे ॥

लहश-वश-नमिल-शुल-शिल-विअलिद-मन्दाल-लायिदंहिजुगे ॥
वील-यिणे पक्खालदु मम शयलम वय्य-यम्बाल ॥ १ ॥

*अर्थ*—मागधी भाषा में रेफरूप 'रकार' के स्थान पर और दन्त्य 'सकार' के स्थान पर क्रम से 'लकार' और तालव्य 'शकार' की प्राप्ति हो जाती है। उदाहरण इस प्रकार हैं—'रकार' से 'लकार' की प्राप्ति का उदाहरण —नरः =नले=मनुष्य। करः =कले=हाथ। 'सकार' से 'शकार' की प्राप्ति का उदाहरण —हंसः =हंशे=हंस पक्षी। सुतः=शुदे=लड़का। शोभनम्=शोभणे=सुन्दर। यदि एक ही पद में दो 'सकार' आ जाय तो भी उन दोनों सकारों के स्थान पर 'शकारों' की प्राप्ति हो जाती है। जैसे —सारसः =शालशे=सारस जाति का पक्षी विशेष। पुरुषः =पुलिशे=मनुष्य। 'पुरुष' उदाहरण से यह भी ज्ञात होता है कि मागधी भाषा में मूर्धन्य 'षकार' के स्थान पर भी तालव्य 'शकार' की प्राप्ति हो जाया करती है।

ऊपर सूत्र की वृत्ति में जो गाथा उद्धृत की गई है उसमें यह बतलाया गया है कि मागधी भाषा में 'रकार' के स्थान पर 'लकार' की, 'सकार' के स्थान पर 'शकार' की, 'तकार' के स्थान पर 'दकार' की, 'जकार' के स्थान पर 'यकार' की और 'र्य' संयुक्त व्यञ्जन के स्थान पर द्वित्व 'य्य' की क्रम से प्राप्ति हो जाती है तथा प्रथमा विभक्ति में अकारान्त के स्थान पर 'एकारान्त' की आदेश प्राप्ति हो जाती है।

वृत्ति में मागधी गाथा का संस्कृत अनुवाद इस प्रकार है —*रभस-वश नम्र सुर शिरो विगलित मन्दार राजित अंघ्रियुग ॥ वीर जिन प्रक्षालयतु मम सकलमवद्यजम्बालम् ॥ १ ॥*

*अर्थ*—भक्ति के कारण वेग पूर्वक झुकते हुए देवताओं के मस्तकों से गिरते हुए मन्दार जाति के श्रेष्ठ फूलों से जिनके दोनों चरण शोभायमान हो रहे हैं, ऐसे भगवान महावीर जिनेश्वर मेरे सम्पूर्ण पाप रूपी मैलको अथवा कीचड का प्रक्षालन कर दे अथवा दूर कर दें।

उपरोक्त वर्ण परिवर्तन अथवा वर्ण आदेश का स्वरूप क्रम से बतला दिया गया है, जो कि ध्यान देने योग्य है ॥ ४-२८८ ॥

## स-षोः संयोगे सोऽग्रीष्मे ॥ ४-२८९ ॥

मागध्यां सकार षकारयोः संयोगे वर्तमानयोः सो भवति, ग्रीष्मशब्दे तु न भवति। ऊर्ध्वलोपाद्यपवादः ॥ स । पक्खलदि हस्ती । बुहस्पदी । मस्कली । विस्मये ॥ ष । शुस्क-दालु । कस्ट । विस्नु । शस्प-कवले । उस्मा । निस्फल । धनुस्खण्ड ॥ अग्रीष्म इति किम् । गिम्ह वाशले ॥

*अर्थ*—मागधी भाषा में संयुक्त रूप से रहे हुए हलन्त 'सकार' और हलन्त 'षकार' के स्थान पर हलन्त 'सकार' की प्राप्ति हो जाती है। परन्तु यह नियम 'ग्रीष्म' शब्द में रहे हुए हलन्त 'षकार' के लिये लागू नहीं पडता है। यों यह प्राप्त हलन्त 'सकार' ऊपर कहे हुए 'लोप आदि' विधियों की दृष्टि से अपवाद रूप ही समझा जाना चाहिये। हलन्त 'सकार' का उदाहरण इस प्रकार है —(१) *प्रस्खलति हस्ति* =*पक्खलदि हस्ती* = हाथी गिरता है। (२) *बृहस्पति* =*बुहस्पदी* = देवताओं का गुरु। (३) *मस्करी* = *मस्कली*=उपहास। (४) *विस्मय* =*विस्मये* = आश्चर्य। इन उदाहरणों में हलन्त 'सकार' की स्थिति हलन्त रूप में ही रही है। अब हलन्त 'षकार' के उदाहरण यों हैं –(१) *शुष्कतालुम्* = *शुस्क-दालु*=सूखा तालु। (२) *कष्टम्*=*कस्ट*=तकलीफ पीड़ा। (३) *विष्णुम्*=*विस्नु*=विष्णु को। (४) *शष्प कवल* =*शस्प कवले* = घास का ग्रास। (५) *उष्मा* = *उस्मा* = गरमी। (६) *निष्फल* = *निस्फल* = फल रहित, व्यर्थ। (७) *धनुष् खंडम्* = *धनुस्खंड* = धनुष् का टुकड़ा। इन उदाहरणों में हलन्त 'षकार' को हलन्त 'सकार' की प्राप्ति हुई है। यों अन्यत्र भी जान लेना चाहिये।

*प्रश्न*—'ग्रीष्म' शब्द में रहे हुए हलन्त 'षकार' को हलन्त 'सकार' की प्राप्ति क्यों नहीं हुई है?

*उत्तर*—चूंकि संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'ग्रीष्म' शब्द का रूपान्तर मागधी भाषा में 'गिम्ह' ही देखा जाता है, इसलिये ग्रंथ कर्ता को भी 'ग्रीष्म' शब्द में रहे हुए हलन्त 'षकार' के लिये उपरोक्त नियम के प्रतिकूल विधान करना पड़ा है। इसका उदाहरण इस प्रकार है —*ग्रीष्म वासर* = *गिम्ह वाशले* = ग्रीष्म ऋतु का दिन। यों 'ग्रीष्म' का रूपान्तर 'गिम्ह' ही जानना ॥ ४-२८९ ॥

न्न=निश्चय ही आन। (३) विद्याधर =आगत = विय्याहले आगदे = विद्याधर (देवता विशेष) आगया है॥ 'य' के उदाहरण -(१) याति=यादि जाता है। (२) यथासरूपम्=यधा शलूव=समान रूप वाला। (३) यानवर्तम्=याणवत्त = वाहन विशेष का होना। (४) यति = यदि = सन्यासी॥

इसी व्याकरण के प्रथम पाद में सूत्र संख्या २४५ में 'आदेर्योजः' के विधानानुसार यह बतलाया गया है कि संस्कृत भाषा के शब्दों में यदि आदि में यकार' हो तो उसके स्थान पर 'जकार' की प्राप्ति हो जाती है, इस विधान के प्रतिकूल मागधी भाषा में यकार' के स्थान पर 'यकार ही होता है, 'जकार' नहीं होता है, ऐसा बतलाने के लिये ही इस सूत्र में 'ज और 'द्य' के साथ साथ 'य भी लिखा गया है। जो कि ध्यान में रखने के योग्य है। यों यह सूत्र उक्त सूत्र संख्या १-२४५ के प्रतिकूल है अथवा अपवाद स्वरूप है, यह भी कहा जा सकता है। जैसे —याति =यदी=साधु अथवा सन्यासी॥ ४-२९२॥

## न्य-ण्य-ज्ञ-ञ्जां ञ्ञः ॥ ४-२९३ ॥

मागध्यां न्य ण्य-ज्ञ-ञ्ज इत्येतेषां द्विरुक्तो ञो भवति॥ न्य। अहिमञ्ञु कुमाले। अञ्ञ-दिशं। शामञ्ञ गुणे। कञ्ञका-वलणं॥ ण्य। पुञ्ञवन्ते। अबम्हञ्ञं। पुञ्ञाहं। पुञ्ञं॥ ज्ञ। पञ्ञाविशाले। शव्वञ्ञे। अवञ्ञा॥ ञ्ज। अञ्ञली धणञ्ञए। पञ्ञले॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा के शब्दों में रहे हुए 'न्य, ण्य, ज्ञ, ञ्ज के स्थान पर मागधी भाषा में द्वित्व 'ञ्ञ' की प्राप्ति होती है। जैसे—'न्य' के उदाहरण —(१) *अभिमन्यु-कुमार =अहिमञ्ञकुमाले* = अर्जुन नामक पांडव का पुत्र। (२) *अन्य दिशम् = अञ्ञ दिशं* = दूसरी दिशाओं। (३) *सामान्यगुण = शामञ्ञगुणे* = साधारण गुण। (४) *कन्यका वरण=कञ्ञका वलणं* = पुत्री की सगाई करने सम्बन्धी कार्य विशेष॥ 'ण्य' के उदाहरण —(१) *पुण्यवन्त =पुञ्ञवन्ते* = पुण्यवाले, अच्छे कर्मों वाले। (२) *अब्रह्मण्यम्=अबम्हञ्ञं*=ब्राह्मण के आचरण करने के योग्य नहीं। (३) *पुण्याहम =पुञ्ञाहं*=आशीर्वाद और (४) *पुण्यम =पुञ्ञं* = पवित्र काम, शुभ कार्य। 'ज्ञ' के उदाहरण —(१) *प्रज्ञाविशाल = पञ्ञाविशाले* = विशाल बुद्धि वाला। (२) *सर्वज्ञ =शव्वञ्ञे* = सब कुछ जानने वाला। (३) *अवज्ञा=अवञ्ञा* = तिरस्कार, अनादर। 'ञ्ज' के उदाहरण —*अञ्जलि=अञ्ञली* = हथेली से निर्मित मुद्रा विशेष (२) *धनञ्जय =धणञ्ञए*= अर्जुन पांडु पुत्र। (३) *पञ्जर =पञ्ञले* = शस्त्र विशेष ॥४-२९३॥

## व्रजो जः ॥ ४-२९४ ॥

मागध्यां व्रजे जकारस्य ञ्जो भवति॥ यापवाद ॥ वञ्ञदि॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में रही हुई धातु 'व्रज' के 'ज व्यञ्जन के स्थान पर मागधी भाषा में द्वित्व 'ञ्ञ' की प्राप्ति होती है। यों यह नियम उपरोक्त सूत्र संख्या ४-२९२ के लिये अपवाद स्वरूप समझा जाना चाहिये। उदाहरण यों है —*व्रजति = वञ्ञदि* = वह जाता है॥ ४-२९४॥

## छस्य श्चोनादौ ॥ ४-२९५ ॥

मागध्यामनादौ वर्तमानस्य छस्य तालव्य शकाराक्रान्तः चो भवति ॥ गश्च गश्च उश्चलदि । पिश्चिले । पुश्चदि ॥ लाक्षणिकस्यापि । आपन्न-वत्सलः । आवन्न-वश्चले तिर्यक् प्रेक्षते । तिरिच्छि पेच्छइ । तिरिश्चि पेस्कदि ॥ अनादाविति किम् । छाले ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में यदि किसी भी पद में छकार आदि अक्षर के रूप में नहीं रहा हुआ हो और हलन्त अवस्था में भी नहीं हो तो उस 'छकार' के स्थान पर मागधी भाषा में 'हलन्त तालव्य शकार' के साथ साथ 'चकार' की प्राप्ति हो जाती है । यों अनादि 'छकार' के स्थान पर 'श्च' की प्राप्ति मागधी भाषा में जाननी चाहिये । जैसे —(१) गच्छ, गच्छ = गश्च, गश्च = जाओ, जाओ । (२) उच्छलति = उश्चलदि = वह उछलता है । (३) पिच्छिल = पिश्चिले = पंख वाला । (४) पृच्छति = पुश्चदि = वह पूछता है ।

व्याकरण के नियमानुसार संस्कृत भाषा से प्राकृत भाषा में भी यदि किसी व्यञ्जन के स्थान पर 'छकार' की प्राप्ति हुई हो तो उस स्थानापन्न 'छकार' के स्थान पर भी मागधी भाषा में 'हलन्त तालव्य शकार सहित चकार' की-अर्थात् 'श्च' की प्राप्ति हो जाया करती है । जैसे — (१) आपन्न-वत्सलः = आवण्ण-वच्छले = आवन्न-वश्चले = जिसको प्रेम भावना की प्राप्ति हुई हो वह । (२) तिर्यक् प्रेक्षते = तिरिच्छि पेच्छइ = तिरिश्चि पेस्कदि = वह टेढ़ा देखता है ।

*प्रश्न* —'अनादि में रहे हुए 'छकार' के स्थान पर ही 'श्च' की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

*उत्तर* —क्योंकि यदि छकार' व्यञ्जन 'शब्द के आदि में' रहा हुआ होगा तो उस छकार के स्थान पर 'श्च' की प्राप्ति नहीं होगी । जैसे —क्षार = छारो = छाले = जलने के पश्चात् बचा हुआ पदार्थ अथवा खार पदार्थ विशेष । यों आदि 'छकार' को 'श्च' की प्राप्ति नहीं है ॥ ४-२९५ ॥

## क्षस्य ᳲकः ॥ ४-२९६ ॥

मागध्यामनादौ वर्तमानस्य क्षस्य ᳲको जिह्वामूलीयो भवति ॥ यᳲके लᳲकशे ॥ अनादावित्येव । खय-यल-हला । क्षय जलधरा इत्यर्थः ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में अनादि रूप से रहे हुए 'क्ष' के स्थान पर मागधी भाषा में 'जिह्वामूलीय ᳲक' की प्राप्ति हो जाती है । जैसे —(१) यक्षः = यᳲके = यक्ष जाति का देवता विशेष । (२) राक्षसः = लᳲकशे = राक्षस, वाण व्यन्तर जाति का देव विशेष ।

प्रश्न —अनादि रूप से रहे हुए 'च' के स्थान पर ही मागधी भाषा में 'जिह्वामूलीय ᳵक' की प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —यदि 'चकार' अनादि में नहीं होकर आदि में रहा हुआ होगा तो उसके स्थान पर मागधी भाषा में 'जिह्वा मूलीय ᳵ क' की प्राप्ति नहीं होगी। जैसे —क्षय-जलधरा = खय जलहला = नष्ट हुए बादल। यहां पर आदि चकार को खकार की प्राप्ति हुई है ॥ ४-२९६ ॥

## स्कः प्रेक्षाचक्षोः ॥ ४-२९७ ॥

मागध्यां प्रेक्षेराचक्षेश्च क्षस्य सकाराक्रान्तः को भवति ॥ जिह्वामूलीयापवादः ॥ पेस्कदि। आचस्कदि ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा के 'प्रेक्ष' और 'आचक्ष' में स्थित 'क्षकार' के स्थान पर मागधी भाषा में 'हलन्त सकार' सहित 'ककार' की प्राप्ति होती है। यह सूत्र उपरोक्त सूत्र संख्या ४-२९६ के प्रति अपवाद रूप सूत्र है। उदाहरणों यों हैं —(१) *प्रेक्षते = पेस्कदि* = वह देखता है। (२) *आचक्षते = आचस्कदि* = वह कहता है ॥ ४-२९७ ॥

## तिष्ठ श्चिष्ठः ॥ ४-२९८ ॥

मागध्यां स्थाधातोर्यस्तिष्ठ इत्यादेशस्तस्य चिष्ठ इत्यादेशो भवति ॥ चिष्ठदि ॥

अर्थ —संस्कृत धातु 'स्था' के स्थान पर 'तिष्ठ' का आदेश होता है और उसी आदेश प्राप्त 'तिष्ठ' धातु रूप के स्थान पर मागधी भाषा में 'चिष्ठ' धातु रूप का आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे — *तिष्ठति = चिष्ठदि* = वह बैठता है। ॥ ४-२९८ ॥

## अवर्णाद्वा ङसो डाहः ॥ ४-२९९ ॥

मागध्यामवर्णात् परस्य ङसोडित् आह इत्यादेशो वा भवति ॥ हगे न एलिशाह कम्माह काली। भगदत्त-शोणिदाह कुम्भे। पक्षे। भीमशेणस्स पश्चादो हिण्डीअदि। हिडिम्बाए घडुक्कशोके ण उवशमदि ॥

अर्थ —मागधी भाषा में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में अकारान्त पुल्लिंग में अथवा नपुंसक लिंग में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस् = स्स' के स्थान पर विकल्प से डाह = आह' प्रत्यय का आदेश-प्राप्ति होती है। सूत्र में उल्लिखित 'डाह' प्रत्यय में स्थित 'डकार' से यह संज्ञा शब्दों में स्थित अन्त्य 'अकार' को इत्संज्ञा अर्थात् लोप स्थिति प्राप्त होता है, ऐसा तात्पर्य प्रदर्शित है। उदाहरण यों है—(१) *अहम् न ईदृश*

*कर्मण कारी = हगे न एलिशाह कम्माह काली* = मैं इस प्रकार के कर्म का करने वाला नहीं हूं। (२) *भगदत्तशोणितस्य कुम्भ = भगदत्त शोणिदाह कुम्भे* = भगदत्त नामक व्यक्ति विशेष के रक्त का (से) घड़ा है। इन उदाहरणों में 'एलिशाह कम्माह और शोणिदाह' षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य 'स्स' के स्थान पर 'आह' लिखा गया है। वैकल्पिक स्थिति होने से पक्षान्तर में 'स्स प्रत्यय भी होता है। जैसे —(१) *भीमसेनस्य पश्चात् हिण्डयते = भीमशेणस्स पश्चादो हिण्डीअदि*=भीमसेन के पीछे घूमता है। (२) *हिडिम्बाया घटोत्कचशोक न उपशाम्यति=हिडिम्बाए घडुक्कयशोके ण उवशमदि*= हिडिम्बा राक्षसिणी का (उसके पुत्र) घटोत्कच (के मृत्यु का) शोक शान्त नहीं होता है। इन उदाहरणों में प्रथम उदाहरण में 'भीमशेणाह' नहीं बतला कर 'भीमशेणस्स' ऐसा रूप प्रदर्शित किया गया है। द्वितीय उदाहरण में 'हिडिम्बाह' नहीं लिखकर 'हिडिम्बाए' लिखा गया है, जो यह सूचित करता है कि स्त्रीलिंग शब्दों में षष्ठी विभक्ति के एकवचन में 'आह' प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है। यों 'आह और स्स' प्रत्यय की वैकल्पिक स्थिति को समझ लेना चाहिये ॥ ४-२९९ ॥

## आमो डाहँ वा ॥ ४-३०० ॥

मागध्यामवर्णात् परस्य आमोनुनासिकान्तो डित् आहादेशो वा भवति ॥ शयणाहँ सुहं । पक्षे । नलिन्दाण ॥ व्यत्ययात् प्राकृतेपि ताहँ । तुम्हाहँ । अम्हाहँ । सरिआहँ कम्माहँ ॥

*अर्थ* —मागधी भाषा में अकारान्त पुल्लिंग अथवा नपुंसकलिंग वाले शब्दों के षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'णं अथवा ण' के स्थान पर विकल्प से अनुनासिक सहित 'डाहँ = आहँ' की प्राप्ति होती है। सूत्र में उल्लिखित 'डाहँ' में स्थित 'डकार' इत्संज्ञावाचक होने से 'आहँ' प्रत्यय लगने के पहिले अकारान्त शब्दों के 'अन्त्य अकार' का लोप हो जाता है। तदनुसार केवल 'आहँ' प्रत्यय की ही प्राप्ति होती है। उदाहरण यों है —सज्जनानाम् सुखम् = शय्यणाहँ सुहं = सज्जन पुरुषों का सुख। वैकल्पिक पक्ष होने से षष्ठी विभक्ति वाचक प्रत्यय 'णं अथवा ण' का उदाहरण भी यों है —नरेन्द्राणाम् = नलिन्दाण = राजाओं का ॥ मागधी भाषा में प्राप्त उक्त प्रत्यय 'आहँ' कभी-कभी प्राकृत भाषा में भी देखा जाता है। ऐसी स्थिति को 'व्यत्यय' स्थिति कही जाती है। प्राकृत भाषा के उदाहरण इस प्रकार है — (१) *तेषाम् = ताहँ* = उनका अथवा उनके। (२) *युष्माकम् = तुम्हाहँ* = तुम्हारा, तुम्हारे, आपका। आ... (३) *अस्माकम् = अम्हाहँ* = हमारा, हमारे। (४) *सरिताम् = सरि*... ...। (५) *कर्मणाम्* = *कम्माहँ* = कर्मों का-कार्यों का। यों मागधी का प्रभाव प्राकृत-भाषा ... है ॥ ४-३०० ॥

## अहं ... ॥ ४-३०१ ॥

मागध्यामहं वयमोः स्थाने ... भवति ॥

... हगे गच्छा ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में उपलब्ध उत्तम पुरुष वाचक सर्वनाम रूप 'अहम् और वयम्' के स्थान र मागधी भाषा में केवल एक ही रूप 'हगे' की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —अहम् शकावतार तीर्थ वासी धीवर = (१) हगे *शक्कावदालतित्त-णिवाशी धीवले*=शकावतार नामक तीर्थ का रहने वाला मैं मच्छीमार हूँ। (२) *वयम् सम्प्राप्ताः* =हगे *शम्पत्ता*=हम (सब) आनन्द पूर्वक पहुंच गये हैं॥ इन दोनों दृष्टान्तों में 'अहम् और वयम्' के स्थान पर 'हगे' रूप की आदेश प्राप्ति हुई है॥ ४ ३०१॥

## शेषं शौरसेनीवत् ॥ ४–३०२ ॥

मागध्यां यदुक्तं ततोन्यच्छौरसेनीवद् द्रष्टव्यम्॥ तत्र तो दोनादौ शौरसेन्यामयुक्तस्य-(४-२६०)॥ पविशदु आवुत्ते शामि-पशादाय॥ अधः क्वचित्-(४-२६१)॥ अले किं एशे महन्दे कलयले॥ वादेस्तावति (४-२६२)॥ मालेव वा धलेध वा। अय दाव शे आगमे॥ आ आमन्त्र्ये सौ वेनो नः (४-२६३) भो कञ्चुइआ॥ मो वा (४-२६४) भो राय॥ भवद्भगवतोः (४-२६५) एदु भवं शमणे भयवं महावीले। भयवं कदन्ते ये अप्पणो पक्खं उज्झिय पलस्स पक्खं पमाणी कलेशि॥ न वा र्यो य्यः (४-२६६)॥ अय्य एशे खु कुमाले मलयकेदू॥ थो धः (४-२६७)॥ अले कुम्भिला कधेहि॥ इह हचो र्हस्य (४-२६८) ओशलध अय्या ओशलध॥ भुवो भः (४-२६९)॥ भोदि॥ पूर्वस्य पुरवः (४-२७०)॥ अपुरवे॥ क्त्व इय दूणौ (४-२७१) किं खु शोभणे बम्हणे शित्ति कलिय लञ्ञापलिग्गहे दिण्णे॥ कृ-गमो डडुअः (४-२७२) कडुअ। गडुअ॥ दिरिचेचोः (४-२७३)॥ अमच्चलक्खशं पिक्खिदु इदो य्येव आगश्चदि॥ अतो देश्च (४-२७४)॥ अले किं एशे महन्दे कलयले शुणीअदे॥ भविष्यति स्सिः (४-२७५)॥ ता कहिं नु गदे लुहिलप्पिए भविस्सिदि॥ अतो ङसेर्डादो डादू (४-२७६)॥ अह पि भागुलायणादो मुदं पावेमि॥ इदानीमो दाणिं (४-२७७)॥ शुणध दाणिं हगे शकावयालतित्त-णिवाशी धीवले॥ तस्मात्ताः (४-२७८)॥ ता याव पविशामि॥ मोन्त्याण्णो वेदेतोः (४-२७९)॥ युत्त णिमं। शलिशं णिमं॥ एवार्थे य्येव (४-२८०)॥ मम य्येव॥ हञ्जे चेट्याह्वाने (४-२८१)॥ हञ्जे चदुलिके॥ हीमाणहे विस्मय-निर्वेदे (४-२८२)॥ विस्मये। यथा उदात्त राघवे। राक्षसः हीमाणहे जीवन्त-वच्छा मे जणणी॥ निर्वेदे॥ यथा विक्रान्त भीमे। राक्षसः हीमाणहे पलिस्सन्ता हगे एदेण निय-विधिणो दुव्ववशिदेण॥ णं नन्वर्थे (४-२८३)॥ णं अवशलोपशप्पणीया लायाणो॥ अम्महे हर्षे (४-२८४)॥ अम्महे एआए शुम्मिलाए शुपलिगढिदे भवं॥ ही ही विदूषकस्य (४-२८५)॥ ही ही संपन्ना मे मणोलधा पियवयस्सस्स॥ शेषं प्राकृतवत् (४-२८६)॥ मागध्यामपि दीर्घ ह्रस्वौ मिथो वृत्तौ (१-४) इत्यारभ्य तो दोनादौ शौरसेन्यामयुक्तस्य (४-२६०) इत्यस्मात् प्राग् यानि सूत्राणि तेषु यानि उदाहरणानि सन्ति तेषु मध्ये अमूनि तद् अवस्थान्येव मागध्याममूनि पुनरेव विधानि भवन्तीति विभागः स्वयमभ्यूह्य दर्शनीयः॥

*अर्थ*—मागधी भाषा में 'प्राकृत और शौरसेनी' से अतिरिक्त जो कुछ परिवर्तन अथवा अन्तर होता है वह ऊपर सूत्र संख्या-(४-२८७) से (४-३०१) में व्यक्त कर दिया गया है, शेष परिवर्तन के स्थान में इस सूत्र में और इसकी वृत्ति में कह दिया गया है कि-'अन्य सभी प्रकार का परिवर्तन मागधी में रूपान्तर करने की दशा में 'प्राकृत भाषा में तथा शौरसेनी भाषा में कथित परिवर्तन वाले नियमों के अनुसार जानना चाहिये। इस प्रकार के संकेत के साथ-साथ 'प्राकृत तथा शौरसेनी से संबंधित' कुछ मूल सूत्रों के साथ उदाहरण भी वृत्ति में दिये गये हैं, जिन्हें मैं हिन्दी अर्थ पूर्वक निम्न प्रकार से लिख देता हूं —

(१) सूत्र संख्या ४-२६० में बतलाया है कि 'तकार' का 'दकार' होता है तदनुसार 'मागधी भाषा' के उदाहरण इस प्रकार हैं —*प्रविशतु आयुक्तः स्वामि-प्रसादाय = पविशदु आवुत्ते शामिपशादाय* = स्वामी की प्रसन्नता के लिये सचेष्ट प्रवेश करो ॥

(२) सूत्र-संख्या ४-२६१ में कहा गया है कि हलन्त व्यञ्जन के पश्चात् रहे हुए वाले 'तकार' का 'दकार' हो जाता है। जैसे —अरे ! *किम् एष महान्त कलकलः = अले ! किं एशे महन्दे कलयले* = अरे ! यह महान् हल्ला है ?

(३) सूत्र संख्या ४-२६२ में लिखा गया है कि 'तावत्' अव्यय के आदि 'तकार' के स्थान पर वैकल्पिक रूप से 'दकार' की प्राप्ति होती है। जैसे —*अयम् तावत् तस्य आगमः, (अधुना) मारयत वा धारयत वा = अय्य दाव शे आगमे, (अहुणा) मालेध वा धालेध वा* = वह क्रमशः आगमन हो गया है, (अब) मारो अथवा रक्षा करो। यों 'तावत्' के स्थान पर 'दाव' रूप की प्राप्ति हुई है।

*(४)* सूत्र संख्या ४-२६३ में संकेत किया है कि 'इन्' अन्त वाले शब्दों के संबोधन के एकवचन में 'सि' प्रत्यय परे रहने पर अन्त्य हलन्त 'नकार' के स्थान पर विकल्प से 'आकार' की प्राप्ति होती है। जैसे —*भो कञ्चुकिन् ! = भो ! कञ्चुइआ* = अरे कञ्चुकी ॥

*(५)* सूत्र संख्या ४-२६४ में यह उल्लेख किया गया है कि 'नकारान्त' शब्दों के संबोधन में 'सि' प्रत्यय रहने पर अन्त्य 'नकार' के स्थान पर विकल्प से 'मकार' की प्राप्ति होती है। जैसे —*भो राजन् ! = भो रायं* = हे राजा ॥

(६) सूत्र संख्या ४-२६५ में यह प्रदर्शित किया गया है कि-'भवत्' और 'भगवत्' शब्दों के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' प्रत्यय प्राप्त होने पर निर्मित पद 'भवान् और भगवान्' के अन्त्य 'नकार' के स्थान पर 'मकार' की प्राप्ति होती है। जैसे —(१) *एतु भवान् श्रमणः भगवान् महावीरः = एदु भवं शमणे भयवं महावीले* = आप महा प्रभु श्रमण महावीर पधारें। (२) *भगवन् कृतान्त ! य आत्मनः पक्षम् उज्झित्वा परस्य पक्षं प्रमाणी करोषि = हे भयवं कदन्ते ! ये अत्तणो पक्खं उज्झिय पलस्स पक्खं पमाणी कलेशि* = हे भगवान् यमराज ! आप ऐसे हैं, जो कि अपने पक्ष को छोड़ करके दूसरे पक्ष को प्रमाण स्वरूप करते हो।

) सूत्र संख्या ४- २६६ में यह कथन किया गया है कि शौरसेनी में 'र्य' के स्थान पर द्वित्व 'य्य' की कल्प से प्राप्ति होती है। जैसे —*आर्य ! एष खु कुमार मलय केतु = अय्य ! एशे खु कुमाले मलय* =हे आर्य ! ये निश्चय ही कुमार मलय केतु हैं।

) सूत्र संख्या ४ २६७ में यह विधान प्रविष्ट किया गया है कि शौरसेनी में विकल्प से 'थ' के स्थान 'ध' की प्राप्ति होती है। जैसे —*अरे कुम्भिरा कथय = अरे कुम्भिला कधेहि*=अरे कुम्भिरा ! कहो ॥

) सूत्र संख्या ४ -२६८ में यह उल्लेख किया गया है कि —'इह' अव्यय के 'हकार' के स्थान पर और मान कालीन मध्यम पुरुष के बहुवचन के प्रत्यय 'ह' के स्थान पर शौरसेनी में विकल्प से 'ध' होता । जैसे —*अपसरत आर्याः ! अपसरत = ओशलध अय्या ओशलध* = हे आर्यो ! आप हटें, आप हटें ॥

(१०) सूत्र संख्या ४ २६९ में विधान किया गया है कि-शौरसेनी भाषा में 'भू = भव्' धातु के कार' को विकल्प से हकार की प्राप्ति होती है। अथवा प्राप्त हकार को पुनः विकल्प से भकार की प्राप्ति जाती है। जैसे —*भवति = भोदि* (अथवा होदि)=वह होता है।

(११) सूत्र संख्या ४- ७० में कहा गया है कि-शौरसेनी में 'पूर्व' शब्द के स्थान पर 'पुरव' का आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है जैसे —*अपूर्व = अपुरवे* = अनोखा, विलक्षण ॥

(१२) सूत्र संख्या ४ २७१ में सूचित किया गया है कि शौरसेनी भाषा में सम्बन्ध कृदन्त सूचक य 'क्त्वा' के स्थान पर 'इय और दूण' ऐसे दो प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है। जैसे — *कि खलु शोभन ब्राह्मणो ऽसि इति कृत्वा राज्ञा परिग्रहो दत्त = किं खु शोभणे बह्मणे शि ति लिय लञ्जा पलिग्गहे दिण्णे*=क्या निश्चय ही तुम श्रेष्ठ ब्राह्मण हो ऐसा मान करके राजा द्वारा सम्मानित किये गये हो। यहां पर 'कलिय' पद में 'क्त्वा' के स्थान पर 'इय' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति है।

(१३) सूत्र-संख्या ४-२७२ में यह उल्लेख है कि-'कृ' धातु और 'गम्' धातु में 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर 'डित् पूर्वक (अन्त्य अक्षर के लोप पूर्वक) 'अडुअ' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति विकल्प से होता । जैसे—*कृत्वा-कडुअ*=करके ॥ *गत्वा=गडुअ* = जाकर के ॥ यों 'अडुअ' की प्राप्ति समझ लेना चाहिये।

(१४) सूत्र संख्या ४ २७३ में कहा गया है कि-वर्तमानकाल के अन्य पुरुष के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'इ' और 'ए' के स्थान पर 'दि' प्रत्यय रूप की प्राप्ति होती है। जैसे —*अमात्य राक्षस प्रेक्षितुम् इत एव आगच्छति=अमच्च-लक्खशं पेक्खिदुं इदो य्येव आगश्चदि* = राक्षस नामक मंत्री को देखने के लिये इधर ही वह आता है अथवा आ रहा है। यहां पर 'आगश्चदि' में 'इ, ए' के स्थान पर 'दि' का प्रयोग हुआ है।

(२३) सूत्र संख्या ४-२८३ में यह कथन किया गया है कि-'आश्चर्य और खेद' प्रकट करने के अर्थ में शौरसेनी भाषा में 'हीमाणहे' ऐसे शब्द रूप अव्यय का प्रयोग किया जाता है। जैसे — अहो *'जीवन्त वत्सा मम जननी = हीमाणहे जीवन्त वच्छा मे जणणी* = आश्चर्य है कि मेरी माता मेरे पर जीवन पर्यन्त के लिये प्रेम भावना रखने वाली है। यह कथन 'राक्षस' नामक एक पात्र उदात्तराघव नामक नाटक में व्यक्त करता है। यों 'हीमाणहे' अव्यय विस्मय अर्थ में कहा गया है। निर्वेद खेद अर्थक अव्यय के रूप में प्रयुक्त किये जाने वाले 'हीमाणहे' अव्यय का उदाहरण विक्रान्त भीम नामक नाटक में आगे उद्धृत किया जा रहा है। —*हा! हा!! परिश्रान्ता वयम् एतेन निज-विधेः दुर्व्यवसितेन = हीमाणहे पलिस्सन्ता हगे एदेण नियविधिणो दुव्ववशिदेण* = अरे! अरे! बड़े दुःख की बात है कि हम इस हमारे भाग्य के दुर्व्यवहार से- ( खोटे तकदीर के कारण से ) अत्यन्त परेशान हो गये हैं॥ यह उक्ति एक 'राक्षस' पात्र के मुँह से कहलाई गई है॥

(२४) सूत्र संख्या ४-२८३ में यह वर्णन किया गया है कि-शौरसेनी में निश्चय अर्थक संस्कृत अव्यय 'ननु' के स्थान पर 'ण' अव्यय की प्राप्ति होती है। जैसे —*ननु अवसर—उपसरणीया राजानः = ण अवशलोपशप्पणीया लायाणो* = निश्चय ही राजाओं ( की सेवा में ) समयानुसार ही ( अवसरों की अनुकूलता पर ही ) जाना चाहिये॥

(२५) सूत्र संख्या ४-२८४ में यह उल्लेख किया गया है कि-शौरसेनी में हर्ष व्यक्त करने के अर्थ में 'अम्महे' ऐसे शब्द रूप अव्यय का प्रयोग किया जाता है। जैसे —अहो!! *एतस्यै सूर्मिलायै सुपरिगठितः भवान्=अम्महे!! एआए सुम्मिलाए सुपलिगढिदे भवं* = आपने इस सुर्मिला के लिये ( इस आभूषण विशेष को ) अच्छा गठन किया है, यह परम हर्ष की बात है।

(२६) सूत्र संख्या ४-२८५ में यह व्यक्त किया गया है कि-शौरसेनी भाषा में जब कोई विदूषक (भांड आदि मसखरे ) अपना हर्ष व्यक्त करते हैं, तब वे 'ही ही' ऐसा शब्द बोलते हैं और यह शब्द अव्यय के अन्तर्गत माना जाता है। जैसे —*आ हा हा! सम्पन्ना मम मनोरथाः प्रियवयस्यस्य=ही-ही!! सपन्ना मे मणोलधा पियवयस्सस्स* = अहाहा!! ( बड़े ही हर्ष की बात है कि ) प्रिय मित्र के लिये मेरे जो मन की कल्पनाएं थीं, वे सब की सब (आनन्द) सम्पन्न हुई हैं॥

(२७) सूत्र संख्या ४-२८६ में सब सामान्य सूचना के रूप में यह सन्निधान किया गया है कि शेष सभी विधान शौरसेनी भाषा के लिये प्राकृत भाषा के सविधान के अनुसार ही जानना। यों यह फलितार्थ हुआ कि मागधी भाषा के लिये भी वे सभी नियमोपनियम लागू पड़ते हैं, जो कि प्राकृत भाषा के लिये तथा शौरसेनी भाषा के लिये लिखे गये हैं। इसी बात की संपुष्टि के लिये इसी सूत्र की वृत्ति में ग्रन्थकार शौरसेनी भाषा के लिये लिखित सूत्र संख्या ४-२६० से लगाकर ४-२८५ तक के सूत्रों का उदाहरण पूर्वक उद्धृत किये हैं॥

उपरोक्त सूचना के अतिरिक्त ग्रंथ कर्ता आचार्य श्री ने 'वृत्ति में सूत्र-संख्या १-४ से प्रारम्भ करके चारों पादों के सूत्रों को सम्मिलित करते हुए सूत्र संख्या ४-२८६ तक के सूत्रों में वर्णित सभी प्रकार के विधि विधानों का 'अधिकार' इस मागधी भाषा के लिये भी निश्चय-पूर्वक जानना' ऐसा स्पष्ट निर्देश किया है। इन सूत्रों में जो जो उदाहरण हैं, जो जो परिवर्तन लोप, आगम, आदेश, प्रत्यय, अथवा रूप विकार आदि व्याकरण-सम्बन्धी व्यवस्थाएँ हैं, वे सब की सब मागधी भाषा के लिए भी हैं, ऐसा जानना चाहिये। पाठकों को चाहिये कि वे ऐसी परिकल्पनाएँ कर लें और तर्क पूर्वक इन्हें सम्यक्-प्रकार से स्वयमेव समझ लें ॥ ४-३०२ ॥

## इति मागधी-भाषा-व्याकरण-समाप्त

# अथ पैशाची-भाषा-व्याकरण-प्रारम्भ

## ज्ञो ञ्ञः पैशाच्याम् ॥ ४–३०३ ॥

पैशाच्या भाषाया ज्ञस्य स्थाने ञ्ञो भवति ॥ पञ्ञा । सञ्ञा । सव्वञ्ञो । ञान । विञ्ञान ॥

*अर्थ*—पैशाची भाषा में संस्कृत शब्द रूपों का रूपान्तर करने पर 'ज्ञ' के स्थान पर 'ञ्ञ' की प्राप्ति होती है। जैसे —(१) प्रज्ञा = पञ्ञा = विशिष्ट बुद्धि। (२) संज्ञा = सञ्ञा = नाम, भावना (३) सर्वज्ञ = सव्वञ्ञो = सब जानने वाला। (४) ज्ञान=ञ्ञान=ज्ञान और (५) विज्ञान=विञ्ञान = विज्ञान। ॥४-३०३॥

## राज्ञो वा चिञ् ॥ ४–३०४ ॥

पैशाच्या राज्ञ इति शब्दे यो ज्ञकारस्तस्य चिञ् आदेशो वा भवति ॥ राचिञा लपित। रञ्ञा लपित। राचिञो धन। रञ्ञो धन। ज्ञ इत्येव। राजा ॥

*अर्थ*—संस्कृत पद 'राज्ञ' में रहे हुए 'ज्ञ' के स्थान पर पैशाची भाषा में विकल्प से 'चिञ्' वर्ण का आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*राज्ञा लपित = राचिञा लपित*=वैकल्पिक पक्ष होने से=*रञ्ञा लपित* =राजा से कहा गया है, (२) *राज्ञः धन = राचिञो धन*=वैकल्पिक पक्ष होने से '*रञ्ञो धन*=राजा का धन'।

*प्रश्न*—'ज्ञ' का उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर—जहां पर 'राज्ञ' से संबंधित 'ज्ञ' का अभाव होगा वहां पर 'चिञ्' की प्राप्ति नहीं होगी। जैसे—'राजन्' शब्द से तृतीया विभक्ति के एकवचन में 'राजा' रूप बनने पर भी इस 'राजा' पद का रूपान्तर पैशाची भाषा में 'राजा' ही होगा। यों 'ज्ञ' की विशेष स्थिति को जानना चाहिये ॥ ४-३०४ ॥

## न्य-ण्यो ञ्ञः ॥ ४–३०५ ॥

पैशाच्या न्यण्योः स्थाने ञ्ञो भवति ॥ कञ्ञका । अभिमञ्ञू । पुञ्ञ कम्मो । पुञ्ञाहं ।

*अर्थ*—संस्कृत भाषा के पदों में रहे हुए वर्ण 'न्य' और 'ण्य' के स्थान पर पैशाची भाषा में 'ञ्ञ' की प्राप्ति होती है। जैसे —(१) *कन्यका=कञ्ञका*=पुत्री। (२) *अभिमन्युः=अभिमञ्ञू* = अर्जुन

=कुल अथवा कुटु ब । (३) *जलम्* = *जळ* = पानी । (४) *सलिलम्* = *सळिळ* = जल अथवा क्रीड़ा-पूर्वक । (५) *कमलम्* = *कमळं* = कमल पद्म ॥ ४ ३०८ ॥

## श-षोः सः ॥ ४-३०९ ॥

पैशाच्यां शषोः सो भवति ॥ श । सोभति । सोभन । ससी । सक्को । संखो ॥ ष । विसमो । विसानो ॥ नकगचजादिषट्-शम्यन्त सूत्रोक्तम् (४-३२४) इत्यस्य बाधकस्य बाधनार्थोयं योगः ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा के शब्दों में रहे हुए 'शकार' वर्ण और 'षकार' वर्ण के स्थान पर पैशाची भाषा में 'सकार' वर्ण की आदेश प्राप्ति होती है । 'श' के उदाहरण —(१) *शोभाति (अथवा शोभते)*= *सोभति*=वह शोभा पाता है, वह प्रकाशित होता है । (२) *शोभन* = *सोभन*=शोभा स्वरूप ॥ (३) *शशि* = *ससी*=चन्द्रमा । (४) *शक्र* = *सक्को* = इन्द्र । (५) *शंख* =*संखो*=शंख ॥ 'ष' के उदाहरण — (१) *विषम* = *विसमो* = जो बराबर नहीं हो, जो अव्यवस्थित हो । ( ) *विषाण* = *विसानो* = सींग ॥ इस अन्तिम उदाहरण में 'विषाण' में स्थित 'णकार' वर्ण के स्थान पर पैशाची भाषा में 'नकार' वर्ण की आदेश-प्राप्ति की जाकर 'णकार' की अभाव सूचक जो स्थिति प्रदर्शित की गई है, उसका रहस्य वृत्ति में सूत्र संख्या ४ ३२४ को उद्धृत करके समझाया गया है । जिसका तात्पर्य यह है कि सूत्र संख्या १-१७७ से प्रारम्भ करके सूत्र संख्या १-२६५ तक का संविधान पैशाची भाषा में लागू नहीं पड़ता है । इसका विशेष स्पष्टीकरण आगे सूत्र संख्या ४ ३२४ में किया जाने वाला है । तदनुसार णकार' के स्थान पर 'नकार' की स्थिति को जानना चाहिये । यों यह सूत्र बाधक स्वरूप है और इस प्रकार यह इस बाधा को व्यवस्थित करता है ॥ ४ ३०९ ॥

## हृदये यस्य पः ॥ ४-३१० ॥

पैशाच्यां हृदय शब्दे यस्य पो भवति ॥ हितपकं । किं पि किं पि हितपके अत्थं चिन्तयमानी ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा के शब्द 'हृदय' में अवस्थित 'यकार' वर्ण के स्थान पर पैशाची भाषा में 'पकार' वर्ण की आदेश प्राप्ति हो जाती है । जैसे —*हृदयकम्* = *हितपकं* = हृदय, दिल ॥ *किमपि किमपि हृदये अर्थम् चिन्तयमानी* = *किं पि किं पि हितपके अत्थं चिन्तयमानी*=हृदय में कुछ-भी पूर्ण (अस्पष्ट सा) अर्थ को सोचती हुई ॥ यों 'य' का 'प' हुआ है ॥ ४-३१० ॥

## टो स्तु र्वा ॥ ४-३११ ॥

:कुल अथवा कुडुव । (३) जलम्=जळ=पानी । (४) सलिलम्=सळिळ=जल अथवा क्रीडा-
कि । (५) कमलम्=कमळ=कमल पद्म ॥ ४-३०८ ॥

## श-षोः सः ॥ ४-३०९ ॥

पैशाच्यां शषोः सो भवति ॥ श । सोभति । सोभन । ससी । सक्को । संखो ॥ ष ।
समो । विसानो ॥ नकगचजादिषट्-शम्यन्त सूत्रोक्तम् (४-३२४) इत्यस्य बाधकस्य बाध-
र्थोऽयं योगः ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा के शब्दों में रहे हुए 'शकार' वर्ण और 'षकार' वर्ण के स्थान पर पैशाची
भाषा में 'सकार' वर्ण की आदेश प्राप्ति होती है । 'श' के उदाहरण —(१) शोभति (अथवा शोभते)=
सोभति=वह शोभा पाता है, वह प्रकाशित होता है । (२) शोभन=सोभन=शोभा स्वरूप ॥ (३)
शशि=ससी=चन्द्रमा । (४) शक्र=सक्को=इन्द्र । (५) शख=सखो=शंख ॥ 'ष' के उदाहरण —
(१) विषम=विसमो=जो बराबर नहीं हो, जो अव्यवस्थित हो । ( ) विषाण=विसानो=सींग ॥
इस अन्तिम उदाहरण में 'विषाण' में स्थित 'णकार' वर्ण के स्थान पर पैशाची भाषा में 'नकार' वर्ण की
आदेश प्राप्ति की जाकर 'णकार' की अभाव सूचक जो स्थिति प्रदर्शित की गई है, उसका रहस्य वृत्ति में
सूत्र संख्या ४-३२४ को उद्धृत करके समझाया गया है । जिसका तात्पर्य यह है कि सूत्र संख्या १-१७७ से
प्रारम्भ करके सूत्र संख्या १-२६५ तक का संविधान पैशाची भाषा में लागू नहीं पड़ता है । इस का विशेष
स्पष्टीकरण आगे सूत्र संख्या ४-३२४ में किया जाने वाला है । तदनुसार 'णकार' के स्थान पर 'नकार'
की स्थिति को जानना चाहिये । यों यह सूत्र बाधक स्वरूप है और इस प्रकार यह क्रम बाधा को उपस्थित
करता है ॥ ४-३०९ ॥

## हृदये यस्य पः ॥ ४-३१० ॥

पैशाच्यां हृदय शब्दे यस्य पो भवति ॥ हितपकं । किं पि किं पि हितपके अत्थं
चिन्तयमानी ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा के शब्द 'हृदय' में अवस्थित 'यकार' वर्ण के स्थान पर पैशाची भाषा में
'पकार' वर्ण की आदेश प्राप्ति हो जाती है । जैसे —हृदयकम्=हितपकं=हृदय, दिल ॥ किमपि किमपि
हृदये अर्थम् चिन्तयमाणी=किं पि किं पि हितपके अत्थं चिन्तयमानी=हृदय में कुछ भी कुछ
भी (अस्पष्ट सा) अर्थ को सोचती हुई ॥ यों 'य' का 'प' हुआ है ॥ ४-३१० ॥

## टो स्तुर्वा ॥ ४-३११ ॥

पन्ना। (२) स्नातम् = सिनात=स्नान किया हुआ। धुलाया हुआ और (३) कष्टम्=कसट=पीड़ा, वेदना॥

प्रश्न—'कहीं कहीं पर ही होते हैं,' ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—क्योंकि अनेक शब्दों में 'र्य' 'स्न' और 'ष्ट' होने पर भी 'रिय', 'सिन' और 'सट' की प्राप्ति होता हुई नहीं देखा जाती है। जैसे—(१) सूर्य =सुज्जो=सूरज। (२) स्नुषा=सुनुसा=पुत्र वधू। (३) तुष्ट =तिठ्ठो=प्रसन्न हुआ, सतुष्ट हुआ॥ ४-३१४॥

## क्यस्येय्यः ॥ ४-३१५ ॥

पैशाच्या क्य प्रत्ययस्य इय्य इत्यादेशो भवति ॥ गिय्यते। दिय्यते। रमिय्यते। पठिय्यते॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में कर्मणि प्रयोग-भाव प्रयोगके अर्थ में 'क्य=य' प्रत्यय की प्राप्ति होती है, तदनुसार उक्त 'य' प्रत्यय के स्थान पर पैशाची भाषा में 'इय्य' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—(१) गीयते=गिय्यते=गाया जाता है। (२) दीयते=दिय्यते=दिया जाता है। (३) रम्यते=रमिय्यते=खेला जाता है और (४) पठ्यते=पठिय्यते=पढ़ा जाता है, इत्यादि॥ ४-३१५॥

## कृगो डीरः ॥ ४-३१६ ॥

पैशाच्या कृगः परस्य क्यस्य स्थाने डीर इत्यादेशो भवति॥ पुधुमतसने सव्वस्स-य्येव समान कीरते॥

अर्थ—पैशाची भाषा में कर्मणि प्रयोग, भावे प्रयोग के अर्थ में 'कृ' धातु में 'क्य=य' प्रत्यय के स्थान पर 'डीर=ईर' प्रत्यय का आदेश प्राप्ति होता है। प्राप्त प्रत्यय 'डीर' में स्थित 'डकार' इत्संज्ञक होने से 'कृ' धातु में अवस्थित अन्त्य स्वर 'ऋ' का लोप हो जाता है और यों अवशेष हलन्त धातु 'क्' में इस 'ईर' प्रत्यय की प्राप्ति होगी। उदाहरण यों है—प्रथम-दर्शने सर्वस्य एव सम्मान क्रियते=पुधुमतसने सव्वस्स य्येव समान कीरते=प्रथम दर्शन में सभी का सम्मान किया जाता है॥ ४-३१६॥

## यादृशादे र्दुस्तिः ॥ ४-३१७ ॥

पैशाच्यां यादृश इत्येवमादीनां दृ इत्यस्य स्थाने तिः इत्यादेशो भवति॥ यातिसो। तातिसो। केतिसो। एतिसो। भवातिसो। अन्नातिसो। युम्हातिसो अम्हातिसो॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में 'यादृश, तादृश' आदि ऐसे जो शब्द हैं, इन शब्दों में अवस्थित 'दृ' के स्थान पर पैशाची-भाषा में 'ति' वर्ण को आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—(१) यादृश =यातिसो=

पैशाच्या यदुक्तं ततोन्यच्छेषं पैशाच्या शौरसेनी वद् भवति ॥ अथ समरीरो भगवं कर यनो एत्थ परिब्भमन्तो हुवेय्य । एवं विधाए भगवतीए कथ तापस-वेस-गहनं कत ॥ विसं अदिट्ठ-पुरव महा धन तद्धून । भगव यति म वर पयच्छसि राज च दाव लोक। ताव ावीए तूराती य्येव तिट्ठो सो आगच्छमानो राजा ॥

अर्थ—पैशाची भाषा में अन्य भाषाओं की अपेक्षा से जो कुछ विशेषताएँ हैं, वे सूत्र संख्या ४३०३ से ४ ३२२ तक के सूत्रों में बतला दी गई हैं। शेष सभी विधि विधान शौरसेनी भाषा के समान ही जानना चाहिये। शौरसेनी भाषा में भी जिन अन्य भाषाओं के विधि विधानों के अनुसार जो कार्य होता है, उस कार्य की अनुवृत्ति भी इस पैशाची भाषा में विवेक-पूर्वक कर लेनी चाहिये। जो विधि विधान पैशाची भाषा में लागू नहीं पडने वाला है, उसका कथन आगे आनेवाले सूत्र सख्या ४ ३२४ में किया जाने वाला है। वृत्ति में पैशाची भाषा और शौरसेनी भाषा की तुलना करने के लिये कुछ उदा हरण दिये गये हैं, उन्हीं को यहाँ पर पुन उद्धृत किया जा रहा है, जिससे तुलनात्मक स्थिति का कुछ आभास हो सकेगा। (१) *अथ सशरीरो भगवान् मकरध्वज अत्र परिभ्रमन्तो भविष्यति=अथ सस रीरो भगव मकरधजो एत्थ परिब्भमन्तो हुवेय्य* = अब इसके बाद मूर्त्तिमन्त होकर भगवान कामदेव यहाँ पर परिभ्रमण करते हुए होंगे। (२) *एव विधया भगवत्या कथ तापस वेश ग्रहण कृतम्* = *एव विधाए भगवतीए कध तापस वेस-गहन कत* = इस प्रकार की ( आयु और वैभव वाली ) भगवती स ( राजकुमारी आदि रूप विशेष स्त्री से ) कैसे तापस वेश ( साध्वीपना ) ग्रहण किया गया है। (३) *ईदृशं अदृष्टपूर्वं महाधनं दृष्ट्वा=एतिस अतिट्ठ-पुरव महा धन तद्धून* = जिसको पहिले कभी भी नहीं देखा है, ऐसे महाधन को ( विपुल मात्रा वाले और बहु मूल्य वाले धन को ) देख कर के। (४) *हे भगवन्! यदि माम् वर प्रयच्छसि राज्य च तावत् लोकम्=भगव यति मं वर पयच्छसि रज्जं च ताव लोक* = हे भगवान्! यदि आप मुझे वरदान प्रदान करते हैं तो मुझे लोकान्त तक का राज्य प्राप्त होवे। (५) *तावत् च तया दूरात् एव दृष्ट: स आगच्छमानो राजा=ताव च तीए दूरतो य्येव तिट्ठो सो आगच्छमानो राजा* = तब तक आता हुआ वह राजा उसके दूर से ही देख लिया गया॥ इन उदाहरणों से विदित होता है कि पैशाची भाषा में शेष सभी प्रकार का विधि विधान शौरसेनी के समान ही होता है॥ ४-३२३ ॥

## न क-ग-च-जादि-षट्-शम्यन्तसूत्रोक्तम्। पैशाच्यां क-ग-च-ज-त-द-प-य-वां ॥ ४-३२४ ॥

प्रायो लुक् (१-१७७) इत्यारभ्य षट्-शमी-शाव-सुधा-सप्तपर्णेष्वादेश्छः (१-२६५) ति यावद्यानि सूत्राणि तैर्यदुक्तम् कार्यं तन्न भवति ॥ मकरकेतू। सगर-पुत्त-वचन। विजय सेनेन लपित। मतन। पाप। आयुधं। तेवरो॥ एवमन्यसूत्राणामप्युदाहरणानि द्रष्टव्यानि॥

*अर्थ*:—प्राकृत भाषा में सूत्र संख्या १-१७७ से प्रारम्भ करके सूत्र-संख्या १-२६५ तक में जैसे वर्ण-विधान एवं लोप आगम आदि की प्रवृत्ति होती है, वैसी प्रवृत्ति तथा वैसा लोप आगम आदि विधि विधान पैशाची भाषा में नहीं होता है। इसका बराबर ध्यान रखना चाहिये। उदाहरण यों हैं:—(१) *मकर-केतु* = *मकरकेतू*। इस उदाहरण में प्राकृत भाषा के समान 'क' वर्ण के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति नहीं हुई है। (२) *सगर-पुत्र-वचन* = *सगर-पुत्त-वचनं* = सगर राजा के पुत्र के वचन। यहाँ पर भी 'ग' कार तथा 'च' कार वर्ण का लोप नहीं हुआ है। (३) *विजयसेनेन लपितं* = *विजयसेनेन लपितं* = विजयसेन से कहा गया है। इस में 'लकार' वर्ण का लोप नहीं हुआ है। (४) *मदनं* = *मतनं* = मदन काम देव को। यहां पर 'दकार' वर्ण का लोप नहीं हुआ है, परन्तु सूत्र संख्या ४-३०७ से 'द' वर्ण के स्थान पर 'त' वर्ण की प्राप्ति हुई है। (५) *पाप*=*पापं*=पाप। यहाँ पर भी 'प' कार वर्ण के स्थान पर 'वकार' वर्ण की प्राप्ति नहीं हुई है। (६) *आयुध*=*आयुधं*=शस्त्र विशेष। यहाँ पर 'यकार' वर्ण के स्थान पर 'यकार' वर्ण ही कायम रहा है (७) *देवर* = *तेवरो* = पति का छोटा भाई। यहां पर भी 'दकार' के स्थान पर सूत्र संख्या ४-३०७ से 'त' कार वर्ण की प्राप्ति हुई है। यों अन्यान्य उदाहरणों की कल्पना स्वयमेव कर लेना चाहिये। इस प्रकार से सूत्र संख्या १-१७७ से सूत्र संख्या १-२६५ तक में वर्णित विधि-विधानों का पैशाची भाषा में निषेध कर दिया गया है॥ ४-३२४॥

## इति पैशाची-भाषा-व्याकरण-समाप्त

# अथ चूलिका-पैशाची-भाषा-व्याकरण प्रारम्भ

## चूलिका पैशाचिके तृतीय-तुर्ययोराद्य-द्वितीयौ ॥ ४-३२५ ॥

चूलिका पैशाचिके वर्गाणा तृतीय-तुर्ययोः स्थाने यथासख्यमाद्यद्वितीयौ भवतः ॥ नगर। नकर ॥ मार्गणः। मक्कनो ॥ गिरितटम्। किरि-तट ॥ मेघः। मेखो ॥ व्याघ्रः। वक्खो ॥ घर्म। खम्मो ॥ राजा। राचा ॥ जर्जरम्। चच्चर ॥ जीमूतः। चीमूतो ॥ निर्झरः। निच्छरो ॥ झर्झरः। छच्छरो ॥ तडागम्। तटाक ॥ मडलम्। मटलं ॥ डमरुकः। टमरुको ॥ गाढम्। काठ ॥ षण्ढः। सठो ॥ ढक्का। ठक्का ॥ मदनः। मतनो ॥ कन्दर्पः। कन्तप्पो ॥ दामोदरः। तामोतरो ॥ मधुरम्। मथुर ॥ बान्धव। पन्थवो ॥ धूली। थूली ॥ बालकः। पालको ॥ रभसः। रफसो ॥ रम्भा। रम्फा ॥ भगवती। फकवती ॥ नियोजितम्। नियोचितं ॥ कश्चिल्लाक्षणिकस्यापि। पडिमा इत्यस्य स्थाने पटिमा। दाढा इत्यस्य स्थाने ताठा ॥

*अर्थ* —चूलिका-पैशाचिक भाषा में क वर्ग से प्रारम्भ करके प वर्ग तक के अक्षरों में से वर्गीय तृतीय अक्षर के स्थान पर अपने ही वर्ग का प्रथम अक्षर हो जाता है और चतुर्थ अक्षर के स्थान पर अपने ही वर्ग का द्वितीय अक्षर हो जाता है। क्रम से इन सम्बन्धी उदाहरण इस प्रकार हैं—(१) 'ग' कार के उदाहरण—(अ) *नगरम्=नकर*=शहर। (ब) *मार्गण =मक्कनो*=याचक मागनेवाला। (स) *गिरि-तटम्=किरि-तटं*=पहाड का किनारा ॥ (२) 'घ' कार के उदाहरण —(अ) *मेघ =मेखो*=बादल। (ब) *व्याघ्र =वक्खो*=शेर चित्ता (स) *घर्म =खम्मो*=धूप ॥ (३) 'ज' कार के उदाहरण —(अ) *राजा=राचा*=राजा-नृपति (ब) *जर्जरम्=चच्चर*=कमजोर, पीड़ित। (स) *जीमूत =चीमूतो*= मेघ बादल ॥ (४) 'झ' के उदाहरण —*झर्झर =छच्छरो*=झाझ बाजा विशेष ॥ *निर्झर =निच्छरो*= झरना-स्रोत ॥ (५) 'डकार' के उदाहरण —(अ) *तडागम्=तटाकं*=तालाब। (ब) *मडलम्= मटलं*=समूह, अथवा गोल। (स) *डमरुक =टमरुको*=बाजा विशेष ॥ (६) 'ढकार' के उदाहरण — (अ) *गाढम्=काठं*=कठिन मजबूत। (ब) *षण्ढ =सण्ठो*=नपुंसक। (स) *ढक्का=ठक्का*=बाजा विशेष (७) 'दकार' के उदाहरण —(अ) *मदन =मतनो*=कामदेव। (ब) *कन्दर्प =कन्तप्पो*= कामदेव। (स) *दामोदर =तामोतरो*=श्रीकृष्ण-वासुदेव ॥ (८) 'धकार' के उदाहरण —(अ) *मधुरम्=मथुरं*=मीठा। (ब) *बान्धव =पन्थवो*=भाई बन्धु। (स) *धूली=थूली*=धूल-रज (९) 'ब' का उदाहरण —*बालक =पालको*=बच्चा ॥ (१०) 'भकार' के उदाहरण—(अ) *रभस = रफसो*=सहसा, एकदम। (ब) *रम्भा=रम्फा*=अप्सरा विशेष। (स) *भगवती=फकवती*=देवी, भवानी (११) 'जकार' का उदाहरण —*नियोजितम्=नियोचित*=कार्य में लगाया हुआ ॥

अर्थ —प्राकृत भाषा में सूत्र संख्या १,१७७ से प्रारम्भ करके सूत्र संख्या १ २६५ तक जो विधि विधान एवं लोप आगम आदि की प्रवृत्ति होती है, वैसी प्रवृत्ति तथा, वैसा लोप आगम आदि सम्बन्धी विधि विधान पैशाची भाषा में नहीं होता है। इसका बराबर ध्यान रखना चाहिये। उदाहरण यों हैं— (१) *मकर-केतु* =*मकरकेतू*। इस उदाहरण में प्राकृत भाषा के समान 'क' वर्ण के स्थान पर 'ग' वर्ण की प्राप्ति नहीं हुई है। (२) *सगर-पुत्र-वचन*=*सगर-पुत्त-वचन*=सगर राजा के पुत्र के वचन। यहां पर भी 'ग' कार तथा 'च' कार वर्ण का लोप नहीं हुआ है। (३) *विजयसेनेन लपित*=*विजयसेनन लपित*=विजयसेन से कहा गया है। इस में 'जकार' वर्ण का लोप नहीं हुआ है। (४) *मदन*=*मतन*= मदन काम देव को। यहां पर 'दकार' वर्ण का लोप नहीं हुआ है, परन्तु सूत्र संख्या ४-३०७ से 'द' वर्ण के स्थान पर 'त' वर्ण की प्राप्ति हुई है। (५) *पाप*=*पाप*=पाप। यहाँ पर भी 'प' कार वर्ण के स्थान पर 'वकार' वर्ण की प्राप्ति नहीं हुई है। *आयुध*=*आयुधं*=शस्त्र विशेष। यहाँ पर 'यकार' वर्ण के स्थान पर 'यकार' वर्ण ही कायम रहा है (७) *देवर*=*तेवरो*=पति का छोटा भाई। यहां पर भी 'दकार' के स्थान पर सूत्र संख्या ४-३०७ से 'त' कार वर्ण की प्राप्ति हुई है। यों अन्यान्य उदाहरणों की कल्पना स्वयमेव कर लेनी चाहिये। इस प्रकार से सूत्र संख्या १-१७७ से सूत्र संख्या १ २६५ तक में वर्णित विधि विधानों का पैशाची भाषा में निषेध कर दिया गया है॥ ४-३२४॥

## इति पैशाची-भाषा-व्याकरण-समाप्त

# अथ चूलिका-पैशाची-भाषा-व्याकरण प्रारम्भ

## चूलिका पैशाचिके तृतीय-तुर्ययोराद्य-द्वितीयौ ॥ ४-३२५ ॥

चूलिका पैशाचिके वर्गाणां तृतीय-तुर्ययोः स्थाने यथासंख्यमाद्यद्वितीयौ भवतः ॥ गर। नकर ॥ मार्गणः । मक्कनो ॥ गिरितटम् । किरि-तट ॥ मेघः । मेखो ॥ व्याघ्रः । खो ॥ घर्मः । खम्मो ॥ राजा । राचा ॥ जजरम् । चचर ॥ जीमूतः । चीमूतो ॥ निर्झर । च्छरो ॥ झझरः । छच्छरो ॥ तडागम् । तटाक ॥ मंडलम् । मटलं ॥ डमरुकः । टमरुको ॥ ढम् । काठ ॥ षण्ढः । सठो ॥ ढक्का । ठक्का ॥ मदनः । मतनो ॥ कन्दर्पः । कन्तप्पो ॥ मोदरः । तामोतरो ॥ मधुरम् । मथुर ॥ बान्धव । पन्थवो ॥ धूली । थूली ॥ बालकः । लको ॥ रभसः । रफसो ॥ रम्भा । रम्फा ॥ भगवती । फकवती ॥ नियोजितम् । नियोचितं ॥ चिद्लाक्षणिकस्यापि । पडिमा इत्यस्य स्थाने पटिमा । दाढा इत्यस्य स्थाने ताठा ॥

अर्थ.—चूलिका-पैशाचिक भाषा में क वर्ग से प्रारम्भ करके प वर्ग तक के अक्षरों में से वर्गीय तीय अक्षर के स्थान पर अपने ही वर्ग का प्रथम अक्षर हो जाता है और चतुर्थ अक्षर के स्थान पर अपने ही वर्ग का द्वितीय अक्षर हो जाता है। क्रम से इन सम्बन्धी उदाहरण इस प्रकार हैं—(१) 'ग' कार के उदाहरण—(अ) *नगरम्=नकर*=शहर। (ब) *मार्गण =मक्कनो*=याचक-मागनेवाला। (स) *गिरि-तटम्=किरि-तट*=पहाड़ का किनारा ॥ (२) 'घ' कार के उदाहरण—(अ) *मेघ =मेखो*=बादल। (ब) व्याघ्र =वक्खो=शेर चित्ता (स) *घर्म =खम्मो*=धूप ॥ (३) ज' कार के उदाहरण—(अ) *राजा=राचा*=राजा-नृपति (ब) *जर्जरम्=चच्चर*=कमजोर, पीडित। (स) *जीमूत =चीमूतो*=मेघ-बादल ॥ (४) 'झ' के उदाहरण—*झर्झर =छच्छरो*=झांझ बाजा विशेष ॥ *निर्झर =निच्छरो*=झरना-स्रोत ॥ (५) 'डकार' के उदाहरण—(अ) *तडागम्=तटाकं*=तालाब। (ब) *मण्डलम्*=मटलं=समूह, अथवा गोल। (स) डमरूक =*टमरुको*=बाजा विशेष ॥ (६) 'ढकार' के उदाहरण—(अ) *गाढम्*=काठ=कठिन-मजबूत। (ब) *षण्ढ =सण्ठो*=नपुंसक। (स) *ढक्का=ठक्का*=बाजा विशेष (७) 'दकार' के उदाहरण—(अ) *मदन =मतनो*=कामदेव। (ब) *कन्दर्प =कन्तप्पो*=कामदेव। (स) *दामोदर =तामोतरो*=श्रीकृष्ण-वासुदेव ॥ (८) धकार' के उदाहरण—(अ) *मधुरम्*=मथुर=मीठा। (ब) *बान्धव* =पन्थवो=भाई बन्धु। (स) *धूली=थूली*=धूल-रज (९) 'ब' का उदाहरण—*बालक =पालको*=बच्चा ॥ (१०) 'भकार' के उदाहरण—(अ) *रभस* =रफसो=सहसा, एकदम। (ब) *रम्भा=रम्फा*=अप्सरा विशेष। (स) *भगवती=फकवती*=देवी, भवानी (११) 'जकार' का उदाहरण—*नियोजितम्=नियोचित*=कार्य में लगाया हुआ ॥

चूलिका पैशाचिक-भाषा में परस्पर में अन्य विधि विधानों द्वारा होने वाले परिवर्तनों की संप्राप्ति कल्पना भी स्वयमेव कर लेनी चाहिये, ऐसी विशेष सूचना ग्रन्थकार वृत्ति में 'एकमन्यदपि' शब्दों द्वारा दे रहे हैं ॥ ४३२८ ॥

## इति चूलिका-पैशाची-भाषा-व्याकरण-समाप्त

# अथ अपभ्रंश-भाषा-व्याकरण-प्रारंभः

## स्वराणां स्वराः प्रायोपभ्रंशे ॥ ४-३२९ ॥

अपभ्रंशे स्वराणां स्थाने प्रायः स्वराः भवन्ति ॥ कच्चु । काच ॥ वेण । वीण ॥ बाह । बाहा बाहु ॥ पट्ठि । पिट्ठि । पुट्ठि ॥ तणु । तिणु । तृणु ॥ सुकिदु । सुकिओ । सुकृदु ॥ किन्नओ । किलिन्नओ ॥ लिह । लीह । लेह ॥ गउरि । गोरि ॥ प्रायोग्रहणाद्यस्यापभ्रंशे विशेषो वक्ष्यते, तस्यापि क्वचित् प्राकृतवत् शौरसेनी वच्च कार्यं भवति ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में संस्कृत-भाषा के शब्दों का रूपान्तर करने पर एक ही शब्द में एक ही स्वर के स्थान पर प्रायः विभिन्न विभिन्न स्वरों की प्राप्ति हुआ करती है और यों विभिन्न स्वर प्राप्ति से एक ही शब्द के अनेक रूप हो जाया करते हैं। क्रम से उदाहरण इस प्रकार से हैं—

| संस्कृत-शब्द = | अपभ्रंश-रूपान्तर = | हिन्दी |
|---|---|---|
| (१) कृत्य = | कच्चु और काच्च | = काम। |
| (२) वचन = | वेण और वीण | = वचन। |
| (३) बाहु = | बाह, बाहा और बाहु | = भुजा। |
| (४) पृष्ठ = | पट्ठि, पिट्ठि और पुट्ठि | = पीठ। |
| (५) तृण = | तणु तिणु और तृणु | = तिनका। |
| (६) सुकृत = | सुकिदु और सुकिओ तथा सुकृदु | = अच्छा काम। |
| (७) क्लन्न = | किन्नओ तथा किलिन्नओ | = गीला, भीगा हुआ। |
| (८) लेखा = | लिह, लीह और लेह | = लकीर चिन्ह। |
| (९) गौरी = | गउरि और गोरि | = सुन्दरी अथवा पार्वती॥ |

इन उदाहरणों से विदित होता है कि अपभ्रंश भाषा में एक ही स्वर के स्थान पर अनेक प्रकार के स्वरों की प्राप्ति हुई है। मूल सूत्र में जो 'प्रायः' अव्यय ग्रहण किया गया है, उस का तात्पर्य यही है कि अपभ्रंश-भाषा में स्वर-सम्बन्धी जो अनेक विशेषताएँ रही हुई हैं, उनका प्रदर्शन आगे आने वाले सूत्रों में किया जायगा। तदनुसार अपभ्रंश भाषा में शब्द रचना प्रवृत्ति कहीं कहीं पर प्राकृत-भाषा के अनुसार होती है और कहीं कहीं पर शौरसेनी भाषा के समान भी हो जाया करती है। यह सब आगे यथा स्थान पर दर्शाया जावेगा, इस तात्पर्य को 'प्रायः' अव्यय से मूल सूत्र में समझाया गया है॥ ४-३२९॥

## स्यादौ दीर्घ-ह्रस्वौ ॥ ४-३३० ॥

*अर्थ* —अपभ्र श भाषा में अकारान्त शब्दों में प्रथमा विभक्ति और द्वितीया विभक्ति के एक वचन में 'सि तथा अम्' प्रत्ययों के स्थान पर 'उ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है। यह विधान अकारान्त पुल्लिंग और अकारान्त नपु सक लिंग वाले सभी शब्दों के लिये जानना। उदाहरण के लिये वृत्ति में जो गाथा उद्धृत की गई है उसमें 'दहमुहु, भयङ्करु, सङ्करु, णिग्गउ, चडिअउ और घडिअउ' शब्दों में प्रथमा-विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'उ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति की गई है। इसी प्रकार 'चउमुहु और छमुहु' पदों में द्वितीया विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग में 'उ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति का सद्भाव प्रदर्शित किया गया है। यों अन्यत्र भी प्रथमा द्वितीया के एक वचन में समझ लेना चाहिये। उक्त गाथा का संस्कृत तथा हिन्दी भाषान्तर यों जानना चाहिये —

*संस्कृत —दशमुख: भुवन भयंकर: तोषित शंकर:, निर्गत: रथवरे आरूढ: ॥*
*चतुर्मुखं षण्मुखं ध्यात्वा एकस्मिन् लगित्वा इव दैवेन घटित: ॥*

*अर्थ* —संसार को भयंकर प्रतीत होने वाला, और जिसने महादेव शंकर को (अपनी तपस्या से) संतुष्ट किया था, ऐसा दशमुख वाला रावण श्रेष्ठ रथ पर चढ़ा हुआ निकला था। चार मुख वाले ब्रह्मा का और छह मुख वाले कार्तिकेयजी का ध्यान करके (मानो उनकी कृपा से उन दोनों से दश मुखों की प्राप्ति की हो, इस रीति से) दैव ने-(भाग्य ने-एक ही व्यक्ति के दश मुखों का) निर्माण कर दिया है ऐसा वह प्रतीत हो रहा था ॥ ४-३३१ ॥

## सौ पुंस्योद्वा ॥ ४—३३२ ॥

अपभ्रंशे पुल्लिंगे वर्तमानस्य नाम्नोकारस्य सौ परे ओकारो वा भवति ॥

अगलिअ-नेह-निवट्टाह, जोअण-लक्खु वि जाउ ॥
वरिस-सएण वि जो मिलइ; सहि ! सोक्खहँ सो ठाउ ॥ १ ॥
पुंसीति किं ? अगहिँ अगु न मिलिउ, हलि ! अहरे अहरु न पत्तु ॥
पिअ जो अन्तिहे मुह-कमलु एम्वइ सुरउ समत्तु ॥ २ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में अकारान्त पुल्लिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में 'सि' प्रत्यय के स्थान पर विकल्प से 'ओ' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। जैसा कि उपरोक्त गाथा में 'जो' और 'सो' सर्वनाम रूपों में देखा जा सकता है। यों अपभ्रंश भाषा में अकारान्त पुल्लिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में तीन प्रत्यय होते हैं, जो कि इस प्रकार हैं —(१) 'उ' (४-३३१), (२) 'ओ' (४) (४-३३२) और (३) "लुक्-०" (४-३४४) ॥

उपरोक्त गाथा का संस्कृत में और हिन्दी में रूपान्तर निम्न प्रकार से है —

संस्कृतः—अगलितस्नेह-निर्वृत्तानां, योजनलक्षमपि जायताम् ॥
वर्षशतेनापि यः मिलति, सखि ! सौख्यानां स स्थानम् ॥१॥

*अर्थ*—जिनका परस्पर में प्रेम नहीं टूटा है और यदि वह अखंड है तो चाहे वे (प्रेमी) लाख
जना भी दूर चले जाय, (तो भी कोई चिन्ता की बात नहीं है, क्योंकि जब कभी चाहे सो वर्षों में भी
नका मिलना होता है, तो भी हे सखि ! वह (मिलना) सुखों का ही स्थान होता है।

*प्रश्न*—मूल सूत्र में "पुल्लिंग में ही" ऐसा उल्लेख क्यों किया गया है ?

उत्तर—अकारान्त में नपुंसकलिंग वाले भी शब्द होते हैं, और उनमें प्रथमा विभक्ति के एक
वचन में "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति नहीं होती है, इसलिये "अकारान्त पुल्लिंग" शब्द का उल्लेख किया
गया है। अकारान्त नपुंसकलिंग वाले शब्दों में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में केवल दो प्रत्यय ही होते
हैं, जो कि इस प्रकार हैं—(१) "उ" और (२) 'लुक्-०'। यों "ओ" प्रत्यय का निषेध करने के
लिये "पुंसि" ऐसे पद का मूल सूत्र में प्रदर्शन किया गया। उदाहरण के रूप में जो दूसरी गाथा
उद्धृत की गई है, उसमें "अगु, मिलिउ, सुरउ और समत्तु" आदि शब्द प्रथमा विभक्ति के एक वचन
में होने पर भी ये शब्द अकारान्त नपुंसकलिंग वाले हैं और इसीलिये इनमें "ओ" प्रत्यय की प्राप्ति नहीं
होकर "उ" प्रत्यय की प्राप्ति हुई है। यों अन्यत्र भी समझ लेना चाहिये। गाथा का संस्कृत अनुवाद
हिंदी सहित इस प्रकार है—

संस्कृत—अंगैः अंगं न मिलितं, सखि ! अधरेण अधरः न प्राप्तः ॥
प्रियस्य पश्यन्त्या मुख-कमलं, एवं सुरतं समाप्तम् ॥२॥

हिन्दी—हे सखि ! अंगों से अंग भी नहीं मिल पाये थे, और होठ से होठ भी नहीं मिला था,
तथा प्रियतम के मुख कमल को (बराबर) देख भी नहीं पाई थी कि (इतने में ही) हमारा रति क्रीड़ा
नामक खेल समाप्त हो गया ॥ ४-३३२ ॥

## ॥ एट्टि ४-३३३ ॥

अपभ्रंशे अकारस्य टायामेकारो भवति ॥
जे महु दिण्णा दिअहडा दइए पवसन्तेण ॥
ताण गणन्तिएँ अंगुलिउ जज्जरिआउ नहेण ॥१॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों में तृतीया विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य "टा"
के स्थान पर (वैकल्पिक रूप से) "एँ" प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। जैसा कि गाथा में आये हुए

पद "दइएँ" से विदित होता है। *दयितेन* = दइएँ = पतिसे ॥ मूल गाथा का संस्कृत-अनुवाद पूर्वक हिन्दी अर्थ इस प्रकार से है —

संस्कृत — ये मम दत्ता दिवसाः दयितेन प्रवसता ॥
तान् गणयन्त्याः (मम) अंगुल्यः जर्जरिताः नखेन ॥

*हिन्दी* — विदेश जाते हुए प्रियतम पतिदेव ने (पुनः लौट आने के लिये। मुझे जितने दिनों की बात कही थी, उन दिनों को नख से गिनते हुए (मेरी) अंगुलियाँ ही घिस गई है, (परन्तु पतिदेव विदेश से नहीं लौटे हैं।) ॥४-३३३॥

## ङि नेच्च ॥ ४-३३४ ॥

अपभ्रंशे अकारस्य ङिना सह इकार एकारश्च भवत ॥
सायरु उप्परि तणु धरइ, तलि घल्लइ रयणाइं ॥
सामि सुभिच्चु विपरिहरइ, सम्माणेइ खलाइं ॥१॥
तले घल्लइ।

*अर्थ* — अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों में सप्तमी विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "ङि" के स्थान पर "इकार" और 'एकार" प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। ऐसा होने पर अकारान्त शब्दों के अन्त में रहे हुए 'अ' स्वर का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् शेष व्यञ्जनान्त शब्द में "इकार" की संयोजना की जाती है। जैसा कि गाथा में दिये गये पद 'तलि"= 'तले" से जाना जा सकता है। इस "तलि" में सप्तमी बोधक प्रत्यय "इकार" की प्राप्ति हुई है। गाथा का संस्कृत और हिन्दी भाषान्तर क्रम से इस प्रकार हैं —

संस्कृतः — सागरः उपरि तृणानि धरति, तले क्षिपति रत्नानि ॥
स्वामी सुभृत्यमपि परिहरति, सम्मानयति खलान् ॥

*हिन्दी* — समुद्र घास आदि तिनकों को तो ऊपरी सतह पर धारण करता है और बहुमूल्य रत्नों को ठेठ नीचे पैंदे में रखता है। (तदनुसार यह सत्य ही है कि) स्वामी अच्छे सेवकों को तो त्याग देता है और दुष्ट ( सेवकों ) का सम्मान करता है। यहाँ पर 'तले' पद के स्थान पर अपभ्रंश में 'तलि' पद का प्रयोग किया गया है। 'ए' कार पक्ष में 'तले' भी होता है ॥ ४-३३४ ॥

## भिस्येद्वा ॥ ४-३३५ ॥

अपभ्रंशे अकारस्य भिसि परे एकारो वा भवति ॥

गुणहिँ न संपइ कित्ति पर, फल लिहिआ भुञ्जन्ति ॥
केसरि न लहइ बोड्डिअ, वि गय लक्खेहिं घेप्पन्ति ॥ १ ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों में तृतीया बहुवचन बोधक प्रत्यय 'भिस=हिं हिं हिँ' के परे रहने पर उन अकारान्त शब्दों में अन्त्य वर्ण 'अ' कार के स्थान पर विकल्प से 'ए' कार की प्राप्ति होती है। जैसाकि गाथा में आये हुए पद 'लक्खेहिं' से जाना जा सकता है। द्वितीय पद 'गुणहिँ' में अन्त्य अकार को 'एकार' की प्राप्ति नहीं हुई है। यों दोनों प्रकार की स्थिति को जान लेना चाहिये। उक्त गाथा का संस्कृत और हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृतः—गुणैः न संपत्, कीर्तिः परं फलानि लिखितानि भुंजन्ति ।
केसरी कपर्दिकामपि न लभते, गजाः लक्षैः गृह्यन्ते ॥

हिन्दी —गुणों से केवल कीर्ति मिलती है, न कि धन संपत्ति। मनुष्य उन्हीं फलों को भोगते हैं, जो कि भाग्य द्वारा लिखे हुए होते हैं। केशरीसिंह गुण सम्पन्न होते हुए भी उसको कोई भी एक कौड़ी से भी खरीदने को तैयार नहीं होता है, जबकि हाथियों को लाख रुपये देकर भी लोग खरीद लिया करते हैं ॥ ४-३३५ ॥

## ङसे र्हे-हू ॥ ४-३३६ ॥

अस्येति पञ्चम्यन्तं विपरिणम्यते। अपभ्रंशे अकारात् परस्य ङसे र्हे-हु इत्यादेशौ भवतः ॥

वच्छहे गृण्हइ फलइँ, जणु कडु पल्लव वज्जेइ ॥
तो वि महद्दुमु सुअणु जिवँ ते उच्छंगि धरेइ ॥ १ ॥ वच्छहु गृण्हइ ॥

अर्थ —प्राकृत भाषा में जैसे पंचमी विभक्ति के एकवचन में 'त्तो, आओ, आउ आहि, आहिन्तो और लुक्' प्रत्यय होते हैं, वैसे प्रत्यय अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों के लिये उक्त विभक्ति में नहीं हुआ करते हैं, इसी अर्थ को व्यक्त करने के लिये ग्रंथकार ने वृत्ति में 'विपरिणम्यते' पद का निर्माण किया है। अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों में पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर हे और हु ऐसे दो प्रत्ययों की आदेश-प्राप्ति होती है। जैसा कि गाथा में 'वच्छहे' पद से ज्ञात होता है। तदनुसार 'वृक्षात्' पद का अनुवाद अपभ्रंश भाषा में वच्छहे और वच्छहु होगा। इसीलिये 'वच्छहु गृण्हइ' पदों का समावेश गाथा के बाद भी कर दिया गया है। यहाँ पर 'वच्छहु' पद में 'हु' को ह्रस्व लिखने का कारण यह है कि आगे पद 'गृण्हइ' में आदि अक्षर संयुक्त होता हुआ 'हु' के आगे आया हुआ है, इसलिये सूत्र-संख्या १-८४ से 'हू' के दीर्घ स्वर 'ऊ' को ह्रस्व स्वर 'उ' की प्राप्ति हुई है। गाथा का संस्कृत तथा हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृत —वृक्षात् गृह्णाति फलानि जन , कटु पल्लवान् वर्जयति ॥
तथापि महाद्रुम सुजन इव तान् उत्सगे धरति ॥ १ ॥

*अर्थ* —मनुष्य वृक्ष से (मधुर) फलों को तो ग्रहण कर लेता है किन्तु उसी वृक्ष के कडुवे पत्तों का छोड़ देता है। तो भी वह महा वृक्ष उन पत्तों को सज्जन पुरुषों के समान अपनी गोद में ही धारण किये रहता है। जैसे सज्जन पुरुष कटु अथवा मीठी सभी बातों को सहन करते हैं, वैसे ही वृक्ष भी सभी परिस्थितियों को सहर्ष सहन करता है ॥ ४-३३६ ॥

## भ्यसो हुं ॥ ४–३३७ ॥

अपभ्रंशे अकारात् परस्य भ्यस पचमी बहुवचनस्य हुं इत्यादेशो भवति ॥

दूरुड्डाणे पडिउ खलु अप्पणु जणु मारेइ ॥
जिह गिरि-सिंग हुं पडिअ सिल अन्नु वि चूरु करेइ ॥१॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों में पचमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर 'हुं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। जैसा कि गाथा में आये हुए पद '*गिरि-सिंगहु = गिरि -शृंगेभ्य* = पहाड़ की चोटियों से' जाना जा सकता है। उक्त गाथा का संस्कृत हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार हैं —

संस्कृत — दूरोड्डाणेन पतितः खल आत्मानं जनं (च) मारयति ॥
यथा गिरि-शृंगेभ्य पतिता शिला अन्यदपि चूर्णं करोति ॥

*अर्थ* —एक दुष्ट आदमी जब दूर से ऊंचाई से छलांग लगाता है तो खुद भी मरता है और दूसरों को भी मारता है, जैसे कि पहाड़ की चोटियों से गिरी हुई बड़ी शिला अपने भी टुकड़े टुकड़े कर डालती है और ( उसकी चोट में आये हुए) अन्य का भी विनाश कर देती है ॥ ४ ३३७ ॥

## ङसः सु–हो–स्सवः ॥ ४–३३८ ॥

अपभ्रंशे अकारात् परस्य ङ सः स्थाने सु, हो, स्सु इति त्रय आदेशा भवन्ति ॥

जो गुण गोवइ अप्पणा, पयडा करइ परस्सु ॥
तसु हउँ कलि-जुगि दुल्लहहो बलि किज्जउं सुअणस्सु ॥ १ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों के षष्ठी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङ स्' के स्थान पर 'सु, हो और 'स्सु' ऐसे तीन प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। सूत्र-संख्या ४ ३४५ से

इसी विभक्ति में 'लोप' रूप अवस्था की प्राप्ति भी हो सकती है। इनके उदाहरण गाथानुसार क्रम से इस प्रकार हैं—(१) *परस्सु = परस्य* = दूसरों के, (२) *तसु = तस्य* = उसके, (३) *दुल्लहहो = दुर्लभस्य* = दुर्लभ के और (४) *सुअणस्सु=सुजनस्य* = सज्जन पुरुष के ॥ इन उदाहरणों में 'सु, हो और स्सु' प्रत्यय वाले पदों का सद्भाव देखा जा सकता है। 'लुक्' प्रत्यय होने पर 'जण अथवा जणा=मनुष्य का' ऐसा रूप होगा। उपरोक्त गाथा का संस्कृत-अनुवाद सहित हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है—

संस्कृतः—यः गुणान् गोपयति आत्मीयान् प्रकटान् करोति परस्य ॥
तस्य अहं कलियुगे दुर्लभस्य बलिं करोमि सुजनस्य ॥ १ ॥

*हिन्दी*—मैं अपनी श्रद्धांजलि रूप सद्भावना इस कलियुग में दुर्लभ उस सज्जन और भद्र पुरुष के लिये प्रस्तुत करता हूँ जो कि अपने स्वयं के गुणों को ढांकता हैं, अपने गुणों की कीर्ति नहीं करता है और दूसरों के गुणों को प्रकट करता है ॥ ४-३३८ ॥

## आमो हं ॥ ४–३३६ ॥

अपभ्रंशे अकारात् परस्यामोहमित्यादेशो भवति ॥
तणहं तइज्जी भंगि न वि तें अवड-यडि वसन्ति ॥
अह जणु लग्गि वि उत्तरइ अह सह सइं मज्जन्ति ॥ १ ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों के षष्ठी बहुवचन में प्राप्तव्य संस्कृत प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर 'हं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से सूत्र-संख्या ४-३४५ से 'लुक्=०' रूप से भी षष्ठी विभक्ति में प्राप्ति हो सकती है। उदाहरण रूप से गाथा में समाहित पद इस प्रकार हैं—(१) *तणहं = तृणानाम्* = तिनकों के। गाथा का संस्कृत और हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है—

संस्कृतः—तृणानाम् तृतीया भङ्गी नापि,( = नैव ), तानि अवट तटे वसन्ति ॥
अथ जनः लगित्वा उत्तरति अथ सह स्वयं मज्जन्ति ॥

*हिन्दी*—जो घास नदी नाला आदि के किनारे पर उगता है, उसकी दो ही अवस्थाएँ होती हैं, तीसरी अवस्था का अभाव है, या तो लोग उनको पकड़ करके उतरते हैं अथवा उनके साथ स्वयं डूब जाता है ॥ ४-३३६ ॥

## हुं चेदुद्भ्याम् ॥ ४–३४० ॥

अपभ्रंशे इकारोकाराभ्यां परस्यामो हुं हं चादेशौ भवतः ॥
दइवु घडावइ वणि तरुहुं सउणिहं पक्क फलाइं ॥

सो घरि सुक्खु पइट्ठ ण नि कण्णहिं खल-वयणाइं ॥ १ ॥

प्रायोधिकारात् क्वचित् सुपोपि हु ।

धवलु विसूरइ सामि अहो, गरुआ भरू पिक्खे वि ॥

हउं कि न जुत्तउ दुहु दिसिहिं खडइं दोण्णि करे वि ॥ २ ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में इकारान्त और उकारान्त शब्दों के षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में संस्कृत में प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर 'हु और हं' ऐसे दो प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसा कि प्रथम गाथा में आये हुए निम्नोक्त पदों से जाना जा सकता है। (१) तरूहुं = तरूणाम्=वृक्षों के, (२) सउणिहशकुं=नीनां=पक्षियों के ( लिये ) प्राकृत अपभ्रंश आदि भाषाओं में 'चतुर्थी और षष्ठी' विभक्तियाँ एक जैसी ही होती हैं; इसलिये दूसरा पद 'सउणिहं' षष्ठी में होता हुआ भी चतुर्थी विभक्ति-बोधक है। गाथा का संस्कृत तथा हिन्दी भाषान्तर निम्न प्रकार से है —

संस्कृतः—दैवं घटयति वने तरूणां शकुनीनां ( कृते ) पक्व-फलानि ॥

तद् वरं सौख्य प्रविष्टानि नापि कर्णयोः खल-वचनानि ॥

*अर्थ*—भाग्य ने वन में पक्षियों के लिये वृक्षों पर पके हुए फलों का निर्माण किया है; ऐसा होना पक्षियों के लिये बहुत सुखकारी ही है, क्योंकि इससे ( पेट पूर्ति के लिये ) पक्षियों को दुष्ट पुरुषों के वचन तो कानों द्वारा नहीं सुनने पड़ते हैं, अर्थात् खल वचन कानों में प्रवेश तो नहीं करते हैं ॥ १ ॥

'प्राय' अधिकार से 'हु' प्रत्यय इकारान्त उकारान्त शब्दों के लिये सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में भी प्रयुक्त होता हुआ देखा जाता है। सप्तमी के बहुवचन में 'हिं' प्रत्यय की प्राप्ति आगे आने वाले सूत्र संख्या ४-३४७ से जानना चाहिये। यहाँ पर 'हु' प्रत्यय की सिद्धि के लिये द्वितीय गाथा में 'दुहु= द्वयोः =दो में' ऐसा पद दिया गया है। द्वितीय गाथा का संस्कृत तथा हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृत —धवलः खिद्यति ( विसूरइ ) स्वामिनः गुरुं भारं प्रेक्ष्य ॥

अहं किं न युक्तः द्वयोर्दिशोः खण्डे द्वे कृत्वा ॥ २ ॥

*अर्थ*—( कवि कल्पना है कि एक विवेकी ) सफेद बैल अपने ( एक ओर जुते हुए ) स्वामी का भारी बोझ से ( लदा हुआ ) देख करके अत्यन्त दुःख का अनुभव करता है और ( अपने आप के लिये कल्पना करता है कि )- मैं दो विभागों में क्यों नहीं विभाजित कर दिया गया, जिससे कि मैं जुए की दोनों दिशाओं में दोनों ओर जोत दिया जाता ॥ ४-३४० ॥

## ङसि-भ्यस्-ङीनां हे-हुं-हयः ॥ ४-३४१ ॥

अपभ्रंशे इदुद्-भ्या परेषा ङसि-भ्यस-ङि इत्येतेषां यथासंख्य हे, हु, हि इत्येते त्रय ादेशाः भवन्ति ॥ ङसेर्हे ।

गिरिहे सिलायलु, तरुहे फलु घेप्पइ नीसावँन्नु ॥
घरु मेल्लेप्पिणु, माणुसहं तो वि न रुच्चइ रन्नु ॥ १ ॥ भ्यसो हुं ।

तरुहुं वि वक्कलु फलु मुणि वि परिहणु असणु लहन्ति ॥
सामिहुं एत्तिउ अग्गलउ, आयरू भिच्चु गृहन्ति ॥२॥

ङे र्हि । अह विरल-पहाउ जि कलि हि धम्मु ॥ ३ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में इकारान्त शब्दों के और उकारान्त शब्दों के पंचमी विभक्ति के एक-वचन में प्राप्तव्य संस्कृत प्रत्यय 'ङसि के स्थान पर 'हे' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। इन्हीं शब्दों के पंचमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य संस्कृत प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर 'हु' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है और सप्तमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृत प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर 'हि' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। इन तीनों प्रकार के प्रत्ययों के उदाहरण क्रम से उपरोक्त तीनों गाथाओं में दिये गये हैं। जिन्हें मैं क्रम से संस्कृत-हिन्दी अनुवाद सहित नीचे उद्धृत कर रहा हूँ। 'ङसि=हे' के उदाहरण —(१) गिरिहे=गिरे =पहाड़ से। (२) तरुहे=तरो = वृक्ष से। गाथा का संपूर्ण अनुवाद यों है —

संस्कृतः—गिरेः शिलातलं, तरोः फलं गृह्यते निःसामान्यम् ॥
गृहं मुक्त्वा मनुष्याणां तथापि न रोचते अरण्यम् ॥

*अर्थ* —इस विश्व में सोने के लिये सुख पूर्वक विस्तृत शिला तल पहाड़ से प्राप्त हो सकता है और खाने के लिये बिना किसी कठिनाई के वृक्ष से फल प्राप्त हो सकते हैं, फिर भी आश्चर्य है कि अनेक कठिनाइयों से भरे हुए गृहस्थाश्रम को छोड़ करके मनुष्यों को वन वास रुचि-कर नहीं होता है। अरण्य-निवास अच्छा नहीं मालूम होता है। 'भ्यस्=हु' के दृष्टान्त यों हैं —(१) *तरुहु=तरुभ्य* =वृक्षों से और (२) *सामिहु=स्वामिभ्य* =मालिकों से। यों दोनों पदों में पंचमी विभक्ति के बहुवचन में 'भ्यस' प्रत्यय के स्थान पर 'हु' प्रत्यय का आदेश प्राप्ति हुई है। गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—तरुभ्य अपि वल्कलं फलं मुनय अपि परिधानं अशनं लभन्ते ॥
स्वामिभ्यः इयत अधिक ( अग्गलउं ) आदरं भृत्याः गृह्णन्ति ॥ २ ॥

*हिन्दी* —जिस तरह से मुनिगण वृक्षों से छाल तो पहिनने के लिये प्राप्त करते हैं और फल खाने के लिये प्राप्त करते हैं, उसी तरह से नौकर भी ( अपनी गुलामी के बदले में ) अपने स्वामी से भी खाने

पीने और पहिनने की सामग्री के अलावा केवल ( नकली रूप से ) थोड़ा सा आदर ( मात्र ही ) अधिक प्राप्त करते हैं। ( फिर भी आश्चर्य है कि उन्हें वैराग्य नहीं आता है ) ॥ २ ॥ 'कलिहि' का रूपान्तर यों हैं.—*कलिहि*=*कलौ*=कलियुग में। पूरी काव्य-पंक्ति का संस्कृत पूर्वक हिन्दी अनुवाद यों है—

संस्कृत.—अथ विरल-प्रभाव एव कलौ धर्मः ॥ ३ ॥

*हिन्दी*—कलियुग में निश्चय ही धर्म अति स्वल्प प्रभाव वाला हो गया है। ॥ ३ ॥ ४-३४१ ॥

## आट्टो णानुस्वारौ ॥ ४–३४२ ॥

अपभ्रंशे अकारात् परस्य टा वचनस्य णानुस्वारावादेशौ भवत ॥ दइएं पवसन्तेण ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में अकारान्त शब्दों के तृतीया विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृत प्रत्यय 'टा' के स्थान पर (१) 'ण' और (२) 'अनुस्वार' यों दो प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है। इन आदेश प्राप्त प्रत्ययों के पूर्व मूल अङ्ग रूप अकारान्त शब्दों के अन्त्य स्वर 'अ' के स्थान पर सूत्र-संख्या ३-१४ से 'ए' की प्राप्ति हो जायगी। यों प्राप्त प्रत्ययों का रूप (१) एण और (२) 'एं' हो जायगा। सूत्र संख्या १-२७ से 'एण' के स्थान पर 'एणं' रूप की भी विकल्प से प्राप्ति होगी। इस प्रकार से तृतीया विभक्ति के एकवचन में अकारान्त शब्दों में तीन प्रत्यय हो जायगे। जैसे—(१) जिणेण, (२) जिणेणं (३) जिणें। वृत्ति में दिया गया उदाहरण इस प्रकार से हैं—*दइएं पवसन्तेण*=*दयितेन प्रवसता*=प्रवास करते हुए ( विदेश जाते हुए ) पतिदेव से ॥ इस वाक्य में 'ण' और 'अनुस्वार' दोनों प्रत्ययों का उपयोग प्रदर्शित कर दिया गया हैं। शब्दान्त्य 'अकार' के स्थान पर 'एकार' की प्राप्ति भी हुई है। ॥ ४-३४२ ॥

## एं चेदुतः ॥ ४–३४३ ॥

अपभ्रंशे इकारोकाराभ्यां परस्य टावचनस्य एं चकारात् णानुस्वारौ च भवन्ति ॥ एं ॥

अग्गिएं उण्हउ होइ जगु वाएं सीअलु तेवँ ॥
जो पुणु अग्गिं सीअला तसु उण्ह त्तणु केवँ ॥ १ ॥
णानुस्वारौ।
विप्पिअ-आरउ जइ वि पिउ तो वि त आणहि अज्जु ॥
अग्गिण दड्ढा जइ वि घरू तो तें अग्गि कज्जु ॥ २ ॥
एवमुकारादप्युदाहार्याः ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में इकारान्त और उकारान्त शब्दों में, पुल्लिंग और नपुंसकलिंगों में तृतीया विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य संस्कृत प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ए' प्रत्यय की प्राप्ति होती हैं। इसके सिवाय मूल-सूत्र में और वृत्ति में प्रदर्शित 'चकार' से सूत्र-संख्या ४ ३४२ में वर्णित प्रत्यय 'अनुस्वार तथा ण' की अनुवृत्ति भी कर लेनी चाहिये। यों इकारान्त उकारान्त शब्दो में तृतीया विभक्ति के एक वचन में 'ए, अनुस्वार और ण' इन तीन प्रत्ययों का सद्भाव हो जाता है। इन के अतिरिक्त सूत्र-संख्या २७ से प्राप्त प्रत्यय 'ण' पर विकल्प से अनुस्वार की प्राप्ति भी हो जाती है। 'ए' प्रत्यय के उदाहरण उपरोक्त प्रथम गाथा में इस प्रकार दिये गये हैं—(१) *अग्निना*=*अग्गिएं*= अग्नि से, (२) *वातेन*= वाए=हवा से। अनुस्वार का उदाहरण —(१) *अग्निना*=*अग्गिं*=अग्नि से। द्वितीय गाथा में 'ण' प्रत्यय और 'अनुस्वार' प्रत्यय का एक एक उदाहरण दिया गया हैं, जो कि इस प्रकार हैं— (१) *अग्गिण*=*अग्निना*=अग्नि से और (२) *ते*=*तेन*=उससे, तथा (३) *अग्गिं*=*अग्निना*=अग्नि से। ये उदाहरण इकारान्त पुल्लिग शब्द के दिये गये हैं और उकारान्त पुल्लिग शब्द के उदाहरणों की कल्पना स्वयमेव कर लेनी चाहिये, ऐसी सूचना ग्रन्थकार वृत्ति में देते हैं। उपरोक्त दोनों गाथाओं का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृत —अग्निना उष्णं भवति जगत्; वातेन शीतलं तथा।
यः पुन अग्निना शीतल , तस्य उष्णत्वं कथम् ॥ १ ॥

हिन्दी —यह सारा संसार अग्नि से उष्णता का अनुभव करता है और हवा से शीतलता का अनुभव करता है, परन्तु जो ( सन्त-महात्मा ) अग्नि से शीतलता का अनुभव कर सकते हैं, उनको उष्णता जनित पीड़ा कैसे प्राप्त हो सकती है ? अर्थात् त्याग शील महात्मा को विषय कषाय रूप अग्नि कभी भी पीड़ा नहीं पहुँचा सकती हैं।

संस्कृतः—विप्रिय कारकः यद्यपि प्रिय तदपि त आनय अद्य।
अग्निना दग्ध यद्यपि गृहं, तदपि तेन अग्निना कार्यम् ॥ २ ॥

*हिन्दी* —मेरा पति मुझे दुःख देने वाला हैं, फिर भी उसको आज ( हो ) यहाँ पर लाओ। (क्योंकि अन्त तो गत्वा वह मेरा स्वामी ही हैं ) जैसे कि अग्नि से यद्यपि सारा घर जल गया हैं, फिर भी क्या अग्नि का त्याग किया जा सकता हैं ? अर्थात क्या दैनिक कार्यों में अग्नि की आवश्यकता पड़ने पर अग्नि का उपयोग नहीं किया जाता हैं। ॥ २ ॥ ४ ३४३ ॥

## स्यम्-जस्-शसां लुक् ॥ ४-३४४ ॥

अपभ्रंशे सि, अम्, जस्, शस्, इत्येतेषां लोपो भवति ॥ एइ ति घोड़ा, एह थलि ॥ (४ ३३० ) इत्यादि। अत्र स्यम् जसां लोप ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में संबोधन के बहुवचन में संज्ञाओं में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस' के स्थान पर ( विकल्प से ) 'हो' प्रत्यय रूप की आदेश-प्राप्ति होता हैं। इस सूत्र को सूत्र संख्या ४-३४४ के स्थान पर अपवाद रूप समझना चाहिये। उदाहरण इस प्रकार हैं —हे तरूणा ! हे तरूण्य. (च) ज्ञात मया, आत्मन घात मा कुरुत = तरूणहो ! तरुणिहो ! मुणिउ मइँ, करहु म अप्पहो घाउ = अरे नवयुवको और अरे नवयुवतियों ! मैंने ( सत्य ) ज्ञान प्राप्त किया हैं, इसलिये तुम अपने आपको ( विषय-अग्नि में डाल कर के ) आत्म-घात मत करो। यहाँ पर 'तरुणहो और तरुणिहो' पद संबोधन बहुवचन के रूप में प्राप्त होकर 'हो' प्रत्ययान्त हैं ॥ ४-३४६ ॥

## भिस्सुपोर्हिं ॥ ४—३४७ ॥

अपभ्रंशे भिस्सुपो स्थाने हिं इत्यादेशो भवति ॥ गुणहिं न संपइ कित्ति पर ( ४-३३५ ) ॥ सुप् ॥ भाईरहि जिवँ भारइ मग्गेहिं तिहिं वि पयट्टइ ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में तृतीया के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'भिस्' के स्थान पर 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती हैं, इसी प्रकार से सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में भी प्राप्तव्य प्रत्यय 'सुप्' के स्थान पर भी अपभ्रंश भाषा में 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती हैं। दोनों के क्रम से उदाहरण इस प्रकार हैं —

(१) गुणै न सपत् कीर्तिः पर = गुणहिं न सपइ कित्ती पर = गुणों से संपत्ति नहीं प्राप्त की जा सकती हैं, परन्तु ( गुणों से ) कीर्ति प्राप्त की जा सकती हैं। ( पूरी गाथा सूत्र-संख्या ४-३३५ में देखो ) (२) भागीरथी यथा भारते त्रिषु मार्गेषु प्रवर्तते = भाईरहि जिवँ भारइ मग्गेहिं तिहिं वि पयट्टइ = जैसे गंगा नदी भारतवर्ष में तीन मार्गों में बहती है। यहां पर 'मग्गेहिं और तिहिं' पदों में सप्तमी बहुवचन-बोधक-अर्थ में 'सुप्' प्रत्यय के स्थान पर 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति देखी जाती है। ॥ ४-३४७ ॥

## स्त्रियां जस्-शसोरुदोत् ॥ ४—३४८ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानान्नाम्नः परस्य जस शसश्च प्रत्येकमुदोतावादेशौ भवतः लोपापवादौ ॥ जस ॥ अंगुलिउ जज्जरियाउ नहेण ॥ (४—३३३) शसः ।

सुन्दर-सव्वङ्गाउ विलासिणीओ पेच्छन्ताण ॥ १ ॥

वचन-भेदान्न यथा-संख्यम् ॥

अर्थ—अपभ्रंश भाषा में सभी प्रकार के स्त्रीलिंग शब्दों में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'जस्' के स्थान पर 'उ' और 'ओ' ऐसे दो प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है, इसी प्रकार से इन्हीं स्त्रीलिंग शब्दों के द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में भी प्राप्तव्य प्रत्यय 'शस्' के स्थान पर उक्त 'उ' और 'ओ' ऐसे दो प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। यों प्रथमा द्वितीया के बहुवचन में उक्त प्रत्ययों की संयोजना करने के पहिले प्रत्येक स्त्रीलिंग शब्द के अन्त्य स्वर को विकल्प से ह्रस्व के स्थान पर दीर्घत्व की और दीर्घ स्वर के स्थान पर ह्रस्व स्वरत्व की प्राप्ति भी क्रम से हो जाती है। ऐसा होने से दोनों विभक्तियों के बहुवचन में प्रत्येक शब्द के लिये चार चार रूपों की प्राप्ति हो जाया करती है। यह सूत्र सूत्र संख्या ४-३४४ के प्रति अपवाद रूप सूत्र है। दोनों ही विभक्तियों के बहुवचनों में समान रूप से प्रत्ययों का सद्भाव होने से 'यथा संख्यम्' अर्थात् 'क्रम से' ऐसा कहने की आवश्यकता नहीं रही है। दोनों विभक्तियों के क्रम से उदाहरण इस प्रकार हैं:—

*(१) अंगुल्यः जर्जरिताः नखेन=अंगुलिउ जज्जरियाउ नहेण*=(गणना करने के कारण से) नख से अंगुलियाँ जर्जरित हो गई हैं, पीडित हो गई हैं। यहाँ पर प्रथमा विभक्ति के बहुवचन के अर्थ में 'उ' प्रत्यय' की प्राप्ति हुई है। पूरी गाथा सूत्र संख्या ४-३३३ में देखना चाहिये।

*(२) सुन्दर-सर्वांगीः विलासिनीः प्रेक्षमाणानाम्=सुन्दर-सव्वंगाउ विलासिणीओ (विलासिणीओ) पेच्छन्ताण* सभी अंगों से सुन्दर आनन्द मग्न स्त्रियों को देखते हुए (पुरुषों) के लिये (अथवा पुरुषों के हृदय में)॥ यहाँ पर भी द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में क्रम से 'उ' और 'ओ' प्रत्ययों का प्रदर्शित किया गया है॥ ४-३४८॥

## ट ए ॥ ४-३४९ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानान्नाम्नः परस्याष्टायाः स्थाने ए इत्यादेशो भवति॥

निअ-मुह-करहिं वि मुद्ध कर अन्धारइ पडिपेक्खइ॥
ससि-मंडल-चंदिमए पुणु काइं न दूरे देक्खइ॥ १॥

जहिं मरगय-कन्तिए संवलिअं॥

अर्थ—अपभ्रंश भाषा में सभी प्रकार के स्त्रीलिंग शब्दों में तृतीया विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'टा' के स्थान पर 'ए' ऐसे एक ही प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'ए' की संयोजना करने के पहिले शब्द के अन्त में रहे हुए ह्रस्व स्वर को दीर्घ स्वर की और दीर्घ स्वर को ह्रस्व स्वर की प्राप्ति विकल्प से हो जाती है। यों स्त्रीलिंग शब्दों में तृतीया विभक्ति के एकवचन में क्रम से एवं वैकल्पिक रूप से दो दो रूपों की प्राप्ति होती है। जैसे—*चन्द्रिकया=चंदिमए*=चाँदनी से। यहाँ पर 'ए' प्रत्यय के पूर्व 'चंदिमा' से 'चंदिम' हो गया है। (२) *कान्त्या=कन्तिए*=कांति से आभासे॥ वृत्ति में दी गई गाथाओं का अनुवाद क्रम से इस प्रकार है:—

संस्कृतः—निज मुख करैः अपि मुग्धा करं अन्धकारे प्रतिपेक्षते ॥
शशि-मडल-चन्द्रिकया पुनः किं न दूरे पश्यति ॥ १ ॥

*हिन्दी* —( विषयों में आसक्त हुई ) मुग्धा (स्त्री) अपने मुख की किरणों से भी अन्धकार में अपने हाथ को देख लेती है, तो फिर पूर्ण चन्द्र-मडल की चांदनी से दूर दूर तक क्या नहीं देख सकती है ? अथवा किन किन को नहीं देखती है ॥ १ ॥

(२) संस्कृत —*यत्र मरकत-कान्त्या संवलितम् = जहिं मरगय-कान्तिए संवलिअं* = जहाँ पर मरकत मणि की कान्ति से आभासे घेराये हुए को आच्छादित को। ( गाथा अपूर्ण है ) ॥ २ ॥ शेष रूपों की कल्पना स्वयमेव कर लेना चाहिये ॥ ४-३४६ ॥

## ङस्—ङस्योर्हे ॥ ४—३५० ॥

अपभ्रंशे स्त्रियाम् वर्तमानान्नाम्नः परयोर्ङस् ङसि इत्येतयोर्हे इत्यादेशो भवति ॥ ङस । तुच्छ मज्झहे तुच्छ-जम्पिरहे ।

तुच्छच्छ-रोमावलिहे तुच्छ-राय तुच्छयर हासहे ।
पिय-वयणु अलहन्ति-अहे तुच्छकाय-वम्मह निवासहे ।
अन्नु जु तुच्छउं तहे धणहे तं अक्खणह न जाइ ।
कटरि थणं तरू मुद्धडहे जें मणु विच्चि ण माइ ॥ १ ॥
ङसेः । फोडेन्ति जे हियडउं अप्पणउं ताहं पराई कवण घण ।
रक्खेज्जहु लोअहो अप्पणा बालहे जाया विसम थण ॥ २ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग शब्दों में पंचमी विभक्ति में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर 'हे' प्रत्यय रूप की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से षष्ठी विभक्ति में भी प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर 'हे' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति हो जाया करती है। सूत्र संख्या ४-३४५ से षष्ठी विभक्ति के एकवचन में उक्त रीति से आदेश प्राप्त प्रत्यय 'हे' का लोप भी प्रायः हो जाया करता है। इसके अतिरिक्त प्राप्तव्य प्रत्यय 'हे' की संयोजना करने के पूर्व अथवा 'हे' प्रत्यय के लोप होने के पूर्व स्त्रीलिंग शब्दों में अन्त्य रूप में रहे हुए स्वर का 'ह्रस्व से दीर्घत्व और दीर्घ से ह्रस्वत्व' की प्राप्ति भी वैकल्पिक रूप से हो जाया करती हैं, यों पंचमी विभक्ति के एकवचन में दो रूपों की प्राप्ति होती है और षष्ठी विभक्ति के एकवचन में चार रूपों की प्राप्ति का विधान जानना चाहिये। वृत्ति में पंचमी और षष्ठी विभक्तियों के रूपों को प्रदर्शित करने के लिये जो गाथाएं उद्धृत की गई हैं, उनमें प्रायः इन पदों में 'हे' प्रत्यय को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया है। गाथाओं का संस्कृत और हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार हैं—

संस्कृतः—तुच्छ-मध्यायाः तुच्छ जल्पन-शीलायाः ।
तुच्छाच्छ रोमावल्या तुच्छ रागाया तुच्छतरहासाया ॥
प्रियवचनमलभमानायाः तुच्छकायमन्मथनिवासायाः ।
अन्यद् यत्तुच्छं तस्याः धन्यायाः तदाख्यातुं न याति ॥
आश्चर्यं स्तानान्तर मुग्धाया येन मनो वत्मनि न माति ॥

*अर्थ*—सूक्ष्म अर्थात् पतली कमरवाली, अल्प बोलने के स्वभाववाली, पतले और सुन्दर केशों-वाली, अल्प कोपवाली अथवा अल्प रागवाली बहुत थोड़ा हँसनेवाली, प्रिय पति के वचनों को नहीं प्राप्त करने से दुबले शरीर वाली, जिसके पतले और सुन्दर शरीर में, कामदेव ने निवास कर रखा है ऐसा, इतनी विशेषताओं वाली उस धन्य अर्थात् अहो भाग्यवाली मुग्धा नायिका का जो दूसरा भाग सूक्ष्म है-अर्थात् पतला हैं, उसका वर्णन नहीं किया जा सकता है ॥ अपनी चचलता के कारण से परि भ्रमण करता हुआ जो सूक्ष्म आकृतिवाला मन विस्तृत मार्ग में भी नहीं समाता हैं, आश्चर्य हैं कि ऐसा वह मन ( उक्त नायिका के ) स्थूल स्तनों के मध्य में अवकाश नहीं होने पर भी वहाँ पर समा गया है। उपरोक्त अपभ्रंश पदों में षष्ठी विभक्ति बोधक प्रत्यय 'ङस् = हे' का सद्भाव स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया गया है। अब पंचमी बोधक प्रत्यय 'हे' वाली गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृतः—स्फोटयत यौ हृदय आत्मीय, तयोः परकीया का घृणा ॥
रक्षत लोका आत्मान वालायाः जातौ विषमौ स्तनौ ॥२॥

*हिन्दी*—जो ( स्तन ) खुद के हृदय को ही विस्फोटित करके उत्पन्न हुए हैं, उनमें दूसरों के लिये दया कैसे हो सकती हैं? इसलिये हे लोगों! इस बाला से अपनी रक्षा करो, इसके ये दोनों स्तन अत्यन्त विषम प्रकृति के-( घातक स्वभाव के ) हो गये हैं ॥ २ ॥ इस गाथा में 'बालहे' पद पंचमी विभक्ति के एकवचन के रूप में कहा गया हैं ॥ ४-३५० ॥

## भ्यसामो हुः ॥ ४-३५१ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानान्नाम्न परस्य भ्यस आमश्च हु इत्यादेशो भवति ॥
भल्ला हुआ जु मारिआ बहिणि महारा कन्तु ॥
लज्जेज्जन्तु वयंसिअहु जइ भग्गा घरु एन्तु ॥ १ ॥
वयस्याभ्यो वयस्यानाम् वेत्यर्थः ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग वाले शब्दों में पंचमी विभक्ति के बहुवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'भ्यस्' के स्थान पर 'हु' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में भी प्राप्तव्य प्रत्यय 'आम्' के स्थान पर 'हु' की आदेश प्राप्ति (विकल्प से) जानना चाहिये। सूत्र-संख्या ४-३४५ से इस प्राप्त प्रत्यय 'हु' का प्रायः लोप हो जाया करता है। इस संविधान के अतिरिक्त यह भी विशेषता है कि इस प्राप्त प्रत्यय 'हु' में अथवा 'लोप विधान' के पूर्व स्त्रीलिंग शब्दों में रहे हुए अन्त्य स्वर को विकल्प से ह्रस्व से दीर्घत्व की और दीर्घ से ह्रस्वत्व की प्राप्ति भी होती है। यों पंचमी विभक्ति के बहुवचन में स्त्रीलिंग शब्दों में दो रूप होते हैं और षष्ठी विभक्ति के बहुवचन में चार चार रूप हो जाते हैं। उदाहरण के रूप में गाथा में जो पद 'वयसिअहु' दिया गया है, उसको पंचमी और षष्ठी के बहुवचन में दोनों में गिना जा सकता है। जैसे कि—*वयस्याभ्य* अथवा *वयस्यानाम्*=वयंसिअहु=मित्रों से अथवा मित्रों के बीच में। पूरी गाथा का संस्कृत हिन्दी रूपान्तर यों है—

संस्कृत—भव्य भूत यन्मारितः भगिनि! अस्मदीय कान्तः।
अलज्जिष्यत् वयस्याभ्यः यदि भग्नः गृह ऐष्यत्॥

*अर्थ*—हे बहिन! यह बड़ा अच्छा हुआ, कि मेरे पति (युद्ध में युद्ध करते करते) मारे गये। यदि वे हार कर (अथवा कायर बन कर) घर पर आ जाते तो मित्रों से (अथवा मित्रों के बीच में) लज्जित किये जाते। (उनकी हँसी उड़ाई जाती) ॥ ४-३५१ ॥

## ङेः हिं ॥ ४-३५२ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानान्नाम्नः परस्य ङेः सप्तम्येकवचनस्य हि इत्यादेशो भवति।

वायसु उड्डावन्तिअए पिउ दिट्ठिउ सहस त्ति॥
अद्धा वलया महिहि गय अद्धा फुट्ट तड त्ति॥ १॥

*अर्थ*.—अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग शब्दों में सप्तमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर 'हि' प्रत्यय रूप की आदेश प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय 'हि' की संयोजना करने के पूर्व स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त्य स्वर की विकल्प से '*ह्रस्वत्व से दीर्घत्व*' की और '*दीर्घत्व से ह्रस्वत्व*' की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार से अपभ्रंश भाषा में सभी स्त्रीलिंग वाचक शब्दों के सप्तमी विभक्ति के एकवचन में दो दो रूप हो जाते हैं। जैसे—महिहि, महीहि=पृथ्वी पर। धेणुहि, धेणूहि=गाय पर गाय में। मालडिआहि, मालडिअहि=माला में-माला पर। गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृत—वायस उड्डापयन्त्या प्रियो दृष्टः सहसेति॥
अर्धानि वलयानि मह्यां गतानि, अर्धानि स्फुटितानि तटिति॥

*हिन्दी* —शकुन शास्त्र में मकान के मुंडेर पर बैठकर कौए द्वारा 'काँव काँव' किये जाने वाले शब्द से किसी के भी आगमन की सूचना मानी जाती है तदनुसार किसी एक स्त्री द्वारा कौए की काँव-काँव वाचक ध्वनि को सुनकर उसको उड़ाने के लिये ज्यों ही प्रयत्न किया गया तो अचानक ही उसको अपने प्रिय पति विदेश से घर आते हुए दिखलाई पड़े। इससे उस स्त्री को हर्ष मिश्रित रोमाञ्च हो आया और ऐसा होने पर उसके हाथ में पहिनी हुई चूड़ियाँ में से आधी तो धरती पर गिर पड़ी और आधी 'तड़ाक' ऐसे शब्द करते ही तड़क गईं ॥ ४ ३५२ ॥

## क्लीबे जस्–शसोरिं ॥ ४-३५३ ॥

अपभ्रंशे क्लीबे वर्तमानान्नाम्न. परयो जंस्-शसो इं इत्यादेशो भवति ॥

कमलइं मेल्लवि अलि उलइं करि-गण्डाइं महन्ति ॥
असुलहं मेच्छण जाहं भलि ते ण वि दूर गणन्ति ॥ १ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में नपुंसकलिंग वाले शब्दों के प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में भी प्राप्तव्य प्रत्यय जस् और शस्' के स्थान पर केवल एक ही प्रत्यय 'इं' की आदेश प्राप्ति होती है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'इं' को संयोजना करने के पूर्व नपुंसकलिंग वाले शब्दों के अन्त्य स्वर को विकल्प से 'ह्रस्वत्व से दीर्घत्व' और दीर्घत्व से ह्रस्वत्व' की प्राप्ति क्रम से हो जाती है। यों इन विभक्तियों में दो दो रूप हो जाया करते हैं। जैसे —*नेत्तइं, नेत्ताइं*=आँखों ने अथवा आँखों को। *धणुइं, धणूइं*=धनुष्यों ने और धनुष्यों को। *अच्छिइं, अच्छीइं*=नेत्रों ने और नेत्रों को। वृत्ति में दी हुई गाथा में (१) *अलि-उलइं=अलि कुलानि*=भँवरों का समूह प्रथमा बहुवचनान्त पद है। (२) *कमलइं=कमलानि*=कमलों को तथा (३) *करि गण्डाइं = करिगण्डान्*=हाथियों के गंड-स्थलों को, ये पद द्वितीया बहुवचनान्त है। पूरी गाथा का अनुवाद इस प्रकार है —

संस्कृतः—कमलानि मुक्त्वा अलि कुलानि करिगण्डान् कांक्षन्ति ॥
असुलभ एष्टुं येषां निर्बन्धः (भलि), ते नापि (=नैव) दूरं गणयन्ति ॥१॥

*हिन्दी* —भँवरों का समूह कमलों को छोड़ करके हाथियों के गंड स्थलों की इच्छा करते हैं, इस में यही रहस्य है कि जिनका आग्रह (अथवा लक्ष्य) कठिन वस्तुओं को प्राप्त करने का होता है, वे दूरी की गणना कदापि नहीं किया करते हैं ॥१॥४ ३५३॥

## कान्तस्यात उं स्यमोः ॥४-३५४॥

अपभ्रंशे क्लीबे वर्तमानस्य ककारान्तस्य नाम्नो योऽकारस्तस्य स्यमोः परयोः उं इत्यादेशो भवति ॥ अन्नु जु तुच्छउं तहें धणहे ।

भग्गउ' देक्खिवि निअय-बलु बलु पसरिअउ' परस्सु ॥
उम्मिलइ ससि-रेह जिवँ करि करवालु पियस्सु ॥१॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में नपुंसकलिंग वाले शब्दों के अन्त में 'ककार' वर्ण हो और उस 'ककार' वर्ण का सूत्र संख्या १-१७७ से लोप हो जाने पर शेष रहे हुए अन्त्य वर्ण 'अकार' में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में और द्वितीया विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'उ' और 'लोप रूप शून्य' के स्थान पर केवल 'उ' प्रत्यय की ही आदेश प्राप्ति होती है। अन्त्य वर्ण 'क' का लोप हो जाने पर शेष रहे हुए 'अ' वर्ण को 'उद्वृत्त' स्वर की संज्ञा प्राप्त हो जाती है। ऐसे शब्दों में ही उक्त दोनों विभक्तियों के एकवचन में केवल 'उ' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। जैसे—*नेत्रकम्=नेत्तउं*=आँख ने अथवा आँख को। *अक्षिकम्=अच्छिउं*=आँख ने अथवा आँख को। गाथा में आये हुए प्रथमा द्वितीया विभक्तियों के एकवचन वाले पद इस प्रकार से हैं—

(१) *भग्नक=भग्गउ*=टूटती हुई को भागती हुई को। (२) *प्रसृतक=पसरिअउ*=फैलती हुई को। (३) तुच्छकम्=*तुच्छउं*=तुच्छ का॥ पूरी गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृतः—भग्नकं दृष्ट्वा निजकं बलं, बलं प्रसृतकं परस्य ॥
उन्मीलति शशिलेखा यथा करे, करवालः प्रियस्य ॥ १ ॥

*हिन्दी*—अपनी फौज को भागते हुए अथवा बिखरते हुए देख करके और शत्रु की फौज को जीतते हुए एवं फैलते हुए देख करके मेरे प्रियतम के हाथ में तलवार यों चमकती हुई शत्रुओं के गर्व को काटती हुई दिखाई देने लगी कि जिस प्रकार आकाश में उगते हुए बाल-चन्द्रमा की 'रेखा अथवा लेखा' सुन्दर दिखाई पड़ती है॥ ४-३५४॥

## सर्वादेः ङसेर्हां ॥ ४-३५५ ॥

अपभ्रंशे सर्वादेः अकारान्तात् परस्य ङसेर्हां इत्यादेशो भवति ॥ जहां होन्तउ आगदो। तहां होन्तउ आगदो। कहां होन्तउ आगदो ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'सर्व=सव्व' आदि अकारान्त सर्वनामों के पञ्चमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर 'हां' प्रत्यय रूप की आदेश प्राप्ति होता है। जैसे—*यस्मात् भवान् आगतः=जहां होन्तउ आगदो*=जहाँ से आप आये हैं। (२) *तस्मात् भवान् आगतः*=*तहां होन्तउ आगदो*=वहाँ से आप आये हैं। (३) *कस्मात् भवान् आगतः*=*कहां होन्तउ आगदो*=कहाँ से आप आये हैं॥ ४-३५५॥

## किमो डिहे वा ॥ ४-३५६ ॥

अपभ्रंशे किमो कारान्तात् परस्य ङसे र्डिहे इत्यादेशो वा भवति ॥

जइ तहे तुट्टउ नेहडा मइं सुहुं न वि तिल-तार ॥
त किहे वकेहिं लोअणेहिं जोइज्जउ सयवार ॥ १ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'किम्' सर्वनाम के अङ्ग रूप 'क' शब्द में पचमी विभक्ति के एकवचन में प्राप्तव्य प्रत्यय 'ङसि' के स्थान पर 'डिहे=इहे प्रत्यय रूप की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है। डिहे' प्रत्यय में 'डकार' इत् सज्ञक होने के अङ्ग रूप 'क' के अन्त्य 'अ' का लोप होकर शेष अग रूप हलन्त 'क्' में 'इहे' प्रत्यय की सयोजना की जानी चाहिये। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'काहा और कहा' रूपों की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण के रूप में गाथा में 'किहे' पद दिया गया है। जिसका अर्थ है—किस कारण से ॥ पूरी गाथा का अनुवाद यों है —

सस्कृतः—यदि तस्याः त्रुट्यतु स्नेह मया सह नापि तिलतारः (?)
तत् कस्मात् वक्राभ्याम् लोचनाभ्याम् दृश्ये (अह) शतवारम् ॥

*हिन्दी* —यदि उसका प्रेम मेरे प्रति टूट गया है और प्रेमका अश मात्र भी मेरे प्रति नहीं रह गया है तो फिर मैं किस कारण से उसके टेढ़े टेढे नेत्रों से सैकड़ों बार देखा जाता हूँ ? अर्थात् तो फिर मुझे वह बार बार क्यों देखना चाहती है ? ॥ ४ ३५६ ॥

## ङे र्हि ॥ ४-३५७ ॥

अपभ्रंशे सर्वादेरकारान्तात् परस्य ङेः सप्तम्येक वचनस्य हिं इत्यादेशो भवति ॥

जहिं कप्पिज्जइ सरिण सरू छिज्जइ खग्गिण खग्गु ॥
तहिं तेहइ भड-घड निवहि कन्तु पयासइ मग्गु ॥ १ ॥
एक्कहिं अक्खिहिं सावणु अन्नहिं भद्दवउ ॥
माहउ महिअल-सत्थरि गण्डे-त्थले सरउ ॥
अगिहिं गिम्ह सुहच्छी-तिल-वणि मग्ग सिरू ॥
तहे मुद्धहे मुह-पकइ आवासिउ सिसिरू ॥ २ ॥
हिअडा फुट्टि तडत्ति करि कालक्खेवें काइ ॥
देक्खउ हय-विहि कहिं ठवइ पइ विणु दुक्ख सयाइ ॥ ३ ॥

अर्थ—अपभ्रंश भाषा में 'सर्व = सव्व' आदि अकारान्त सर्वनाम वाचक शब्दों के सप्तमी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङि' के स्थान पर 'हिं' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। वृत्ति में दी गई गाथाओं में आये हुए निम्नोक्त पद सप्तमी विभक्ति के एकवचन में 'हिं' प्रत्यय के साथ क्रम से इस प्रकार हैं:—

(१) जहिं = यस्मिन् ( अथवा यत्र ) = जिसमें ( अथवा जहाँ पर ),

(२) तहिं = तस्मिन् ( अथवा तत्र ) = उसमें ( अथवा वहाँ पर ),

(३) एक्कहिं = एकस्मिन् = एक में, (४) अन्नहिं = अन्यस्मिन् = दूसरे में, (५) कहिं = कस्मिन् = कहाँ पर। तीनों गाथाओं का संस्कृत और हिन्दी अनुवाद क्रम से इस प्रकार है:—

संस्कृतः—यस्मिन् कल्प्यते शरेण शर, छिद्यते खड्गेन खड्ग ॥
तस्मिन् तादृशे भट घटा निवहे कान्त प्रकाशयति मार्गम् ॥ १ ॥

हिन्दी—जहाँ पर अर्थात् जिस युद्ध में बाण से बाण काटा जाता है अथवा काटा जा रहा है और जहाँ पर तलवार से तलवार काटी जा रही है, ऐसे भयंकर युद्ध में रणवीर रूपी बादलों के समूह में (मेरा बहादुर) पति (अन्य वीरों को) (युद्ध कला का आदर्श) मार्ग बतलाता है (अथवा बतला रहा है)।

संस्कृतः—एकस्मिन् अक्ष्णि श्रावणः, अन्यस्मिन् भाद्रपदः।
माधवः (अथवा माघः) महीतलस्रस्तरे गण्ड स्थले शरत् ॥
अंगेषु ग्रीष्मः सुखासिका तिलवने मार्गशीर्षः।
तस्याः मुग्धायाः मुख पंकजे आवासितः शिशिरः ॥ २ ॥

हिन्दी—इस काव्य रूप श्लोक में ऐसी नायिका की स्थिति का वर्णन किया गया है, जो अपने पति से दूर स्थल पर अवस्थित है। पति वियोग से इस नायिका के आँखों में अश्रु प्रवाह प्रवाहित होता रहता है, इससे ऐसा मालूम होता है कि—मानों इसकी एक आँख में श्रावण मास का निवास-स्थान है और दूसरी में भाद्रपद मास है। ( पत्र और पुष्पों से निर्मित ) उसका भूमि तल पर बिछाया हुआ बिस्तरा बसंत ऋतु के समान अथवा माघ मास के समान प्रतीत होता है। उसके गालों पर शरद् ऋतु की आभा दिखाई देती है और अङ्ग अङ्ग पर ( वियोग जनित उष्णता के कारण से ) ग्रीष्म ऋतु का आभास प्रतीत हो रहा है। ( जब वह शांति के लिये ) तिल उगे हुए खेतों में बैठती है तो ऐसा मालूम होता है कि मानों यहाँ पर मार्ग शीर्ष मास का समय चल रहा है। ऐसी उस मुग्धा नायिका के मुख कमल की स्थिति है कि मानों उसके मुख-कमल पर 'शिशिर' ऋतु का निवास स्थान है ॥ २ ॥

संस्कृत—हृदय ! स्फुट तटिति (शब्द) कृत्वा काल क्षेपेण किम् ॥
पश्यामि हत विधिः क स्थापयति त्वया विना दुःख शतानि ॥ ३ ॥

हिन्दी —हे हृदय ! 'तडाक' ऐसा शब्द करके अथवा करते हुए फटजा विदीर्ण होजा, ऐसा करने में विलम्ब करने से क्या (लाभ) है ? क्योंकि मैं देखता हूँ कि-यह दुर्भाग्य तेरे सिवाय अन्यत्र इन सैंकड़ों दुःखों को कहाँ पर स्थापित करेगा ? अर्थात् इन आपतित सैंकडों दुःखों को झेलने की अपेक्षा से तो मृत्यु का वरण करना ही श्रेष्ठ है ॥ ४-३५७ ॥

## यत्तत्किंभ्यो ङसो डासु र्न वा ॥ ४–३५८ ॥

अपभ्रंशे यत्तत्-किम् इत्येतेभ्यो कारान्तेभ्य परस्य ङसो डासु इत्यादेशो वा भवति ॥

कन्तु महारउ हलि सहिए निच्छइं रूसइ जासु ॥
अत्थिहिं सत्थिहिं हत्थिहिं वि ठाउ वि फेडइ तासु ॥१॥
जीविउ कासु न वल्लहउ धणु पुणु कासु न इट्ठु ॥
दोण्णि वि अवसर-निवडिआइं तिण-सम गणइ विसिट्ठु ॥२॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में "यत्' तत् और किम्' सर्वनामों के अकारान्त पुल्लिंग अवस्था में षष्ठी विभक्ति के एक वचन में संस्कृतीय प्रत्यय "ङस" के स्थान पर 'डासु=आसु" प्रत्यय की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। "डासु" रूप लिखने का तात्पर्य यह है कि "यत्=ज", "तत्=त" और "किम्=क" में स्थित अन्त्य स्वर "अकार" का "डासु=आसु' प्रत्यय जोड़ने पर लोप हो जाता है। यों "डासु" में स्थित "डकार" इत्संज्ञक है। गाथाओं में इन सर्वनामों के जो उदाहरण दिये गये हैं, वे क्रम से इस प्रकार हैं —(१) जासु=यस्य=जिसका, (२) तासु=तस्य=उसका और (३, कासु=कस्य=किसका ॥ गाथाओं का अनुवाद निम्न प्रकार से है —

संस्कृतः—कान्त अस्मदीय हला सखिके ! निश्चयेन रुष्यति यस्य ॥
अस्त्रैः शस्त्रैः हस्तै रपि स्थान मपि स्फोटयति तस्य ॥१॥

हिन्दी —हे सखि ! हमारा कान्त—प्रियपति—जिस पर निश्चय से रूठ जाता है—अथवा क्रोध करता है, तो उसके स्थान को भी निश्चय ही अस्त्रों से, शस्त्रों से और (यहाँ तक कि) हाथों से भी नष्ट कर देता है ॥१॥

संस्कृतः—जीवित कस्य न वल्लभकं, धन पुनः कस्य नेष्टम् ॥
द्वे अपि अवसर निपतिते, तृणसमे गणयति विशिष्टः ॥२॥

हिन्दी —किसको (अपना) जीवन प्यारा नहीं है ? और कौन ऐसा है जिसको कि धन (प्राप्ति) की आकांक्षा नहीं है ? अथवा धन प्यारा नहीं है ? किन्तु महापुरुष कठिनाइयों व दुःखों में भी अपना

समय पड़ने पर भी दोनों को ही (जीवन तथा धन को भी) तृण घास तिनके के समान ही गिनते हैं। अर्थात् दोनों का परित्याग करने के लिये विशिष्ट पुरुष तत्पर रहते हैं ॥४-३५८॥

## स्त्रियां डहे ॥ ४-३५९ ॥

अपभ्रंशे स्त्रीलिंगे वर्तमानेभ्यो यत्तत्-किंभ्यः परस्य ङसो डहे इत्यादेशो वा भवति जहे केरउ। तहे केरउ। कहे केरउ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग वाचक सर्वनाम 'या=जा', 'सा' और 'का' के षष्ठी विभक्ति के एकवचन में संस्कृतीय प्रत्यय 'ङस्' के स्थान पर 'डहे=अहे' प्रत्यय की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। 'डहे' रूप लिखने का यह रहस्य है कि 'जा, सा अथवा ता और का' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' का 'डहे=अहे' प्रत्यय जोड़ने पर लोप हो जाता है। यों 'डहे' प्रत्यय में अवस्थित 'डकार' इत्संज्ञक है। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है— (१) *यस्याः कृते*=जहे केरउ=जिसके लिये। (२) *तस्याः कृते*=तहे केरउ=उसके लिये और (३) *कस्याः कृते*=कहे केरउ=किसके लिये ॥४-३५९॥

## यत्तदः स्यमोर्ध्रुं त्रं ॥ ४-३६० ॥

अपभ्रंशे यत्तदोः स्थाने स्यमोः परयोर्यथासंख्यं ध्रुं त्रं इत्यादेशौ वा भवतः ॥

प्रगणि चिट्ठदि नाहु ध्रुं त्रं रणि करदि न भ्रन्ति ॥१॥

पक्षे। तं बोल्लिअइ जु निव्वहइ ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'यत्' सर्वनाम के प्रथमा विभक्ति के एकवचन में सि प्रत्यय प्राप्त होने पर तथा द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'अम्' प्रत्यय प्राप्त होने पर मूल शब्द 'यत्' और प्रत्यय दोनों के स्थान पर दोनों विभक्तियों में 'ध्रुं' रूप की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से 'तत्' सर्वनाम में भी प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' प्रत्यय की संयोजना होने पर तथा द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'अम्' प्रत्यय जुड़ने पर मूल शब्द 'तत्' और विभक्ति प्रत्यय दोनों के स्थान पर दोनों विभक्तियों में 'त्रं' रूप की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। उदाहरण इस प्रकार से है— (१) *प्रांगणे तिष्ठति नाथः यत् तद् रणे करोति न भ्रान्तिम्*=प्रगणि चिट्ठदि नाहु ध्रुं त्रं रणि करदि न भ्रन्ति=(क्योंकि) मेरे पति आंगन में विद्यमान हैं, इस लिये रण क्षेत्र में सन्देह को (अथवा भ्रमण को) नहीं करता है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'यत्' के स्थान पर 'जु' रूप की और 'तद्' के स्थान 'तं' रूप की भी प्राप्ति होगी। उदाहरण यों है—*तत् जल्प्यते यत् निर्वहति*=तं बोल्लिअइ जु निव्वहइ=वह (उससे) वही बोला जाता है, जिसको वह निबाहता है ॥४-३६०॥

## इदम दमुः क्लीवे ॥ ४-३६१ ॥

अपभ्रंशे नपुंसक लिंगे वर्तमानस्येदम स्यमो परयोः इमु इत्यादेशो भवति ॥ इमु-इलु तुह तणउ । इमु कुलु देक्खु ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा मे इदम् सर्वनाम के नपुंसकलिंग वाचक रूप में प्रथमा विभक्ति में प्राप्तव्य प्रत्यय 'सि' को सयोजना होने पर तथा द्वितीया विभक्ति में 'अम्' प्रत्यय प्राप्त होने पर मूल शब्द 'इदम्' और 'प्रत्यय' दोनों के स्थान पर दोनों विभक्तियों के एकवचन में 'इमु' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—(१) *इदम् कुलम्* = *इमु कुलु* = यह कुल = यह वंश । (२) *तव तृणम्* = *तुह तणउ* = तुम्हारा घास अथवा *त्वत् तणयं* = *तुह तणउ* = तुम से सम्बन्ध रखनेवाला ( यह कुल है ) (३) *इदं कुलं पश्य* = *इमु कुलु देक्खु* = इस कुल को देख ॥ ४ ३६१ ॥

## एतदः स्त्री-पुं-क्लीवे एह-एहो-एहु ॥ ४-३६२ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां पुंसि नपुंसके वर्तमानस्यैतद स्थाने स्यमोः परयोर्यथा-सख्यम् एह एहो एहु इत्यादेशा भवन्ति ॥

एह कुमारी एहो नरू एहु मणोरह-ठाणु ॥
एहउँ वढ चिन्तन्ताहं पच्छइ होइ विहाणु ॥ १ ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'एतत्' सर्वनाम के पुल्लिंग में प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'सि' प्रत्यय प्राप्त होने पर तथा द्वितीया विभक्ति के एकवचन में 'अम्' प्रत्यय प्राप्त होने पर मूल शब्द 'एतत्' और 'प्रत्यय' दोनों के स्थान पर 'एहो' पद रूप की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से 'एतत्' सर्वनाम के स्त्रीलिंग में प्रथमा के एकवचन में तथा द्वितीया के एकवचन में मूल शब्द और प्रत्यय के स्थान पर 'एह' पद रूप की आदेश प्राप्ति होती है। नपुंसकलिंग में भी 'एतत्' सर्वनाम की प्रथमा के एकवचन में और द्वितीया के एकवचन में मूल शब्द तथा प्रत्यय दोनों के स्थान पर 'एहु' पद रूप की आदेश प्राप्ति जानना चाहिये ॥ उदाहरण क्रम से यों हैं—(१) *एषो नरः* = *एहो नरू* = यह नर पुरुष । (२) *एषा कुमारी* = *एह कुमारी* = यह कन्या । (३) *एतन्मनोरथ स्थानम्* = *एहु मणोरह-ठाणु* = यह मनोरथ स्थान ॥ पूरी गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृत—एषा कुमारी एष (अहं) नरः एतन्मनोरथ-स्थानम् ॥
एतत् मूर्खाणां चिन्तमानानां पश्चात् भवति विभातम् ॥ १ ॥

हिन्दी—यह कन्या है और मैं पुरुष हूँ, यह (मेरी) मन-कल्पनाओं का स्थान है, यों सोचते हुए मूर्ख पुरुषों के लिये शीघ्र ही प्रातःकाल हो जाता है ( और उनकी मनो कामनाएँ ज्यों की त्यों ही रह जाती हैं। ) ॥ १ ॥ ४ ३६२ ॥

## एइर्जस्-शसोः ॥ ४-३६३ ॥

अपभ्रंशे एतदो जस्-शसो परयोः एइ इत्यादेशो भवति ॥ एइ ति घोडा एह थलि ( ३३०-४ ) एइ पेच्छ ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'एतत्' सर्वनाम में प्रथमा विभक्ति बहुवचन वाचक प्रत्यय 'जस्' प्राप्ति होने पर तथा द्वितीया विभक्ति बहुवचन वाचक प्रत्यय 'शस्' की संयोजना होने पर मूल शब्द 'एतत्' और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर दोनों ही विभक्तियों में 'एइ' पद रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—एते ते अश्वाः =एइ ति घोडा=ये वे (ही) घोडे। (२) एषा स्थली=एह थलि=यह भूमि एतान् पश्य = एइ पेच्छ = इनको देखो ॥ ४-३६३ ॥

## अदस ओइ ॥ ४-३६४ ॥

अपभ्रंशे अदसः स्थाने जस् शसोः परयोः ओइ इत्यादेशो भवति ॥

जइ पुच्छह घर वड्डाइं तो वड्डा घर ओइ ॥
विहलिअ-जण-अब्भुद्धरणु कन्तु कुडीरइ जोइ ॥ १ ॥

अमूनि वर्तन्ते पृच्छ वा ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'अदस' सर्वनाम में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में 'जस' प्रत्यय प्राप्ति होने पर तथा द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में 'शस्' प्रत्यय की संयोजना होने पर मूल शब्द 'अदस' और प्रत्यय' दोनों के स्थान पर दोनों ही विभक्तियों में 'ओइ' पद रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे:—अमी=ओइ=वे (अथवा ये) और अमून्=ओइ=उनको (अथवा इनको)॥ नपुंसकलिंग वाले उदाहरण यों हैं—(१) अमूनि वर्तन्ते=ओइ वट्टन्ते=वे होते हैं अथवा बरतते हैं। (२) अमूनि पृच्छ=ओइ पुच्छ=उनको पूछो। (३) घर ओइ=गृहाणि अमूनि= वे घर, इत्यादि॥ गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृत - यदि पृच्छथ महान्ति गृहाणि, तद् महान्ति गृहाणि अमूनि ॥
विह्वलित - जनाभ्युद्धरणं कान्तं कुटीरके पश्य ॥ १ ॥

*हिन्दी*—यदि तुम बड़े घरों के सम्बन्ध में पूछना चाहते हो तो बड़े घर ये हैं। दुःख से व्याकुल हुए पुरुषों का उद्धार करने वाले (मेरे) प्रियतम को कुटीर में (झोंपड़े में) देखो ॥१॥ ४-३६४॥

## इदम आयः ॥ ४-३६५ ॥

अपभ्रंशे इदम् शब्दस्य स्यादौ आय इत्यादेशो भवति ॥

आयइ लोअहो लोअणइ जाई सरइ न भन्ति ॥
अप्पिए दिट्ठइ मउलिअहिं पिए दिट्ठइ विहसन्ति ॥ १ ॥
सोसउ म सोसउ च्चिअ उअही वडवानलस्स किं तेण ॥
ज जलइ जले जलणो आएण वि किं न पज्जत्त ॥ २ ॥
आयहो दड्ढ-कलेवरहो ज वाहिउ तं सारु ॥
जइ उट्ठब्भइ तो कुहइ अह डज्झइ तो छारु ॥ ३ ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'इदम्' सर्वनाम के स्थान पर विभक्ति बोधक प्रत्यय 'सि जस्' आदि संयोजना होने पर 'आय' अङ्ग रूप की आदेश प्राप्ति हाती है। जैसे—(१) *आयइ=इमानि*=ये। (२) *आएण=एतेन*=इससे। (३) *आयहो=अस्य*=इसका, इत्यादि॥ गाथाओं का संस्कृत एवं हिन्दी अनुवाद क्रम से यों है—

संस्कृत—इमानि लोकस्य लोचनानि जाति स्मरन्ति, न भ्रान्तिः ॥
अप्रिये दृष्टे मुकुलन्ति, प्रिये दृष्टे विकसन्ति ॥ १ ॥

*हिन्दी*—इसमें संदेह नहीं है कि-जनता की ये आँखें अपने पूर्व जन्मों का स्मरण करती हैं। जब इन्हें अप्रिय (बातें) दिखलाई पडती हैं तब ये बंद हो जाती हैं और जब इन्हें प्रिय (बातें) दिखलाई पड़ती हैं, तब ये खिल उठती हैं अथवा ये खुल जाती हैं ॥ १ ॥

संस्कृत—शुष्यतु मा शुष्यतु एव (=वा) उदधि वडवानलस्य किं तेन ॥
यद् ज्वलति जले, ज्वलन एतेनापि किं न पर्याप्तम् ॥ २ ॥

*हिन्दी*—समुद्र यदि पूर्ण रूप से सूखे अथवा नहीं सूखे, इससे वडवानल नामक समुद्री अग्नि को क्या (तात्पर्य) है? क्योंकि यदि वह वड़वानल नामक प्रचंड अग्नि जल में जलती रहता है तो क्या इतना ही पर्याप्त नहीं है? अर्थात् जल में अग्नि का जलते रहना ही क्या विशिष्ट शक्तिशालीता का द्योतक नहीं है? ॥ २ ॥

संस्कृत—अस्य दग्धकलेवरस्य यद् वाहित (=लब्धम्) तत्सारम् ॥
यदि आच्छाद्यते तत्कुथ्यति यदि दह्यते तत्क्षारः ॥ ३ ॥

हिन्दी—इस नश्वर (और निकम्मे) शरीर से जो कुछ भी (पर-सेवा आदि रूप) कार्य की प्राप्ति कर ली जाय तो वही (बात) सार रूप होगी, क्योंकि (मृत्यु प्राप्त होने पर) यदि इसको ढांक कर

रखा जाता है तो यह सड़ जाता है और यदि इसको जला दिया जाता है तो केवल राख ही शेष रह जाती है ॥ ४ ३६५ ॥

## सर्वस्य साहो वा ॥ ४–३६६ ॥

अपभ्रंशे सर्व-शब्दस्य साह इत्यादेशो वा भवति ॥

साहु वि लोउ तडप्फडइ वड्डत्तणहो तणेण ॥
वड्डप्पणु परिपाविअइ हत्थि मोक्कलडेण ॥ १ ॥

पक्षे । सव्वु वि ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'सर्व' सर्वनाम के स्थान पर 'सव्व' अङ्गरूप की प्राप्ति होती है; विकल्प से 'सर्व' के स्थान पर 'साह' अङ्गरूप की प्राप्ति भी देखी जाती है। जैसे—सर्व =सव्व; साहु=सब। यों अन्य विभक्तियों में भी 'साह' के रूप समझ लेना चाहिये ॥ गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृत—सर्वोऽपि लोकःप्रस्पन्दते (तडप्फडइ) महत्त्वस्य कृते ॥
महत्त्वं पुनः प्राप्यते हस्तेन मुक्तेन ॥ १ ॥

*हिन्दी*—( विश्व में रहे हुए ) सभी मनुष्य बड़प्पन प्राप्त करने के लिये तड़फड़ाते रहते हैं—व्याकुलता मय भावनाएँ रखते हैं, परन्तु बड़प्पन तभी प्राप्त किया जा सकता है, जबकि मुक्त हस्त द्वारा दान दिया जाता है। अर्थात् त्याग से ही दान से ही बड़प्पन की प्राप्ति की जा सकती है ॥ ४ ३६६ ॥

## किमः काइं–कवणौ वा ॥ ४–३६७ ॥

अपभ्रंशे किमः स्थाने काइं कवण इत्यादेशौ वा भवतः ॥

जइ न सु आवइ दूइ घरु काइं अहो मुहुं तुज्झु ॥
वयणु जु खंडइ तउ सहिए सो पिउ होइ न मज्झु ॥ १ ॥

काइं न दूरे देक्खइ ॥ (३४९–१) ।

फोडेन्ति जे हिअडउं अप्पणउं ताहं पराई कवण घण ॥
रक्खेज्जहु लोअहो अप्पणा बालहे जाया विसम थण ॥ २ ॥
सुपुरिस कंगुहे अणुहरहिं भण कज्जें कवणेण ॥
जिवँ जिवँ वड्डत्तणु लहहिं तिवँ तिवँ नवहिं सिरेण ॥ ३ ॥

पक्षे ।

जइ ससणेही तो मुइअ अह जीवइ निन्नेह ॥
बिहिं वि पयारेहिं गइअ धण किं गज्जहि खल मेह ॥४॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'किं' सर्वनाम के स्थान पर मूल अंग रूप से 'काइं' और 'कवण' ऐसे ग रूपों की आदेश प्राप्ति विकल्प से होती है। पक्षान्तर में 'किं' अंग रूप का सद्भाव भी होता है। इ' के विभक्ति वाचक रूपों का निर्माण 'बुद्धि' आदि अथवा 'इसी' आदि इकारान्त शब्दों के समान रना चाहिये। कुछ उदाहरण इस प्रकार है —(१)*किम्=काइं*=क्यों अथवा किस कारण से। ) *का=कवण*=कैसी ? (३) *केन=कवणेण*=किस कारण से। (४) *किम्=किं*=क्यों, इत्यादि॥ ते में दी गई गाथाओं का अनुवाद क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृतः—यदि न स आयाति, दूति ! गृहं किं अधो मुखं तव ॥
वचनं यः खण्डयति तव, सखिके ! सप्रियो भवति न मम ॥१॥

*हिन्दी* —नायिका अपनी दूती से पूछती है कि —हे दूते यदि वह (नायक) मेरे घर पर नहीं आता है, तो (तू) अपने मुख को नीचा क्यों (करती है) ? हे सखि ! जो तेरे वचनों को नहीं मानता है अथवा तेरे वचनों का उल्लङ्घन करता है, वह मेरा प्रियतम नहीं हो सकता है' ॥१॥

संस्कृतः—स्फोटयतः यौ हृदयं आत्मीयं, तयोः परकीया का घृणा ?
रक्षत लोकाः आत्मानं बालायाः, जातौ विषमौ स्तनौ ॥ २ ॥

*हिन्दी* —जो स्वयं के हृदय को चीर करके अथवा फोड़ करके उत्पन्न होते हैं, उनमें दूसरों के लिये दया के भाव कैसे अथवा क्यों कर हो सकते हैं ? हे लोगों ! अपना बचाव करो, इस बाला के दो (निर्दयी और) कठोर स्तन उत्पन्न हो गये हैं ॥ २ ॥

संस्कृत -सुपुरुषाः कङ्गोः अनुहरन्ति भण कार्येण केन ?
यथा यथा महत्त्वं लभन्ते तथा तथा नमन्ति शिरसा ॥३॥

*हिन्दी* —कङ्गु नामक एक पौधा होता है, जिसके ज्यों ज्यों फल आते हैं त्यों त्यों वह नीचे की ओर झुकता जाता है, उसी का आधार लेकर कवि कहता है कि —कृपा करके मुझे कहो कि किस कारण से अथवा किस कार्य से सज्जन पुरुष कङ्गु नामक पौधे का अनुकरण करते हैं ? सज्जन पुरुष जैसे जैसे महानता को प्राप्त करते जाते हैं, वैसे वैसे वे सिर से झुकते जाते हैं अथवा अपना सिर पर झुकाते जाते हैं। नम्र होते रहते हैं ॥ ३ ॥

संस्कृतः—यदि सस्नेहा तन्मृता, अथ जीवति निःस्नेहा ॥
द्वाभ्यामपि प्रकाराभ्यां गतिका, धन्या, किं गर्जसि ? खल मेघ ॥ ४ ॥

*हिन्दी* —अपनी नायिका से दूर ( विदेश में ) रहते हुए एक नायक उमड़ते हुए मेघ को लक्ष्य करता हुआ अपनी मनोभावनाएँ यों व्यक्त करता है कि —"यदि वह मेरी प्रियतमा मुझ से प्रेम करती है तो मेरे वियोग में वह अवश्य ही मर गई होगी और यदि वह जीवित है तो निश्चय ही समझो कि वह मुझ से प्रेम नहीं करती है, कारण कि वियोग-जनित दुःख का उसमें अभाव है। दोनों ही प्रकार से गतिया मेरे लिये अच्छी हैं, इसलिये हे दुष्ट बादल ! ( व्यर्थ में हो ) क्यों गर्जना करता है ? तेरा गर्जना न तो मुझे खेद उत्पन्न होता है, और न सुख ही उत्पन्न होता है ॥ ४ ॥ ४-३६७ ॥

## युष्मदः सौ तुहुं ॥ ४-३६८ ॥

अपभ्रंशे युष्मदः सौ परे तुहुं इत्यादेशो भवति ॥

भमर म रुण भुणि रण्णडइ सा दिसि जोइ म रोइ ॥
सा मालइ देसन्तरिअ जसु तुहुँ मरहि विओइ ॥१॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में "तू-तुम" वाचक सर्वनाम "युष्मद्" में प्रथमा विभक्ति के एक वचन में प्राप्तव्य प्रत्यय "सि" की प्राप्ति होने पर मूल शब्द "युष्मद्" और प्रत्यय दोनों के स्थान पर "तुहुँ" शब्द रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*त्वम्* = *तुहु* = तू ॥ गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—भ्रमर ! मा रुण झुणु शब्दं कुरु, तां दिशं विलोकय मा रुदिहि ॥
सा मालती देशान्तरिता, यस्या त्वं म्रियसे वियोगे ॥ १ ॥

*हिन्दी* —हे भवरा ! "रुण झुण-रुण झुण" शब्द मत कर, उस दिशा को देख और रुदन मत कर। वह मालती का फूल तो बहुत ही दूर है, जिसके वियोग में तू मर रहा है ॥ १ ॥ ४-३६८ ॥

## जस्-शसोस्तुम्हे तुम्हइं ॥ ४-३६९ ॥

अपभ्रंशे युष्मदो जसि शसि च प्रत्येकं तुम्हे तुम्हइं इत्यादेशौ भवतः ॥
तुम्हे तुम्हइं जाणह ॥ तुम्हे तुम्हइं पेच्छइ ॥ वचन भेदो यथासंख्य निवृत्त्यर्थः ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में "तू-तुम" वाचक सर्वनाम "युष्मद्" शब्द में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन में "जस्" प्रत्यय की प्राप्ति होने पर मूल शब्द "युष्मद्" और "जस-प्रत्यय" दोनों के स्थान पर "तुम्हे और तुम्हइं" ऐसे दो पद रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से इस "युष्मद्" शब्द के द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में "शस्" प्रत्यय की संयोजना करने पर मूल शब्द "युष्मद्" और "प्रत्यय शस्" दोनों के स्थान पर प्रथमा विभक्ति के बहुवचन के समान ही "तुम्हे और तुम्हइं" ऐसे ही दो पद रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*यूयम् जानीथ*=*तुम्हे जाणह* अथवा *तुम्हइं जाणह* = तुम जानते

है। युष्मान् पश्यति = तुम्हे पेच्छइ अथवा तुम्हइ पेच्छइ = तुमको वह देखता है—आपको वह देखता है। इन आदेश प्राप्त पदों को पृथक् पृथक् रूप से लिखने का तात्पर्य यह है कि "दोनों ही पद" प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में समान रूप से होते हैं, क्रम से नहीं होते हैं। यों "यथासंख्य" रूप का अर्थात् "क्रम रूप" का निषेध करने के लिये ही "वचन-भेद' शब्द का वृत्ति में उल्लेख किया गया है ॥ ४-३६६ ॥

## टा-ङ्यमा पइं तइ ॥ ४-३७० ॥

अपभ्रंशे युष्मद टा ङि अम् इत्येतैः सह पइ तइ इत्यादेशौ भवतः ॥ टा ।

मुइ मुक्काह वि वर-तरु फिट्टइ पत्तत्तण न पत्ताणं ॥
तुह पुणु छाया जइ होज्ज कहवि ता तेहिं पत्तेहिं ॥१॥
महु हिअउ तइं ताए तुहुं सवि अन्नें विनडिज्जइ ॥
पिअ काइं करउ हउं काइं तुहु मच्छें मच्छु गिलिज्जइ ॥२॥

ङिना ।

पइ मइं बेहिं वि रण-गयहिं को जयसिरि तक्केइ ॥
केसहिं लेप्पिणु जम-घरिणि भण सुहु को थक्केइ ॥३॥

एव तइं ॥ अमा ।

पइ मेल्लन्तिहे महु मरणु मइं मेल्लन्तहो तुज्झु ॥
सारस जसु जो वेग्गला सो कि कृदन्तहो सज्झु ॥४॥

एवं तइ ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में युष्मद्' सर्वनाम में तृतीया विभक्ति के एकवचन में 'टा' प्रत्यय का योग होने पर मूल शब्द और प्रत्यय दोनों के स्थान पर 'पइ और तइ' ऐसे दो पदों की नित्य आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से इसी 'युष्मद्' सर्वनाम में सप्तमी विभक्ति वाचक 'ङि' प्रत्यय की संप्राप्ति होने पर मूल शब्द और प्रत्यय दोनों के ही स्थान पर 'पइ और तइ' ऐसे दो पदों की नित्य आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। यही संयोग द्वितीया विभक्ति वाचक प्रत्यय 'अम्' के मिलने पर भी मूल शब्द 'युष्मद्' और प्रत्यय 'अम्' दोनों का लोप होकर दोनों के स्थान पर भी 'पइ और तइ' पदों की आदेश प्राप्ति नित्यमेव हो जाती है। मूल सूत्र में "टा, ङि, अम्' का क्रम व्यवस्थित नहीं होकर जो अव्यवस्थित क्रम बतलाया गया है अर्थात् पहिले 'द्वितीया, तृतीया और सप्तमी' का क्रम बतलाना चाहिये था वहाँ पर 'तृतीया, सप्तमी और द्वितीया' का क्रम बतलाया है, इसमें 'सूत्र रचना' से सम्बन्धित सिद्धांत कारण रूप

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'युष्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में पंचमी विभक्ति के एकवचन में 'ङसि' प्रत्यय की संयोजना होने पर मूल शब्द 'युष्मद्' और प्रत्यय 'ङसि' दोनों ही के स्थान पर नित्य 'तउ अथवा तुज्झ अथवा तुध्र' ऐसे तीन पद रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—त्वत्=तउ अथवा तुज्झ अथवा तुध्र=तुझसे तेरेसे॥ इसी प्रकार से 'युष्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में षष्ठी विभक्ति के एकवचन के प्रत्यय 'ङस' का संयोग होने पर उसी प्रकार से मूल शब्द 'युष्मद्' और प्रत्यय 'ङस' दोनों ही के स्थान पर वैसे ही 'तउ, अथवा तुज्झ अथवा तुध्र' ऐसे समान रूप से ही इन तीनों पद रूपों की नित्यमेव आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे—तव अथवा ते=तउ अथवा तुज्झ अथवा तुध्र=तेरा, तेरी, तेरे (एकवचन के अर्थ में-तुम्हारा, तुम्हारी, तुम्हारे)॥ वृत्ति में दिये गये उदाहरणों का अनुवाद इस प्रकार से है—

त्वत् भवतु अथवा भवेत् आगत=(१) तउ होन्तउ आगदो-(२) तुज्झ हो तउ आगदो (३) तुध्र होन्तउ आगदो=तेरे से अथवा तुझसे आया हुआ (अथवा प्राप्त हुआ) होवे॥ 'ङस' प्रत्यय से सम्बन्धित आदेश प्राप्त पद रूपों के उदाहरण गाथा में दिये गये हैं, तदनुसार गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृतः—तव गुण-संपदं तव मतिं तव अनुत्तरां क्षान्तिम्॥
यदि उत्पद्य अन्य-जनाः मही-मडले शिक्षन्ते॥ १॥

हिन्दी—(मेरी यह कितनी उत्कट भावना है कि) इस पृथ्वी मडल पर उत्पन्न होकर अन्य पुरुष यदि तुम्हारी गुण-संपत्ति को, तुम्हारी बुद्धि को और तुम्हारी असाधारण-अतुलनीय क्षमा को सीखते हैं-इनका अनुकरण करते हैं (तो यह कितनी अच्छी बात होगी?)॥ या गाथा में 'तव' पद रूप के स्थान पर क्रम से तउ तुज्झ और तुध्र' आदेश प्राप्त पद रूपों का प्रयोग किया गया है। ॥ ४-३७२॥

## भ्यसाम्भ्यां तुम्हहं ॥ ४-३७३ ॥

अपभ्रंशे युष्मदो भ्यस आम् इत्येताभ्याम् सह तुम्हहं इत्यादेशो भवति॥ तुम्हहं होन्तउ आगदो। तुम्हहं केरउं धणु॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'युष्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में पंचमी विभक्ति बहुवचन बोधक प्रत्यय 'भ्यस्' का संयोग होने पर मूल शब्द 'युष्मद्' और प्रत्यय 'भ्यस्' दोनों के स्थान पर 'तुम्हहं' ऐसे पद-रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—युष्मत्=तुम्हहं=तुम से-आपसे। इसी प्रकार से इसी सर्वनाम शब्द 'युष्मत्' के साथ में चतुर्थी बहुवचन बोधक प्रत्यय 'भ्यस्' का और षष्ठी विभक्ति के

बहुवचन का बोधक प्रत्यय 'आम्' का सम्बन्ध होने पर मूल शब्द 'युष्मद्' और प्रत्यय दोनों के स्थान पर भी इसी प्रकार से 'तुम्हह' पद रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। जैसे —

*(१) युष्मभ्यम् = तुम्हह = तुम्हारे लिये अथवा आपके लिये।*

*(२) युष्माकम् = तुम्हह = तुम्हारा,* तुम्हारी, तुम्हारे और आपका, आपकी, आपके, इत्यादि ॥

सूत्र मे और वृत्ति में 'चतुर्थी-विभक्ति' का उल्लेख नहीं किया गया है परन्तु सूत्र-संख्या ३ १३१ के विधान से चतुर्थी विभक्ति के स्थान पर षष्ठी विभक्ति के प्रयोग करने की अनुमति दी गई है, इसलिये यहाँ पर चतुर्थी विभक्ति का उल्लेख नहीं होने पर भी शब्द-व्युत्पत्ति को समझाने के लिये चतुर्थी विभक्ति का आदेश प्राप्ति भी समझा दी गई है। वृत्ति में दिये गये उदाहरणों का स्पष्टीकरण यों हैं —

*(१) युष्मत् भवतु आगत = तुम्हहं होन्तउ आगदो* = तुम्हारे से-( आपसे ) आया हुआ-( प्राप्त हुआ ) होवे।

(२) युष्मभ्यम् करोमि धनु = तुम्हह केरउ धणु = मैं तुम्हारे लिये धनुष्य करता हूँ।

(३) युष्माकम् करोमि धनु = तुम्हह केरउ धणु = मैं तुम्हारे-आपके-धनुष्य को करता हूँ। ॥ ४ ३७३ ॥

## तुम्हासु सुपा ॥ ४–३७४ ॥

अपभ्रंशे युष्मदः सुपा सह तुम्हासु इत्यादेशो भवति ॥ तुम्हासु ठिअ ॥

*अर्थ* — अपभ्रंश भाषा में 'युष्मद्' सर्वनाम शब्द में सप्तमी विभक्ति बहुवचन बोधक प्रत्यय 'सुप्' का संयोग होने पर मूल शब्द 'युष्मद्' और प्रत्यय 'सुप' दोनों के स्थान पर नित्यमेव 'तुम्हासु' ऐसे पद रूप की आदेश प्राप्ति है। जैसे —*युष्मासु स्थितम् = तुम्हासु ठिअं* = तुम्हारे पर अथवा तुम्हारे में रहा हुआ है। आप पर अथवा आप में स्थित है ॥ ४-३७४ ॥

## सावस्मदो हउं ॥ ४–३७५ ॥

अपभ्रंशे अस्मदः सौ परे हउं इत्यादेशो भवति ॥ तसु हउं कलिजुगि दुल्लहहो ॥

*अर्थ* — अपभ्रंश भाषा में 'मैं-हम' वाचक 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द में प्रथमा विभक्ति के एक वचन बोधक प्रत्यय 'सि' का संयोग होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'सि' दोनों के स्थान पर नित्यमेव 'हउं' पद रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*तस्य अहं कलियुगे दुर्लभस्य = तसु हउं कलिजुगि दुल्लहहो* = उस दुर्लभ का मैं कलियुग में। ( पूरी गाथा सूत्र संख्या ४-३३८ में दी गई है )। 'मैं' अर्थ में 'हउं' का प्रयोग होता है ॥ ४-३७५ ॥

## जस्-शसोरम्हे अम्हइं ॥ ४-३७६ ॥

अपभ्रंशे अस्मदो जसि शसि च परे प्रत्येकम् अम्हे अम्हइं इत्यादेशौ भवतः ॥

अम्हे थोवा रिउ बहुअ कायर एम्व भणन्ति ॥
मुद्धि ! निहालहि गयण-यलु कइ जण जोण्ह करन्ति ॥१॥
अम्बणु लाइवि जे गया पहिअ पराया के वि ॥
अवस न सुअहिं सुहच्छिअहिं जिवँ अम्हइ तिवँ ते वि ॥२॥

अम्हे देक्खइ । अम्हइ देक्खइ । वचन भेदो यथासंख्यनिवृत्त्यर्थः ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में प्रथमा विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय 'जस्' की संप्राप्ति होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'जस' दोनों के स्थान पर नित्यमेव 'अम्हे' और 'अम्हइ' ऐसे दो पद रूपों की 'आदेश प्राप्ति' होती है। जैसे—*वयम्=अम्हे अथवा अम्हइ=*हम। इसी प्रकार से इसी 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में द्वितीया विभक्ति के बहुवचन को बतलाने वाले प्रत्यय 'शस्' का संयोग होने पर इस 'अस्मद्' शब्द और 'शस्' प्रत्यय दोनों के स्थान पर सदा ही 'अम्हे' और 'अम्हइ' ऐसे प्रथमा बहुवचन के समान ही दो पद-रूपों की प्राप्ति का विधान जानना चाहिये। जैसे—*अस्मान्=*(अथवा नः)*=अम्हे* और *अम्हइ=*हमको अथवा हमें। गाथाओं का अनुवाद यों है—

संस्कृत—वयं स्तोकाः, रिपवः बहवः; कातराः एवं भणन्ति ॥
मुग्धे ! निभालय गगन तलं, कतिजनाः ज्योत्स्ना कुर्वन्ति ॥

*हिन्दी*—योद्धा युद्ध में जाते हुए अपनी प्रियतमा को कहता है कि—'कायर लोग ऐसा कहते हैं कि-हम थोड़े हैं और शत्रु बहुत है, (परन्तु) हे मुग्धे-हे प्रियतमे ! आकाश को देखो-आकाश की तरफ दृष्टि करो, कि कितने ऐसे हैं जो कि चन्द्र ज्योत्स्ना या चाँदनी को किया करते हैं ? ॥ १ ॥ अर्थात् चन्द्रमा अकेला ही चांदनी करता है।

संस्कृतः—अम्लत्वं लागयित्वा ये गताः पथिकाः परकीयाः केऽपि ॥
अवश्य न स्वपन्ति सुखासिकायां यथा वयं तथा तेऽपि ॥ २ ॥

*अर्थ*—जो कोई भी पर स्त्रियों पर प्रेम करने वाले पथिक अर्थात् यात्री प्रेम लगा करके (दूसरे) चले गये हैं, वे अवश्य ही सुख की शैय्या पर नहीं सोते होंगे। जैसे हम ( नायिका विशेष ) सुख शैय्या पर नहीं सोती हैं, वैसे ही वे भी होंगे ॥२॥

ऊपर की गाथाओं में 'अम्हे=हम' और 'अम्हइं=हम' ऐसा समझाया गया है। 'हम को' के उदाहरण यों हैं।

*अस्मान् (अथवा) न पश्यति=अम्हे देक्खइ अथवा अम्हइं देक्खइ*=वह हमको अथवा हमें देखता है। इन आदेश प्राप्त पदों को पृथक् पृथक् रूप से लिखने का तात्पर्य यह है कि दोनों ही पद' अर्थात् 'अम्हे और अम्हइं' प्रथमा और द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में समान रूप से होते हैं, क्रम रूप से नहीं होते हैं। यों 'यथा-सख्य' रूप का अर्थात् 'क्रम रूप' का निषेध करने के लिये ही 'वचन-भेद' शब्द का वृत्ति के अन्त में उल्लेख किया गया है। ४-३७६॥

## टा-ङ्यमा मइं ॥ ४-३७७ ॥

अपभ्रंशे अस्मद टा ङि अम् इत्येतैः सह मइं इत्यादेशो भवति ॥ टा।

मइं जाणिउं पिअ विरहिअह कवि धर होइ विआलि ॥
णवर मिअङ्कुवि तिह तवइ जिह दिणयरु खय-गालि ॥

ङिना। पइं मइं बेहिं वि रण-गयहिं ॥ अमा। मइं मेल्लन्तहो तुज्झु ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द में तृतीया विभक्ति के एकवचन अर्थक प्रत्यय 'टा' का सयोग होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'टा' दोनों के स्थान पर 'मइं' ऐसे एक ही पद रूप की नित्यमेव आदेश-प्राप्ति होती है। जैसे—मया=मइं=मुझसे, मेरे से ॥ इसी प्रकार से इसी सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में सप्तमी विभक्ति के एकवचन के अर्थ वाले प्रत्यय 'ङि' का सम्बन्ध होने पर भी मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'ङि' दोनों ही के स्थान पर वही मइं ऐसे पद-रूप की सदा ही आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—*मयि=मइं*=मुझ पर, मुझ में, मेरे पर मेरे में,। द्वितीया विभक्ति के सबंध में भी यही नियम है कि जिस समय में इस 'अस्मद्' सर्वनाम के शब्द के साथ में द्वितीया विभक्ति के एकवचन के अर्थ वाले प्रत्यय 'अम्' की सप्राप्ति होती है, तभी मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'अम्' दोनों ही के स्थान पर 'मइं' ऐसे इस एक ही पद की हमेशा ही आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे—माम्=मइं=मुझको, मेरे को, मुझे॥ 'टा' अर्थ को समझाने केलिये वृत्ति में जो गाथा दी गई है, उसका अनुवाद क्रम से इस प्रकार है—

संस्कृतः—मया ज्ञातं प्रिय! विरहितानां कापि धरा भवति विकाले।
केवलं (=परं) मृगाङ्कोऽपि तथा तपति यथा दिनकरः क्षयकाले ॥

*अर्थ*—हे प्रियतम! मेरे से ऐसा समझा गया था कि प्रियतम के वियोग से दुखित व्यक्तियों के लिए संध्या काल में शायद कुछ भी सान्त्वना का आधार प्राप्त होता होगा, किन्तु ऐसा नहीं है, देखो! चन्द्रमा भी सन्ध्याकाल में उसी प्रकार से उष्णता प्रदान करने वाला प्रतीत हो रहा है, जैसा कि सूर

उष्णतामय ताप प्रदान करता रहता है ॥१॥ इस गाथा में 'मया' के स्थान पर 'मइ' पद रूप का प्रयोग किया गया है।

'ङि' का उदाहरण यों है — *त्वयि मयि द्वयोरपि रण गतयोः = पइं मइं बेहिं वि रण-गयहिं* युद्ध क्षेत्र में गये हुए तुझ पर और मुझ पर दोनों ही पर। ( पूरी गाथा सूत्र संख्या ४-३७० में देखो ) यहाँ पर 'मयि' के स्थान पर 'मइ' का प्रयोग है।

'अम्' का दृष्टान्त इस प्रकार है — माम् मुञ्चतस्तव = मइं मेल्लन्तहो तुज्झ = मुझ को छोड़ते तेरी। ( पूरी गाथा सूत्र संख्या ४-३७० में दी गई है ) ॥ गाथा के इस चरण में 'माम्' पद के स्थान 'मइं' पद प्रदर्शित किया गया है ॥ ४-३७७ ॥

## अम्हेहिं भिसा ॥ ४–३७८ ॥

अपभ्रंशे अस्मदो भिसा सह अम्हेहिं इत्यादेशो भवति ॥ तुम्हेहिं अम्हेहिं जं किअउ।

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में तृतीया विभक्ति के बहुवचन के प्रत्यय 'भिस्' का संयोग होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'भिस्' दोनों के स्थान पर 'अम्हेहिं' एक ही पद की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — *युष्माभिः अस्माभिः यत् कृतम् = तुम्हेहिं अम्हेहिं जं किअउ* = तुम्हारे से, हमारे से जो किया गया है ॥ ४-३७८ ॥

## महु मज्झु ङसि–ङस्–भ्याम् ॥ ४–३७९ ॥

अपभ्रंशे अस्मदो ङसिना ङसा च सह प्रत्येकं महु मज्झु इत्यादेशौ भवतः ॥ महु होन्तउ गदो। मज्झु होन्तउ गदो ॥ ङसा।

> महु कन्तहो बे दोसडा, हेल्लि ! म झङ्खहि आलु।
> देन्तहों हउं पर उव्वरिअ जुज्झन्तहो करवालु ॥
> जइ भग्गा पारकडा तो सहि ! मज्झु पिएण।
> अह भग्गा अम्हहं तणा तो तें मारिअडेण ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'मैं हम' वाचक सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में पंचमी विभक्ति के एकवचन में 'ङसि' प्रत्यय की संयोजना होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'ङसि' दोनों ही के स्थान पर नित्यमेव 'महु' और 'मज्झु' ऐसे दो पद रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — मत् = महु और मज्झु = मुझसे अथवा मेरे से। इसी प्रकार से इसी सर्वनाम शब्द "अस्मद्" के साथ में षष्ठी विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय "ङस्" का सम्बन्ध होने पर इसी प्रकार से मूल शब्द "अस्मद्" और शब्द "ङस्"

दोनों ही के स्थान पर वैसे ही 'महु' और 'मज्झु' ऐसे समान रूप से ही इन दोनों पद रूपों की सदा ही आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। जैसे —*मम* अथवा *मे* = *महु* अथवा *मज्झु* = मेरा, मेरी, मेरे। वृत्ति में आया हुआ पञ्चमी अर्थक उदाहरण यों है—*मत् भवतु गत* = *महु होन्तउ गदो* अथवा *मज्झु होन्तउ गदो* = मेरे से (अथवा मेरे पास से) गया हुआ होवे॥ षष्ठी-अर्थक उदाहरण गाथाओं में दिया गया है, जिनका अनुवाद क्रम से यों है—

संस्कृतः—मम कान्तस्य द्वौ दोषौ, सखि! मा पिधेहि अलीकम्॥
ददतः पर अहं उर्वरिता, युध्यमानस्य करवालः॥ १॥

हिन्दी —हे सखि! मेरे प्रियतम पति में केवल दो ही दोष हैं, इन्हें तू व्यर्थ ही मत छिपा। जब वे दान देना प्रारम्भ करते हैं, तब केवल मैं ही बच रह जाती हूँ अर्थात् मेरे सिवाय सब कुछ दान में दे देते हैं और जब वे युद्ध क्षेत्र में युद्ध करते हैं तब केवल तलवार ही बची रह जाती है और सभी शत्रु नाम शेष रह जाते हैं। इस गाथा में 'मम=मेरे अर्थ में 'महु' आदेश प्राप्त पद रूप का प्रयोग किया गया है॥ १॥

संस्कृतः—यदि भग्नाः परकीयाः, तत् सखि! मम प्रियेण॥
अथ भग्नाः अस्मदीयाः, तत् तेन मारितेन॥ २॥

हिन्दी —हे सखि! यदि शत्रु गण मृत्यु को प्राप्त हो गये हैं अथवा (रण क्षेत्र को छोड़कर के) भाग गये हैं, तो (यह सब विजय) मेरे प्रियतम के कारण से (ही है) अथवा यदि अपने पक्ष के वीर पुरुष रण क्षेत्र को छोड़ कर भाग खड़े हुए हैं तो (समझो कि) मेरे प्रियतम के वीर गति प्राप्त करने के कारण से (ही वे निराश होकर रण क्षेत्र को छोड़ आये हैं)॥ २॥

इस गाथा में 'मम=मेरे' अर्थ में 'मज्झु' ऐसे आदेश प्राप्त पद-रूप का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है॥ ४-३७९॥

## अम्हहं भ्यसाम्-भ्याम्॥ ४-३८०॥

अपभ्रंशे अस्मदो भ्यसा आमा च सह अम्हह इत्यादेशो भवति॥ अम्हहं होन्तउ आगदो॥ आमा। अह भग्गा अम्हहं तणा। (४-३७९)॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में 'मैं-हम' वाचक सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में पञ्चमी विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय 'भ्यस्' का सम्बन्ध होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'भ्यस्' दोनों ही के स्थान पर 'अम्हह' ऐसे पद-रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —अस्मत्=अम्हहं= हमारे से अथवा हमसे॥ इसी प्रकार से इसी सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में चतुर्थी बहुवचन बोधक

तष्णतामय ताप प्रदान करता रहता है ॥१॥ इस गाथा में 'मया' के स्थान पर 'मइ' पद रूप का प्रयोग किया गया है।

'ङि' का उदाहरण यों है —*त्वयि मयि द्वयोरपि रण गतयोः = पइ मइ बेहिं वि रण-गयहिं*= युद्ध क्षेत्र में गये हुए तुझ पर और मुझ पर दोनों ही पर। ( पूरी गाथा सूत्र-संख्या ४-३७० में देखो )॥ यहाँ पर 'मयि' के स्थान पर 'मइ' का प्रयोग है।

'अम्' का दृष्टान्त इस प्रकार है —*माम मुञ्चतस्तव*=मइ मेल्लन्तहो तुज्झ=मुझ को छोड़ते हुए तेरी। ( पूरी गाथा सूत्र संख्या ४ ३७० में दी गई है )॥ गाथा के इस चरण में 'माम्' पद के स्थान पर 'मइ' पद प्रदर्शित किया गया है॥ ४ ३७७॥

## अम्हेहिं भिसा ॥ ४–३७८ ॥

अपभ्रंशे अस्मदो भिसा सह अम्हेहिं इत्यादेशो भवति ॥ तुम्हेहिं अम्हेहिं ज किअउ॥

*अर्थ —अपभ्रंश भाषा में 'अस्मद्' सर्वनाम शब्द के साथ में तृतीया विभक्ति के बहुवचन वाले* प्रत्यय 'भिस्' का संयोग होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'भिस्' दोनों के स्थान पर 'अम्हेहिं' ऐसे एक ही पद की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*युष्माभिः अस्माभिः यत् कृतम् = तुम्हेहिं अम्हेहिं ज किअउ*=तुम्हारे से, हमारे से जो किया गया है॥ ४ ३७८॥

## महु मज्झु ङसि-ङस्-भ्याम् ॥ ४–३७९ ॥

अपभ्रंशे अस्मदो ङसिना ङसा च सह प्रत्येकं महु मज्झु इत्यादेशौ भवतः ॥ महु होन्तउ गदो। मज्झु होन्तउ गदो॥ ङसा।

महु कन्तहो बे दोसडा, हेल्लि! म झङ्खहि आलु।
देन्तहों हउं पर उव्वरिअ जुज्झन्तहो करवालु॥
जइ भग्गा पारकडा तो सहि! मज्झु पिएण।
अह भग्गा अम्हह तणा तो तें मारिअडेण॥

*अर्थ —अपभ्रंश भाषा में 'मैं हम' वाचक सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में पंचमी विभक्ति के* एकवचन में 'ङसि' प्रत्यय की संयोजना होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'ङसि' दोनों ही के स्थान पर नित्यमेव 'महु' और 'मज्झु' ऐसे दो पद रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—मत्=महु और मज्झु=मुझसे अथवा मेरे से। इसी प्रकार से इसी सर्वनाम शब्द "अस्मद्" के साथ में षष्ठी विभक्ति के एक वचन के प्रत्यय "ङस्" का संबंध होने पर इसी प्रकार से मूल शब्द "अस्मद्" और प्रत्यय "ङस्"

दोनों ही के स्थान पर वैसे ही 'महु' और 'मज्झु' ऐसे समान रूप से ही इन दोनों पद रूपों की सदा ही आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। जैसे —*मम* अथवा *मे* = *महु* अथवा *मज्झु* = मेरा, मेरी, मेरे। वृत्ति में आया हुआ पञ्चमी अर्थक उदाहरण यों है —*मत् भवतु गत* =*महु होन्तउ गदो* अथवा *मज्झु होन्तउ गदो* = मेरे से (अथवा मेरे पास से ) गया हुआ होवे॥ षष्ठी अर्थक उदाहरण गाथाओं में दिया गया है, जिनका अनुवाद क्रम से यों है —

संस्कृतः—मम कान्तस्य द्वौ दोषौ, सखि ! मा पिधेहि अलीकम् ॥
दददः पर अह उर्वरिता, युध्यमानस्य करवाल ॥ १ ॥

हिन्दी —हे सखि ! मेरे प्रियतम पति में केवल दो ही दोष हैं, इन्हें तू व्यर्थ ही मत छिपा। जब वे दान देना प्रारम्भ करते हैं, तब केवल मैं ही बच रह जाती हूँ अर्थात् मेरे सिवाय सब कुछ दान में दे देते हैं और जब वे युद्ध क्षेत्र में युद्ध करते हैं तब केवल तलवार ही बची रह जाती है और सभी शत्रु नाम शेष रह जाते हैं। इस गाथा में 'मम = मेरे अर्थ में 'महु' आदेश प्राप्त पद रूप का प्रयोग किया गया है॥ १॥

संस्कृतः—यदि भग्नाः परकीयाः, तत् सखि ! मम प्रियेण ॥
अथ भग्नाः अस्मदीयाः, तत् तेन मारितेन ॥ २ ॥

हिन्दी —हे सखि ! यदि शत्रु गण मृत्यु को प्राप्त हो गये हैं अथवा ( रण क्षेत्र को छोड़कर के ) भाग गये हैं, तो ( यह सब विजय ) मेरे प्रियतम के कारण से ( ही है ) अथवा यदि अपने पक्ष के वीर पुरुष रण क्षेत्र को छोड़ कर भाग खड़े हुए हैं तो ( समझो कि ) मेरे प्रियतम के वीर गति प्राप्त करने के कारण से ( ही वे निराश होकर रण क्षेत्र को छोड़ आये हैं ) ॥ २॥

इस गाथा में 'मम = मेरे' अर्थ में 'मज्झु' ऐसे आदेश प्राप्त पद-रूप का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है॥ ४ ३७६ ॥

## अम्हहं भ्यसाम्-भ्याम् ॥ ४-३८० ॥

अपभ्रंशे अस्मदो भ्यसा आमा च सह अम्हह इत्यादेशो भवति॥ अम्हहं होन्तउ आगदो॥ आमा। अह भग्गा अम्हहं तणा। (४-३७६) ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में 'मैं-हम' वाचक सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में पंचमी विभक्ति के बहुवचन बोधक प्रत्यय 'भ्यस्' का सम्बन्ध होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'भ्यम्' दोनों ही के स्थान पर 'अम्हह' ऐसे पद रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —अस्मत्=अम्हहं= हमारे से अथवा हमसे॥ इसी प्रकार से इसी सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में चतुर्थी बहुवचन बोधक

प्रत्यय 'भ्यस्' का तथा षष्ठी विभक्ति के बहुवचन के द्योतक प्रत्यय 'आम्' का संयोग होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और इन प्रत्ययों के स्थान पर हमेशा ही 'अम्हहं' ऐसे पद-रूप की आदेश प्राप्ति का संविधान है जैसे —*अस्मभ्यम्*=*अम्हहं*=हमारे लिये और *अस्माकम्* (अथवा न)=*अम्हहं*=हमारा, हमारी, हमारे ॥ सूत्र में और वृत्ति में 'चतुर्थी-विभक्ति' का उल्लेख नहीं होने पर भी सूत्र-संख्या ३-१३१ के संविधानानुसार यहाँ पर चतुर्थी विभक्ति का भी उल्लेख कर दिया गया है सो ध्यान में रहे। वृत्ति में आये हुए उदाहरणों का भाषान्तर यों है —(१) अस्मत् भवतु आगतः=अम्हहं होन्तउ आगदो=हमारे से आया हुआ होवे। (२) अथ भग्ना अस्मदीयाः तत्=अह भग्गा अम्हहं तणा=यदि हमारे पक्षीय (वीर-गण) भाग खड़े हुए हो तो वह ... (पूरी गाथा ४-३७९ में दी गई है) ॥ यों पंचमी बहुवचन में और षष्ठी बहुवचन में 'अम्हहं' पद रूप की स्थिति को जानना चाहिये ॥ ४-३८० ॥

## सुपा अम्हासु ॥ ४–३८१ ॥

अपभ्रंशे अस्मदः सुपा सह अम्हासु इत्यादेशो भवति ॥ अम्हासु ठिअं ॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'मैं-हम' वाचक सर्वनाम शब्द 'अस्मद्' के साथ में सप्तमी विभक्ति के बहुवचन के द्योतक प्रत्यय 'सुप्' का संयोग होने पर मूल शब्द 'अस्मद्' और प्रत्यय 'सुप' दोनों ही के स्थान पर नित्यमेव 'अम्हासु' ऐसे पद-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —*अस्मासु स्थितम्*=*अम्हासु ठिअं*=हमारे पर अथवा हमारे में रहा हुआ है ॥ ४ ३८१ ॥

## त्यादेराद्य-त्रयस्य संबन्धिनो हिं न वा ॥ ४–३८२ ॥

त्यादीनामाद्य त्रयस्य संबन्धिनो बहुष्वर्थेषु वर्तमानस्य वचनस्यापभ्रंशे हिं इत्यादेशो वा भवति ॥

मुह–कवरि–बन्ध तहे सोह धरहिं।
नं मल्ल–जुज्झु ससि–राहु–करहिं ॥
तहे सहहिं कुरल भमर–उल–तुलिअ।
नं तिमिर–डिम्भ खेल्लन्ति मिलिअ ॥ १ ॥

*अर्थ*:—सूत्र संख्या ४ ३८२ से ४ ३८८ तक में क्रियाओं में जुड़ने वाले काल बोधक प्रत्ययों का वर्णन किया गया है। यों सर्व सामान्य रूप से तो जो प्रत्यय प्राकृत भाषा के लिये कहे गये हैं, लगभग वे सब प्रत्यय अपभ्रंश भाषा में भी प्रयुक्त होते हैं। केवल वर्तमानकाल में, आज्ञार्थ में और भविष्य काल में ही थोड़ासा अन्तर है, जैसा कि इन सूत्रों में बतलाया गया है।

वर्तमानकाल में 'वह-वे' वाचक अन्य पुरुष के बहुवचन में अपभ्रंश भाषा में प्राकृत भाषा में वर्णित प्रत्ययों के अतिरिक्त एक प्रत्यय 'हिं' की प्राप्ति विशेष रूप से और विकल्प रूप से अधिक होती है। जैसे—*कुर्वन्ति* = *करहिं* = वे करते हैं। *धरन्ति* = *धरहिं* = वे दो धारण करते हैं। *शोभन्ते* = *सहहिं* = वे शोभा पाते हैं। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'न्ति, न्ते और इरे' प्रत्ययों की प्राप्ति भी होगी। जैसे—क्रीडन्ति=खेल्लन्ति, खेल्लन्ते और खेल्लिरे=वे खेलते हैं अथवा वे क्रीड़ा करते हैं। वृत्ति में प्रदत्त छन्द का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—मुख-कबरी-बन्धौ तस्याः शोभा धरतः।
नतु मल्ल-युद्धं शशिराहू कुरुतः॥
तस्याः शोभन्ते कुरलाः भ्रमर-कुल-तुलिताः।
नतु भ्रमर-डिम्भाः क्रीडन्ति मिलिताः॥ १ ॥

*हिन्दी*—उस नायिका के मुख और केश पाशों से बंधी हुई वेणी अर्थात् चोटी इस प्रकार की शोभा को धारण कर रही है कि मानों चन्द्रमा और राहू मिल कर के मल्ल-युद्ध कर रहे हों। उसके बालों के गुच्छे इस प्रकार से शोभा को धारण कर रहे हैं कि मानों भँवरों के समूह हो संयोजित कर दिये हों। अथवा मानों छोटे छोटे बाल-भ्रमर-समूह ही मिल करके खेल कर रहे हो॥ ४-३८२ ॥

## मध्य-त्रयस्याद्यस्य हिः॥ ४-३८३ ॥

त्यादीनां मध्यत्रयस्य यदाद्य वचनं तस्यापभ्रंशे हि इत्यादेशो वा भवति॥

बप्पीहा पिउ पिउ भणवि कित्तिउ रुअहि हयास॥
तुह जलि महु पुणु वल्लहइ बिहु वि न पूरिअ आस॥१।

आत्मने पदे।

बप्पीहा कइं बोल्लिएण निग्घिण वार इ वार॥
सायरि भरिअइ विमल-जलि लहहि न एक्कइ धार॥२॥

सप्तम्याम्।

आयहिं जम्महिं अन्नहिं वि गोरि सुदिज्जहि कन्तु॥
गय-मत्तहं चत्तंकुसह जो अब्भिडइ हसन्तु॥३॥

पक्षे। रुअसि। इत्यादि॥

*अर्थ*—वर्तमानकाल में मध्यम पुरुष के एकवचन के अर्थ में प्राकृत भाषा में वर्णित प्रत्ययों के अतिरिक्त अपभ्रंश भाषा में एक प्रत्यय 'हि' की प्राप्ति अधिक रूप से और वैकल्पिक रूप से होती है। जैसे—*रोदिपि*=रूआहि=तू रोता है। पक्षान्तर में 'रूअसि' =तू रोता है, ऐसा रूप भी होगा। आत्मनेपदीय दृष्टान्त यों है—*लभसे*=लहहि=तू प्राप्त करता है। पक्षान्तर में लहसि=तू प्राप्त करता है, ऐसा भी होगा। सप्तमी अर्थ में अर्थात् विनति अथक सामान्य वर्तमानकाल में भी मध्यम पुरुष के एकवचन के अर्थ में विकल्प से 'हि' प्रत्यय की प्राप्ति अधिक रूप से होती हुई देखी जाती है। जैसेकि—दद्या =दिज्जहि=तू देना अर्थात् देने की कृपा करना ॥ गाथाओं का अनुवाद क्रम से यों है—

संस्कृतः—चातक ! 'पिउ, पिउ'; (पिवामि, पिवामि, अथवा प्रिय ! प्रिय ! इति)
भणित्वा कियद्रोदिपि हताश ॥
तव जले मम पुनर्वल्लभे द्वयोरपि न पूरिता आशा ॥ १ ॥

*हिन्दी*—नायिका विशेष अपने प्रियतम के नहीं आने पर 'चातक' पक्षी को लक्ष्य करके कहती है कि—हे चातक ! पानी पीने की तुम्हारी इच्छा जब पूरी नहीं हो रही है तो फिर तुम 'मैं पीऊगा-मैं पीऊगा' ऐसा बोलकर क्यों बार बार रोते हो? मैं भी 'प्रियतम, प्रियतम' ऐसा बोलकर निराश हो गई हूं। इसलिये तुम्हें तो जल प्राप्ति में और मुझे प्रियतम-प्राप्ति में, दोनों के लिये आशा पूर्ण होनेवाली नहीं है ॥ १ ॥

संस्कृतः—चातक ! किं कथनेन निर्घृण वारं वारम् ॥
सागरे भृते विमल-जलेन, लभसे न एकामपि धाराम् ॥ २ ॥

हिन्दी—अरे निर्दयी चातक ! ( अथवा हे निर्लज्ज चातक ) बार बार एक ही बातको कहने से क्या लाभ है ? जबकि समुद्र के स्वच्छ जल से परिपूर्ण होने पर भी, उससे तू एक बूंद भी नहीं प्राप्त कर सकता है, अथवा नहीं पाता है ॥ २ ॥

संस्कृतः—अस्मिन् जन्मनि अन्यस्मिन्नपि गौरि ! त दद्याः कांतम् ॥
गजानां मत्तानां त्यक्ताकुशानां य संगच्छते हसन् ॥ ३ ॥

हिन्दी—कोई एक नायिका विशेष अपने प्रियतम की रण कुशलता पर मुग्ध होकर पार्वती से प्रार्थना करती है कि—'हे गौरि ! इस जन्म में भी और पर जन्म में भी उसी पुरुषको मेरा पति बनाना, जो कि ऐसे मदोन्मत्त हाथियों के समूह में भी हँसता हुआ चला जाता है, जिन्होंने कि—( जिन हाथियों ने कि ) अंकुश के दबाव का भी परित्याग कर दिया है ॥ ३ ॥ ४-३८३ ॥

## बहुत्वे हुः ॥ ४–३८४ ॥

त्यादीनां मध्यमत्रयस्य संबन्धि बहुष्वर्थेषु वर्तमानं यद्वचनं तस्यापभ्रंशे हु इत्यादेशो वा भवति ॥

बलि अब्भत्थणि महु-महणु लहुई हुआ सोइ ॥
जइ इच्छहु वड्डत्तणउं देहु म मग्गहु कोइ ॥ १ ॥

पक्षे । इच्छह । इत्यादि ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में वर्तमानकाल के मध्यम पुरुष के बहुवचन के अर्थ में प्राकृत-भाषा में प्राप्तव्य प्रत्ययों के अतिरिक्त एक प्रत्यय 'हु' की विकल्प से और विशेष रूप से आदेश प्राप्ति होती है। प्राकृत भाषा में इसी अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'इत्था' और 'ह' प्रत्ययों की प्राप्ति अपभ्रंश भाषा में भी नियमानुसार होती है। जैसे—इच्छथ=इच्छहु=तुम इच्छा करते हो। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'इच्छित्था और इच्छह' रूपों की प्राप्ति भी होगी। दद्ध्वे=देहु=तुम देते हो। पक्षान्तर में 'देह' और 'देइत्था' रूप भी बनते हैं। पूरी गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृत.—बलेः अभ्यर्थने मधुमथनो लघुकीभूतः सोऽपि ॥
यदि इच्छथ महत्त्वं (वड्डत्तणउं) दत्त, मा मार्गयत कमपि ॥१॥

*हिन्दी*—मधु नामक राक्षस को मथने वाले भगवान् विष्णु को भी बलि राजा से भीख मांगने की दशा में छोटा अर्थात् 'वामन' होना पड़ा था, इसलिये यदि तुम महानता चाहते हो तो देओ, परन्तु किसी से भी मांगो मत ॥ १ ॥ ४-३८४ ॥

## अन्त्य-त्रयस्याद्यस्य उं ॥ ४–३८५ ॥

त्यादीनामन्त्यत्रयस्य यदाद्यं वचनं तस्यापभ्रंशे उं इत्यादेशो वा भवति ॥

विहि विणडउ पीडन्तु गह म धणि करहि विसाउ ॥
संपइ कड्ढउं वेस जिवँ छुड्डु अग्घइ ववसाउ ॥ १ ॥

बलि किज्जउं सुअणस्सु ॥ पक्षे ॥ कड्ढामि इत्यादि ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में वर्तमानकाल के अर्थ में 'मैं' वाचक उत्तम पुरुष के एकवचन में प्राकृत भाषा में प्राप्तव्य प्रत्यय के अतिरिक्त एक प्रत्यय 'उं' की आदेश प्राप्ति विकल्प रूप से और विशेष रूप से होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'मि' प्रत्यय की भी प्राप्ति होगी। जैसे.—कर्षामि=कड्ढउं=

में खींचता हूँ। पक्षान्तर में 'कड्ढामि' रूप भी होगा। वलि, करोमि सुजनस्य=बलि किज्जउं सुअणस्सु= सज्जन पुरुष के लिये मैं (अपना) बलिदान करता हू। पक्षान्तर में 'किज्जउ' क स्थान पर 'किज्जामि' रूप भी होगा। गाथा का भाषान्तर इस प्रकार है —

संस्कृतः—विधि विनाटयतु ग्रहाः पीडयन्तु मा धन्ये! कुरु विषादम्॥
संपदं कर्षामि वेषमिव, यदि अर्घति (=स्यात्) व्यवसाय ॥ १ ॥

हिन्दी—मेरा भाग्य भले ही प्रतिकूल होवे, और ग्रह भी भले ही मुझे पीड़ा प्रदान करें, परन्तु हे मुग्धे! हे धन्ये! तू खेद मत कर। जैसे मैं अपने कपड़ों को-(ड्रेस को वेष को) आसानी से पहिन लेता हूँ, वैसे ही धन-संपत्ति को भी आसानी से आकर्षित कर सकता हूँ-खींच सकता हूँ, यदि मेरा व्यवसाय अच्छा है—यदि मेरा धंधा फलप्रद है तो सब कुछ शीघ्र ही अच्छा ही होगा॥ ४-३८५॥

## बहुत्वे हुं ॥ ४-३८६ ॥

स्यादीनामन्त्यत्रयस्य संबन्धि बहुष्वर्थेषु वर्तमान यद्वचनं तस्य हुं इत्यादेशो वा भवति ॥

खग्ग-विसाहिउ जहिं लहहुं पिय तहिं देसहिं जाहुं ॥
रण-दुब्भिक्खें भग्गाइं विणु जुज्झें न वलाहुं ॥१॥

पक्षे। लहिमु। इत्यादि॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में वर्तमानकाल के अर्थ में 'हम' वाचक, उत्तम पुरुष के बहुवचनार्थ में प्राकृत भाषा में उपलब्ध प्रत्ययों के अतिरिक्त एक प्रत्यय 'हु' की आदेश प्राप्ति विकल्प से और विशेष रूप से होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'मो, मु, म' प्रत्ययों की भी प्राप्ति होगी। जैसे— (१) *लभामहे*=लहहुं=हम प्राप्त करते हैं। पक्षान्तर में '*लहमो, लहमु, लहम, लहिमु*' इत्यादि रूपों की प्राप्ति होगी। (२) *याम*=जाहुं=हम जाते हैं, पक्षान्तर में *जामो*=हम जाते हैं। (३) *वलामहे*=वलाहुं= हम रह सकते हैं। पक्षान्तर में, *वलामो*=हम रह सकते हैं। पूरी गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृत—खड्ग विसाधितं यत्र लभामहे, तत्र देशे याम ॥
रण-दुर्भिक्षेण भग्नाः विना युद्धेन न वलामहे ॥१॥

*हिन्दी*—हम उस देश को जावेंगे अथवा जाते हैं, जहां पर कि तलवार से सिद्ध होने वाले कार्य को प्राप्त कर सकते हों। युद्ध के दुर्भिक्ष से अर्थात् युद्ध के अभाव से निराश हुए हम बिना युद्ध के (सुख पूर्वक) नहीं रह सकते हैं॥ ४-३८६ ॥

## हि–स्वयोरिदुदेत् ॥ ४–३८७ ॥

पञ्चम्यां हि–स्वयोरपभ्रंशे इ, उ, ए इत्येते त्रय आदेशा वा भवन्ति ॥ इत् ।

कुञ्जर ! सुमरि म सल्लइउ सरला सास म मेल्लि ॥
कवल जि पाविय विहि–वसिण ते चरि माणु म मेल्लि ॥ १ ॥

उत् ।

भमरा एत्थु वि लिम्बडइ के वि दियहडा विलम्बु ॥
घण–पत्तलु छाया बहुलु फुल्लइ जाम कयम्बु ॥ २ ॥

एत् ।

प्रिय एम्वहिं करे सेल्लु करि छड्डहि तुहु करवालु ॥
ज कावालिय बप्पुडा लेहिं अभग्गु कवालु ॥३॥

पक्षे । सुमरहि । इत्यादि ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में आज्ञार्थ वाचक लकार के मध्यम पुरुष के एकवचन में प्राकृत भाषा में इसी अर्थ में प्राप्तव्य प्रत्यय 'हि और सु' की अपेक्षा से तीन प्रत्यय 'इ, उ, ए' का प्राप्ति विशेष रूप से और आदेश रूप से होती है। यह स्थिति वैकल्पिक है, इसलिये इन तीन आदेश प्राप्त प्रत्ययों 'इ, उ, ए, के अतिरिक्त 'हि और सु' प्रत्ययों की प्राप्ति भी होता है। जैसे—स्मर=सुमरि=याद कर। (२) मुञ्च=मेल्लि=छोड़ दे। (३) चर=चरि=खा। पक्षान्तर में 'सुमरसु और सुमरहि, मेल्लसु, मेल्लहि, चरसु चरहि' इत्यादि रूपों की प्राप्ति भी होगी, ये उदाहरण 'इ' प्रत्यय से सम्बन्धित है। 'उ' का उदाहरण यों है—विलम्बस्व=विलम्बु=प्रतीक्षा कर। पक्षान्तर में 'विलम्बसु और विलम्बहि' रूपों की प्राप्ति भी होगी। ए' का उदाहरण—कुरु=करे=तू कर। पक्षान्तर में 'करसु और करहि' रूप भी होंगे। तीनों गाथाओं का अनुवाद क्रमश यों है—

संस्कृतः—कुञ्जर ! स्मर मा सल्लकी, सरलान् श्वासान् मा मुञ्च ॥
कवलाः ये प्राप्ता विधिवशेन, तांश्चर, मानं मा मुञ्च ॥ १ ॥

हिन्दी—हे गजराज ! हे हस्ति रत्न ! 'सल्लकी' नामक स्वादिष्ट पौधों को मत याद कर और (उनके लिये) गहरे श्वास मत छोड़। भाग्य के कारण से जो पौधे (खाद्य रूप में) प्राप्त हुए हैं उन्हीं को खा और अपने सम्मान को–आत्म–गौरव को–मत छोड़ ॥ १ ॥

संस्कृतः—भ्रमर ! अत्रापि निम्बके कति (चित्) दिवसान् विलम्बस्व ॥
घनपत्रवान् छाया बहुलो फुल्लति यावत् कदम्ब ॥ २ ॥

हिन्दी —हे भँवर ! अभी कुछ दिनों तक प्रतीक्षा कर और इसी निम्ब वृक्ष (के फूलों) प (आश्रित रह) जब तक कि सघन पत्तों वाला और विस्तृत छाया वाला कदम्ब नामक वृक्ष ना फूलता है, (तब तक इसी निम्ब वृक्ष पर आश्रित होकर रह) ॥ २ ॥

संस्कृतः – प्रिय ! एवमेव कुरू भल्लं, करे त्यज त्वं करवालम् ॥
येन कापालिका वराकाः लान्ति अभग्नं कपालम् ॥ ३ ॥

हिन्दी —कोई नायिका विशेष अपने प्रियतम की वीरता पर मुग्ध होकर कहती है कि-'हे प्रि तम ! तुम भाले को अपने हाथ में इस प्रकार थामकर शत्रुओं पर वार करो कि जिससे वे मृत्यु को प्राप्त हो जाय परन्तु उनका सिर अखंड ही रहे, जिससे बेचारे कापालिक (खोपड़ी में आटा माग खाने वाले) अखंड खोपड़ी को प्राप्त कर सकें। तुम तलवार को छोड़ दो-तलवार से वार मत करो ॥ ४ ३८७ ॥

## वर्त्स्यति-स्यस्य सः ॥ ४-३८८ ॥

अपभ्रंशे भविष्यदर्थ-विषयस्य त्यादेः स्यस्य सो वा भवति ॥

दिअहा जन्ति झडप्पडहिं पडहिं मणोरह पच्छि ॥
जं अच्छइ त माणिअइ होसइ करतु म अच्छि ॥ १ ॥

पक्षे । होहिइ ॥

*अर्थ* —प्राकृत-भाषा में जैसे भविष्यत्काल के अर्थ में वर्तमानकाल वाचक प्रत्ययों के पहिले 'हि' की आगम प्राप्ति होती है; वैसे ही अपभ्रंश भाषा में भी भविष्यत्काल के अर्थ में उक्त 'हि' के स्थान प वैकल्पिक रूप से वर्तमानकाल वाचक प्रत्ययों के पहिले 'स' की आगम प्राप्ति होती है। जैसे- भविष्यति = होसइ अथवा होहिइ=वह होगा। गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—दिवसा यान्ति वेगैः, पतन्ति मनोरथाः पश्चात् ॥
यदस्ति तन्मान्यते भविष्यति (इति) कुर्वन् मा आस्स्व ॥ १ ॥

हिन्दी —दिन प्रतिदिन अति वेग से व्यतीत हो रहे हैं और मन भावनाएँ पीछे पड़ती जा रही हैं अर्थात ढालो पड़ती जा रही हैं अथवा लुप्त होती जा रही है। 'जो होना होगा अथवा जो है सो हो जायगा' ऐसी मान्यता मानता हुआ आलसी होकर मत बैठ जा ॥ ४ ३८८ ॥

## क्रियेः कीसु ॥ ४-३८९ ॥

क्रिये इत्येतस्य क्रियापदस्यापभ्रंशे कीसु इत्यादेशो वा भवति ॥

सन्ता भोग जु परिहरइ, तसु कन्तहो वलि कीसु ॥
तसु दइवेण विमुण्डियउ, जसु खल्लि हडउं सीसु ॥ १ ॥

पक्षे । साध्यमानावस्थात् क्रिये इति संस्कृत शब्दादेष प्रयोग । बलि किज्जउं सुअणस्सु ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'क्रिये' क्रियापद के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में विकल्प से 'कीसु' ऐसे क्रियापद की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'किज्जउ' ऐसे पद रूप की भी प्राप्ति होगी। जैसे —क्रिये=कीसु अथवा किज्जउ=मैं करता हूँ मैं करती हूँ। साध्यमान अवस्था में 'क्रिय' का रूप 'किज्ज' होगा। जिसकी सिद्धि इस प्रकार से की जायगी —'क्रिय' में स्थित 'र्' का सूत्र संख्या २-७९ से लोप और १-२४८ से 'य' के स्थान पर द्वित्व 'ज्ज' की प्राप्ति होकर 'क्रिय' के स्थान पर 'किज्ज' रूप की आदेश प्राप्ति जानना चाहिये। 'कीसु' क्रियापद को समझने के लिये जो गाथा दी गई है, उसका अनुवाद यों है ॥

संस्कृतः—सतो भोगान् य परिहरति तस्य कान्तस्य बलिं क्रिये ॥
तस्य दैवेनैव मुण्डितं, यस्य खल्वाट शीर्षम् ॥ १ ॥

*हिन्दी*—मैं अपनी श्रद्धांजलि उस प्रिय व्यक्ति के लिये समर्पित करता हूँ, जो कि भोग सामग्री के उपस्थित होने पर—विद्यमान होने पर उसका त्याग करता है। किन्तु जिसके पास भोग सामग्री है ही नहीं, फिर भी जो कहता है कि-'मैं भोगों को छोड़ता हूँ।' ऐसा व्यक्ति तो उस व्यक्ति के समान है, जिसका सिर गञ्जा है और भाग्य ने जिसको पहिले से ही 'केश विहीन' कर दिया है अर्थात् जिसका मुण्डन पहिले ही कर दिया गया है ॥ १ ॥

'कीसु' के वैकल्पिक रूप किज्जउ' का उदाहरण यों है —बलिं करोमि सुजनस्य = बलि किज्जउं सुअणस्सु=मैं सज्जन पुरुष के लिये बलिदान करता हूँ। ( सूत्र-संख्या ४ ३३८ में यह गाथा पूरी दी गई है) ॥ ४-३८९ ॥

## भुवः पर्याप्तौ हुच्चः ॥ ४-३९० ॥

अपभ्रंशे भुवो धातोः पर्याप्तावर्थे वर्तमानस्य हुच्च इत्यादेशो भवति ॥

अइत्तुंगत्तणु जं थणहं सोच्छेयउ, न हु लाहु ॥
सहि ! जइ केवँइ तुडि-वसेण, अहरि पहुच्चइ, नाहु ॥ १ ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में संस्कृत की धातु 'भु भव' के स्थान पर 'समर्थ हो सकने के अर्थ में' अर्थात् 'पहुँच सकने' के अर्थ में 'हुच्च' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे :- प्रभवति=पहुच्चइ=वह समर्थ होता है—वह पहुँच सकता है। (२) प्रभवन्ति=पहुच्चहि=वे समर्थ होते हैं—वे पहुंच सकते हैं। गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—अतितुङ्गत्वं यत्स्तनयो सच्छेदक न खलु लाभः।
सखि ! यदि कथमपि त्रुटि वशेन अधरे प्रभवति नाथ ॥ १ ॥

हिन्दी—हे सखि ! दोनों स्तनों की अति ऊँचाई हानि रूप ही है न कि लाभ रूप है। क्योंकि मेरे प्रियतम अधरों तक ( होठों का अमृत-पान करने के लिये ) कठिनाई के साथ और देरी के साथ पहुँच सकने में समर्थ होते हैं ॥ ४-३९० ॥

## ब्रूगो ब्रुवो वा ॥ ४—३९१ ॥

अपभ्रंशे ब्रूगो धातो ब्रुंव इत्यादेशो वा भवति ॥ ब्रुवह सुहासिउ किं पि ॥ पक्षे।

इत्तउ ब्रोप्पिणु सउणि, ठ्ठिउ पुणु दूसासणु, ब्रोप्पि ॥
तोहउं जाणउ एहो हरि जइ महु अग्गइ ब्रोप्पि ॥ १ ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'बोलना' अर्थक धातु 'ब्रू' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में विकल्प से 'ब्रुव' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'ब्रू' की भी प्राप्ति होगी। (१)जैसे—ब्रूते=ब्रुवइ और ब्रूइ=वह बोलता है। (२) ब्रूत सुभाषितं किंचिन्=ब्रुवह सुहासिउ किंपि=कुछ भी सुन्दर अथवा अच्छा भाषण बोलो। गाथा का अनुवाद इस प्रकार से है-

संस्कृतः—इयत् उक्त्वा शकुनिः स्थितः, पुनर्दुः शासन उक्त्वा ॥
तदा अहं जानामि, एष हरिः यदि ममाग्रत उक्त्वा ॥ १ ॥

हिन्दी—दुर्योधन कहता है कि —शकुनि इतना कहकर रुक गया है, ठहर गया है। पुनः दुश्शासन ( भी ) बोल करके ( रुक गया है )। तब मैंने समझा अथवा समझता हूँ कि यह श्रीहरि है, जोकि मेरे सामने बोल करके खड़े हैं। यों इस गाथा में 'ब्रू' धातु के अपभ्रंश में तीन विभिन्न क्रियापद-रूप बतलाये गये हैं ॥ ४-३९१ ॥

## व्रजे र्वुञः ॥ ४—३९२ ॥

अपभ्रंशे व्रजते र्धातो र्वुञ इत्यादेशो भवति ॥ वुञइ। वुञेप्पि। वुञेप्पिणु ॥

अर्थ —'घूमना, जाना, गमन करना' अर्थक संस्कृत धातु 'व्रज्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में वुव' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —व्रजति=वुव्वइ=वह जाता है-वह घूमता है अथवा वह गमन करता है। व्रजित्वा=वुव्वेप्पि और वुव्वेप्पिणु=जाकर के, घूम करके अथवा गमन करके॥ ४ ३९२ ॥

## दृशेः प्रस्सः ॥ ४–३९३ ॥

अपभ्रंशे दृशे र्धातोः प्रस्स इत्यादेशो भवति ॥ प्रस्सदि ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा में 'देखना' अर्थ में उपलब्ध धातु 'दृश् = पश्य्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'प्रस्स' ऐसे धातु रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —पश्यति=प्रस्सदि=वह देखता है। ४ ३९३ ॥

## ग्रहे र्गृण्हः ॥ ४–३९४ ॥

अपभ्रंशे ग्रहे र्धातो र्गृण्ह इत्यादेशो भवति ॥ पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा में 'ग्रहण करना-लेना' अर्थ में उपलब्ध धातु 'ग्रह्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'गृण्ह' ऐसे धातु-रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे:—(१) गृह्णाति=गृण्हइ=वह ग्रहण करता है-वह लेता है। (२) पठ गृहीत्वा व्रतम्=पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु=व्रत-नियम को ग्रहण करके-अंगीकार करके-पढ़ो-अध्ययन करो ॥ ४ ३९४ ॥

## तक्ष्यादीनां छोल्लादयः ॥ ४–३९५ ॥

अपभ्रंशे तक्षि-प्रभृतीनां धातूनां छोल्ल इत्यादय आदेशा भवन्ति ॥

जिवँ तिवँ तिक्खा लेवि कर जइ ससि छोल्लिज्जन्तु ॥
तो जइ गोरिहे मुह-कमलि सरि सिम कावि लहन्तु ॥ १ ॥

आदि ग्रहणाद् देशीषु ये क्रियावचना उपलभ्यन्ते ते उदाहार्याः ॥

चूडुल्लउ चुण्णी होइ सइ मुद्धि ! कवोलि निहिचउ ॥
सासानल–जाल–झलक्किअउ, वाह–सलिल–संसिचउ ॥ २ ॥
अब्भड वंचिउ बे पयइं पेम्मु निअत्तइ जावँ ॥
सव्वासण–रिउ–संभवहो, कर परिअत्ता तावँ ॥ ३ ॥
हिअइ खुडुक्कइ गोरडी गयणि घुडुक्कइ मेहु ॥

अर्थ—अपभ्रंश भाषा में संस्कृत की धातु 'प्र भव' के स्थान पर 'समर्थ हो सकने' अर्थात् 'पहुँच सकने' के अर्थ में 'हुच्च' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे – प्रभवति=पहुच्चइ समर्थ होता है—वह पहुँच सकता है। (२) प्रभवन्ति=पहुच्चहिं=वे समर्थ होते हैं—वे पहुँच स… गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृतः—अतितुङ्गत्वं यत्स्तनयोः सच्छेदकः न खलु लाभः।

सखि! यदि कथमपि त्रुटि वशेन अधरे प्रभवति नाथ ॥ १ ॥

हिन्दी—हे सखि! दोनों स्तनों की अति ऊँचाई हानि रूप ही है न कि लाभ रूप है। … मेरे प्रियतम अधरों तक (होठों का अमृत-पान करने के लिये) कठिनाई के साथ और दूरी के … पहुँच सकने में समर्थ होते हैं ॥ ४-३९० ॥

## ब्रूगो ब्रुवो वा ॥ ४-३९१ ॥

अपभ्रंशे ब्रूगो धातो ब्रुव इत्यादेशो वा भवति ॥ ब्रुवह सुहासिउ किं पि ॥ पक्षे।

इत्तउं ब्रोप्पिणु सउणि, ट्ठिउ, पुणु दूसासणु ब्रोप्पि ॥

तो हउं जाणउं एहो हरि जइ महु अग्गइ ब्रोप्पि ॥ १ ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'बोलना' अर्थक धातु 'ब्रू' के स्थान पर अपभ्रंश भा… विकल्प से 'ब्रुव' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'ब्रू' का भी प्राप्ति होगी। (१) जैसे—ब्रूते=ब्रुवइ और ब्रूइ=वह बोलता है। (२) ब्रूत सुभाषित किंचित्= सुहासिउ किंपि=कुछ भी सुन्दर अथवा अच्छा भाषण बोलो। गाथा का अनुवाद इस प्रकार से है

संस्कृतः—इयत् उक्त्वा शकुनिः स्थितः, पुनर्दुःशासन उक्त्वा ॥

तदा अहं जानामि, एष हरिः यदि ममाग्रत उक्त्वा ॥ १ ॥

हिन्दी—दुर्योधन कहता है कि—शकुनि इतना कहकर रुक गया है, ठहर गया है। … दुश्शासन (भी) बोल करके (रुक गया है)। तब मैंने समझा अथवा समझता हूँ कि यह … है, जोकि मेरे सामने बोल करके खड़े हैं। यों इस गाथा में 'ब्रू' धातु के अपभ्रंश में तीन वि… क्रियापद-रूप बतलाये गये हैं ॥ ४ ३९१ ॥

## व्रजे र्वुञः ॥ ४-३९२ ॥

अपभ्रंशे व्रजते र्धातो र्वुञ इत्यादेशो भवति ॥ वुञइ। वुञेप्पि। वुञेप्पिणु ॥

अर्थ—'घूमना, जाना, गमन करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'व्रज्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'वुत्र' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—व्रजति=वुब्रइ=वह जाता है-वह घूमता है अथवा वह गमन करता है। व्रजित्वा=वुब्रेप्पि और वुब्रेप्पिणु=जाकर के, घूम करके अथवा गमन करके॥ ४ ३९२ ॥

## दृशेः प्रस्सः ॥ ४-३९३ ॥

अपभ्रंशे दृशे र्धातोः प्रस्स इत्यादेशो भवति ॥ प्रस्सदि ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में 'देखना' अर्थ में उपलब्ध धातु 'दृश्=पश्य्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'प्रस्स' ऐसे धातु रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—पश्यति=प्रस्सदि=वह देखता है। ॥ ४ ३९३ ॥

## ग्रहे र्गृण्हः ॥ ४-३९४ ॥

अपभ्रंशे ग्रहे र्धातो गृंण्ह इत्यादेशो भवति ॥ पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में 'ग्रहण करना-लेना' अर्थ में उपलब्ध धातु 'ग्रह्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'गृण्ह' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे:—(१) गृह्णाति=गृण्हइ=वह ग्रहण करता है-वह लेता है। (२) पठ गृहीत्वा व्रतम्=पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु=व्रत-नियम को ग्रहण करके-अंगीकार करके-पढ़ो-अध्ययन करो ॥ ४-३९४ ॥

## तक्ष्यादीनां छोल्लादयः ॥ ४-३९५ ॥

अपभ्रंशे तक्षि-प्रभृतीनां धातूनां छोल्ल इत्यादय आदेशा भवन्ति ॥

जिवँ तिवँ तिक्खा लेवि कर जइ ससि छोल्लिज्जन्तु ॥
तो जइ गोरिहे मुह-कमलि सरि सिम कावि लहन्तु ॥ १ ॥

आदि ग्रहणाद् देशीषु ये क्रियावचना उपलभ्यन्ते ते उदाहार्याः ॥

चूडुल्लउ चुण्णी होइ सइ मुद्धि ! कवोलि निहित्तउ ॥
सासानल-जाल-झलक्किअउ, वाह-सलिल-संसित्तउ ॥ २ ॥
अब्भड वंचिउ बे पयइं पेम्मु निअत्तइ जावँ ॥
सव्वासण-रिउ-संभवहो, कर परिअत्ता तावँ ॥ ३ ॥
हिअइ खुडुक्कइ गोरडी गयणि घुडुक्कइ मेहु ॥

*अर्थ*—अपभ्रंश भाषा में संस्कृत की धातु 'प्र भव' के स्थान पर 'समर्थ हो सकने' के अर्थ अर्थात् 'पहुँच सकने' के अर्थ में 'हुच्च' रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे:—प्रभवति=पहुच्चइ= समर्थ होता है—वह पहुँच सकता है। (२) प्रभवन्ति=पहुच्चहिं=वे समर्थ होते हैं—वे पहुँच सकते हैं। गाथा का अनुवाद यों है:—

संस्कृतः—अतितुङ्गत्वं यत्स्तनयोः सच्छेदकः न खलु लाभः।
सखि! यदि कथमपि त्रुटि वशेन अधरे प्रभवति नाथः॥ १॥

हिन्दी—हे सखि! दोनों स्तनों की अति ऊँचाई हानि रूप ही है न कि लाभ रूप है। क्यों मेरे प्रियतम अधरों तक ( होठों का अमृत-पान करने के लिये ) कठिनाई के साथ और देरी के साथ पहुँच सकने में समर्थ होते हैं॥ ४-३९०॥

## ब्रूगो ब्रुवो वा॥ ४-३९१॥

अपभ्रंशे ब्रूगो धातो र्ब्रुव इत्यादेशो वा भवति॥ ब्रुवह सुहासिउ किं पि॥ पक्षे।

इत्तउं ब्रोप्पिणु सउणि, ट्ठिउ पुणु दूसासणु ब्रोप्पि॥
तो हउं जाणउ एहो हरि जइ महु अग्गइ ब्रोप्पि॥ १॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'बोलना' अर्थक धातु 'ब्रू' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में विकल्प से 'ब्रुव' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'ब्रू' की भी प्राप्ति होगी। (१)जैसे—ब्रूते=ब्रुवइ और ब्रूइ=वह बोलता है। (२) ब्रूत सुभाषितं किंचित्=ब्रुवह सुहासिउ किंपि=कुछ भी सुन्दर अथवा अच्छा भाषण बोलो। गाथाका अनुवाद इस प्रकार से है:—

संस्कृतः—इयत् उक्त्वा शकुनिः स्थितः, पुनर्दुःशासन उक्त्वा॥
तदा अहं जानामि, एष हरिः यदि ममाग्रत उक्त्वा॥ १॥

*हिन्दी*—दुर्योधन कहता है कि—शकुनि इतना कहकर रुक गया है, ठहर गया है। दुःशासन ( भी ) बोल करके ( रुक गया है )। तब मैंने समझा अथवा समझता हूँ कि यह श्री हरि है, जोकि मेरे सामने बोल करके खड़े हैं। यों इस गाथा में 'ब्रू' धातु के अपभ्रंश में तीन क्रियापद-रूप बतलाये गये हैं॥ ४-३९१॥

## व्रजे र्वुञः॥ ४-३९२॥

अपभ्रंशे व्रजते र्धातो र्वुञ इत्यादेशो भवति॥ वुञइ। वुञेप्पि। वुञेप्पिणु॥

अर्थ—'घूमना, जाना, गमन करना' अर्थक संस्कृत-धातु 'व्रज्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'वुन' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—व्रजति=वुनइ=वह जाता है-वह घूमता है अथवा वह गमन करता है। व्रजित्वा=वुन्वेप्पि और वुन्वेप्पिणु=जाकर के, घूम करके अथवा गमन करके॥ ४ ३९२ ॥

## दृशेः प्रस्सः ॥ ४–३९३ ॥

अपभ्रंशे दृशे र्धातोः प्रस्स इत्यादेशो भवति ॥ प्रस्सदि ॥

अर्थ—संस्कृत-भाषा में 'देखना' अर्थ में उपलब्ध धातु 'दृश् = पश्य्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'प्रस्स' ऐसे धातु रूप की नित्यमेव आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—पश्यति=प्रस्सदि=वह देखता है। ॥ ४ ३९३ ॥

## ग्रहे र्गृण्हः ॥ ४–३९४ ॥

अपभ्रंशे ग्रहे र्धातो र्गृण्ह इत्यादेशो भवति ॥ पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में 'ग्रहण करना-लेना' अर्थ में उपलब्ध धातु 'ग्रह्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'गृण्ह' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे—(१) गृह्णाति=गृण्हइ=वह ग्रहण करता है-वह लेता है। (२) पठ गृहीत्वा व्रतम्=पढ गृण्हेप्पिणु व्रतु=व्रत-नियम को ग्रहण करके-अंगीकार करके-पढ़ो-अध्ययन करो ॥ ४ ३९४ ॥

## तक्ष्यादीनां छोल्लादयः ॥ ४–३९५ ॥

अपभ्रंशे तक्षि-प्रभृतीनां धातूनां छोल्ल इत्यादय आदेशा भवन्ति ॥

जिवँ तिवँ तिक्खा लेवि कर जइ ससि छोल्लिज्जन्तु ॥
तो जइ गोरिहे मुह-कमलि सरि सिम कावि लहन्तु ॥ १ ॥

आदि ग्रहणाद् देशीषु ये क्रियावचना उपलभ्यन्ते ते उदाहार्याः ॥

चूडुल्लउ चुण्णी होइ सइ मुद्धि ! कवोलि निहित्तउ ॥
सासानल-जाल-झलक्किअउ, बाह-सलिल-संसित्तउ ॥ २ ॥
अब्भड वंचिउ बे पयइं पेम्मु निअत्तइ जावँ ॥
सव्वासण-रिउ-संभवहो, कर परिअत्ता तावँ ॥ ३ ॥
हिअइ खुडुक्कइ गोरडी गयणि धुडुक्कइ मे

वासा-रत्ति-पवासुअह विसमा सकडु एहु ॥ ४ ॥
अम्मि ! पओहर वज्जमा निच्चु जे संमुह थन्ति ॥
महु कन्तहो समरङ्गणइ गय-घड भज्जिउ जन्ति ॥५॥
पुत्ते जाएं कवणु गुणु, अवगुणु कवणु मुएण ॥
जा बप्पीकी भुंहडी चम्पिज्जइ अवरेण ॥ ६ ॥
तं तेत्तिउ जलु सायरहो सो तेवडु वित्थारु ॥
तिसहे निवारणु पलुवि नवि पर धुट्ठुअइ असारु ॥७॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में 'छोलना-छिलके उतारना' अर्थक उपलब्ध धातु 'तक्ष' के स्थान अपभ्रंश भाषा में 'छोल्ल' ऐसे धातु रूप की आदेश प्राप्त होती है। यों अन्य अनेक धातु अपभ्रंश भाषा में आदेश रूप से प्राप्त होती हुई देखी जाती हैं। उनकी आदेश प्राप्ति का विधान स्वयमेव समझ लेना चाहिये। वृत्ति में आई हुई गाथाओं का भाषान्तर क्रम से इस प्रकार है—

संस्कृतः—यथा तथा तीक्ष्णान् करान् लात्वा यदि शशी अतक्ष्यिष्यत ॥
तदा जगति गौर्या मुख-कमलेन सदृशतां कामपि अलप्स्यत ॥१॥

हिन्दी—(बिना विचार किये) जैसी तैसी तीक्ष्ण कठोर किरणों को लेकर के चन्द्रमा (कन्या सुन्दरियों के मुख की शोभा को) छीलता रहेगा तो इस संसार में (अमुक नायिका विशेष के) गौरी के मुख कमल की समानता को कहीं पर भी (किसी के साथ भी) नहीं प्राप्त कर सकेगा ॥१॥

संस्कृतः—कङ्कण चूर्णी-भवति स्वयं मुग्धे ! कपोले निहितम् ॥
श्वासानल ज्वाला-संतप्त बाष्प-जल-संसिक्तम् ॥२॥

हिन्दी—हे (सुन्दर गालों वाली) मुग्ध नायिका ! श्वास निश्वास लेने से उत्पन्न गर्मी रूपी अग्नि की ज्वालाओं से (झाल से) गरम हुआ और बाष्प अर्थात् भाप के (अथवा नेत्रों के आँसु रूप जल से भीगा हुआ एवम् गाल पर रखा हुआ (तुम्हारा यह) कंकड़-चूड़ी चूर्ण चूर्ण हो जायगी—टूट जायगी। गरम होकर भीगा हुआ होने से अपने आप ही तड़क कर कंकण टुकड़े टुकड़े हो जायगा इस गाथा में 'ताप्य्' धातु के स्थान पर 'झलक्क' धातु का प्रयोग किया गया है, जो कि देशज है ॥२॥

संस्कृत.—अनुगम्य द्वे पदे प्रेम निवर्तते यावत् ॥
सर्वाशन-रिपु-संभवस्य करा: परिवृत्ताः तावत् ॥३॥

हिन्दी —प्रेमी के दो कदमों का अनुकरण करने मात्र से ही परिपूर्ण प्रेम निष्पन्न हो जाता है-प्रेम भावनाएँ जागृत हो जाती हैं और ऐसा होने पर जो जल उष्ण प्रतीत हो रहा था और जिस चन्द्रमा की किरणें उष्णता उत्पन्न कर रही थी, वे तत्काल ही निवृत्त हो गई अर्थात् प्रेमी के मिलते ही परम शीतलता का अनुभव होने लग गया। इस गाथा में 'अनुगम्य' क्रियापद के स्थान पर देशज भाषा में उपलब्ध 'अब्भड वंचिउ' क्रियापद का प्रयोग किया गया है ॥ ३ ॥

संस्कृतः—हृदये शल्यायते गौरी, गगने गर्जति मेघः ॥
वर्षा-रात्रे प्रवासिकानां विषमं सकटमेतत् ॥ ४ ॥

*हिन्दी* —( प्रियतमा पत्नी को छोड़ करके विदेश की यात्रा करने वाले ) प्रवासी यात्रियों को वर्षा-कालीन रात्रि के समय में इस भयंकर संकट का अनुभव होता है, जबकि हृदय में तो गौरी ( का वियोग-दुःख ) कांटे के समान कसकता है-दुःख देता है और आकाश में ( उस दुःख को दुगुना करने वाला ) मेघ अर्थात् बादल गर्जता है। इस गाथा में 'शल्यायते' संस्कृत क्रियापद के स्थान पर देशज क्रियापद 'खुडुक्कइ' का प्रयोग किया गया है और इसी प्रकार से 'गर्जति' संस्कृत धातु रूप के बदले में देशज धातु-रूप 'घुडुक्कइ' लिखा है, जोकि ध्यान देने के योग्य हैं ॥ ४ ॥

संस्कृतः—अम्ब ! पयोधरौ वज्रमयौ नित्य यौ सम्मुखौ तिष्ठतः ॥
मम कान्तस्य समराङ्गणके गज-घटाः भङ्क्तुं यातः ॥ ५ ॥

*हिन्दी* —हे माता ! रण-क्षेत्र में हाथियों के समूह को विदारण करने के लिये जाते हुए-गमन करते हुए मेरे प्रियतम के सम्मुख सदा ही जिन वज्रसम कठोर दोनों स्तनों की ( स्मृति ) सम्मुख रहती है, ( इस कारण से उसको कठोर वस्तु का भंजन करने का सदा ही अभ्यास है और ऐसा होने से हाथियों के समूह को विदारण करने में उन्हें कोई कठिनाई अनुभव नहीं होती है ) ॥ ५ ॥

संस्कृतः—पुत्रेण जातेन को गुण, अवगुणः कः मृतेन ॥
यत् पैतृकी ( बप्पीकी ) भूमि आक्रम्यते ऽपरेण ॥ ६ ॥

हिन्दी —यदि ( पुत्र के रहते हुए भी ) बाप दादाओं की अर्जित भूमि शत्रु द्वारा दबाली जाती है-अधिकृत कर ली जाती है तो ऐसे पुत्र के उत्पन्न होने से अथवा जीवित रहने से क्या लाभ है? और ऐसे निकम्मे पुत्र के) मर जाने से भी कौन सी हानि है ? (निकम्मे पुत्र का तो मरना अथवा जीवित रहना दोनों ही एक समान ही है )। इस गाथा में 'बप्पीकी' और 'चम्पिज्जइ' ऐसे दो पदों की प्राप्ति देशज भाषा से हुई है, जो कि ध्यान में रखने योग्य है ॥६॥

संस्कृतः—तत् तावत् जल सागरस्य, स तावत् विस्तारः ॥
तृषो निवारण पलमपि नैव, पर शब्दायते असारः ॥७॥

*हिन्दी* —समुद्र का जल अति मात्रा वाला होता है और उसका विस्तार भी अत्यधिक होता है किन्तु थोड़ी देर के लिये भी थोड़ी सी प्यास भी मिटाने के लिये वह समर्थ नहीं होता है, फिर भी निरन्तर गर्जना करता रहता है, (अपनी महानता का अनुभव कराता रहता है)। इस गाथा में 'घुटठुअइ' ऐसा जो क्रियापद आया है, वह देशज है। यों अपभ्रंश भाषा में अनेकानेक देशज पदों का प्रयोग किया गया है, जिन्हें स्वयमेव समझ लेना चाहिये ॥ ४-३९५ ॥

## अनादौ स्वरादसंयुक्तानां क-ख-त-थ-प-फां, ग-घ-द-ध-ब-भाः ॥ ४-३९६ ॥

अपभ्रंशेऽपदादौ वर्तमानानां स्वरात् परेषामसंयुक्तानां क ख त थ प फां स्थाने यथा-संख्य ग घ द ध ब भाः प्रायो भवन्ति ॥ कस्य गः ।

जं दिट्ठउं सोम-ग्गहणु असइहिं हसिउ निसंकु ॥
पिअ-माणुस-विच्छोह-गरु गिलिगिलि राहु मयंकु ॥१॥

खस्य घः ।

अम्मीए सत्थावत्थेहिं सुधिं चिन्तिज्जइ माणु ॥
पिए दिट्ठे हल्लोहलेण को चेअइ अप्पाणु ॥ २ ॥

तथपफानां दधबभाः ।

सबधु करेप्पिणु कधिदु मइं तसु पर सभलउं जम्मु ॥
जासु न चाउ न चारहडि, न य पम्हट्ठउ धम्मु ॥ ३ ॥

अनादाविति किम् । सबधु करेप्पिणु । अत्र कस्य गत्वं न भवति ॥ स्वरादिति किम्। गिलिगिलि राहु मयङ्कु ॥ असंयुक्तानामिति किम् । एक्कहिं अक्खिहिं सावणु ॥ प्रायोधिकारात् क्वचिन्न भवति ।

जइ केवँइ पावीसु पिउ अकिआ कुड्ड करीसु ॥
पाणीउ नवइ सरावि जिवँ सव्वङ्गें पइसीसु ॥ ४ ॥
उअ कणिआरु पफुल्लिअउ कञ्चण-कन्ति पयासु ॥
गोरी-वयण-विणिज्जिअउ न सेवइ वण-वासु ॥ ५ ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में क, ख, त, थ, प और फ इतने अक्षरों में से कोई भी अक्षर यदि पद के प्रारंभ में नहीं रहा हुआ हो और संयुक्त भी अर्थात् किसी अन्य अक्षर के साथ में भी मिला हुआ नहीं हो एवं किसी भी स्वर के पश्चात् रहा हुआ हो तो अपभ्रंश में 'क' के स्थान पर 'ग', 'ख' के स्थान पर 'घ', 'त' के स्थान पर 'द', 'थ' के स्थान पर 'ध', 'प' के स्थान पर 'ब' और 'फ' के स्थान पर 'भ' की प्राप्ति हो जाती है। ऐसी आदेश प्राप्ति नित्यमेव नहीं होती है परन्तु प्रायः करके हो जाती है। जैसे—'क' के स्थान पर 'ग' प्राप्ति का उदाहरण—शुद्धि कर = सुद्धि गरो = पवित्रता को करने वाला। 'ख' से 'घ'—सुखेन = सुघें = सुख से। 'त' का 'द'—जीवित=जीविदु = जीवन जिंदगी। 'थ' का 'ध'—कथितम्=कधदु = कहा हुआ। 'प' का 'ब'—गुरू-पदम् = गुरू बयु = गुरू के चरण को। 'फ' का 'भ'—सफलम्=सभलु = सफल॥ वृत्ति में आई हुई गाथाओं का भाषान्तर क्रम से यों है—

संस्कृतः—यद् दृष्टं सोम-ग्रहणमसतीभिः हसित निःशङ्कम्॥
प्रिय-मनुष्य-विक्षोभकर, गिल गिल, राहो! मृगाङ्कम्॥ १॥

*हिन्दी*—'राहु' द्वारा चन्द्रमा को ग्रहण किया जाता हुआ जब असती अर्थात् काम भावनाओं से युक्त स्त्रियों द्वारा देखा गया, तब उन्होंने निडर होकर हंसते हुए कहा कि—हे राहु! प्रिय जनों में 'विक्षोभ-घबराहट' पैदा करने वाले इस चन्द्रमा को तू निगल जा-निगल जा। इस गाथा में 'विक्षोभ-कर' के स्थान पर 'विच्छोह-गरू' पद का रूपान्तर करते हुए 'क' के स्थान पर 'ग' की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है॥ १॥

संस्कृतः—अम्ब! स्वस्थावस्थैः सुखेन चिन्त्यते मानः॥
प्रिये दृष्टे व्याकुलत्वेन (हल्लोहल) कश्चेतयति आत्मानम्॥ २॥

*हिन्दी*—हे माता! शान्त अवस्था में रहे हुए व्यक्तियों द्वारा ही सुख पूर्वक आत्म सम्मान का विचार किया जाता है। किन्तु जब प्रियतम दिखाई पड़ता है अथवा उसका मिलन होता है तब भावनाओं के उमड़ पड़ने के कारण से उत्पन्न हुई व्याकुलता की स्थिति में कौन अपने (सन्मान) का भावना है-विचारता है? ऐसी स्थिति में तो 'मिलन' की उतावलता-हल्लोहलपना रहता है। इस गाथा में 'सुखेन' के स्थान पर 'सुघिं' का रूपान्तर करते हुए 'ख' अक्षर के स्थान पर 'घ' अक्षर की प्राप्ति का ज्ञान कराया गया है॥ २॥

संस्कृतः—शपथं कृत्वा कथितं मया, तस्य परं सफलं जन्म॥
यस्य न त्यागः, न च आरभटी, न च प्रमृष्टः धर्मः॥ ३॥

*हिन्दी*—जिसने न तो त्याग वृत्ति छोड़ी है, न सैनिक वृत्ति का ही परित्याग किया है और न विशुद्ध धर्म को ही छोड़ा है, उसी का जन्म विशिष्ट रूप से सफल है, ऐसा बात सुकृत शपथ पूर्वक कहा

गई है। इस गाथा में 'शपथ' के स्थान पर 'सबधु', 'कथित के स्थान पर 'कधिदु' और 'सफल' के स्थान पर 'समलउ' लिख कर यह सिद्ध किया है कि 'प' के स्थान पर 'ब', 'थ' के स्थान पर 'ध' और 'त' के स्थान पर 'द' तथा 'फ' के स्थान पर 'भ' की प्राप्ति अपभ्रंश भाषा में होती है॥ ३॥

*प्रश्न*—'क-ख-त-थ-प-फ' अक्षर पद के आदि में नहीं होने चाहिये, ऐसा विधान क्यों किया गया है?

उत्तर—यदि उक्त अक्षरों में से कोई भी अक्षर पद के आदि में रहा हुआ होगा तो उनके स्थान पर आदेश रूप से प्राप्तव्य अक्षर 'ग घ-द ध ब भ' की आदेश प्राप्ति नहीं होगी। जैसे—कृत्वा= करप्पिणु=करके, यहाँ पर 'क' वर्ण पद के आदि में है, अतः इसके स्थान पर 'ग' अक्षर की आदेश प्राप्ति नहीं होगी। यों आदि में स्थित अन्य शेष उक्त अक्षरों की स्थिति को भी समझ लेना चाहिये।

*प्रश्न*—यदि 'क-ख-त-थ-प-फ' अक्षर स्वर के पश्चात् रहे हुए होंगे, तभी इनके स्थान पर क्रम से 'ग घ द ध ब भ' अक्षरों की क्रम से प्राप्ति होगी, ऐसा भी क्यों कहा गया है?

उत्तर—यदि ये स्वर के पश्चात् नहीं रहे हुए होंगे तो इनके स्थान पर आदेश रूप से प्राप्तव्य अक्षरों की आदेश प्राप्ति भी नहीं होगी, ऐसी अपभ्रंश-भाषा में परंपरा है, इसलिये स्वर से परे होने पर ही इनके स्थान पर उक्त अक्षरों की आदेश प्राप्ति होगी, ऐसा समझना चाहिये। जैसे—मृगाङ्कम्= मयङ्कु=चन्द्रमा को। इस उदाहरण में हलन्त व्यञ्जन 'ङ' के पश्चात् 'क' वर्ण आया हुआ है जोकि 'स्वर' के पर वर्ती नहीं होकर 'व्यञ्जन' के पर वर्ती है इसलिये 'क' के स्थान पर 'ग' वर्ण की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है। यों अन्य उक्त शेष अक्षरों के सम्बन्ध में भी 'स्वर परवर्तित्व' के सिद्धान्त को ध्यान में रखना चाहिये।

*प्रश्न*—असंयुक्त अर्थात् हलन्त रूप से नहीं होने पर ही 'क-ख-त थ प फ' के स्थान पर 'ग घ-द ध ब भ' व्यञ्जनों की क्रम से आदेश प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है?

उत्तर—यदि 'क ख त थ प फ' व्यञ्जन पूर्ण नहीं है अर्थात् स्वर से रहित होकर अन्य किसी दूसरे व्यञ्जन के साथ में ये अक्षर रहे हुए होंगे तो इनके स्थान पर 'ग घ-द ध ब भ' व्यञ्जनों की क्रम से प्राप्तव्य आदेश प्राप्ति नहीं होगी, ऐसी अपभ्रंश भाषा में परंपरा है, इसलिये 'असंयुक्त स्थिति' का उल्लेख और सद्भाव किया गया है। जैसे—एकस्मिन् अक्ष्णि श्रावणः=एक्कहिं अक्खिहिं सावणु= एक आँख में श्रावण (अर्थात् आँसुओं की झड़ी) है। इस उदाहरण में 'क' के स्थान पर 'ग' वर्ण की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है। यों शेष अन्य उक्त व्यञ्जनों के संबंध में भी स्वयमेव कल्पना कर लेना चाहिये। पूरी गाथा सूत्र-संख्या ४-३५७ में प्रदान की गई है।

वृत्ति में ग्रन्थकार ने 'प्रायः' अव्यय का प्रयोग करके यह भावना प्रदर्शित की है कि इन उक्त व्यञ्जनों के स्थान पर प्राप्तव्य व्यञ्जनों की आदेश प्राप्ति कभी कभी नहीं भी होती है। जैसे कि—

त-प्रक्रिया=नहीं किया हुआ । नवके=नवइ=नये मे । इन उदाहरणों में यह बतलाया गया है कि 'क' स्वर के पश्चात् रहा हुआ है, अनादि में स्थित है और असयुक्त भी है, फिर भी इसके स्थान पर श रूप से प्राप्तव्य 'ग' वर्ण की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है । यों अन्य उक्त शेष व्यञ्जनों के सबध में 'प्राय' अव्यय का ध्यान रखते हुए जान लेना चाहिये कि सभी स्थानों पर आदेश प्राप्ति का होना ी नहीं है । वृत्ति में उल्लिखित चौथी एव पाँचवी गाथा का भाषान्तर क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृतः—यदि कथञ्चित् प्राप्स्यामि प्रियं अकृतं कौतुक करिष्यामि ॥
पानीय नवके शरावे यथा सर्वाङ्गेण प्रवेक्ष्यामि ॥ ४ ॥

*हिन्दी*—यदि किसी प्रकार से सयोग वशात् मेरा अपने प्रियतम से भेंट हो जायगी तो मैं कुछ आश्चर्य जनक स्थिति उत्पन्न कर दूँगी, जैसीकि पहिले कभी भी नहीं हुई होगी । मैं अपने सपूर्ण र को अपने प्रियतम के शरीर के साथ में इस प्रकार से आत्म सात् ( एकाकार ) कर दूँगी, जिस र कि नये बने हुए मिट्टी के शरावले में पानी अपने आपको आत्म सात् कर देता है । ॥ ४ ॥

संस्कृतः—पश्य ! कर्णिकार प्रफुल्लितकः काञ्चन कांति प्रकाश ॥
गौरी वदन-विनिर्जितकः ननु सेवते वनवासम् ॥ ५ ॥

*हिन्दी*—इस कर्णिकार नामक वृक्ष को देखो ! जो कि ताजे फूलों से लदा हुआ होकर परम भा को धारण कर रहा है, सोने के समान सुन्दर कांति से देदीप्यमान हो रहा है । गौरी के (नायिका के) आभापूर्ण सौम्य मुख कमल की शोभा से भी अधिक शोभायमान हो रहा है, फिर भी आश्चर्य है यह वन-वास ही सेवन कर रहा है, वन में रहता हुआ ही अपना काल क्षेप कर रहा है । इस गाथा र्णिकार और प्रकाश' पदों में 'क' वर्ण के स्थान पर 'ग' वर्ण की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है । ल्लितक और विनिर्जितक' पदों में भी क्रम से प्राप्त 'फ' वर्ण तथा 'त' वर्ण के स्थान पर भी क्रम से व्य 'भ' वर्ण की और 'द' वर्ण की आदेश प्राप्ति नहीं हुई है । यों अनेक स्थानों पर 'प्राय' अव्यय से त स्थिति को हृदयंगम करना चाहिये ॥ ५ ॥ ४-३९६ ॥

## मोनुनासिको वो वा ॥ ४-३९७ ॥

अपभ्रंशेऽनादौ वर्तमानस्यासयुक्तस्य मकारस्य अनुनासिको वकारो वा भवति ॥ ँ कमलु । भवँरु भमरु ॥ लाक्षणिकस्यापि । जिवँ । तिवँ । जेवँ । तेवँ ॥ अनादावित्येव । ु ॥ असयुक्तस्येत्येव । तसु पर सभलउ जम्मु ॥ -

अर्थ—सस्कृत भाषा के पद में रहे हुए मकार के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में रूपान्तर करने पर अनुनासिक सहित 'वकार' की अर्थात् 'वँ' की आदेश प्राप्ति विकल्प से उस दशा में हो जाती है जब कि

वह 'मकार' पद के आदि में भी नहीं रहा हुआ हो तथा संयुक्त रूप से भी नहीं रहा हुआ हो। जैसे — कमलम्=कवँलु अथवा कमलु=कमल फूल ॥ भ्रमरः=भवँरु अथवा भमरु=भँवरा। इन उदाहरणों में 'मकार' पद के आदि में भी नहीं है तथा संयुक्त रूप से भी नहीं रहा हुआ है। व्याकरण सम्बन्धी नियमों से उत्पन्न हुए 'मकार' के स्थान पर भी अनुनासिक सहित 'वँ' की उत्पत्ति भी विकल्प से देखी जाती है। जैसे — यथा=जिम अथवा जिवँ=जिस प्रकार, जिस तरह से। तथा=तिम अथवा तिवँ=उस प्रकार से अथवा उस तरह से। यथा=जेम अथवा जेवँ=जिस प्रकार अथवा जिस तरह से। तथा=तेम अथवा तेवँ= उस प्रकार अथवा उस तरह से।

*प्रश्न* —'अनादि' में स्थित 'मकार' के स्थान पर ही वँ' की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —यदि 'मकार' पद के आदि में रहा हुआ हो तो उसके स्थान पर 'वँकार' की आदेश प्राप्ति नहीं होगी। जैसे —मदन=मयणु=मदन कामदेव। यहाँ पर 'मकार' के स्थान पर 'वँकार' नहीं होगा। क्योंकि यह मकार आदि में स्थित है।

*प्रश्न* —'असंयुक्त' रूप से रहे हुए 'मकार' के स्थान पर ही 'वँकार' होगा, ऐसा भी क्यों कहा गया है ?

उत्तर —'संयुक्त' रूप से रहे हुए 'मकार' के स्थान पर 'वँकार' की आदेश प्राप्ति नहीं होती है, ऐसी अपभ्रंश भाषा में परंपरा है, इसलिये 'संयुक्त' मकार के लिये 'वँकार' की प्राप्ति का निषेध किया गया है। जैसे —जन्म=जम्मु=जन्म होना-उत्पत्ति होना। यहाँ पर 'मकार' संयुक्त रूप से रहा हुआ है इसलिये 'वँकार' की यहाँ पर आदेश प्राप्ति नहीं हो सकती है। तस्य पर सफलं जन्म=तसु पर सभलउ जम्मु=उसका जन्म बड़ा ही सफल है। पूरी गाथा सूत्र-संख्या ४-३६६ में दी गई है ॥ ४-३९७ ॥

## वाधो रो लुक् ॥ ४-३९८ ॥

अपभ्रंशे संयोगादधो वर्तमानो रेफो लुग् वा भवति ॥ जइ केवँइ पावीसु पिउ ( देखो-४-३९६ ) पक्षे। जइ भग्गा पारक्कडा तो सहि ! मज्झु प्रियेण ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा के किसी भी पद में यदि रेफ रूप 'रकार' संयुक्त रूप से और वर्ण में पर वर्ती रूप से अर्थात् अधो रूप से रहा हुआ हो तो उस रेफ रूप 'रकार' का अपभ्रंश-भाषा में विकल्प से लोप हो जाता है। जैसे —यदि कथंचित् प्राप्स्यामि प्रियं=जइ केवँइ पावीसु पिउ=यदि किसी भी तरह से प्रियतम पति को प्राप्त कर लूँगी। इस उदाहरण में 'प्रिय' के स्थान पर 'पिउ' पद का लिंग करके 'प्रिय' में स्थित रेफ रूप 'रकार' का लोप प्रदर्शित किया गया है। पक्षान्तर में जहाँ रेफ रूप 'रकार' का लोप नहीं होगा, उसका उदाहरण इस प्रकार से है —यदि भग्ना परकीया तत् सखि ! मम प्रियेण=अ

भग्गा पारक्कडा तो सहि ! मज्झु प्रियेण=हे सखि ! यदि शत्रु पक्ष के लड़वैये ( रण क्षेत्र को छोड़कर ) भाग खड़े हुए हैं तो मेरे पति ( की वीरता के कारण ) से ( ही ) ऐसा हुआ है। इस दृष्टान्त में 'प्रयेण' के स्थान पर 'प्रियेण' पद का ही उल्लेख करके यह समझाया है कि रेफ रूप 'रकार' का लोप कहीं पर होता है और कहीं पर नहीं भी होता है। यों यह स्थिति उभय पक्षीय होकर वैकल्पिक है ॥ ४-३९८ ॥

## अभूतोपि क्वचित् ॥ ४-३९९ ॥

अपभ्रंशे क्वचिदविद्यमानो पि रेफो भवति ॥

वासु महारिसि एँउ भणइ जइ सुइ-सत्थु पमाणु ॥
मायह चलण नवन्ताह दिवि दिवि गङ्गा-ण्हाणु ॥ १ ॥

क्वचिदितिकिम् ॥ वासेण वि भारह-खम्भि बद्ध ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा के किसी पद में यदि रेफ रूप 'रकार' नहीं है तो भी अपभ्रंश भाषा में उस पद का रूपान्तर करने पर उस पद में रेफ-रूप 'रकार' की आगम प्राप्ति कभी कभी हो जाया करती है। जैसे —व्यास =व्रासु = व्यास नामक ऋषि विशेष। पूरी गाथा का रूपान्तर यों है —

संस्कृतः—व्यास-महर्षि एतद् भणति यदि श्रुति-शास्त्रं प्रमाणम् ॥
मातृणां चरणौ नमतां दिवसे दिवसे गङ्गा स्नानम् ॥ १ ॥

*हिन्दी* —महाभारत के निर्माता व्यास नामक बड़े ऋषि फरमाते हैं कि यदि वेद और शास्त्र सच्चे हैं याने प्रमाण रूप है तो यह बात सत्य है कि जो विनीत आत्माएं प्रतिदिन प्रातःकाल में अपनी पूजनीय माताओं के चरणों में श्रद्धा पूर्वक नमस्कार प्रणाम करते हैं तो उन विनीत महापुरुषों को बिना गंगा स्नान किये भी 'गङ्गा में स्नान करने से उत्पन्न होने वाले पुण्य' जितने पुण्य की प्राप्ति होती है ॥ १ ॥

*प्रश्न* —क्वचित् अर्थात् कभी कभी ही रेफ रूप 'रकार' की आगम प्राप्ति होती है, ऐसा क्यों कहा गया है ?

उत्तर —अनेक पदों में कभी तो रेफ रूप 'रकार' की आगम-प्राप्ति हो जाती है और कभी नहीं भी होती है इसलिये क्वचित् अव्यय का उपयोग किया गया है। जैसे —व्यासेनापि भारत स्तम्भे बद्धम्=वासेण वि भारह-खम्भि बद्ध=व्यास ऋषि के द्वारा भी भारत रूपी स्तम्भ में बांधा गया है-कहा गया है। इस उदाहरण में 'वासेण' पद में रेफ-रूप 'रकार' का आगम नहीं हुआ है। (२) व्याकरणम्= वागरणु और वागरणु=व्याकरण शास्त्र। इन तरह से रेफ-रूप 'रकार' की आगम स्थिति को जानना चाहिये ॥ ४-३९९ ॥

## आपद्विपत्-संपदां द इः ॥ ४-४०० ॥

अपभ्रंशे आपद्-विपद्-( सपद् )-इत्येतेषां दकारस्य इकारो भवति ॥

अणउ करन्तहो पुरिसहो आवइ आवइ ॥

विवइ । संपइ ॥ प्रायोधिकारात् । गुणहिं न संपय कित्ति पर ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'आपद्, विपद् सपद्' शब्दों में उपस्थित अन्त्य व्यञ्जन 'दकार' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'इकार' स्वर की आदेश प्राप्ति ( कभी कभी ) हो जाती है। जैसे—(१) *आपद्=आवइ*=आपत्ति-दुख। (२) *विपद्=विवइ*=विपत्ति सकट। (३) सपद्=सपइ=सपत्ति सुख ॥ गाथा के चरण का रूपान्तर यों है —

अनय कुर्वत पुरुषस्य आपद् आयाति=अणउ करन्तहो पुरिसहो आवइ आवइ=अनीति का करने वाले पुरुष के ( लिये ) आपत्ति आती है।

'प्राय' अव्यय के साथ उक्त विधान का उल्लेख होने से कभी कभी 'आपद् विपद् सपद्' में रहे हुए अन्त्य व्यञ्जन 'दकार' के स्थान पर 'इकार' रूप की आदेश प्राप्ति नहीं भी होती है। जैसे—आपद्=आवय अथवा आवया। (२) विपद्=विवय अथवा विवया और (३) सपद्=सपय अथवा सपया ॥ गाथा के चरण का रूपान्तर यों है —गुणैः न सपत् कीर्तिः पर=गुणहिं न सपय कित्ति पर=गुणों से संपत्ति ( धन द्रव्य ) नहीं (प्राप्त होती है-होता है ) परन्तु कीर्ति ( ही प्राप्त होती है ) इस दृष्टान्त में 'सपद्' के स्थान पर 'सपइ' पद का प्रयोग नहीं किया जाकर 'सपय' पद का प्रयोग किया गया है। यों सर्वत्र समझ लेना चाहिये ॥ ४-४०० ॥

## कथं-यथा-तथां थादेरेमेमेहेधा डितः ॥ ४-४०१ ॥

अपभ्रंशे कथ यथा तथा इत्येतेषां थादेरवयवस्य प्रत्येकम् एम इम इह इध इत्येते डितश्चत्वार आदेशा भवन्ति ॥

केम समप्पउ दुट्ठ दिणु किध रयणी छुडु होइ ॥
नव-वहु-दसण-लालसउ वहइ मणोरह सोइ ॥ १ ॥
ओ गोरी-मुह-निज्जिअउ वद्दलि लुक्कु मियङ्कु ॥
अन्नु वि जो परिहविय-तणु सो किवँ भवँइ निसङ्कु ॥ २ ॥
बिम्बाहरि तणु रयण-वणु किह ठिउ सिरि आणन्द ॥
निरुवम-रसु पिएं पिअवि जणु सेसहो दिण्णी मुद्द ॥ ३ ॥

भण सहि ! निहुअउं तेवँ मइ जइ पिउ दिट्ठु सदोसु ॥
जेवँ न जाणइ मज्झु मणु पक्खावडिअं तासु ॥ ४ ॥
जिवँ जिवँ वङ्किम लोअणहं ॥ तिवँ तिवँ वम्महु निअय-सर ॥
मइ जाणिउ प्रिय विरहिअहं कवि धर होइ विआली ॥
नवर मिअङ्कु वि तिह तवइ जिह दिणयरु खय-गालि ॥ ५ ॥

एवं तिध-जिधावुदाहार्यों ॥

*अर्थ* —संस्कृत-भाषा में उपलब्ध 'कथं, यथा और तथा' अव्ययों में स्थित 'थं' और 'था' रूप अवयवात्मक अवयवों के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'एम, इम, इह और इध' अक्षरात्मक आदेश प्राप्ति क्रम से होती है। यह आदेश प्राप्ति 'डित्' पूर्वक होती है, इससे यह समझा जाता है कि उक्त तीनों अव्ययों में 'थ' और 'था' भाग के लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए 'क', 'य' और 'त' भाग में अवस्थित अन्त्य स्वर 'अ' का भी 'एम, इम, इह और इध' आदेश-प्राप्ति के पूर्व लोप हो जाता है और तदनुसार 'कथं' के स्थान पर 'केम, किम, किह और किध' रूपों की प्राप्ति होती है। 'यथा' के स्थान पर 'जेम, जिम, जिध और जिह' रूप होंगे और इसी प्रकार से 'तथा' की जगह पर 'तिम, तेम, तिध और तिह' रूप जानना चाहिये। सूत्र संख्या ४-३९७ के सविधानानुसार 'केम, किम, जेम, जिम, तेम, तिम' में स्थित 'मकार' के स्थान पर विकल्प से अनुनासिक सहित 'वँ' की आदेश प्राप्ति भी हो जाने से इनके स्थान पर क्रम से 'केवँ, किवँ, जेवँ, जिवँ, तेवँ, तिवँ, रूपों की आदेश प्राप्ति भी विकल्प से होगी। यों 'कथं, यथा और तथा' अव्ययों के क्रम से छह छह रूप अपभ्रंश-भाषा में हो जायगे। वृत्ति में दी गई गाथाओं में इन अव्यय-रूपों का प्रयोग किया गया है, तदनुसार इनका अनुवाद क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृतः—कथं समाप्यतां दुष्टं दिनं, कथं रात्रिः शीघ्रं ( छुडु ) भवति ॥
नव-वधू-दर्शन-लालसकः वहति मनोरथान् सोऽपि ॥ १ ॥

*हिन्दी* —किस प्रकार से ( कब शीघ्रता पूर्वक ) यह दुष्ट ( अर्थात् कष्ट-दायक ) दिन समाप्त होगा और कब रात्रि जल्दी होगी, इस प्रकार की मनो भावनाओं को 'नई ब्याही हुई पत्नी को देखने की शीघ्र लालसावाला' वह ( नायक विशेष ) अपने मन में रखता है अथवा मनोरथों को धारण करता है। इस गाथा में 'कथं' अव्यय के स्थान पर आदेश-प्राप्त 'केम और किध' अव्यय रूपों का प्रयोग किया गया है ॥ १ ॥

संस्कृतः—ओ गौरी-मुख-निर्जितकः, वार्दले निलीनः मृगाङ्कः ॥
अन्योऽपि य परिभूततनुः, स कथं भ्रमति निःशङ्कम् ॥ २ ॥

*हिन्दी* —ओह ! ( सूचना-अर्थक अव्यय ) गौरी ( नायिका विशेष ) के मुख कमल की शोभा से हार खाया हुआ यह चन्द्रमा बादलों में छिप गया है। दूसरे से हारा हुआ अन्य कोई भी हो, वह निडरता पूर्वक ( सन्मान पूर्वक ) कैसे परिभ्रमण कर सकता है ? इस गाथा में कथं के स्थान पर 'किवँ' आदेश प्राप्त रूप का प्रयोग किया गया है ॥ २ ॥

संस्कृतः—बिम्बाधरे तन्व्या रदन-व्रणः कथं स्थित श्री आनंद ॥
निरूपम रसं प्रियेण पीत्वेव शेषस्य दत्ता मुद्रा ॥ ३ ॥

हिन्दी —हे श्री आनन्द ! सुन्दर शरीर वाली ( पतले शरीर वाली ) नायिका के लाल लाल होठों पर दांतों द्वारा अंकित चिह्न किस प्रकार शोभा को धारण कर रहा है ? मानों प्रियतम पति द्वारा से अद्वितीय अमृत रस का पान किया जाकर के ( होठों में ) अवशिष्ट रस के लिये सील मोहर लगा दी गई है; ( जिससे कि इस अमृत रस का अन्य कोई भी पान नहीं कर सके ) इस गाथा में 'कथं' अव्यय के स्थान पर 'किह' आदेश-प्राप्त रूप का प्रयोग किया गया है ॥ ३ ॥

संस्कृतः—भण सखि ! निभृतकं तथा मयि यदि प्रियः दृष्ट सदोषः ॥
यथा न जानाति मम मनः पक्षापतित तस्य ॥ ४ ॥

*हिन्दी*—हे सखि ! यदि मेरे विषय में मेरा प्रियतम तुझ से सदोष देखा गया है तो तू निसंकोच होकर ( प्राइवेट रूप में ) मुझे कहदे। मुझे इस तरीके से कहकि जिससे वह, यह नहीं जान सके कि मेरा मन उसके प्रति अब पक्षपात पूर्ण हो गया है। इस गाथा में 'तथा' के स्थान पर 'तवँ' लिखा गया है और 'यथा' के स्थान पर 'जेवँ' का प्रयोग किया गया है ॥ ४ ॥

संस्कृतः—यथा यथा वक्रिमाणं लोचनयो ॥
अपभ्रंश—जिवँ जिवँ वङ्किम लोअणहं ॥

हिन्दी —जैसे जैसे दोनों नेत्रों की वक्रता को। यहाँ पर 'यथा, यथा के स्थान पर 'जिवँ, जिवँ' का प्रयोग किया गया है।

संस्कृतः—तथा तथा मन्मथः निजक-शरान् ॥
अपभ्रंशः—तिवँ तिवँ वम्महु निअय-सर ॥

*हिन्दी* —वैसे वैसे कामदेव अपने बाणों को। इस चरण में 'तथा, तथा' की जगह पर 'तिवँ, तिवँ' ऐसे आदेश प्राप्त रूप लिखे गये हैं।

संस्कृत —मया ज्ञातं प्रिय ! विरहितानां कापि धरा भवति विकाले ॥
केवलं (=पर) मृगाङ्कोपि तथा तपति यथा दिनकर क्षयकाले ॥ ५ ॥

*हिन्दी* —हे प्रियतम ! मुझसे ऐसा जाना गया था कि प्रियतम के वियोग में दुःखित व्यक्तियों के लिये संध्या-काल में शायद कुछ भी सान्त्वना का आधार प्राप्त होता होगा, किन्तु ऐसा नहीं है। देखो ! चन्द्रमा भी संध्याकाल में उसी प्रकार से उष्णता प्रदान करने वाला प्रतीत हो रहा है, जैसाकि सूर्य उष्णतामय ताप प्रदान करता रहता है।' इस गाथा में 'तथा' अव्यय के स्थान पर 'तिह' रूप की आदेश प्राप्ति हुई है और 'यथा' की जगह पर 'जिह' आदेश प्राप्त अव्यय रूप लिखा गया है॥ ५॥

इसी प्रकार से 'कथ, यथा और तथा' अव्यय पदों के स्थान पर आदेश प्राप्ति के रूप में प्राप्त होने वाले अन्य रूपों के उदाहरणों की कल्पना स्वयमेव कर लेनी चाहिये, ऐसी ग्रन्थकार की सूचना है। । ४-४०१ ॥

## यादृक्तादृक्कीदृगीदृशां दादेर्डेहः ॥ ४-४०२ ॥

अपभ्रंशे यादृगादीनां दादेरवयवस्य डित् एह इत्यादेशो भवति ॥

मइं भणिअउ बलिराय ! तुहुं केहउ मग्गण एहु ॥
जेहु तेहु न वि होइ, वढ ! सइं नारायणु एहु ॥ १ ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'यादृक् तादृक्, कीदृक् और ईदृक्' शब्दों में अवस्थित अन्त्य भाग 'दृक्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'डित् पूर्वक' 'एह' अंश रूप की आदेश प्राप्ति होती है। 'डित्' पूर्वक कहने का तात्पर्य यह है कि 'दृक्' भाग के लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए 'या, ता, की और ई' के अन्त्य स्वर 'आ, और ई' का भी लोप हो जाता है और तत् पश्चात् ही 'एह' अंश रूप की आदेश प्राप्ति होकर एवं संधि अवस्था प्राप्त होकर क्रम से यों आदेश प्राप्त रूपों की प्राप्ति हो जाती है। जैसे —यादृक = जेह = जिसके समान, तादृक = तेह = उसके समान, कीदृक् = केह = किस के समान और ईदृक = एह = इसके समान। आदेश प्राप्त रूप विशेषण होने से विशेष्य के समान ही विभक्तियों में भी उनके विभिन्न रूप बन जाते हैं। गाथा का भाषान्तर यों है —

संस्कृत —मया भणितः बलिराज ! त्वं कीदृग् मार्गण एषः ॥
यादृक्-तादृक् नापि भवति मूर्ख ! स्वयं नारायणः ईदृक् ॥ १ ॥

हिन्दी —हे राजा बलि ! मैंने तुम्हें कहा था कि यह मांगने वाला किस प्रकार का भिखारी है ? हे मूर्ख ! यह ऐसा वैसा भिखारी नहीं हो सकता है किन्तु इस प्रकार भिखारी के रूप में स्वयं भगवान नारायण विष्णु है॥ १॥ यों इस गाथा में 'यादृक्, तादृक कीदृक और ईदृक् के स्थान पर क्रम से 'जेहु, तेहु, केहउ और एहु' रूपों का प्रयोग किया गया है॥ ४-४०२॥

## अतां डइसः ॥ ४–४०३ ॥

अपभ्रंशे यादृगादीनामदन्तानां यादृश-तादृश-कीदृशेदृशानां दादेरवयवस्य डित् अइस इत्यादेशो भवति ॥ जइसो । तइसो । कइसो । अइसो ॥

*अर्थ*:—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'यादृक, तादृक, कीदृक् और ईदृक' शब्दों में यदि 'अत्=अ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर जब ये शब्द क्रम से यादृश, तादृश, कीदृश और ईदृश' रूप में परिणत हो जाते हैं, तब अपभ्रंश-भाषान्तर में इन शब्दों के अन्त्य अवयव रूप 'दृश' के स्थान पर 'डित्' पूर्वक 'अइस' अवयव की आदेश प्राप्ति हो जाती है। डित्-पूर्वक' कहने का तात्पर्य यह है कि इन शब्दों के अन्त्य अवयव 'दृश' के लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए शब्दांश 'या, ता की और ई' मात्र में अवस्थित अन्त्य स्वर 'आ आ ई' का भी लोप हो जाता है और तत्पश्चात् हलन्त रूप से रहे शब्दांश में ही 'अइस' आदेश प्राप्ति की संधि हो जाती है। जैसे:—यादृश = जइसो = जिसके समान। तादृश = तइसो = उसके समान। कीदृश = कइसो = किसके समान और ईदृश = अइसो = इसके समान। ये विशेषण स्वरूप वाले हैं, इसलिये संज्ञाओं के समान ही इनके विभक्ति-वाचक रूप भी बनते हैं ॥ ४-४०३ ॥

## यत्र-तत्रयोस्त्रस्य डिदेत्थत्तु ॥ ४–४०४ ॥

अपभ्रंशे यत्र-तत्र-शब्दयोस्त्रस्य एत्थु अत्तु इत्येतौ डितौ भवतः ॥

जइ सो घडदि प्रयावदी केत्थु वि लेप्पिणु सिक्खु ॥
जेत्थु वि तेत्थु वि एत्थु जगि भण तो ताहि सारिक्खु ॥ १ ॥

जत्तु ठिदो । तत्तु ठिदो ॥

*अर्थ*:—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'यत्र और तत्र' अव्यय रूप शब्दों का अपभ्रंश भाषा में रूपान्तर करने पर इनके अंत में अवस्थित 'त्र' भाग के स्थान पर 'डित्' पूर्वक 'एत्थु और अत्तु' ऐसे दो 'आदेश रूप अंश भाग' की प्राप्ति होती है। 'डित्' पूर्वक कहने का तात्पर्य यह है कि 'यत्र और तत्र' में अवस्थित 'त्र' भाग के लोप हो जाने के पश्चात् शेषांश 'य' और 'त' में स्थित अन्त्य 'अ' का भी लोप होकर आदेश रूप से प्राप्त होनेवाले 'एत्थु अथवा अत्तु' की उनमें संधि हो जाती है। जैसे:—यत्र = जेत्थु और जत्तु = जहाँ पर। तत्र = तेत्थु और तत्तु = वहाँ पर। गाथा का अनुवाद यों है:—

संस्कृतः—यदि स घटयति प्रजापतिः, कुत्रापि लात्वा शिक्षाम् ॥
यत्रापि तत्रापि अत्र जगति, भण, तदा तस्याः सदृशीम् ॥ १ ॥

*हिन्दी* —यदि विश्व निर्माता ब्रह्मा इस विश्व में यहाँ पर, वहाँ पर अथवा कहीं पर भी ( निर्माण-कला की ) शिक्षा को पढ़ करके-अध्ययन करके-( पुरुषों का अथवा स्त्रियों का ) निर्माण करता, तभी इस सुन्दर स्त्री के समान अन्य ( पुरुष का अथवा स्त्री ) का निर्माण करने में समर्थ होता। अर्थात वह ( नायिका ) सुन्दरता में बेजोड़ है।

इस गाथा में 'यत्र' के स्थान पर 'जेत्थु' का प्रयोग किया गया है और 'तत्र' के स्थान पर 'तेत्थु' अव्यय रूप लिखा गया है। शेष रूपों के क्रम से उदाहरण यों हैं —

(१) यत्र स्थित =जत्तु ठिदो=जहाँ पर ठहरा हुआ है।

(२) तत्र स्थित =तत्तु ठिदो=वहाँ पर ठहरा हुआ है। यों क्रम से आदेश प्राप्त चारों अव्यय-रूपों की स्थिति का समझ लेना चाहिये ॥ ४४०४ ॥

## एत्थु कुत्रात्रे ॥ ४-४०५ ॥

अपभ्रंशे कुत्र अत्र इत्येतयोस्त्रशब्दस्य डित् एत्थु इत्यादेशो भवति ॥

केत्थु वि लेप्पिणु सिक्खु ॥ जेत्थु वि तेत्थु वि एत्थु जगि ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'कुत्र और अत्र' अव्ययों में अवस्थित अन्त्य अक्षर 'त्र' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'डित' पूर्वक 'एत्थु' अवयव की आदेश प्राप्ति होती है। 'डित्' पूर्वक कहने का अर्थ यह है कि 'कुत्र और अत्र' अव्यय शब्दों के अन्त्य अक्षर 'त्र' के लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए शब्दांश 'कु और अ' में अवस्थित अन्त्य स्वर 'उ' और 'अ' का भी लोप होकर तत्पश्चात् आदेश रूप से प्राप्त होने वाले अवयव रूप 'एत्थु' की उन शेषांश अक्षरों के साथ संधि हो जाती है। जैसे —कुत्र=केत्थु=कहाँ पर-कहीं पर ? और अत्र=एत्थु=यहाँ पर अथवा इसमें ॥ अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं —

(१) कुत्रापि लात्वा शिक्षाम्=केत्थु वि लेप्पिणु सिक्खु=कहीं पर भी शिक्षा को ग्रहण करके। यहाँ पर 'कुत्र' के स्थान पर 'केत्थु' का प्रयोग है।

(२) यत्रापि तत्रापि अत्र जगति=जेत्थु वि तेत्थु वि एत्थु जगि=जहाँ पर-वहाँ पर यहाँ पर इस जगत् में ॥ इस चरण में 'अत्र' के स्थान पर 'एत्थु' अव्यय रूप का प्रयोग प्रदर्शित है ॥ ४४०५ ॥

## यावत्तावतोर्वादेर्मउमहिं ॥ ४-४०६ ॥

अपभ्रंशे यावत्तावदित्यव्यययो र्वकारादेरवयवस्य म उं महिं इत्येते त्रय आदेशा भवन्ति ॥

जाम न निवडइ कुम्भ-यडि-सीह-चवेड-चडक्क ॥
ताम समत्तहं मयगलहं पइ-पइ वज्जइ ढक्क ॥ १ ॥
तिलहं तिलत्तणु ताउ पर जाउ न नेह गलन्ति ॥
नेहि पणट्ठइ तेज्जि तिल तिल फिट्टवि खल होन्ति ॥ २ ॥
जामहिं विसमी कज्ज-गई जीवहं मज्झे एइ ॥
तामहिं अच्छउ इयरू जणु सु-अणुवि अन्तरू देइ ॥ ३ ॥

*अर्थ* —संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'यावत और तावत्' अव्ययों में अवस्थित अन्त्य अवयव 'वत्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'म, उ और महिं' ऐसे तीन तीन आदेश क्रम से होते हैं। जैसे— यावत्=जाम अथवा जाउं अथवा जामहिं=जब तक, जितना। तावत्=ताम अथवा ताउ अथवा तामहिं=तब तक, उतना॥ सूत्र-संख्या ४-३९७ से 'जाम और ताम' में अवस्थित 'मकार' के स्थान पर अनुनासिक सहित 'वकार' अर्थात् 'वँ' की आदेश प्राप्ति भी वैकल्पिक रूप से होने से 'जावँ और तावँ' रूपों की प्राप्ति भी होगी। उक्त अव्यय रूपों की स्थिति को स्पष्ट करने के लिये जो गाथायें दी गई हैं, उनका अनुवाद क्रम से इस प्रकार है:—

संस्कृत:—यावत् न निपतति कुम्भतटे, सिंह-चपेटा-चटात्कारः ॥
तावत् समस्तानां मद कलानां (गजानां) पदे पदे वाद्यते ढक्का ॥१॥

हिन्दी —जब तक सिंह के पन्जे की चपेटों का चटात्कार याने थाप (हाथियों के) गण्ड-स्थल पर अर्थात् गर्दन-तट पर नहीं पड़ती है, तभी तक मदोन्मत्त सभी हाथियों के डग डग पर (पद पद पर ऐसी ध्वनि उठती है कि मानों) डमरू बाजा बज रहा हो। इस गाथा में 'यावत्' के स्थान पर 'जाम' का प्रयोग किया गया है और 'तावत' के स्थान पर 'ताम' अव्यय पदों को स्थान दिया गया है॥ १॥

संस्कृत:—तिलानां तिलत्वं तावत् परं, यावत् न स्नेहाः गलन्ति ॥
स्नेहे प्रनष्टे ते एव तिलाः तिलाः भ्रष्ट्वा खलाः भवन्ति ॥ २ ॥

हिन्दी—तिलों का तिलपना तभी तक है, जब तक कि तेल नहीं निकलता है। तेल के निकल जाने पर वेही तिल तिलपने से भ्रष्ट होकर (पतित होकर) खल रूप कहलाने लग जाते हैं। इस गाथा में 'यावत् और तावत्' के स्थान पर क्रम से 'जाउ और ताउ' रूपों का प्रयोग समझाया गया है॥ २॥

संस्कृत:—यावद् विषमा कार्यगतिः, जीवानां मध्ये आयाति ॥
तावद् आस्तामितरः जनः सुजनोऽप्यन्तरं ददाति ॥ ३ ॥

हिन्दी —जब मानव जीवों के सामने कठोर अथवा विपरीत कार्य स्थिति उत्पन्न हो जाती है, तब साधारण आदमी की तो बात ही क्या है ? सज्जन पुरुष भी बाधा देने लग जाता है। इस गाथा में 'यावत्' के स्थान पर 'जामहिं' लिखा है और 'तावत' की जगह पर 'तामहिं' बतलाया है। यों क्रम में 'जाम, जाउ और जामहिं' तथा 'ताम, ताउ और तामहिं' अव्यय पदों की स्थिति समझाई है ॥ ४४०६ ॥

## वा यत्तदोतोर्डेवडः ॥ ४–४०७ ॥

अपभ्रंशे यद् तद् इत्येतयोरत्वन्तयो र्यावत्तावतो र्वकारादेरवयवस्य डित् एवड इत्यादेशो वा भवति ॥

जेवडु अन्तरू रावण–रामह, तेवडु अन्तरू पट्टण–गामहं ॥ पक्षे। जेत्तुलो। तेत्तुलो ॥

अर्थ —संस्कृत भाषा में उपलब्ध यद् और 'तद्' सर्वनामों में जब परिमाण वाचक प्रत्यय 'अतु=अत्' की प्राप्ति होकर 'जितना' अर्थ में 'यावत शब्द बनता है तथा 'इतना' अर्थ में 'तावत्' शब्द बनता है तब इन 'यावत्' और 'तावत्' शब्दों में रहे हुए अन्त्य अवयव 'वत' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'डित्' पूर्वक 'एवड' अवयव रूप की विकल्प से आदेश प्राप्ति होती है। 'डित पूर्वक' ऐसा कहने का तात्पर्य यह है कि 'यावत् और तावत् शब्दों में 'वत्' अवयव के लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए शब्द भाग 'या' और 'ता' में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' का भी लोप होकर इन हलन्त भाग 'य् तथा त' में आदेश प्राप्त 'एवड' भाग की संधि होकर क्रम से इनका रूप 'जेवड और तेवड' बन जाता है। जैसे —यावत=जेवड=जितना। तावत=तेवड=उतना ॥ वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में सूत्र-संख्या ४४३५ से यावत् और तावत' में डेत्तुल=एत्तुल प्रत्यय की प्राप्ति होकर इसी अर्थ में द्वितीय रूप 'जेत्तुल और तेत्तुल' भी सिद्ध हो जाते हैं। जैसे —यावत=जेत्तुलो=जितना और तावत=तेत्तुलो=उतना ॥ वृत्ति में दिया गया उदाहरण इस प्रकार से है —यावद् अन्तरं रावण रामयो तावद् अन्तरं पट्टण ग्रामयोः = जेवडु अन्तरू रावण रामह, तेवडु अन्तरू पट्टण-गामह=जितना अन्तर रावण और राम में है उतना अन्तर ग्राम और नगर में है ॥ ४ ४०७ ॥

## वेदं–किमोर्यादेः ॥ ४–४०८ ॥

अपभ्रंशे इदम् किम् इत्येतयोरत्वन्तयोरियत् कियतो र्यकारादेरवयवस्य डित् एवड इत्यादेशो वा भवति ॥

एवडु अन्तरु। केवडु अन्तरू ॥ पक्षे। एत्तुलो। केत्तुलो ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'इदम् और किम्' सर्वनामों में परिमाण-वाचक प्रत्यय 'डावतु= अत' की प्राप्ति होकर इतना और कितना' अर्थ में क्रम से 'इयत् और कियत' पदों का निर्माण होता है, इन बने हुए 'इयत और कियत' पदों के अन्त्य अवयव रूप यत्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में विकल्प से 'डित' पूर्वक 'एवड' अवयव रूप की आदेश प्राप्ति होता है। 'डित् पूर्वक' कहने का रहस्य यह है कि 'इयत् और कियत्' पदों में से अन्त्य अवयव रूप 'यत्' का लोप हो जाने के पश्चात् शेष रहे हुए शब्दांश 'इ और कि' में स्थित 'इ' स्वर का भी लोप होकर आदेश प्राप्त 'एवड' शब्दांश की संधि होकर क्रम से ( 'इयत' के स्थान पर ) 'एवड' की और ( कियत्' के स्थान पर ) केवड' की आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे—इयत् अन्तरं=एवडु अन्तरु=इतना फर्क=इतना भेद। कियत् अन्तरं= केवडु अन्तरु=कितना फर्क ? कितना भेद ? वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में सूत्र संख्या ४ ४३५ से 'इयत्' के स्थान पर 'एत्तुल' की प्राप्ति होगी और 'कियत' के स्थान पर 'केत्तुल' रूप भी होगा। इयत् कियत् सुखं=एत्तुलु केत्तुलु सुहु=इतना कितना सुख ॥ ४ ४०८ ॥

## परस्परस्यादिरः ॥ ४-४०९ ॥

अपभ्रंशे परस्परस्यादिरकारो भवति ॥

ते मुग्गडा हराविआ जे परिविट्ठा ताहं ॥
अवरोप्परु जोअन्ताहं सामिउ गञ्जिउ जाहं ॥ १ ॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में पाये जाने वाले विशेषण रूप 'परस्पर' में स्थित आदि 'पकार' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'अकार' की आदेश प्राप्ति हो जाती है। जैसे—परस्परस्य=अवरोप्परहु=आपस का ॥ गाथा का रूपान्तर संस्कृत भाषा में और हिन्दी भाषा में क्रम से इस प्रकार है—

संस्कृतः—ते मोगला हारिता, ये परिविष्टाः तेषाम् ॥
परस्परं युध्यमानानां स्वामी पीडितः येषाम् ॥१॥

हिन्दी—परस्पर में युद्ध करने वाले जिन मुगलों का स्वामी पीड़ित था-दुःखी था, और इसलिये उनमें से जो बच गये थे, वे मुगल (म्लेच्छ जाति के सैनिक) हरा दिये गये-उन्हें पराजित कर दिया गया। इस गाथा में परस्पर के स्थान पर 'अवरोप्परु' पद का उपयोग करते हुए आदि पकार के स्थान पर अकार की प्राप्ति प्रदर्शित की गई है ॥ ४ ४०९ ॥

## कादि-स्थैदोतोरुच्चार-लाघवम् ॥

अपभ्रंशे कादिषु व्यञ्जनेषु स्थितयोः ए ओ [illegible] प्रायो भवति ॥
सुधें चिन्तिज्जइ माणु ॥ (४-३९६) [illegible] तसु हउं कलि- [illegible] (४-३

अर्थ.—अपभ्रंश भाषा के पदों में 'क-ख ग' आदि सभी व्यञ्जनों में अवस्थित 'एकार' स्वर के स्थान पर और 'ओकार' स्वर के स्थान पर ह्रस्व 'एकार' के रूप में और ह्रस्व 'ओकार' के रूप में प्रायः उच्चारण किया जाता है। जैसे —सुखेन चिन्त्यते मानः = सुधें चिन्तिज्जइ माणु = सुख से सम्मान विचारा जाता है। इस उदाहरण में 'सुधें' पद के रूप में अवस्थित एकार' स्वर की स्थिति ह्रस्व रूप से प्रदर्शित की गई है। ह्रस्व 'ओ' का उदाहरण यों है —

तस्य अहं कलियुगे दुर्लभस्य = तसु हउँ कलि जुगि दुल्लहहो = कलियुग में उस दुर्लभ का मैं। यहाँ पर 'दुल्लहहो' पद में रहे हुए 'ओकार स्वर की स्थिति ह्रस्व रूप से समझाई गई है। (२) गुरु-जनाय = गुरु जणहों = गुरु जन के लिये ॥ ४-४१० ॥

## पदान्ते उ-हुं-हि-हकाराणाम् ॥४-४११॥

**अपभ्रंशे पदान्ते वर्तमानानां उं हुं हिं हं इत्येतेषां उच्चारणस्य लाघवं प्रायो भवति ॥ अन्नु जु तुच्छउँ तहे धणहे ॥ बलि किज्जउँ सुअणस्सु ॥ दइउ घडावइ वणि तरुहुं ॥ तरुहुँ वि वक्कलु ॥ खग्ग-विसाहिउ जहिं लहहुं ॥ तणहँ तइज्जी भङ्गि नवि ॥**

अर्थ —अपभ्रंश भाषा के पदों के अन्त में यदि 'उं, हुं, हिं, हं' इन चारों अक्षरों में से कोई भी अक्षर आ जाय तो इनका उच्चारण प्रायः ह्रस्व रूप से होता है। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —

(१) अन्यद् यत्तुच्छं तस्याः धन्यायाः = अन्नु जु तुच्छउँ तहे धणहे = उस सौभाग्यशालिनी नायिका के दूसरे भी जो (अङ्ग) छोटे हैं। इस चरण में 'तुच्छउं' को 'तुच्छउँ' लिख कर इस 'उं' को ह्रस्व रूप से 'उँ' ऐसा प्रदर्शित किया है।

(२) बलिं करोमि सुजनस्य = बलि किज्जउँ सुअणस्सु = सज्जन पुरुष के लिये मैं बलिदान करता हूँ। इस गाथांश में किज्जउं के स्थान पर 'किज्जउँ' लिख कर 'उँ' की स्थिति ह्रस्व रूप में समझाई है।

(३) देवः घटयति वने तरूणां = दइउ घडावइ वणि तरुहुं = विधाता-(ब्रह्मा) जंगल में वृक्षों पर बनाता है। इस गाथा भाग में 'तरुहुं' पद में 'हुं' की स्थिति का 'प्रायः' इस उल्लेख के अनुसार ह्रस्व के रूप में प्रदर्शित नहीं की गई है।

(४) तरुभ्यः अपि वल्कलं = तरुहुँ वि वक्कलु = वृक्षों से भी छाल (रूप वस्त्र) इन पदों में रहे हुए 'तरुहुँ' में हुं' को 'हुँ' लिख कर उच्चारण की लघुता दिखलाई है।

(५) खड्ग-विसाधितं यत्र लभामहे = खग्ग-विसाहिउ जहिं लहहुं = तलवार (के बल) से प्राप्त होने वाला (लाभ) जहाँ पर हम प्राप्त करें। गाथा के इस भाग में 'लहहुं क्रियापद में अन्त्य अक्षर 'हुं' को 'हुँ' नहीं लिख कर लघु उच्चारण की वैकल्पिक स्थिति को सिद्ध की है।

संस्कृतः—अन्ये ते दीर्घे लोचने, अन्यद् तद् भुज युगलम् ॥
अन्यः सघन स्तन भारः, तदन्यदेव मुख कमलम् ॥
अन्य एव केश कलापः, सः अन्य एव प्रायो विधिः ॥
येन नितम्बिनी घटिता, सा गुण लावण्य निधिः ॥१॥

*हिन्दी*—( नायिका विशेष का एक कवि वर्णन करता है कि ) —उसकी दोनों बड़ी बड़ी आँखें कुछ और ही प्रकार की हैं-अन्य से तुलना में अनिर्वचनीय हैं। उसकी दोनों भुजाऐं (भी) असाधारण हैं। उसका सघन और कठोर एवं उन्नत स्तन भार है। उसके मुख कमल की शोभा भी अद्वितीय है। उसके केशों के समूह की तुलना अन्य से नहीं की जा सकती है। वह विधाता ही (ब्रह्मा ही) प्रायः करके दूसरा ही मालूम पड़ता , जिसने कि ऐसी विशाल नितम्बों वाली तथा गुण एवं सौन्दर्य के भंडार रूप रमणी रत्न का निर्माण किया है। इस छन्द में 'प्राय'. के आदेश प्राप्त रूप 'प्राउ' का उपयोग किया गया है ॥१॥

संस्कृतः—प्रायो मुनीनामपि भ्रान्तिः ते मणीन् गणयन्ति ॥
अक्षये निरामये परम पदे अद्यापि लयं न लभन्ते ॥२॥

हिन्दी—अवसर करके बहुत करके मुनियों में भी ( ज्ञान दर्शन चारित्र के प्रति ) भ्रान्ति है विपरीतता है, ( इस विपरीतता के कारण से माला फेरते हुए भी केवल ) वे मणकों को ही गिनते हैं और इसी कारण से अभी तक 'अक्षय शाश्वत और दुःख रहित निरामय मोक्ष पद को नहीं प्राप्त कर सके हैं। इस गाथा में 'प्राय' की जगह पर 'प्राइव रूप का स्थान दिया गया है ॥२॥

संस्कृतः—अश्रु जलेन प्रायः गौर्याः सखि ! उद्वृत्ते नयन सरसी ॥
ते सम्मुखे संप्रेषिते दत्तः तिर्यग् घात परम् ॥३॥

हिन्दी—हे सखि ! उस गौरी ( नायिका विशेष ) के दोनों आँखों रूपी तालाब आँसू रूपी जल से प्राय लबालब भरे हुए हैं। वे ( आँखें ) जब किसी को देखने के लिये इधर उधर घुमाई जाती हैं तो वे ( आँखें ) बड़ा तेज आघात पहुँचाती हैं। इस छन्द में प्राय' के स्थान पर 'प्राइम्व' आदेश प्राप्त अव्यय का प्रयोग किया गया है ॥३॥

संस्कृत—एष्यति प्रियः, रोषिष्यामि अहं, रुष्टां मामनुनयति ॥
प्रायः एतान् मनोरथान् दुष्कर दयित कारयति ॥४॥

*हिन्दी*—( कोई एक नायिका अपनी सखी से कहती है कि ) मेरा प्रियतम पति आवेगा, मैं ( उसके प्रति कृत्रिम ) रोष करूँगी और जब मुझे क्रोधित हुई देखेगा तो मुझे मनावेगा-पूरा करने का

गमन करेगा। यों मेरे इन मनोरथों को वह कठिनाई से वश में आनेवाला प्रेमी पति प्राय पूर्ण करेगा अथवा करता है। इस गाथा में 'प्राय' के स्थान पर आदेश प्राप्ति के रूप में होने वाले चौथे शब्द 'पग्गिम्व' को प्रदर्शित किया गया है ४॥ ॥४ ४१४॥

## वान्यथोनुः ॥ ४–४१५ ॥

अपभ्रंशे अन्यथा शब्दस्य अनु इत्यादेशो वा भवति ॥ पक्षे। अन्नह ॥

विरहाणल-जाल करालिअउ, पहिउ कवि बुड्डि वि ठिअओ ॥
अनु सिसिर-कालि सीअल-जलहु धूमु कहन्ति हु उट्ठिअओ ॥१॥

अर्थ —'अन्य प्रकार से-दूसरी तरह से' इस अर्थ में प्रयुक्त होने वाले संस्कृत अव्यय शब्द 'अन्यथा' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में विकल्प से 'अनु' शब्द रूप की आदेश प्राप्ति होती है। वैकल्पिक पक्ष होने से पक्षान्तर में 'अन्नह' रूप की भी प्राप्ति होगी। जैसे —अन्यथा=अनु अथवा अन्नह= अन्य प्रकार से अथवा दूसरी तरह से। गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—विरहानल ज्वाला करालितः पथिकः कोऽपि मङ्क्त्वा स्थितः ॥
अन्यथा शिशिर काले शीतल जलात् धूमः कुतः उत्थितः ॥१॥

हिन्दी —अपनी प्रियतमा पत्नी के वियोग रूपी अग्नि की ज्वालाओं से पीडित होता हुआ कोई यात्री-पथिक विशेष जल में डूबकी लगाकर ठहरा हुआ है, यदि वह (अग्नि ज्वाला से ज्वलित) नहीं होता तो ठंड की ऋतु में ठंडे जल में से धूंआ (वाष्प रूप) यहाँ से उठता? इस सुन्दर कल्पनामयी गाथा में 'अन्यथा' के स्थान पर अनु अव्यय रूप का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है। ४-४१५ ॥

## कुतसः कउ कहन्तिहु ॥ ४–४१६ ॥

अपभ्रंशे कुतस् शब्दस्य कउ, कहन्तिहु इत्यादेशौ भवतः ॥

महु कन्तहो गुट्ठ-ट्ठिअहो कउ झुम्पडा वलन्ति ॥
अह रिउ-रुहिरें उल्हवइ अह अप्पणें न भन्ति ॥१॥

धूमु कहन्तिहु उट्ठिअउ ॥

अर्थ —'कहाँ से' इस अर्थ में प्रयुक्त किये जाने वाले संस्कृत अव्यय शब्द 'कुतः' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'कउ और कहन्तिहु' ऐसे दो अव्यय शब्द रूपों की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे — कुतः=कउ और कहन्तिहु=कहाँ से? गाथा में क्रम से इन शब्दों का प्रयोग किया गया है, इसका अनुवाद यों है —

संस्कृत :—मम कान्तस्य गोष्ठ स्थितस्य, कुतः कुटीरकाणि ज्वलन्ति ॥
अथ रिपुरुधिरेण आर्द्रयति अथ आत्मना, न भ्रान्तिः ॥१॥

हिन्दी :—अपने भवन में रहते हुए मेरे प्रियतम पति देव की उपस्थिति में झोंपड़ियाँ कैसे—(कहाँ से-किस कारण से) अग्नि द्वारा जल सकती हैं ? (क्योंकि ऐसा होने पर) उन झोंपड़ियों को यातो वह (पति देव) शत्रुओं के रक्त से उनको बुझा देगा अथवा अपने खुद के (लड़ते हुए शरीर में से निकले हुए) खून से उन्हें बुझा देगा, इसमें सन्देह करने जैसी कोई बात नहीं है। इस गाथा में 'कुतः' के स्थान पर आदेश प्राप्त रूप 'कउ' का प्रयोग किया गया है ॥१॥

(२) धूमः कुतः उत्थितः = धूमु कहन्तिहु उट्ठिअउ = धूआँ कहाँ से-(किस कारण से) उठा हुआ है ? इस गाथा चरण में 'कुतः' के स्थान पर आदेश प्राप्त द्वितीय रूप 'कहन्तिहु' का उपयोग किया गया है ॥ ४-४१६ ॥

## ततस्तदोस्तोः ॥ ४—४१७ ॥

अपभ्रंशे ततस् तदा इत्येतयोस्तो इत्यादेशो भवति ॥
जइ भग्गा पारक्कडा, तो सहि ! मज्झु पिएण ॥
अह भग्गा अम्हहं तणा, तो तें मारिअडेण ॥१॥

अर्थ :—'यदि ऐसा है तो-अथवा उस कारण से है तो' इस अर्थ में संस्कृत भाषा में 'ततः' अव्यय का प्रयोग किया जाता है, इसी 'ततः' अव्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'तो' अव्यय रूप की आदेश प्राप्ति होती है। इसी प्रकार से 'तबतो' अर्थ में संस्कृत भाषा में 'तदा' अव्यय प्रयुक्त किया जाता है, इस 'तदा' अव्यय के स्थान पर भी अपभ्रंश भाषा में 'तो' अव्यय रूप की ही आदेश प्राप्ति समझनी चाहिये। यों 'ततः' और 'तदा' दोनों ही अव्ययों के स्थान पर एक जैसा ही 'तो' रूप की आदेश प्राप्ति होती हुई देखी जाती है। जैसे :—ततस्तदा वा जिनागमान् शास्त्रं = तो जिण-आगम आइ = यदि ऐसा है तो अथवा तबतो जैन-शास्त्रों को देखो। इस उदाहरण में 'ततः' और 'तदा' के स्थान पर एक ही अव्यय रूप 'तो' की प्ररूपणा की गई है। गाथा का भाषान्तर इस प्रकार है :—

संस्कृत :—यदि भग्नाः परकीयाः, ततः सखि ! मम प्रियेण ॥
अथ भग्ना अस्मदीयाः, तदा तेन मारितेन ॥१॥

हिन्दी :—हे सखि ! यदि शत्रु-गण मृत्यु को प्राप्त हो गये हैं, अथवा (रण क्षेत्र को छोड़कर के) भाग गये हैं तो (यह सब विजय) मेरे प्रियतम के कारण से (हो है)। अथवा मेरे पक्ष के वीर पुरुष रण क्षेत्र को छोड़ करके भाग गये हुए हैं तो (भी समझो कि) मेरे प्रियतम के वीर गति प्राप्त करने

क कारण से (ही वे निराश होकर रण क्षेत्र को छोड़ आये हैं)। इस गाथा में 'तव और तदा' अव्ययों के स्थान पर एक जैसे ही रूप वाले 'तो' अव्यय रूप का प्रयोग किया गया है ॥ ४-४१७ ॥

## एवं-परं-समं-ध्रुवं-मा-मनाक्-एम्व पर समाणु ध्रुवु मं मणाउं ॥४-४१८॥

अपभ्रंशे एवमादीनाम् एम्वादय आदेशा भवन्ति ॥

एवम्=एम्व ।

पिय सगमि कउ निद्दडी, पिअहो परोक्खहो केम्व ?
मइ बिन्नि वि विन्नासिआ, निद्द न एम्व न तेम्व ॥१॥

परम पर । गुणहि न संपइ, कित्ति पर ॥

समम समाणुः ॥

कन्तु जु सीहहो उवमिअइ, त महु खण्डिउ माणु ॥
सीहु निरक्खय गय हणइ पिउ पय-रक्ख-समाणु ॥२॥

ध्रुवमो ध्रुवुः ।

चञ्चलु जीविउ, ध्रुवु मरणु पिअ रूसिज्जइ काईं ॥
होसहिँ दिअहा, रूसणा दिव्वइँ वरिस-सयाइं ॥३॥

प्रायो ग्रहणात् ॥

मो म । म धणि करहि विसाउ ॥

माणि पणट्ठइ जइ न तणु तो देसडा चइज्ज ॥
मा दुज्जण-कर-पल्लवेहिं दंसिज्जन्तु ममिज्ज ॥४॥

लोणु विलिज्जइ पाणिएण, अरि खल मेह ! म गज्जु ॥
बालिउ गलइ सुझुंपडा, गोरी तिम्मइ अज्जु ॥५॥

मनाको मणाउं ॥

विहवि पणट्ठइ वङ्कुडउ रिद्धिहिं जण-सामन्नु ॥
किं पि मणाउं महु पिअहो ससि अणुहरइ न अन्नु ॥६॥

अर्थ—संस्कृत भाषा में पाये जाने वाले अव्ययों का अपभ्रंश भाषा में भाषान्तर करने पर अनेक [illegible] कुछ परिवर्तन हो जाता है, ऐसे परिवर्तन का संविधान इस [illegible] लिखा गया है। इस परिवर्तन को पदों पर 'आदेश प्राप्ति' के नाम से लिखा गया है। अव्ययों का [illegible] इस प्रकार है —

(१) एवं=एम्व=इस प्रकार से अथवा इस तरह से। (२) परं=परं=किन्तु=परन्तु। (३) समं=समाणु=साथ। (४) ध्रुवं=ध्रुवु=निश्चय ही। (५) मा=मं=मत, नहीं। (६) मनाक्=मणाउं=थोड़ा सा भी-अल्प भी। इन्हीं अव्ययों का प्रयोग क्रम से गाथाओं में समझाया गया है, तदनुसार इन गाथाओं का संस्कृत में तथा हिन्दी में भाषान्तर क्रम से इस प्रकार से है —

संस्कृत —प्रिय संगमे कथं निद्रा ? प्रियस्य परोक्षे कथम् ?
मया द्वे अपि विनाशिते, निद्रा एवं न तथा ॥

हिन्दी —प्रियतम पतिदेव के सम्मेलन होने पर ( सुख के कारण से ) निद्रा कैसे आ सकती है ? और प्रियतम पति देव के वियोग में भी ( वियोग-जनित दुःख होने के कारण से भी ) निद्रा कैसे आ सकती है ? मेरी निद्रा दोनों ही प्रकार से नष्ट हो गई है, न इस प्रकार से और न उस प्रकार से। इस गाथा में संस्कृत अव्यय 'एवं' के स्थान पर 'एम्व' का प्रयोग समझाया गया है। 'कथं' के स्थान पर 'केम' और 'तथा' के स्थान पर 'तेम्व' की स्थिति की भी कल्पना स्वयमेव कर लेना चाहिये ॥१॥

(२) गुणैः न संपत् कीर्तिः परं=गुणहिं न संपइ कित्ति पर=गुणों से लक्ष्मी नहीं (प्राप्त होती है) किन्तु कीर्ति ( ही प्राप्त होती है )। इस चरण में 'परं' अव्यय के स्थान पर आदेश प्राप्त अव्यय रूप 'पर' का उपयोग किया गया है।

संस्कृत —कान्तः यत् सिंहेन उपमीयते, तन्मम खण्डितः मानः ॥
सिंहः नीरक्षकान् गजान् हन्ति, प्रियः पदरक्षैः समम् ॥

हिन्दी —यदि मेरे पति की तुलना सिंह से की जाती है तो इससे मेरा मान मेरा गौरव-खण्डित हो जाता है, क्योंकि सिंह तो ऐसे हाथियों को मारता है, जिनका कि कोई रक्षक नहीं है, (अर्थात् रक्षक-हीन को मारने में कोई वीरता नहीं है), जबकि मेरा प्रियतम पतिदेव तो रक्षा करने वाले सैनिकों के साथ शत्रु गजों को मारता है। यों तुलना में मेरा पति सिंह से भी बढ़ चढ़ कर है। इस गाथा में 'समं' अव्यय के स्थान पर 'समाणु' अव्यय का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है ॥२॥

संस्कृतः—चञ्चलं जीवितं, ध्रुवं मरणं, प्रिय ! रुष्यते कथं ?
भविष्यन्ति दिवसाः रोषयुक्ताः (रूपगाः) दिव्यानि वर्ष शतानि ॥३॥

*हिन्दी* —जीवन चंचल है अर्थात् किसी भी क्षण में नष्ट हो सकता है और मृत्यु ध्रुव याने निश्चित है तो ऐसी स्थिति में हे प्रियतम पतिदेव ! रोष युक्त क्रोध क्यों किया जाय ? यदि रोष युक्त दिन व्यतीत होंगे तो हमारा प्रत्येक दिन 'देवलोक में गिने जाने वाले सौ सौ वर्षों के समान' लम्बा और भारी बाधा का सहन जैसा प्रतीत होगा। इस गाथा में 'ध्रुवं' के स्थान पर आदेश प्राप्त रूप 'ध्रुवु' का प्रयोग किया गया है ॥३॥

'मत नहीं' अर्थक 'मा' अव्यय के स्थान पर 'मं' के प्रयोग का उदाहरण यों है—मा धन्ये ! कुरु विषादम्=मं धणि ! करहि विसाउ=हे धन्यशील नायिके ! तू खेद को मत कर-खिन्न मत हो। 'प्राय' के साथ आदेश प्राप्ति का विधान होने से अनेक स्थानों पर 'मा' के स्थान पर 'मा' का ही और 'म' का भी प्रयोग देखा जाता है। 'मा' और 'म' के उदाहरण गाथा संख्या चार में और पाँचमें क्रम से बतलाये गए हैं, उनका अनुवाद यों है—

संस्कृतः—माने प्रनष्टे यदि न तनुः तत् देशं त्यजेः ॥
मा दुर्जन-कर-पल्लवैः दर्श्यमानः भ्रमेः ॥४॥

हिन्दी—यदि आपका मान सन्मान नष्ट हो जाय तो शरीर का ही परित्याग कर देना चाहिये और यदि शरीर नहीं छोड़ा जा सके तो उस देशका ही (अपने निवास-स्थान का ही) परित्याग कर देना चाहिये, जिससे कि दुष्ट पुरुषों के हाथ की अंगुली अपनी ओर नहीं उठ सके अर्थात वे हाथ द्वारा अपनी ओर इशारा नहीं कर सकें और यों हम उनके आगे नहीं घूम सकें ॥४॥

संस्कृतः—लवणं विलीयते पानीयेन, अरे खल मेघ ! मा गर्ज ॥
ज्वालितं गलति तत्कुटीरकं, गोरी तिम्यति अद्य ॥५॥

हिन्दी—नमक (अथवा लावण्य सौन्दर्य) पानी से गल जाता है-याने पिगल जाता है। अरे दुष्ट बादल ! तू गर्जना मत कर। जली हुई यह झोंपड़ी गल जायगी और उसमें (बैठी हुई) गौरी-(नायिका विशेष) आज गीली हो जायगी भीग जायगी ॥५॥ चौथी गाथा में 'मा' के स्थान पर 'मा' ही लिखा है और पाँचवीं में 'मा' की जगह पर केवल 'म' ही लिख दिया है ॥

संस्कृतः—विभवे प्रनष्टे वक्रः ऋद्धौ जन-सामान्यः ॥
किमपि मनाक् मम प्रियस्य शशी अनुहरति, नान्यः ॥६॥

हिन्दी—संपत्ति के नष्ट होने पर मेरा प्रियतम पतिदेव टेढ़ा हो जाता है अर्थात अपने मान-सम्मान-गौरव को नष्ट नहीं होने देता है और ऋद्धि की प्राप्ति में याने संपन्नता प्राप्त होने पर सरल सीधा हो जाता है। मुझे चन्द्रमा की प्रवृत्ति भी ऐसी ही प्रतीत होती है, वह भी कलाओं के घटने पर टेढ़ा-वक्राकार हो जाता है और कलाओं की संपूर्णता में सरल याने पूर्ण दिखाई देता है। यों कुछ अनिर्वचनीय रूप में चन्द्रमा मेरे पतिदेव की थोड़ी सी नकल करता है, अन्य कोई भी ऐसा नहीं करता है। इस गाथा में 'मनाक्' अव्यय के स्थान पर 'मणाउ' रूप का प्रयोग किया गया है ॥६॥ ४-४१८ ॥

## किलाथवा-दिवा-सह-नहेः किराहवइ दिवेसहुं नाहिं ॥ ८-४१९ ॥

अपभ्रंशे किलादीनां किरादय आदेशा भवन्ति ॥

किलस्य किरः ॥

किर खाइ न पिअइ,न विद्दवइ धम्मि न वेच्चइ रूअडउ ॥
इह किवणु न जाणइ, जइ जमहो खणेण पहुच्चइ दूअडउ ॥१॥

अथवो हवइ ॥ अह वइ न सुवंसह एह खोडि ॥ प्रायोधिकारात् ॥

जाइज्जइ तहिं देसडइ लब्भइ पियहो पमाणु ॥
जइ आवइ तो आणिअइ अहवा तं जि निवाणु ॥२॥

दिवो दिवे । दिवि दिवि गङ्गा-ण्हाणु ॥ सहस्य सहुं ॥

जउ पवसन्तें सहु न गयअ न मुअ विओएं तस्सु ॥
लज्जिज्जइ संदेसडा दिन्तेहिं सुहय-जणस्सु ॥३॥

नहे नाहिं ।

एत्तहे मेह पिअन्ति जलु, एत्तहे वडवानल आवट्टइ ॥
पेक्खु गहीरिम सायरहो एक्कवि कणिअ नाहिं ओहट्टइ ॥४॥

*अर्थ*—इस सूत्र में भी अव्ययों का ही वर्णन है। तदनुसार संस्कृत भाषा में उपलब्ध अव्ययों के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में जिस रूप में आदेश प्राप्ति होती है, वह स्थिति इस प्रकार से है—(१) किल=किर=निश्चय ही। (२) अथवा=अहवइ=अथवा=विकल्प से इसके बराबर यह। (३) दिवा=दिवे=दिन-दिवस। (४) सह=सहु=साथ में। (५) नहि=नाहिं=नहीं। यों अपभ्रंश भाषा में 'किल' आदि अव्ययों के स्थान पर 'किर' आदि रूप में आदेश प्राप्ति होती है। इन अव्ययों का उपयोग वृत्ति में दी गई गाथाओं में किया गया है। उनका अनुवाद क्रम से इस प्रकार है.—

संस्कृतः—किल न खादति, न पिबति न विद्रवति, धर्मे न व्ययति रूपकम् ।
इह कृपणो न जानाति, यथा यमस्य क्षणेन प्रभवति दूतः ॥

हिन्दी—निश्चय ही कंजूस न (अच्छा) खाता है और न (अच्छा) पीता है। न सदुपयोग ही करता है और न धर्म-कार्यों में ही अपने धन को व्यय करता है। किन्तु कृपण इस बात को नहीं जानता है कि अचानक ही यमराज का दूत आकर क्षण भर में ही उसको उठा लेगा। उस पर मृत्यु का प्रभाव डाल देगा। इस गाथा में 'किल' अव्यय के स्थान पर आदेश प्राप्त 'किर' अव्यय का उपयोग समझाया गया है ॥१॥

संस्कृत —अथवा न सुवशानामेष दोष =अहवइ न सुवसह एह खोडि = अथवा श्रेष्ठ वंश वालों उत्तम खानदान वालों का–यह अपराध नहीं है। इस गाथा चरण में 'अथवा' के स्थान पर 'अहवइ' रूप की आदेश प्राप्ति बतलाई है। 'प्राय' रूप से विधान का अधिकार होने के कारण से 'अथवा' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में अनेक स्थानों पर 'अहवा' रूप भी देखा जाता है। इस सम्बन्धी उदाहरण गाथा संख्या दो में यों है —

मस्कृतः —यायते (गम्यते) तस्मिन् देशे, लभ्यते प्रियस्य प्रमाणम् ॥
यदि आगच्छति तदा आनायते, अथवा तत्रैव निर्वाणम् ॥२॥

हिन्दी —मैं उस देश में जाती हूँ, जहाँ पर कि प्रियतम पतिदेव की प्राप्ति के चिह्न पाये जाते हों। यदि वह आता है तो उसको यहाँ पर लाया जायगा अथवा नहीं आवेगा तो मैं वहीं पर ही अपने प्राण दे दूँगी। इस गाथा में 'अथवा' की जगह पर 'अहवा' रूप लिखा हुआ है ॥२॥

संस्कृत —दिवसे दिवसे ( दिवा दिवा ) गङ्गा-स्नानम् = दिवि-दिवि-गगा ण्हाणु=प्रत्येक दिन गंगा स्नान ( करने जितना पुण्य प्राप्त होता है ) इस गाथा-पद में 'दिवा' के स्थान पर 'दिवे=दिवि' रूप का उल्लेख किया गया है।

संस्कृतः—यत् प्रवसता सह न गता न मृता वियोगेन तस्य ॥
लज्ज्यते संदेशान् ददतीभिः (अस्माभिः) सुभग जनस्य ॥३॥

*हिन्दी* —जब मेरे पतिदेव विदेश यात्रा पर गये तब मैं उनके साथ में भी नहीं गई और उनके वियोग में भी ( विरह जनित दुख से ) मृत्यु का भी नहीं प्राप्त हुई मृत्यु भी नहीं आई, ऐसी स्थिति में उनको संदेश भेजने में मुझे लज्जा आती है। इस गाथा में 'सह' अव्यय के स्थान पर आदेश प्राप्त 'सहुँ' अव्यय का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है ॥३॥

संस्कृत —इतः मेघाः पिबन्ति जलं, इतः वडवानलः आवर्तते ॥
प्रेक्षस्व गभीरिमाणं सागरस्य एकापि कणिका नहि अपभ्रश्यते ॥४॥

हिन्दी —समुद्र के जल को एक ओर तो ऊपर से मेघ बादल-पीते हैं और दूसरी ओर अन्दर से वडवाग्नि उसको अपने उदरस्थ करती जाती है। यों समुद्र की गंभीरता को देखो कि इसकी एक बूंद भी कम नहीं होती है। इस गाथा में 'नहि' अव्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'नाहिं' अव्यय रूप की प्ररूपणा की गई है ॥४॥ ४-४१६ ॥

पश्चादेवमेवैवेदानीं–प्रत्युतेतसः पच्छइ एम्वइ जि
एम्वहि पच्चलिउ एत्तहे ॥४–४२०॥

अपभ्रंशे पश्चादादीनां पच्छइ इत्यादय आदेशा भवन्ति ॥ पश्चातः पच्छइ । पच्छइ होइ विहाणु ॥ एवमेवस्य एम्वइ । एम्वइ सुरउ समत्तु ॥ एवस्य जिः ॥

जाउ म जन्तउ पल्लवह देक्खउं कइ पय देइ ॥
हिअइ तिरिच्छी हउं जि पर पिउ डम्बरइ करेइ ॥१॥

इदानीम एम्वहिं ।

हरि नच्चाविउ पङ्गणइ विम्हइ पाडिउ लोउ ॥
एम्वहिं राह-पओहरहं जं भावइ तं होउ ॥२॥

प्रत्युतस्य पच्चलिउ ॥

साव-सलोणी गोरडी नवखी कवि विस गण्ठि ॥
भडु पच्चलिउ सो मरइ, जासु न लग्गइ कण्ठि । ३ ।

इतस एत्तहे ॥ एत्तहे मेह पिअन्ति जलु ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में पाये जाने वाले अव्ययों के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में जैसी आदेश प्राप्ति होती है, उसीका वर्णन चालू है । तदनुसार इस सूत्र में छह अव्ययों की आदेश प्राप्ति समझाई गई है । वे छह अव्यय अर्थ पूर्वक क्रम से इस प्रकार से हैं—

(१) पश्चात = पच्छइ = पीछे-बाद में ।

(२) एवमेव = एम्वइ = ऐसा ही इस प्रकार का ही ।

(३) एव = जि = ही-निश्चय ही ।

(४) इदानीम = एम्वहि = इसी समय में अभी ।

(५) प्रत्युत = पच्चलिउ = वैपरीत्य-उलटापना ।

(६) इत = एत्तहे = इस तरफ-इधर एक ओर । यों संस्कृतीय अव्यय 'पश्चात' आदि के स्थान पर 'पच्छइ' आदि रूप से आदेश प्राप्ति होती है । उपरोक्त छह अव्ययों के उदाहरण क्रम से इस प्रकार हैं—

(१) पश्चाद् भवति विभातम्=पच्छइ होइ विहाणु=पीछे (तत्काल ही) प्रभात-प्रातःकाल हो जाता है ।

( ) एवमेव सुरतं समाप्तम्=एम्वइ सुरउ समत्तु=इस प्रकार से ही (हमारा) सुरत (रति कार्य) समाप्त हो गया ॥

(३) संस्कृतः—यातु, मा यान्त पल्लवत, द्रक्ष्यामि कति पदानि ददाति ॥
हृदये तिरश्चीना अहमेव पर प्रियः आडम्बराणि करोति ॥१॥

हिन्दी —यदि (मेरा पति) जाता है तो जाने दो, जाते हुए उसको मत बुलाओ ! मैं (भी) देखती हूँ कि वह कितने डग भरता है ? कितनी दूर जाता है ? क्योंकि मैं उसके हृदय में ( आगे बढ़ने के लिये ) बाधा रूप ही हूँ। ( अर्थात् मेरा वह परित्याग नहीं कर सकता है ) । इसलिये मेरा प्रियतम ( जाने का ) आडम्बर मात्र ही ( केवल ढोंग ही ) करता है। इस गाथा में 'अहमेव' पद के स्थान पर 'हउ नि' पद का प्रयोग करके यही समझाया है कि 'एव' अव्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'नि' अव्यय रूप की आदेश प्राप्ति होती है ॥१॥

(४) संस्कृतः—हरि नर्तितः प्राङ्गणे, विस्मये पातितः लोकः ॥
इदानीम् राधा-पयोधरयोः यत् (प्रति) भाति, तद् भवतु ॥२॥

हिन्दी—हरि (कृष्ण) आंगन में नाचा अथवा नचाया गया और इससे जन-साधारण (दर्शक-वर्ग) आश्चर्य ( सागर ) में डूब गया ( अथवा डुबाया गया ) ( सत्य है कि इस समय में राधा-रानी के दोनों स्तनों को जो कुछ भी अच्छा लगता हो, वह होवे ।, उसके अनुसार कार्य किया जावे ) ॥ इस गाथा में 'इदानीं' अव्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'एम्वहिं' आदेश प्राप्त-अव्यय रूप का प्रयोग प्रस्तुत किया गया है ॥२॥

(५) संस्कृत —सर्वसलावण्या गौरी नवा कापि विष-ग्रन्थिः ॥
भटः प्रत्युत स म्रियते यस्य न लगति कण्ठे ॥३॥

हिन्दी—वह सर्व-लावण्य-सौन्दर्य-संपन्न रमणी कुछ नवीन ही प्रकार की (आश्चर्य जनक) विष की (जहर की) गांठ है जिसके कंठ का आलिंगन यदि (अमुक) नवयुवक पुरुष नहीं करता है तो उल्टा मृत्यु को प्राप्त होता है। (जहर के आस्वादन से मृत्यु प्राप्त होती है परन्तु यह जहर कुछ अनोखा ही है कि जिसका यदि आस्वादन नहीं किया जाय तो उल्टी मृत्यु प्राप्त हो जाती है)। इस अपभ्रंश छंद में 'प्रत्युत' अव्यय के स्थान पर 'पचलिउ' आदेश प्राप्त अव्यय रूप का प्रचलन प्रमाणित किया है ॥३॥

(६) इत मेघाः पिबन्ति जलं=एत्तहे मेह पिअन्ति जलु=इस तरफ (इधर एक ओर तो) मेघ बादल-जल को पीते हैं। इस चरण में'इत'के स्थान पर'एत्तहे रूप की आदेश प्राप्ति समझाई है ॥४२०॥

## विषण्णोक्त-वर्त्मनो-वुन्न-वुत्त-विच्चं ॥८-४२१॥

अपभ्रंशे विषण्णादीनां वुन्नादय आदेशा भवन्ति ॥ विषण्णस्य वुन्नः ।

मइं वुत्तउ तुहु धुरु धरहि कसरेहिं विगुत्ताइं ॥
पइं विणु धवल न चडइ भरु एम्वइ वुन्नउ काइं ॥१॥

उक्तस्य वुत्तः । मइं वुत्तउ ॥ वर्त्मनो विच्चः । जं मणु विच्चि न माइ ॥

*अर्थ*—संस्कृत भाषा में पाये जाने वाले दो कृदन्त शब्दों के स्थान पर और एक संज्ञा वाचक शब्द के स्थान पर जो आदेश प्राप्ति अपभ्रंश भाषा में पाई जाती है, उसका सविधान इस सूत्र में किया गया है। वे इस प्रकार से हैं—(१) विषण्ण=वुन्नःखेद पाया हुआ दुःखी हुआ डरा हुआ। (२) उक्त=वुत्त=कहा हुआ, बोला हुआ। (३) वर्त्मन्=विच्च=मार्ग रास्ता॥ इन आदेश प्राप्त शब्दों के उदाहरण वृत्ति में दिये गये हैं, तदनुसार उनका अनुवाद क्रम से इस प्रकार हैं—

संस्कृतः—मया उक्तं, त्वं धुरं धर, गलि वृषभैः (कसर) विनाटिता ॥
त्वया विना धवल नारोहति भर, इदानीं विषण्ण किम् ॥१॥

हिन्दी—मुझ से कहा गया था कि 'ओ श्वेत बैल! तुम ही धुरा को धारण करो। हम इन कमजोर बैठ जाने वाले बैलों से हैरान हो चुके हैं। यह भार तेरे बिना नहीं उठाया जा सकता है। अब तू दुःखी अथवा डरा हुआ अथवा उदास क्यों है? इस गाथा में कृदन्त शब्द 'विषण्ण' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में आदेश प्राप्त 'वुन्नउ' शब्द का प्रयोग समझाया है॥१॥

(२) मया उक्तम्=मइं वुत्तउ=मेरे से कहा गया अथवा कहा हुआ। इस चरण में 'उक्तम्' के स्थान पर 'वुत्तउ' की आदेश प्राप्ति बतलाई है।

(३) येन मनो वर्त्मनि न माति=जं मणु विच्चि न माइ=जिस (कारण) से मन मार्ग में नहीं समाता है। इस गाथा चरण में 'वर्त्मनि' पद के स्थान पर 'विच्चि' पद की आदेश प्राप्ति हुई है। यों तीनों आदेश प्राप्त शब्दों की स्थिति को समझ लेना चाहिये। ॥ ४-४२१ ॥

## शीघ्रादीनां वहिल्लादयः ॥ ४—४२२ ॥

अपभ्रंशे शीघ्रादीनां वहिल्लादय आदेशा भवन्ति ॥

एक्कु कअइ ह वि न आवही अन्नु वहिल्लउ जाहि ॥
मइ मित्तडा प्रमाणिअउ पइं जेहउ खलु नाहिं ॥१॥

झकटस्य घङ्घल' ॥

जिवँ सुपुरिस तिवँ घङ्घलइं, जिवँ नइ तिवँ वलणाइं ॥
जिवँ डोङ्गर तिवँ कोट्टरइं हिआ विसूरहि काइं ॥२॥

अस्पृश्य संसर्गस्य विट्टालः ॥

जे छड्डे विणु रयण निहि अप्पउं तडि घल्लन्ति ॥
तह सङ्खह विट्टालु परु फुक्किज्जन्त भमन्ति ॥ ३ ॥

भयस्य द्रवक्कः ॥

दिवेहिं विढत्तउ खाहि, वढ संचि म एक्कु वि द्रम्मु ॥
को वि द्रवक्कउ सो पडइ, जेण समप्पइ जम्मु ॥ ४ ॥

आत्मीयस्य अप्पण ॥ फोडेन्ति जे हिअडउ अप्पणउ ॥ दृष्टेर्द्रेहिः ॥

एक्कमेक्कउ जइ वि जोएदि हरि सुट्ठु सव्वायरेण ॥
तो वि द्रेहि जहिं कहिं वि राही ॥ को सक्कइ संवरेवि दड्ढ-
नयणा नेहिं पलुट्टा ॥५॥

गाढस्य निच्चट्टः ॥

विहवे कस्सु थिरत्तणउ, जोव्वणि कस्सु मरट्टु ॥
सो लेखडउ पठाविअइ, जो लग्गइ निच्चट्टु ॥ ६॥

असाधारणस्य सड्ढलः ॥

कहिं ससहरु कहिं मयरहरु कहिं बरिहिणु कहिं मेहु ॥
दूर-ठिआह वि सज्जणह होइ असड्ढलु नेहु ७॥

कौतुकस्य कोड्डः ॥

कुञ्जरु अन्नह तरु-अरह कोड्डेण घल्लइ हत्थु ॥
मणु पुणु एक्कहिं सल्लइहिं जइ पुच्छह परमत्थु ॥८॥

क्रीडायाः खेड्डः ॥

खेड्डय कय अम्हेहिं निच्छयं किं पयम्पह ॥
अणुरत्ताउ भत्ताउ अम्हे मा चय सामिअ ॥९॥

रम्यस्य रवण्णः ॥

सरिहिं न सरेहिं, न सरवरेहिं नवि उज्जाण-वणेहिं ॥
देस रवण्णा होन्ति, वढ ! निवसन्तेहिं सु-अणेहिं ॥१०॥

अद्भुतस्य ढक्करिः ॥

संस्कृत—(१) एक कदापि नागच्छसि, अन्यत् शीघ्रं यासि ॥
मया मित्र प्रमाणितः, त्वया यादृशः (त्व यथा) खलः न हि ॥१॥

हिन्दी—तुम कभी भी एक बार भी मेरे पास नहीं आते हो और दूसरी जगह पर तुम शीघ्रता पूर्वक जाते हो, इससे हे मित्र ! मैंने समझ लिया है कि तुम्हारे समान दुष्ट कोई नहीं है। इस गाथा में "शीघ्र" के स्थान पर "वहिल्लउ" पद का प्रयोग समझाया है ॥ १ ॥

संस्कृत- (२) यथा सत्पुरुषाः तथा कलहाः, यथा नद्यः तथा वलनानि ॥
यथा पर्वताः तथा कोटराणि, हृदय ! खिद्यसे किम् ? ॥ २ ॥

हिन्दी—जितने सज्जन पुरुष होते हैं उतने ही झगड़े भी होते हैं। जितनी नदियां होती हैं, उतनेही प्रवाह भी होते हैं, जितने पहाड़ होते हैं उतनी ही गुफाएँ भी होती हैं, इसलिये हे हृदय ! तू खिन्न क्यों होता है ? इस विश्व में अनुकूलताएँ और प्रतिकूलताएँ तो अनादि-अनन्त काल से कायम होती ही आई है। इस छंद में "कलह" के स्थान पर "घघल" पद प्रयुक्त हुआ है ॥ २ ॥

संस्कृत—(३) ये मुक्त्वा रत्न निधिं, आत्मानं तटे क्षिपन्ति ॥
तेषां शंखानां संसर्गः केवलं फूत्क्रियमाणाः भ्रमन्ति ॥ ३ ॥

हिन्दी —जो शंख रत्नों के भंडार रूप समुद्र को छोड़ करके अपने आपको समुद्र के किनारे पर फेंक देते हैं, उन शंखों की स्थिति अस्पृश्य जैसी हो जाती है, और वे सिर्फ दूसरों की फूंक से आवाज करते हुए अनिश्चित स्थानों पर भटकते रहते हैं। इस गाथा में "अस्पृश्य संसर्ग" के स्थान पर "विट्टालु" पद का प्रयोग हुआ है ॥ ३ ॥

संस्कृत (४)—दिवसैः अर्जितं खाद मूर्ख ! संचिनु मा एकमपि द्रम्मम् ॥
किमपि भयं तत् पतति, येन समाप्यते जन्म ॥ ४ ॥

हिन्दी—अरे मूर्ख ! जो कुछ भी प्रति दिन तेरे से कमाया जाता है उसको खा, उसका उपभोग कर और एक पैसे का भी संचय मत कर, क्योंकि अचानक ही कुछ भी भय ( मृत्यु आदि ) आ सकती है। इस छन्द में "भय" पद की जगह पर अपभ्रंश भाषा में "द्रवक्कउ" पद का प्रयोग किया गया है ॥ ४ ॥

संस्कृत (५)-स्फोटयतः यौ हृदयं आत्मीयं = फोडेन्ति जे हिअडउं अप्पणउं =

जो ( दोनों स्तन ) अपने खुद के हृदय को ( ही ) फोड़ते हैं—विस्फोटित होकर उभर आते हैं। इस गाथा-चरण में संस्कृत पद "आत्मीय" के बदले में "अप्पणउं" पद प्रदान किया गया है।

(६) एकैकं यद्यपि पश्यति हरिः सुष्ठु मर्वादरेण ।
तथापि दृष्टि यत्र क्वापि राधा, कः शक्नोति मवरीतु'
नयने स्नहेन पर्यस्ते ॥५॥

हिन्दी —यद्यपि हरि ( भगवान् श्री कृष्ण ) प्रत्येक को अच्छी तरह से और पूर्ण आदर के साथ देखते हैं, तो भी उनकी दृष्टि ( नजर ) जहाँ कहीं पर भी राधा-रानी हैं, वहीं पर जाकर जम जाती है। यह सत्य ही है कि प्रेम में परिपूर्ण नेत्रों को ( अपनी प्रियतमा से ) दूर करने के लिये-( हटाने के लिये ) कौन समर्थ हो सकता है ? इस अपभ्रंश-काव्य में 'दृष्टि' के स्थान में 'द्रेहि' शब्द लिखा गया है ॥५॥

संस्कृतः—(७) विभवे कस्य स्थिरत्वं ? यौवने कस्य गर्वः ?
स लेखः प्रस्थाप्यते, यः लगति गाढम् ।६॥

हिन्दी —धन सम्पत्ति के होने पर भी किसका ( प्रेमाकर्षण ) स्थिर रहा है ? और यौवन के होने पर भी प्रेमाकर्षण का गर्व किसका स्थाई रहा है ? इसलिये ऐसा प्रेम पत्र भेजा जाय, जो कि तत्काल ही प्रगाढ़ रूप से—निश्चित रूप से—हृदय को हिला सके—हृदय को आकर्षित कर सके, ( ऐसा होने पर वह प्रियतम शीघ्र ही लौट आवेगा ) । यहाँ पर ' गाढम्" के अर्थ में " निच्चट्ट " शब्द लिखा गया है ॥ ६ ॥

संस्कृत(८)—कुत्र शशधरः कुत्र मकरधरः ? कुत्र बर्ही कुत्र मेघः ?
दूर स्थितानामपि सज्जनानां भवति असाधारणः स्नेहः । ७'।

हिन्दी —कहाँ पर (कितनी दूरी पर) चन्द्रमा रहा हुआ है और समुद्र कहाँ पर अवस्थित है ? (तो भी समुद्र चन्द्रमा के प्रति ज्वार-भाटा के रूप में अपना प्रेम प्रदर्शित करता रहता है। इसी प्रकार से मयूर पक्षी धरती पर रहता हुआ भी मेघ को ( बादल को )—देखकर के अपनी मधुर वाणी चलाने लगता है। इन घटनाओं को देख करके यह कहा जा सकता है कि अति दूर रहते हुए भी सज्जन पुरुषों का प्रेम परस्पर में असाधारण अर्थात् अलौकिक होता है। इस गाथा में ' असाधारण ' शब्द के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में ' असड्ढलु " शब्द को प्रयुक्त किया गया है ॥ ७ ॥

संस्कृत (९)-कुञ्जरः अन्येषु तरुवरेषु कौतुकेन घर्षति हस्तम् ॥
मनः पुनः एकस्यां सल्लक्यां यदि पृच्छथ परमार्थम् ॥ ८ ॥

हिन्दी —हाथी अपनी सूँड को केवल क्रीड़ा वश हो कर ही अन्य वृक्षों पर रगड़ता है। यदि तुम सत्य बात ही पूछते हो तो यही है कि उस हाथी का मन तो वास्तव में सिर्फ एक 'सल्लकी' नामक वृक्ष पर ही आकर्षित होता है। इस छंद में संस्कृत-शब्द 'कौतुकेन' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'कोड्डु' लिखा गया है ॥८॥

संस्कृत—(१) एक कदापि नागच्छसि, अन्यत् शीघ्रं यासि ॥
मया मित्र प्रमाणितः, त्वया यादृशः (त्व यथा) खलः न हि ॥१॥

हिन्दी—तुम कभी भी एक बार भी मेरे पास नहीं आते हो और दूसरी जगह पर तुम शीघ्रता पूर्वक जाते हो, इससे हे मित्र ! मैंने समझ लिया है कि तुम्हारे समान दुष्ट कोई नहीं है। इस गाथा में "शीघ्र" के स्थान पर "वहिल्लउ" पद का प्रयोग समझाया है। १॥

संस्कृत- (२) यथा सत्पुरुषाः तथा कलहाः, यथा नद्यः तथा वलनानि ॥
यथा पर्वताः तथा कोटराणि, हृदय ! खिद्यसे किम् ? ॥ २॥

हिन्दी—जितने सज्जन पुरुष होते हैं उतने ही झगड़े भी होते हैं। जितनी नदियां होती हैं, उतनेही प्रवाह भी होते हैं, जितने पहाड़ होते हैं उतनी ही गुफाएँ भी होती हैं, इसलिये हे हृदय ! तू खिन्न क्यों होता है ? इस विश्व में अनुकूलताएँ और प्रतिकूलताएँ तो अनादि-अनन्त काल से प्राप्त होती ही आई हैं। इस छन्द में "कलह" के स्थान पर "घघल" पद प्रयुक्त हुआ है ॥ २॥

संस्कृत—(३) ये मुक्त्वा रत्न निधिं, आत्मानं तटे क्षिपन्ति ॥
तेषां शङ्खानां संसर्गः केवलं फूत्क्रियमाणाः भ्रमन्ति ॥ ३ ॥

हिन्दी —जो शंख रत्नों के भंडार रूप समुद्र को छोड़ करके अपने आपको समुद्र के किनारे पर फेंक देते हैं, उन शंखों की स्थिति अस्पृश्य जैसी हो जाती है, और वे सिर्फ दूसरों की फूंक से आवाज करते हुए अनिश्चित स्थानों पर भटकते रहते हैं। इस गाथा में "अस्पृश्य संसर्ग" के स्थान पर "विट्टालु" पद का प्रयोग हुआ है ॥ ३ ॥

संस्कृत (४)—दिवसैः अर्जितं खाद मूर्ख ! संचिनु मा एकमपि द्रम्मम् ॥
किमपि भयं तत् पतति, येन समाप्यते जन्म ॥ ४ ॥

हिन्दी—अरे मूर्ख ! जो कुछ भी प्रति दिन तेरे से कमाया जाता है उसको खा, उसका उपभोग कर और एक पैसे का भी संचय मत कर, क्योंकि अचानक ही कुछ भी भय ( मृत्यु आदि ) आ सकता है। इस छन्द में "भय" पद की जगह पर अपभ्रंश भाषा में "द्रवक्कउ" पद का प्रयोग किया गया है ॥ ४ ॥

संस्कृत (५)-स्फोटयतः यौ हृदयं आत्मीय = फोडेन्ति जे हिअडउं अप्पणउं =

जो ( दोनों स्तन ) अपने खुद के हृदय को ही ) फाड़ते हैं—विस्फोटित होकर उभर आते हैं। इस गाथा-चरण में संस्कृत पद "आत्मीय" के बदले में "अप्पणउं" पद प्रदान किया गया है।

(६) एकैकं यद्यपि पश्यति हरिः सुष्ठु सर्वादरेण।
तथापि दृष्टि यत्र कापि राधा, कः शक्नोति संवरीतुं
नयने स्नहेन पर्यस्ते ॥५॥

हिन्दी—यद्यपि हरि ( भगवान् श्री कृष्ण ) प्रत्येक को अच्छी तरह से और पूर्ण आदर के साथ देखते हैं, तो भी उनकी दृष्टि ( नजर ) जहाँ कहीं पर भी राधा-रानी है, वहीं पर जाकर जम जाती है। यह सत्य ही है कि प्रेम से परिपूर्ण नेत्रों को ( अपनी प्रियतमा से ) दूर करने के लिये-( हटाने के लिये ) कौन समर्थ हो सकता है ? इस अपभ्रंश-काव्य में 'दृष्टि' के स्थान में 'द्रेहि' शब्द लिखा गया है ॥५॥

संस्कृतः—(७) विभवे कस्य स्थिरत्वं ? यौवने कस्य गर्वः ?
स लेखः प्रस्थाप्यते, यः लगति गाढम् । ६॥

हिन्दी—धन सम्पत्ति के होने पर भी किसका ( प्रेमाकर्षण ) स्थिर रहा है ? और यौवन के होने पर भी प्रेमाकर्षण का गर्व किसका स्थाई रहा है ? इसलिये वैसा प्रेम पत्र भेजा जाय, जो कि तत्काल ही प्रगाढ़ रूप से—निश्चित रूप से—हृदय को हिला सके—हृदय को आकर्षित कर सके, ( ऐसा होने पर वह प्रियतम शीघ्र ही लौट आवेगा )। यहाँ पर ' गाढम् " के अर्थ में " निच्चट्ट " शब्द लिखा गया है ॥ ६ ॥

संस्कृत(८)—कुत्र शशधरः कुत्र मकरधरः ? कुत्र बर्हो कुत्र मेघः ?
दूर स्थितानामपि सज्जनाना भवति असाधारणः स्नेहः । ७।

हिन्दी—कहाँ पर (कितनी दूरी पर) चन्द्रमा रहा हुआ है और समुद्र कहाँ पर अवस्थित है ? तो भी समुद्र चन्द्रमा के प्रति ज्वार-भाटा के रूप में अपना प्रेम प्रदर्शित करता रहता है। इसी प्रकार मयूर पक्षी धरती पर रहता हुआ भी मेघ को ( बादल को )—देखकर के अपना मधुर वाणी प्रलापन लगता है। इन घटनाओं को देख करके यह कहा जा सकता है कि अति दूर रहते हुए भी सज्जन पुरुषों का प्रेम परस्पर में असाधारण अर्थात् अलौकिक होता है। इस गाथा में " असाधारण " शब्द के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में ' असड्ढलु " शब्द को प्रयुक्त किया गया है ॥ ७ ॥

संस्कृत (९)-कुञ्जरः अन्येषु तरुवरेषु कौतुकेन घर्षति हस्तम् ॥
मनः पुनः एकस्यां सल्लक्यां यदि पृच्छथ परमार्थम् ॥ ८ ॥

हिन्दी—हाथी अपनी सूँड को केवल क्रीड़ा वश ही अन्य वृक्षों पर रगड़ता है। यदि तुम सत्य बात ही पूछते हो तो यही है कि उस हाथी का मन तो वास्तव में सिर्फ एक 'सल्लकी' नामक वृक्ष पर ही आकर्षित होता है। इस छंद में संस्कृत-शब्द 'कौतुकेन' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'कोड्ड' लिखा गया है ॥८॥

(१०) क्रीडा कृता अस्माभि निश्चय किं प्रजल्पत ॥
अनुरक्ताः भक्ता अस्मान् मा त्यज स्वामिन् ॥९॥

हिन्दी – हे नाथ ! हमने तो सिर्फ खेल किया था, इसलिये आप ऐसा क्यों कहते हैं ! स्वामिन् ! हम आप से अनुराग रखते हैं और आप के भक्त हैं, इसलिये हे दीन दयाल ! हमारा परित्य नहीं करें। यहाँ पर क्रीडा' के स्थान पर 'खेड्डु=खेड्डय' शब्द व्यक्त किया गया है ॥९॥

संस्कृत —(११) सरिद्भिः न सरोभिः, न सरोवरैः, नापि उद्यानवनैः ॥
देशा रम्याः भवन्ति, मूर्ख ! निवसद्भिः सुजनैः ॥१०॥

हिन्दी – अरे बेवकूफ ! न तो नदियों से, न झीलों से, न तालाबों से और न सुन्दर सुन्दर व से अथवा बगीचों से ही देश रमणीय होते हैं, वे ( देश ) तो केवल सज्जन पुरुषों के निवास करन ही सुन्दर और रमणीय होते हैं। इस गाथा में 'रम्य' शब्द के स्थान पर 'रवण्ण' शब्द को प्रयाि किया गया है ॥१०॥

संस्कृत —(१२) हृदय ! त्वया एतद् उक्त मम अग्रतः शतवारम् ॥
स्फुटिष्यामि प्रियेण प्रवसता (सह) अहं भण्ड ! अद्भुतसार ॥११॥

हिन्दी –हे हृदय ! तू निर्लज्ज है और आश्चर्य मय ढंग से तेरी बनावट हुई है, क्योंकि तूने मे आगे सैंकड़ों बार यह बात कही है कि जब प्रियतम विदेश में जाने लगेंगे तब मैं अपने आपको विदी कर दूँगा अर्थात् फट जाऊगा। ( प्रियतम के वियोग में हृदय टुकड़े टुकड़े के रूप में फट जायगा। ये उत्पनाएं सैंकड़ों बार नायिका के हृदय में उत्पन्न हुई है, परन्तु फिर भी समय आने पर हृदय विदी नहीं हुआ है, इस प हृदय को 'भण्ड और अद्भुतसार 'विशेषणों से अलकृत किया गया है )। इ गाथा में 'अद्भुत' की जगह पर 'ढक्करि' शब्द को तद्-अर्थ में स्थान दिया गया है ॥११॥

(१३) संस्कृत – हे सखि ! मा विधेहि अलीकम्=हे हेल्लि ! म झङ्खहि आलु=हे सहेली ! झूठ मत बोल = अथवा अपराध को मत ढांक। यहाँ पर 'सखी' अर्थ में 'हेल्लि' शब्द का प्रयोग किय गया है।

(१४) संस्कृतः—एका कुटी पञ्चभिः रुद्धा, तेषां पञ्चानामपि पृथक् पृथक्-बुद्धिः ॥
भगिनि ! तद् गृह कथय, कथं नन्दतु यत्र कुटुम्ब आत्मच्छन्दकम् ॥१२॥

हिन्दी —एक छोटी सी झोंपड़ी हो और जिसमें पाँच ( प्राणी ) रहते हों तथा उन पाँचों की बुद्धि अलग अलग ढंग से विचरती हो तो हे बहिन ! बोलो, वह घर आनन्दमय कैसे हो सकता है, जब कि सम्पूर्ण कुटुम्ब ही ( जहाँ पर ) स्वच्छन्द रीति से विचरण करता हो। ( यह कथानक शरीर औ

शरीर से सम्बन्धित पाँचों इन्द्रियों पर भी घटाया जा सकता है।) इस गाथा में 'पृथक् पृथक्' अव्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा की दृष्टि से 'जुअ जुअ' अव्यय की प्रस्थापना की गई है ॥१२॥

(१५) संस्कृत —यः पुनः मनस्येव व्याकुलीभूतः चिन्तयति ददाति न द्रम्म न रूपकम् ॥
रति वश भ्रमण शीलः कराग्रोल्लालित गृहे एव कुन्त गणयति स मूढः ॥ १३॥

हिन्दी —वह महा मूर्ख है, जो कि मन में ही घबराता हुआ सोचता रहता है और न दमड़ी देता है और न रुपया ही। दूसरे प्रकार का महा मूर्ख वह है जो कि राग अथवा मोह के वश में होकर घूमता रहता है और घर में ही भाले को लेकर हाथ के अग्र भाग में ही घुमाता हुआ केवल गणना करता रहता है (कि मैंने इतनी बार भाला चलाया है और इसलिये मैं वीर हूँ तथा कंजूस सोचता है कि मैं इतना इतना दान कर दूं परन्तु करता कुछ भी नहीं है)। इस विशिष्ट गाथा में 'मूढ' शब्द के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'नालि अ = नालिउ' शब्द का प्रयोग किया गया है।

संस्कृत —दिवसै अर्जितं खाद मूर्ख ! = दिवेहिं विढत्तउ खाहि वढ ! हे मूर्ख ! प्रति दिन कमाये हुए (खाद्य-पदार्थों) को खा। (कंजूसी मत कर)। इस चरण में 'मूर्ख' शब्द वाचक द्वितीय शब्द 'वढ' का अनुयोग है।

संस्कृत (१६)—नवा कापि विष-ग्रन्थिः = नवखी क वि विसगण्ठि = (यह नायिका) कुछ नई ही (अनोखी ही) विषमय गांठ है इस गाथा-पाद में नूतनता वाचक पद "नवा" के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में "नवखी" पद का व्यवहार किया गया है। पुल्लिंग में "नवख" होता है और स्त्रीलिंग में "नवखी" लिखा है।

संस्कृत (१७)-चलाभ्यां वलमानाभ्यां लोचनाभ्यां ये त्वया दृष्टा बाले !
तेषु मकर-ध्वजावस्कन्दः पतति अपूर्णे काले ॥ १४॥

हिन्दी -ओ यौवन सम्पन्न मदमाती बालिका ! तेरे द्वारा चंचल और फिरते हुए (बल खाते हुए) दोनों नेत्रों से जो (पुरुष) देखे गये हैं, उन पर (उनकी) यौवन-अवस्था नहीं प्राप्त होने पर भी (यौवन काल नहीं पकने पर भी।) काम का वेग (काम भावना) हठात्-शीघ्र ही (बल-पूर्वक) आक्रमण करता है। यहाँ पर "शीघ्रता-वाचक = हठात्-वाचक" संस्कृत शब्द "अवस्कन्द" के स्थान पर आदेश प्राप्त शब्द "दडवड" को प्रयुक्त किया गया है।

संस्कृत(१८)'-यदि अर्घति व्यवसायः = छुडु अग्घइ ववसाउ =

यदि व्यौपार सफल हो जाता है। इस गाथा-चरण में "यदि" अव्यय के स्थान पर "छुडु" अव्यय को स्थान दिया गया है।

संस्कृत (१६)–गत स केसरी, पिबत जलं निश्चिन्त हरिणा ! ॥
यस्य सम्बन्धिना हुंकारेण, मुखेभ्यः पतन्ति तृणानि ॥१५॥

हिन्दी —अरे हिरणो ! वह सिंह ( तो अब ) चला गया है, ( इसलिये ) तुम निश्चिन्त होकर जल को पीओ। जिस ( सिंह से ) सम्बन्ध रखने वाली ( भयंकर ) गर्जना से-हुँकार से ( खाने के लिये मुँह में ग्रहण किये हुए ) घास के तिनके ( मा ) मुखों से गिर जाते हैं, ( ऐसी हुंकार वाला सिंह तो अब चला गया है )। इस गाथा में " सम्बन्धिना " पद के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में " केर = केरए " पद की अनुरूपता समझाई है ॥ १५ ॥

संस्कृत -अथ भग्ना अस्मदीया = अह भग्गा अम्हं तणा = यदि हमारे से सम्बन्ध रखने वाले भाग गये हैं अथवा मर गये हैं। इस गाथा-पाद में " सम्बंध " वाचक अर्थ में " तणा " पद का प्रयोग किया गया है। यों अपभ्रंश भाषा में " सम्बंध-वाचक " अर्थ में " केर और तण " दोनों प्रकार के शब्दों का व्यवहार देखा जाता है।

संस्कृत (२०)–स्वस्थावस्थानामालपनं सर्वोऽपि लोकः करोति ॥
आर्तानां मा भैषीः इति यः सुजनः स ददाति ॥१६ ॥

हिन्दी -आनन्द पूर्वक स्वस्थ अवस्था में रहे हुए मनुष्यों के साथ तो प्रत्येक आत्मा बातचीत करता ही है ( और ऐसी ही रीति इस स्वार्थमय संसार की है ), परन्तु दुखियों को जो ऐसी बात कहता है कि " तुम मत डरो ", वही सज्जन है। " अभय वचन " कहने वाला पुरुष ही इस लोक में सज्जन कहलाता है। इस गाथा में " मा भैषी " के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में " मब्भीसडी " की आदेश-प्राप्ति का विधान समझाया गया है ॥ १६ ॥

संस्कृत (२१): यदि रज्यसे यद् यद्–दृष्टं तस्मिन् हृदय ! मुग्ध स्वभाव !
लोहेन स्फुटता यथा घन ( = तापः ) सहिष्यते तावत् ॥ १७ ॥

हिन्दी —अरे मूर्ख-स्वभाव वाले हृदय ! यदि तू जिस जिस को देखता है, उस उसमें आसक्ति अथवा मोह करने लग जाता है तो तुझे उसी प्रकार से कष्ट और चोट सहन करनी पडेगी, जिस प्रकार कि दरार पडे हुए-लोहे को " अग्नि का ताप और घन की चोटें " सहन करनी पडती हैं। इस गाथा में संस्कृत-वाक्यांश - " यद्-यद् दृष्टं, तत् तत् " के स्थान पर अपभ्रंश-भाषा में "जाइट्ठिआ = जाइट्ठिअए" ऐसे पद रूप की आदेश प्राप्ति का उल्लेख किया गया है ॥ १७ ॥

इस सूत्र में इक्कीस देशज शब्दों का प्रयोग समझाया गया है, इनमें सतरह शब्दों का उल्लेख तो गाथाओं द्वारा किया गया है और शेष चार शब्दों का स्वरूप नाना वाक्यों द्वारा प्रदर्शित है। ॥ ४-४२२ ॥

## हुहुरु-घुग्घाद्य शब्द-चेष्टानुकरणयोः ॥ ४-४२३ ॥

अपभ्रंशे हुहुर्वादय शब्दानुकरणे घुग्घादयश्चेष्टानुकरणे यथासंख्य प्रयोक्तव्या ॥

मइं जाणिउं बुड्डीसु हउं पेम्म-द्रहि हुहुरु त्ति ॥
नवरि अचिन्तिय सपडिय विप्पिय नाव झडत्ति ॥१॥

आदि ग्रहणात् ।

खज्जइ नउ कसरक्केहिं पिज्जइ नउ घुण्टेहिं ॥
एम्वइ होइ सुहच्छडी पिए दिट्ठें नयणेहिं ॥२॥

इत्यादि ॥

अज्जवि नाहु महुज्जि घरि सिद्धत्था वन्देइ ॥
ताउजि विरहु गवक्खेहिं मक्कडु-घुग्घिउ देइ ॥३॥

आदि ग्रहणात् ॥

सिरि जर-खण्डी लोअडी गलि मणियडा न वीस ॥
तो वि गोट्ठडा कराविआ मुद्धए उट्ठ-बईस ॥४॥

इत्यादि ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में शब्दों के अनुकरण करने में अर्थात् ध्वनि अथवा आवाज की नकल करने में 'हुहुरु' इत्यादि ऐसे शब्द विशेष बोले जाते हैं और चेष्टा के अनुकरण करने में अर्थात् प्रवृत्ति अथवा कार्य की नकल करने में 'घुग्घ' इत्यादि ऐसे शब्द विशेष का उच्चारण किया जाता है। उदाहरण रूप में दी गई गाथाओं का अनुवाद क्रम से या है —

संस्कृतः—मया ज्ञात मंक्ष्यामि अहं प्रेम-ह्रदे हुहुरु शब्दं कृत्वा ॥
केवलं अचिन्तिता सपतिता विप्रिय-नौः झटिति ॥१॥

हिन्दी—मैंने सोचा था अथवा मैंने समझा था कि 'हुहुरु-हुहुरु' शब्द करके मैं प्रेम रूपी (प्रियतम-संयोग रूपी) तालाब में खूब गहरी डुबकी लगाऊंगी, परन्तु (दुर्भाग्य से-) बिना विचारे ही अचानक ही (पति के) वियोग रूपी नौका झट से (जल्दी से) आ समुपस्थित हुई।

'वृत्ति में आदि' शब्द ग्रहण किया गया है, इससे अन्य शब्दों की अनुकरण करने रूप प्रवृत्ति की परिपाटी भी समझ लेना चाहिये, जैसे कि गाथा-संख्या द्वितीय में 'कसरक्क' शब्द एवं 'घुण्ट' शब्द का ग्रहण करके इस बात की पुष्टि की गई है। उक्त गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—खाद्यते न कसरत्क शब्द कृत्वा, पीयते न घुट् शब्द कृत्वा ॥
एवमपि भवति सुखासिका, प्रिये दृष्टे नयनाभ्याम् ॥२॥

*हिन्दी*—*प्रियतम को दोनों आँखों से देखने पर भी ( पूर्ण तृप्ति का अनुभव नहीं होता है क्योंकि* वह तृप्ति प्राप्त करने के लिये अन्य खाद्य पदार्थों के समान ) न तो 'कसरक्क-कसरक्क' शब्द करके खाया ही जा सकता है और न 'घुट्-घुट' शब्द करके पीया ही जा सकता है। फिर भी परम आनन्द और अत्यधिक सुख का यों अनुभव किया जा सकता है ॥२॥

चेष्टानुकरण के उदाहरण गाथा-संख्या तृतीय और चतुर्थ में दिये गये हैं, जिनका संस्कृत अनुवाद सहित हिन्दी भाषान्तर क्रम से इस प्रकार है —

संस्कृतः-अद्यापि नाथः ममैव गृहे सिद्धार्थान् वन्दते ॥
तावदेव विरहः गवाक्षेषु मर्कट-चेष्टां ददाति ॥ ३ ॥

हिन्दी —( मेरे प्राण नाथ प्रियतम विदेश जाने की तैयारी कर रहे हैं और अभी वे स्वामी नाथ मेरे घर में ही ( मंगलार्थ ) सिद्ध-प्रभु को वन्दना कर रहे हैं, फिर भी विरह ( जनित दुःख की हुँकार ) ( मन रूपी ) खिड़कियों में बन्दर चेष्टाओं को ( घुग्घ घुग्घ जैसी पीड़ा-सूचक ध्वनियों को ) प्रदर्शित कर रहा है ॥ ३ ॥ 'आदि' शब्द के ग्रहण करने से अन्य चेष्टा सूचक शब्दोंका संग्रहण भी समझ लेना चाहिये, जैसा कि गाथा संख्या चतुर्थ में 'उट्ठ-बईस' शब्द का संग्रह किया हुआ है। उक्त गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः-शिरसि जरा खण्डिता लोम पुटी; गले मणयः न विंशतिः ॥
तथापि गोष्ठस्थाः कारिता मुग्धया उत्थानोपवेशनम् ॥ ४ ॥

हिन्दी —इस सुन्दरी के सिर पर जीर्ण-शीर्ण-( फटी टूटी ) कंबली मात्र पड़ी हुई है और गले में मुश्किल से बीस काँच की मणियों वाली कंठी होगी, फिर भी ( देखो ! इसके आकर्षक सौन्दर्य के कारण से ) इस मुग्धा द्वारा ( आकर्षित होकर ) कमरे में ठहरे हुए इन पुरुषों ने ( कितनी बार ) उठ बैठ (इस मुग्धा को देखने के लिये ) की है ? इस गाथा में 'चेष्टा-अनुकरण' के अर्थ में 'उट्ठ बईस' जैसे देशज शब्द का प्रयोग किया गया है। यों अपभ्रंश-भाषा में 'ध्वनि के अनुकरण करने में और चेष्टा के अनुकरण करने में' अनेक देशज शब्दों का व्यवहार किया जाता हुआ देखा जाता है ॥ ४-४२३ ॥

## घइमादयोऽनर्थकाः ॥ ४-४२४ ॥

अपभ्रंशे घइमित्यादयो निपाता अनर्थकाः प्रयुज्यन्ते ॥

अम्महि पच्छायावडा पिउ कलहिअउ विआलि ॥
घइ विवरीरी बुद्धडी होइ विणासहो कालि ॥ १ ॥

आदि-ग्रहणात् खाइं इत्यादयः ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में ऐसे अनेक अव्यय प्रयुक्त होते हुए देखे जाते हैं, जिनका कोई अर्थ नहीं होता है। ऐसे अर्थ-हीन दो अव्यय यहाँ पर लिखे गये हैं, जो कि इस प्रकार से हैं,—(१) घई और (२) खाइं। यों अर्थ हीन अन्य अव्ययों की स्थिति को भी समझ लेना चाहिये। उदाहरण के रूप में 'घइ' अव्यय का प्रयोग वृत्ति में दी गई गाथा में किया गया है। जिसका अनुवाद इस प्रकार से है -

संस्कृतः—अम्ब ! पश्चात्तापः प्रियः कलहायितः विकाले ॥
(नूनं) विपरीता बुद्धिः भवति विनाशस्य काले ॥१॥

हिन्दी —हे माता ! मुझे अत्यन्त पश्चात्ताप है कि मैंने समय और प्रसंग का बिना विचार किये ही ( रति-समय का खयाल किये बिना ही ) अपने पति से झगड़ा कर डाला। सच है कि विनाश के समय में ( विपत्ति आने के मौके पर ) बुद्धि भी विपरीत हो जाती है, उल्टी हो जाती है ॥१॥ इस गाथा में अर्थ हीन अव्यय शब्द 'घई' का प्रयोग किया गया है। 'आदि' शब्द के कथन से अन्य अर्थ हीन अव्यय शब्द 'खाइं इत्यादि के सम्बन्ध में भी समझ लेना चाहिये। ऐसे शब्दों का प्रयोग पाद-पूर्ति के रूप में भी देखा जा सकता है ॥४-४२४॥

## तादर्थ्ये केहिं-तेहिं-रेसि-रेसिं-तणेणाः ॥ ४-४२५॥

अपभ्रंशे तादर्थ्ये द्योत्ये केहिं तेहिं रेसि रेसिं तणेण इत्यते पञ्च निपाताः प्रयोक्तव्याः ॥

ढोल्ला एँह परिहासडी अइ भण कवणहिँ देसि ॥
हउँ झिज्जउँ तउ केहिं पिअ ! तुहुँ पुणु अन्नहि रेसि ॥

एवं तेहि रेसि मावुदाहार्यो ॥ वड्डत्तणहो तणेण ॥

अर्थ —'तादर्थ्य' अर्थात् 'के लिये' इस अर्थ को प्रकट करने के लिये अपभ्रंश-भाषा में निम्नोक्त पांच अव्यय शब्दों में से किसी भी एक अव्यय शब्द का प्रयोग किया जाता है। (१) केहिं=के लिये, (२) तेहिं=के लिये, (३) रेसि=के लिये, (४) रेसिं=के लिये, और (५) तणेण—के लिये। उदाहरण क्रम से इस प्रकार है —

(१) स्वर्गस्यार्थे त्वं जीव-दयां कुरु = सग्गहो केहिं करि जीव दय = देवलोक के लिये जीव दया को करो।

(२) कस्यार्थे परिग्रह = कसु तेहिं परिग्गहु = किसके लिये परिग्रह ( किया जाता है )।

(३) मोक्षस्यार्थे दमम् कुरु = मोक्खहो रेसि दमु करि = मोक्ष के लिये इन्द्रियों का दमन करो।

(४) कस्यार्थे त्वं अपरान् कर्मारम्भान् करोषि=कसु रेसिं तुहुँ अवर कम्मारम्भ करसि=किसके लिये तू दूसरे कार्यारंभ करता है ?

(५) कस्यार्थे अलीक=कासु तणेण अलिउ=किसके लिये झूठ ( बोलता है )।

वृत्ति में आई हुई गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—विट ! एष परिहास अयि ! भण, कस्मिन् देशे ?
अहं क्षीणा तव कृते, प्रिय ! त्वं पुनः अन्यस्याः कृते ॥१॥

हिन्दी —हे नायक ! ( हे प्रियतम ! ) इस प्रकार का मजाक (परिहास=विनोद ) किस देश में किया जाता है, यह मुझे कहो। मैं तो तुम्हारे लिये क्षीण (दुःखी) होती जा रही हूँ और तुम पुनः किसी अन्य (स्त्री) के लिये (दुःखी होते जा रहे हो) ॥ इस गाथा में 'के लिये' ऐसे अर्थ में क्रम से 'कहिं' और 'रेसि' ऐसे दो अव्यय शब्दों का प्रयोग प्रदर्शित किया गया है।

(६) महत्त्वस्य कृते=वड्डुत्तणहो तणेण = बड़प्पन ( महानता ) के लिये। यों शेष दो अव्यय शब्द 'तेहिं और रेसिं' के उदाहरणों की कल्पना भी स्वयमेव कर लेना चाहिये। ये अव्यय हैं, इसलिये इनमें विभक्ति वाचक प्रत्ययों की संयोजना नहीं की जाती है ॥ ४-४२५ ॥

## पुनर्विनः स्वार्थे डुः ॥ ४–४२६ ॥

अपभ्रंशे पुनर्विना इत्येताभ्यां परः स्वार्थे डुः प्रत्ययो भवति ॥

सुमरिज्जइ तं वल्लहउं जं वीसरइ मणाउ ॥
जहिं पुणु सुमरणु जाउं गउं तहो नेहहो कइं नाउं ॥१॥

विणु जुज्झें न वलाहु ॥

अर्थ —सूत्र-संख्या ४-४२६ से प्रारम्भ करके सूत्र संख्या ४-४३० तक में स्वार्थिक प्रत्ययों का वर्णन किया गया है। शब्द में नियमानुसार स्वार्थिक प्रत्यय की संयोजना होने पर भी मूल अर्थ में किसी भी प्रकार की न्यूनाधिकता नहीं हुआ करती है। मूल अर्थ ज्यों का त्यों ही रहता है। इस सूत्र में यह बतलाया गया है कि संस्कृत भाषा में उपलब्ध 'पुनर् और विना' अव्यय शब्दों के अपभ्रंश भाषा के रूप में रूपान्तर होने पर 'डु' प्रत्यय की स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में अनुप्राप्ति हुआ करती है। स्वार्थिक प्रत्यय

'डु' में स्थित 'डकार' वर्ण इत् संज्ञक है, तदनुसार 'पुनर्=पुण' में स्थित अन्त्य 'अकार' का लोप होने पर तत्पश्चात् स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में 'उकार' वर्ण को प्राप्ति होकर 'पुणु' रूप बन जाता है। इसी प्रकार से 'विना' अव्यय शब्द में भी अन्त्य वर्ण 'आकार' का लोप होकर तथा स्वार्थिक प्रत्यय रूप 'उकार' वर्ण की सयोजना होने पर इसका रूप 'विणु' बन जाता है। उदाहरण क्रम से यो हैं —

(१) य विना पुन अवश्य मुक्ति न भवति=जसु विणु पुणु मिवु अवमें न होइ=जिसके विना फिर से अवश्य ही मुक्ति नहीं होती है।

इस उदाहरण मे 'पुन ' के स्थान पर 'पुणु' लिखा हुआ है और 'विना' के स्थान पर विणु' को जगह दी गई है। यों स्वार्थिक प्रत्यय 'डु=उ' की प्राप्ति होने पर भी इनके अर्थ मे कुछ भी परिवर्तन नहीं हुआ है। यों सर्वत्र समझ लेना चाहिये। गाथा का अनुवाद यों है —

(१) संस्कृतः—स्मर्यते तद् वल्लभ, यद् विस्मर्यते मनाक्॥
यस्य पुनः स्मरणं जातं, गतं, तस्य स्नेहस्य किं नाम ? ॥१॥

हिन्दी —जिसका थोडा सा विस्मरण हो जाने पर भी पुन स्मरण कर लिया जाता है, तो ऐसा स्नेह भी प्रिय होता है, परन्तु जिसका पुन स्मरण करने पर भी यदि उसे भूला दिया जाय तो वह 'स्नेह नाम से कैसे पुकारा जा सकता है ? इस गाथा में 'पुन ' के स्थान पर स्वार्थिक प्रत्यय के साथ 'पुणु' अव्यय का प्रयोग समझाया है।

(२) बिना युद्धेन न वलामहे=विणु जुज्झें न वलाहु=हम विना युद्ध के ( सुख पूर्वक ) नहीं रह सकते हैं। इस गाथा-चरण में 'विना की जगह पर 'विणु' अव्यय रूप का प्रयोग किया गया है। ॥ ४-४२६ ॥

## अवश्यमो डें-डौ ॥ ४-४२७ ॥

अपभ्रंशेऽवश्यमः स्वार्थे डें ड इत्येतौ प्रत्ययौ भवतः।

जिब्भिन्दिउ नायगु वसि करहु जसु अधिन्नइं अन्नइं ॥
मूलि विणट्ठइ तुंबिणिहे अवसें सुक्कइं पण्णइं ॥१॥

अवस न सुअहि सुहच्छिअहिं ॥

अर्थ —संस्कृत-भाषा में उपलब्ध 'अवश्यम्' अव्यय का अपभ्रंश भाषा में रूपान्तर करने पर इसमें 'स्वार्थिक' प्रत्यय के रूप में 'डें और ड' ऐसे दो प्रत्ययों की संयोजना हुआ करती है। स्वार्थिक प्रत्यय 'डें और ड' में स्थित 'डकार' वर्ण इत्संज्ञक होने से 'अवश्यम्=अवस' में स्थित अन्त्य 'अकार' वर्ण का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् अवशिष्ट हलन्त अवस्' अव्यय में 'एं और अ' की क्रम से प्राप्ति होती

है। जैसे —अवश्यम् = अवसें और अवस = अवश्य-जरुर निश्चय। उदाहरण के रूप में प्रदत्त गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—जिह्वेन्द्रिय नायक वशे कुरुत, यस्य अधीनानि अन्यानि ॥
मूले विनष्टे तुम्बिन्याः अवश्य शुष्यन्ति पर्णानि ॥१॥

हिन्दी —जिसके अधीन अन्य सभी इन्द्रियाँ रही हुई हैं ऐसी नायक-नेता-रूप-जिह्वा-इन्द्रिय को अपने वश में करो, (क्योंकि इस को वश में करने पर अन्य सभी इन्द्रियाँ निश्चय ही वश में हो जाती हैं)। जैसे कि 'तुम्बिनी' नामक वनस्पति रूप पौधे की जड नष्ट हो जाने पर उसके पत्ते तो अवश्य ही सूख जाते हैं-नष्ट हो जाते हैं। इस गाथा में 'अवश्य' अव्यय के स्थान पर 'अवसें' रूप का प्रयोग करके इसमें 'डें = एँ' अव्यय की स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में सिद्धि की गई है। 'अवस' का उदाहरण यों है —

संस्कृत —अवश्य न स्वपन्ति सुखासिकाया = अवस न सुअहिं सुहच्छिअहिं = जरुर ही (निश्चय ही) वे सुख शैय्या पर नहीं सोते हैं। इस गाथा-चरण में 'अवश्यम्' के स्थान पर 'अवस' रूप का प्रयोग करते हुए यह प्रमाणित किया है कि 'अवश्यम्' अव्यय के रूपान्तर में स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में 'ड=अ' प्रत्यय की संयोजना होती है ॥ ४-४२७ ॥

## एकशसो डि ॥ ४—४२८ ॥

अपभ्रंशे एकशरशब्दात् स्वार्थे डि र्भवति ॥

एक्कसि सील-कलंकिअहं देज्जहिँ पच्छित्ताइं ॥
जो पुणु खण्डइ अणुदिअहु, तसु पच्छित्तें काइं ॥१॥

अर्थ —'एक बार' इस अर्थ में कहा जाने वाला संस्कृत-अव्यय 'एकशः' है। इसका रूपान्तर अपभ्रंश भाषा में करने पर इसमें स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में 'डि' प्रत्यय की प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय 'डि' में 'डकार' इत्संज्ञक होने से 'एकश = एक्कस अथवा इक्कस' में स्थित अन्त्य स्वर 'अकार' का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् प्राप्त हलन्त रूप 'एक्कस् अथवा इक्कस्' में 'डि = इ' प्रत्यय की प्राप्ति होकर व्यवहार-योग्य रूप 'एक्कसि अथवा इक्कसि' की सिद्धि हो जाती है। जैसे —एकशः = एक्कसि और इक्कसि = एक बार। गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृतः—एकशः शीलकलङ्कितानां दीयन्ते प्रायश्चित्तानि ॥
यः पुनः खण्डयति अनुदिवसं, तस्य प्रायश्चित्तेन किम् ॥

हिन्दी —जिन व्यक्तियों द्वारा एक बार शील व्रत का खडन किया गया है, उनके लिये प्रायश्चित्त रूप दंड का दिया जाना ठीक है, परन्तु जो व्यक्ति प्रतिदिन शील व्रत का खण्डन करता है, उसके लिये प्रायश्चित्त रूप दंड का विधान करने से क्या लाभ है ? वह तो पूर्ण पापी ही है। यहाँ पर 'एकश' के स्थान पर 'एकसि' शब्द रूप का प्रयोग किया गया है ॥ ४-४२८ ॥

## अ-डड-डुल्लाः स्वार्थिक-क-लुक् च ॥ ४-४२९ ॥

अपभ्रंशे नाम्नः परतः स्वार्थे अ, डड डुल्ल, इत्येते त्रयः प्रत्ययाः भवन्ति; तत्सन्नियोगे स्वार्थे क प्रत्ययस्य लोपश्च ॥

विरहानल-जाल-करालिअउ, पहिउ पन्थि जं दिट्ठउ ॥
त मेलवि सव्वहिं पन्थिअहिं सो जि किअउ अग्गिट्ठउ ॥
डड । महु कन्तहो बे दोसडा ॥ डुल्ल । एक्क कुडुल्ली पञ्चहि रुद्धी ॥

अर्थ —संस्कृत-भाषा में उपलब्ध संज्ञा शब्दों का रूपान्तर अपभ्रंश भाषा में करने पर उनमें स्वार्थिक प्रत्ययों के रूप में तीन प्रत्ययों की प्राप्ति हुआ करती है। जोकि क्रम से इस प्रकार हैं — (१) अ, (२) डड और (३) डुल्ल । इन प्रत्ययों की प्राप्ति होने पर संस्कृत शब्दों में रहे हुए स्वार्थिक प्रत्यय 'क' का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् ही इन 'अ अथवा डड अथवा डुल्ल' प्रत्ययों की स प्राप्ति संज्ञा-शब्दों में हो सकती है। डड और डुल्ल' प्रत्ययों में अवस्थित आदि 'डकार' इत्संज्ञक है, तदनुसार संज्ञा शब्दों में इनकी संयोजना करने के पूर्व संज्ञा-शब्दों में अवस्थित अन्त्य स्वर का लोप हो जाता है और बाद में रहे हुए हलन्त संज्ञा शब्दों में इन 'डड = अड' और 'डुल्ल = उल्ल' प्रत्ययों का संयोग किया जाता है। यों स्वार्थिक प्रत्ययों में से किसी भी एक प्रत्यय को जोड देने के अनन्तर प्राप्त संज्ञा शब्द के रूप में विभक्ति वाचक प्रत्ययों की संघटना की जाती है। जैसे —

(१) भव-दोषौ = भव दोसडा = जन्म मरण रूप संसार-दोषों को। यहाँ पर 'दोष' शब्द में 'अड' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है।

(२) जीवितक = जीवियअउ = जिन्दा रहना-प्राण धारण करना। यहाँ पर संस्कृतीय स्वार्थिक प्रत्यय 'क' का लोप होकर अपभ्रंश भाषा में स्वार्थिक प्रत्यय के रूप में 'अ' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है।

(३) काय-कुटी = काय-कुडुल्ली = शरीर रूपी झोंपडी। इसमें 'डुल्ल = उल्ल' प्रत्यय की प्राप्ति हुई है। यह 'कुटी' शब्द स्त्रीलिंग वाचक होने से प्राप्त प्रत्यय 'डुल्ल = उल्ल में स्त्रीलिंग वाचक प्रत्यय 'ई' की प्राप्ति सूत्र संख्या ४-४३१ से हुई है। वृत्ति में दिये गये उदाहरणों का अनुवाद क्रम से इस प्रकार है—

(१) संस्कृतः—विरहानल-ज्वाला-करालितः पथिक पथि यद् दृष्ट ॥
तद् मिलित्वा सर्वैः पथिकैः स एव कृतः अग्निष्ठ १॥

हिन्दी —जब किसी एक यात्री को मार्ग मे विरह रूपी अग्नि की ज्वालाओं से प्रज्वलित होता हुआ अन्य यात्रियों न देखा तो सभी यात्रियों ने मिल करके उसको ( मृत अवस्था को प्राप्त हुआ जान कर के ) अग्नि क समर्पण कर दिया।

(२) मम कान्तस्य द्वौ दोषौ = महु कन्तहो बे दोसडा = मेरे प्रियतम के दो दोष ( त्रुटियाँ ) हैं। इस गाथा-चरण में 'दोसडा' पद में 'डड = अड' इस स्वार्थिक प्रत्यय की प्राप्ति हुई है।

(३) एका कुटी पञ्चभि रुद्धा = एक्क कुडुल्ली पञ्चेहिं रुद्धी = एक ( छोटी सी ) झोंपड़ी पाँच से रुधी ( रोकी ) गई है। इस गाथा पाद में 'कुडुल्ली' पद में 'डुल्ल = उल्ल' ऐसे स्वार्थिक प्रत्यय का संयोजना हुई है ॥ ४ ४२६ ॥

## योग जाश्चैषाम् ॥ ४-४३० ॥

अपभ्रंशे अडडडुल्लानां योगभेदेभ्यो ये जायन्ते डडअ इत्यादय प्रत्ययाः ते पि स्वार्थे प्रायो भवन्ति ॥

डडअ। फोडेन्ति जे हियडउ अप्पणउ। अत्र 'किसलय' ( १-२६९ ) इत्यादिना यलुक् ॥ डुल्लअ। चूडुल्लउ चुन्नी होइ सइ ॥ डुल्लडड।

सामि-पसाउ सलज्जु पिउ सीमा-संधिहिं वासु ॥
पेक्खिवि बाहु-बलुल्लडा धण मेल्लइ नीसासु ॥१॥

अत्रामि। "स्यादौ दीर्घ-ह्रस्वौ" ( ४-४३० ) इति दीर्घः। एव बाहुबलुल्लडउ। अत्र त्रयाणा योग ॥

अर्थ —सूत्र-संख्या ४ ४२९ में 'अ, डड, डुल्ल' ऐसे तीन स्वार्थिक प्रत्यय कहे गये हैं, तदनुसार अपभ्र श भाषा में संज्ञाओं में कभी कभी इन प्रत्ययों में से कोई भी दो अथवा कभी कभी तीनों भी एक साथ संज्ञाओं में जुड़े हुए पाये जाते हैं। यों किन्हीं दो के अथवा तीनों क एक साथ जुड़ने पर भी संज्ञाओं के अर्थ में कोई भी अन्तर नहीं पड़ता है। इस प्रकार से तीनों स्वार्थिक प्रत्ययों के योग स, समस्त रूप स तथा व्यस्त रूप से विचार करने पर कुल स्वार्थिक प्रत्ययों की संख्या सात हो जाती हैं, जोकि क्रम से इस प्रकार लिखे जा सकते हैं — (१) अ, (२) डड, (३) डुल्ल, (४) डडअ, (५) डुल्लअ, (६) डुल्लडड, (७) डुल्लडडअ। इनके उदाहरण इस प्रकार से हैं —

(१) ते कर्णिकाः धन्या = ते धन्ना कन्नुल्लडा = वे कान धन्य हैं। इस उदाहरण में 'डुल्लडड' प्रत्ययों की समाप्ति है।

(२) तानि हृदयकानि कृतार्थानि = हियडल्ला ति फयत्थ = वे हृदय कृतार्थ ( सफल ) हैं। इसमें 'अडुल्ल' प्रत्यय है।

(३) नवान् मतार्थान् धारन्ति = नवुल्लडअ मुअत्थ धरहि = नूतन मत-अर्थ ( शास्त्र-तात्पर्य ) को धारण करते हैं। इस में तीनों स्वार्थिक प्रत्यय आये हैं जोकि इस प्रकार से हैं — डुल्लडडअ = उल्लडअ॥ वृत्ति में आये हुए उदाहरणों का स्वरूप क्रम से इस प्रकार हैं —

(१) स्फोटयतः यौ हृदयं आत्मीयं = फोडेन्ति जे हिअडउ अप्पणउ = जो ( दोनों स्तन ) अपने ही के हृदय को ही विदारण करते हैं। इस चरण में 'हिअडउ' पद में 'डडअ' ऐसे दो स्वार्थिक प्रत्ययों की एक साथ प्राप्ति हुई है। 'हृदय' शब्द में अवस्थित 'यकार' का सूत्र-संख्या १-२६६ से लोप हुआ है।

(२) कङ्कणः चूर्णी भवति स्वयं = चूडुल्लउ चुन्नी होइ सइ = ( हाथ में पहिना हुआ ) कङ्कण अपने आप ही टुकडे टुकडे होकर चूर्ण रूप हुआ जाता है। इस गाथा-पाद में 'चुडुल्लउ' पद में 'डुल्लअ = उल्लअ' ऐसे दो प्रत्ययों की प्राप्ति स्वार्थिक-प्रत्ययों के रूप में एक साथ हुई है।

(३) संस्कृतः—स्वामि-प्रसाद सलज्ज प्रिय सीमासन्धौ वासम् ॥

प्रेक्ष्य बाहुबल धन्या मुञ्चति निश्वासम् ॥१॥

हिन्दी —कोई एक नायिका विशेष अपने प्राण पति की इस प्रकार की स्थिति को देख करके अपने आपको धन्य-स्वरूप समझती हुई परम शांति के गम्भीर निश्वास लेती है कि उसके पति के प्रति सेनापति की कृपा-दृष्टि है, उसका पति लज्जावान् है, वह ( रणक्षेत्र के मोर्चे पर ) देश के सीमान्त-भाग पर रहा हुआ है, और अपने प्रचंड बाहु बल का प्रदर्शन कर रहा है।

इस गाथा में 'बाहु-बलुल्लडा' पद में 'डुल्लडड = उल्लड' ऐसे दो स्वार्थिक-प्रत्ययों की समाप्ति एक साथ प्रदर्शित की गई है। 'डुल्ल + डड'–इन दोनों प्रत्ययों में आदि में अवस्थित प्रत्येक 'डकार' वर्ण इत्संज्ञक है इसलिये इनका लोप हो जाता है और शेष रूप में उल्ल + अड' रहता है, तत्पश्चात् पुनः सूत्र-संख्या १-१० से 'ल्ल' में स्थित अन्त्य 'अकार' का भी लोप होकर तथा दोनों की संधि होकर 'उल्लड' प्रत्यय के रूप में इनकी स्थिति बनी रह जाती है। 'बाहु-बलुल्लडा' पद में स्थित अन्त्य स्वर 'आ' की प्राप्ति सूत्र-संख्या ४-३३० के कारण से हुई है। जैसा कि उसमें उल्लेख है कि अपभ्रंश भाषा में संज्ञाओं में विभक्ति-वाचक प्रत्ययों की संयोजना होने पर प्रत्ययान्त-स्थित स्वर कभी ह्रस्व से दीर्घ हो जाते हैं और कभी दीर्घ से ह्रस्व भी हो जाते हैं।

(२) एका कुटी पञ्चभिः रुद्धा = एक कुडुल्ली पञ्चहिं रुद्धी - एक छोटी सी झोंपड़ी और वह भी पाँच के द्वारा रुकी हुई है ॥ ४-४३१ ॥

## आन्तान्ताड्डाः ॥ ४-४३२ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानादप्रत्ययान्त-प्रत्ययान्तात् डा प्रत्ययो भवति ॥ व्यपवादः ॥

पिउ आइउ सुअ वत्तडी झुणि कन्नडइ पइट्ठ ॥
तहो विरहहो नासन्त अहो धूलडिआ वि न दिट्ठ ॥१॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग में रहे हुए संज्ञा शब्दों में स्वार्थिक प्रत्यय लगने के पश्चात् (स्त्रीलिंग-बोधक प्रत्यय) डा = आ' प्रत्यय की प्राप्ति (भी) होती है। 'डा' प्रत्यय में अवस्थित 'डकार' वर्ण इत्संज्ञक होने से स्वार्थिक प्रत्यय से संयोजित स्त्रीलिंग शब्दों के अन्त्य स्वर का लोप होकर तत्पश्चात् ही 'आ' प्रत्यय जुड़ता है। यह 'डा = आ' प्रत्यय उपरोक्त सूत्र-संख्या ४-४३१ के प्रति अपवाद-सूचक स्थिति वाला है। जैसे —

(१) वार्तिका = वत्तडिआ = बात।

(२) धूलि = धूलडिआ = धूलि-रजकण। इन उदाहरणों में 'डा = आ' प्रत्यय की संप्राप्ति देखी जाती है। गाथा का पूरा अनुवाद यों है —

संस्कृतः—प्रियः आयातः, श्रुता वार्ता, ध्वनिः कर्णे प्रविष्टः ॥
तस्य विरहस्य नश्यतः, धूलिरपि न दृष्टा ॥१॥

हिन्दी —प्रियतम प्राणपति लौट आये हैं, (ऐसे) समाचार मैंने सुने हैं। उनकी आवाज भी मेरे कानों में पहुँची है। (इस प्रकार की परिस्थिति उत्पन्न होने पर) उनके विरह से उत्पन्न हुए दुःख के नाश हो जाने से (अब उस दुःख की) धूलि भी (अर्थात् सामान्य अंश भी) दृष्टि गोचर नहीं हो रहा है। (अब वह दुःख पूर्णतया शान्त हो गया है) ॥ ४-४३२ ॥

## अस्येदे ॥ ४-४३३ ॥

अपभ्रंशे स्त्रियां वर्तमानस्य नाम्नो योकारस्तस्य आकारे प्रत्यये परे इकारो भवति ॥

धूलडिआ वि न दिट्ठ ॥ स्त्रियामित्येव । झुणि कन्नडइ पइट्ठ ॥

अर्थ —अपभ्रंश भाषा में स्त्रीलिंग वाले संज्ञा शब्दों के अन्त में अवस्थित 'अकार' को 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होने के पूर्व 'इकार' वर्ण की प्राप्ति हो जाती है। अर्थात् अन्त्य अकार 'आ' के पहिले

'इकार' में बदल जाता है। जैसे—धूलि=धूलि+डड=धूलड, धूलड+आ=धूलडिआ। यहाँ पर 'धुलड' शब्द म अन्त्य 'अकार' को 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति होने पर 'इकार' वर्ण की प्राप्ति हो गई है। पूरी गाथा-चरण के लिये सूत्र-संख्या ४-४३२ देखें।

*प्रश्न*—वृत्ति में ऐसा क्यों लिखा गया है कि-स्त्रीलिंग वाले शब्दों में ही 'अकार' को 'आ' प्रत्यय की प्राप्ति के पूर्व 'इकार' वर्ण की प्राप्ति होती है ?

उत्तर—यदि स्त्रीलिंगवाले शब्दों के अतिरिक्त पुल्लिंग अथवा नपुंसकलिंग वाले शब्द होंगे तो उनमें अवस्थित अन्त्य 'अकार' को 'इकार' की प्राप्ति नहीं होगी।

जैसे—ध्वनि कर्णे प्रविष्ट=झुणि कन्नडइ पइट्ठ=आवाज कान में प्रविष्ट हुई। यहाँ पर 'कन्नड' शब्द में अन्त्य 'अकार' को इकार की प्राप्ति नहीं हुई है॥ ४-४३३॥

## युष्मदादेरीयस्य डारः ॥ ४-४३४ ॥

अपभ्रंशे युष्मदादिभ्यः परस्य ईय प्रत्ययस्य डार इत्यादेशो भवति॥

सदेसें काइं तुहारेण, जं सङ्गहो न मिलिज्जइ॥
सुइणन्तरि पिएं पाणिएण पिअ! पिआस किं छिज्जइ॥ १॥

दिक्खि अम्हारा कन्तु। बहिणि महारा कन्तु॥

*अर्थ*—संस्कृत-भाषा में 'वाला' अर्थ में 'ईय' प्रत्यय की प्राप्ति हुआ करती है, वह 'ईय' प्रत्यय 'हम, तुम, मैं, तू, वह और वे इन पुरुष बोधक सर्वनामों के साथ में जुड़ा करता है और ऐसा होने पर 'हमारा, तुम्हारा, मेरा, तेरा उसका और उनका' ऐसा अर्थ बोध प्रतिध्वनित होता है। यों इस अर्थ में अपभ्रंश भाषा में इस 'ईय' प्रत्यय के स्थान पर उपरोक्त पुरुष बोधक सर्वनामों के साथ में 'डार' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय 'डार' में अवस्थित आदि 'डकार' वर्ण इत्संज्ञक होने से उन पुरुष बोधक सर्वनामों में स्थित अन्त्य स्वर का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् ही शेष रहे हुए उन हलन्त सर्वनामों में 'डार=आर' प्रत्यय की संयोजना हुआ करती है। जैसे—अस्मदीयम्=अम्हारउँ=हमारा। युष्मदीयम्=तुम्हारउँ=तुम्हारा। त्वदीयम्=तुहारउँ=तेरा। मदीयम्=महारउँ=मेरा। गाथा का अनुवाद यों है—

संस्कृतः—संदेशेन किं युष्मदीयेन, यत्संगाय न मिल्यते॥
स्वप्नान्तर पीतेन पानीयेन, प्रिय! पिपासा किं छिद्यते॥१॥

हिन्दी — तुम्हारे संदेशों से क्या (लाभ) है ? जबकि ( संदेशा मात्र से ना ) तुम्हारे समागम की प्राप्ति ( परस्पर में मिलने से होने वाले लाभ की प्राप्ति तो ) नहीं होती है। जैसे कि हे प्राणपति प्रियतम ! स्वप्न में जल पान करने से क्या प्यास मिट सकती है ? इस गाथा में 'युष्मदीयेन' पद के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'तुहारेण' पद का प्रयोग करके 'डार = आर' प्रत्यय की साधना की गई है ॥१॥

(२) पश्य अस्मदीयम् कान्तम् = दिक्खि अम्हारा कन्तु = हमारे पति को देखो। यहाँ पर भी 'अस्मदीयम्' के स्थान पर 'अम्हारा' पद को प्रस्थापित करके 'डार = आर' प्रत्यय की सिद्धि की गई है।

(३) भगिनि ! अस्मदीय कान्त = बहिणि ! महारा कन्तु = हे बहिन ! मेरे पति। इस उदाहरण में 'महारा' पद में 'आर' प्रत्यय आया हुआ है। यों सर्वत्र 'डार = आर' प्रत्यय की स्थिति को समझ लेना चाहिये ॥ ४-४३४ ॥

## अतोर्डेत्तुलः ॥ ४-४३५ ॥

अपभ्रंशे इद्-किं-यत्-तद्-एतद्भ्यः परस्य अतोः प्रत्ययस्य डेत्तुल इत्यादेशो भवति ॥

एत्तुलो । केत्तुलो । जेत्तुलो । तेत्तुलो । एत्तुलो ॥

अर्थ — संस्कृत-सर्वनाम शब्द 'इदम्, किम्, यत्, तत् और एतत्' में जुड़ने वाले परिमाण-वाचक प्रत्यय 'अतु = अत्' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'डेत्तुल' प्रत्यय की आदेश-प्राप्ति होती है। आदेश प्राप्त प्रत्यय 'डेत्तुल' में 'डकार वर्ण' इत्संज्ञक है, तदनुसार इस 'डेत्तुल = एत्तुल' प्रत्यय की प्राप्ति होने के पूर्व उक्त सर्वनामों में रहे हुए अन्त्यय हलन्त व्यञ्जन का तथा उपान्त्य स्वर का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् ही शेष रूप से रहे हुए हलन्त शब्दों में इस 'एत्तल' प्रत्यय की संप्राप्ति होती है। जैसे कि —(१) इयत् = एत्तुलो = इतना। (२) कियत् = केत्तुलो = कितना। (३) यावत् = जेत्तुलो = जितना। (४) तावत् = तेत्तुलो = उतना और (५) एतावत् = एत्तुलो = इतना ॥ ४-४३५ ॥

## त्रस्य डेत्तहे ॥ ४-४३६ ॥

अपभ्रंशे सर्वादेः सप्तम्यन्तात् परस्य त्र प्रत्ययस्य डेत्तहे इत्यादेशो भवति ॥

एत्तहे तेत्तहे वारि घरि लच्छि विसण्ठुल धाइ ॥
पिअ-पब्भट्ठ व गोरडी निच्चल कहिं वि न ठाइ ॥१॥

अर्थ —संस्कृत भाषा में उपलब्ध सर्वनाम शब्दों में सप्तमी बोधक जो 'त्रप्' प्रत्यय लगता है, उस 'त्रप्' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'डेत्तहे' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। प्राप्त प्रत्यय 'डेत्तहे' में अवस्थित 'डकारवर्ण' इत्संज्ञावाला है, तदनुसार इस 'डेत्तहे' प्रत्यय की सप्राप्ति होने के पूर्व सर्वनाम शब्दों में स्थित अन्त्य व्यञ्जन का और उपान्त्य स्वर का लोप हो जाता है और तत्पश्चात् ही इस 'डेत्तहे=एत्तहे' प्रत्यय का संयोग होता है। जैसे —

(१) सर्वत्र=सव्वेत्तहे=सब स्थानों पर।

(२) कुत्र=केत्तहे=कहाँ पर।

(३) यत्र=जेत्तहे=जहाँ पर।

(४) तत्र=तेत्तहे=वहाँ पर।

(५) अत्र=एत्तहे=यहाँ पर।

गाथा का अनुवाद यों हैं—

संस्कृतः—अत्र तत्र द्वारे गृहे लक्ष्मीः विसण्ठुला भवति ॥
प्रिय-प्रभ्रष्टे गौरी निश्चला क्वापि न तिष्ठति। १॥

हिन्दी—जैसे पति से भ्रष्ट हुई स्त्री कहीं पर भी स्थिर होकर निश्चल रूप से नहीं ठहरता है, वैसे ही अस्थिर प्रकृतिवाली लक्ष्मी भी घर-घर में और द्वार द्वार पर यहाँ वहाँ घूमती रहती है। इस गाथा में 'अत्र, तत्र' शब्दों के स्थान पर 'एत्तहे और तेत्तहे' शब्दों का प्रयोग करते हुए 'त्रप' प्रत्यय के स्थान पर आदेश-प्राप्त प्रत्यय डेत्तहे=एत्तहे' की साधना की गई है। इस 'डेत्तहे=एत्तहे' प्रत्यय की सर्व नाम शब्दों में संप्राप्ति होने के पश्चात् ये शब्द अव्यय रूप हो जाते हैं, यह बात ध्यान में रखनी चाहिये। ॥ ४-४३६ ॥

## त्व-तलोः प्पणः ॥ ४-४३७ ॥

अपभ्रंशे त्व तलोः प्रत्यययोः प्पण इत्यादेशो भवति ॥

वड्डप्पणु परि पाविअइ ॥ प्रायोधिकारात्। वड्डत्तणहो तणेण ॥

अर्थ —ग्रंथकार ने अपने संस्कृत व्याकरण में (हेम० ७-१ में) भाव-वाचक अर्थ में 'त्व और तल' प्रत्ययों की प्राप्ति का संविधान किया है, उन्हीं 'त्व और तल्' प्रत्ययों के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'प्पण' प्रत्यय की आदेश प्राप्ति होती है। जैसे —महत्त्वं=महत्तणु=महत्ता-महानता। (२) महत्त्वं पुन' प्राप्यते=वड्डप्पणु परि पाविअइ=बड्प्पन तभी प्राप्त किया जा सकता है। इन उदाहरणों में 'त्व'

के स्थान पर 'प्पण' प्रत्यय को प्रस्थापित किया है। अपभ्रंश भाषा में अनेक नियम ऐसे हैं, जोकि 'प्राय' करके लागू हुआ करते हैं, तदनुसार 'प्पण' प्रत्यय के स्थान पर प्राय करके 'त्तण' प्रत्यय ( २-१५४ के अनुसार) भी आया करता है। जैसे —(१) भद्रत्वम् = भल्लत्तणु = भद्रता-सज्जनता। (२) महत्त्वस्य कृते = वड्डत्तणहो तणेण = बड़प्पन प्राप्त करने के लिये। यों 'प्पण' और 'त्तण' दोनों प्रत्ययों की प्राप्ति 'त्व तथा तल्' प्रत्ययों के स्थान पर देखी जाती है॥ ४-४३७॥

## तव्यस्य इएव्वउं एव्वउं एवा ॥ ४-४३८ ॥

अपभ्रंशे तव्य प्रत्ययस्य इएव्वउं एव्वउ एवा इत्येते त्रय आदेशा भवन्ति ॥

एउ गृण्हेप्पिणु ध्रु' मइं जइ प्रिउ उव्वारिज्जइ ॥
महु करिएव्वउ किं पि णवि मरिएव्वउ पर देज्जइ ॥१॥

देसुच्चाडणु सिहि-कढणु घण-कुट्टणु ज लोइ ॥
मञ्जिट्ठए अइरत्तिए सव्वु सहेव्वउ होइ ॥ २ ॥

सोएवा पर वारिआ, पुप्फवईहिं समाणु ॥
जग्गेवा पुणु को धरइ, जइ सो वेउ पमाणु ॥ ३ ॥

अर्थ —'चाहिये' इस अर्थ में संस्कृत भाषा में 'तव्य' प्रत्यय की प्राप्ति होती है, इस अर्थ में प्राप्त होने वाले 'तव्य' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में तीन प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति हुआ करती है, जोकि क्रम से इस प्रकार हैं —

(१) इएव्वउ, (२) एव्वउ और (३) एवा। जैसे —कर्त्तव्यम्=करिएव्वउ करेव्वउ और करेवा=करना चाहिये। तीनों प्रत्ययों को समझाने के लिये वृत्ति में जो गाथाऐं दी गई हैं, उनका अनुवाद क्रम से यों है —

(१) संस्कृतः—एतद् गृहीत्वा यन्मया यदि प्रियः उद्वार्यते ॥
मम कर्तव्यं किमपि नापि मर्तव्य परं दीयते ॥१॥

हिन्दी —( कोई सिद्ध पुरुष विशेष अपनी क्रिया की सिद्धि के लिये किसी नायिका विशेष को धन आदि देकर उसके बदले में बलिदान के लिये उसके पति को लेना चाहता है, इस पर वह नायिका कहती है कि — ) यदि यह ( धन-संपत्ति ) ग्रहण करके मैं अपने पति का परित्याग कर देती हूँ तो फिर मेरा कुछ भी कर्त्तव्य शेष नहीं रह जाता है, सिवाय इसके कि मैं मृत्यु का आलिंगन कर लूँ। अर्थात् तत्पश्चात् मुझे मर जाना ही चाहिये। इस गाथा में 'कर्त्तव्य और मर्तव्य' पदों में आये हुए 'तव्य' प्रत्यय के स्थान

पर अपभ्रंश भाषा में 'इएव्वउं' आदेश प्राप्त प्रत्यय का प्रयोग किया गया है और ऐसा करते हुए 'करिएव्वउं और मरिएव्वउं' पदों का निर्माण किया गया है ॥१॥

संस्कृतः—देशोच्चाटनं, शिखि-क्वथनं, घन-कुट्टनं यद् लोके ॥
मञ्जिष्ठया अतिरक्तया, सर्वं सोढव्यं भवति ॥२॥

हिन्दी—मञ्जिष्ठा नाम वाला एक पौधा होता है, जोकि अत्यधिक लाल वर्ण वाला होता है और इस लालिमा के कारण से ही वह जन साधारण द्वारा आकर्षित किया जाकर सर्व प्रथम तो जड़ मूल से ही उखाड़ा जाता है और तत्पश्चात् अग्नि पर क्वाथ के रूप में खूब ही पकाया जाता है, एवं इसके बाद 'रंग प्राप्ति के लिये' लोहे के भारी घन से कूटा जाता है, यों अपनी रक्त वर्णता के कारण से उसे सब-कुछ सहन करने योग्य स्थिति वाला बनना पड़ता है।

इस गाथा में संस्कृत पद 'सोढव्यं' के स्थान पर अपभ्रंश-भाषा में 'सहेव्वउं' पद का प्रयोग करते हुए यह समझाया गया है कि 'तव्य' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में द्वितीय प्रत्यय 'एव्वउं' की आदेश प्राप्ति हुई है ॥२॥

संस्कृतः—स्वपितव्यं परं वारितं पुष्पवतीभिः समानम् ॥
जागरितव्यं पुनः कः धरति ? यदि स वेदः प्रमाणम् ॥३॥

हिन्दी—ऋतुमती स्त्रियों के साथ 'सोना चाहिये' इसका निषेध किया गया है। तो फिर ऐसा कौन है ? जिसको जागता हुआ रहना चाहिये। इसके लिये वेद ही प्रमाण स्वरूप है। इस गाथा में 'स्वपितव्यं और जागरितव्यं' पदों में आये हुए 'तव्य' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में तृतीय प्रत्यय 'एवा' का प्रयोग करते हुए 'सोएवा और जग्गेवा' पद रूपों का निर्माण किया गया है ॥३॥

यों संस्कृत-प्रत्यय 'तव्य' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में उक्त प्रकार से तीन प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति की स्थिति को समझ लेना चाहिये। 'चाहिये' अर्थक इस कृदन्त का संस्कृत व्याकरण में 'विधि कृदन्त' के नाम से उल्लेख किया जाता है। अंग्रेजी में इसको ( Potential Passive Participles ) कहते हैं ॥ ४-४३८ ॥

## क्त्वः इ-इउ-इवि-अवयः ॥ ४-४३९ ॥

अपभ्रंशे क्त्वा प्रत्ययस्य इ इउ इवि अवि इत्येते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ १ ॥

हिअडा जइ वेरिअ, घणा तो किं अब्भि चडाहुं ॥
अम्हाहिं बे हत्थडा जइ पुणु मारि मराहुं ॥ १ ॥

इउ। गय-घड भज्जिउ जन्ति ॥

इवि ॥ रक्खइ सा विस-हारिणी, बे कर चुम्बिवि जीउ ॥
पडिबिम्बिअ-मुंजालु जलु जेहिं अडोहिअ पीउ ॥२॥

अवि ॥ बाह विछोडवि जाहि तुहुं, हउं तेवँइ को दोसु ॥
हिअय-ट्ठिउ जइ नीसरहि जाणउं मुञ्ज सरोसु ॥ ३ ॥

अर्थ —'करके' इस अर्थ में सम्बन्ध कृदन्त का विधान होता है। यह कृदन्त विश्व की सभी अर्वाचीन और प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध है। संस्कृत और अपभ्रंश आदि भाषाओं में भी नियमानुसार इसका अस्तित्व है। तदनुसार संस्कृत भाषा में इस अर्थ में 'क्त्वा' प्रत्यय का संविधान होता है और अपभ्रंश भाषा में इस 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर आठ प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है, इन आठ प्रत्ययों में से चार प्रत्ययों की व्यवस्था तो इसी सूत्र में की गई है और शेष चार प्रत्ययों का संविधान सूत्र-संख्या ४-४४० में पृथक्-रूप से किया गया है, इसमें यह कारण है कि ये शेष चार प्रत्यय संबंध कृदन्त में भी प्रयुक्त होते हैं और हेत्वर्थ-कृदन्त में भी काम में आते हैं, यों उनकी स्थिति उभय रूप वाली है इसलिये उनका विधान पृथक् सूत्र की रचना करके किया गया है। इस सूत्र में संबंध-कृदन्त के अर्थ में जिन चार प्रत्ययों की रचना की गई है, वे क्रम से इस प्रकार हैं—

(१) इ, (२) इउ, (३) इवि और (४) अवि ॥ जैसे — कृत्वा=(१) करि, (२) करिउ, (३) करिवि और (४) करवि=करके। (२) लब्ध्वा=(१) लहि, (२) लहिउ, (३) लहिवि और (४) लहवि=प्राप्त करके-पा करके। वृत्ति में चारों प्रत्ययों को समझाने के लिये चार गाथाऐं उद्धृत की गई हैं, उनका अनुवाद क्रम से यों हैं —

(१) संस्कृतः—हृदय ! यदि वैरिणो घनाः, तत् किं अभ्रे आरोहामः ॥
अस्माकं द्वौ हस्तौ यदि पुनः मारयित्वा म्रियामहे ॥१॥

हिन्दी —हे हृदय ! यदि ये मेघ ( बादल-समूह ) ( विरह-दुःख उत्पादक होने से ) शत्रु रूप हैं तो क्या इन्हें नष्ट करने के लिये आकाश में ऊपर चढ़ें ? अरे ! हमारे भी दो हाथ हैं, यदि मरना ही है तो प्रथम शत्रु को मार करके पीछे हम मरेंगे ॥१॥ इस गाथा में 'मारयित्वा' पद के स्थान पर 'मारि' पद का उपयोग करते हुए 'क्त्वा' प्रत्यय के अर्थ में अपभ्रंश में 'इ' प्रत्यय का प्रयोग समझाया गया है।

(२) संस्कृतः—गज-घटान् भित्त्वा गच्छन्ति=गय घड भज्जिउ जन्ति=हाथियों के समूह को भेद करके जाते हैं। यहाँ पर 'भित्त्वा' के स्थान पर 'भज्जिउ' लिख करके द्वितीय प्रत्यय 'इउ' का स्वरूप प्रदर्शित किया गया है।

पर अपभ्रंश भाषा में 'इएव्वउं' आदेश प्राप्त प्रत्यय का प्रयोग किया गया है और ऐसा करते हुए 'दहिएव्वउं और मरिएव्वउं' पदों का निर्माण किया गया है ॥१॥

संस्कृतः—देशोच्चाटनं, शिखि-कथनं, घन-कुट्टनं यद् लोके ॥
मञ्जिष्ठया अतिरक्तया, सर्वं सोढव्यं भवति ॥२॥

हिन्दी —मंजिष्ठा नाम वाला एक पौधा होता है, जोकि अत्यधिक लाल वर्ण वाला होता है और इस लालिमा के कारण से ही वह जन साधारण द्वारा आकर्षित किया जाकर सर्व प्रथम तो जड़ मूल से ही उखाड़ा जाता है और तत्पश्चात् अग्नि पर क्वाथ के रूप में खूब ही पकाया जाता है, एवं इसके बाद 'रंग प्राप्ति के लिये' लोहे के भारी घन से कूटा जाता है, यों अपनी रक्त वर्णता के कारण से उसे सब दुःख सहन करने योग्य स्थिति वाला बनना पड़ता है।

इस गाथा में संस्कृत पद 'सोढव्यं' के स्थान पर अपभ्रंश-भाषा में 'सहेव्वउं' पद का प्रयोग करते हुए यह समझाया गया है कि 'तव्य' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में द्वितीय प्रत्यय 'एव्वउं' की आदेश प्राप्ति हुई है ॥२॥

संस्कृतः—स्वपितव्यं परं वारितं पुष्पवतीभिः समानम् ॥
जागरितव्यं पुनः कः धरति ? यदि स वेदः प्रमाणम् ॥३॥

हिन्दी —ऋतुमती स्त्रियों के साथ 'सोना चाहिये' इसका निषेध किया गया है। तो फिर ऐसा कौन है ? जिसको जागता हुआ रहना चाहिये। इसके लिये वेद ही प्रमाण स्वरूप है। इस गाथा में 'स्वपितव्य और जागरितव्य' पदों में आये हुए 'तव्य' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में तृतीय प्रत्यय 'एवा' का प्रयोग करते हुए 'सोएवा और जग्गेवा' पद-रूपों का निर्माण किया गया है ॥३॥

यों संस्कृत-प्रत्यय 'तव्य' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में उक्त प्रकार से तीन प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति की स्थिति को समझ लेना चाहिये। 'चाहिये' अर्थक इस कृदन्त को संस्कृत व्याकरण में 'विधि कृदन्त' के नाम से उल्लेख किया जाता है। अंग्रेजी में इनको ( Potential Passive Participles ) कहते हैं ॥ ४-४३८ ॥

## क्त्व इ-इउ-इवि-अवयः ॥ ४-४३९ ॥

अपभ्रंशे क्त्वा प्रत्ययस्य इ इउ इवि अवि इत्येते चत्वार आदेशा भवन्ति ॥ १ ॥

हिअडा जइ वेरिअ, घणा तो किं अब्भि चडाहुं ॥
अम्हाहिं बे हत्थडा जइ पुणु मारि मराहुं ॥ १ ॥

इउ । गय-घड भज्जिउ जन्ति ॥

इवि ॥ रक्खइ सा विस-हारिणी, बे कर चुम्बिवि जीउ ॥
पडिबिम्बिअ-मुंजालु जलु जेहिं अडोहिअ पीउ ॥२॥

अवि ॥ बाह विछोडवि जाहि तुहु, हउ तेवँइ को दोसु ॥
हिअय-ट्ठिउ जइ नीसरहि जाणउ मुञ्ज सरोसु ॥ ३ ॥

अर्थ —'करके' इस अर्थ में सम्बन्ध कृदन्त का विधान होता है। यह कृदन्त विश्व की सभी अर्वाचीन और प्राचीन भाषाओं में उपलब्ध है। संस्कृत और अपभ्रंश आदि भाषाओं में भी नियमानुसार इसका अस्तित्व है। तदनुसार संस्कृत भाषा में इस अर्थ में 'क्त्वा' प्रत्यय का संविधान होता है और अपभ्रंश भाषा में इस 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर आठ प्रत्ययों की आदेश प्राप्ति होती है, इन आठ प्रत्ययों में से चार प्रत्ययों की व्यवस्था तो इसी सूत्र में की गई है और शेष चार प्रत्ययों का संविधान सूत्र-संख्या ४-४४० में पृथक्-रूप से किया गया है, इसमें यह कारण है कि ये शेष चार प्रत्यय संबंध कृदन्त में भी प्रयुक्त होते हैं और हेत्वर्थ-कृदन्त में भी काम में आते हैं, यों उनकी स्थिति उभय रूप वाली है इसलिये उनका विधान पृथक सूत्र की रचना करके किया गया है। इस सूत्र में संबंध-कृदन्त के अर्थ में जिन चार प्रत्ययों की रचना की गई है, वे क्रम से इस प्रकार हैं—

(१) इ, (२) इउ, (३) इवि और (४) अवि ॥ जैसे — कृत्वा=(१) करि, (२) करिउ, (३) करिवि और (४) करवि=करके। (२) लब्ध्वा=(१) लहि, (२) लहिउ, (३) लहिवि और (४) लहवि=प्राप्त करके-पा करके। वृत्ति में चारों प्रत्ययों को समझाने के लिये चार गाथाएँ उद्धृत की गई हैं, उनका अनुवाद क्रम से यों हैं —

(१) संस्कृतः—हृदय ! यदि वैरिणो घनाः, तत् किं अभ्रे आरोहामः ॥
अस्माकं द्वौ हस्तौ यदि पुनः मारयित्वा म्रियामहे ॥१॥

हिन्दी —हे हृदय ! यदि ये मेघ ( बादल समूह ) ( विरह दुःख उत्पादक होने से ) शत्रु रूप हैं तो क्या इन्हें नष्ट करने के लिये आकाश में ऊपर चढ़ें ? अरे ! हमारे भी दो हाथ हैं, यदि मरना ही है तो प्रथम शत्रु को मार करके पीछे हम मरेंगे ॥१॥ इस गाथा में 'मारयित्वा' पद के स्थान पर 'मारि' पद का उपयोग करते हुए 'क्त्वा' प्रत्यय के अर्थ में अपभ्रंश में 'इ' प्रत्यय का प्रयोग समझाया गया है।

(२) संस्कृतः—गज-घटान् भित्त्वा गच्छन्ति=गय घड भज्जिउ जन्ति=हाथियों के समूह को भेद करके जाते हैं। यहाँ पर 'भित्त्वा' के स्थान पर 'भज्जिउ' लिख करके द्वितीय प्रत्यय 'इउ' का स्वरूप प्रदर्शित किया गया है।

(३) संस्कृतः—रक्षति सा विषहारिणी, द्वौ करौ चुम्बित्वा जीवम् ॥
प्रतिबिम्बित मुञ्जाल जलं, याभ्यामनवगाहित पीतम् ३॥

हिन्दी —( जिसके आलिंगन करने से काम-विकार रूप विष दूर होता है ऐसी ) विष को हरण करने वाली वह नायिका विशेष अपने दोनों हाथों का चुम्बन करके अपने जीवन की रक्षा कर रही है क्योंकि इन दोनों हाथों ने जल के अन्दर डुबकी लगाये बिना ही उस जल का पान किया है, जिसमें मुञ्ज नाम का ( अथवा मुञ्ज नामक घास विशेष का ) प्रतिबिम्ब पड़ा है। इस छंद में 'चुम्बित्वा' पद में रहे हुए संबंध कृदन्त वाचक प्रत्यय 'क्त्वा' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'चुम्बिवि' पद का निर्माण करके तदर्थक 'इवि' प्रत्यय का संयोग सूचित किया गया है ॥३॥

(४) संस्कृतः—बाहू विच्छोटय याहि त्वं, भवतु तथा को दोषः ?
हृदय स्थित. यदि निः सरसि, जानामि मुञ्ज. सरोषः ॥४।

हिन्दी —अरे मुञ्ज ! यदि तुम भुजाओं को छुड़ा करके जाते हो तो इसमें कौन सा दोष है? अथवा कौनसी हानि है ? क्योंकि तुम मेरे हृदय में बसे हुए हो और ऐसा होने पर यदि तुम मेरे हृदय में से निकल कर भागो तो मैं जानूँ कि मुञ्ज मुझ से रुष्ट है। यहाँ पर संबंध कृदन्त अर्थ में 'विच्छोट्य' पद आया हुआ है, जिसका भाषान्तर अपभ्रंश भाषा में 'विछोडवि' पद के रूप में किया है और ऐसा करते हुए संबंध-कृदन्त अर्थ वाचक-प्रत्यय 'अवि' का प्रयोग किया गया है ॥४॥ यों चारों प्रकार के प्रत्ययों की स्थिति को समझ लेना चाहिये ॥ ४-४३९ ॥

## एप्प्येप्पिण्वेव्येविणवः ॥ ४—४४० ॥

अपभ्रंशे क्त्वा प्रत्ययस्य एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इत्येते चत्वार आदेशा भवन्ति

जेप्पि असेसु कसाय-बलु देप्पिणु अभउ जयस्सु ॥
लेवि महव्वय सिवु लहहिं झाएविणु तत्तस्सु ॥ १ ॥

पृथग्योग उत्तरार्थः ॥

अर्थ —इस सूत्र में भी संबंध कृदन्त-वाचक प्रत्ययों का ही वर्णन है। ये प्रत्यय हेत्वर्थ कृदन्त के अर्थ में भी प्रयुक्त होते हैं, इसलिये इन प्रत्ययों का एक साथ पूर्व-सूत्र में नहीं लिखते हुए पृथक् सूत्र के रूप में इनका विचार किया गया है। इस अर्थ को प्रदर्शित करने के लिये वृत्ति में 'पृथग्-योग' और 'उत्तरार्थ' ऐसे दो पद खास तौर पर दिये गये हैं। 'पृथग्-योग' का तात्पर्य यही है कि इन प्रत्ययों का सम्बन्ध अन्य कृदन्त ( अर्थात् हेत्वर्थ-कृदन्त ) के लिये भी है। 'उत्तरार्थ' पद का यह अर्थ है कि इन प्रत्ययों का वर्णन और सम्बन्ध आगे के सूत्र से भी जानना। यों संबंध कृदन्त के अर्थ में ( और हेत्वर्थ

कृदन्त के अर्थ में भी ) जो चार प्रत्यय ( विशेष ) होते हैं, वे क्रम से इस प्रकार हैं —(१) एप्पि, (२) एप्पिणु, (३) एवि और (४) एविणु। जैसे —कृत्वा = करेप्पि, करेप्पिणु, करेविणु और करेवि=करके। ( हेत्वर्थ-कृदन्त के अर्थ में 'करने के लिये' ऐसा तात्पर्य उद्भूत होगा )। वृत्ति में जो गाथा उद्धृत की गई है, उसमें उक्त प्रत्ययों को क्रम से इस प्रकार से व्यक्त किया है —

(१) जित्वा = जेप्पि = जीत करके।

(२) दत्त्वा = देप्पिणु = दे करके।

(३) लात्वा = लेवि=ले करके अथवा ग्रहण करके।

(४) ध्यात्वा = झाएविणु = ध्यान करके-चिंतन करके।

पूरी गाथा का अनुवाद यों है —

संस्कृतः—जित्वा अशेष कषाय-बलं, दत्त्वा अभयं जगतः ॥
लात्वा महाव्रतं शिवं लभन्ते ध्यात्वा तत्त्वम् ॥१॥

हिन्दी — भव्य प्राणी अथवा मुमुक्षु प्राणी सर्व प्रथम सम्पूर्ण कषाय समूह को जीत कर के, तत्पश्चात् विश्व प्राणियों को अभयदान देकर के एवं महाव्रतों को ग्रहण करके अन्त में वास्तविक द्रव्य रूप तत्त्वों का ध्यान करके मोक्ष पद को प्राप्त कर लेते हैं॥ ४-४४० ॥

## तुम एवमणाणहमणहिं च ॥ ४-४४१ ॥

अपभ्रंशे तुमः प्रत्ययस्य एवं, अण, अणह, अणहिं इत्येते चत्वारः, चकारात् एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु इत्येते, एव चाष्टावादेशा भवन्ति ॥

देवं दुक्करु निअय-धणु करण न तउ पडिहाइ ॥
एम्वइ सुहु भुञ्जणह, मणु पर भुञ्जणहिं न जाइ ॥१॥
जेप्पि चएप्पिणु सयल धर लेविणु तवु पालेवि ॥
विणु सन्तें तित्थेसरेण, को सक्कइ भुवणे वि ॥२॥

अर्थ —'के लिये' इस अर्थ में हेत्वर्थ-कृदन्त का प्रयोग होता है और यह कृदन्त भी विश्व की सभी भाषाओं में पाया जाता है, तदनुसार संस्कृत भाषा में इस कृदन्त के निर्माण के लिये 'तुम्' प्रत्यय का विधान किया गया है और इस प्राप्त प्रत्यय 'तुम' के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में आठ प्रत्ययों का संविधान किया गया है। जोकि आदेश प्राप्ति के रूप में कहे जाते हैं, वे आदेश प्राप्त आठों ही प्रत्यय

से इस प्रकार हैं —(१) एवं, (२) अण, (३) अणह, (४) अणहिं, (५) एप्पि, (६) एप्पिणु (७) एवि और (८) एविणु। इन आठ प्रत्ययों में से किसी भी एक प्रत्यय को धातु में जोड़ देने पर उसका 'के लिये' ऐसा अर्थ प्रतिध्वनित हो जाता है। जैसे —(१) त्यक्तुं = चएवं = छोड़ने के लिये। (२) भोक्तुं = भुञ्जण = भोगने के लिये। (३) सेवितुं = सेवणहं = सेवा करने के लिये। (४) मोक्तुं = मुञ्चणहिं = छोड़ने के लिये। (५) कर्तुम् = करेप्पि = करने के लिये। (६) कर्तुं = करेप्पिणु = करने के लिये। (७) कर्तुं = करेवि और (८) करेविणु = करने के लिये। वृत्ति में प्रदत्त गाथाओं में उपरोक्त आठों प्रकार के प्रत्ययों का प्रयोग क्रम से यों किया गया है —

(१) 'एवं' प्रत्यय, दातुं = देवं = देने के लिये।

(२) 'अण' प्रत्यय, कर्तुं = करण = करने के लिये।

(३) 'अणहं' प्रत्यय, भोक्तुं = भुञ्जणहं = भोगने के लिये।

(४) 'अणहिं' प्रत्यय, भोक्तुं = भुञ्जणहिं = भोगने के लिये।

(५) 'एप्पि' प्रत्यय, जेतुं = जेप्पि = जीतने के लिये।

(६) 'एप्पिणु' प्रत्यय, त्यक्तुं = चएप्पिणु = छोड़ने के लिये।

(७) 'एवि' प्रत्यय; पालयितुम् = पालेवि = पालन करने के लिये।

(८) 'एविणु' प्रत्यय, लातुं = लेविणु = लेने के लिये।

उक्त दोनों गाथाओं का पूरा अनुवाद क्रम से यों है —

संस्कृतः—दातुं दुष्करं निजकं धनं, कर्तुं न तपः प्रतिभाति ॥
एवं सुखं भोक्तुं मनः, परं भोक्तुं न याति ॥१॥

हिन्दी —अपने धन को दान में देने के लिये दुष्करता अनुभव होती है, तप करने के लिये भावनाएं नहीं उत्पन्न होती हैं और मन सुख को भोगने के लिये व्याकुल सा रहता है, परन्तु सुख भोगने के लिये संयोग नहीं प्राप्त होते हैं ॥१॥ इस गाथा में हेत्वर्थ-कृदन्त के रूप में प्रयुक्त किये जाने वाले चार प्रत्यय व्यक्त किये गये हैं, जो कि दृष्टान्त रूप से ऊपर लिख दिये गये हैं ॥१॥

संस्कृतः—जेतुं त्यक्तुं सकलां धरां, लातुं तपः पालयितुम् ॥
विना शान्तिना तीर्थंकरेण, कः शक्नोति भुवनेऽपि ॥२॥

हिन्दी —सर्व प्रथम सम्पूर्ण पृथ्वी को जीतने के लिये और तत्पश्चात् पुनः उसका ( वैराग्य पूर्ण रीति से ) परित्याग करने के लिये एवं व्रतों को ग्रहण करने के लिये तथा उन को पालने के लिये ( श्री

क्रम से असाधारण कार्यों का करने के लिये ) भगवान् शान्तिनाथ प्रभु के सिवाय दूसरा कौन इस विश्व में समर्थ हो सकता है। इस गाथा में हेत्वर्थ कृदन्त के अर्थ में प्रयुक्त किये जाने वाले शेष चार प्रत्ययों की उपयोगिता बतलाई है, जो दृष्टान्त रूप से ऊपर लिखे जा चुके हैं ॥ ४-४४१ ॥

## गमेरेप्पिएवेप्प्योरेर्लुग् वा ॥ ४-४४२ ॥

अपभ्रंशे गमेर्धातोः परयोरेप्पिणु एप्पि इत्यादेशयोः एकारस्य लुग् भवन्ति वा ।

गम्प्पिणु वाणारसिहिं, नर अह उज्जेणिहिं गम्प्पि ॥
मुआ परावहिं परम-पउ, दिव्वन्तरइं म जम्पि ॥१॥

पक्षे ।

गङ्ग गमेप्पिणु जो मुअइ, जो सिव-तित्थ गमेप्पि ॥
कीलदि तिदसावास-गउ, सो जम-लोउ जिणेप्पि ॥२॥

*अर्थ* —अपभ्रंश भाषा में 'जाना, गमन करना' अर्थक धातु 'गम्' में सम्बन्ध-कृदन्त अर्थक प्रत्यय 'एप्पिणु और एप्पि' की संयोजना होने पर इन प्रत्ययों में अवस्थित आदि स्वर 'एकार' का विकल्प से लोप हो जाता है। जैसे —गत्वा=गम्प्पिणु अथवा गमेप्पिणु और गम्प्पि अथवा गमेप्पि=जाकर के। इन्हीं चारों पदों का प्रयोग वृत्ति में दी गई गाथाओं में किया गया है, जिनका अनुवाद इस प्रकार से है —

संस्कृतः —गत्वा वाराणसीं नराः अथ उज्जयिनीं गत्वा ॥
मृताः प्राप्नुवन्ति परमं पदं, दिव्यान्तराणि मा जल्प ॥१॥

हिन्दी —मनुष्य सर्व प्रथम बनारस तीर्थ को जाकर के और तत्पश्चात् उज्जयिनी तीर्थ को जाकर के मृत्यु प्राप्त करने पर सर्वोत्तम पद को प्राप्त कर लेते हैं, इसलिये अन्य पवित्र तीर्थों की बात मत कर। इस गाथा में 'एप्पिणु और एप्पि' प्रत्ययों में अवस्थित आदि स्वर 'एकार' का लोप-स्वरूप प्रदर्शित किया गया है ॥१॥

संस्कृतः—गङ्गां गत्वा यः म्रियते, यः शिवतीर्थं गत्वा ॥
क्रीडति त्रिदशावासगतः, स यमलोकं जित्वा ॥२॥

हिन्दी —जो पवित्र गंगा नदी के स्थान पर जाकर मृत्यु प्राप्त करता है अथवा जो शिवतीर्थ-बनारस में जाकर मृत्यु प्राप्त करता है, वह यमलोक को जीतकर इन्द्रादि देवताओं के रहने के स्थान को प्राप्त करता हुआ परम सुख का अनुभव करता है। इस गाथा में 'गमेप्पिणु और गमेप्पि' पदों में रहे हुए 'एप्पिणु तथा एप्पि' प्रत्ययों में आदि 'एकार' स्वर का अस्तित्व ज्यों का त्यों व्यक्त किया गया है। यों वैकल्पिक स्थिति को समझ लेना चाहिये ॥ ४-४४२ ॥

## तृनोऽणअः ॥ ४-४४३ ॥

अपभ्रंशे तृनः प्रत्ययस्य अणअ इत्यादेशो भवति ॥ हत्थि मारणउ, लोउ बोल्लणउ, पडहु वज्जणउ, सुणउ भसणउ ॥

अर्थ —'के स्वभाववाला' अथवा 'वाला' अर्थ में एवं 'कर्तृ' अर्थ में संस्कृत भाषा में 'तृन्–तृ' प्रत्यय की प्राप्ति होती है, तदनुसार इस 'तृ' प्रत्यय के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में 'अणअ' ऐसे प्रत्यय की आदेश प्राप्ति का संविधान है। जैसे —कर्तृ=करणअ=करनेवाला अथवा करने के स्वभाव वाला। मारयितृ=मारणअ=मारनेवाला अथवा मारने के स्वभाव वाला। अज्ञातृ=अजाणअ=नहीं जानने वाला। यह 'अणअ' प्रत्यय धातुओं में जुड़ता है और धातुओं में जुड़ने के पश्चात् वे शब्द संज्ञा स्वरूप वाले बन जाते हैं, एवं उनके रूप आठों विभक्तियों में नियमानुसार चलाये जा सकते हैं। वृत्ति में प्रदत्त उदाहरणों का स्पष्टीकरण यों है —

(१) हस्ती मारयिता=हत्थि मारणउ=हाथी मारने के स्वभाव वाला है।

(२) लोकः कथयिता=लोउ बोल्लणउ=जन-साधारण बोलने के स्वभाव वाला है।

(३) पटह वादयिता=पडहु वज्जणउ=ढोल आवाज अथवा प्रतिध्वनि करने के स्वभाव वाला है।

(४) शुनक भाषिता=सुणउ भसणउ=कुत्ता भौंकने के स्वभाव वाला है ॥ ४-४४३ ॥

## इवार्थे नं–नउ–नाइ–नावइ–जणि–जणवः ॥ ४-४४४ ॥

अपभ्रंशे इव शब्दस्यार्थे नं, नउ, नाइ, नावइ, जणि, जणु इत्येते षट् भवन्ति ॥

नं ॥ नं मल्ल-जुज्झु ससि राहु करहिं ॥

नउ ॥ रवि-अत्थमणि समाउलेण कण्ठि विइण्णु न छिण्णु ॥
चक्कें खण्डु मुणालिअहे नउ जीवग्गलु दिण्णु ॥१॥

नाइ ॥ वलयावलि-निवडण-भएण धण उद्धब्भुअ जाइ ॥
वल्लह-विरह-महादहहो थाह गवेसइ नाइ ॥ २ ॥

नावइ ॥ पेक्खेविणु मुहु जिण-वरहो दीहर-नयण सलोणु ॥
नावइ गुरु-मच्छर-भरिउ, जलणि पवीसइ लोणु ॥३॥

जणि ॥ चम्पय-कुसुमहो मज्झि सहि भसलु पइट्ठउ ॥
सोहइ इन्द नीलु जणि कणइ बइट्ठउ ॥ ४ ॥

जणु ॥ निरुवम-रसु पिएं पिएवि जणु ॥

अर्थ—'के समान' अथवा 'के जैसा' अर्थ म संस्कृत भाषा में 'इव' अव्यय शब्द का प्रयोग होता है, तदनुसार इस 'इव' अव्यय शब्द के स्थान पर अपभ्रंश भाषा में छह शब्दों की आदेश प्राप्ति होती है। जो कि क्रम से इस प्रकार है—(१) न, (२) नउ, (३) नाइ, (४) नावइ, (५) जणि और (६) जणु। इनके उदाहरण यों हैं—(१) पशुरिव = न पसु = पशु के समान, पशु के जैसा। (२) निवेशित इव = नउ निवेसिउ = स्थापित किये हुए के समान। (३) विलिखित इव = नाइ लिहिउ = (पत्थर पर) खुदे हुए के समान। (४) प्रतिबिम्बित इव = नावइ पडिबिम्बिउ = प्रतिछाया के समान। (५) स्वभाव इव = जणि सहजु = स्वभाव के समान, और (६) लिखित इव = जणु लिहिउ = लिखे हुए के समान। वृत्ति में आये हुए उदाहरणों का अनुवाद क्रम से यों हैं—

(१) संस्कृतः—मल्ल युद्धं इव शशि राहू कुरुत = न मल्ल-जुज्झु ससि राहु करहिं = पहलवानों की लड़ाई के समान चन्द्रमा और राहू दोनों ही युद्ध करते हैं। यहाँ पर 'इव' अर्थ में आदेश प्राप्त शब्द 'न' का प्रयोग किया गया है।

(२) संस्कृतः—रव्यस्तमने समाकुलेन कण्ठे वितीर्णः न छिन्नः ॥
चक्रेण खण्डः मृणालिकायाः ननु जीवार्गलः दत्तः ॥१॥

हिन्दी—सूर्यदेव के अस्त हो जाने पर घबड़ाये हुए चकवा नामक पक्षी के द्वारा कमलिनी का टुकड़ा यद्यपि मुख में ग्रहण कर लिया गया है, परन्तु उसको गले के अन्दर नहीं उतारा है, मानो इस बहाने उसने अपने जीवन की रक्षा के लिये 'अर्गला-आगल' के समान कमलिनी के टुकड़े को धारण किया हो। इस गाथा में 'इव' अर्थक द्वितीय शब्द 'नउ' को प्रदर्शित किया है ॥१॥

(३) संस्कृतः—वलयावलीनिपतनभयेन, धन्या ऊर्ध्व-भुजा याति ॥
वल्लभ विरह-महाह्रदस्य स्ताघं गवेषयतीव ॥ २ ॥

हिन्दी—वह धन्य स्वरूपा सुन्दर नायिका 'अपनी चूड़ियाँ कहीं नीचे नहीं गिर जाय' इस आशंका से अपनी भुजा को ऊपर उठाये हुए ही चलती है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि मानों वह अपने प्रियतम के वियोग रूपी महाकुंड के तलिये की स्थिति का अनुसंधान कर रही हो। यहाँ पर 'इव' के स्थान पर आदेश प्राप्त तृतीय शब्द 'नाइ' को प्रयुक्त किया गया है ॥२॥

(४) संस्कृतः—प्रेक्ष्य मुखं जिनवरस्य दीर्घ-नयनं सलावण्यम् ॥
ननु गुरु-मत्सर भरितं, ज्वलने प्रविशति लवणम् ॥३॥

हिन्दी —भगवान् जिनेन्द्रदेव के सुदीर्घ आँखों वाले सुन्दरतम मुख को देख करके मानों महान् ईर्ष्या से भरा हुआ लवण समुद्र वड़वानल नामक अग्नि में प्रवेश करता है। लवण समुद्र अपनी सौम्यता पर एवं सुन्दरता पर अभिमान करता था, परन्तु जब उसे जिनेन्द्रदेव के मुख कमल की सुन्दरता का अनुभव हुआ तब वह मानों लज्जा-ग्रस्त होकर अग्नि-स्नान कर रहा हो, यों प्रतीत होता है। इस छन्द में 'इव' अव्यय के स्थान पर प्राप्त चौथ शब्द 'नावइ' के प्रयोग को समझाया गया है ॥४॥

(५) संस्कृत:—चम्पक-कुसुमस्य मध्ये सखि ! भ्रमरः प्रविष्टः ॥

शोभते इन्द्रनीलः ननु कनके उपवेशितः ॥ ५ ॥

हिन्दी —हे सखि ! ( देखो यह ) भँवरा चम्पक-पुष्प में प्रविष्ट हुआ है, यह इस प्रकार से शोभायमान हो रहा है कि मानों इन्द्रनील नामक मणि सोने में जड़ दी गई है। यहाँ पर पाँचवें शब्द जणि' के प्रयोग को प्रदर्शित किया गया है ॥५॥

(६) संस्कृत:—निरुपम-रस प्रियेण पीत्वा इव=निरुवम रसु पिएं पिएवि जणु =प्रियतम पति के द्वारा अद्वितीय रस का पान करके 'इसके समान। यहाँ पर 'इव' अर्थ में छट्टा शब्द 'जणु' लिखा गया है ॥ ॥ ४-४४४ ॥

## लिंगमतन्त्रम् ॥ ४-४४५ ॥

अपभ्रंशे लिङ्गमतन्त्रम् व्यभिचारि प्रायो भवति ॥ गयकुम्भइ दारन्तु । अत्र पुंल्लिंगस्य नपुंसकत्वम् ॥

अब्भा लग्गा डुङ्गरिहिं पहिउ रडन्तउ जाइ ॥
जो एहा गिरि-गिलण-मणु सो, किं धणहे धणाइ ॥१॥

अत्र अब्भा इति नपुंसकस्य पुंस्त्वम् ॥

पाइ विलग्गी अन्त्रडी सिरु ल्हसिउं खन्धस्सु ॥
तो वि कटारइ हत्थडउ बलि किज्जउ कन्तस्सु ॥ २ ॥

अत्र अन्त्रडी इति नपुंसकस्य स्त्रीत्वम् ॥

सिरि चडिआ खन्ति, प्फलइं पुणु डालइं मोडन्ति ॥
तो वि महद्दुम सउणाह अवराहिउ न करन्ति ॥ ३ ॥

अत्र डालइं इत्यत्र स्त्रीलिङ्गस्य नपुंसकत्वम् ॥

अर्थ—अपभ्रंश भाषा में शब्दों के लिंग के सम्बन्ध में दोष युक्त व्यवस्था पाई जाती है, तद्नुसार पुल्लिंग शब्द का कभी कभी नपुंसकलिंग के रूप में व्यक्त कर दिया जाता है और कभी कभी नपुंसकलिंगवाले शब्द को पुल्लिंग के रूप में लिख दिया जाता है, इसी प्रकार से स्त्रीलिंगवाले शब्द को भी प्रायः नपुंसकलिंग के रूप में प्रदर्शित कर दिया जाता है और नपुंसकलिंगवाले शब्द को भी स्त्रीलिंग के रूप में प्रयुक्त किया जाता हुआ देखा जाता है, यों प्राय होने वाली इस व्यवस्था को ग्रंथकार ने वृत्ति में 'व्यभिचारी' व्यवस्था के नाम से कहा है। इस दोष-युक्त परिपाटी को समझाने के लिये वृत्ति में जो उदाहरण दिये गये हैं, उनका अनुवाद क्रमशः इस प्रकार से है—

(१) संस्कृतः—गजानां कुम्भान् दारयन्तम् = गय कुम्भई दारन्तु = हाथियों के गण्ड स्थलों को चीरते हुए को। यहाँ पर 'कुम्भ' शब्द को नपुंसकलिंग के रूप में व्यक्त कर दिया है, जबकि यह शब्द पुल्लिंग है।

(२) संस्कृतः—अभ्राणि लग्नानि पर्वतेषु, पथिकः आरटन् याति ॥
यः एषः गिरिग्रसनमना स किं धन्यायाः घृणायते ॥१॥

